श्री अभिनव धर्मभूषणयति विरचिता

न्यायदीपिका





विषय

ज्ञान

फल



यह प्रमाण (सच्चा ज्ञान) है ।

शांतता है और आनंद है ।

यह मेरा ज्ञान सच्चा है ।

निजध्रुव - चिदानंदात्मा है ।



यह प्रमाणाभास (झूठा ज्ञान) है ।

भय है और दु:ख है ।

देह है ।



यह प्रमाणाभास (झूठा ज्ञान) है ।

अशांतता है और दु:ख है ।

यह आत्मा है अथवा देहादि है ।



यह प्रमाणाभास (झूठा ज्ञान) है ।

अशांतता है और दु:ख है ।

यह कुछ है ।

ॐ

श्री वीतरागाय नमः

श्रीमदभिनव धर्मभूषण यति विरचिता

न्यायदीपिका

का

हिन्दी भावानुवाद

अध्यात्मन्यायदीपिका

(अतींद्रिय सत्यानंद प्राप्तिका अमोघ मंत्र/उपाय)

हिन्दी भावानुवाद

अध्यात्मयोगी प. पू. १०८ वीरसागरजी महाराज

संस्कृत न्यायदीपिका का संपादन
और संस्कृत टिप्पणियाँ के कर्ता


श्री. पं. दरबारीलाल कोठिया जैन, बीना

प्रकाशक और प्राप्तिस्थान
सुभाष गांधी
रविवार पेठ, फलटण- ४१५५२३

द्वितीय आवृत्ती
एप्रिल २०००

मुद्रक
आनंद लाटकर
कॉम्प-प्रिन्ट कल्पना प्रा. लि.
४६१/४ सदाशिव पेठ, पुणे ४११०३०

मूल्य ५० रुपये



प. पू. अध्यात्मयोगी १०८ वीरसागरजी महाराज

प्रस्तावना

जीवनकी सबसे श्रेष्ठ निधि

लेखिका–श्री. क्षु. १०५ चंद्रमती माताजी

कोई भी जीव हो वह सुख शांतिसे ही जीवन जीना चाहता है। सम्यक् आनंद का मतलब ही निराकुल आनंद है और जो नित्य हमेशा सदैव आनंदरूप ही रहे, आकुलता जिसका फल कभी भी न हो, वही सच्चे आनंदकी पहचान/लक्षण है।

अतींद्रिय आनंद और वैषयिक आनंद इन दोनों में यही जमीन-आसमान का मूलभूत भेद अत्यंत प्रखरतासे हैं। वैषयिक सुख सदैव अनाकुलता याने सच्ची सुख-शांति देनेमें नियमसे असमर्थ है। पूरे के पूरे पंचेंद्रिय भोगों का फल नियमसे थकान ही मिलता है। अत: वह सच्चा निराकुल सदैव सुखशांति देनेवाला अतींद्रिय सुख का फल सदैव एकमात्र आनंद ही है। अत: अपना कल्याण चाहनेवाले जीवको वैषयिक और अतींद्रिय आनंद इन दोनों की परीक्षारूप पहचान भी अवश्य करनी चाहिये।

उसी तरह से अतींद्रिय आनंदसे जीनेका निर्णय करनेपर भी शुद्धात्मानुभव का विषय सच है या झूठ इसकी परीक्षा करनी होगी और अपना यह शुद्ध अनुभव का हुआ ध्यान सच है या झूठ है इसकी भी परीक्षा करनी होगी।

यदि परीक्षा न की जाय तो आनंदाभास अर्थात् असत्य आनंद में और असत्य ध्यानमें उलझना होगा। और जीवनकी बरबादी मात्र हाथ आयेगी। लौकिक व्यवहार में भी हम देखते हैं कि, जब सत्य-असत्य की परीक्षा नहीं करते तो घाटेसे नहीं बचते। अगर परीक्षाके बगैर भी कभी अनायास ही सत्य का पक्ष लिया गया हो तो भी सुनिश्चित साध्य-साधनके अविनाभावका यथार्थ सच्चा ज्ञान न होनेसे हमेशाके लिए घाटेसे नहीं बच पाते। दूसरी बार तो गलती हो ही सकती है, अत: जब अनायास सत्य का पक्ष भी लेना हुआ हो तो भी सुनिश्चित गम्य-गमक भावका ज्ञान न होनेसे शांति, सुखका तो लाभ नियमसे नहीं होता और इसी वजहसे मात्र अपने अज्ञानसे दुनियामें अशांतिका साम्राज्य फैला है। अत: सम्यक् शांति, सुख का तो एकमात्र यही उपाय है कि, सुनिश्चित कार्य-कारणभावका ज्ञान अवश्य करना चाहिये।

यह सुनिश्चित कार्य-कारणभावका (अविनाभावका) बोध कराने में न्यायदीपिका पूरी तौरसे समर्थ है, जिससे सम्यक् आनंदका भोग हरेक जीव अवश्य लूट सकता है। इसमें शंकाकी कोई गुंजाईश ही नहीं रहती। इस न्यायदीपिकाके इस कार्यकारणभावकी कुंजीसे लौकिक तथा आध्यात्मिक जीवन शांति, सुखसे आपूर्ण हो ही जाता है, इस विधानकी सत्यताका निर्णय प्रत्यक्ष अपने अनुभवके बलसे ही करना योग्य होगा। किसीके कहनेसे क्या मतलब!

सम्यक् आनंदसे, पूर्ण शांतिसे जीवन बिताना हो तो निम्नोक्त ३ बातोंका ज्ञान होना परम आवश्यक है।

(१) सम्यक् आनंदका योग्य भोग्य **विषय.**

(२) सम्यक् आनंद लुटनेका योग्य **साधन (उपाय)**

(३) सम्यक् आनंद के ही **फल** की प्राप्ति होनेका सुनिश्चित व्याप्तिज्ञान.

(१) सम्यक्-आनंदका भोग्य विषय तो अनंत चतुष्टयकी नित्य समर्थता रखनेवाला स्वाधीन निजध्रुवभगवान आत्मा-यह एकमेव है।

(२) सम्यक् आनंद लुटनेका एकमात्र साधन तो हर एक जीवकी अपनी अपनी आत्मसन्मुख होनेवाली शुद्धोपयोगरूप स्वाधीन पर्याय है।

(३) और उपरोक्त साध्य-साधनका फल नियमसे सम्यक् आनंदकी प्राप्ति होना ही है। इसमें शंकाके लिये कोई गुंजाईश ही नहीं है।

अपनी **ज्ञानपर्याय**ही तो **ध्यान** है। इससे अलग कोई ध्यान है ही नहीं। देखो इसके लिये प्रमाण **श्लोकवार्तिक/अ.९/सूत्र २७/ कारिका ४ की टीका "सर्वस्य ध्यानस्य ज्ञानात्मकत्वप्रसिद्धेः।"**

अतः यह सिद्ध हुआ कि, ज्ञानके ही एकार्थक नाम ध्यान, प्रमाण, विचार है। आत्मा विषयी है। ध्येय के या ध्यानयोग्य विषयके एकार्थक नाम ही तो प्रमेय, ज्ञेय या विषयरूप आत्मतत्त्व है।

अतः शुद्धात्मा के ध्यान का मतलब ही शुद्धात्मा का ज्ञान है, और शुद्ध ज्ञानसे शुद्ध आत्माकी प्राप्ति, सम्यक् आनंदकी प्राप्ति नियमसे होती है, ऐसा तो **समयसार-१८६ गाथामें** भी साक्षात् कुंदकुंद जैसे शुद्धात्म-अनुभवी जैन जगतके सर्वमान्य भावलिंगी मुनिने बताया है, और वैसी ही वास्तवमें अविनाभावी कार्य-कारणभाव की व्यवस्था होनेसे आरातीय सर्व न्याय (परीक्षा) मर्मज्ञोंने एक मुखसे मान्य भी किया है, इसके लिये पूरा जैन आगम प्रमाण है। उसीमें जैन न्याय ग्रंथोंकी शाखा तो एकमात्र इसी प्रमेय-प्रमाण-प्रमितिको उजागर करने मात्र के लिये हैं।

अतः सम्यक् आनंदका जीवनमें प्रतिसमय भोग लेना अत्यंत स्वाधीन तथा आसान बात है। सम्यक् आनंदमें ज्ञानानंद, निर्विकल्प, शाश्वत शुद्ध विषयको ज्ञानपर्याय **अनुभवशील** होनेसे आत्मसिद्धिस्वरूप मोक्षफल की ही अवश्यमेव प्राप्ति होती है। निर्विकल्पदशा होनेसे मोहरागद्वेष परिणति वहाँ रहती ही नहीं है, अतः मोहरागद्वेष मिट जाते हैं, उन्हें मिटानेका अलग पुरुषार्थ नहीं करना पडता।

आनंद याने हितकी प्राप्ति और अहित का, मोहरागद्वेष का अभाव युगपत् ही होता है। मोहरागद्वेषको मिटाने के लिए कोई स्वतंत्र परिश्रम नहीं करने पडते। अतः सम्यक् आनंद लुटनेकी कला कष्ट-परिश्रम से एकदम परे हैं और प्रति समय में करने के लिए शक्यं है।

अगर सम्यक् आनंद इतना आसान और नियमसे फलदायी ही है, तो इस मौकेको गमाना कोई बुद्धिमानी तो है नहीं। अतः यह न्यायदीपिका दीखनेमें भले ही छोटी हो परंतु सम्यक् आनंदका प्रति-पल प्रकाश उजागर करनेमें पूर्ण समर्थ है। अतः सम्यक् आनंदका तंत्र इस न्यायदीपिकासे सीखनेके लिये इसका अवश्य लगनसे अभ्यास करना ही चाहिये और यह अपूर्व अवसर हाथसे मत खोना चाहिये। इतना ही क्यों? यदि ऐसा कहा जाय तो भी कोई अत्युक्ति नहीं होगी कि **तद् ज्ञानं यत् प्रतिसमये सम्यक् आनन्दायते**। अर्थात् वही ज्ञान है जो जीवनको प्रतिपल सम्यक् आनंदकी बरसातसे तृप्त करे, इससे रहित ज्ञान, ज्ञान ही नहीं है।

इति अलं विस्तरेण।

समाधिशतक-श्लोक नं. ७३

ग्रामोऽरण्यमिति द्वेधा निवासोऽनात्मदर्शिनाम्।
दृष्टात्मानं निवासस्तु विविक्तात्मैव निश्चलः॥

भावार्थ : अज्ञानी का निवास के बारेमें यह विकल्प रहता है; यह गाँव है या यह जंगल/अरण्य है। परंतु ज्ञानी/सम्यग्दृष्टि परसे भिन्न अचल परमात्मा को ही अपना निवासस्थान (अवबोध सौध) मानता है।

अध्ययन करो न्यायग्रन्थों का

लेखिका–क्षु. सुशीलमती माताजी

(१) **ॐ=अ+उ+म्=अत्यय/व्यय/DEFORMATION+उत्पाद/FORMATION+मध्य/केंद्रभूत/ ध्रुव।** विश्व में रहनेवाली वस्तुव्यवस्था इस ॐ में बतायी है। हरेक द्रव्य उत्पादव्यय- ध्रौव्ययुक्त है। यह विश्वव्यवस्था/वस्तुव्यवस्था बतानेवाला यह ॐकार है। यह जानकर **ध्रुववान स्वभाव का अनुभव करने से अतींद्रिय आनंद/सम्यग्दर्शन/मोक्षमार्ग को** प्राप्त कर सकते हैं।

(२) **ॐ** - यहाँ **३ का** अंक **रत्नत्रय** का वाचक है। सम्यग्दर्शनज्ञानचारित्र का अवलंबन लेनेसे सिद्धशिला/ मोक्ष/पूर्णानंद को प्राप्त हो सकते हैं। अज्ञानसे आज तक मिथ्यादर्शन- ज्ञान- चारित्र में रहनेसे दुःखी हुए। या हटावो - मिटाओ - जुटाओ इस मिथ्यारत्नत्रय में रहकर दुःखी हुए। या शरीर, पैसा, पादत्राणों में/ मिथ्या रत्नत्रय में रहकर दुःखी हुए। इस दुःख से छुटकारा पाने के लिये स्वज्ञानानंदस्वभाव को जानकर अभेदरत्नत्रय प्राप्त करना चाहिए।

(३) **अ** – अरिहंत - अनंतचतुष्टय युक्त शुद्धात्मा।
अ – अशरीरी/सिद्ध - स्वशुद्धात्मा।
आ – आचार्य-आचरण करने के योग्य शुद्धात्मा।
उ – उपाध्याय - उत्कृष्ट शुद्धात्मा या उपाध्याय = उप + आ + ध्याय (ध्यै चिंतायाम्) उप याने उपहत/नाश होना, आ याने चहुँ ओरसे, ध्याय याने चिंता - निजज्ञानानंद ध्रुव स्वभाव को जानने से चिंता का नाश हो जाता है।
म् – मुनि - मंगल शब्द से कहा जानेवाला शुद्धात्मा।

अ + अ = आ।
आ + आ = आ।
आ + उ = ओ।
ओ + म् = ओम्।

इसतरह अंगप्रविष्ट भाषासे ॐ शुद्धात्मा का वाचक है।
अंगबाह्य भाषा से ॐ पंचपरमेष्ठी का वाचक है।

ॐ काररूप दिव्यध्वनि/जिनवाणी निजवाणी ही है। जनवाणी की रुचि होने से आजतक जिनवाणी का अध्ययन न करने से अतींद्रिय आनंद/मोक्षमार्ग/ सम्यग्दर्शन से दूर रहे।
अंगप्रविष्ट भाषा – अंगप्रविष्ट = अंग + प्र + विष्ट = आत्मा में + प्रकर्ष से + प्रवेश करके याने ध्रुवस्वभाव की मुख्यता से कथन करने को **' अंगप्रविष्ट भाषा '** कहते हैं।

अंगबाह्य भाषा – अंगबाह्य = अंग + बाह्य = ध्रुव आत्मा से + बाह्य पर्याय और परद्रव्यका कथन **' अंगबाह्य भाषा '** कही जाती है।

आजतक न्यायग्रंथों का पठन-पाठन परमत का खंडन और स्वमत का मंडन, इस ढंग से/अंगबाह्य पद्धति

से तो चल रहा है। इस ढंग के पठन-पाठन से अतींद्रिय आनंद/शांति तो नहीं मिल रही है। इसलिए यह न्यायग्रंथों का अध्ययन जीवन के लिए अनावश्यक/कालबाह्य या पंडितों के पांडित्य प्रदर्शन का एक अंग है, ऐसा प्रचलन अब हो रहा है।

लेकिन **प.पू.श्री. १०८ वीरसागरजी महाराजजी** ने इस झूठी मान्यतापर आघात पहुंचाया है। **विज्ञानयुग के सत्यशोधक प्रकृतिवाले इस महात्मा** के हाथ में **न्यायग्रंथ** पड़े और अंगप्रविष्ट पद्धति से अध्ययन शुरू हुआ तो **न्यायग्रंथों के सिद्धान्त** अनूठे तो हैं ही। साथ ही साथ **अतींद्रिय आनंद की परमदिव्यकला** बतानेवाले हैं। **न्यायसिद्धान्त जीवन का अविभाज्य अंग** है। इसे जानने से ही वस्तुव्यवस्था तर्क की कसोटी पर कसने के बाद **प्रत्यक्ष प्रामाण्यसहित अतींद्रिय आनंद का सम्यक् भोग** लेकर हम हमारा **जीवन शांति** से जी सकते हैं, अन्यथा नहीं। अमृतचंद्राचार्य की टीकायें – न्यायशैली से ओतप्रोत हैं। न्याय समझने से समयसारादि द्रव्यानुयोग के अध्यात्म ग्रंथों के मर्म तक हम पहुँच सकते हैं, अन्यथा नहीं। उदाहरण के तौरपर देखें – **समयसारजी, गाथा नं. १८** की अमृतचंद्राचार्य टीका में **रत्नत्रय की सिद्धि में अन्यथानुपपत्तिरूप बलवान हेतु** का प्रयोग किया है। जैसे **जयसेनाचार्यजी** की टीका में **चारों अनुयोगों का मिलान करके अध्यात्मन्याय** दिखाया है। उसी तरह **पू. महाराजजीने न्यायदीपिका पर जो अध्यात्मन्यायदीपिका – हिंदी टीका** लिखी है, उसमें **चारों अनुयोगों का मिलान करके अध्यात्मन्याय** दिखाया है और **आत्मानुभूति/ सम्यग्दर्शन अभी/ इस पंचमकालमें अव्रती गृहस्थों को सहज, सुलभ हो सकती है, यह डंके की चोटपर कहा।** कोई कहते हैं, सदाचारादि पालन करनेपर आत्मानुभव/सम्यग्दर्शन होता है; या कोई कहते हैं, पंचमकाल है, आत्मानुभव नहीं होता है; या कोई कहते हैं मुनियों को अनुभव होगा, श्रावकों को नहीं क्योंकि श्रावक असंयमी है। तो प्रमाण-प्रामाण्य के विषयपर चिंतन करके महाराजजीने यह नवनीत निकाला है कि, प्रमाण का प्रामाण्य (सचाई) विषयपर निर्भर है, न कि सदाचार, संयम, पंचमकाल आदि पर। इस कठोर सत्य को कोई स्वीकार करे या न करे, लेकिन यह तो अबाधित सत्य है! इस **सत्य का स्रोत है न्यायदीपिका!** न्यायदीपिका में कहा है– **प्रतिभातविषयाव्यभिचारित्वम्**। प्रतिभासित होनेवाले विषय से जो ज्ञान सुसंगत रहता है वह प्रमाण है; और जैसा विषय नहीं है वैसा जान लिया तो यह हमारा ज्ञान अप्रमाण/झूठा है। तो बाह्य विषय जानने की आदत होने से वह ज्ञान सही है, ऐसा निर्णय झट करते हैं। लेकिन स्वभाव को आजतक नहीं जानने से यह जानना कठिन लगता है। **समयसार गाथा ४ में** कहा है– कामभोगबंध की कथा आजतक सुनी है, उसका ही परिचय किया है, अनुभव किया है। एकत्व-विभक्त आत्मा की कथा आजतक न तो सुनी है, न परिचय किया है, न अनुभव किया है। इसलिए यह आत्मानुभव कठिन लगता है। न्यायग्रंथों से प्रमाण-प्रामाण्य-व्यवस्था की गुत्थी सुलझ जाने से तो आत्मानुभव सहज, सुलभ है, यह ज्ञात हो जाता है।

आजतक यह ही सुनने में आता था कि, न्यायग्रंथों का चारों अनुयोगों के साथ, अध्यात्म के साथ कुछ संबंध नहीं है। लेकिन संपूर्ण जिनवाणीका कथन न्यायपूर्ण ही है, यह तथ्य अध्यात्मन्यायदीपिका से उजागर होता है।

श्रीसमन्तभद्राय नमः।

अंगप्रविष्ट भाषा से—**समन्तभद्र=समन्त+भद्र=चहुँ ओर से + कल्याणप्रद ऐसी श्री याने अनंतगुणमय लक्ष्मी** को जानना, आत्मवैभव का सम्यक् भोग करना ही अद्वैत नमस्कार है। **अंगबाह्य** भाषा से– विद्वान, तार्किक, परमतवादी को सिंहसमान ऐसे समंतभद्र नामक स्वामी को नमस्कार किया है, यह व्यवहारनय से (उपचरित असद्भूत व्यवहार से) द्वैत नमस्कार है।

न्याय=नि+आय=निश्चयनयसे + आत्मवैभव को जानना ही न्याय है।

['इण् गतौ' धातु से 'आय' बना है। गत्यर्थक धातु ज्ञानार्थक होते हैं।]

दीपिका = छोटा दीया। जैसे झंझावात में बड़े-बड़े वृक्ष तो मूल से उखड़ जाते हैं। लेकिन छोटे-छोटे पौधे अपनी नम्रता के कारण अपना अस्तित्व टिकाये रखते हैं। उसी तरह बड़े बड़े आगमग्रंथों से छोटे होने पर भी सरलता से युक्त कथनशैलीवाला यह छोटा दीया **आनंदमार्गदर्शक** के रूप में **जिनागमरूप सागर** में टिका रहता है।

अन्याय, अभक्ष्य, अनीति के सेवन से अनादिकाल से अनंतकाल दुःख/अशांति में बिताया है। चिंतारूपी चितापर हम जल रहे हैं। **तो आनंदमय स्वरूप को अभी जान लेने से ही इनकी रुचि सहज ही छूट जाती है।**

आत्मस्वरूप को न जानना ही स्वयं का स्वयंपर किया हुआ '**अन्याय**' है। पुण्य-पाप की रुचि/सेवन करना ही '**अभक्ष्य**' सेवन हैं। निजज्ञानानंदस्वभाव को जानना ही नीति है। इसे भूलकर पर्याय, परद्रव्य में एकत्वबुद्धि से परिणत होना ही **अनीति** है। तो स्वयं को जानने से यह दुराचार समाप्त हो जाता है। संसार-भ्रमंति का अंत हो जाता है।

लौकिक में थोड़ा सा भी अन्याय हुआ तो हम बरदाश्त नहीं करते हैं। झट ही हम नारे लगाते हैं, WE WANT JUSTICE वैसे यहाँ भी अन्याय बरदाश्त नहीं करना चाहिए। स्थूल रूप से सोचे तो, चार पुरुषार्थ हैं तो उनके लिए २४ घंटों का विभाजन किया जाय तो हरेक को ६ घंटे मिलते हैं। याने संसाररूप काम, अर्थ को १२ घंटे और धर्म, मोक्ष रूप आनंदमार्ग को १२ घंटे। आधा/एक घंटा स्वाध्यायादि किया तो हमें लगता है कि हमने बहुत पराक्रम किया है। लेकिन वास्तव में यह पुरुषार्थ नगण्य है, सागर में खसखस जैसा तुच्छ है। तो अभी चेत जाना जरूरी है।

चेतो चेतन! निजमें आओ। अंतरात्मा बुला रही है॥

वास्तव में तो पुरुष की परिभाषा **जीवकांड -गाथा २७३** में दी है–

पुरुष = पुरु + ष = '...यो जीवः पुरुगुणे सम्यग्ज्ञानाधिकगुणसमूहे शेते-स्वामित्वेन प्रवर्तते.....स.... जीवः पुरुषः.....।' जो जीव पुरुगुण याने ज्ञानदर्शन उत्तम गुण में स्वामीरूपसे रहता है, उसे **पुरुष** कहा जाता है। इस पुरुष को जानना ही सच्चा पुरुषार्थ है। इस आत्मिक पुरुषार्थ को छोड़कर अन्य सब कार्य हेय, तुच्छ हैं। इसलिए अमृतचंद्राचार्य कहते हैं– **अयि कथमपि मृत्वा तत्त्वकौतूहली सन्।**

अरे! (मरण आये तो भी ठीक) एकबार मरकर भी (क्यों न हो) तत्त्वका कुतूहल जागृत कर। तत्त्व का कुतूहल याने शाब्दिक पांडित्य को जानना, ऐसा अर्थ यहाँ नहीं है। तो, ९ तत्त्वों में जो एकत्व स्वरूप निजात्मा है, वह ही तत्त्व है। **तत्त्व** = तत् + त्व = वह-वह+पना। ध्रुवज्ञानानंदस्वभाव ही तत्त्व है, उसे जानना ही **तत्त्वकुतूहल** कहा जाता है।

प्रकाश = अध्याय →

अन्यत्र अध्याय कहने की परिभाषा है, लेकिन यहाँ अध्याय को प्रकाश ऐसा कहा है। **प्रकाश = प्र+काश = प्रकर्षेण+काशते/द्योतते इति प्रकाशः। = प्रकर्ष/प्रकृष्ट रूपसे जो प्रकाशित किया जाता है, दिखाया जाता है, उसे प्रकाश कहते हैं।** जैसे अंधेरे में रखी चीज़ को ढूँढना हो तो दीया जलाया जाता है, वैसे अनादिकाल से अज्ञानाधंकार में पड़ी निजनिधि को जानना हो तो ये तीन प्रकाश अत्युपयोगी

हैं, जिसे जानने से सहज ही मोक्षमार्ग की (अतींद्रियानंद की) कुंजी हस्तगत की जाती है।

* **प्रथम प्रकाश-प्रमाणसामान्य का वर्णन करनेवाला है।**
  प्रमाण = प्र+माण=प्रकृष्ट+मा/ज्ञानलक्ष्मी।
* **दूसरा प्रकाश – प्रत्यक्षप्रमाण का वर्णन करनेवाला है।**
* **तीसरा प्रकाश – परोक्ष प्रमाण का वर्णन करनेवाला है।**

शंका : मंगलाचरण का व्युत्पत्ति अर्थ कहकर उसके भेद कहिए।

समाधान : (१) मंगलाचरण = मं+गल+आ+चरण=मं याने पाप का गलना, आ याने चहुँ ओर से स्वभाव में चरण करना याने फिरना/स्वभाव को जानना। स्वभाव को जानने से सहज ही शुद्धोपयोग प्रकट होता है और शुभाशुभास्रवभाव/पाप एवंभूतनय से उसी क्षण में नष्ट हो जाता है।

(२) **मंगलाचरण – मंगं लाति इति मंगलः**। मंग् याने पवित्रता को प्राप्त कर, चहुँ ओर से उसका आचरण करे याने स्वभाव को जाने उसे मंगलाचरण कहते हैं।

मंगलाचरण के २ भेद है – (१) निबद्ध मंगलाचरण (२) अनिबद्ध मंगलाचरण।

(१) निबद्ध मंगलाचरण – ग्रंथकार द्वारा जो मंगल-पाठ श्लोक रूप से स्वयं रचकर ग्रंथ में निबद्ध लिखा जाता है, उसे निबद्ध मंगल कहते हैं।

(२) अनिबद्ध मंगलाचरण – जो अन्य रचित मंगलपाठ ग्रंथ में लिखा जाता है, या मौखिक किया जाता है, उसे अनिबद्ध मंगलाचरण कहते हैं। (धवला पु. १, पान नं. ४२)

अनुभूति लेकर ग्रंथारंभ किया जाता है, तो **अनुभूति** को **अनिबद्ध मंगलाचरण** कहते हैं।

शंका – मंगलाचरण में बाल शब्दसे क्या अर्थ अभिप्रेत है?

समाधान – मंगलाचरणमें **बाल** शब्द **बुद्धिकृत बालत्व** का वाचक है। याने **क्षयोपशम पर्याय** का **वाचक** है, न कि वयकृत या शरीरकृत बालत्व का वाचक है।

शंका – मंगलाचरण में नमस्कार किसे किया है?

समाधान – मंगलाचरण में व्यवहारनय से वर्धमान स्वामी को नमस्कार किया है और निश्चयनय से स्व स्वभाव को जाननेरूप निश्चय नमस्कार हो जाता है। **वर्धमान=अव+ऋध्+मान**=चहुँ ओर से/ असंख्यात प्रदेशमय आत्मा में+अनंतगुणसहित + ज्ञान। इसका भावार्थ यह है कि, **वर्धमान याने निजज्ञानानंद ध्रुवस्वभाव। आत्मस्वभाव को जानने से सच्चा नमस्कार/ सम्यग्दर्शन** प्रकट हो जाता है।

शंका – नमस्कार के प्रकार कितने है?

समाधान – संक्षेप में नमस्कार के २ प्रकार है।

(१) **अद्वैत नमस्कार** – जहाँ वंद्य-वंदकभाव नहीं है, वह **अद्वैत नमस्कार** है। याने **स्वज्ञानानंदस्वभाव की अनुभूति होना ही अद्वैत नमस्कार है। इसे निश्चय/भावनमस्कार** कहते हैं।

(२) **द्वैत नमस्कार** – जहाँ वंद्य-वंदकभाव का द्वैत/ दोपना है, वहाँ **द्वैत नमस्कार** है। **भगवान वंद्य और मैं वंदक ऐसा द्वैत/ भेदरूप विकल्प द्वैत नमस्कार** में होता है। इसे **व्यवहार नमस्कार** कहा जाता है।

विस्तार से नमस्कार के पांच भेद है –

(१) **शक्तिरूप नमस्कार**– जो **ध्रुव स्वभाव जैसा है वैसा** है, उसे **शक्तिरूप नमस्कार** कहा जाता है।

(२) **एकदेश भावनमस्कार :–** साधक अवस्था में चतुर्थादि गुणस्थान से बारहवें गुणस्थान तक जो **आत्मानुभूति/शुद्धोपयोग प्रकट** होता है, उसे **एकदेश भावनमस्कार** कहा जाता है।

(३) **पूर्णदेश भावनमस्कार :– अरिहंत, सिद्ध पूर्णरूप से स्वभाव** में ही रहते हैं, **पूर्ण अतींद्रियानंद को प्राप्त** होते हैं, उसे **पूर्णदेश भावनमस्कार** कहते हैं।

(४) **द्रव्य नमस्कार :–'मैं भगवान को नमस्कार करता हूँ'** ऐसे शुभभाव को **द्रव्य नमस्कार** कहते हैं।

(५) **जड़ नमस्कार :–** नमस्कार करते समय जड़ शरीर **की हाथ जोड़ने - सिर नमाने की क्रिया** को **जड़ नमस्कार** कहा है।

आजतक एकदेश भावनमस्कार न करने से सम्यग्दर्शन से वंचित रहे हैं, चतुर्गति भ्रमण कर रहे हैं।

शंका–न्यायग्रंथ का पठन-पाठन आज नहीं हो रहा है, इसका क्या कारण है?

समाधान–न्यायग्रंथ का पठन-पाठन आजतक परमत का खंडन और स्व-मत का मंडन- इस पद्धति से ही हो रहा है। एक काल ऐसा था कि दार्शनिकों में विजिगीषु कथा होती थी; और इस के लिए न्याय-ग्रंथों का अध्ययन प्रचुरतासे होता था। लेकिन आज ऐसी परिस्थिति न होने से इन का अध्ययन कम हो रहा है या नहीं ही हो रहा हैं।

शंका–न्याय ग्रंथों का अध्ययन किस दृष्टि से होना चाहिए?

समाधान–न्याय-ग्रंथ युक्ति से भरा हुआ है। **वस्तुव्यवस्था का ठोस निर्णय** करने के लिए **परीक्षाप्रधान दृष्टि से बुद्धिरूपी कसोटी पर युक्ति से कसकर ही तत्त्व का निर्णय करना चाहिए।** इस से आगमभाषा (निरीक्षण पद्धति) से वस्तुका निश्चयनय और व्यवहारनय से ठीक निर्णय हो पाता है; **और अध्यात्मभाषा (परीक्षण पद्धति) से उस वस्तु में प्रयोजनभूत ध्रुव ही है, न कि पर्याय या परद्रव्य। न्याय में कहे हुए सिद्धान्त बेजोड़, अकाट्य है। लक्षण, ज्ञान का प्रामाण्य,** हेतु आदि के स्वरूप की मीमांसा **न्याय-ग्रंथों में अच्छी रीति से की है, जिससे अतींद्रिय आनंद का मार्ग प्रशस्त** हो सकता है। **अमृतचंद्राचार्यजी की समयसारादि ग्रंथों की टीका-न्यायगर्भित शैली से समृद्ध है। न्याय ग्रंथों में गणितीय पद्धति से कथन किया जाता है। जैसे गणित में २+२=४ ही उत्तर आता है, न कि चार पाईंट १ या चार को १ पॉईंट कम! वैसे ही न्याय के सिद्धान्त ठोस हैं।**

आज अन्य-मती दार्शनिकोंके साथ विजिगीषु कथा का प्रसंग न होने पर भी न्याय-ग्रंथों के अध्ययन की अत्यंत उपयोगिता है। कैसे? तो हमारे अंतरंग में वस्तुव्यवस्था के विरुद्ध जो-जो विचार उत्पन्न होते हैं वे ही अन्य मत हैं। उनका खंडन करनेपर ही **अतींद्रिय आनंद का मार्ग प्रशस्त** हो जाता है। तो अंतरंग झूठी विचारधारा का खंडन करके **वस्तुनिष्ठ -विज्ञान का मंडन** करता है।

न्यायग्रंथ में अध्यात्म लबालब भरा हुआ है। लेकिन इस दृष्टि से अध्ययन न होने से न्यायग्रंथ का पठन अनावश्यक है। ऐसी चर्चा विद्वान भी कर रहे हैं। जैसे कहा है–

यस्य नास्ति स्वयं विद्या, शास्त्रं तस्य करोति किम्?
लोचनाभ्यां विहीनस्य, दर्पण: किं करिष्यति॥

न्यायग्रंथ उपादान दृष्टि के ही **समर्थक** है।

उदा. **परीक्षामुख सूत्र** में कहा है– **'नार्थालोकौ कारणम्'**।

ज्ञान का साधकतम (सुनिश्चित) साधन ज्ञान ही है, न कि पदार्थ, प्रकाश या इंद्रियाँ। इस से निमित्ताधीन दृष्टि का अभाव हो जाता है, परावलंबन छूट जाता है।

अन्यथानुपपत्ति लक्षणवाला हेतु बलवान होता है, इस का प्रयोग **अमृतचंद्राचार्यदेव ने समयसार गाथा १८ की आत्मख्याति** टीका में किया है।

प्रमाण-प्रामाण्य व्यवस्था, विषय-साधन-फल समझने से अतींद्रिय-आनंद का भोग/सम्यग्दर्शन सहज, सुलभ, सरलता से ले सकते हैं। इस का भी निर्णय हो जाता है।

न्याय-ग्रंथों में भरा हुआ **अध्यात्म** देखने के लिए हमारी **दृष्टि ही अध्यात्मपूर्ण** होनी चाहिए। यहाँ तो SAMPLE /नमुनारूप से कुछ ही बातों का निर्देश किया है।

शंका–अन्य न्यायग्रंथ उपलब्ध होनेपर भी न्यायदीपिका की रचना क्यों हो गयी ?

समाधान–पूर्व में रचे गये राजवार्तिक, श्लोकवार्तिक आदि न्यायग्रंथ उपलब्ध हैं, तो भी वे ग्रंथ विस्तृत हैं या गहनगंभीर हैं। उसमें अल्पबुद्धिवालों का प्रवेश होने के लिए न्यायदीपिका रची गयी है। अल्पबुद्धिवाले जीवों के लिए **वस्तु-व्यवस्था का निर्णय वस्तुनिष्ठ ढंग से होवे और अतींद्रिय आनंद की प्राप्ति (अनुभूति) सहजता से कर के सम्यग्दर्शन प्राप्त होवे इस पवित्र भावना से आप्लावित धर्मभूषण यति द्वारा विकल्प की भूमिका में यह ग्रंथरचना सहज ही हो गयी।**

शंका–मंगलाचरण में प्रयुक्त '**बालानाम् प्रबुद्धये**' का अभिप्राय स्पष्ट करो।

समाधान–यहाँ **बाल शब्द से मतिकृत बालत्व याने क्षयोपशम पर्याय** अभिप्रेत है, न कि शरीरकृत या उमरकृत बालत्व। बाल याने अल्पबुद्धिवाले जनों को (जन याने उत्पन्न होनेवाली पर्याय को) ज्ञान कराने के लिए न्यायदीपिका की रचना हो गयी है।

शंका–'**प्रमाणनयैरधिगमः**' यह सूत्र विषय की अपेक्षा से है या साधन की अपेक्षा से है या फल की अपेक्षा से है ? सकारण स्पष्टीकरण कीजिए।

समाधान –'**प्रमाणनयैरधिगमः**' यह सूत्र साधन (करण) की अपेक्षा से है। क्यों कि '**प्रमाणनयैः**' यह तृतीयान्त पद करणवाची है। प्रमाण और नय के द्वारा जीवादि तत्त्व जाने जाते हैं।

शंका–तीन प्रकार के प्रकरण की प्रवृत्ति कहकर उसका जीवन में क्या लाभ है ?

समाधान–(१) **उद्देश**–विवेचनीय वस्तु के केवल नामोल्लेख करने को उद्देश कहते हैं।

(२) लक्षणनिर्देश–परस्परव्यतिकरे सति येनाऽन्यत्वं लक्ष्यते तल्लक्षणम्। राजवार्तिक-अध्याय २, सूत्र ८, वार्तिक २ में कहा है कि, "परस्पर मिली हुई वस्तुओं में से कोई एक वस्तु जिसके द्वारा व्यावृत्त (अलग) की जाती है, उसे **लक्षण** कहते हैं।

(३) परीक्षा–परि (समन्तात्) +ईक्षा=चहुँ ओरसे + देखना। विरोधी नाना युक्तियों की प्रबलता और दुर्बलता का निर्णय करने के लिए प्रवृत्त हुए विचार को **परीक्षा** कहते हैं। 'यदि ऐसा हो तो ऐसा होना चाहिए और यदि ऐसा हो तो ऐसा नहीं होना चाहिए' इस प्रकार से वह **परीक्षा** व्यवहारनय से प्रवृत्त होती है; और **निश्चयनय से ध्रुवस्वभाव को चहुँ ओर से देखना याने जानना (आत्मानुभव करना) ही परीक्षा** कही जाती है।

इन का **जीवन में लाभ** देखना है →

(१) **उद्देश**–समझने से हमारे जीवन का उद्देश **अतींद्रिय आनंद से जीना है,** यह हम निर्धारित कर सकते हैं। उद्देश के बिना हमारा जीवन दिशाहीन नौका की तरह व्यर्थ खोते हैं।

(२) **लक्षणनिर्देश**–समझने से हमारे **अतींद्रिय आनंदी जीवन का लक्षण आत्मानुभूति/शुद्धोपयोग** है। स्वस्वभाव को जानने से ही जीवन शाश्वत आनंद से जी सकते हैं, अन्यथा नहीं।

(३) **परीक्षा**– खुद एकत्वविभक्तनिजात्मा को प्रत्यक्ष प्रामाण्यसहित जानने से आनंद है, निर्विकल्प ज्ञान है, शुद्धोपयोग है, शुद्धात्मानुभव है, सम्यग्दर्शन है। पर्याय और परद्रव्य को जानने से दु:ख, अशांति है। इस तरह **अतींद्रिय आनंद/सम्यग्दर्शन की परीक्षा** करने से हरेक समय का सदुपयोग कर सकते हैं। **सदुपयोग** याने **सत् / ध्रुवज्ञानानंद स्वभाव को जानने के लिए उपयोग करना।**

शंका–लक्षण के भेद बताकर उनका जीवन में लाभ बताना।

समाधान–लक्षण के दो भेद है: (१) आत्मभूत लक्षण (२) अनात्मभूत लक्षण।

(१) **आत्मभूत लक्षण : जो वस्तु कें स्वरूप में अनुप्रविष्ट है, वह आत्मभूत लक्षण है**। जैसे-अग्नि का लक्षण उष्णता। **जीवद्रव्य का लक्षण ज्ञान-दर्शन/ चेतना**। पुद्गलद्रव्य का लक्षण स्पर्श, रस, गंध, वर्ण। धर्मद्रव्य का लक्षण गतिहेतुत्व। अधर्मद्रव्य का लक्षण स्थितिहेतुत्व। आकाशद्रव्य का लक्षण अवगाहनहेतुत्व। कालद्रव्य का लक्षण परिवर्तनहेतुत्व।

(२) **अनात्मभूत लक्षण :** जो वस्तु के स्वरूप में अनुप्रविष्ट (अंगभूत/तादात्म्य) नहीं है, वह अनात्मभूत लक्षण है। उदा. पुरुष का लक्षण दंड। सम्यग्दर्शन का लक्षण शुद्धात्मानुभव ज्ञानपर्याय है। जीव का लक्षण सम्यग्दर्शन है।

ये लक्षण के भेद समझकर हम भेदविज्ञान कर सकते हैं। कैसे ? तो आत्मभूत लक्षण ही सच्चा लक्षण/शाश्वत लक्षण है। अजीव द्रव्यों से जीवद्रव्य चेतना लक्षण से भिन्न हो जाता है। चेतना यह आत्मभूत लक्षण जीव से नित्य तादात्म्यरूप है। यह **शाश्वत चैतन्यस्वरूप ही परमशुद्धनिश्चयनय/ अभेदवृत्ति** का विषय है। इस **विषय** को हम हमारे **प्रमाणात्मक मति-श्रुतज्ञान से जानने पर हमें अतींद्रिय आनंद/ सच्चा धर्म/ शुद्धोपयोग/ सम्यग्दर्शन** प्राप्त होता है।

अनात्मभूत लक्षण वस्तु में प्रविष्ट न होने से कादाचित्क/तावत्काल है। यह हमारा शाश्वत स्वरूप न होने से आश्रय करने के योग्य नहीं है। इससे यह बात सिद्ध होती है कि, **तत्त्वार्थसूत्र** में **'उपयोगो लक्षणम्'** सूत्र में **उपयोग पद से त्रिकाल ध्रुववान** अभिप्रेत है। पर्यायरूप अर्थ यहाँ अभिप्रेत नहीं है। ऐसा ही **समयसारजी गाथा १८१ की तात्पर्यवृत्तिमें कहा है– 'ज्ञानदर्शनोपयोगलक्षणत्वादभेदनयेनात्मेवोपयोग:...' अर्थ–ज्ञानदर्शनोपयोग लक्षण होनेसे अभेदनय से आत्मा ही उपयोग है।**

शंका–नैयायिक वा हेमचंद्राचार्य का किया हुआ लक्षण का लक्षण 'असाधारणधर्मत्व' ठीक है क्या ?

समाधान–लक्षण का लक्षण असाधारणधर्मत्व करना ठीक नहीं है। क्यों कि इसमें अव्याप्त, अतिव्याप्त और असंभव दोष आते हैं। और जीवन में इसका कुछ भी लाभ नहीं है। क्योंकि गुणभेद या पर्यायभेद असाधारण हैं, तो भी वे अनुभूति का विषय नहीं हो सकते हैं। **केवल आत्मभूत लक्षण का विषय ही अनुभूति का विषय** हो सकता है।

शंका–लक्षणाभास का स्वरूप और भेद कहो।

समाधान–जो **लक्षण जैसा दिखता है लेकिन दोषयुक्त** होता है, उसे **लक्षणाभास** कहते हैं। लक्षणाभास के तीन भेद हैं। (१) अव्याप्त दोष (२) अतिव्याप्त दोष (३) असंभव दोष।

(१) **अव्याप्त दोष :–** ...**लक्ष्यैकदेशवृत्त्यव्याप्तम्**.... जो लक्षण लक्ष्य के एक देश (भाग) में रहता

है,, वह **अव्याप्त लक्षणाभास** है। उदा. जैसे गाय का लक्षण शावलेयत्व। जीव का लक्षण मुक्त या संसारी या सम्यग्दर्शन या पूजा करना, अव्याप्त दोष से युक्त है।

(२) **अतिव्याप्त दोष :-** **...लक्ष्यालक्ष्यवृत्त्यतिव्याप्तम्.....** लक्ष्य और अलक्ष्य में लक्षण के रहने को **अतिव्याप्त लक्षणाभास** कहते हैं। उदा. जैसे गाय का लक्षण पशुत्व (पशुपना) करना। जीव का लक्षण अमूर्तिक या असंख्यात प्रदेशी या क्रियावती शक्ति या उत्पादव्ययध्रुव करने से **अतिव्याप्ति दोष** आता है।

(३) **असंभव लक्षणाभास/दोष :-** **...बाधितलक्ष्यवृत्त्यसम्भवि...** जिस की लक्ष्य में वृत्ति बाधित हो अर्थात् जो लक्ष्य में बिलकुल ही न रहे, वह असंभवी लक्षणाभास है। उदा. जैसे कर्मभूमिज और उत्कृष्ट भोगभूमिज मनुष्य का लक्षण सींग।

* जीव का लक्षण स्पर्श, रस, गंध, वर्ण आदि।
* जीव की शोभा घर, पैसा, आभूषणादि से मानना।

वास्तवमें **जीव की शोभा रत्नत्रय** से ही है। **[चैतन्य रत्नाकर-पान नं. २१ से ५४ तक देखना]**

शंका – प्रमाण किसे कहते हैं?

समाधान – प्रमाण के अनेक अर्थ हैं। यहाँ **प्रमाण का अर्थ 'धर्मीधर्मसमूह'** प्रकरणवश प्राप्त होता है। **[प्रमाण से भावाभाव युगपत् (एकसाथ) जाना जाता है।]**

शंका – नय किसे कहते हैं?

समाधान – प्रमाण से ग्रहण किये हुए **वस्तु के एक अंश को ग्रहण करनेवाला नय** होता है।

शंका – प्रमाण और नय में प्रधान/पूज्य कौन है?

समाधान – प्रमाण और नय में **प्रमाण ही पूज्य है।** क्योंकि **प्रमाण में प्रकृष्ट** विशुद्धि है या **प्रमाण = प्र+माण=प्रकर्ष से (भावाभावात्मक अखंड वस्तु को युगपत्)+जानता है। अनुभूति के समय प्रमाण साधन** ही होता है, नय साधन नहीं!

शंका – प्रमाण का लक्षण क्या है?

समाधान – प्रमाण का लक्षण **सम्यग्ज्ञान** है।

शंका – सम्यग्ज्ञान में जो सम्यक् पद है, उसका प्रयोजन कहना?

समाधान – सम्यक् पद संशय, विपर्यय, अनध्यवसायरूप अप्रमाण ज्ञानों का निराकरण करता है।

शंका – संशय किसे कहते है? इसका जीवन में क्या लाभ है?

समाधान – विरुद्धानेककोटिस्पर्शिज्ञानं संशयः, ... विरुद्ध अनेक कोटि को स्पर्श करनेवाले ज्ञान को संशयज्ञान कहते हैं।

उदा. (१) स्थाणु (ठूंठ) है अथवा पुरुष है? (२) मैं जीव हूँ या शरीर? (३) अनुभूति का विषय ध्रुव अंश है या ध्रुववान है? (४) पंचमकाल में चतुर्थ गुणस्थानवर्ती को आत्मानुभव होता है या नहीं?

संशय याने 'EITHER OR'

जब तक वस्तुव्यवस्था के विषय में संशय है, तब तक पदार्थों का निश्चय न होने से दोलायमान या डावाँडौल याने चलितचित्त/चंचलता होने से निजध्रुवशुद्ध एकत्वविभक्त भगवान आत्मा को निर्णयरूप से न जानने से सतत व्यग्रता/ TENTION आती है, शुद्धात्मानुभव नहीं होता है। जब तक संशय है तबतक न

संसारकार्य कर सकते हैं और न धर्म/ अतींद्रिय आनंद का भोग कर सकते हैं। संशय प्रमाणाभास / झूठा ज्ञान है।

शंका – विपर्यय किसे कहते हैं? इसका जीवन में क्या लाभ है?

समाधान – विपरीतैककोटिनिश्चयो विपर्ययः,..... विपरीत एक पक्ष का निश्चय करनेवाले ज्ञान को विपर्ययज्ञान कहते हैं।

उदा. जैसे सीप में 'यह चांदी है' इस प्रकार का ज्ञान होना विपरीतज्ञान/विपर्ययज्ञान है।

* शुभ भाव को ही सम्यग्दर्शन का कारण मानना।
* इंद्रियजनित आनंद को ही अतींद्रिय आनंद मानना।
* रोमांच हो जाना, प्रकाश दिखने को ही आनंद या शुद्धोपयोग मानना। पर को जानकर मोक्षमार्गस्थ हो सकता हूँ। भगवान की भक्ति से मोक्षमार्गस्थ हो सकता हूँ। यह सब विपरीतज्ञान है। जब तक **कारणविपर्यास, भेदाभेदविपर्यास, स्वरूपविपर्यास** का ज्ञान है, तब तक **मिथ्यादृष्टि, दुःखी है। वस्तुव्यवस्था विज्ञाननिष्ठ ढंग से जानकर आत्मानुभव करने से विपर्ययज्ञान (प्रमाणाभास ज्ञान) छूट** जाता है।

शंका - अनध्यवसाय किसे कहते हैं? इसका जीवन में क्या लाभ है?

समाधान – किमित्यालोचनमात्रमनध्यवसायः,.....। 'कुछ है' ऐसे आलोचनमात्र को (ज्ञान को/जानने को) अनध्यवसाय ज्ञानपर्याय कहते हैं।

अनध्यवसाय = अन् + अधि + अवसाय = नहीं + आधार से + निर्णय = निर्णय नहीं।

उदा. – जैसे मार्ग में चलते हुए तृण, कंटक आदि के स्पर्श हो जाने पर 'कुछ है' ऐसा ज्ञान होना।

* निर्विकल्पज्ञान/शुद्धोपयोग में 'कुछ है' ऐसी जानकारी होती है। अनुभूति रहस्यमय कुछ है। वस्तुव्यवस्था कुछ है। ऐसा अनध्यवसायात्मक प्रमाणाभास ज्ञान जबतक है, तबतक अशांति, दुःख है। स्व को जानने से वह अप्रमाण ज्ञान लय/नाश को प्राप्त होता है।

शंका – प्रमातादि का अर्थ क्या है?
समाधान – प्रमाता = जाननेवाला।
प्रमिति = जानने का फल।
प्रमेय = ज्ञेय/विषय/ध्येय/अनुभाव्य/जाना जानेवाला।
प्रमाण = ज्ञान।

शंका – प्रमाण के लक्षणरूप सम्यग्ज्ञान में जो ज्ञान शब्द है, उसका अर्थ क्या है?

समाधान – ज्ञान पद से प्रमाता, प्रमिति और प्रमेय की व्यावृत्ति की है। ज्ञान शब्द करण/साधन की दृष्टि से किया है। **ज्ञायते अनेन इति ज्ञानम्।** जिसके द्वारा जाना जाता है, उसे ज्ञान कहते हैं। **ज्ञान** का **व्युत्पत्ति** अर्थ देखिए – ज्ञा + अनट् [अनट् प्रत्यय 'करणाधारे चानट्' ऐसा जैनेंद्रव्याकरण में कहा है। यहाँ 'ट्' इत् है, निकल जाता है। **ज्ञा + अन = ज्ञान।**]

ज्ञान ही ज्ञान का साधकतम (सुनिश्चित) साधन है। इंद्रिय, पदार्थ, प्रकाश आदि जानने के साधन नहीं है। यह जानने से **स्वतंत्रता प्राप्त होती है, पराधीनता छूट जाती** है।

अतः **आत्मानुभूति** के लिये प्रत्येक जीव को **अध्यात्म न्यायदीपिका** तथा **अन्य न्याय ग्रन्थों** का **अवश्य स्वाध्याय करना ही** चाहिये।

शुद्धात्मानुभव की पगडंडी - न्यायदीपिका

लेखक- मन्नूलाल जैन वकील, सागर (मध्य प्रदेश)

आत्मा ज्ञानं स्वयं ज्ञानं ज्ञानादन्यत् करोति किम्।
परभावस्य कर्तात्मा मोहोऽयं व्यवहारिणाम्॥

एकत्वविभक्त निज ध्रुव शुद्ध चिदानन्द आत्मा का प्रत्यक्ष-प्रामाण्यसहित शुद्धात्मानुभव करना ही सम्यग्दर्शन है- सम्यग्ज्ञान है - सम्यक्चारित्र है। यही परम मंगल कार्य है। इस परम मंगल कार्य द्वारा निश्चय सम्यग्ज्ञानादि का उत्पाद, मिथ्याज्ञान-मिथ्यादर्शन-मिथ्याचारित्र का व्यय होकर मोक्षमार्ग का अवतरण होता है। इसी को निर्विकल्प शुद्धात्मोपलब्धि, स्वसंवित्ति, शुद्धोपयोग, स्वानुभव आदि नामों से भी अभिहित किया जाता है।

अनादिनिधन विश्व में छह जाति के द्रव्य हैं- जीव (चेतना), पुद्गल, धर्मास्तिकाय, अधर्मास्तिकाय, आकाश और काल (५ अचेतन)। जीव, अजीव (धर्म, अधर्म, आकाश, काल, पुद्गल), आस्रव, बंध, संवर, निर्जरा, मोक्ष- ये सात तत्त्व कहे गये हैं। इन्हीं सात तत्त्वों में पुण्य और पाप को शामिल करके गिनने पर ९ पदार्थ कहे जाते हैं।

मति-श्रुत प्रमाणज्ञान हैं

पदार्थों को जानने के उपाय सम्पूर्ण जिनागम में सभी आचार्यों ने प्रमाणज्ञान और नयज्ञान बताये हैं। जीव ज्ञानस्वरूप है। शेष पांच द्रव्य (पुद्गल, धर्म, अधर्म, आकाश और काल) अचेतन ज्ञान रहित हैं। आस्रव, बंध, पुण्य, पाप, संवर, निर्जरा और मोक्ष ये सात जीव और पुद्गल (कर्म) की अवस्थायें हैं- अवस्थाओं के नाम हैं। आस्रव, बंध, पुण्य और पाप को संयोगी, विकारी, अशुद्ध, औपाधिक, औदयिक, संसारी अवस्था कहते हैं। संवर, निर्जरा को एक देश शुद्ध अवस्था कहते हैं। मोक्ष को असंयोगी, अविकारी, शुद्ध, निरुपाधिक, क्षायिक, मुक्त अवस्था कहते हैं।

जीव द्रव्य चेतन है। उसमें ज्ञान, दर्शन, सुख, वीर्य, श्रद्धान, चारित्र, जीवत्व, चैतन्य, स्वच्छत्व, असंकुचित-विकासत्व, त्यागोपादानशून्यत्व, उत्पाद-व्यय-ध्रुवत्व, अगुरुलघुत्व, सूक्ष्मत्व, अस्तित्व, वस्तुत्व, द्रव्यत्व, प्रदेशवत्त्व, प्रमेयत्व, प्रकाशत्व, अमूर्तत्व, नियतप्रदेशवत्त्व, भावशक्ति आदि अनंत गुण-शक्तियाँ-स्वभाव-धर्म हैं।

जीवद्रव्य अनादि से ही अपने स्वरूप को भूला होने से ज्ञानावरणादि कर्म के साथ संबंधवाला है और दुखी है। जब यह जीव अपने चैतन्यस्वरूप का परिज्ञान करके आत्मस्थ हो जाता है तो कर्म का संयोग दूर होकर सहज सिद्ध शुद्ध अवस्था को प्राप्त होकर सुखी हो जाता है - यह निष्कर्म अवस्था है। संसार अवस्था चतुर्गति भ्रमणरूप दुखमय है। सिद्ध-मुक्त-शुद्ध अवस्था चतुर्गति के अभावरूप सुखमय है, पूर्णज्ञानमय है और वीतरागतामय है।

सुखी होने का मार्ग जिनवाणी में सम्यग्दर्शन - सम्यग्ज्ञान और सम्यक्चारित्र की एकता को बताया गया है।

जीव वस्तु अनेकान्त स्वरूप अनंत धर्मात्मक है, उत्पाद-व्यय-ध्रुवत्व सहित सत्तारूप है, एक-अनेकरूप

है, नित्यानित्यात्मक है, द्रव्य- गुण-पर्यायात्मक है, ज्ञान-दर्शन-सुख-वीर्य आदि अनंत गुणमय है। जीव वस्तु को समझने के लिये उसके दो अंश या भेद करते हैं - नित्य अंश और अनित्य अंश। नित्य अंश ध्रुव-त्रिकाल एकरूप रहनेवाला कारणपरमात्मा परमपरिणामिकभाव स्वरूप कारणतत्त्व है। अनित्य अंश प्रतिसमय परिणमन करनेवाला उत्पाद-व्यय पर्याय स्वरूप कार्यतत्त्व है।

जैसा कि पहले कह आये हैं कि पदार्थों को जानने के उपाय **प्रमाणज्ञान** और **नयज्ञान** हैं। **प्रमाण और नय ज्ञान पर्यायें अर्थात् जानने के साधन हैं, विषय नहीं।** सम्पूर्ण जिनागम जीवों को अपना हित-सच्चा सुख प्राप्त करने के लिये नयों की भांषा में लिखा गया है। नयों का सम्यक् ज्ञान किये बिना जिनागम का मर्म समझ पाना तो दूर रहो, उसमें प्रवेश करना भी संभव नहीं है।

सिद्धान्तग्रंथों के सच्चे ज्ञाता मुनि नयवाद में तो निपुण होते ही हैं-होना ही चाहिये। नयदृष्टिविहीन व्यक्ति वस्तु के स्वरूप से अनजान ही रहते हैं- वे सम्यग्दृष्टि कैसे हो सकते हैं? नहीं हो सकते हैं। अनेकान्तस्वरूप आत्मवस्तु का ज्ञान प्रथम नयों द्वारा ही किया जाता है। द्रव्य-पर्यायात्मक वस्तु दोनों नयों-द्रव्यार्थिक-पर्यायार्थिक, निश्चय-व्यवहार द्वारा ही भलीभांति निर्णीत होती है- ज्ञान में समझी जाती है। अतः सुयोग्य गुरु के निर्देशन में विधिपूर्वक दुःसाध्य और तीक्ष्ण धारवाला नयचक्र का संचालन सीखना ही चाहिये।

जब हम नयों के सामान्यस्वरूप पर दृष्टिपात करते हैं तो देखते हैं कि **स्यात् पद से मुद्रित परमागमरूप श्रुतज्ञान प्रमाण है,** और उसके भेद **नय** हैं। आगम के आलोक में ही हमें ज्ञात होता है कि **प्रमाण ज्ञान के द्वारा गृहीत वस्तु के एक अंश को ग्रहण करनेवाला ज्ञान नय है।** प्रमाणज्ञान द्वारा प्रकाशित पदार्थ का विशेष निरूपण करनेवाला नय है। ऐसा भी कहा गया है कि प्रमाण से नयों की उत्पत्ति होती है। नय तो प्रमाण का एकदेश है, जब कि प्रमाण का विषय अनेक धर्मात्मक वस्तु है। जो अनिर्वचनीय है और अनंतपर्यायवान है वही तत्त्व है- यह प्रमाण से प्रमाणित है।

जैनदर्शन चार अनुयोगरूप है- प्रथमानुयोग, चरणानुयोग, करणानुयोग, और द्रव्यानुयोग। द्रव्यानुयोग को समझे बिना मोक्षमहल के प्रवेशद्वार की कुंजी हाथ में नहीं आती है; न्यायग्रन्थों का अध्ययन किये बिना द्रव्यानुयोग का रहस्य ग्रहण नहीं हो पाता है; प्रथमानुयोग का स्वाध्याय किये बिना जीवन में चरणानुयोग की महिमा नहीं आती; चरणानुयोग को अपनाये बिना करणानुयोग का ज्ञान पूर्ण नहीं हो पाता; और करणानुयोग के बिना यथार्थ वैराग्य परिणति प्रगट नहीं होती। राजमार्ग तो यही है।

न्यायग्रंथों का महत्व

जैनदर्शन के न्यायग्रन्थों-सिद्धान्त शास्त्रों का महल जिस अचल शिलावाक्य पर आधारित है वह है- आचार्य कुंदकुंद के पट्टशिष्य आचार्य उमास्वामी रचित तत्त्वार्थसूत्र के प्रथम अध्याय का छठवाँ सूत्र- "**प्रमाणनयैरधिगमः।**" इस सूत्र का अर्थ है- पदार्थों का ज्ञान प्रमाण और नयों द्वारा होता है। इस छोटे से सूत्र की पुष्ट नींव पर जैनागम के न्याय का भव्य प्रासाद अत्यन्त दृढ़ता के साथ अवस्थित है। इस नींव के शिलाखण्ड पर आप्तमीमांसा, अष्टशती, अष्टसहस्री, सर्वार्थसिद्धि, राजवार्तिक, श्लोकवार्तिक, आप्तपरीक्षा, सिद्धिविनिश्चय, लघीयस्त्रय, न्यायकुमुदचन्द्र आदि ग्रन्थों के रूप में दिग्गज दिगम्बर महान जैनाचार्यों ने अपनी लेखनी द्वारा जो महान शिल्प निर्माण किया है- न्यायविद्यारूपी अमृत को निकाला है, अध्यात्मविद्या की सृष्टि के आधार के लिये '**सर्वज्ञ की सिद्धि**' जिन सशक्त तर्कों द्वारा की है, शुद्धात्मानुभव के लिये जो भावों की अभिव्यक्ति समर्पित की है उसके लिये यह युग सदियों तक उनका कृतज्ञ रहेगा।

उक्त सूत्र की सुगठित देहयष्टि दृढ़, सुन्दर, सुडौल और विश्वसनीय होने से उत्तमोत्तम दिगम्बर आचार्यों

ने न्यायदीपिका, न्यायविनिश्चय, न्यायविनिश्चय-विवरण, सिद्धिविनिश्चय, लघीयस्त्रय, परीक्षामुखसूत्र, प्रमेयरत्नमाला, प्रमेयकमलमार्तण्ड, प्रमेयरत्नाकर प्रभृति ग्रंन्थों में भी अपनी लेखनी के स्पर्श द्वारा जैन न्याय के वटवृक्ष को पल्लवित, पुष्पित, सज्जित और सुशोभित किया है।

उपरोक्त ग्रन्थों के रचयिता श्रेष्ठ दिगम्बर जैनाचार्यों की दीर्घकालीन लम्बी परम्परा में हुए आचार्य श्री गृद्धपिच्छ उमास्वामी, समन्तभद्र, पूज्यपाद, अकलंकदेव, विद्यानंद, माणिक्यनंदी, प्रभाचन्द्र, अनंतवीर्य, धर्मभूषण आदि को इस स्थल पर स्मरण करते हुए हम अपने श्रद्धासुमन अर्पित किये बिना नहीं रह सकते हैं। आचार्य अकलंकदेव की सुस्पष्ट, परिमार्जित और व्यवस्थित लेखनक्रिया के कारण तो एक युग से जैन न्याय को **अकलंक न्याय** (अकलंक द्वारा स्थापित अथवा कलंकरहित निर्दोष) ही कहा जाने लगा है। सभी उक्त दिगम्बर जैन आचार्यों एवं अन्य भी अनेक आचार्यों की कृतियाँ सूर्य के समान न्याय-आकाश में जाज्वल्यमानरूप से ससम्मान प्रतिष्ठित हैं।

इन्हीं न्यायग्रन्थों की छठा हमें आचार्यवर श्री कुन्दकुन्द के परमागमों की टीका करनेवाले आचार्य श्री अमृतचन्द्र एवं श्री जयसेन की आत्मख्याति, तत्त्वप्रदीपिका, तात्पर्यवृत्ति आदि टीकाओं में स्थान-स्थान पर परिलक्षित होती है। इन टीकाओं में गाथा-गाथा में देखें, जैसे - **साधकतमं करणम्, अन्यथा अनुपपत्ति, शुद्धात्मप्राप्तिरूपं फलम्, स्वतंत्रः कर्ता, निर्मलानुभूतेः साधकः, शुद्धबुद्धैकस्वभावेन परमात्मना प्राप्यं व्याप्यमहमेक एव कर्मकारकमस्मि, शुद्धज्ञानदर्शनस्वभावपरमात्मनः साध्यं... सुखामृतरसास्वादपरिणतिरूपमहमेक एव फलं चास्मि,** (प्रवचनसार ता.वृ.गा.टी. १२६); **साध्यसिद्धेस्तथान्यथोपपत्त्यनुपपत्तिभ्याम्** (आ.ख्या.गा. १८ टीका) **ज्ञानतादात्म्यानुपपत्तेः। .... एवं सति यः आत्मानं जानाति स श्रुतकेवली..** (आ.ख्या. गा. १० टीका) **... आत्मनो भावश्रुतज्ञानेन स्वसंवेदनान्निश्चयश्रुतकेवली भवति।** (प्रव. ता. वृ. गा. ३३ टी.) इस प्रकार न्याय के आधार से समस्त कथनों की सिद्धि पग-पग पर दिखाई देती है।

कहने का अभिप्राय यह है कि संसार से पार ले जानेवाले सम्यग्दर्शन-सम्यज्ञान-सम्यक्चारित्र स्वरूप मोक्षमार्ग को प्रगट करने की रुचि कराने, महिमा लाने, प्रेरणा देनेवाले और प्रगट प्रसिद्धि करानेवाले तो वास्तव में परम अध्यात्मग्रन्थ समयसार, प्रवचनसार, परमात्मप्रकाश आदि हैं ही; किन्तु बृहद्द्रव्यसंग्रह, न्यायदीपिका, परीक्षामुख और आप्तमीमांसा आदि मूलग्रन्थ तथा इन ग्रन्थों पर लिखी गई ग्रन्थाकाररूप विशालकाय टीकायें भी मुक्तिमार्ग के पथिक के लिये मार्ग-शोधक, शक्ति-प्रदाता, पौरुष एवं पाथेय का कार्य करती हैं।

वर्तमान में श्री समयसारजी और शुद्धात्मानुभूतिरूप सम्यग्दर्शन की अलख जगानेवाले युगपुरुष के रूप में विख्यात अविरत गृहस्थ सत्पुरुष श्री पंडित कहानजी ने उपरोक्त सभी एवं अन्य अनेक ज्ञात-अज्ञात दिगम्बर जैनाचार्यों के प्रति अपनी अजेय निष्ठा व्यक्त की है। वे कहते थे कि - हम तो दिगम्बर भावलिंगी सन्तों के दासानुदास हैं। उन्होंने अपनी विशिष्ट प्ररूपण पद्धति द्वारा अध्यात्म के प्रति जनसामान्य में जो उत्कण्ठा जगाई है, उसकी जैन साहित्य के इतिहास में उपमा प्राप्त होना अत्यंत कठिन है।

उपरोक्त ग्रन्थों में श्री अभिनव धर्मभूषणयति विरचित **न्यायदीपिका** ग्रन्थ ऐसा है, कि जो अपने में समस्त न्यायग्रन्थों का सार समेटे हुए है, किन्तु उस पर अभी तक संस्कृत या हिन्दी भाषा में कोई टीका नहीं लिखी गई थी। **मुनिवर स्व. श्री. वीरसागरजी महाराज** ने सोलापूर में इस न्यायदीपिका पर भावानुवाद के रूप में विशाल टीका करके (इस कमी की पूर्ति करके) महान स्तुत्य कार्य किया है। न्यायदीपिका जैसे अत्यन्त क्लिष्ट न्यायग्रन्थ पर टीका लिखकर इस युग के अल्पबुद्धि, अल्प-स्वाध्यायी, संस्कृत-व्याकरणादि का अल्प ज्ञान रखनेवाले मुमुक्षुओं के लिये शुद्धात्मानुभूतिरूप सम्यग्दर्शन प्रगट करने की अत्यन्त सरल और सहज विधि बतलाकर इस विषयांधता पोषक कलिकाल में अनुपम दीपस्तंभ की स्थापना की है।

प्राय: सम्पूर्ण दिगम्बर जैन समाज में यह एक विपरीत धारणा घर कर चुकी है कि न्यायग्रन्थों के स्वाध्याय से कोई लाभ नहीं है, उनमें तो केवल अन्यमतों का खण्डन और स्वमत-मण्डन ही है; हमें किसी के खण्डन-मण्डन से कुछ लेना-देना नहीं है; अत: न्यायग्रन्थों को पढ़ने की- पढ़ाने की आवश्यकता नहीं है। किन्तु श्री वीरसागरजी मुनिवर ने इस कल्पित झूठी मान्यता पर कठोरता से आघात किया और इस बीसवीं सदी के रोबो-काम्प्युटर विज्ञान के युग में एम.बी.बी.एस. डाक्टर होते हुए मुनिदीक्षा लेकर सत्यशोधक महान आत्मा के रूप में न्यायग्रन्थों का स्वाध्याय स्वयं किया और दूसरों को भी इन्हें पढ़ने की पावन प्रेरणा दी।

लगभग ७५ वर्ष पूर्व एक ऐसा समय आया था जब सम्पूर्ण उत्तरभारत, मध्यभारत, राजस्थान आदि प्रदेशों में जैनदर्शन की शिक्षा के लिये श्री गणेशप्रसादजी वर्णी जैसे अद्भुत प्रतिभाशाली महात्मा ने अजैन कुल में जन्म लेकर जैनधर्म अंगीकार कर के जैनधर्म के प्रचार हेतु पाठशालायें स्थापित करने का बीड़ा उठा रखा था। लगभग ५० पाठशालायें स्थापित करके भी प्रयत्न चालू बनाये रखा। फलस्वरूप विद्वानों की पीढ़ियां तैयार हो गई और सारे देश में जैन विद्वान दिखायी देने लगे। उन पाठशालाओं से तैयार हुए विद्वानों ने जैनसाहित्य के प्रचार, विकास, लेखन, सम्पादन, संशोधन आदि का बहुत महत्त्वपूर्ण कार्य किया है जिसके आकलन के लिये अलग से ही एक पुस्तकाकार निबन्ध की आवश्यकता है।

उक्त पीढ़ी के अनेक विद्वान अपने स्वतंत्र व्यवसाय, लेखन आदि में लग गये तथा अनेक विद्वान पुरानी पाठशालाओं में ही अध्यापन कार्य तथा जिनवाणी प्रकाशन आदि कार्य करते रहे। ऐसा कोई विरला ही विद्वान हुआ होगा जिसने नई पाठशाला-विद्यालय आदि स्थापित किये हों। जयपुर के पं. चैनसुखदासजी अवश्य इस कार्य में अग्रणी रहे। धीरे-धीरे ऐसा अवसर आया कि सारे देश की जैन समाज यह तो अनुभव करने लगी कि विद्वानों की संख्या कम होती जा रही है, किन्तु इसके लिये कोई ठोस मूर्तरूप योजना को आकार देने के बारे में नहीं सोचा गया।

आज से ५० वर्ष पूर्व फिर एक ऐसा समय भी आया कि जब गुजरात के क्षितिज पर सत्पुरुष श्री कहानजी का उदय हुआ और जैनदर्शन के मूल विषय-**निजध्रुव शुद्ध कारणपरमात्मा** की चर्चा सुनाई पड़ने लगी। किन्तु परिस्थितियों वश योग ऐसा बना कि समाज के विद्वानों ने उस गर्जना की ओर कोई ध्यान न देकर उसी के विरोध में सारी शक्ति लगा दी। विद्वानों ने एवं समाज ने स्वयं ही पाठशालाओं में अपनी सन्तानों को नहीं पढ़ाया, बल्कि विश्वविद्यालयों, मेडिकल कॉलेजों और इंजिनियरिंग आदि कॉलेजों में पाश्चात्य शिक्षा लेने की ओर ही प्रेरित किया। फलत: अधिकांश पाठशालायें बंद हो गई।

लेकिन गुजरात के सत्पुरुष के शक्तिशाली प्रयास से जयपूर में श्री पूरनचंद्रजी गोदिका द्वारा **टोडरमल स्मारक ट्रस्ट** और **सिद्धान्त महाविद्यालय** स्थापित हुआ जो आज लगभग २० वर्षों से सफलतापूर्वक दिन प्रतिदिन प्रगति करता हुआ डा. हुकमचंद भारिल्ल के निर्देशन में संचालित हो रहा है। इस विद्यालय से लगभग २०० विद्वान तैयार होकर सारे देश में चारों दिशाओं में फैल चुके हैं; तथा जिनवाणी के प्रकाशन और तत्त्वप्रचार का कार्य जोर-शोर के साथ चल रहा है। इस अकेली एक संस्था ने ही सम्पूर्ण देश में पंडितों का अकाल और जिनवाणी का सूखा मिटाकर लहलहाती हरीभरी आत्मकल्याणकारी पंडितों और जिनवाणी की पौष्टिक फसल उत्पन्न करने की विशाल योजना अपने हाथों में ले रखी है।

कहने का तात्पर्य यह है कि अब नये विद्वानों को तथा समाज को चाहिये कि श्री वीरसागरजी मुनिराज का महान चिन्तन टोडरमल स्मारक ट्रस्ट के माध्यम से समझने का प्रयास करे। अब यह अच्छी तरह से जान लेना चाहिये कि समाज को न्यायग्रन्थों के स्वाध्याय की बहुत अधिक आवश्यकता है। हमें न केवल अपने शुद्धात्मा के अनुभवन के लिये बल्कि देश में सभी धर्मों की समन्वित समझ बनाने के लिये भी अन्यमत

के मन्तव्यों को समझकर न्यायग्रन्थों के आधार से उनके समुचित समाधान की आवश्यकता है। न्यायग्रन्थों के स्वाध्यांय की आज पहले से कहीं अधिक आवश्यकता है क्योंकि हम जैन कुल में जन्म लेकर जिनवाणी का स्वाध्याय करते हुए भी सहीरूप में जैन नहीं बन पा रहे हैं।

अन्यमत परीक्षा

मैं नीचे कुछ प्रश्न दे रहा हूँ जिनके परिप्रेक्ष्य में आप अपने को पहिचानने का प्रयास करें कि क्या आत्मानुभूति प्राप्त करने के लिये आप अभी वास्तव में जैन हैं? क्या कुल परिपाटी से चली आई कुछ मान्यतायें- क्रियायें मात्र कर लेने से आप जैन बन जाते हैं? इस ग्रन्थ का स्वाध्याय करके आप अपने आपको देखिये-परखिये-

१. प्रमाणज्ञान को जैसे अन्यमतवाले नहीं मानते हैं, वैसे ही हममें से बहुत से भाई नहीं मानते हैं।
२. प्रत्यक्ष अतींद्रिय ज्ञान-मतिश्रुतज्ञान (आ ५) को जैसे अन्यमती नहीं मानते हैं वैसे ही हममें से बहुत से भाई नहीं मानते हैं।
३. निजशुद्धात्मा का ध्यान करना जैसे अन्यमती नहीं मानते हैं, वैसे ही हम...
४. निजध्रुव को छोड़कर जैसे अन्य लोग परमत खण्डन में लगे रहते हैं, वैसे ही हम...
५. शुभभाव और शारीरिक क्रियाओं मात्र से जैसे अन्यमती भला मानते हैं, वैसे ही हम...
६. शारीरिक सुविधायें जुटाने में जैसे अन्यमती व्यस्त रहते हैं, वैसे ही हम...
७. क्षणिक सुख की प्राप्ति में जैसे अन्यमती लोग अभ्यस्त रहते हैं, वैसे ही हम...
८. सांसारिक प्रतिकूलताओं से जैसे अन्यमती लोग त्रस्त रहते हैं, वैसे ही हम...
९. युक्ति और न्याय को जैसे सभी अन्यमती नहीं मानते हैं, वैसे ही हम...
१०. विषय, साधन और फल को जैसे सभी अन्यमती नहीं मानते हैं वैसे ही हम...
११. आगम आधार को जैसे अन्यमती सभी नहीं मानते हैं, वैसे ही हम...
१२. सर्वज्ञ की सत्ता जैसे सभी अन्यमती नहीं मानते हैं, वैसे ही हम...
१३. सर्वज्ञ को अविरोधी-सच्चा वक्ता जैसे सभी अन्यमती नहीं मानते हैं, वैसे ही हम...
१४. साधकतम साधन से कार्य होना जैसे सभी अन्यमती नहीं मानते हैं, वैसे ही हम...
१५. जैसे ईश्वर को कर्ता माननेवाले एक द्रव्य को दूसरे द्रव्य का कर्ता मानते हैं, वैसे ही हममें से भी बहुत से भाई अपने को परद्रव्य की पर्याय का कर्ता मानते हैं।
१६. चार्वाक पंचेन्द्रिय के विषय-भोगों में सुख मानता है, क्या हम भी वैसा मानते हैं? यदि हां, तो हम चार्वाकमती ही हैं।
१७. बौद्ध ज्ञेयों में से- पदार्थों में से ज्ञान और सुख मानते हैं, क्या हम भी...
१८. नैयायिक असाधारण धर्मवचन को पदार्थ का लक्षण मानते हैं, क्या हम भी...
१९. सांख्य इंद्रियव्यापार को प्रमाण मानते हैं, क्या हम भी...
२०. बौद्ध अविसंवादी-कल्पना अपोढ़ ज्ञान ही प्रमाण मानते हैं, क्या हम भी...
२१. नैयायिक कारकसाकल्य से कार्य माननेवाले निमित्तवादी हैं, क्या हम भी...
२२. वैशेषिक सन्निकर्ष से कार्य माननेवाले निमित्तवादी हैं, क्या हम भी...
२३. मीमांसक परपदार्थों से ज्ञातृ-व्यापार माननेवाले निमित्तवादी हैं, क्या हम भी...
२४. वेदान्ती ज्ञान को नहीं, ज्ञान के निमित्तों को ज्ञान करानेवाला मानते हैं, क्या हम भी...
२५. चार्वाक केवल इंद्रिय प्रत्यक्ष प्रमाण मानते हैं, क्या हम भी...

२६. वैयाकरण शब्द को ही ज्ञान मानते हैं, क्या हम भी...
२७. सांख्य बाह्य क्रिया से चारित्र-धर्म मानते हैं, क्या हम भी...
२८. सांख्य अकेले ज्ञान से कुछ भी नहीं होना मानते हैं, क्या हम भी...
२९. नैयायिक समवायों से कार्य होना मानते हैं, क्या हम भी...
३०. वैशेषिक व्यक्तिविशेष को प्रमाण मानते हैं, क्या हम भी...
३१. नैयायिक कारणों की अतिनिकटता से कार्य होना मानते हैं, क्या हम भी...
३२. मीमांसक प्रामाण्य और अप्रामाण्य की उत्पत्ति स्वत: मानते हैं, क्या हम भी...
३३. अन्य सभी मतवाले केवल इंद्रिय प्रत्यक्ष और अनुमान को प्रमाण मानते हैं, क्या हम भी...
३४. अन्य मतवाले नयज्ञानों को नहीं मानते हैं, क्या हम भी...
३५. कुछ लोगों ने नयों से ही कार्य होना माना है, क्या हम भी...
३६. बौद्धमती तदुत्पत्ति, तदाकार और तदध्यवसायरूप ज्ञान को मानते हैं, क्या हम भी...
३७. धर्म के क्षेत्र में सभी अन्यमती देव, शास्त्र, गुरु को परीक्षा किये बिना ही मानते हैं, क्या हम भी...
३८. क्या सर्वज्ञ की जय बोलना मात्र या भक्ति करना मात्र ही वास्तव में सर्वज्ञ को मानना है?
३९. क्या सम्यग्ज्ञानरूप कार्य की उत्पत्ति सांव्यवहारिक प्रत्यक्ष जैसे परोक्ष ज्ञानों से होती है?
४०. क्या हम अतीन्द्रिय ज्ञान का स्वरूप, उसका साधन, उसका कार्य और उसका फल जानते हैं?
४१. सभी लौकिक कार्य विषय-साधन-फल का निर्णय करने के पश्चात् किये जाते हैं। क्या आत्मानुभवरूप कार्य के पहले हमने उसके विषय-साधन-फल का निर्णय किया है?
४२. क्या हम प्रमाण ज्ञानों और नय ज्ञानों का स्वरूप जानते हैं?
४३. क्या हम प्रत्यक्षज्ञानों और परोक्षज्ञानों का स्वरूप जानते हैं?
४४. क्या हम जानते हैं कि इंद्रियज्ञान और नयज्ञान परोक्षज्ञान हैं?
४५. क्या हम जानते हैं कि पर द्रव्यों को हमारा जानना हमारे परोक्ष ज्ञान का कार्य है?
४६. क्या हम जानते हैं कि आत्मा का वास्तविक स्वरूप क्या है?
४७. क्या हम जिनवाणी के चारों अनुयागों में से किसी अनुयोग को हमारे काम का नहीं मानते हैं?
४८. क्या हम पूर्वाग्रह रखकर निर्णय करते हैं, युक्तियों से नहीं?
४९. क्या हम अन्यमत की मान्यतायें केवल दूसरों में ही खोजते हैं, अपने में नहीं?
५०. क्या यथार्थ आत्मकल्याण की इच्छा से, अपने में पात्रता लाकर हम जिनवाणी का स्वाध्याय करते हैं, या केवल दूसरों के दोषमात्र देखने के लिये?

इन प्रश्नों का उत्तर इस ग्रन्थ से हमें केवल दूसरों के दोष देखने के लिये नहीं खोजना है।

अध्यात्मन्यायदीपिका का विषय

लोकेषणा और ख्याति से दूर रहनेवाले मुनिवर श्री. वीरसागरजी ने इस न्यायदीपिका टीका की रचना १९८७ में सोलापूर (महाराष्ट्र) में की है जिसका नाम '**अध्यात्मन्यायदीपिका**' है। इस टीका की विशेषाताओं पर क्रम से प्रकाश डालने के पहिले यह लिखना आवश्यक मानता हूँ कि उन्होंने शास्त्रोक्त **ध्यानपद्धति** को विकसित करके आत्मानुभूति प्रगट करने की- **परम आनंद की दिव्यकला** न केवल स्वयं ही प्राप्त की, किन्तु बहुत से स्त्री-पुरुषों को प्राप्त करने की पावन प्रेरणा भी दी है। उनके चरणचिन्हों पर अग्रसर उनकी दो शिष्याओं **क्षु. सुशीलमतीजी** एवं **क्षु. सुव्रताजी** आज भी सम्पूर्णरूप से आगमानुकूल चर्या में रत होकर आत्मानुभूति

से संपन्न होकर इसी पथ को आलोकित कर रही हैं।

श्री. वीरसागरजी मुनिराज ने इस न्यायदीपिका टीका में सर्वप्रथम तो आगमग्रन्थों के शताधिक उद्धरण देते हुए यह सिद्ध करने का सक्षम सफल प्रयास किया है कि **अविरती गृहस्थ** भी शुद्धोपयोगरूप आत्मानुभव-निश्चय सम्यग्दर्शन प्राप्त कर सकता है। यही कथन परमश्रेष्ठ आचार्यवर श्री कुन्दकुन्द ने प्रवचनसार ग्रन्थ की गाथा १९४ में किया है तथा उसी की टीका तात्पर्यवृत्ति में आचार्य श्री जयसेन ने भी स्पष्ट घोषित किया है। गाथा देखिए-

जो एवं जाणित्ता झादि परं अप्पगं विसुद्धप्पा।
सागारोऽणागारो खवेदि सो मोहदुग्गंठिं॥१९४॥

अर्थ – जो ऐसा जानकर विशुद्धात्मा होता हुआ परम आत्मा का ध्यान करता है, वह सागार हो या अनागार, मोह दुर्ग्रन्थि का क्षय करता है।

तात्पर्यवृत्ति टीका – ध्यायति यः कर्ता। कम्। निजात्मानम्। कथंभूतम्। परमानन्तज्ञानादिगुणाधारत्वात्परमुत्कृष्टम्। किं कृत्वा पूर्वम्। एवं पूर्वोक्त (ध्रुवः शाश्वतः निजात्मा) प्रकारेण स्वात्मोपलम्भलक्षणस्वसंवेदनज्ञानेन ज्ञात्वा। कथंभूतः सन् ध्यायति। ख्यातिपूजालाभादिसमस्तमनोरथजालरहितत्वेन विशुद्धात्मा सन्। पुनरपि कथंभूतः। सागारोऽनागारः। अथवा साकारानाकारः। सहाकारेण विकल्पेन वर्तते साकारो ज्ञानोपयोगः, अनाकारो निर्विकल्पो दर्शनोपयोगस्ताभ्यां युक्तः साकारानाकारः। अथवा साकारः सविकल्पो गृहस्थः, अनाकारो निर्विकल्पस्तपोधनः। अथवा सहाकारेण लिङ्गेन चिन्हेन वर्तते साकारो यतिः, अनाकारश्चिन्हरहितो गृहस्थः। य एवं गुणविशिष्टः क्षपयति स मोहदुर्ग्रन्थिम्। मोह एव दुर्ग्रन्थिः मोहदुर्ग्रन्थिः शुद्धात्मरुचिप्रतिबन्धको दर्शनमोहस्तम्। ततः स्थितमेतत्- आत्मोपलम्भस्य मोहग्रन्थिविनाश एव फलम्। १९४।

भावार्थ – जो निजध्रुवशुद्धात्मा को विशुद्धात्मा जानता हुआ, जो परम अनन्त ज्ञानादि गुणों का आधार होने से परम उत्कृष्ट है उसे स्वात्मोपलम्भ जिसका लक्षण है ऐसे स्वसंवेदन ज्ञान के द्वारा जानकर ध्यान करता है, ख्याति-पूजा-लाभ आदि समस्त मन के विकल्पजाल से रहित विशुद्धात्मा होकर अथवा विकल्परूप ज्ञानोपयोगी हो या निर्विकल्परूप दर्शनोपयोगी हो, साकार हो या अनाकार हो, अथवा गृहस्थ हो या तपोधन हो, अथवा साकार यति हो या अनाकार गृहस्थ हो, वह इस प्रकार गुणविशिष्ट होकर शुद्धात्मरुचि की प्रतिबन्धक दर्शनमोहरूप अत्यन्त दृढ़ मोहदुर्ग्रन्थि का विनाश करता है।

इसी बात को श्री जयसेनाचार्य जी **प्रवचनसार** की गाथा १०१ की टीका में लिखते हैं- शुद्धात्मलाभ शुद्धनय के अवलंबन से होता है। मैं पर का नहीं होता हूँ, पर मेरे नहीं होते हैं, समस्त पर द्रव्यों में मन-वचन-काय से और कृत-कारित-अनुमोदना से स्व-स्वामी संबंध को स्वानुभूति जिसका लक्षण है ऐसे निश्चयनय के बल से छोड़ता हूँ। मैं तो एक ज्ञान हूँ, भावकर्म-द्रव्यकर्म-नोकर्म रहित होने से मैं तो एक सकल विमल केवलज्ञान ही हूँ- इसप्रकार इन वाक्यों का अभिप्राय जानकर **जो ऐसा ध्यान करता है- चिंतन करता है- भावना भाता है वह निज शुद्धात्मा में स्थित होकर आत्मा का ध्यान करनेवाला होता है, वह चिदानन्द एक स्वभाव परमात्मा का ध्याता होता है, वही परम आत्मध्यान से परमात्मा पर्याय को प्राप्त करता है।** क्यों ? क्योंकि **उपादान कारण के सदृश ही कार्य होता है-** ऐसा **शास्त्र वचन** होने से।

श्री जयसेनाचार्य जी इसी बात को **प्रवचनसार** की **गाथा १९६** की टीका में फिर लिखते हैं कि- निजशुद्धात्मा में एकाग्रता लक्षण है जिसका ऐसा **ध्यान आत्मा को अत्यन्त विशुद्धिमय कर देता है।** आशय यह है कि मोहकलुष रहित जीव स्वात्मसंवित्ति से उत्पन्न सुखसुधारसस्वाद के द्वारा विषयों से विरक्त होकर जो निजपरमात्मद्रव्य

के स्वभाव में सम्यक् प्रकार से निश्चल अवस्थित हो जाता है वह अपनी आत्मा का ध्याता पुरुष है। वहीं पर उन्होंने ध्यान, ध्यान-सन्तान, ध्यान-चिन्ता और ध्यान-अन्वय-सूचन का लक्षण-स्वरूप वर्णन भी किया है जो वास्तव में स्वत: पढ़ने योग्य है।

टीका की विशेषतायें


स्व. श्री वीरसागरजी मुनिराज ने अंध्यात्म न्यायदीपिका में लगभग ६० चार्टों द्वारा मुमुक्षु जीवों को शुद्धात्मा और उसका अनुभव करने की विधि बहुत सरलता और स्पष्टता से समझाने का प्रयास किया है। उनके द्वारा बनाया गया चार्ट नं. ७ एक अमूल्य शोधरूप स्वाध्याय का सफलीकरण है। इस चार्ट में सम्पूर्ण जिनवाणी प्रतीकरूप में समाई हुई है। यह **चार्ट नं. ७ 'प्रमाणनयैरधिगम:'** सूत्र को आधार मानकर प्रमाण (आ) और नय (ब) के रूप में प्रस्तुत किया गया है। यद्यपि अभी तक नयों का वर्णन करनेवाले जितने भी ग्रन्थ उपलब्ध होते हैं उन सभी में भिन्न-भिन्न पद्धतियों से वर्णन होने से पाठक को उनके कथनों में समन्वय करना बहुत श्रमसाध्य और बोझिल कार्य हो जाता है। किन्तु इस चार्ट की यह विशेषता है कि उसे देखने के साथ ही प्रमाणज्ञान और नयज्ञान का वर्गीकरण पूर्णरूप से सामने आ जाता है।

यह चार्ट चूंकि नयों से संबंधित है अत: कुछ क्लिष्ट तो है, किन्तु यदि किसी विशिष्ट व्यक्ति से समझने का प्रयास करें, तो आधे घन्टे में ही सब कुछ समझ में आने लगता है। इस चार्ट में श्री वीरसागरजी मुनिराज ने प्रमाण ज्ञान के ५ प्रत्यक्ष और २ परोक्ष भेद बताये हैं जो बहुत ही उचित और आगमानुकूल हैं। इसमें केवलज्ञान पूर्ण प्रत्यक्ष (आ २), मन:पर्ययज्ञान (आ ३), अवधिज्ञान (आ ४) एकदेश प्रत्यक्ष; और श्रुतज्ञान और मतिज्ञान (आ ५) भी एकदेश प्रत्यक्ष कहे हैं। इनका आधार द्रव्यसंग्रह की गाथा ५ की श्री ब्रह्मदेव सूरि की टीका तथा पं. रामजीभाई की तत्त्वार्थसूत्र की टीका पृ. ५२ देखना चाहिए। श्लोकवार्तिक भी द्रष्टव्य है। मोक्षमार्गप्रकाशक के अंत में छपी पं. टोडरमलजी द्वारा लिखित रहस्यपूर्ण चिट्ठी भी अवश्य पढ़नी चाहिये। न्यायदीपिका (मूल) के दूसरे अध्याय के पैराग्राफ क्रमांक १३ से २० तक अवश्य ही देखना चाहिये। इसका स्पष्टीकरण आगे किया जा रहा है।

मेरे ज्ञान-दर्शन-आनंद-चरित्रादि गुणोंका निधि कोई लुटनेवाला नहीं है। अथवा बाहरसे आकरके कोई मिलाता नहीं है। अत: समाधिशतक के २५ वे श्लोकमें कहा है– 'बोधात्मानं तत: कश्चित्र मे शत्रुर्न च प्रिय:॥' ज्ञानस्वरूप आत्माको कोई शत्रु नहीं है और मित्र नहीं है। ज्ञान गुणकी मुख्यतासे अखण्ड आत्मा अभेदवृत्तिसे जाननेपर हम शांतिको प्राप्त हो जाते हैं। अत: ज्ञानानन्द स्वभावको जानो। निजस्वभावका वरण करो।

सम्यक्-अर्चना - पृ. ६१

नयज्ञान का वर्गीकरण तो आश्चर्यमिश्रित आल्हाद उत्पन्न कर देता है। संक्षेप में वह वर्गीकरण देखिये-



कृपया इनकी परिभाषाओं पर भी ध्यान दीजिये:

१. **अभेदवृत्ति नय** = एक गुण के द्वारा अखण्ड द्रव्य का कथन करनेवाला **नयात्मक प्रमाणवाक्य**।

२. **अभेदोपचारनय** = एक पर्याय (शुद्ध, एकदेश शुद्ध, अशुद्ध, पर द्रव्यादि) के द्वारा अखण्ड द्रव्य का कथन करनेवाला **नयात्मक प्रमाणवाक्य**।

३. **भेदोपचारनय** = एक गुण के द्वारा ध्रुव के अंश याने गुण या ध्रुव अंश का कथन करनेवाला **नयवाक्य**।

४. **भेदवृत्तिनय** = एक पर्याय के द्वारा पर्याय का ही कथन करनेवाला **नयवाक्य**।

५. **प्रमाणवाक्य** = सम्पूर्ण द्रव्य के संबंध में एक धर्म के द्वारा कथन करनेवाला नयवाक्य।

६. **नयवाक्य** = द्रव्य के अंश के संबंध में एक धर्म के द्वारा कथन करनेवाला नयवाक्य।

जो व्यक्ति पूर्वाग्रहरहित निष्पक्ष दृष्टि से इस चार्ट नं ७ को समझने का प्रयास करेगा उसे सम्पूर्ण वर्गीकरण आगम के अनुकूल और निज-हित-ज्ञापक दिखाई देगा। चार्ट के सब से नीचे नैगम आदि ७ नयों का प्रयोग भी दिखाया गया है जो बहुत ही मार्मिक है।

इस चार्ट नं. ७ में जो मति-श्रुतज्ञान (आ५) को ज्ञानात्मक (स्वार्थ), एकदेश प्रत्यक्ष तथा अतींद्रिय कहा गया है, वह ऊपर कहे द्रव्यसंग्रह की गाथा ५ की टीका एवं अन्य ग्रन्थों-समयसार, प्रवचनसार, श्लोकवार्तिक आदि के आधार से ही कहा गया है। जिस मतिज्ञान-श्रुतज्ञान में निजध्रुवस्वभावरूप आत्मद्रव्य का एकदेश अतींद्रिय प्रत्यक्ष- शुद्धात्मानुभव- शुद्धोपयोग- आत्मानुभूति-सम्यग्दर्शन-स्वसंवित्ति-स्वसंवेदन-निजानंद- अतीन्द्रियानंद होता है वह ज्ञान प्रमाण है, नय नहीं है। उस प्रमाण ज्ञानरूप मति-श्रुत ज्ञान का विषय-निश्चयनय

द्वारा निश्चित विषय-निजध्रुव शुद्ध चिदानंद आत्मा है, एकत्वविभक्त निजपरमात्मा है। इसी को जानने-अनुभवने का नाम प्रत्यक्ष प्रामाण्यसहित प्रतीति करना है। यही **निज ज्ञानानंदस्वभाव** को विषय करके अपने **प्रमाणात्मक मति-श्रुतज्ञान साधन से प्रत्यक्ष प्रामाण्यसहित जानकर अतींद्रिय आनंद की प्राप्ति करना है- यही परम आनंद की दिव्यकला है।**

ध्यान की आवश्यकता

यदि कोई ऐसा मानता है कि 'स्वानुभूति का मार्ग बतानेवाला एकमात्र ग्रन्थाधिराज परमागम श्री समयसार का स्वाध्याय ही है; अन्य किसी ग्रन्थ के स्वाध्याय से स्वानुभूति होती ही नहीं है' तो वह सत्य नहीं है। सत्य तो यह है कि जिनवाणी के चारों अनुयोगों के किसी भी ग्रन्थ का उचित गुरु के निर्देशन में नयों का सम्यक्रीत्या ज्ञान कर स्वाध्याय करनेसे ही स्वानुभूति प्राप्त की जा सकती है। **स्वानुभूति प्राप्त करना इस जीवन का सबसे सरल और सर्वोत्कृष्ट कार्य है,** पर्याय में मोक्षमार्ग का मंगल पदार्पण है। हमारा यह कथन ग्रन्थाधिराज समयसारजी की महिमा किंचित् भी न्यून करने का नहीं है; हमारा अभिप्राय तो सम्पूर्ण जिनवाणी को एकसमान आदरणीय मानकर उसके प्रति अत्यधिक बहुमान बनाये रखने का है। श्रीसमयसारजी परमागम की तो गाथा-गाथा, दोनों टीकाओं के सभी वाक्य स्वानुभूति की उत्पत्ति क्षमता से ओतप्रोत हैं- लबालब भरे हुए हैं।

आचार्य कुन्दकुन्ददेव ने समयसार की प्रथम और अंतिम गाथा तो ध्यान के लिये समर्पित की ही है, साथ ही गाथा क्रमांक २, ६, ११, १४, १८, ३८, ४९, ७३, ७७, १४२, १४३, १४४, १५१, १८३, १८६, १८७, १८८, १८९, २०३, २०४, २०५, २०६, २९३, २९४, २९५, २९६, २९७, ३२०, ३२४, ४०३, ४०७, और ४१२, कुल ३४ गाथाओं में भिन्न-भिन्न प्रकार से ध्यान करने का ही आदेश दिया है।

इसी प्रकार नियमसार का परमसमाधि अधिकार और उसकी गाथा १२२ से १३३ तक ११ गाथायें ध्यान के लिये ही समर्पित की गई हैं, जहां पर सामायिक, धर्म्यध्यान और समाधि को समानार्थी भी कहा है। गाथा ९६ तो बहुत ही स्पष्ट रूप से ध्यान को समर्पित है।

प्रवचनसार की गाथा क्रमांक ८२, १९१, १९४, १९६ भी द्रष्टव्य हैं। भावपाहुड की गाथा ६० एवं मोक्षपाहुड की गाथा २६ तो आचार्य कुन्दकुन्ददेव ने ध्यान के लिये ही पूर्णत: समर्पित की हैं।

द्रव्यसंग्रह में श्री ब्रह्मदेवसूरि ने एवं आचार्य माघनंदी ने ध्यानसूत्र द्वारा ध्यान की बहुत ही स्पष्ट रूप से सूत्र रचना करके ध्यान करने की पावन प्रेरणा दी है। ज्ञानार्णव, योगसार, समाधितंत्र, इष्टोपदेश आदि अनेक ग्रंथ ध्यान की प्रक्रिया और प्रेरणा से भरे हुए हैं। यदि **दृष्टि** प्राप्त हो जाये तो सम्पूर्ण न्यायशास्त्रों और करणानुयोग में से भी आप ध्यानसूत्र निकालकर देख सकते हैं।

यदि कोई ऐसा कहता है कि-

(१) वर्तमानकाल में गृहस्थों को ध्यान नहीं हो सकता है;

(२) जैन धर्म में ध्यान करने को नहीं, सामायिक करने को कहा गया है;

(३) ध्यान अलग से कुछ नहीं किया जाता है, वह तो जानते रहने का नाम ही ध्यान है;

(४) ध्यान तो सातवें गुणस्थान से ऊपर की अवस्था में होता है, निचली दशा में तो सामायिक होती है अथवा विकल्पात्मक निर्णयमात्र होता है;

(५) ध्यान तो चारित्र की दशा का नाम है; पहले तो चौथे गुणस्थान में सम्यग्दर्शन होता है, फिर सम्यग्ज्ञान होता है, अंत में सम्यक्चारित्र होता है- ध्यान होता है;

(६) हमें तो सिर्फ सम्यग्दर्शन अर्थात् आत्मा की निश्चयनय से प्रतीति करना चाहिये, ज्ञान और चारित्र या ध्यान तो अपने आप ही हो जाते हैं;

(७) पहले सम्यग्दर्शन होता है, फिर सम्यग्ज्ञान होता है, फिर सम्यक्चारित्र होता है, अतः ध्यान याने चारित्र तो बहुत बाद में होता है, उसे प्रथम करने को कहना तो विरुद्ध-क्रमविपरीत उपदेश देना है;

(८) सम्यग्दर्शन को कारण और सम्यग्ज्ञान को कार्य कहा गया है, सम्यक् चारित्र तो उनका फल है, अतः चारित्र अर्थात् ध्यान को प्रथम करने को नहीं कहना चाहिये;

(९) इसी प्रकार के अन्य और भी कई प्रश्न हो सकते हैं।

उक्त सभी प्रश्नों के समाधान में हम यह कहते हैं कि प्रथम तो सम्यग्दर्शन-ज्ञान-चारित्र तीनों आज भी गृहस्थ को एकदेशरूप से एकसाथ ध्यान के काल में ही प्रगट हो सकते हैं। इसके विस्तृत उत्तर के लिये श्री स्व. वीरसागरजी मुनिराज की लिखी हुई पुस्तक- '**निजध्रुवशुद्धात्मानुभव**' को पढ़ें और उसमें दिये गये आगम के उद्धरणों के भावार्थरूप आलोक में अपनी मति को व्यवस्थित कर पुनर्विचार करें और ध्यान के अभ्यास को प्रारंभ कर रत्नत्रय प्राप्त करने का पुरुषार्थ करें।

बहुत से लोग ऐसे हो सकते हैं कि जो अनेक वर्षों से किसी ज्ञानी गुरु के सान्निध्य में रहते हुए भी तथा अनेक ग्रन्थों का स्वाध्याय करते हुए भी स्वानुभूति से दूर ही हों। उन्हें स्वयं अंतरंग में विचार करना चाहिये कि-

(१) तीव्र रुचि, जिज्ञासा, सदाचार, सत्समागम और स्वाध्याय करते हुए भी शुद्धात्मानुभूति क्यों नहीं प्राप्त हो रही है?

(२) काललब्धि, भवितव्य, निमित्त, पुरुषार्थ और स्वभाव रूप पांच समवायों में से किस की कमी रह गई है?

(३) क्षयोपशम, विशुद्धि, देशना, प्रायोग्य और करण-इन पाँच लब्धियों में से किस-किसकी कमी रह गई है?

(४) देव-शास्त्र-गुरु, आप्त-आगम-पदार्थ के श्रद्धान में से किस के श्रद्धान की कमी रह गई है?

उपरोक्त सभी बातों पर जब हम शान्ति से धैर्यपूर्वक विचार करते हैं तो यह निर्णय होता है कि **पुरुषार्थ तो ज्ञानरूप ही होता है,** श्रद्धान या चारित्ररूप नहीं; और वह ज्ञानरूप पुरुषार्थ प्रत्यक्ष-प्रमाण ज्ञानसाधन से उन्होंने नहीं किया है।

इस अध्यात्म न्यायदीपिका में स्व. श्री वीरसागरजी मुनिराज ने **विषय** अर्थात् शुद्ध निश्चयनय के द्वारा निर्णीत एक निजध्रुव तत्त्व; **साधन** अर्थात् निज मतिज्ञान-श्रुतज्ञानरूप प्रत्यक्ष प्रमाणात्मक ज्ञानपर्याय; और **फल** अर्थात् अतींद्रिय आनंद का साक्षात् प्रामाण्यसहित अनुभवन-वेदन का बहुत विस्तार से अनेक उदाहरणों और चार्टों के माध्यम से वर्णन किया है और **शुद्धात्मानुभव करना सरल रीति से सिखाया है।**

जब आत्मज्ञान होगा तब ही सच्चे अर्थसे पूजा, अर्थ से पूजा, यात्रा, जप, तप, सामायिक इत्यादि कर सकते हैं, अन्यथा सब व्यर्थ है।


– सम्यक् अर्चना, पृ. २४

न्यायदीपिका-विषय वर्णन

न्यायदीपिका ग्रन्थ में प्रमाण-सामान्यप्रकाश, प्रत्यक्षप्रकाश और परोक्षप्रकाश नाम के तीन अध्याय हैं। **प्रमाण-सामान्यप्रकाश** नामवाले प्रथम अध्याय में २८ परिच्छेद (पैराग्राफ) हैं। आचार्यदेव प्रथम ही मंगलाचरण के बाद **प्रमाणनयैरधिगमः** सूत्र से प्रमाण नय के विवेचनरूप से ग्रन्थ का प्रारंभ करते हैं। उद्देश, लक्षणनिर्देश और परीक्षा की परिभाषा करते हुए आचार्यदेव अन्यमत कथित लक्षण की परिभाषा '**असाधारण धर्मवचन**' सदोष सिद्ध करते हैं और प्रमाण का लक्षण कहते हैं। तत्पश्चात् अन्य मतों- बौद्ध, भाट्ट, प्राभाकर, नैयायिक, मीमांसक आदि द्वारा कहें गये प्रमाण के लक्षण का सयुक्तिक निराकरण करके '**सम्यग्ज्ञान ही प्रमाण है**' यह सिद्ध करते हैं।

बौद्धों ने प्रमाण का लक्षण-अविसंवादी ज्ञान को माना है; भाट्ट-मीमांसकों ने अनधिगत तथाभूतार्थ निश्चायक ज्ञान को प्रमाण माना है; प्राभाकर-मीमांसकों ने अनुभूति को प्रमाण माना है, (यहां यह ध्यान देने योग्य है कि जैनदर्शन में प्रयुक्त अनुभूति शब्द का अभिप्राय इससे भिन्न है) तथा नैयायिकों ने प्रमा के प्रति जो करण है उसे प्रमाण माना है। अन्य दूसरों के मतों में इन्द्रिय-व्यापार, कारक-साकल्य, सन्निकर्ष, ज्ञातृव्यापार आदि भी प्रमाण माने गये हैं। इसी प्रकार निर्विकल्प प्रत्यक्षवाद, शब्दाद्वैतवाद, शून्यवाद, अचेतनवाद, साकारज्ञानवाद, भूतचैतन्यवाद, ज्ञानपरोक्षवाद, आत्मपरोक्षवाद, ज्ञानांतरवेद्यवाद, स्वतः-प्रामाण्यवाद, यौगाचार, चित्राद्वैत, माध्यमिक, सर्वथापरोक्ष; प्रत्यक्ष, अपूर्व-अर्थग्राही, स्मृतिप्रमोष, ब्रह्मवाद आदि अनेक प्रमाण माने गये हैं, जिनका विशेष निराकरण परीक्षामुखसूत्र तथा उसकी टीका प्रमेयकमलमार्तण्ड में मिलता है। कहने का अभिप्राय यह है कि यदि जैन भी '**सम्यग्ज्ञानं प्रमाणम्**' से भिन्न प्रमाण मानते हैं तो उन्हें जैनाचार्य अन्य मत की श्रेणी में ही रख देंगे। इस ग्रन्थ में आये प्रमाण ज्ञान, प्रमाण की उत्पत्ति और प्रमाण की ज्ञप्ति की परिभाषायें हैं वे परीक्षामुखसूत्र तथा उसकी टीकायें प्रमेयरत्नमाला और प्रमेयकमलमार्तण्ड से पूर्णतः प्रमाणित सिद्ध होती हैं।

प्रत्यक्षप्रकाश नामवाले दूसरे अध्याय में भी २८ परिच्छेद (पैराग्राफ) हैं। आचार्य धर्मभूषणयति **प्रत्यक्ष** की '**विशद प्रतिभास**' परिभाषा करते हुए प्रमाण के भेद भी बतलाते हैं जो निम्नप्रकार हैं–



इस अध्याय के परिच्छेद क्रमांक १३, १५, १७, १८, १९ और २० ध्यान से अध्ययन करने योग्य हैं। यहाँ विशेष बात यह है कि **जो ज्ञान बिना इंद्रियों की सहायता के जानता है, स्पष्ट जानता है, निर्मल**

जानता है, विशद जानता है उसे प्रत्यक्ष कहा गया है। जो ज्ञान तीनों लोकों के समस्त पदार्थों को, उनकी त्रिकालवर्ती समस्त पर्यायों को एकसाथ प्रत्यक्ष जानता है वह केवलज्ञान है। वह पूर्ण विशद है।

स्पर्शन, रसना, घ्राण और कर्ण इंद्रिय से होनेवाले व्यंजनावग्रह ज्ञान को अव्यक्त कहा है। स्पर्शन, रसना, घ्राण, नेत्र, कर्ण तथा मन के द्वारा होनेवाले अर्थावग्रह, ईहा, अवाय और धारणा ज्ञान को इंद्रिय प्रत्यक्ष व मानस प्रत्यक्ष कहा है। लोकव्यवहार में इन्हें सांव्यवहारिक प्रत्यक्ष कहते हैं। इनको अमुख्य प्रत्यक्ष, उपचार प्रत्यक्ष, और रूढ़ि से प्रत्यक्ष भी कहा गया है। **'आद्ये परोक्षम्'** सूत्र के अनुसार मति-श्रुत ज्ञानों को परोक्ष कहा है।

अवधिज्ञान का विषय मूर्तिक द्रव्य है, मन:पर्यय ज्ञान का विषय परमनोगतार्थ विषय है। देव अवधिज्ञान के द्वारा नीचे सातवें नरक तक देखते हैं तथा ऊपर अपने-अपने विमान की ध्वजा-दण्ड तक ही देखते हैं।

अवधिज्ञान के भेद

- देशावधि
  - जघन्य
  - अजघन्य उत्कृष्ट
  - उत्कृष्ट
- परमावधि
  - जघन्य
  - अजघन्य उत्कृष्ट
  - उत्कृष्ट
- सर्वावधि

अवधिज्ञान के दूसरी अपेक्षा से भेद

देशावधि	परमावधि	सर्वावधि
१. वर्धमान	१. वर्धमान	१. अवस्थित
२. हीयमान	२. अवस्थित	२. अनुगामी
३. अवस्थित	३. अनवस्थित	३. अननुगामी
४. अनवस्थित	४. अनुगामी	४. अप्रतिपाती
५. अनुगामी	५. अननुगामी	
६. अननुगामी	६. अप्रतिपाती	
७. प्रतिपाति		
८. अप्रतिपाती		

मन:पर्ययज्ञान

- ऋजुमति
- विपुलमति

केवलज्ञान में सम्पूर्णरूप से वैशद्य है क्योंकि आत्ममात्र सापेक्षपना है, तथा इन्द्रियादि परपदार्थ की अपेक्षा नहीं है। यह ज्ञान सकल-पारमार्थिक-प्रत्यक्ष है।

अवधिज्ञान और मन:पर्ययज्ञान में भी आत्ममात्र सापेक्षपना है जिससे वे पुद्गल-रूपी द्रव्य को और मनोजनित विकल्परूप अल्पपर्यायों सहित स्पष्ट जानते हैं, अत: उन्हें भी विकल पारमार्थिक प्रत्यक्ष कहते हैं।

कहने का तात्पर्य यह है कि यहाँ पर अविशद ज्ञान को ही परोक्ष कहा गया है जैसा कि आगे तीसरे-परोक्ष प्रकाश नामवाले अध्याय के प्रथम परिच्छेद में भी कहा गया है। इसी की पुष्टि परीक्षामुखसूत्र के दूसरे अध्याय के तीसरे सूत्र '**विशदं प्रत्यक्षम्**' से तथा तीसरे अध्याय के पहले सूत्र '**परोक्षमितरत्**' से भी होती है।

अब हम यहाँ पर श्री स्व. वीरसागरजी मुनिराज के विशिष्ट चिन्तन से विद्वज्जगत को परिचित कराना आवश्यक समझते हैं। इस चिंतन के विश्लेषण से यह बात भी स्पष्ट हो जायेगी कि उन्होंने पहले कहे गये चार्ट नं. ७ में प्रमाण ज्ञान (आ) के ७ भेदों में मतिज्ञान-श्रुतज्ञान को (आ.५) के रूप में अलग से रखा है और उसे स्वार्थ, एकदेश, अतींद्रिय प्रत्यक्ष भी कहा है। वहीं पर यह भी लिखा है कि इन (आ.५) **मतिज्ञान-श्रुतज्ञान को इंद्रिय या मन अथवा प्रतीत्यन्तर की अपेक्षा नहीं है। कृपया चार्ट देखें।**

तत्त्वार्थसूत्र में प्रथम अध्याय के ११ वें सूत्र में 'आद्ये परोक्षम्' यह वचन है। इसका अर्थ है कि प्रथम दो अर्थात् मतिज्ञान और श्रुतज्ञान परोक्षज्ञान हैं। हम यह तो पहले कह ही चुके हैं कि स्पष्टज्ञान को प्रत्यक्ष ज्ञान कहते हैं, न कि इंद्रियों के और मन के द्वारा होनेवाले ज्ञान को।

जब हम आत्मा को जानने में अर्थात् आत्मानुभूति करने में अपने मतिज्ञान या श्रुतज्ञान को उपयुक्त करते हैं, उस समय इंद्रियों और मन से कोई सहयोग नहीं लेते हैं, अर्थात् प्रत्यक्ष ही अपने ज्ञान से आत्मा को जान लेते हैं। यह ज्ञान बिना इंद्रियों और मन की सहायता के ही आत्मा को जान लेता है, इसलिये इसे अतींद्रिय और प्रत्यक्ष कहते हैं। हमारे द्वारा अपने इस मतिज्ञान या श्रुतज्ञान **साधन** से अपना त्रिकाली ध्रुवतत्त्व जो उस ज्ञानपर्याय का **विषय** बनता है वह प्रत्यक्ष जान लिया जाता है और तावत्काल में ही **अतींद्रिय आनन्द** का वेदन भी साक्षात् हो जाता है। हम उस आनंद के रस के **स्वाद का ज्ञान** भी उसी समय में ही कर लेते हैं। इसप्रकार **फल** की प्राप्ति भी हो जाती है; और हमारा यह आत्मा को अपने मति-श्रुतज्ञानरूप प्रमाण ज्ञान से जानना सत्य ही है; इस प्रकार विषय, साधन, फल (प्रमेय, प्रमाण, प्रमिति) और **प्रमाण का प्रामाण्य-** सभी एक साथ ज्ञात हो जांते हैं। आत्मानुभव करने की यह संक्षेप में विधि का वर्णन किया है। आगे विस्तार से कहेंगे। चार्ट देखें।

आत्मानुभूति का साधन-प्रमाण ज्ञान पर्याय

चार्ट

ज्ञेय	ज्ञान (प्रमाणात्मक-ज्ञानसाधन)	फल
निज ध्रुव ज्ञानानंद स्वभाव	निज ध्रुव ज्ञानानंद स्वभाव (जाना गया)	अतींद्रिय आनंद उपेक्षा (समभाव) — सम्यग्दर्शन वीतरागता

यह कथन आगम, युक्ति, अनुमान आदि से भी सत्य है, इसे हम आगे लिख रहे हैं। स्व. श्री वीरसागरजी मुनिराज ने इसी प्रकार आत्मानुभूति गृहस्थदशा में प्राप्त की थी और फिर सीधे मुनिपद धारण करके स्वयं दीक्षित हुए थे। इस विधि को सत्य जानने और सत्य मानने के कारण ही उन्होंने चार्ट नं. ७ में मतिज्ञान और श्रुतज्ञान साधन को (आ.५) के रूप में प्रत्यक्ष और अतींद्रिय लिखा है और प्रमाण ज्ञान कहा है।इसका समर्थन आचार्य अकलंक देव एवं आचार्य प्रभाचन्द्र ने भी किया है। देखो न्यायकुमुदचंद्र व प्रमेयकमलमार्तण्ड।

आगम प्रमाण के रूप में - पं. रामजी भाई द्वारा की गई तत्त्वार्थसूत्र टीका–पृष्ठ ४८, ४९, ५०, ५२, ५६, ७१ देखिये।

१. सम्यक्-मतिज्ञान यह यथार्थतया निश्चय कर सकता है कि अपने को तथा पर को **सम्यग्दर्शन है।** पृ. ४८

२. जब सम्यग्दृष्टि जीव अपने उपयोग में युक्त होता है तब वे **मतिज्ञान** और **श्रुतज्ञान प्रत्यक्ष होते हैं।** पृ. ४९

३. श्रुतज्ञान के तीन प्रकार हो जाते हैं: (१) सम्पूर्ण परोक्ष, (२) आंशिक परोक्ष, (३) परोक्ष बिलकुल नहीं किन्तु **प्रत्यक्ष** पृ. ४९.

४. निश्चयभावश्रुतज्ञान शुद्धात्मा के सन्मुख होने से सुख संवित्ति (ज्ञान) स्वरूप है। वह ज्ञान... **निर्विकल्प है।** उसे **'आत्मज्ञान'** शब्द से पहचाना जाता है।... **उसे प्रत्यक्ष कहा जाता है।** पृ. ४९.

५. इस सूत्र में **(आद्ये परोक्षम्)** जो श्रुत को परोक्ष कहा है सो वह सामान्य कथन है, और ऊपर जो **भावश्रुतज्ञान को प्रत्यक्ष कहा है सो विशेष कथन है। पृ. ४९.**

६. यदि इस सूत्र में उत्सर्ग कथन न होता तो मतिज्ञान को परोक्ष नहीं कहा जाता। यदि मतिज्ञान परोक्ष ही होता तो तर्कशास्त्र में उसे **सांव्यवहारिक प्रत्यक्ष** क्यों कहते हैं? पृ. ४९-५०.

७. इसलिये जैसे विशेष कथन में उस **मतिज्ञान को प्रत्यक्षज्ञान** कहा जाता है उसी प्रकार निजात्मसन्मुख **भावश्रुतज्ञान को विशेष कथन में** (यद्यपि वह केवलज्ञान की अपेक्षा से परोक्ष है तथापि) **प्रत्यक्ष कहा जाता है। पृ. ५०.**

८. **मतिज्ञान के होने में इंद्रिय मन निमित्त होता है, ऐसा जो इस (१४ वें) सूत्र में कहा है, सो यह परद्रव्यों के होनेवाले ज्ञान की अपेक्षा से कहा है- ऐसा समझना चाहिये। भीतर स्वलक्ष में मन-इंद्रिय निमित्त नहीं हैं।** पृ. ५२.

९. इंद्रियों का धर्म तो यह है कि वे स्पर्श, रस, गंध, वर्ण को जानने में निमित्त हों, आत्मा में वह नहीं है, इसलिये स्वलक्ष में इंद्रियां निमित्त नहीं हैं। मन का धर्म यह है कि वह अनेक विकल्पों में निमित्त हो। वह विकल्प भी यहां (स्वलक्ष) में नहीं है। जो ज्ञान इंद्रियों तथा मन के द्वारा प्रवृत्त होता था वही ज्ञान निजानुभवन में वर्त रहा है, इस प्रकार इस मतिज्ञान में मन-इंद्रियां निमित्त नहीं हैं। **यह ज्ञान अतीन्द्रिय है।** पृ. ५२ **(रहस्यपूर्ण चिट्ठी** पृ. ४ से ७)

१०. प्रमाण के दो प्रकार हैं- (१) स्वार्थ प्रमाण (२) परार्थ प्रमाण। स्वार्थप्रमाण ज्ञानस्वरूप है और परार्थप्रमाण वचनरूप है। श्रुत के अतिरिक्त चार ज्ञान स्वार्थप्रमाण हैं। **श्रुतप्रमाण स्वार्थ-परार्थ दोनों रूप है।** पृ.७१.

११. दानेन भोगं दयया सुरूपं ध्यानेन मोक्षं तपसेष्टसिद्धिम्।
सत्येन वाक्यं प्रशमेन पूजां, वृत्तेन जन्माग्रमुपैति मर्त्यः॥

– आचार्य पूज्यपाद, जैनेन्द्र व्याकरण

१२. धीबलायत्तवृत्तित्वाद् ध्यानं तज्ज्ञैर्निरुच्यते।
यथार्थमभिसन्धानादपध्यानमतोऽन्यथा॥११॥

महापुराण पर्व २१, श्लोक ११.

१३. मोक्षपाहुड में आचार्य कुन्दकुन्द कहते हैं-

भरहे दुस्समकाले धम्मज्झाणं हवेइ णाणिस्स।
तं अप्पसहावठिए ण हु मण्णइ सो दु अण्णाणी॥गा. ७६॥

अर्थ – भरतक्षेत्र में जो दुःखमा-अर्थात् पंचमकाल है उसमें ज्ञानी जीवों के धर्म्यध्यान होता है। उसको जो कोई आत्मा के स्वभाव में स्थित नहीं मानता है वह अज्ञानी है।

१४. ऐसे कहे हुए प्रकारसे अल्पमति-श्रुतज्ञान से भी **ध्यान** होता है। द्र. सं. गाथा ५७ और गा. ५ की टीका देखें।

१५. **समयसार-** गाथा १९९- **तात्पर्यवृत्ति** में **श्रीजयसेनाचार्यजी** लिखते हैं-

कोई ज्ञानी साधु इस समय पंचमकाल में यह प्रवर्तमान आत्मस्वरूप प्रत्यक्ष ही परोक्षज्ञान में याने क्षयोपशम ज्ञानमें दिख गया- ऐसा कहेगा। आत्मा स्वसंवेदन की अपेक्षा से प्रत्यक्ष है।

१६. **यः सिद्धात्माः परः सोऽहं योऽहं स परमेश्वरः।**
मदन्यो न मयोपास्यो मदन्येन न चाप्यहम्॥४५॥ ज्ञानार्णव, प्रकरण ३२॥

कहने का तात्पर्य यह है कि इस न्यायदीपिका के दूसरे अध्याय में जो प्रत्यक्ष प्रमाण का वर्णन किया है उसमें हमारा जो मति-श्रुतज्ञान निजध्रुव-शुद्ध-ज्ञानदर्शन-आनंदरूप त्रिकाली तत्त्व को विषय बनाकर उसे **ध्यान का ध्येय** बनाता है वह **हमारा मतिश्रुतज्ञान उस काल में प्रत्यक्ष प्रमाण (आ.५) ही है। वह नय-ज्ञानपर्याय** नहीं है और न परोक्ष प्रमाण है।

इस दूसरे अध्याय में आगे सर्वज्ञ की सिद्धि अनुमान द्वारा की गई है। सूक्ष्म, अंतरित, और दूरवर्ती पदार्थ किसी के प्रत्यक्ष हैं क्योंकि वे अनुमेय हैं, जैसे अग्नि आदि। इसी प्रकार दोष और आवरण की हानि के द्वारा सर्वज्ञ को निर्दोष सिद्ध किया है और इसीलिए उनके वचन युक्तिशास्त्र से अविरोधी बतलाये हैं।

तीसरे **परोक्षप्रकाश** नामवाले अध्याय में **परोक्षप्रमाण** का '**अविशद प्रतिभास**' लक्षण बतलाते हुए उस परोक्ष प्रमाण के भेद बताये हैं। परोक्ष के अन्य लक्षणों का निराकरण करते हुए **स्मृति, प्रत्यभिज्ञान, तर्क, अनुमान, और आगम** ये भेद गिनाये हैं, तथा इनकी यथोचित परिभाषायें दी हैं जो परीक्षामुख सूत्र से पूरी तरह मिलती हैं। इस अध्याय में ८९ परिच्छेद (पैराग्राफ) हैं। पुराने संस्करण में १६ तथा १७ नंबर का परिच्छेद दो बार लिखा जाने से अंत में परिच्छेद संख्या ८७ ही रह गई थी जो इस संस्करण में सुधार दी गई है। इस भूल का कारण यह था कि जिस अन्य प्रति के आधार से पिछला संस्करण (संस्कृत मात्र) तैयार किया गया था उसी में वह भूल थी जो आगे चली आई।

यहाँ पर हम पुनः अपने विषय पर आने के पहले यह कह देना चाहते हैं कि नयों का वर्णन इस न्यायदीपिका के इस तीसरे अध्याय परोक्ष प्रकाश में सबसे अन्त में परिच्छेद क्रमांक ८४ में आया है जो परिच्छेद ८८ तक गया है। **इससे यह सिद्ध होता है कि नय प्रमाण से भिन्न तो हैं ही किन्तु वे परोक्षज्ञान भी हैं। जब**

आत्मा प्रत्यक्ष है और प्रमाण ज्ञान जो आत्मा को जानते हैं वे भी प्रत्यक्ष होते हैं तो **आत्मा प्रत्यक्ष प्रमाण ज्ञानों का ही विषय बनता है,** परोक्ष नय ज्ञानों का विषय नहीं बन सकता है। **नियमसार में कलश २०८ में श्री पद्मप्रभमलधारिदेव मुनिराज** लिखते हैं –

विकल्पोपन्यासैरलमलममीभिर्भवकरैः।
अखण्डानन्दात्मा निखिलनयराशेरविषयः॥
अयं द्वैताद्वैतो न भवति ततः कश्चिदचिरात्।
तमेकं वन्देऽहं भवभयविनाशाय सततम्॥२०८॥

अर्थ – जो अखण्ड आनंद स्वरूप है वह यह आत्मा समस्त नयराशि का **अविषय** है, अतः भव के करनेवाले इन विकल्प कथनों से बस होओ, बस होओ...।

ऐसा कहकर भी हम जिनवाणी को समझने में नयज्ञान अति आवश्यक ही मानते हैं, नयों की महिमा किंचित् भी कम नहीं करना चाहते हैं। हमारे अनुभव के लिये त्रिकाली ध्रुव का निर्णय तो हमें निश्चयनय ही करके देकर स्वयं शान्त हो जाता है।

एक चर्चा का विषय यह भी है कि नयचक्र ग्रन्थों में तो यह कहा गया है कि नयों की उत्पत्ति प्रमाण से होती है, और वे नय न प्रमाण से भिन्न ही हैं, न अभिन्न ही हैं, किन्तु वे एकदेश हैं- प्रमाण के अंश हैं। इसप्रकार की चर्चा का कारण यह है कि जानने के साधनरूप ज्ञानपर्याय को भी प्रमाण और नय कहते हैं, तथा उनके द्वारा जाने गये विषय को भी प्रमाण और नय कहा जाता है, जो एक अपेक्षा से उपचार कथन ही हुआ। **तत्त्वार्थसूत्र के सूत्र 'प्रमाणनयैरधिगमः' में जिस प्रमाण और नय की चर्चा है वह जानने के साधनरूप ज्ञानपर्याय की चर्चा है, विषय की नहीं।** यहाँ न्यायदीपिका तथा परीक्षामुख, प्रमेयरत्नमाला, प्रमेयकमलमार्तण्ड, श्लोकवार्तिक, अष्टसहस्री आदि न्याय के ग्रन्थों में जिस प्रमाण की चर्चा की गई है वह सम्यग्ज्ञानरूप ज्ञानपर्याय की चर्चा है। श्लोकवार्तिक भाग २/३२१ में तो यह कहा गया है कि नय प्रमाण से या अन्य किसी से उत्पन्न नहीं होते हैं, वे तो स्वयं ही उत्पन्न होते हैं तथा उनकी योनि भिन्न है।

न्यायग्रन्थों का प्रयोजन

एक अन्य भी मिथ्या धारणा लोगों में प्रचलित है कि न्यायग्रन्थों में तो अन्यमत-मतान्तरों का केवल खण्डन और स्व-मत मण्डन किया गया है, अतः हमें उनका स्वाध्याय करने की विशेष आवश्यकता नहीं है; हमें तो केवल व्रतादि धारण करके अथवा केवल अध्यात्मग्रन्थों का मुख्यरूप से श्री समयसार का ही स्वाध्याय करने में अपना जीवन व्यतीत करना चाहिये। फलस्वरूप देखने में भी आता है कि अधिकांश केवल व्रतादि धारण करनेवालों का वृद्धावस्था का जीवन बोझा के समान होकर नीरस और अर्थहीन हो जाता है। इसी प्रकार केवल अध्यात्मग्रन्थों का अभ्यास करनेवालों में से अधिकांश लोग केवल दैनिक नियमित चर्चा मात्र से सन्तुष्ट हो जाते हैं, उनके भौतिक जीवन में कहीं अतीन्द्रिय आनंद के सुगंध की महक नहीं दिखाई देती है। इस प्रकार उक्त दोनों प्रकार के लोग अपनी-अपनी रुचि की क्रियायें मात्र अपनाकर अतीन्द्रिय आनंद के झरने के किनारे पर आकर भी खाली हाथ ही-प्यासे ही वापिस लौट जाते हैं। इस न्याय-ज्ञान से रहित लोगों के जीवन में केवल क्रियाओं की मुख्यतारूप व्यवहाराभास ही पनपता दिखाई देता है।

न्यायग्रन्थों में वास्तव में अन्यमत खण्डन की ही चर्चा की गई है; किन्तु वे **अन्यमत की मान्यतायें जैसा कि पीछे कह आये हैं, जैन मिथ्यादृष्टियों** में भी भरी हुई हैं। ऐसे जैन भी चार्वाक, बौद्ध, वेदान्ती, सांख्य, नैयायिक, वैशेषिक, मीमांसक आदि मतों की मान्यतावाले ही हैं भले ही वे सच्चे देव को पूजते हों,

सच्चे गुरु को पूजते हों और सच्चे शास्त्रों को भी पढ़ते हों। ये सभी मत की मान्यतायें तो मिथ्यादृष्टियों में पाई जाती हैं, वे चाहे किसी भी धर्म को माननेवाले कुल या जाति में पैदा हुए हों। यह कथन पं. भागचन्दजी छाजड़ ने **सत्तास्वरूप** में विस्तार से किया है। जब हमारे जैन लोगों में अन्यमत की मान्यतायें पाई जाती हैं तो इस न्यायदीपिका जैसे न्यायग्रन्थ का स्वांध्याय करके हमें सर्वप्रथम अपनी अन्यमतावलम्बियों जैसी मान्यतायें अवश्य ही दूर करनी चाहिये।

मुनिराज स्व. श्री वीरसागरजी ने इस न्यायदीपिका के द्वारा वही शुद्धात्मा के अनुभव का सरल, संक्षिप्त, और मधुरमार्ग दिखाया है जो अध्यात्मग्रन्थों में राजमार्ग के रूप में प्रस्तुत किया गया है। हमारा निवेदन राजमार्ग से किंचित् भी दूर होने का नहीं है। **जैसे श्री सम्मेदशिखरजी तीर्थराज की पहाड़ की यात्रा से थककर लौटनेवाले साहसी यात्री शीघ्र ही तलहटी निवासस्थान पर पहुंचने के लिये छोटे-छोटे सीधे रास्ते अपनाकर प्रसन्नता-आनंद अनुभव करते हैं; उसी प्रकार इस न्यायदीपिका में उन्होंने वे सीधे, छोटे, सरल, शीघ्रता से अपने अखण्ड आनंदधाम तक पहुंचकर अतींद्रिय सुख भोगने की अनुपम कला सिखलानेवाले पगडंडीरूप पथ दिखाये हैं, जिनके द्वारा हम अपने निजध्रुव शुद्ध-अखण्ड-ज्ञायक-ज्ञानदर्शन-आनन्द स्वरूप आत्मा का प्रत्यक्षप्रामाण्य- सहित अनुभव रस की रसायन पीकर तृप्त होकर अनंतकाल की विषय-कषायों की थकान से तथा मिथ्यात्व की महामदरूपी उन्मत्तदशा से रहित होकर चिरकाल के लिये सुखी बन सकते हैं। वही श्री समयसार में एवं अन्य ग्रंथों में भी कहा है- देखिये-**

आगम-उद्धरण

इस ज्ञान में ही रत रहो, संतुष्ट नित इसमें रहो।
बस तृप्त भी इसमें रहो, तो परमसुख को प्राप्त हो॥ स.सा. २०६॥
मोक्ष पथ में थाप निजको, चेतकर निजध्यान धर।
निज में ही नित्य विहार कर, परद्रव्य में न विहार कर॥ स.सा.४१२॥
विरहित करम नोकरम से, निज आत्म के एकत्व को।
निज आत्मा को स्वयं ध्यावें, सर्व संग विमुक्त हो॥ स.सा. १८८॥
ज्ञानदर्शनमय निजातम को, सदा जो ध्यावते।
अत्यल्प काल में स्वकाल में, वे सर्व कर्म विमुक्त हों॥ स.सा. १८९॥
मैं एक हूँ मैं शुद्ध निर्मम, ज्ञानदर्शन पूर्ण हूँ।
थित लीन निज में ही रहूँ, सब आस्रवों को क्षय करूँ॥ स. सा. ७३॥
जो भव्यजन संसार सागर पार होना चाहते।
वे कर्म ईंधन दहन निज शुद्धातमा को ध्यावते॥ मोक्षपा. २६॥
चतुर्गति से मुक्त हो यदि चाहते हो सुख सदा।
तो करो निर्मल भाव से निज आत्मा की भावना॥ भावपा. ६०॥
ज्ञानी विचारें इस तरह यह चिन्तवन उनका सदा।
कैवल्य दर्शन ज्ञान सुख शक्ति स्वभावी हूँ सदा। नि.सा. ९६.॥
पर का नहीं, ना मेरे पर, मैं एक ही ज्ञानात्मा।
जो ध्यान में इस भांति ध्यावे, है वही शुद्धात्मा॥ प्रव.सा. १९१॥

यह जान जो शुद्धात्मा ध्यावें सदा परमात्मा।
दुठमोह की दुर्ग्रन्थि का भेदन करें वे आत्मा॥ प्रव. सा. १९४॥

डा. हुकुमचंद भारिल्लकृत –चौबीस तीर्थंकर वंदना से→

श्री आदिनाथ अनादि मिथ्या मोह का मर्दन किया।
आनन्दमय ध्रुवधाम निज भगवान का दर्शन किया॥
निज आतमा को जानकर निज आतमा अपना लिया।
निज आतमा में लीन हो निज आतमा को पा लिया॥१॥

जिन अजित जीता क्रोध रिपु निज आतमा को जानकर।
निज आतमा पहिचानकर निज आतमा का ध्यान धर॥२॥

रतिराग वर्जित आतमा ही लोक में आराध्य है।
निज आतमा का ध्यान ही बस साधना है साध्य है॥७॥

पाया परमपद आपने निज आतमा पहिचानकर।
निज आतमा को जानकर निज आतमा का ध्यान धर॥२०॥
जो रागद्वेष विकारवर्जित, लीन आतम ध्यान में।
जिनके विराट् विशाल निर्मल, अचल केवलज्ञान में।
युगपद् विशद् सकलार्थ झलकें, ध्वनित हों व्याख्यान में।
वे वर्धमान महान जिन, विचरें हमारे ध्यान में॥

बारह भावना से (डा. भारिल्लकृत)→

हैं हेय आस्रवभाव सब श्रद्धेय निज शुद्धातमा।
प्रिय ध्येय निश्चय ज्ञेय केवल श्रेय निज शुद्धातमा॥
इस सत्य को पहिचानना ही भावना का सार है।
ध्रुवधाम की आराधना आराधना का सार है॥७॥

मैं ध्येय हूँ श्रध्देय हूँ मैं ज्ञेय हूँ मैं ज्ञान हूँ।
बस एक ज्ञायकभाव हूँ मैं मैं स्वयं भगवान हूँ।
यह जानना पहिचानना ही ज्ञान है श्रद्धान है।
केवल स्वयं की साधना आराधना ही ध्यान है॥८॥

निज आतमा के भान बिन है निर्जरा किस काम की।
निज आतमा के ध्यान बिन है निर्जरा बस नाम की॥९॥

जब मैं स्वयं ही ज्ञेय हूँ, जब मैं स्वयं ही ज्ञान हूँ।
जब मैं स्वयं ही ध्येय हूँ, जब मैं स्वयं ही ध्यान हूँ॥११॥

शुद्धातमा की साधना आराधना का मर्म है।
निज आतमा की ओर बढ़ती भावना ही धर्म है।
वैराग्य जननी भावना का एक ही आधार है।
ध्रुवधाम की आराधना आराधना का सार है॥१२॥

सागार या अनगार हो, पर आतमा में वास हो।
जिनवर कहें अतिशीघ्र ही, वह परमसुख को प्राप्त हो॥ योगसार गा. ६५॥
यह जान कर शुद्धात्म को, ध्यावे सदा परमात्मा।
सागार या अनगार हो, क्षय करे मोह दुर्ग्रन्थि का॥ प्रव.सार- गा. १९४॥
परमानंदसंयुक्तं, निर्विकारं निरामयम्।
ध्यानहीना न पश्यन्ति, निजदेहे व्यवस्थितम्॥ परमानंदस्तोत्र-१॥
आनन्दं ब्रह्मणो रूपं, निजदेहे व्यवस्थितम्।
ध्यानहीना न पश्यन्ति, जात्यन्था इव भास्करम्॥ प. स्तो. ९॥
सद्ध्यानं क्रियते भव्यैः, मनो येन विलीयते।
तत्क्षणं दृश्यते शुद्धं, चिच्चमत्कारलक्षणम्। प. स्तो. १०॥
निर्विकल्पसमुत्पन्नं, ज्ञानमेव सुधारसम्।
विवेकमंजुलिं कृत्वा, तत् पिबन्ति तपस्विनः॥ प.स्तो. ५॥
इतीदं सर्वमालोच्य, सौस्थ्ये दौःस्थ्ये च शक्तितः।
आत्मानं भावयेन्नित्यं, रागद्वेषविवर्जितम्॥ स्वरूप-संबोधन १६॥
बोधिः समाधिः परिणामशुद्धिः, स्वात्मोपलब्धिः शिवसौख्यसिद्धिः।
चिन्तामणिं चिंतितवस्तुदाने, त्वां वंद्यमानस्य ममास्तु देवि॥ भावना द्वात्रिंशतिका. ११॥

आत्मानुभव की विधि

कृपया इसे धैर्यपूर्वक पढ़ें। अब हम आपको छः द्रव्यों के ज्ञान के माध्यम से अतींद्रिय आनन्द प्रगट करने की कला सीखने की ओर ले चलते हैं :

१. प्रथम तो ६ द्रव्य, ७ तत्त्व, ९ पदार्थ, निश्चय-व्यवहारनय का ज्ञान, स्याद्वाद-अनेकान्त, उपादान-निमित्त का ज्ञान आदि प्राथमिक जिनागम का ज्ञान जैन सिद्धान्त प्रवेशिका के माध्यम से करना आवश्यक है। जिनागम का वस्तुनिष्ठ विज्ञानरूप अध्ययनपद्धति से अध्ययन होना चाहिए।

२. ६ कारक और ४ अभाव के लक्षण–जानना चाहिये।

३. ६ द्रव्यों के सामान्य और विशेष गुण तथा उनकी अर्थपर्याय, व्यंजनपर्याय, विकारी पर्याय, निर्मल पर्याय, आंशिक निर्मल पर्याय, समानजातीय पर्याय, असमानजातीय पर्याय आदि का ज्ञान कीजिए।

४. १४ गुणस्थान, १४ मार्गणा और १४ जीव-समास का भी ज्ञान होना चाहिये।

५. छह द्रव्यों में से जीव द्रव्य मात्र को अलग करके उसका विचार करे।

६. उन सभी जीवों-अनंत जीवों में से अपने निज असंख्यात प्रदेशी अस्तित्वगुण आदि सामान्य गुणवाले तथा ज्ञानादि विशेष गुणवाले जीव द्रव्य को विचार में- ज्ञान में ले लीजिए।

७. अब उस अपने जीव द्रव्य में से अपना एक अनंतगुणों का अभेद अखण्ड पिण्ड ज्ञान में ले लीजिए। यहांपर-द्रव्य और अपनी पर्यायें गौण हो गई हैं।

८. यहां अपने निजध्रुव चिदानन्द आत्मा के बारे में होनेवाले संशय, विपर्यय, अनध्यवसाय, अज्ञान दूर कीजिए।

९. यदि आपने अपने निजध्रुव के संबंध में अपने संशय, विपर्यय, अनध्यवसाय और अज्ञान दूर कर लिये हैं तो अब आपको विषय के बारे में भूल नहीं है, आपका विषय का निर्णय सत्य है।

१०. क्या आपको परोक्ष ज्ञान साधन (स्मृति, प्रत्यभिज्ञान, तर्क, अनुमान, आगम, नय-जल्प आदि) तथा प्रत्यक्ष ज्ञान साधन (मति, श्रुत, अवधि, मनःपर्यय, केवलज्ञान) के लक्षण मालूम हैं? यदि नहीं मालूम हैं तो उन्हें तथा उनके भेद-प्रकार आदि जान लीजिए।

११. यदि आपको परोक्षज्ञान साधन और प्रत्यक्षज्ञान साधन के लक्षण मालूम हैं तो आपका साधन का निर्णय सत्य है, अब आप साधन से विषय को जानिये। प्रयोग कीजिए, अनुभव कीजिये।

१२. आपको कुछ उलझन-सी हो रही है क्योंकि आपने प्रत्यक्ष ज्ञान साधन का प्रयोग ही नहीं किया है, या परोक्षज्ञान साधनों का क्रम-क्रम से तुरंत ही प्रयोग करते जा रहे हैं या किसी अन्य विचार में उलझ गये हैं?

१३. अब आप केवल श्रुतज्ञान प्रमाणसाधन या मतिज्ञान प्रमाणसाधन से जो दोनों ही प्रत्यक्ष ज्ञान साधन हैं उस से अभी ही निजध्रुव शुद्धज्ञायक को जानो। यहां पर आपको आसन लगाकर, आँखें बंद करके, पंच-परमेष्ठी- णमोकार मंत्र पढ़ते हुए ध्रुवतत्त्व के कुछ गुणों के आधार पर अखण्ड आत्मा जानने के लिये प्रत्यक्ष ज्ञान साधन का प्रयोग करना है।

१४. पुनः आप पूर्व (१३) में कथित अवस्था में आवें, प्रत्यक्षज्ञान साधन का निजध्रुव विषय पर प्रयोग करें- अनुभव करें। देख लो आपको अनुभव हो गया है। अब आप यथोचित व्रत धारण कर सकते हैं।

(प्रमाण ज्ञान के प्रयोग की कला - उदाहरण)

आत्मानुभव की प्रमाणता

हमें अनुभव हो गया है- यह हम कैसे स्वीकार करें?

१. अभी-अभी जब आपने ऊपर कहे गये क्रमानुसार १ से १४ तक बताये गये सभी आदेश वास्तव में माने हैं तो आपको अनुभव अवश्य हुआ है,
आप सम्यग्दृष्टि ही हैं,
शुद्धोपयोगी ही हैं,
सम्यग्ज्ञानी ही हो गये हैं,
सम्यक्चारित्र का अंश भी प्रकट हो चुका है,
अतींद्रिय आनंद भी आपने भोग लिया है,
आप चतुर्थ गुणस्थानवर्ती बन गये हैं,
आपके सभी गुणों में आंशिक शुद्धि प्रकट हो चुकी है,
आपका संसार का किनारा आ गया है,
आप मोक्षमार्गस्थ हैं,
आपको संवर प्रगट हो गया है,
आपने धर्म का जहाज पकड़ लिया है।

२. अभी-अभी जब आपने आत्मा का अनुभव किया है- याद करो उस क्षण को,
उस समय आप विकल्परूप चिंतन नहीं कर रहे थे;
किसी की निन्दादिरूप अशुभभाव नहीं कर रहे थे,
किसी का स्तवन आदि रूप शुभभाव नहीं कर रहे थे।
पारिशेष न्यायसे आपको शुद्ध भाव ही था।

३. अभी-अभी जब आपने प्रत्यक्ष प्रामाण्यसहित निजध्रुव शुद्धात्मा का अनुभव किया था, तब कोई भी विकल्प-शुभ या अशुभभाव नहीं किया तो अवश्य ही शुद्धोपयोग किया- निराकुलदशा हुई है, निर्विकल्पता हुई है।

४. अनुभव के समय में जब आपने निजध्रुव शुद्धात्मा को प्रामाण्यसहित प्रत्यक्षज्ञान से जाना है, तब आपको बुद्धिपूर्वक अन्य किसी परवस्तु की इच्छा, चाह, आसक्ति, मोह, राग या द्वेष नहीं था।

५. अनुभव के समय में जब आपने निजध्रुव शुद्धात्मा को प्रामाण्यसहित प्रत्यक्ष ज्ञान से जाना है,
तब उसी समय में आपको सम्यक् आनंद मिल रहा था,
सम परिणाम था,
वीतराग परिणाम था,
मोहक्षोभरहित परिणाम था;
आपको किसी भी परद्रव्य-गुण-पर्याय के संबंध में कर्तृत्वभाव नहीं था,
निजद्रव्य-गुण-पर्याय के संबंध में कोई कर्तृत्वभाव नहीं था,
द्रव्यकर्म-नोकर्म-भावकर्म के बारे में कोई कर्तृत्वभाव नहीं था,
पंचेंद्रियों तथा उनके विषयों के संबंध में कोई कर्तृत्व या भोक्तृत्वभाव नहीं था,
देव-गुरु-शास्त्र-आप्त-आगम-पदार्थ के संबंध में कोई कर्तृत्व-भोक्तृत्व-एकत्व- स्वामित्व-ज्ञातृत्व परिणाम नहीं था।
आपका उपयोग केवल निजध्रुवशुद्धात्मा को मात्र जान रहा था।
आप नयपक्षातीत, विकल्पातीत हो ही गये थे।

६. उस अनुभव के समय में आप अपनी प्रमाणात्मक मति-श्रुतज्ञान पर्याय के द्वारा निजध्रुव शुद्ध आत्मा-अनंत गुणों के अभेदपिण्ड को जान रहे थे;
यह भी जान रहे थे कि मैं अपनी आत्मा को जान रहा हूँ,
उस काल में अतींद्रिय आनंद को भी जान रहे थे;
समताभाव को भी जान रहे थे;
यह भी जान रहे थे कि उस समय में कोई विकल्प नहीं हो रहा था;
यह भी जान रहे थे कि कोई राग-द्वेष नहीं हो रहा है;
यह भी जान रहे थे कि कोई हेय-ज्ञेय-उपादेय संबधी, भक्ष्य-अभक्ष्य संबंधी, परिग्रहादि संयोग संबंधी, इस भव, पर-भव-संबंधी कोई भाव नहीं हो रहा है;
यह भी जान रहे थे कि कोई प्रमाण-नय-निक्षेप का विकल्प नहीं हो रहा है।
इससे सिद्ध हुआ कि आप आत्मानुभूति ले रहे थे।

७. जब आप अपने ध्रुव शुद्धात्मा का प्रथम मिलनरूप अनुभव कर रहे थे तब आपको अपूर्व शान्ति थी,
अपूर्व आनंद का वेदन था क्योंकि आप पुनः उस अवस्था को याद करके उसी अवस्था को प्राप्त करना चाह रहे हैं।
अब आपको संसार के सभी रस बेरस लगने लगे हैं। आपको स्वपर का सच्चा भेदज्ञान प्रगट हो गया है।

यहां पर कोई प्रश्न कर सकता है कि यह ऊपर लिखी सभी बातें तो आप शास्त्रों में पढ़कर या सुनी-सुनाई बातें कर रहे हैं। हमें तो आप हमारे सम्यग्दर्शन, सम्यग्ज्ञान, सम्यक्चारित्र, अतींद्रिय आनंद, वीतरागता की परीक्षा करके दिखलाईये।

आत्मानुभव की परीक्षा

अब मैं आपके पूंछने पर आपके द्वारा ऊपर प्रश्न में कही गई पांचों बातों की परीक्षा कराता हूँ। यहाँ यह ख्याल में रखें कि अभी आप अपनी ही परीक्षा कर रहे हैं, वक्ता या लेखक या उपदेशक की नहीं। आपको ईमानदारी से परीक्षक एवं परीक्ष्य स्वयं ही बनना है।यह समझ लेना कि यह न्याय विज्ञान-विद्यापीठ-परीक्षाबोर्ड का आत्मानुभूति-विषय का प्रश्नपत्र है। हम स्वयं ही विद्यार्थी हैं, स्वयं ही निरीक्षक हैं, स्वयं ही परीक्षक हैं, स्वयं ही प्रमाणपत्र देनेवाले हैं, स्वयं ही प्रमाणपत्र लेनेवाले हैं, स्वयं ही उत्तीर्ण या अनुत्तीर्ण होनेवाले हैं। इस प्रकार यह हमारी ज्ञान पर्याय ही स्वयं अभेद स्वयंचालित विद्यापीठ है। इस पद्धति से विचार कर आगे बढ़ना है।

१. अनुभव के काल में आपको जो आत्मा जानने में-देखने में आया है, आपने कोई वस्तु वैसी कभी कहीं पर जानी-देखी या अनुभव ही नहीं की है। अर्थात् आपका आत्मा अनुपम है, अकथनीय है, वचन अगोचर है। अपने आत्मा का अनुभव (आ ५) मति-श्रुत प्रत्यक्ष प्रमाण ज्ञान से करने के बाद अब आपको निजध्रुव शुद्ध ज्ञानानंद आत्मा की प्रतीति जैसी हो गई है वैसी प्रतीति-श्रद्धान पहले कभी नहीं हुआ था। अर्थात् आपको निश्चय सम्यग्दर्शन हो गया है।

२. आपने जिस ज्ञान साधन से अपने आत्मा का ज्ञान किया है वह (आ २) केवलज्ञान नहीं था,
(आ ३) मन:पर्ययज्ञान नहीं था,
(आ ४) अवधिज्ञान नहीं था,
परपदार्थों को जाननेवाला परोक्ष (आ १) मतिज्ञान-परोक्ष (आ १) श्रुतज्ञान नहीं था,
सांव्यवहारिक इंद्रिय प्रत्यक्षज्ञान नहीं था;
स्पर्शन इंद्रियज्ञान, रसना इंद्रियज्ञान, घ्राण इंद्रियज्ञान, चक्षु इंद्रियज्ञान, कर्ण इंद्रियज्ञान नहीं था;
अवग्रह-ईहा-अवाय-धारणाज्ञान नहीं था;
स्मृतिज्ञान नहीं था,
प्रत्यभिज्ञान नहीं था,
तर्कज्ञान नहीं था,
अनुमान ज्ञान नहीं था,
आगमज्ञान नहीं था,
मनोमतिजनित ज्ञान नहीं था,
नयजल्पज्ञान भी नहीं था।
उपरोक्त कोई भी प्रत्यक्ष या परोक्ष ज्ञान नहीं था। वह तो प्रत्यक्षमतिज्ञान या प्रत्यक्षश्रुतज्ञान प्रमाण रूप था।
अर्थात् वह सम्यग्ज्ञान ही था।

३. अपने आत्मा का अनुभव (आ ५) मति-श्रुत प्रत्यक्ष प्रमाण ज्ञान साधन से करने के समय जैसा साम्यभाव, समता, शांति का वेदन हुआ है, राग-द्वेष- मिथ्यात्वरहित शांति आई है वैसी पहिले कभी नहीं हुई। अर्थात् आंशिक सम्यक् चारित्र प्रगट हो गया है।

४. अपने आत्मा का अनुभव मति-श्रुत प्रत्यक्ष प्रमाणज्ञानसाधन से करते समय जैसा आनंद आया है-
वैसा आनंद किसी कंठकी-वाद्यकी- कंठवाद्यकी ध्वनि सुनने से नहीं आया,
वैसा आनंद किसी वर्ण-आकार, रूप-चित्र-कलाकृति आदि देखने से नहीं आया;
वैसा आनंद किसी भी गंध से नहीं आया;

वैसा आनंद किसी भोजन के रस से या साहित्य को पढ़ने के रस से नहीं आया, या किसी अन्य भोग को भोगने से नहीं आया,
वैसा आनंद किसी भी ८ प्रकार के स्पर्श के विभिन्न भेदों से- भोगों से नहीं आया;
वैसा आनंद शरीर की किसी भी अवस्था से नहीं आया;
वैसा आनंद धन-सम्पत्ति-वैभव आदि किसी भी पर पदार्थ से नहीं आया;
वैसा आनंद अपनी किसी भी विकारी पर्याय या अविकारी पर्याय या भोग या मन के विकल्प से नहीं आया।
अर्थात् यह सम्यक् अतींद्रिय आनंद ही था।

५. अपने निजध्रुवशुद्ध ज्ञानदर्शन आनंद आत्मा का (आ ५) मति-श्रुतज्ञान प्रत्यक्ष प्रमाण साधन से अनुभव करने पर जैसी निराकुलता हुई है वैसी किसी मिथ्यात्वभाव के समय, क्रोधादि कषायों को करते समय, नोकषायों को करते समय, पाप भाव करते समय, व्यसन सेवन करते समय, निन्दा-प्रशंसा करते समय, हिंसा-चोरी-झूठ- अब्रह्म- परिग्रह संग्रह आदिभाव करते समय, आठ प्रकार का मद करते समय, कर्तृत्व-भोक्तृत्व-एकत्व-ममत्व करते समय, इष्ट-अनिष्ट भाव करते समय, सन्निकर्ष करते समय, कारक-साकल्य के समय, इंद्रिय-व्यापार करते समय, ज्ञातृव्यापार करते समय नहीं हुई है। अर्थात् आपको वीतरागता-निराकुलता सम्यक् प्रगट हुई है।

अतः निष्कर्षरूप से हम यह कहना चाहते हैं कि जो भी व्यक्ति इस अध्यात्म न्यायदीपिका को आत्महित के अभिप्राय से पढ़ेगा तो उसे विषय, साधन और फल का यथार्थ निर्णय हो सकेगा। विषय को ज्ञेय, ध्येय, प्रमेय, प्रकाश्य, भोग्य, वेद्य, चेत्य, अनुभाव्य, निक्षेप भी कहते हैं। इसी प्रकार साधन को प्रमाण, अनुभव, ध्यान, विषयी, ज्ञान, विचार भी कहते हैं। फल को प्रमिति, ज्ञप्ति, ध्यान का फल भी कहते हैं।

लोक में हम किसी भी कार्य में सफल होने के लिये प्रथम ही विषय, साधन और फल का निर्णय-निश्चय करते हैं, उसके पश्चात् ही उस कार्य में प्रवृत्ति करते हैं। यहाँ पारमार्थिक कार्य में भी प्रवृत्ति करने के पहले हमें विषय, साधन और फल का प्रथम निर्णय अवश्य करना चाहिये।

अनेक लोगों को विषय का निर्णय बहुत अच्छी तरह से है और उस त्रिकाली-ध्रुव रूप विषय की महिमा भी बहुत आती है। उस विषय को ग्रहण करने का साधन प्रमाणज्ञान है जो वर्तमान में मति-श्रुतज्ञान रूप में हमारे पास है भी; किन्तु उसका प्रयोग करना नहीं आता अर्थात् ध्यान का अभ्यास नहीं करते।

श्री स्व. वीरसागरजी मुनिराज की इस **अध्यात्मन्यायदीपिका** के लिखे जाने के पूर्व, यह सोचा भी नहीं जा सकता था कि- न्याय जैसे क्लिष्ट और अत्यन्त नीरस विषय के ग्रन्थों से भी वही अध्यात्म की पावनगंगा बहायी जा सकती है जो अध्यात्म आनंद रस से आकंठ भरे **श्री समयसार** से बहायी गई है। कहा भी गया है- **तत् ज्ञानं यत् प्रतिसमये सम्यक् आनंदायते**। अर्थ– वास्तव में ज्ञान तो उसे ही कहते हैं जिससे प्रतिसमय आनंद रस की सम्यक् धारा बहती रहती है। यह भी वीरसागरजी मुनिराज का ही एकल श्लाघ्यनीय प्रयास है जिसने न्यायदीपिका को समयसार के समकक्ष बना दिया है।

इस प्रकार न्यायदीपिका की विषयवस्तु और श्री वीरसागरजी मुनिराज के मौलिक चिन्तन पर आगे दृष्टिपात करने के पहले हम कुछ परिभाषायें विद्वानों के समक्ष विचार करने के प्रयोजन से लिखकर प्रस्तुत कर रहे हैं जिससे वे निष्पक्षरूप से निर्णय ले सके।

'कणत्यागे कुतो धनं, क्षणत्यागे कुतो विद्या।'

न्याय और प्रमाण की परिभाषायें

न्याय शब्द की-परिभाषायें पूर्वग्रन्थों में निम्न प्रकार प्राप्त होती हैं :-

१. **प्रमाणनयैः अर्थपरीक्षणं न्यायः।**
२. **नयप्रमाणात्मको न्यायः।**
३. **युक्तिशास्त्रं न्यायः।**
४. **प्रमेयस्वरूपं इत्यते गम्यते येन सः न्यायः।**

विषय, साधन और फल की अपेक्षा से विभिन्न जैन आगम ग्रन्थों में **प्रमाण** की परिभाषायें निम्न प्रकार प्राप्त होती हैं:-

१. **सम्यग्ज्ञानं प्रमाणम्-** ..... **श्रुतभवनदीपक नयचक्र, प्रमाप्रमेय, आलाप-पद्धति, न्यायदीपिका**
२. **स्वापूर्वार्थव्यवसायात्मकं ज्ञानं प्रमाणम्।** ..... **परीक्षामुख। १-१**
३. **हिताहितप्राप्तिपरिहारसमर्थं हि प्रमाणम् ततो ज्ञानमेव तत्।** ..... **परीक्षामुख**
४. **सामान्यविशेषात्मा तदर्थो विषयः।** ..... **परीक्षामुख**
५. **स्वोन्मुखतया प्रतिभासनं स्वस्य व्यवसायः।** ..... **परीक्षामुख**
६. **अज्ञाननिवृत्तिर्हानोपादानोपेक्षाश्च फलम्।** ..... **परीक्षामुख**
७. **सकलवस्तुग्राहकं प्रमाणम्।** ..... **आलापपद्धति**
८. **प्रमीयते परिच्छिद्यते वस्तुतत्त्वं येन ज्ञानेन तत् प्रमाणम्।** ..... **आलापपद्धति**
९. **अन्यूनमनतिरिक्तं याथातथ्यं विना च विपरीतात्।**
   निस्सन्देहं वेद यदाहुस्तज्ज्ञानमागमिनः॥ ..... रत्नकरण्ड श्रा. ४२
१०. **तत्त्वज्ञानं प्रमाणं ते युगपत्सर्वभासनम्।**
   क्रमभावि च यज्ज्ञानं स्याद्वादनयसंस्कृतम्॥ ..... **आप्तमीमांसा- १०१**
११. **एतेन मत्यादिज्ञानं प्रमाणमित्युक्तम्।** ..... **अष्टसहस्री. दि. प्र.**
१२. **भावाभावयोर्द्वयोस्तद्वत्ता साधकतमत्वम्।** ..... **अष्टसहस्री. दि. प्र.**
१३. **तत्प्रमाणे।** ..... **तत्त्वार्थसूत्र-अध्याय १-सूत्र नंबर १०**
१४. **समुदायविषयं प्रमाणम्। सम्यगनेकान्तः प्रमाणम्।** ..... **राजवार्तिक ६/३, ६/७**
१५. **प्रमाणं सकलादेशि।** ..... **श्लोकवार्तिक २/३२० वा.३**
१६. **स्वार्थनिश्चायकत्वेन प्रमाणं...** ..... **श्लोकवार्तिक २/३२१ वा. ४.**
१७. **स्वपरावभासकं यथा प्रमाणम्।** ..... **बृ.स्वयंभूस्तोत्र- ६३**
१८. **प्रमाणं स्वपराभासि ज्ञानं, बाधविवर्जितम्।** ..... **न्यायावतार-१**
१९. **सम्यगर्थनिर्णयः प्रमाणम्।** ..... **प्रमाण-मीमांसा। १-१-२**
२०. **करणसाधनं हि प्रमाणम्।** ..... **प्रमाणपरीक्षा- ६६**
२१. **प्रमाणस्य यथावस्थितवस्तुग्रहणलक्षणत्वात्।** ..... **प्रमाणपरीक्षा-६६**

२२. स्वार्थव्यवसितौ व्याप्रियमाणं हि प्रमाणम्।.....प्रमाणपरीक्षा
२३. पारमार्थिकम् प्रमाणम्।.....प्रमाणपरीक्षा
२४. द्रव्यपर्यायात्मकः प्रमाणविषयः।.....प्रमाणपरीक्षा
२५. पदार्थयाथात्म्यनिश्चयः प्रमाणम्।.....प्रमा-प्रमेय-२
२६. सम्यग्ज्ञानमेव प्रमाणम्।.....प्रमा-प्रमेय
२७. मीयते निश्चीयते वस्तुतत्त्वं येन तत् प्रमाणम्।.....प्रमा-प्रमेय
२८. सम्यग्ज्ञानसाधनं प्रमाणम्।.....प्रमा-प्रमेय
२९. यथावद् वस्तुनिर्णीतिः सम्यग्ज्ञानं प्रदीपवत्।.....आ. अकलंकदेव, स्वरूपसंबोधन
३०. प्रमिणोति प्रमीयतेऽनेन प्रमितिमात्रं वा प्रमाणम्।.....सर्वार्थसिद्धि
३१. प्रमाणमविसंवादिज्ञानमनधिगतार्थाधिगमलक्षणत्वात्।.....अष्टशती
३२. सिद्धिं यत्नपरापेक्ष्यम्।.....सिद्धिविनिश्चय
३३. गेण्हइ वत्थुसहावं अविरुद्धं सम्मरूव जं णाणं।.....नयचक्र, पंचाध्यायी, तत्त्वार्थसार
३४. प्रत्यक्षं विशदं ज्ञानम्।.....लघीयस्त्रय, परीक्षामुख
३५. यत् तदिष्टाऽनिष्टसाधनदूषणान्यथानुपपत्तिः प्रसाधितं प्रमाणम्।.....न्यायकुमुदचन्द्र. २३
३६. सम्यग्ज्ञानं प्रमाणं प्रमाणत्वान्यथानुपपत्तेः।.....प्रमाणपरीक्षा
३७. प्रमाणं स्वार्थनिर्णीतिस्वभावं ज्ञानम्।.....सन्मति-तर्क
३८. स्वपरव्यवसायि ज्ञानं प्रमाणम्।.....प्रमा. प्र.
३९. सम्यगर्थनिर्णयः प्रमाणम्।.....प्रमाणमीमांसा
४०. मीयते अव्यवधानेन परिच्छिद्यते येनार्थः तत् प्रमाणम्।.....न्यायकुमुदचन्द्र ३८
४१. गेण्हई वत्थुसहावं अविरुद्धं सम्मरूव जं णाणं।
भणियं खु तं पमाणं पच्चक्खपरोक्खभेएहिं॥ १६९॥.....नयचक्र-माइल्लधवल

इसी प्रकार राजवार्तिक में चारित्र की परिभाषा भी देखिये-

चारित्रमोहोपशमक्षयक्षयोपशमसद्भावे चर्यते तदिति चारित्रम्।

इसी प्रकार अन्य शास्त्रों में भी ये परिभाषायें मिल सकती हैं। यहाँ पर समग्ररूप से उपरोक्त सभी परिभाषाओं पर विचार करने के पश्चात् हम इस निर्णय पर पहुंचते हैं कि जिस ज्ञानपर्याय द्वारा आत्मा का अनुभवरूप शुद्धोपयोग हो जाता है वह सम्यग्ज्ञानरूप ज्ञानपर्याय मति-श्रुतज्ञानरूप प्रमाणात्मक ही है, नयात्मक नहीं।

सम्यग्ज्ञान को ज्ञानकला भी कहा गया है-

ज्ञान कला जिनके घट जागी, ते जगमांहि सहज वैरागी।
ज्ञानी मगन विषैसुख मांहि, यह विपरीति संभवै नांही॥ नाटक समयसार।

क + ला = कला। क = कारणपरमात्मा, ला = लाये। जो ज्ञानपर्याय अपने कारण परमात्मा को प्राप्त कराये वह कला है।

प्रयोग = प्र + योग । प्र = प्रकर्षेण + योग = प्रयोग।

प्रकाश = प्र + काश । प्र = प्रकर्षेण + काश = काशते/द्योतते, इति प्रकाशः।

जिस सम्यग्ज्ञान कला के प्रयोग द्वारा हमारा कारणपरमात्मा प्रकाशित हो वही ज्ञान प्रत्यक्ष है, प्रमाण है, प्रामाण्य है, साधकतम करण है, हितरूप है, पारमार्थिक है, अपूर्व है, व्यवसायात्मक है, स्व-प्रतिभासक है, तत्त्वज्ञानरूप है, अज्ञान-निवारक है, याथातथ्य है, अतीन्द्रिय है, आनंदोत्पादक है, उत्तम है।

श्री वीरसागर जी मुनिराज ने अनेक संदृष्टियों और चार्टों द्वारा प्रत्यक्ष-प्रामाण्यसहित निजध्रुव शुद्ध ज्ञानदर्शन आनंदरूप आत्मा/कारण-परमात्मा को जाननेवाली-अनुभवनेवाली ज्ञानपर्याय तथा उस पर्याय के अविभागी-प्रतिच्छेदों की रचना समझाने का उत्तम ज्ञानात्मक प्रयास किया है, जो अपने आप में एक मौलिक और आश्चर्यकारी उपलब्धि है। यहाँ पर कुछ चार्ट एवं संदृष्टियां यथा स्थान दिये गये हैं, समझने का प्रयास करें। समयसार टीका श्री वीरसागरजीकृत-मुखपृष्ठ का चार्ट तो संसार से लेकर सिद्धदशा और चौदह गुणस्थानों की पूरी यात्रा का दिग्दर्शन करा देता है। एक अन्य चित्र बोधि की दुर्लभताओं का है।

मुनिराज श्री वीरसागरजी ने सभी प्रत्यक्ष ज्ञानपर्यायों और परोक्ष ज्ञानपर्यायों की रचना चार्ट द्वारा बनाकर यह बहुत ही स्पष्ट रूपसे समझाया है कि किस ज्ञानपर्याय द्वारा सम्यक् आनंद प्राप्त करते समय कौन-सा विषय रहता है, कौन-सा विषय नहीं रहता है; कौन-सा साधन सही है, कौन-सा साधन सत्य नहीं है; कौन-सा साधन रहता है; कौन-सा साधन नहीं रहता है; किस समय सच्चा सुख मिल रहा है, किस समय आनंदाभास हो रहा है। इसी प्रकार स्मृति, प्रत्यभिज्ञान, तर्क, अनुमान, नयज्ञान पर्यायों से सच्चा सुख नहीं मिलता; पर्याय-सहित द्रव्य आनंद का विषय नहीं बनता; सन्निकर्ष, कारकसाकल्य-निमित्तों का संग्रह, शरीर की बाह्यक्रियायें आदि सच्चे सुख-प्राप्ति के साधन नहीं हैं- सभी विषय विस्तार से तथा संदृष्टियों के माध्यम से समझाये हैं। पांचों लब्धियों को भी चार्ट द्वारा समझाया है। एक उदाहरण नीचे देखिये-

प्रत्यक्ष-प्रामाण्यसहित ज्ञानपर्याय

विषय प्रमेय ज्ञेय ध्येय	साधन प्रमाण ज्ञान ध्यान	फल प्रमिति ज्ञप्ति ध्यान का फल
त्रिकाली-ध्रुववान	प्रमाणात्मक-मतिश्रुतज्ञान	अतीन्द्रियसुख

द्रव्यस्वभावप्रकाशक नयचक्र में आचार्य माइल्लधवलरचित कुछ गाथायें देखिये :–

णाणासहावभरियं वत्थुं गहिऊण तं पमाणेण।
एयंतणासणट्ठं पच्छा णयजुंजणं कुणह॥१७२॥

अर्थ–अनेक स्वभावों से परिपूर्ण वस्तु को प्रमाण के द्वारा ग्रहण करके तत्पश्चात् एकान्तवाद का नाश करने के लिये नयों की योजना करनी चाहिये।

तच्चाणेसणकाले समयं बुज्झेहि जुत्तिमग्गेण।
णो आराहणसमये पच्चक्खो अणुहवो जह्मा।।२६८।।

अर्थ–तत्त्व को खोजते समय युक्तिमार्ग से आगम की बात को जानना चाहये, आराधना के समय नहीं। क्योंकि **अनुभव तो प्रत्यक्ष का विषय है।**

णिच्छित्ती वत्थुणं साहइ तह दंसणम्मि णिच्छित्ति।
णिच्छयदंसण जीवो दोण्हं आराहओ होई।।१७९।।

अर्थ–प्रमाण और नय के स्वरूप का निश्चय होने पर वस्तु का निश्चय होता है, और वस्तु का निश्चय होने पर सम्यग्दर्शन की प्राप्ति होती है। इस तरह वस्तु स्वरूप के निश्चय और सम्यग्दर्शन के द्वारा जीव ध्यान और ध्यान की भावना का आराधक होता है।

गहिओ सो सुदणाणे पच्छा संवेयणेण झायव्वो।
जो ण हु सुयमवलंबइ सो मुज्झइ अप्पसब्भावे।।३४९।।

अर्थ–पहले श्रुतज्ञान के द्वारा आत्मा को ग्रहण करके पीछे संवेदन के द्वारा उसका ध्यान करना चाहिये। जो श्रुत का अवलम्बन नहीं लेता वह आत्मा के सद्भाव में मूढ़ रहता है।

नयचक्र में भी पृष्ठ १०२ पर 'उक्तं च' कहकर यह श्लोक उद्धृत किया गया है :–


प्रमाणनयनिक्षेपैर्योर्थान्नाभिसमीक्षते।
युक्तं चायुक्तवद् भाति तस्यायुक्तं च युक्तवत्।।१।।

अर्थ–कहा भी है- जो प्रमाण, नय और निक्षेप से अर्थ को भलीभांति नहीं जानता, उसे युक्त अयुक्त की तरह प्रतीत होता है और अयुक्त युक्त की तरह प्रतीत होता है।

सम्यग्ज्ञान पर्याय

स्वप्रमेय/भावप्रमेय	**बाह्य–अर्थ/परप्रमेय**
(मैं)	**(निजध्रुवशुद्धात्मा को जानता हूँ)**

विषय



निजध्रुवशुद्धात्मा

प्रामाण्य की उत्पत्ति परतः ही होती है, तथा प्रामाण्य की ज्ञप्ति अभ्यस्त विषय में स्वतः, अनभ्यस्त विषय में परतः होती है, यह चार्ट द्वारा समझाया गया है। अन्य भी अनेक विषय तथा समयसार, प्रवचनसार, नियमसार, पंचास्तिकाय, आदि की कई गाथाओं के, लघीयस्त्रय के टीकावाक्य, न्यायकुमुदचन्द्र के टीका वाक्य, श्लोकवार्तिक, राजवार्तिक, अष्टसहस्री आदि के भी टीका वाक्यों को संदर्भसहित न्यायोचित रूपसे युक्तिपूर्वक विश्लेषण करके समझाया है जो स्वयं ही मनन करने-पढ़नेयोग्य है। (देखिये चार्ट नं. ५ एवं १० ग्रन्थ में)

यहाँ पर यदि कोई शंका करता है कि पूज्य कौन है- नय या प्रमाण? श्लोकवार्तिक में इस प्रश्न का उत्तर देते हुए आचार्य विद्यानंद '**प्रमाणनयैरधिगमः**' सूत्र की टीका में वार्तिक-३ एवं उसकी टीका हिन्दी अलंकार (पंडित माणिकचन्द्रजीकृत) में इसप्रकार कहते हैं :-

प्रमाणं सकलादेशि नयादभ्यर्हितं मतम्।
विकलादेशिनस्तस्य वाचकोऽपि तथोच्यते॥३॥

अर्थ – वस्तु के एकदेशीय विकल अंशों को कहनेवाले नयज्ञान से वस्तु के सम्पूर्ण अंशों को कहनेवाला **प्रमाणज्ञान अधिक पूज्य** माना गया है। अतः उस सम्यग्ज्ञानरूप अभिधेय को कहनेवाला प्रमाणपदरूप वाचक शब्द भी उसी प्रकार पूज्य कहा जाता है। वास्तव में विचारा जाय तो सम्यक्-ज्ञानरूप प्रमाणपदार्थ पूज्य है। वाच्य की पूज्यता वाचक में भी उपचार से आ जाती है। (यह चर्चा साधन की अपेक्षा से है।)

जब आचार्य से शंकाकार पुनः प्रश्न करता है कि आपने पूज्यपन और अपूज्यपन के साथ सकलादेशीपन और विकलादेशीपन की व्याप्ति कैसे सिद्ध कर ली, बतलाईये? तब आचार्य विद्यानंद इसी वार्तिक की टीका में उत्तर देते हुए उद्घोष करते हैं :

'प्रकृष्टाप्रकृष्टविशुद्धिलक्षणत्वाद्..... ब्रूमः। न हि प्रकृष्टां विशुद्धिमन्तरेण... प्रसंगात्। नापि विशुद्ध्यपकर्षमन्तरेण... प्रसंगात्।'

अर्थ – हम जिन-शासन के गौरव से युक्त होकर यह स्पष्ट उत्तर कहते हैं कि पूज्यपने का प्रयोजक अतिशययुक्त श्रेष्ठ विशुद्धि होना है, और न्यून विशुद्धि होना अपूज्यपने का लक्षण है। अतः सकलादेशीयपन का व्यापक पूज्यपना है और विकलादेशीयपन का व्यापक अपूज्यपना है... ज्ञानावरण के विशिष्ट क्षयोपशम से उत्पन्न हुआ प्रमाणज्ञान सकलादेशी होने के कारण पूज्य है; और ज्ञानावरण के साधारण क्षयोपशम से या विशिष्ट जाति के छोटे क्षयोपशम से उत्पन्न हुआ नयज्ञान विकलादेशी होने से अपूज्य है।

आगे चौथी वार्तिक में भी आचार्य विद्यानंद कहते है-

स्वार्थनिश्चायकत्वेन प्रमाणं नय इत्यसत्।
स्वार्थैकदेशनिर्णीतिलक्षणो हि नयः स्मृतः॥४॥

अर्थ – पूर्णरूप से अपने को और अर्थ (पदार्थ) को जानना प्रमाण का लक्षण है, तथा अपने को और अर्थ को एकदेशस्वरूप से जानना नय का लक्षण आर्ष आम्नाय अनुसार मानते आये हैं।

इसी प्रकार तत्त्वार्थसूत्र-नवमें अध्याय के २७ वें सूत्र की टीका करते हुए विद्यानंद आचार्य श्लोकवार्तिक में कहते हैं कि कर्मों का संवर या निर्जरा के सम्पादक शुभ ध्यानों के लिये प्रशस्त परिकर-सामग्री आवश्यक है। इस सूत्र में ध्यान, ध्याता, ध्येय, और ध्यान का काल भी कह दिया है। वे लिखते हैं.... **सर्वस्य ध्यानस्य ज्ञानात्मकत्वप्रसिद्धेः**। जैन सिद्धान्त में सभी ध्यानों का ज्ञानात्मकपना प्रसिद्ध हो रहा है। वार्तिक ४ की टीका। इसका अर्थ इतना ही है कि **जब-जब ज्ञानोपयोग विकल्परहित होकर आत्मध्येय पर स्थिर होता है तब-तब ध्यान हो जाता है।**

ज्ञान, दर्शन और चारित्र तीनों में आंशिक शुद्धि एक साथ ही आती है, कोई एक गुण की पर्याय किसी दूसरे गुण की पर्याय का कुछ भी कार्य नहीं कर देती है। किन्तु जब ज्ञान की प्रधानता में स्वात्मोपलब्धि रूप कार्य होता है तो ऐसा कहा जाता है कि ज्ञान ने सम्यग्ज्ञान तो किया ही है, साथ ही उसी ज्ञान ने सम्यग्दर्शन

और सम्यक्चारित्ररूप ध्यान भी कर दिया। द्रव्य-गुण और पर्यायों की स्वतंत्रता जिसके ज्ञान में सदा वर्तती है उसका यह कथन आपत्तिजनक नहीं माना जाना चाहिये, अन्यथा श्रोता को नयज्ञान का अभाववाला मानना होगा।

इस प्रकार श्लोकवार्तिक के उक्त कथनों के आधार पर मुनि श्री वीरसागरजी का प्रमाण, ज्ञान और ध्यान-संबंधी, तथा विषय, साधन और फलसंबंधी समस्त कथन प्रयोजनपरक होने से आगम सम्मत और स्वीकार करने योग्य ही है। शंकाकार तो जैनदर्शन के प्रत्येक कथन पर ही शंका उठाते आये हैं- ऐसा हम प्रमेयकमलमार्तण्ड, श्लोकवार्तिक और अष्टसहस्री में देखते ही हैं। किन्तु न्यायोचित जैन शंकाकार का तो यह लक्षण है कि यदि वह किसी वक्ता या लेखक के कथन पर शंका उठाकर उसे अप्रामाणिक ठहराना चाहता है तो यह उसी का कर्तव्यबोध है कि वह स्वयं उस शंका का आगम आधार से सशक्त युक्तियों द्वारा प्रयोजन सिद्धि के अनुकूल उत्तर दे। किसी कथन पर केवल शंका करना विज्ञता का चिन्ह नहीं होता है, किन्तु वह अनभिज्ञता का भी द्योतक बन सकता है। विद्वान् तो साधर्मी वात्सल्यभाव से प्रत्येक कथन को ग्रहण कहते हैं और यदि कहीं किसी से भूल होती है तो उसे मात्सर्यभावरहित होकर आगम और युक्तियों से समझाने में अग्रणी होते हैं क्योंकि आगम अगाध है। हमारा क्षयोपशमज्ञान तो सिन्धु में बिन्दु के समान ही है।

तदेतदवक्तव्यस्वरूपं तत्तदभिप्रायैरुपनतेनैकत्वादिना समुचितं स्यादेकमवक्तव्यम्, स्यादनेकमवक्तव्यम्, स्यादेकानेकमवक्तव्यमिति स्यात्। सैषा नयविनियोगपरिपाटी सप्तभङ्गीत्युच्यते, भङ्गशब्दस्य वस्तुस्वरूपभेदवाचकत्वात् सप्तानां भङ्गानां समाहारः सप्तभङ्गीति[1] सिद्धेः।

§ ८५. नन्वेकत्र वस्तुनि [2]सप्तानां भङ्गानां कथं सम्भवः इति चेत्; यथैकस्मिन् रूपवान् घटः रसवान् गन्धवान् स्पर्शवानिति पृथग्व्यवहारनिबन्धना1 रूपवत्त्वादिस्वरूपभेदाः सम्भवन्ति तथैवेति सन्तोष्टव्यमायुष्मता।

§ ८६. एवमेव परमद्रव्यार्थिकनयाभिप्रायविषयः परमद्रव्यं सत्ता2, तदपेक्षया "एकमेवाद्वितीयं ब्रह्म, नेह नानास्ति किञ्चन", सद्रूपेण चेतनानामचेतनानां च भेदाभावात्। भेदे तु सद्विलक्षणत्वेन तेषामसत्त्वप्रसङ्गात्।

§ ८७. ऋजुसूत्रनयस्तु परमपर्यायार्थिकः। स हि भूतत्वभविष्यत्वाभ्यामपरामृष्टं शुद्धं वर्तमानकालावच्छिन्नवस्तुस्वरूपं3 परामृशति। तन्नयाभिप्रायेण बौद्धाभिमतक्षणिकत्वसिद्धिः। एते नयाभिप्रायाः सकलस्वविषयाशेषात्मकमनेकान्तं प्रमाणविषयं विभज्य व्यवहारयन्ति। स्यादेकमेव वस्तु द्रव्यात्मना न नाना4, स्यान्नानैव पर्यायात्मना नैकमिति। तदेतत्प्रतिपादितमाचार्यसमन्तभद्रस्वामिभिः-

[3]अनेकान्तोऽप्यनेकान्तः प्रमाण-नयसाधनः।
अनेकान्तः प्रमाणात्ते तदेकान्तोऽर्पितान्नयात्॥ [स्वयम्भू. १०३] इति।

---

१. ननु केयं सप्तभङ्गी इति चेत्; उच्यते; 'प्रश्नवशादेकत्र वस्तुन्यविरोधेन विधिप्रतिषेधकल्पना सप्तभङ्गी'- तत्त्वार्थवार्तिक १-६। न्यायविनिश्चयेऽपि श्रीमदकलङ्कदेवैरुक्तम्-

द्रव्यपर्यायसामान्यविशेषप्रविभागतः।
स्याद्विधिप्रतिषेधाभ्यां सप्तभङ्गी प्रवर्तते।४५१॥

श्रीयशोविजयोऽप्याह- 'एकत्र वस्तुन्येकैकधर्मपर्यनुयोगवशादविरोधेन व्यस्तयोः समस्तयोश्च विधिनिषेधयोः कल्पनया स्यात्काराङ्कितः सप्तधा वाक्यप्रयोगः सप्तभङ्गी। इयं च **सप्तभङ्गी** वस्तुनि प्रतिपर्यायं सप्तविधधर्माणां सम्भवात् सप्तविधसंशयोत्थापितसप्तविधजिज्ञासामूलसप्तविधप्रश्नानुरोधादुपपद्यते।'- **जैनतर्कभा.** पृ. १९। 'ननु एकत्राऽपि जीवादिवस्तुनि विधीयमाननिषिध्यमानानन्तधर्मसद्भावात्तत्कल्पनाऽनन्तभङ्गी स्यात् (न तु सप्तभङ्गी); इति चेन्न; अनन्तानामपि सप्तभङ्गीनामिष्टत्वात्, तत्रैकत्वानेकत्वादिकल्पनयाऽपि सप्तानामेव भङ्गानामुपपत्तेः, प्रतिपाद्यप्रश्नानां तावतामेव सम्भवात्, प्रश्नवशादेव सप्तभङ्गीति नियमवचनात्। सप्तविध एव तत्र प्रश्नः कुत इति चेत्, सप्तविधजिज्ञासाघटनात्। सापि सप्तविधा कुत इति चेत्, सप्तधा संशयोत्पत्तेः। सप्तधैव संशयः कथमिति चेत्, तद्विषयवस्तुधर्मसप्तविधत्वात्।'- **अष्टस. पृ. १२५, १२६।** २. के ते वस्तुनिष्ठाः सप्त धर्मा इत्यत्रोच्यते (१) सत्त्वम्, (२) असत्त्वम्, (३) क्रमार्पितोभयं सत्त्वासत्त्वाख्यम्, (४) सहार्पितोभयमवक्तव्यत्वरूपम्, (५) सत्त्वसहितमवक्तव्यत्वम्, (६) असत्त्वसहितमवक्तव्यत्वम्, (७) सत्त्वासत्त्वविशिष्टमवक्तव्यत्वमिति। ३. ननु सर्वस्य वस्तुनोऽनेकान्तात्मकत्वेऽनेकान्तस्याप्यनेकान्तात्मकत्वं परिकल्पनीयम्, तथा चानवस्था इत्यत्राह **अनेकान्तोऽप्यनेकान्त** इति। इदमत्राकूतम्- प्रमाणनयसाधनत्वेनानेकान्तोऽप्यनेकान्तात्मकः। प्रमाणविषयापेक्षयाऽनेकान्तात्मकः, विवक्षित-

---

1. द 'निबन्धन'। 2. मु 'परमद्रव्यसत्ता'। 3. म मु 'वस्तुरूपं'। 4. म प मु 'स्यादेकमेव द्रव्यात्मना वस्तु नो नाना'।

[१]अनियतानेकधर्मवद्वस्तुविषयत्वात्प्रमाणस्य, नियतैकधर्मवद्वस्तुविषयत्वाच्च नयस्य। यद्येनामार्हतीं सरणिमुल्लङ्घ्य सर्वथैकमेवाद्वितीयं ब्रह्म नेह नानास्ति किञ्चन, कथञ्चिदपि1 नानेत्याग्रहः स्यात्तदेतदर्थाभासः। एतत्प्रतिपादकं वचनमपि2 आगमाभासः, प्रत्यक्षेण "सत्यं भिदा तत्त्वं भिदा" [ ] इत्यादिनाऽऽगमेन च बाधितविषयत्वात्। सर्वथा भेद एव, न कथञ्चिदप्यभेद इत्यत्राप्येवमेव[२] विज्ञेयम्, सद्रूपेणापि भेदेऽसतः[३] अर्थक्रियाकारित्वासम्भवात्[४]।

§ ८८. [५]ननु प्रतिनियताभिप्रायगोचरतया पृथगात्मनां परस्परसाहचर्यानपेक्षायां3 मिथ्याभूतानामेकत्वानेकत्वादीनां4 धर्माणां साहचर्यलक्षणसमुदायोऽपि मिथ्यैवेति चेत्; तदङ्गीकुर्महे, परस्परोपकार्योपकारकभावं विना स्वतन्त्रतया नैरपेक्ष्यापेक्षायां पटस्वभावविमुख5-तन्तुसमूहस्य शीतनिवारणाद्यर्थक्रियावदेकत्वानेकत्वादीनामर्थक्रियायां सामर्थ्याभावात् कथञ्चिन्मिथ्यात्वस्यापि सम्भवात्। [६]तदुक्तमाप्तमीमांसायां स्वामिसमन्तभद्राचार्यैः-

---

नयविषयापेक्षया एकान्तात्मकः। एकान्तो द्विविधः- सम्यगेकान्तः मिथ्यैकान्तश्च। तत्र सापेक्षः सम्यगेकान्तः, स एव नयविषयः। अपरस्तु निरपेक्षः, स न नयविषयः, अपि तु दुर्नयविषयः; मिथ्यारूपत्वात्। तदुक्तम्- 'निरपेक्षा नया मिथ्या सापेक्षा वस्तु तेऽर्थकृत्' इति। तथा चानेकान्तस्याप्यनेकान्तात्मकत्वमविरुद्धम्, प्रमाणप्रतिपन्ने वस्तुन्यनवस्थादिदोषानवकाशादिति ध्येयम्।

१. प्रमाणनययोः को भेदः ? इत्यत आह अनियतेति। उक्तं च-

> [८]**अर्थस्यानेकरूपस्य धीः प्रमाणं तदंशधीः।**
> **नयो धर्मान्तरापेक्षी दुर्नयस्तन्निराकृतिः॥**'

२. तस्यापि प्रत्यक्षादिना बाधितत्वादर्थाभासत्वं बोध्यमिति भावः। ३. सद्रूपापेक्षयाऽपि घटादिवस्तूनां सर्वथा भेदेऽसत्त्वप्रसङ्गात्। तथा च खपुष्पवदेव तत्सर्वं स्यात्। तदुक्तम्-

> **सदात्मना च भिन्नं चेत् ज्ञानं ज्ञेयाद् द्विधाऽप्यसत्।**
> **ज्ञानाभावे कथं ज्ञेयं बहिरन्तश्च ते द्विषाम्॥** –आप्तमी. का. ३०।

४. अर्थक्रियाकारित्वं हि सतो लक्षणम्। असत्त्वे च तन्न स्यादिति भावः। ५. अनेकान्ततत्त्वे दूषणमुद्भावयन् परः शङ्कते **नन्विति**। ६. स्वोक्तमेव **प्रकरणकारः** श्रीमत्समन्तभद्रस्वामिवचनेन प्रमाणयति तदुक्तमिति।

---

1. द 'तत्कथंचिदपि'। 2. आप 'एतत्प्रतिपादकमपि वचनं', मु 'एतत्प्रतिपादकमतिवचनं।' 3. मु 'साहचर्यानपेक्षाणां'। 4. मु 'मेकत्वादीनां'। 5. प 'विमुक्ततन्तुसमूहस्य', म 'विमुक्तस्य तन्तुसमूहस्य'।

[१]मिथ्यासमूहो मिथ्या चेन्न मिथ्यैकान्तताऽस्ति नः।
[२]निरपेक्षा नया मिथ्या सापेक्षा वस्तु ते[३]ऽर्थकृत्[४] ॥१०८॥इति।

§ ८९. [५]ततो ' [६]नयप्रमाणाभ्यां वस्तुसिद्धिः ' इति सिद्धः सिद्धान्तः[७]। पर्याप्तमागमप्रमाणम्[८]।

[९]मद्गुरो। र्वर्द्धमानेशो वर्द्धमानदयानिधेः।
श्रीपादस्नेहसम्बन्धात् सिद्धेयं न्यायदीपिका2 ॥२॥

इति श्रीमद्वर्द्धमानभट्टारकाचार्यगुरुकारुण्यसिद्धसारस्वतोदयश्रीमदभिनवधर्मभूषणाचार्यविरचितायां न्यायदीपिकायां परोक्षप्रकाशस्तृतीयः3 ॥३॥

समाप्तेयं न्यायदीपिका।

---

१. अस्याः कारिकाया अयमर्थः– ननु एकत्वानेकत्व-नित्यत्वानित्यत्वादीनां सर्वथैकान्तरूपाणां धर्माणां मिथ्यात्वात्तत्समुदायरूपः स्याद्वादिभिरभ्युपगतोऽनेकान्तोऽपि मिथ्यैव स्यात्। न हि विषकणिकाया विषत्वे तत्समूहस्याविषत्वं कैश्चिदभ्युपगम्यते। तन्न युक्तम्; मिथ्यासमूहस्य जैनैरनभ्युपगमात्। मिथ्यात्वं हि निरपेक्षत्वम्; तच्च नास्माभिः स्वीक्रियते, सापेक्षाणामेव धर्माणां समूहस्यानेकान्तत्वाभ्युपगमात्। तत एव चार्थक्रियाकारित्वम्, अर्थक्रियाकारित्वाच्च तेषां वस्तुत्वम्। क्रम-यौगपद्याभ्यां ह्यनेकान्त एवार्थक्रिया व्याप्ता, नित्यक्षणिकाद्येकान्ते तदनुपपत्तेः। तथा च निरपेक्षा नया मिथ्या– अर्थक्रियाकारित्वाभावादसम्यक्, अवस्तु इत्यर्थः। सापेक्षास्तु ते वस्तु– सम्यक्, अर्थक्रियाकारित्वादिति दिक्।

२. 'निरपेक्षत्वं प्रत्यनीकधर्मस्य निराकृतिः सापेक्षत्वमुपेक्षा, अन्यथा प्रमाणनयाविशेषप्रसङ्गात्। धर्मान्तरादानोपेक्षाहानि-लक्षणत्वात् प्रमाणनयदुर्नयानां प्रकारान्तरासम्भवाच्च'। **अष्टश. का. १०८।** ३. ते सापेक्षा नयाः। ४. अर्थक्रियाकारिणो भवन्तीति क्रियाध्याहारः। ५. पूर्वोक्तमेवोपसंहरति **ततो** इति। ६. नयशब्दस्याल्पाच्तरत्वात् 'प्रत्यासत्तेर्बलीयान्' इति न्यायाच्च पूर्वनिपातो बोध्यः। ७. यः खलु 'प्रमाणनयैरधिगमः' इति सिद्धान्तः प्रकरणादावुपन्यस्तः स सिद्ध इति भावः। ८. आगमाख्यं परोक्षप्रमाणं यथेप्सितं समाप्तम्। ९. ग्रन्थकाराः श्रीमदभिनव**धर्मभूषण**यतयः प्रारब्धनिर्वहणं प्रकाशयन्नाहुर्मद्गुरोरिति। सुगममिदं पद्यम्। समाप्तमेतत्**प्रकरणम्**।

जैनन्याय-प्रवेशाय बालानां हितकारकम्।
दीपिकायाः प्रकाशाख्यं टिप्पणं रचितं मया ॥१॥
द्विसहस्रैकवर्षाब्दे ख्याते विक्रमसंज्ञके।
भाद्रस्य सितपञ्चम्यां सिद्धमेतत्सुबोधकम् ॥२॥
मतिमान्द्यात्प्रमादाद्वा यदत्र स्खलनं क्वचित्।
संशोध्यं तद्धि विद्वद्भिः क्षन्तव्यं गुणदृष्टिभिः ॥३॥

इति श्रीमदभिनवधर्मभूषणयतिविरचिताया न्यायदीपिकाया
न्यायतीर्थजैनदर्शनशास्त्रि-न्यायाचार्यपण्डितदरबारीलालेन रचितं प्रकाशाख्यं टिप्पणं समाप्तम्।

---

1. द 'यद्गुरो' पाठः। 2. पद्यमिदं म प मु प्रतिषु नोपलभ्यते। 3. आ प द 'परोक्षप्रकाशस्तृतीयः' पाठो नास्ति। तत्र 'आगमप्रकाशः' इति पाठो वर्तते।- सम्पा.।

ॐ

अध्यात्मन्यायदीपिका

श्रीमद् अभिनव धर्मभूषणयति विरचित ' न्यायदीपिका '
की
हिंदी भाषा–व्याख्या

प्रथम अध्याय

प्रमाणसामान्यप्रकाश

मंगलाचरण

श्रीवर्द्धमानमर्हन्तं नत्वा बालप्रबुद्धये ।
विरच्यते मितस्पष्टसन्दर्भन्यायदीपिका ॥१॥

अर्थ :– अर्हन्त श्री वर्द्धमान को नमस्कार कर के बालमति को प्रबुद्ध करने के लिये मेरे द्वारा (श्रीअभिनवधर्मभूषणयति द्वारा) मित (संक्षिप्त), स्पष्ट और सन्दर्भ-युक्त न्यायदीपिका लिखी जाती है।

व्याख्या– यह मंगलाचरण है।

परममंगल क्या है?

एकत्वविभक्तनिजध्रुवशुद्धचिदानंदात्मा ही परम मंगल है। उसका प्रामाण्यसहित प्रत्यक्षज्ञान अर्थात् शुद्धात्मानुभव करना ही मंगल कार्य है। वह कार्य ही सच्चा मंगलाचरण है। उस ही समय में सम्यक् आनंद (सच्चा आनंद) प्राप्त होता है और उससे संवरपूर्वक निर्जरा होती है।

(A) (१) एक अपेक्षा से उस शुद्धात्मानुभवरूप मंगलाचरण के बाद सविकल्प अवस्था में अर्हन्तस्वरूप अनन्त-चतुष्टययुक्त वीतरागी वर्द्धमान (महावीर) तीर्थंकर को नमस्कार कर के, अथवा

(२) दूसरी अपेक्षा से सभी तीर्थंकरों को नमस्कार कर के, अथवा

(३) अनन्तचतुष्टययुक्त वीतरागी किसी भी तीर्थंकर को नमस्कार कर के, अथवा
(४) अनन्तचतुष्टययुक्त वीतरागी किसी भी अर्हन्त को या सभी अर्हन्तों को नमस्कार कर के, अथवा
(५) श्री याने वैभवयुक्त.। वर्द्धमान इस शब्द की व्युत्पत्ति इसप्रकार है- अव+ऋद्ध+मान=अवर्द्धमान होता है और 'अवाप्योरलोपः' इस व्याकरण सूत्र के नियम से यहाँ 'अव' शब्द के अकार का लोप हो गया, इसलिये 'वर्द्धमान' ऐसा शब्द बनता है।

'अव' याने सभी ओर से/असंख्यातप्रदेशमय आत्मा में, ऋद्ध याने अनंतगुण युक्त/अनंतगुण सहित, मान याने ज्ञान।

जो अनंतगुणों से सहित ज्ञानस्वभावी वैभवयुक्त असंख्यातप्रदेशमय, ऐसा वह निजध्रुवज्ञायक शुद्धपारिणामिकभावस्वरूप परमात्मद्रव्य है।

और वह कैसा है?

वह अर्हत् है। अर्ह याने पूजनीय, परम पवित्र है। अर्थात् परम पवित्र निजध्रुवशुद्ध ज्ञानदर्शनानंद परमपारिणामिकभावस्वरूप परमात्मद्रव्य को नमस्कार कर के याने निजध्रुवशुद्धचिदानंदात्मा का प्रामाण्यसहित प्रत्यक्षज्ञान अर्थात् शुद्धात्मानुभव कर के बालमति को प्रबुद्ध करने के लिये मित (संक्षिप्त), स्पष्ट और सप्रमाण (साधार/आगमार्थ सहित) यह न्यायदीपिका मेरे द्वारा लिखी जाती है।

(B) श्लोक में 'बाल' शब्द है। उस 'बाल' शब्द का अर्थ **मतिकृत** बाल ऐसा है। **कालकृत** बाल ऐसा अर्थ नहीं है; क्योंकि कोई आठ साल की उमर में भी निखिलज्ञानसंयमोपपन्न सर्वज्ञ हो जाता है। तथा **शरीरकृत** बाल ऐसा अर्थ भी नहीं है; क्योंकि कुब्जक या वामन शरीरवाला भी शास्त्रज्ञ/आगमज्ञ होता है।

शंका– मतिकृत बाल का क्या लक्षण है?

समाधान– अव्युत्पन्न, संदिग्ध, विपर्यस्त, तत्त्वज्ञान रहित ऐसे बाल होते हैं। अथवा जो जहाँ (जिस विषय में) अनभिज्ञ हैं, वे उस विषय में बाल हैं। अथवा व्याकरण, काव्य आदि का जानकार है; लेकिन न्यायशास्त्र में अनभिज्ञ है, इसलिये न्याय विषय में बाल है। अथवा ग्रहण-धारण-पटु होकर भी बाल होते हैं। अर्थात् इस न्यायशास्त्र के शब्द को ग्रहण कर के स्मरण रख सकते हैं, वे तोता रटन्त होते हैं। कुछ लोग ग्रहण-धारण करते हैं उसमें आगम न्याय समझते हैं, वे पटु होकर भी अपने निजध्रुवचिदानंद का प्रामाण्यसहित प्रत्यक्षज्ञान करने में असफल रहते हैं याने मिथ्याज्ञानी ही रहते हैं, वे बाल हैं। और कोई ग्रहण-धारण-पटु होकर व्रती होते हैं; ११ अंग, ९ पूर्व के पाठी होते हैं अथवा सर्वागम के पाठी होते हैं; लेकिन

(I) एकत्वविभक्तनिजात्मा के विषय-ज्ञेय-प्रमेय-ध्येय-अनुभाव्य-भोग्य को बराबर समझते नहीं। अथवा
(II) विषयी-ज्ञान-प्रमाण-ध्यान-अनुभवरूप साधन को अर्थात् शुद्धात्मानुभव अर्थात् प्रामाण्यसहित प्रत्यक्षज्ञान को समझते नहीं। अथवा
(III) जानने के फल/ध्यान के फल/प्रमाण के फल को समझते नहीं।

अर्थात्

विषय	ज्ञान	फल

इनको बराबर समझते नहीं।

अर्थात्

न्यायशास्त्र में जो अध्यात्मन्याय का मर्म/सार भरा हुआ है, वह समझते नहीं। इसलिये ग्रहण-धारण-पटु होकर भी मिथ्याज्ञानी रहते हैं। इसलिये वे ग्रहण-धारण-पटु होकर भी बाल हैं।

वस्तुस्वरूप के आधार पर जो अपने एकत्वविभक्त निजध्रुवशुद्ध ज्ञानदर्शनानंदमय आत्मा का प्रामाण्यसहित प्रत्यक्षज्ञान याने शुद्धात्मानुभव कर के बालत्व का/मिथ्याज्ञान का नाश करता है, उसे उसी समय निश्चयसम्यग्ज्ञान का उत्पाद होता है। अर्थात् जो अव्युत्पन्न है वह व्युत्पन्न (प्रबुद्ध) हो जाता है।

दूसरी अपेक्षा से मैं निश्चयसम्यग्ज्ञानी हूँ। बार-बार निर्विकल्प शुद्धात्मानुभव भी करता हूँ। लेकिन बार-बार सम्यग्दर्शन सहित सविकल्प अवस्था में आता हूँ, तो उस सविकल्प अवस्था का नाश होकर निरंतर निर्विकल्प अवस्था प्रकट करने के लिये यह न्यायदीपिका अर्थात् शुद्धात्मानुभूति की जा रही है।

जैसे श्री अमृतचंद्राचार्यजी **समयसार-आत्मख्याति**- कलश नं. ३ में कहते हैं कि-

" परपरिणतिहेतोर्मोहनाम्नोऽनुभावादविरतमनुभाव्यव्याप्तिकल्माषितायाः।
मम परमविशुद्धिः शुद्धचिन्मात्रमूर्तेर्भवतु समयसारव्याख्ययैवानुभूतेः ॥३॥ "

अर्थ :– द्रव्यदृष्टि से-निश्चयदृष्टि से शुद्धचिन्मात्रमूर्ति हूँ, उसका शुद्धात्मानुभव भी करता हूँ, लेकिन अभी इस पर्याय में कमजोरी है इसलिये पर परिणति का कारण जो मोह नामक कर्म (चारित्रमोह) है उसके अनुभव (उदयरूप विपाक) से जो अनुभाव्य-चेत्य रागादि परिणामों की व्याप्ति (अल्प सद्भाव) है उससे अविरत (निरंतर/बार-बार) कल्माषित अर्थात् पर्याय मैली है। इस समयसार (शुद्धात्मा तथा ग्रंथ) की व्याख्या (शुद्धात्मानुभव/टीका) से ही मेरी अनुभूति की अर्थात् अनुभवरूप परिणति की परमविशुद्धि-परमशुद्धि हो।

और भी देखिये- **न्यायकुमुदचन्द्र ग्रंथ के मंगलाचरण श्लोक नं. ४ में श्री प्रभाचन्द्राचार्यजी कहते हैं-**

बोधः कोप्यसमः समस्तविषयः प्राप्याऽकलङ्कं पदम् ।
जातस्तेन समस्तवस्तुविषयं व्याख्यायते तत्पदम्॥

अर्थ :– अकलंक-अनाद्यनंत शुद्ध पद-निजध्रुव चिदात्मा को प्राप्त कर के कोई भी असम समस्त विषयवाला बोध-प्रामाण्यसहित प्रत्यक्ष शुद्धात्मानुभव प्रकट होता है, उससे समस्त वस्तुविषयरूप उस एकत्वविभक्तात्मा का व्याख्यान करते हैं।

तीसरी अपेक्षा से अन्य जीवों को प्रबुद्ध करने के लिये यह (न्यायदीपिका) की जाती है ।

वह न्यायदीपिका कैसी है?

वह न्यायदीपिका (a) मित (b) स्पष्ट और (c) सन्दर्भ सहित है।

एक अपेक्षा से न्यायदीपिका ग्रंथ की रचना की जाती है, ऐसा अर्थ है। दूसरी अपेक्षा से '**न्यायदीपिका**' इस शब्द का अर्थ '**शुद्धात्मानुभूति**' है। यह क्षयोपशमरूप सम्यग्ज्ञान की अवस्था है, इसलिये दीपिका है। **जब सम्यग्ज्ञान उत्पन्न होता है तब ही जीवन में सच्चा न्याय उत्पन्न होता है;** और मिथ्याज्ञान ही अन्याय था, उसका नाश हो जाता है।

न्यायदीपिका का 'स्पष्ट' यह विशेषण है। एक अपेक्षा से उसका 'व्यक्त' यह अर्थ है कि जो शुद्धात्मानुभव है, वह स्पष्ट-प्रत्यक्ष है।

'सन्दर्भे' यह भी विशेषण है। एक अपेक्षा से इस ग्रंथ में निश्चयसम्यग्ज्ञानियों के लिखे हुए आगम के प्रमाण (आधार-उद्धरण) दिये हैं, उससे इस 'न्यायदीपिका' ग्रंथ की प्रामाणिकता-सच्चाई सिद्ध होती है। दूसरी अपेक्षा से न्यायदीपिका याने शुद्धात्मानुभूति का जो विषय-एकत्वविभक्तनिजध्रुव शुद्ध चिदानंदात्मा है, उसका जैसाँ का तैसा ही ज्ञान है, अर्थात् प्रतिभातविषय अव्यभिचारी है, इसलिये प्रामाण्य है। जो अतीन्द्रिय आनंद की परिणति हो गयी उसका भोग्य विषय निजध्रुवशुद्धचिदानंदात्मा है। अपनी आत्मा का और अपने आनंदगुण का नित्यतादात्म्य संबंध है, इसलिये सम्यक् आनंद है, आनंदाभास नहीं।

'मित' यह भी विशेषण है। एक अपेक्षा से यह न्यायदीपिका मित है याने संक्षेप में है, अल्प परिमाण है लेकिन अमित है। [विरच्यतेऽमित...] अर्थात् 'गागर में सागर' की भांति इस अल्प परिमाणवाले न्यायदीपिका ग्रंथ में न्यायमहार्णव-न्याय के सागर को भर दिया है।

दूसरी अपेक्षा से 'मित-न्यायदीपिका' याने मित-क्षयोपशमरूप शुद्धात्मानुभव है। अव्रती सम्यक्त्वी जीव भी क्षयोपशमज्ञान से शुद्धात्मा का अनुभव करता है। अल्पज्ञानी भी निजध्रुवशुद्धचिदानंदात्मा का शुद्ध अनुभव करता है। सम्यक्त्वी व्रती भी अल्प क्षयोपशम ज्ञान से निजध्रुवचिदानंदात्मा का शुद्ध अनुभव करता है। इस क्षयोपशम सम्यग्ज्ञान पर्याय में अमित-अनंत अविभाग प्रतिच्छेद हैं। सम्यग्ज्ञानरूप अंकुर प्रकट हुआ है, उससे नियम से अल्पकाल में सर्वज्ञरूप बड़ा पेड़ (फलादि सहित वृक्ष) प्रकट होगा ही।

'विरच्यते' अर्थात् 'मया विरच्यते' याने मेरे द्वारा रचना की जाती है। यह कर्मणि प्रयोग है। 'मेरे द्वारा' ऐसा कहकर यह कह दिया है कि मैं इसका अकर्ता हूँ। इससे अहंकार-मान-गर्व आदि कषाय नहीं है, यह प्रकट होता है। यह पुद्गल की रचना करने में पुद्गल का कर्तृत्व है।

दूसरी अपेक्षा से यह न्यायदीपिका याने शुद्धात्मानुभूति की रचना सहज ही हो गयी, उसमें परिश्रम या कष्ट नहीं है और वह रचना करने में निश्चयनय से मैं अकर्ता की प्रतीति करता हूँ अर्थात् अकर्ता हूँ। आप लोग भी अभी सहज सुलभ ही स्वकीय-स्वकीय ध्रुवशुद्ध-चिदानंदात्मा का शुद्ध अनुभव करेंगे।

इस मंगलाचरण में वस्तुस्वरूप का, विषय का (प्रकरण का) सार भर दिया गया है।

इसमें मिथ्याज्ञान का व्यय तथा सम्यग्ज्ञान का उत्पाद और ध्रुव भी बताया गया है; और सम्यग्ज्ञान का पूर्ण विकास-अनंतज्ञान है, यह बताया गया है। इस मंगलाचरण में बहिरात्मा, अंतरात्मा और परमात्मा का संकेत किया गया है। व्यवहारनय से परमात्मा ही आदर्श है, यह भी बताया गया है। निश्चयनय से अपना निजध्रुवशुद्धपरमपारिणामिकचिदानंदात्मा ही विषय, ज्ञेय, ध्येय, श्रद्धेय, भोग्य, अनुभाव्य, वेद्य, साध्य, चेत्य, आराध्य, प्रमेय, उपादेय है।

इसमें प्रत्यक्षज्ञान, परोक्षज्ञान का संकेत मिलता है। प्रामाण्य का संकेत भी किया गया है। प्रमिति-ज्ञान के फल का भी संकेत किया गया है। प्रत्यक्षज्ञान की निर्मलता का भी संकेत है। शुद्धात्मानुभव के प्रयोजन का भी संकेत किया गया है। अशुद्ध को हेय (त्याज्य) बताया, और शुद्ध को प्राप्त/ग्रहण करने योग्य भी बताया है। सम्यक् साधक को शुद्ध भाव होता है, बीच में शुभभाव आ जाता है, तो भी शुद्धभाव पर्यायदृष्टि से उपादेय (प्रगट करने के योग्य) है और उस शुद्ध परिणति का आश्रयरूप विषय निजध्रुवशुद्धचिदानंद आत्मा है, यह निश्चयदृष्टि से उपादेय बताया है।

इसमें निश्चयवात्सल्य अंग भी बताया और व्यवहारवात्सल्य अंग भी बताया गया है। उसी तरह प्रभावना आदि अंग भी बताये गये हैं। इत्यादि।

'**बालप्रबुद्धये**' इससे यह बताया है कि जिस तरह अचेतन लकड़ी अथवा पत्थर में ज्ञानगुण न होने से जानने की क्रिया नहीं होती है उसीतरह विशिष्ट व्यापक अवगाहनहेतुत्ववाले आकाशद्रव्य में, गतिहेतुत्ववाले

धर्मद्रव्य में, स्थितिहेतुत्ववाले अधर्मद्रव्य में, वर्तनाहेतुत्वगुणवाले कालद्रव्यों में, तथा स्पर्श-रस-गंध-वर्ण-गुणवाले पुद्गलद्रव्यों में जानने की क्रिया नहीं होती है।

प्रथम मंगल याने शुद्धात्मानुभव याने निर्विकल्पज्ञान करते ही संसारसागर में न डूबकर, संसारसागर पार (उत्तीर्ण) करने के लिये नौका पर आरूढ़ हो जाते हैं और व्यवहारनय से शिष्य पारगामी होते हैं। फिर सविकल्पज्ञान अवस्था में आते हैं। फिर मध्य याने दूसरा मंगल याने शुद्धात्मानुभव याने निर्विकल्पज्ञान करते ही शुद्धि की वृद्धि होने लगती है। व्यवहारनय से विद्या या पटुता प्राप्त होती है। फिर सविकल्पज्ञान अवस्था में आते हैं। फिर अन्तिम मंगल याने शुद्धात्मानुभव याने निर्विकल्पज्ञान करते ही शुद्धि का फल अतींद्रिय आनंद प्राप्त होता है। व्यवहार से विद्याफल प्राप्त होता है।

भो आत्मन्! भो प्रभु! आप कोई भी संसारकार्य करने के पहले शुद्धात्मानुभव करो। फिर वह कार्य करने के मध्य में शुद्धात्मानुभव करो। फिर उस संसारकार्य के अन्त में फिर से शुद्धात्मानुभव करो। अभी आपको शांति, समाधान और समता प्राप्त होगी और सब दुःख नष्ट हो जाते हैं। अभी इसी समय सम्यक् आनंदमय जीवन प्राप्त होता है। अल्प भी प्रयत्न कर के देखो तो सुफल मिलता ही है।

संस्कृत पृष्ठ नं. ५५, परिच्छेद नं. १ →

[प्रमाण और नय के विवेचन की भूमिका]

'प्रमाणनयैरधिगमः' अर्थात्

(आ) प्रमाण और (ब) नय [चार्ट नं. ७ और चार्ट नं. २०] इन के द्वारा अधिगम (ज्ञान-बोध) होता है। महाशास्त्र तत्त्वार्थसूत्र के प्रथम अध्याय का यह छठवाँ सूत्र है। वह वास्तव में परम पुरुषार्थ मोक्ष के अव्याबाध अनंत अतीन्द्रिय आनंद के कारणभूत सम्यग्दर्शन, सम्यग्ज्ञान और सम्यक्चारित्र [सम्यग्दर्शनज्ञानचारित्राणि मोक्षमार्गः] के विषयभूत जीवादि (द्रव्य तथा जीव, अजीव, आस्रव, बन्ध, संवर, निर्जरा और मोक्ष) इन तत्त्वों [जीवाजीवास्रवबन्धसंवरनिर्जरामोक्षास्तत्त्वम्] आदि का ज्ञान करानेवाले उपायों का [(आ) प्रमाण और (ब) नय रूप से] निरूपण करता है; क्योंकि (आ) प्रमाण और (ब) नय इन दोनों के द्वारा ही जीवादि पदार्थों का विश्लेषणपूर्वक सम्यग्ज्ञान होता है।

विशेषार्थ :– ॐ! भो प्रभु!! संसार में सभी जीव यह भावना करते हैं कि- "मैं परम सुखी हो जाऊँ। मैं परिपूर्ण आनंदी रहूँ। कभी भी दुःख न होवे। निरंतर आनंद ही रहे। संपूर्ण जीवन आनंदमय रहे। लेशमात्र भी दुःख न रहे। अणुमात्र भी (अल्प भी) दुःख न रहे। पूर्ण भोग प्राप्त हो जावे।"

सभी जीव परम आनंदमय रहें। यह अच्छी बात है। मैं भी परम आनंदमय रहूँ। **ऐसा परम आनंदमय जीवन जीने के लिये अधिगम होना चाहिये, बोध होना चाहिये, जानकारी चाहिये, ज्ञान चाहिये, सम्यग्ज्ञान चाहिये।**

किसी भी वस्तु को जानने के दो साधन हैं।

(१) (आ) प्रमाणज्ञानपर्याय याने सकलज्ञानपर्याय साधन और

(२) (ब) नयज्ञानपर्याय याने विकलज्ञानपर्याय साधन।

यहाँ प्रमाण का अर्थ है सकल और नय का अर्थ है विकल। ये दोनों भी ज्ञानपर्यायें हैं। ये दोनों प्रकार

की (प्रमाण याने सकल और नय याने विकल) ज्ञानपर्यायें छद्मस्थ जीवों को होती हैं। केवलज्ञान पर्याय यह (आ २)/प्रत्यक्ष प्रमाणज्ञानों में (आ २) पूर्ण प्रत्यक्ष सकल ज्ञानपर्याय है, नय याने (ब) विकल ज्ञानपर्याय नहीं। इस को समझने के लिये चार्ट नं. २० और चार्ट नं. ७ का उपयोग कीजिए।

आलापपद्धति में ऐसा लिखा है कि,

संस्कृत	हिंदी
" **सकलवस्तुग्राहकं प्रमाणम्।**	सकल वस्तुग्राहक को प्रमाण कहते हैं; अर्थात् प्रमाण याने सकल (आ)। देखो चार्ट नं. ७ और चार्ट नं. २०
प्रमीयते परिच्छिद्यते वस्तुतत्त्वं येन ज्ञानेन तत् प्रमाणम्।	**जिस ज्ञानपर्याय के द्वारा वस्तुतत्त्व को जाना जाता है उस ज्ञानपर्याय को प्रमाण कहते हैं।**
...चतुर्विधं मतिश्रुतावधिमन:पर्ययरूपम्।	मतिज्ञान, श्रुतज्ञान, अवधिज्ञान और मन:पर्यय-ज्ञानपर्याय ये चार भेद हैं।
निर्विकल्पं मनोरहितं केवलज्ञानम्। इति प्रमाणस्य व्युत्पत्ति:।	केवलज्ञान निर्विकल्प मन रहित है। इस प्रकार प्रमाण याने **सकल (आ)** की व्युत्पत्ति है।
प्रमाणेन वस्तुसंगृहीतार्थैकांश: नय: श्रुतविकल्प: वा,	प्रमाण के द्वारा वस्तुसंगृहीतार्थ के एक अंश को नय कहते हैं अथवा श्रुतविकल्प को अर्थात् **(ब) श्रुतज्ञान** को नय कहते हैं।

तत्त्वार्थसूत्र की **श्लोकवार्तिक** टीका-अध्याय १, सूत्र ६, पृष्ठ नं. ११८ से १२४ में से कुछ उद्धरण–

कथं पुन: प्रमाणं अभ्यर्हितं नयात् **इति आह-**	**शंका**–नय से प्रमाण कैसे पूज्य है?
प्रमाणं सकलादेशि नयादभ्यर्हितं मतम्। विकलादेशिनस्तस्य वाचकोऽपि तथोच्यते॥३॥	**समाधान**–प्रमाण सकलादेशी है, इसलिये विकलादेशी नय से प्रमाण पूज्य है। उसी तरह उसके वाचक याने (क) प्रमाणवाक्य (ख) नयवाक्य से पूज्य है।
[जयधवल पुस्तक १, पृष्ठ १८५-१८६- " ...सप्तानां **सुनयानां** सकलादेशत्वम्... एकधर्मप्रधानभावेन साकल्येन वस्तुन: प्रतिपादकत्वात्।... ...सप्तानां **दुर्नयानां** विकलादेशत्वम्... एकधर्मविशिष्टस्य एव वस्तुन: प्रतिपादनात्।]	[इसीलिये जयधवला पु.१, पृष्ठ १८५-१८६ पर श्री वीरसेनाचार्यजी ने प्रमाणवाक्य को सुनय और नयवाक्य को दुर्नय अर्थात् उपनय कहा है। सुनय भी सम्यक्नय है और दुर्नय याने उपनय भी सम्यक्नय है। उन सुनय (प्रमाणवाक्य) और दुर्नय (नयवाक्य) से कुनय (मिथ्यानय) भिन्न है।]
कथं अभ्यर्हितत्वानभ्यर्हितत्वाभ्यां सकलादेशि-त्वविकलादेशित्वे व्याप्तिसिद्धे, यत: प्रमाणनययो: ते सिध्दयते इति चेत्,	**शंका**–पूज्यपना और अपूज्यपना के साथ (आ) सकलादेशीपना और (ब) विकलादेशीपना की व्याप्ति कैसे सिद्ध है कि जिससे (आ) प्रमाण और (ब) नय इन दोनों में वह सिद्ध की जाती है?

संस्कृत	हिंदी
प्रकृष्टाप्रकृष्टविशुद्धिलक्षणत्वाद् अभ्यर्हितत्वानभ्यर्हितत्वयोः तद्व्यापकत्वं इति ब्रूमः। न हि प्रकृष्टां विशुद्धिं अन्तरेण प्रमाणं अनेकधर्मधर्मिस्वभावं सकलं अर्थं आदिशति, नयस्य अपि सकलादेशित्वप्रसंगात्। नापि विशुद्ध्यपकर्षं अंतरेण नयः धर्ममात्रं वा विकलं आदिशति प्रमाणस्य विकलादेशित्वप्रसंगात्।	**समाधान**– प्रकृष्टविशुद्धिलक्षणत्व से सकलादेशी (आ) को पूज्यपना है और अप्रकृष्टविशुद्धिलक्षणत्व से विकलादेशी (ब) को अपूज्यपना है, ऐसा व्यापकपना सिद्ध है, ऐसा हम (आचार्यश्री) कहते हैं। प्रकृष्ट विशुद्धि के बिना अनेकधर्मधर्मीस्वभाववाला प्रमाण (आ) सकल/(आ) अर्थ को दिखा नहीं सकता, अन्यथा नय को भी सकलादेशीपना प्राप्त होने का प्रसंग (दोष) आ जायेगा। अप्रकृष्टविशुद्धि के बिना नय (प्रमाणवाक्य अर्थात् धर्मीवचन याने अभेदवृत्ति या अभेदोपचार) अथवा धर्ममात्र (नयवाक्य अर्थात् धर्मवचन याने भेदोपचार या भेदवृत्ति) विकल (ब) को नहीं दिखाता है क्योंकि अन्यथा प्रमाणज्ञान (आ) को भी विकलादेशीपना प्राप्त होने का प्रसंग (दोष) आ जायेगा।
शंका – यथांशिनि प्रवृत्तस्य ज्ञानस्येष्टा प्रमाणता। तथांशेष्वपि किं न स्यादिति मानात्मको नयः ॥१८॥	**शंका –** जैसे अंशी वस्तु में प्रवृत्ति करनेवाले ज्ञान को प्रमाण माना जाता है वैसे ही वस्तु के अंश में प्रवृत्ति करनेवाले अर्थात् जाननेवाले (क) नय को (आ) प्रमाण (सकल) क्यों नहीं माना जाता ?
तन्नांशिन्यपि निःशेषधर्माणां गुणतागतौ। द्रव्यार्थिकनयस्यैव व्यापारान्मुख्यरूपतः ॥१९॥	**समाधान**–उक्त आशंका ठीक नहीं; क्योंकि जिस अंशी या धर्मी में उसके सब अंश या धर्म गौण हो जाते हैं, उस अंशी में मुख्यरूप से द्रव्यार्थिकनय की ही प्रवृत्ति होती है।
धर्मिधर्मसमूहस्य प्राधान्यार्पणया विदः। प्रमाणत्वेन निर्णीतेः प्रमाणादपरो नयः ॥२०॥	धर्मीधर्मसमूह को प्रधानरूप से जाननेवाले ज्ञान को प्रमाण कहते हैं, अतः 'नय (ब)' प्रमाण से [(आ) से] भिन्न है।
गुणीभूताखिलांशे अंशिनि ज्ञानं नयः एव तत्र द्रव्यार्थिकस्य व्यापारात्।	जो ज्ञान गुणीभूत (गौणरूप) अखिल अंशरूप अंशी में प्रवृत्त होता है याने जानता है वह नय है, क्योंकि वहाँ द्रव्यार्थिकनय का व्यापार है।
प्रधानभावार्पितसकलांशे तु प्रमाणं इति न अनिष्टापत्तिः अंशिनः अत्र ज्ञानस्य प्रमाणत्वेन अभ्युपगमात्।	लेकिन प्रधानभाव अर्पित सकल अंश में प्रमाण (आ) की प्रवृत्ति है, इसमें अनिष्ट आपत्ति नहीं क्योंकि यहाँ अंशी को जाननेवाले ज्ञान को प्रमाणत्वरूप से माना गया है।
ततः प्रमाणात् अपरः एव नयः।	अतः (आ) प्रमाण याने सकलादेशी ज्ञानसे (ब) नय [विकलादेशी] भिन्न ही है।

संस्कृत

.....

कात्स्न्र्येन प्रमाणं नयः संवादकत्वात् स्वेष्टप्रमाणवत् इति चेत् ?

न, अस्य एकदेशेन संवादकत्वात्; कात्स्न्र्येन तत् सिद्धेः।

कथं एवं प्रत्यक्षादेः ततः प्रमाणत्वसिद्धिः तस्य एकदेशेन संवादकत्वात् इति चेत्,

न, कतिपयपर्यायात्मकद्रव्ये तस्य तत्त्वोपगमात्। तथैव सकलादेशित्वप्रमाणत्वेन अभिधानात्, सकलादेशः प्रमाणाधीनः इति।

हिंदी

शंका –
जैसे (आ) प्रमाण [सकलादेशी] संपूर्णरूप से संवादक है। वैसे (ब) नय संपूर्णरूप से प्रमाण है; क्योंकि संवादक (समीचीन या सम्यग्ज्ञान) है, ऐसा मानेंगे तो ठीक है क्या ?
समाधान– आपका कथन ठीक नहीं है, क्योंकि (ब) नय (विकलादेशी) को एकदेश से संवादकपना (समीचीनपना या सम्यग्ज्ञानपना) है और (आ) प्रमाण [सकलादेशी] को संपूर्णरूप से संवादकपना (समीचीनपना या सम्यग्ज्ञानपना) है।

शंका –
इस प्रकार से है, तो (आ२) केवलज्ञान (सर्वज्ञता) पर्याय को (आ) प्रमाण [सकलादेशी] मान्य है (क्योंकि क्षायिकज्ञान है)। लेकिन प्रत्यक्षादि ज्ञानपर्याय [(आ १) मतिज्ञान, (आ १) श्रुतज्ञान, (आ ३) मनःपर्ययज्ञान, (आ ४) अवधिज्ञान, (आ ५) मतिज्ञान और (आ ५) श्रुतज्ञान] को उस प्रकार से (आ) प्रमाणत्व (सकलदेशित्व) कैसे सिद्ध होता है; क्योंकि वे [(आ १) मतिज्ञान, (आ१) श्रुतज्ञान, (आ ३) मनःपर्ययज्ञान, (आ ४) अवधिज्ञान, (आ ५) मतिज्ञान और (आ ५) श्रुतज्ञान] एकदेश से संवादक हैं, (याने मति, श्रुत, अवधि, मनःपर्ययज्ञान क्षयोपशमज्ञान हैं, क्षायिकज्ञान नहीं) ?
समाधान –आपका कथन ठीक नहीं है; क्योंकि (आ १) मतिज्ञान, (आ १) श्रुतज्ञान, (आ ३) मनःपर्ययज्ञान, (आ ४) अवधिज्ञान, (आ ५) मतिज्ञान और (आ ५) श्रुतज्ञान इनका विषय ' **कतिपयपर्यायात्मकद्रव्य** ' है, धर्मसमूह-धर्मी ऐसा माना गया है; क्योंकि (आ) प्रमाण प्रत्यक्ष और (आ) प्रमाण परोक्ष क्षयोपशमज्ञानों में भी ' धर्मीधर्मसमूह ' यह लक्षण जाता है; जैसे (आ२) केवलज्ञान में (आ) प्रमाण (सकलादेशी) का ' धर्मीधर्मसमूह ' यह लक्षण है क्योंकि सकलादेश प्रमाणाधीन है। इतना फर्क अवश्य है कि, (आ) प्रमाण (सकलादेशी) क्षयोपशमज्ञान में **कुछ** पर्यायात्मकद्रव्य याने **कुछ** धर्मसमूह तथा धर्मी या **कुछ** गुणसमूह तथा धर्मी है; और (आ) प्रमाण (सकलादेशी) क्षायिकज्ञान में **सर्व**पर्यायात्मकद्रव्य याने **सर्व**धर्मसमूह तथा धर्मी या **सर्व**पर्यायसहित**सर्व**द्रव्य हैं।

संस्कृत

....

मतेरवधितो वापि मनःपर्ययतोऽपि वा।
ज्ञातस्यार्थस्य नांऽशेऽस्ति नयानां वर्तनं ननु ॥२४॥
निःशेषदेशकालार्थागोचरत्वविनिश्चयात्।
तस्येति भाषितं कैश्चिदयुक्तमेव तथेष्टितः ॥२५॥

न हि मत्यवधिमनःपर्ययाणां अन्यतमेन अपि प्रमाणेन गृहीतस्य अर्थस्य अंशे नयाः प्रवर्तन्ते, तेषां निःशेषदेशकालार्थगोचरत्वात् मत्यादीनां तदगोचरत्वात्। न हि मनोमतिः अपि अशेषविषया करणविषये तज्जातीये वा प्रवृत्तेः।

त्रिकालगोचराशेषपदार्थांशेषु वृत्तितः।
केवलज्ञानमूलत्वमपि तेषां न युज्यते ॥२६॥
परोक्षाकारतावृत्तेः स्पष्टत्वात् केवलस्य तु।
श्रुतमूला नयाः सिद्धा वक्ष्यमाणाः प्रमाणवत् ॥२७॥

हिंदी

शंका–

आप जैनों ने इस प्रकार कहा था कि 'प्रमाणों से जान ली गयी वस्तु के अंशों में नयज्ञान प्रवर्तते हैं, किन्तु मतिज्ञान से या अवधिज्ञान से अथवा मनःपर्ययज्ञान से भी जान लिये गये अर्थ के अंशों में तो नयों की प्रवृत्ति नहीं हो रही है; क्योंकि वे मति, अवधि, मनःपर्यय ज्ञान संपूर्ण देश-काल के अर्थों को विषय नहीं कर पाते हैं, ऐसा विशेषरूप से निर्णीत हो चुका है।

किन्तु संपूर्ण देशकालवर्ती वस्तु का समीचीन ज्ञान होने पर ही नयज्ञान की प्रवृत्ति होना माना गया है। अतः मतिज्ञान, अवधिज्ञान और मनःपर्ययज्ञान इन ज्ञानों से नयज्ञान की प्रवृत्ति नहीं हुई।

समाधान–यह ठीक है क्योंकि मतिज्ञान, अवधिज्ञान और मनःपर्ययज्ञान (आ) प्रमाणरूप सकलादेशी ही हैं, (ब) नयज्ञानरूप विकलादेशी नहीं हैं।

मति, अवधि तथा मनःपर्यय इन तीन ज्ञानों में से किसी एक प्रमाण से भी गृहीत अर्थ के अंश में नयज्ञान नहीं प्रवर्तते हैं; क्योंकि इन नयज्ञानों का सम्पूर्ण देशकाल-अर्थ विषय है और मतिज्ञान, अवधिज्ञान तथा मनःपर्ययज्ञान इनका संपूर्ण देशकाल-अर्थ विषय नहीं है। मनोमतिज्ञान (मानस मतिज्ञान) भी संपूर्ण देशकाल के विषयों को नहीं जानता, क्योंकि इंद्रियों के विषयों में अथवा उनकी जातिवाले अतीन्द्रिय विषयों में (अनिन्द्रिय विषयों में) प्रवर्तता है। भले ही धर्म, अधर्म, आकाशादि को कुछ अंशों में जान ले किन्तु नयों का निःशेषदेशकाल-अर्थ विषय है।

तीनों काल संबन्धी विषय हो रहे संपूर्ण पदार्थों के अंशों में प्रवृत्ति होने के कारण उन नयज्ञानों का मूल कारण केवलज्ञान है, ऐसा मानना योग्य नहीं; क्योंकि नयज्ञानों की परोक्षाकारवृत्ति है। लेकिन केवलज्ञान प्रत्यक्ष-स्पष्ट है। यदि केवलज्ञान को मूल कारण मानेंगे तो नयज्ञानों को प्रत्यक्षज्ञान मानने का दोष आयेगा किन्तु **नयज्ञान अस्पष्ट-परोक्षज्ञान हैं।** इसलिये **नयों का मूल कारण श्रुतज्ञान है,** ऐसा सिद्ध है। प्रमाणों के समान नय के इस सिद्धांत को आगे ग्रन्थ में कहेंगे।

इस (आ) प्रमाण-सकलादेशी ज्ञानपर्याय साधन को और (ब) नय-विकलादेशी ज्ञानपर्याय साधन को समझने के लिये चार्ट नं. २० पर चित्र दिया है। केवलज्ञानपर्याय सकलादेशी ज्ञानपर्याय है, यह सर्वज्ञ माननेवालों को सुविदित ही है। अब क्षयोपशमज्ञानरूप (आ) प्रमाण और (ब) नय ज्ञानों को समझाने के लिये चित्र नं. २० पर बॅटरी का चित्र दिया हैं। उस बॅटरी की आगे की कांच पूर्ण सफेद है वह



(आ) प्रमाण-सकलादेशी के लिये उदाहरण है।



यहाँ बॅटरी की कांच का कुछ भाग सफेद तथा कुछ भाग काला किया है वह (ब) नय-विकलादेशी के लिये उदाहरण है।

जैसे जब युद्ध चालू नहीं रहता है, तब मोटर-सायकल तथा कार, ट्रक इन के सामने के प्रकाश देनेवाले बॅटरी-दीपक की सामने की कांच पूर्ण सफेद है, उस समय प्रकाश सकलरूप से आता है।



जब युद्ध चालू रहता है, तब मोटर-सायकल, तथा कार, ट्रक इनके सामने के प्रकाश देनेवाले बॅटरी-दीपक की सामने की कांच का कुछ भाग सफेद तथा कुछ भाग काला किया है, उस समय प्रकाश विकलरूप से आता है।

यहाँ प्रकाश साधन में सकल और विकल ये भेद किये हैं। उस ही तरह से ज्ञानपर्याय (ज्ञानोपयोग) जानने के साधन हैं, उनमें (आ) प्रमाण-सकलादेशी साधन है और (ब) नय-विकलादेशी साधन है। यहाँ प्रकाश्य विषयरूप पथ, पेड़ (वृक्ष) इनके प्रमाण तथा नय की चर्चा नहीं की गयी। उसी तरह ज्ञेय, विषय, निक्षेपरूप पथ, पेड़ आदि इनके प्रमाण तथा नय की यहाँ इस चार्ट नं. २० पर चर्चा नहीं की गयी। किन्तु '**प्रमाणनयैः अधिगमः**' इस सूत्र में ज्ञानपर्याय **साधन** का कथन किया है, निक्षेप याने ज्ञेय, विषय (प्रमेय) का कथन नहीं किया है।

बॅटरी-प्रकाश-साधन के सकल और विकल भेद समझ में आये होंगे। अब ज्ञानपर्याय साधन के सकल और विकल भेद समझने के लिये लौकिक दृष्टान्त देते हैं–

जैसे २० साल की उमरवाली भारतीय युवती की २५ साल की उमरवाले युवक के साथ शादी हो गयी और उसको तीन माह हो गये। एक दिन वह युवक अपनी पत्नी से कहने लगा कि '**हृदय में दर्द हो रहा है**' और नीचे गिर पड़ा और मर गया। वह युवती उस मृत शरीर की तरफ देखती ही रह गयी। कुछ बात नहीं करती, रोती भी नहीं। बस उस तरफ देख ही रही है। भीड़ इकट्ठी हो गयी। कोई वृद्ध कहने लगा कि 'उस युवती को बात करने के लिये कहो, यदि वह उस तरफ 'ऐसी ही' देखती रहेगी, तो वह युवती पागल हो जायेगी। बहुत गहरा असर हो जायेगा। तब किसी वृद्ध स्त्री ने रोते हुए कहा- **बहुत दुःख है।** उस समय वह युवती भी रोते हुए कहने लगी '**हाय! मेरा पति नष्ट हो गया।**'

जब वह युवती भी बात न करते हुए 'पति नष्ट हो गया' यह जान रही थी तब उसकी ज्ञानपर्याय (आ१) प्रमाण-सकलादेशी थी। इसलिये उसमें गाढत्व अधिक था; और जब वह बोली कि 'हाय! मेरा पति नष्ट हो गया' तब उस युवती की ज्ञानपर्याय (ब) नय-विकलादेशी थी अर्थात् (क) प्रमाणवाक्य सप्तभंगी में से

(घ) अभेदोपचारनयज्ञानपर्याय थी। इसलिये उसमें गाढत्व कम था।

आगे और भी देखिये– पुत्र 'लड्डू का स्वाद' ले (जान) रहा है। बात नहीं कर रहा है। लड्डू का स्वाद जान रहा है। माँ उसे लड्डू परोसती ही रहेगी। उस समय पुत्र (आ१) प्रमाण-सकलादेशी ज्ञानपर्याय से लड्डू को जान रहा है। उस समय गाढत्व अधिक है; लेकिन जब वह ही पुत्र बोल रहा है कि, 'लड्डू स्वादिष्ट है' उस समय पुत्र (ब) नय-विकलादेशी ज्ञानपर्याय से 'लड्डू' को जान रहा है। उस समय गाढत्व कम है।

जब कोई आदमी 'पॅन्ट का रंग' देख रहा है, बात नहीं कर रहा है, देख ही देख रहा है, उस समय वह (आ१) प्रमाण-सकलादेशी ज्ञानपर्याय से जान रहा है, उसमें गाढत्व (प्रकृष्ट विशुद्धि) अधिक है; और जब वह बोल उठा कि, 'रंगीन पॅन्ट है', उस समय वह (ब) नय-विकलादेशी [अभेदवृत्ति प्रमाणवाक्य] से 'रंगीन पॅन्ट का' जान रहा है, उसमें गाढत्व कम (अप्रकृष्ट विशुद्धि) है।

जब कोई आदमी 'गंध युक्त कस्तूरी' को सूंघ रहा, भोग रहा अर्थात् जान रहा है, भोग (जान) ही भोग (जान) रहा है; उस समय वह (आ१) प्रमाण-सकलादेशी ज्ञानपर्याय से जान रहा है, उसमें प्रकृष्टविशुद्धि है। जब वह बोल उठा कि 'गंधवाली कस्तूरी' है। उस समय वह (ब) नय विकलादेशी [अभेदवृत्ति प्रमाणवाक्य] ज्ञानपर्याय से 'गंधवाली कस्तूरी' को जान रहा है, उसमें अप्रकृष्ट विशुद्धि है।

इससे यह सिद्ध हुआ कि "**श्लोकवार्तिक ग्रन्थ में जो कहा था कि, '(आ) प्रमाण-सकलादेशी ज्ञानपर्याय साधन से जानने में प्रकृष्टविशुद्धि है, (ब) नय-विकलादेशी ज्ञानपर्याय साधन से जानने में अप्रकृष्टविशुद्धि है,**" वह सत्य ही है और लौकिक व्यवहार में भी वैसी ही प्रतीति आती है।

अब पारमार्थिक सम्यक् आनंद का भोग लेना है तो सम्यग्दर्शन, सम्यग्ज्ञान और सम्यक्चारित्र के विषयभूत जीवादि ६ द्रव्य तथा जीव, अजीव, आस्रव, बन्ध, संवर, निर्जरा तथा मोक्ष इन सात तत्त्वों का ज्ञान करानेवाले उपायों का अर्थात् '(आ) प्रमाण और (ब) नय' इन का ज्ञान करना आवश्यक है।

सम्यग्दर्शन – मूलभूत वस्तुस्वरूप की जानकारी करके "अपने शाश्वतशुद्ध ज्ञानदर्शनानंदस्वभाववान निजपरमात्मा में जो रुचि, वह सम्यग्दर्शन है।"

सम्यग्ज्ञान – मूलभूत वस्तुस्वरूप की जानकारी करके "अपने शाश्वतशुद्धज्ञानदर्शनानंदस्वभाववान निजपरमात्मा के बारे में जो प्रामाण्यसहित प्रत्यक्षज्ञान है (रागादिरहित स्वसंवेदन है), वह सम्यग्ज्ञान है।"

सम्यक्चारित्र – मूलभूत वस्तुस्वरूप की जानकारी करके "अपने शाश्वतशुद्धज्ञानदर्शनानंदस्वभाववान निजपरमात्मा में आचरण करना [स्वरूपे चरणम्] वह अपने आत्मा का वीतराग [सम] परिणाम ही सम्यक्चारित्र है।"

सम्यग्दर्शन, सम्यग्ज्ञान तथा सम्यक्चारित्र प्राप्त करने के लिये मूलभूत वस्तुस्वरूप को जानना आवश्यक है। उस मूलभूत वस्तुस्वरूप के विषयभूत जीवादि ६ द्रव्य तथा जीव, अजीव, आस्रव, बन्ध, संवर, निर्जरा तथा मोक्षादि सात तत्त्व हैं। उन जीवादि विषयों को प्रमाण से और निश्चयदृष्टि से तथा व्यवहारदृष्टि से जानना आवश्यक है।

"प्रमाणनयाभ्याम्" यह "प्रमाणनय" शब्दकी तृतीया विभक्ति का द्विवचन है। इसलिये (आ) प्रमाण और (ब) नय दो ही जानने के साधन हैं।

संस्कृत पृष्ठ नं. ५५, परिच्छेद नं. १ →

(आ) प्रमाण (सकलादेशी) और (ब) नय (विकलादेशी) इन दोनों को छोड़कर जीवादिक के जानने के साधनरूप अन्य कोई उपाय संभव नहीं है।

विशेषार्थ :– इससे यह जाना जाता है कि, "समयसार गाथा नंबर १४३ तथा १४४" में और उसकी आत्मख्याति टीका में तथा तात्पर्यवृत्ति टीका में जो "सर्वनयपक्षरहित" की बात कह दी गयी है, वह कथन ज्ञानपर्याय साधन की अपेक्षा से है। अर्थात् नयपक्षरहित या नयातीत साधन का प्रयोग "शुद्धात्मानुभव" के समय में (काल में) करो। इस के लिये श्री देवसेनाचार्यकृत श्रुतभवनदीपक नयचक्र-पृष्ठ–३२ द्रष्टव्य है–

"प्रत्यक्षानुभूतिः नयपक्षातीता"

अर्थ :– नयपक्षातीत याने प्रत्यक्ष अनुभूति करना, **नयातीत** होना याने (ब) नयज्ञान पर्याय को [परोक्षज्ञानपर्याय को] छोड़ देना। **पक्षातीत** होना याने (आ१) प्रमाण-सकलादेशी ज्ञानपर्याय [अर्थात् (आ१) मतिज्ञानपर्याय तथा (आ१) श्रुतज्ञानपर्याय को] छोड़ देना। और **(आ) प्रमाण सकलादेशी प्रत्यक्ष** ज्ञान करना अर्थात् कोई जीव '(आ५) प्रमाण-सकलादेशी-प्रत्यक्ष**मतिज्ञानपर्याय** के द्वारा' ज्ञानदर्शनानंदादिगुणमयध्रुवनिजात्मा को प्रत्यक्ष जानता है। कोई जीव '(आ५) प्रमाण-सकलादेशी प्रत्यक्ष**श्रुतज्ञानपर्याय** के द्वारा' ज्ञानदर्शनानंदादिगुणमयध्रुवनिजात्मा को प्रत्यक्ष जानता है। कोई जीव '(आ२) प्रमाण-सकलादेशी प्रत्यक्ष **केवलज्ञानपर्याय** के द्वारा' ज्ञानदर्शनानंदादिगुणमयध्रुवनिजात्मा को प्रत्यक्ष जानता है। इसको समझने के लिये चार्ट नं. २० और चार्ट नं. ७ देखो।

शंका–

(A) समयसार– गाथा क्रमांक ११ में '**भूदत्थमस्सिदो**' ऐसा कहा है,

(B) समयसार– आत्मख्याति कलश क्रमांक १३ में '**...शुद्धनयात्मिका...**' ऐसा कहा है और

(C) पंचाध्यायी– अध्याय २, श्लोक क्रमांक ४०३ में '**...शुद्धनयात्मिका...**' ऐसा कहा है, वह किस अपेक्षा से कहा है?

समाधान–

(A) समयसार– गाथा क्रमांक ११ में '**भूदत्थमस्सिदो**' है याने भूतार्थ का आश्रय अर्थात् शुद्धनय का आश्रय है अर्थात् शुद्धनिश्चयनय का जो विषय 'ज्ञानदर्शनानंदादिगुणमय ध्रुवशुद्धनिजात्मा' है, उस 'ज्ञानदर्शनानंदादिगुणमय ध्रुवशुद्धनिजात्मा का आश्रय' है।

(B) समयसार– आत्मख्याति कलश क्रमांक १३ में तथा

(C) पंचाध्यायी– अध्याय २, श्लोक नं. ४०३ में जो "**शुद्धनयात्मिका**" शब्द है, उसका भी अर्थ 'ज्ञानदर्शनानंदादिगुणमय ध्रुवशुद्धनिजात्मा' ऐसा है। याने 'ज्ञानदर्शनानंदादिगुणमय ध्रुवशुद्धनिजात्मा' यह वेद्य-विषय-ज्ञेय-श्रद्धेय-ध्येय-अनुभाव्य-प्रकाश्य-निक्षेप है; और उस 'विषय' का शुद्धानुभव करने का (आ२) **प्रमाण-सकलादेशी-प्रत्यक्षज्ञान-केवलज्ञानप्रत्यक्ष-क्षायिकज्ञान** साधन है। **तथा** (आ ५) **प्रमाणसकलादेशी-प्रत्यक्षज्ञान-मतिज्ञानप्रत्यक्ष**-क्षयोपशमज्ञान साधन है और (आ ५) **प्रमाणसकलादेशी-प्रत्यक्षज्ञान-श्रुतज्ञानप्रत्यक्ष-क्षयोपशमज्ञान** साधन है।

शुद्धात्मानुभव करते समय परोक्षज्ञान-साधन नहीं है। इसके लिये चार्ट नं. २०, चार्ट नं. ७, चार्ट नं. १४ देखो। **शुद्धात्मानुभव करते समय (ब) नयज्ञान–परोक्षज्ञान साधन नहीं रहते हैं** अर्थात् नयातीत होना याने प्रत्यक्ष अनुभूति करना। इसके लिये श्रुतभवनदीपक नयचक्र और समयसार-गाथा नं. १४३-१४४ और उसकी आत्मख्याति टीका देखो।

आगे और भी देखो **द्रव्यस्वभावप्रकाशक नयचक्र–गाथा क्रमांक २६८ तथा पं. टोडरमलजी की रहस्यपूर्ण चिठ्ठी–**

"तच्चाणेसणकाले समयं बुज्झेहि जुत्तिमग्गेण।
णो आराहणसमये पच्चक्खो अणुहवो जह्मा।"

अर्थ :– तत्त्व के अन्वेषण (खोज-शोध) का जो काल उसमें समय अर्थात् शुद्धात्मा को युक्ति अर्थात् प्रत्यभिज्ञान, तर्क, अनुमान [परोक्ष (आ१) प्रमाण ज्ञानपर्याय तथा (ब) नय ज्ञानपर्याय साधन] के द्वारा प्रथम जानना चाहिये। पश्चात् आराधन-समय याने जो शुद्ध अनुभवकाल है उस में परोक्षज्ञान नहीं हैं क्योंकि अनुभव प्रत्यक्षज्ञान है।

इससे यह सिद्ध हुआ कि '**शुद्धात्मानुभव के काल में प्रत्यक्षज्ञान है**, नयज्ञान नहीं क्योंकि नयज्ञानपर्याय परोक्षज्ञानपर्याय है।

आगे और भी देखिये **पंचाध्यायी**-अध्याय २, श्लोक क्रमांक ४६२ –

'सत्यमाद्यद्वयं ज्ञानं परोक्षं परसंविदि । प्रत्यक्षं स्वानुभूतौ तु दृङ्मोहोपशमादितः॥'

अर्थ :– यह कहना ठीक है, तथापि आदि के दो ज्ञान परपदार्थों का ज्ञान करते समय यद्यपि परोक्ष हैं तथापि स्वानुभव के काल में वे (मतिज्ञान तथा श्रुतज्ञान) प्रत्यक्षज्ञानपर्यायें हैं क्योंकि दर्शनमोहनीय के उपशमादि हैं।

आगे और भी देखिये **बृहद्द्रव्यसंग्रह** गाथा नं. ५ की संस्कृत टीका–

"अत्राह शिष्यः – आद्ये परोक्षमिति तत्त्वार्थसूत्रे मतिश्रुतद्वयं परोक्षं भणितं तिष्ठति, कथं प्रत्यक्षं भवतीति ? परिहारमाह- तदुत्सर्गव्याख्यानम्, इदं पुनरपवादव्याख्यानम्। यदि तदुत्सर्गव्याख्यानं न भवति तर्हि मतिज्ञानं कथं तत्त्वार्थे परोक्षं भणितं तिष्ठति। तर्कशास्त्रे सांव्यवहारिकं प्रत्यक्षं कथं जातम्। यथा अपवादव्याख्यानेन मतिज्ञानं परोक्षमपि प्रत्यक्षज्ञानम्, तथा स्वात्माभिमुखं भावश्रुतज्ञानमपि परोक्षं सत्प्रत्यक्षं भण्यते। यदि पुनरेकान्तेन परोक्षं भवति तर्हि सुखदुःखादिसंवेदनमपि परोक्षं प्राप्नोति, न च तथा।"

यहाँ शिष्य पूछता है 'आद्ये परोक्षम्।' ऐसा तत्त्वार्थसूत्र में मति-श्रुत इन दो ज्ञानों को परोक्ष कहा है, तो फिर (श्रुतज्ञान) प्रत्यक्ष किस प्रकार है? उसका निराकरण किया जाता है; वह उत्सर्ग का व्याख्यान है, और यहाँ जो कथन है वह अपवाद का व्याख्यान है। यदि वह उत्सर्गकथन न होता तो, तत्त्वार्थसूत्र में मतिज्ञान को परोक्ष किस प्रकार कहा है? और तर्कशास्त्र में वही (मतिज्ञान) सांव्यवहारिक प्रत्यक्ष किस प्रकार हो गया? अतः (ऐसा समझना कि) जिस प्रकार अपवाद व्याख्यान से मतिज्ञान को परोक्ष होने पर भी प्रत्यक्षज्ञान कहा है उसी प्रकार स्व-आत्माभिमुख भावश्रुतज्ञान को भी परोक्ष होने पर भी प्रत्यक्ष कहा है। तथा यदि वह एकान्तिक परोक्ष ही हो तो सुख-दुःखादि का संवेदन भी परोक्ष हो जाता है; परंतु ऐसा तो है नहीं।

आगे और भी देखिये **समयसार**-गाथा १९८, १९९ और उसकी तात्पर्यवृत्ति-

तथा चोक्तं–

गुरूपदेशादभ्यासात्संवित्तेः स्वपरांतरं।
जानाति यः स जानाति मोक्षसौख्यं निरंतरं॥ इष्टोपदेश-३३॥

अर्थ :– उसी प्रकार **इष्टोपदेश** श्लोक नं. ३३ में कहा गया है कि- जो गुरूपदेश से, अभ्यास से और स्वानुभूति से स्व और पर का भेद जानता है वह मोक्षसुख को निरंतर अनुभवता है॥१९८॥

को विदिदच्छो साहू संपडिकाले भणिज्ज रूवमिणं।
पच्चक्खमेव दिट्ठं परोक्खणाणे पवट्ठंतं॥१९९॥

॥ ॐ ॥

प्रमाणनयैरधिगमः ।

चार्ट नं. ७

अर्थ - (आ) प्रमाण और (ब) नय इनके द्वारा वस्तु जानी जाती है ।

(आ) प्रमाण - धर्मिधर्मसमूह - सकलादेश

- आ १) मतिज्ञान - कतिपय पर्यायात्मक द्रव्य-स्वार्थ-परोक्ष / श्रुतज्ञान - कतिपय पर्यायात्मक द्रव्य-स्वार्थ-परोक्ष } सांव्यवहारिक प्रत्यक्ष (इंद्रिय अथवा मनकी अपेक्षा है) अथवा परोक्ष (स्मृति, प्रत्यभिज्ञान, तर्क, अनुमान) (प्रतीत्यन्तर की अपेक्षा है) } सर्वद्रव्य कतिपय पर्याय } यहाँ (आ) प्रमाण है; (ब) नय नहीं है । मतिज्ञानपूर्वक होता है, इंद्रियोंकी अपेक्षा नहीं है ।
- आ २) केवलज्ञान - सर्वद्रव्यसर्वपर्याय-स्वार्थ-पूर्ण-अतींद्रिय प्रत्यक्ष-इंद्रिय अथवा मन अथवा प्रतीत्यन्तर की अपेक्षा नहीं है । यहाँ (आ) प्रमाण है; (ब) नय नहीं है ;
- आ ३) मनःपर्ययज्ञान - कतिपय पर्यायात्मक द्रव्य-मूर्तिक विषय } स्वार्थ-एकदेश अतींद्रिय प्रत्यक्ष } इंद्रिय अथवा मन अथवा प्रतीत्यन्तर की अपेक्षा नहीं है । } यहाँ (आ) प्रमाण है; (ब) नय नहीं है
- आ ४) अवधिज्ञान - कतिपय पर्यायात्मकद्रव्य-मूर्तिक विषय } स्वार्थ-एकदेश अतींद्रिय प्रत्यक्ष } ।
- आ ५) { मतिज्ञान - / श्रुतज्ञान - } कतिपय पर्यायात्मक द्रव्य { निजध्रुवस्वभावात्मद्रव्य का शुद्धात्मानुभव } स्वार्थ-एकदेश अतींद्रिय प्रत्यक्ष } इंद्रिय अथवा मन अथवा प्रतीत्यन्तर की अपेक्षा नहीं है । } यहाँ (आ) प्रमाण है; (ब) नय नहीं है ।

(इ) श्रुतज्ञान - स्वार्थ - परार्थ - परोक्ष - यहाँ (आ) प्रमाण नहीं है,

(ब) नय है (विकलादेश है) ।

↓ वचन

(क) प्रमाणवाक्य-सकलादेश वाक्य-प्रमाणसप्तभंगी का वाक्य

(ख) नयवाक्य-विकलादेश वाक्य-नयसप्तभंगी का वाक्य

(ग) अभेदवृत्ति (द्रव्यार्थिक) निश्चयनय ; परमशुद्ध - निश्चयनय ; कारण परमात्मा ; कारण समयसार ; ध्रुवदृष्टि से अशेषधर्मात्मक (अखंड) द्रव्य जानना, कथन करना वा गुण के द्वारा अशेष धर्मात्मक (अखंड) द्रव्य जानना, कथन करना ज्ञानवान टंकोत्कीर्ण ज्ञायक स्वभाव

(घ) अभेदोपचार (पर्यायार्थिक)

(ज) अशुद्ध निश्चय नय

(ड)	(ढ)	(ट)	(ठ१)	(ठ२)	(थ)	(त)	(ह)
शुद्ध नय अथवा पूर्ण शुद्ध पर्याय के द्वारा अशेष-धर्मात्मक द्रव्य को जानना । या - कथन करना । शुद्धनिश्चय नय केवली, अर्हंत, कार्य समयसार, सिद्ध	एकदेश शुद्ध निश्चयनय, एकदेश शुद्ध पर्याय के द्वारा अशेष धर्मात्मक द्रव्य को जानना । या कथन करना, अव्रती सम्यक्त्वी ४ से १२ गुणस्थानवर्ती जीव ४ से १४ गुणस्थानवर्ती जीव	अशुद्ध निश्चय नय, अशुद्ध पर्याय के द्वारा अशेष धर्मात्मक द्रव्य को जानना या कथन करना संसारी जीव, क्रोधी जीव	परद्रव्य विचार अभेदवृत्ति वा अभेदोपचार	कालादि के द्वारा गुणों को भेदप्रधान करके अशेष धर्मात्मक द्रव्य का कथन करना	गुण पर्यायवान अथवा द्रव्य पर्याय अथवा ध्रुव पर्याय, अशुद्ध द्रव्यार्थिक नय	स्मृति, प्रत्यभिज्ञान, तर्क, अनुमान, इनको परामर्श करनेवाला वचन	इ त्या दि
नैगमादि सात नय	नैगमादि सात नय	नैगमादि सात नय	नैगमादि सात नय		नैगमादि सात नय		

निश्चय नय

(ङ) भेदोपचार (द्रव्यार्थिक) ध्रुव अंश का कथन, ध्रुव अंश अथवा गुणभेद करना, ज्ञान गुण, दर्शन गुण, आनंद गुण, सद्भूत व्यवहार

(छ) भेदवृत्ति (पर्यायार्थिक) (पर्याय अंश का उत्पाद वा व्यय वा पर)

(झ) असद्भूत व्यवहारनय

(द)	(त)
अनुपचरित । देही जीव; शरीरी जीव;	उपचरित । भारतीय; धनवान; मेरा लडका, दण्डीवाला।
नैगमादि सात नय	नैगमादि सात नय

(थ) सद्भूत व्यवहार

(ध)	(प)
एकदेश शुद्ध पर्याय, सम्यक् मतिज्ञान (पर्यायार्थिक) अशुद्ध सद्भूत व्यवहार	पूर्ण शुद्ध केवलज्ञान पर्याय (पर्यायार्थिक) शुद्ध सद्भूत व्यवहार
नैगमादि सात नय	नैगमादि सात नय

(द) असद्भूत व्यवहार

(फ)	(भ)	(म)	(स)	(द२)
अशुद्ध पर्याय, राग क्रोध (बुद्धिपूर्वक) (अबुद्धि-पूर्वक), कुमतिज्ञान पर्याय	नाक, कर्म परमाणु, परमाणु के कुछ अविभाग प्रतिच्छेद स्थिति	चक्षु की काँच	स्मृति, प्रत्यभिज्ञान, तर्क, अनुमान इनको परामर्श करनेवाला वचन	इ त्या दि
नैगमादि सात नय	नैगमादि सात नय	नैगमादि सात नय		

संग्रह नय व्यवहार नय


व्यवहार नय

[(जि) प्रमाण] = [निश्चयनय + व्यवहारनय]

चार्ट नं. २०

साधनाचे (ज्ञानपर्यायाचे) - सकल, विकल भेद
साधनके (ज्ञानपर्यायके) - सकल, विकल भेद

विषय



केवलज्ञान पर्याय प्रमाण प्रत्यक्ष क्षायिक ज्ञान अति स्पष्ट

मन:पर्ययज्ञान पर्याय प्रमाण प्रत्यक्ष क्षायोपशमिक ज्ञान स्पष्ट

अवधिज्ञान पर्याय प्रमाण प्रत्यक्ष क्षायोपशमिक ज्ञान स्पष्ट

श्रुतज्ञान पर्याय प्रमाण परोक्ष क्षायोपशमिक ज्ञान अस्पष्ट

श्रुतज्ञान पर्याय प्रमाण प्रत्यक्ष क्षायोपशमिक ज्ञान स्पष्ट

मतिज्ञान पर्याय प्रमाण प्रत्यक्ष क्षायोपशमिक ज्ञान स्पष्ट

मतिज्ञान पर्याय प्रमाण परोक्ष क्षायोपशमिक ज्ञान अस्पष्ट

श्रुतज्ञान पर्याय नय परोक्ष क्षायोपशमिक ज्ञान अस्पष्ट (क)

श्रुतज्ञान पर्याय नय परोक्ष क्षायोपशमिक ज्ञान अस्पष्ट (ख)

साधन = प्रकाश = ज्ञानपर्याय



काँच श्वेत
पूर्ण काँच पांढरी = सकल = प्रमाण = (आ)



काँच कुछ श्वेत
काँच थोडी पांढरी
व काँच थोडी काळी
कुछ काली
= विकल = नय = (ब)

गाथार्थ :– अब [**को विदिदच्छो साहू**] कोई ज्ञानी साधु ही [**संपडिकाले**] सांप्रतकाल में-इस समय (इस पंचम कालमें) [**इणं पवट्ठंतं रूवं**] यह प्रवर्तमान आत्मस्वरूप [**पच्चक्खमेव**] प्रत्यक्ष ही [**परोक्खणाणे** परोक्षज्ञान में याने क्षयोपशमज्ञान में [**दिट्ठं**] दिख गया ऐसा [**भणिज्ज**] कहेगा। (अर्थात् "सांप्रतकाल में **शुद्धात्मा प्रत्यक्ष दिखता है,**" ऐसा सम्यग्ज्ञानी जीव ही कहेगा।)

"किं च विस्तरः। यद्यपि केवलज्ञानापेक्षया रागादिविकल्परहितं स्वसंवेदनरूपं भावश्रुतज्ञानं शुद्धनिश्चयनयेन परोक्षं भण्यते, तथापि इंद्रियमनोजनितसविकल्पज्ञानापेक्षया प्रत्यक्षं। तेन कारणेन आत्मा स्वसंवेदनज्ञानापेक्षया प्रत्यक्षो भवति, केवलज्ञानापेक्षया पुनः परोक्षोऽपि भवति। सर्वथा परोक्ष एवेति वक्तुं नायाति।"

इसका विशेष अर्थ यह है कि यद्यपि केवलज्ञान की अपेक्षा से रागादिविकल्प रहित प्रत्यक्ष स्वसंवेदनज्ञानरूप (स्वानुभूतिरूप) भावश्रुतज्ञान को अभेदोपचार से-पर्यायार्थिक पूर्ण शुद्धनिश्चयनय से परोक्ष कहते हैं, तथापि इंद्रियमनोजनित सविकल्पज्ञान की (क्षयोपशमज्ञान की) अपेक्षा से ४ से १२ गुणस्थानवर्ती **स्वसंवेदनज्ञान को अतींद्रिय प्रत्यक्ष कहते हैं।** इस कारण से **आत्मा स्वसंवेदन की अपेक्षा से प्रत्यक्ष** है और केवलज्ञान की अपेक्षा से क्षयोपशम सम्यग्ज्ञानियों का (४ से १२ गुणस्थानवर्तियों का) शुद्धात्मानुभव परोक्ष भी है। क्षयोपशमजनित (४ से १२ गुणस्थानवर्तियों की) स्वानुभूति सर्वथा परोक्ष ही है ऐसा कहने में नहीं आता है।

आगे और भी देखिये **समयसार-तात्पर्यवृत्ति** गाथा नं. ५ की टीका "तं..... एकत्वविभक्तं..... परमात्म-स्वरूपं..... **दाएहं** दर्शये अहं। केन? **अप्पणो सविहवेण** आत्मनः स्वकीयं इति विभवेन आगम-तर्कपरमगुरूपदेश**स्वसंवेदनप्रत्यक्षेण** इति।"

अर्थ :– आगमतर्कपरमगुरूपदेशपूर्वक अपने **स्वकीय स्वसंवेदन प्रत्यक्षज्ञान के वैभव के द्वारा** 'उस एकत्वविभक्तरूप परमात्मस्वरूप को मैं दिखाता हूँ।'

आगे और भी देखिये **समयसार**-गाथा ५ की **आत्मख्याति टीका**→

"इह किल सकलोद्भासिस्यात्पदमुद्रितशब्दब्रह्मोपासनजन्मा समस्तविपक्षक्षोदक्षमातिनिस्तुष-युक्त्यवलंबनजन्मा निर्मलविज्ञानघनांतर्निमग्नपरापरगुरुप्रसादीकृतशुद्धात्मतत्त्वानुशासनजन्मा अनवरतस्यं-दिसुन्दरानंदमुद्रितामंदसंविदात्मकस्वसंवेदनजन्मा च यः कश्चनापि ममात्मनः स्वो विभवस्तेन समस्तेनाप्ययं तमेकत्वविभक्तमात्मानं दर्शयेहमिति बद्धव्यवसायोस्मि। किंतु यदि दर्शयेयं तदा स्वयमेव स्वानुभवप्रत्यक्षेण परीक्ष्य प्रमाणीकर्तव्यम्।"

टीका :– आचार्य कहते हैं कि जो कुछ मेरे आत्मा का **निजवैभव** है, उस सबसे मैं इस एकत्व-विभक्त आत्मा को दिखाऊँगा, ऐसा मैंने व्यवसाय (उद्यम, निर्णय) किया है। मेरे आत्मा का वह निजवैभव इस लोक में प्रगट समस्त वस्तुओं का प्रकाशक है, और 'स्यात्' पद की मुद्रावाला जो **शब्दब्रह्म-अर्हन्त का परमागम है, उसकी उपासना से उसका जन्म हुआ है।** ('स्यात्' का अर्थ 'कथंचित्' है अर्थात् किसी प्रकार से, किसी अपेक्षा से कहना। परमागम को शब्दब्रह्म कहने का कारण यह है कि- अर्हन्त के परमागम में सामान्य धर्मों के-वचनगोचर समस्त धर्मों के नाम आते हैं और वचन से अगोचर जो विशेषधर्म हैं उनका अनुमान कराया जाता है; इस प्रकार वह सर्व वस्तुओं का प्रकाशक है, इसलिये उसे सर्वव्यापी कहा जाता है, और इसीलिए उसे शब्दब्रह्म कहते हैं।) समस्त विपक्ष-अन्यवादियों के द्वारा गृहीत सर्वथा एकान्तरूप नयपक्ष के निराकरण में समर्थ **अतिनिस्तुष निर्बाध युक्ति के अवलम्बन से उस निजवैभव का जन्म हुआ है;** और निर्मल विज्ञानघन आत्मा में अन्तर्निमग्न (अन्तर्लीन) परमगुरु-सर्वज्ञदेव और अपरगुरु-गणधरादिक से लेकर

हमारे गुरु पर्यन्त, उनके प्रसादरूप से दिया गया जो शुद्धात्मतत्त्व का अनुग्रहपूर्वक उपदेश तथा **पूर्वाचार्यों के अनुसार जो उपदेश है उससे निजवैभव का जन्म हुआ है।** निरन्तर झरता हुआ-स्वादमें आता हुआ जो सुन्दर आनन्द है, उसकी मुद्रा से युक्त **प्रचुर संवेदनस्वरूप स्वसंवेदन से निजवैभव का जन्म हुआ है।** यों मेरे ज्ञान का जो वैभव है उस समस्त वैभव से जिस-तिस प्रकार से दिखाता हूँ। जो मैं यह वैभव दिखाऊँ तो उसे स्वयमेव अपने **अनुभव-प्रत्यक्ष** से परीक्षा करके प्रमाण करना।

शंका – उपर्युक्त विवेचन से शुद्धात्मानुभव के काल में 'एकत्वविभक्तात्मा' को जाननेवाला (आ) प्रमाण सकलादेशी प्रत्यक्षज्ञान है, ऐसा कहा है। लेकिन **समयसार**-आत्मख्याति **कलश नं. ९** में ऐसा कथन है कि, शुद्धात्मानुभव के काल में नय नहीं रहते हैं, प्रमाण नहीं रहता है और निक्षेप भी नहीं रहते हैं। तो फिर 'प्रमाण है' यह कैसे?

समाधान – किसी भी वस्तुको जानने के (आ) प्रमाण और (ब) नय ये दो ही साधन हैं। इसके पहले उद्धरणादि [आगमाधार] देकर यह सिद्ध किया गया है कि शुद्धात्मानुभव नयातीत होता है याने 'एकत्वविभक्तनिजध्रुवज्ञानदर्शनानंदात्मा' का अनुभव करते समय (ब) नय-परोक्षज्ञान साधन नहीं रहता है; तथा (आ१) मतिज्ञान तथा (आ१) श्रुतज्ञान साधन नहीं रहता है।

अब और भी देखिये श्री कुंदकुंदाचार्यरचित नियमसार-गाथा नं. १५९ तथा उसकी टीका में भावलिंगी मुनिराज श्री पद्मप्रभमलधारिदेव लिखते हैं –

"जाणदि पस्सदि सव्वं ववहारणएण केवली भगवं।
केवलणाणी जाणदि पस्सदि णियमेण अप्पाणं॥१५९॥"

अर्थ :– व्यवहारनय से केवली भगवान् सब जानते हैं और देखते हैं, निश्चय से केवलज्ञानी भगवान आत्मा को (एकत्वविभक्तनिजध्रुवज्ञानदर्शनानंदात्मा को ही) जानते हैं और देखते हैं।

"... स भगवान् त्रिकालनिरुपाधिनिरवधिनित्यशुद्धसहजज्ञानसहजदर्शनाभ्यां निजकारणपरमात्मानं स्वयं कार्यपरमात्मा अपि जानाति पश्यति च।"

अर्थ :– ....स्वयं कार्यपरमात्मा होनेपर भी वे भगवान् त्रिकाल-निरुपाधि, निरवधि, नित्यशुद्ध-सहजज्ञान, सहजदर्शनों से सहित निजकारणपरमात्मा को जानते हैं और देखते हैं।

इससे यह सिद्ध होता है कि वे 'केवलज्ञानपर्यायरूप साधन के द्वारा' निजकारणपरमात्मा को जानते हैं। वह केवलज्ञानपर्याय ही (आ२) केवलज्ञान-प्रमाण-सकलादेशी प्रत्यक्षज्ञान साधन है, (ब) नयज्ञान-परोक्षज्ञान साधन नहीं है। इसलिये "**(आ) प्रमाण ज्ञानसाधन**" सर्वथा नहीं है, यह बात सिद्ध नहीं होती है।

शंका – तो फिर कौन-कौन से (आ) प्रमाण शुद्धात्मानुभव करने के साधन नहीं हैं?

समाधान – (आ ३) प्रमाण-मनःपर्ययज्ञान, (आ ४) प्रमाण-अवधिज्ञान, (आ १) प्रमाण-मतिज्ञान और (आ १) प्रमाण-श्रुतज्ञान पर्यायें तथा (जि)प्रमाण शुद्धात्मानुभव करने के साधन नहीं हैं। (देखिये चार्ट नं. ७)

छद्मस्थ क्षयोपशमज्ञानी जीव '**(आ५) प्रमाण मतिज्ञान प्रत्यक्षज्ञान अथवा (आ५) प्रमाण श्रुतज्ञान प्रत्यक्षज्ञान** के द्वारा' एकत्वविभक्तनिजध्रुव शुद्धज्ञानदर्शनानंदात्मा का शुद्धात्मानुभव करता है।

इसके लिये आगे देखिये **पंचास्तिकायसंग्रह** गाथा- "**मदिणाणं पुण तिविहं**" इत्यादि की श्री जयसेनाचार्यरचित तात्पर्यवृत्ति–

" अत्र निर्विकारशुद्धात्मानुभूत्यभिमुखं यन्मतिज्ञानं तदेव उपादेयभूतानंतसुखसाधकत्वात् निश्चयेन उपादेयं.... "

अर्थ :– यहाँ निर्विकार शुद्धात्मानुभूति अभिमुख जो मतिज्ञान है वह ही उपादेयभूत अनंत सुखसाधक होने से निश्चय से उपादेय है।

आगे और भी देखिये **पंचास्तिकायसंग्रह**-गाथा **' सुदणाणं पुण णाणी '** इत्यादि की श्रीजयसेनाचार्यरचित तात्पर्यवृत्ति-

" अत्र विशुद्धज्ञानदर्शनस्वभावशुद्धात्मतत्त्वस्य सम्यक्श्रद्धानज्ञानानुचरणाभेदरत्नत्रयात्मकं यद्भावश्रुतं तदेव उपादेयभूतपरमात्मतत्त्वसाधकत्वात् निश्चयेन उपादेयं... "

अर्थ :– यहाँ विशुद्धज्ञानदर्शनस्वभावशुद्धात्मतत्त्व का सम्यक्श्रद्धानज्ञानानुचरणाभेदरत्नत्रयात्मक का जो भावश्रुतज्ञान है, वह ही उपादेयभूत-परमात्मतत्त्व का साधक होने से निश्चय से उपादेय है।

आगे और भी देखिये श्री अमृतचंद्राचार्यरचित **तत्त्वार्थसार**-श्लोक नं. १९ और २० →

" स्वसंवेदनमक्षोत्थं विज्ञानं स्मरणं तथा।
प्रत्यभिज्ञानमूहश्च स्वार्थानुमितिरेव वा॥१९॥
बुद्धिर्मेधादयो याश्च मतिज्ञानभिदा हि ताः।
इन्द्रियानिन्द्रियेभ्यश्च मतिज्ञानं प्रवर्तते॥२०॥

अर्थ :– ' (१) स्वसंवेदन अर्थात् एकत्वविभक्तनिजध्रुवज्ञानदर्शनानंदात्मा का संवेदन- **प्रत्यक्षज्ञान** ' मतिज्ञान, (२) अक्षौत्थ विज्ञान, (३) स्मरण, (४) प्रत्यभिज्ञान, (५) तर्क, (६) स्वार्थानुमिति, (७) बुद्धि और (८) मेधा आदि जो ज्ञान हैं, वे मतिज्ञान के भेद हैं। यह मतिज्ञान इंद्रिय से, मन से और **अतीन्द्रिय से प्रवृत्त** होता है। इससे सिद्ध होता है कि ' छद्मस्थ क्षयोपशमज्ञानी जीव ' **" (आ५) प्रमाण मतिज्ञान प्रत्यक्षज्ञान** के द्वारा " एकत्वविभक्त निजध्रुवशुद्ध ज्ञानदर्शनानंदात्मा का शुद्धात्मानुभव करता है।

आगे और भी देखिये **प्रवचनसार**-गाथा नं. १०४ **' परिणमदि सयं दव्वं '** इत्यादि की श्री जयसेनाचार्यरचित तात्पर्यवृत्ति- **" ...संसारिजीवद्रव्यं मतिस्मृत्यादिविभावगुणं त्यक्त्वा श्रुतज्ञानादिविभावगुणान्तरं परिणमति,.... "**

अर्थ :– संसारी जीवद्रव्य मतिस्मृत्यादि विभावपर्याय का नाश करके श्रुतज्ञानादि विभावपर्यायान्तर परिणमन करता है। याने जब मतिज्ञानोपयोग पर्याय प्रकट है तब अन्य ज्ञानोपयोग उपयोगरूप नहीं हैं और जब श्रुतज्ञानोपयोग पर्याय उपयोगरूप है तब मतिज्ञानादि पर्याय उपयोगरूप नहीं है।

आगे और भी देखिये **समयसार**-गाथा १४४ की आत्मख्याति टीका तथा तात्पर्यवृत्ति–

(a) " ... मतिज्ञानतत्त्वः ... अत्यंतं अविकल्पः ... परमात्मानं समयसारं विंदन् ... "– आत्मख्याति

(b) " ... तथा... श्रुतज्ञानतत्त्वं...अत्यंतं अविकल्पः ... परमात्मानं समयसारं विंदन् ... "–आत्मख्याति

(c) " ... इन्द्रियानिन्द्रियजनितबहिर्विषयसमस्तमतिज्ञानविकल्परहितः सन्... नयपक्षपातरहितः समयसारं अनुभवन् एव... "– तात्पर्यवृत्ति

अर्थ :– (a) समयसार परमात्मा को अत्यन्त निर्विकल्परूप से वेदन करनेवाली मतिज्ञान पर्याय है।

(b) समयसार परमात्मा को अत्यन्त निर्विकल्परूप से वेदन करनेवाली श्रुतज्ञान पर्याय है।

(c) नयपक्षपातरहित इंद्रिय-अनिन्द्रियजनित बहिर्विषयसमस्तमतिज्ञानविकल्परहित रहनेवाले समयसार को

अनुभव करनेवाला ही है। अर्थात् जीव (आ ५) **प्रमाण मतिज्ञान प्रत्यक्षज्ञान** के द्वारा समयसार का शुद्ध अनुभव करता है।

आगे और भी देखिये, **जयधवल पुस्तक नं. १२, पृष्ठ नंबर ३०४ तथा ३०५-**

" (४५) सागारे पट्ठवगो णिट्ठवगो मज्झिमो य भजियव्वो॥
जोगे अण्णदरह्मि य जहण्णगो तेउलेस्साए॥ ९८॥

१९५. एदेण चउत्थगाहासुत्तेण दंसणमोहोवसामगस्स उवजोग-जोग-लेस्सापरिणामगओ विसेसो पदुप्पाइदो दट्ठव्वो। तं जहा- 'सागारे पट्ठवगो' एवं भणिदे दंसणमोहोवसामणमाढवेंतो अधापवत्तकरणपढमसमयप्पहुडि अंतोमुहुत्तमेत्तकालं पट्ठवगो णाम भवदि। सो वुण तदवत्थाए णाणोवजोगे चेव उवजुत्तो होइ, तत्थ दंसणोवजोगस्सावीचारप्पयस्स पवुत्तिविरोहादो। तदो मदि-सुद-विभंगणाणाणमण्णदरो सागारोवजोगो चेव एदस्स होइ, णाणागारोवजोगो त्ति घेत्तव्वं। एदेण जागरावत्थापरिणदो चेव सम्मत्तुप्पत्तिपाओग्गो होदि, णाणणो त्ति एदं पि जाणाविदं, णिद्दापरिणामस्स सम्मत्तुप्पत्तिपाओग्गविसोहिपरिणामेहिं विरुद्धसहावत्तादो। एवं पट्ठवगस्स सागारोवजोगत्तं णियामिय संपहि णिट्ठवग-मज्झिमावत्थासु सागाराणागाराणमण्णदरोवजोगेण भयणिज्जत्तपदुप्पायणट्ठमिदमाह- 'णिट्ठवगो मज्झिमो य भजिदव्वो।' एत्थ णिट्ठवगो त्ति भणिदे दंसणमोहोवसामणाकरणस्स समाणगो घेत्तव्वो। सो वुण कम्हि उद्देसे होदि त्ति पुच्छिदे पढमट्ठिदिं सव्वं कमेण गालिय अंतरपवेसाहिमुहावत्थाए होइ। सो च सागारोवजुत्तो वा अणागारोवजुत्तो वा होदि त्ति भजियव्वो, दोण्हमण्णदरोवजोगपरिणामेण णिट्ठवगत्ते विरोहाभावादो। एवं मज्झिमस्स वि वत्तव्वं। को मज्झिमो णाम? पट्ठवग-णिट्ठवगपज्जायाणमंतरालकाले पयट्टमाणो मज्झिमो त्ति भण्णदे, तत्थ दोण्हं पि उवजोगाणं कमपरिणामस्स विरोहाभावादो भयणिज्जत्तमेदमवगंतव्वं।"

अर्थ :- दर्शनमोह के उपशमन का प्रस्थापक जीव साकार उपयोग में विद्यमान होता है; किन्तु उसका निष्ठापक और मध्य अवस्थावर्ती जीव भजितव्य है। तीनों योगों में से किसी एक योग में विद्यमान तथा तेजोलेश्या के जघन्य अंश को प्राप्त वह जीव दर्शनमोह का उपशामक होता है॥४-९८॥

१९५. इस चौथे गाथा सूत्र द्वारा दर्शनमोह के उपशामक के उपयोग, योग और लेश्या परिणामगत विशेष का कथन जानना चाहिए। यथा- **'सागारे पट्ठवगो'** ऐसा कहने पर दर्शनमोह की उपशमविधि का आरम्भ करनेवाला जीव अधःप्रवृत्तकरण के प्रथम समय से लेकर अन्तर्मुहूर्त काल तक प्रस्थापक कहलाता है। परन्तु वह जीव उस अवस्था में ज्ञानोपयोग में ही उपयुक्त होता है, क्योंकि उस अवस्था में अविचारस्वरूप दर्शनोपयोग की प्रवृत्ति का विरोध है; इसलिए मति, श्रुत और विभंगज्ञान में से कोई एक साकार उपयोग ही इसके होता है, अनाकार उपयोग नहीं होता, ऐसा यहाँ ग्रहण करना चाहिए। इस वचन द्वारा जागृत अवस्था से परिणत जीव ही सम्यक्त्व की उत्पत्ति के योग्य होता है, अन्य नहीं, इस बात का भी ज्ञान करा दिया है क्योंकि निद्रारूप परिणाम सम्यक्त्व की उत्पत्ति के योग्य विशुद्धिरूप परिणामों से विरुद्ध स्वभाववाला है। इस प्रकार प्रस्थापक के साकारोपयोगपने का नियम करके अब निष्ठापकरूप और मध्यम (बीच की) अवस्था में साकार उपयोग और अनाकार उपयोग में से अन्यतर उपयोग के साथ भजनीयपने का कथन करने के लिये यह वचन कहा है- **'णिट्ठवगो मज्झिमो य भजिदव्वो'**।

इस वचन में निष्ठापक ऐसा कहने पर दर्शनमोह के उपशामनाकरण को समाप्त करनेवाला जीव लेना चाहिए। परन्तु वह किस अवस्था में होता है, ऐसा पूछने पर समस्त प्रथम स्थिति को क्रम से गलाकर अन्तर प्रवेश

की अभिमुख अवस्था के होने पर होता है; और वह साकार उपयोग में उपयुक्त होता है या अनाकार उपयोग में उपयुक्त होता है, इसलिए भजनीय है, क्योंकि इन दोनों में से किसी एक परिणाम के साथ निष्ठापकपने के होने में विरोध का अभाव है। इसी प्रकार मध्यम अवस्थावाले के भी कहना चाहिए।

शंका – मध्यम कौन है?

समाधान – प्रस्थापक और निष्ठापकरूप पर्यायों के अन्तराल काल में प्रवर्तमान जीव मध्यम कहलाता है।

वहाँ पर दोनों ही उपयोगों का क्रम से परिणाम होने में विरोध का अभाव होने से यह भजनीयता जाननी चाहिए।

अर्थात् जब अनिवृत्तिकरण के अन्त्य क्षण में निराकार दर्शनोपयोग होता है, तो प्रथमोपशम सम्यक्त्व के प्रथम क्षण में नियम से (आ ५) **प्रमाण मतिज्ञान-प्रत्यक्षज्ञान** की सिद्धि होती है; क्योंकि मतिज्ञानपूर्वक ही श्रुतज्ञान होता है। (आ ४) अवधिज्ञान तथा (आ ३) मन:पर्ययज्ञान के द्वारा अमूर्त एकत्वविभक्त निजध्रुव ज्ञानदर्शनानंदात्मा नहीं जाना जाता क्योंकि अवधिज्ञान का और मन:पर्ययज्ञान का विषय मूर्तिक पुद्गलद्रव्य है। प्रथमोपशम सम्यक्त्व का उत्पाद होते समय होनेवाले (आ ५) **मतिज्ञान प्रमाण सकलादेशी प्रत्यक्षज्ञान** का विषय 'अमूर्त एकत्वविभक्त निजध्रुव ज्ञानदर्शनानंदात्मा' है।

शंका – आपने शुद्धात्मानुभव के समय में 'अमूर्त एकत्वविभक्त निजात्मा **विषय** रहता है' ऐसा कथन किया है और विषय को ही '**निक्षेप**' कहते हैं तो फिर जो समयसार आत्मख्याति कलश नं. ९ में लिखा है कि, "शुद्धात्मानुभव के क्षण में 'निक्षेपचक्र भी नहीं रहता' इस कथन के साथ सुसंवाद कैसे होगा?"

समाधान – विषय, ज्ञेय, ध्येय, प्रमेय, प्रकाश्य, भोग्य, वेद्य, चेत्य, अनुभाव्य और निक्षेप ये सभी शब्द कथंचित् एकार्थवाचक हैं, यह मान्य है।

विषय के याने निक्षेप के (१) नाम, (२) स्थापना, (३) द्रव्य और (४) भाव ये चार भेद हैं। उनमें से (१) नाम, (२) स्थापना और (३) भाव ये व्यवहारनय के विषय हैं। द्रव्य निक्षेप में भी व्यवहारनयरूप द्रव्यनिक्षेप और कारणपरमात्मा याने एकत्वविभक्तनिजात्मा को विषय करनेवाला निश्चयनयरूप द्रव्यनिक्षेप है।

धवल पुस्तक १, पृष्ठ २९-"अकृत्रिमाणां कथं स्थापनाव्यपदेश: ? इति चेत्, न, तत्रापि बुद्ध्या प्रतिनिधौ स्थापितमुख्योपलम्भात्।"

अर्थ :- शंका – अकृत्रिम प्रतिमाओं में स्थापना निक्षेप कैसे संभव है?

समाधान – इस प्रकार शंका करना ठीक नहीं है; क्योंकि वहाँ भी बुद्धि द्वारा प्रतिनिधि में मुख्य स्थापना निक्षेप की उपलब्धि है।

इससे यह सिद्ध हुआ कि बुद्धि में जिस विषय का विचार किया जाता है, उस विषय को निक्षेप कहते हैं।

विषय में याने निक्षेप में –

(a) **प्रमाणरूप निक्षेप** याने (जि) प्रमाण अर्थात् निश्चयनय और व्यवहारनय का संकलन [राजवार्तिक अध्याय १, सूत्र नं. ७, वार्तिक नं. ५ **"तदुभयसंग्रह: प्रमाणम्।" श्रुतभवनदीपकनयचक्र "...प्रमाणलक्षण: य: असौ व्यवहार: स: व्यवहारनिश्चयमनुभयं च गृह्णन्..."**]

(b) **व्यवहारनय के विषय; और**

(c) **निश्चयनय का विषय-एकत्वविभक्तनिजध्रुवात्मा। ये तीन भेद हैं। उनमें से निश्चयनय का**

विषयरूप 'एकत्वविभक्त निजध्रुवशुद्धज्ञानदर्शनानंदात्मा' का शुद्धात्मानुभव के काल में मुख्यरूप से निक्षेप (विषय) रहता है, उससे अन्य निक्षेप (विषय) शुद्धात्मानुभव के काल में मुख्य रूप से नहीं है। इसलिये शुद्धात्मानुभव के समय में निक्षेपचक्र नहीं है, ऐसा कहा है।

(आ२) केवलज्ञानपर्याय के द्वारा सर्व द्रव्य तथा सर्व पर्यायें जानी जाती हैं। अर्थात् केवलज्ञान के सब द्रव्य और सब पर्याय विषय हैं, ज्ञेय हैं, निक्षेप हैं।

नियमसार- गाथा नंबर १५९ में लिखा है कि–

" जाणदि पस्सदि सव्वं ववहारणएण केवली भगवं।
केवलणाणी जाणदि पस्सदि णियमेण अप्पाणं॥ १५९॥

अर्थ :– व्यवहारनय से केवली भगवान् 'सब' को जानते हैं और देखते हैं; निश्चयनय से केवलज्ञानी 'आत्मा' (एकत्वविभक्तनिजध्रुवशुद्धज्ञानदर्शनानंदात्मा) को जानते हैं और देखते हैं।"

उस गाथा की संस्कृत टीका में श्रीपद्मप्रभमलधारिदेव मुनिराज लिखते हैं कि, **"...स भगवान् त्रिकालनिरुपाधिनिरवधिनित्यशुद्धसहजज्ञानसहजदर्शनाभ्यां निजकारणपरमात्मानं स्वयं कार्यपरमात्मा अपि जानाति पश्यति च।"**

अर्थ :– स्वयं कार्यपरमात्मा होनेपर भी वे भगवान "त्रिकाल निरुपाधि निरवधि नित्यशुद्ध सहजज्ञान सहजदर्शन के द्वारा निजकारणपरमात्मा" को जानते हैं और देखते हैं।

इससे यह सिद्ध होता है कि, सर्वज्ञ भगवान (आ२) केवलज्ञानपर्याय के द्वारा 'एकत्वविभक्तनिजात्मा' को जानते हैं। अर्थात् केवली भगवान के शुद्धात्मानुभव करते समय केवलज्ञान का 'एकत्वविभक्तनिजात्मा' यह विषय याने ज्ञेय/निक्षेप है।

सर्वज्ञ भगवान भी जीवद्रव्य हैं, उनमें ज्ञानगुण है और (आ२) केवलज्ञान पर्याय भी है। ज्ञानगुण की ज्ञानपर्याय होती है और जब ज्ञानपर्याय जानने की क्रिया करे तब उसमें कुछ भी विषय याने ज्ञेय याने निक्षेप न हो यह कभी भी संभव नहीं। क्योंकि

प्रवचनसार-गाथा ९३ में कहा है –

" अत्थो खलु दव्वमओ दव्वाणि गुणप्पगाणि भणिदाणि।
तेहिं पुणो पज्जाया पज्जयमूढा हि परसमया॥९३॥

अर्थ :– पदार्थ द्रव्यस्वरूप है, द्रव्य गुणात्मक कहे गये हैं; और द्रव्य तथा गुणों से पर्यायें होती हैं। पर्यायमूढ़ जीव परसमय याने मिथ्यादृष्टि हैं।"

इससे यह सिद्ध हुआ कि (आ२) केवलज्ञानपर्याय में ज्ञेय-विषय याने निक्षेप जाने जाते हैं। आगे और भी देखिये **प्रवचनसार**-गाथा नंबर ४७–

" जं तक्कालियमिदरं जाणदि जुगवं समंतदो सव्वं।
अत्थं विचित्तविसमं तं णाणं खाइयं भणियं॥४७॥

अर्थ :– जो एक ही साथ सर्वतः तात्कालिक या अतात्कालिक विचित्र (अनेक प्रकार के) और विषम (मूर्त, अमूर्त आदि असमान जाति के) समस्त पदार्थों को जानता है, उस ज्ञान को **क्षायिक** कहा है।

उस गाथा की टीका में श्री **अमृतचन्द्राचार्यजी** लिखते हैं कि, **"...अनिवारितप्रसरप्रकाशशालितया क्षायिकज्ञानं अवश्यमेव सर्वदा सर्वत्र सर्वथा सर्वमेव जानीयात्।"**

अर्थ :– जिसका अनिवार (रोका न जा सके ऐसा अमर्यादित) फैलाव है, ऐसा प्रकाशमान होने से क्षायिकज्ञान

याने (आ२) केवलज्ञानपर्याय अवश्यमेव सर्वदा सर्वत्र सर्वथा सर्व को ही याने सर्व ज्ञेयों को अर्थात् सर्व निक्षेपों को जानता है।

आगे और भी देखिये **प्रवचनसार**-गाथा नं. ३७–

" तक्कालिगेव सव्वे सदसब्भूदा हि पज्जया तासिं।
वट्टन्ते ते णाणे विसेसदो दव्वजादीणं॥३७॥

अर्थ :– उन जीवादि द्रव्यजातियों की समस्त विद्यमान और अविद्यमान पर्यायें तात्कालिक (वर्तमान) पर्यायों की भाँति विशिष्टतापूर्वक (अपने-अपने भिन्न-भिन्न स्वरूप से) ज्ञान में वर्तती हैं अर्थात् ज्ञान में विषय याने निक्षेप होती हैं।"

इससे यह सिद्ध हुआ कि, **'जो भी ज्ञानपर्याय हो उसमें ज्ञेय-विषय याने निक्षेप रहेगा ही।'** तो फिर समयसार-आत्मख्याति कलश नं. ९ में जो लिखा है कि, शुद्धात्मानुभव के समय में निक्षेप नहीं रहते याने शुद्धात्मानुभव के समय में (आ) प्रमाण प्रत्यक्षज्ञान [(आ२) केवलज्ञान अथवा (आ ५) मतिज्ञान अथवा (आ ५) श्रुतज्ञान] 'एकत्वविभक्तनिजध्रुवशुद्धज्ञानदर्शनानंदात्मा' को तन्मय होकर जानता है।

देखिये **प्रवचनसार**- गाथा नं. ३७ की श्री जयसेनाचार्य रचित तात्पर्यवृत्ति टीका–

" यथायं केवली भगवान् परद्रव्यपर्यायान् परिच्छित्तिमात्रेण जानाति, न च तन्मयत्वेन, निश्चयेन तु केवलज्ञानादिगुणाधारभूतं स्वकीयसिद्धपर्यायमेव स्वसंवित्त्याकारेण तन्मयः भूत्वा परिच्छिनत्ति जानाति, तथासन्नभव्यजीवेनापि निजशुद्धात्मसम्यक्श्रद्धानज्ञानानुष्ठानरूपनिश्चयरत्नत्रयपर्याय एव (स्वसंवित्त्याकारेण तन्मयः भूत्वा जानाति)...।"

अर्थ :– जैसे यह केवली भगवान परद्रव्यपर्यायों को परिच्छित्तिमात्र से जानते हैं और परद्रव्यपर्यायों को तन्मयपने से जानते नहीं, लेकिन निश्चयनय से केवलज्ञानादि गुणाधारभूत स्वकीय सिद्धपर्याय को ही स्वसंवित्त्याकार से तन्मय होकर जानते हैं, उसी तरह आसन्न भव्य जीव (अव्रती सम्यक्त्वी या देशव्रती सम्यक्त्वी या महाव्रती सम्यक्त्वी जीव) भी निजशुद्धात्मसम्यक्श्रद्धानज्ञानानुष्ठानरूप **निश्चयरत्नत्रय पर्याय में ही स्वसंवित्त्याकार से तन्मय होकर जानता है।**

और भी देखिये **समयसार-गाथा आत्मख्याति नं. ३५६ से ३६५** अर्थात् तात्पर्यवृत्ति गाथा नं. ३८५ से ३९४ की श्री जयसेनाचार्य रचित तात्पर्यवृत्ति टीका में लिखा है कि–

" किं च यदि व्यवहारेण परद्रव्यं जानाति तर्हि निश्चयेन सर्वज्ञः न भवति इति पूर्वपक्षे परिहारं आह– यथा स्वकीयसुखादिकं तन्मयः भूत्वा जानाति तथा बहिर्द्रव्यं न जानाति तेन कारणेन व्यवहारः। यदि पुनः परकीयसुखादिकं आत्मसुखादिवत् तन्मयः भूत्वा जानाति तर्हि यथा स्वकीयसुखसंवेदने सुखी भवति तथा परकीयसुखदुःखसंवेदनकाले सुखी दुःखी च प्राप्नोति न च तथा। यद्यपि स्वकीयसुखसंवेदनापेक्षया निश्चयः, परकीयसुखसंवेदनापेक्षया व्यवहारः तथापि छद्मस्थजनापेक्षया सः अपि निश्चयः एव इति।"

अर्थ :– यदि व्यवहारनय से परद्रव्य को जानता है, तो फिर निश्चय से सर्वज्ञ नहीं है अर्थात् सर्वज्ञता काल्पनिक याने झूठी है, ऐसी शंका हो तो समाधान करते हैं कि, " जैसे आत्मा अपने सुखदुःखादिक को तन्मय होकर जानता है, वैसे बाह्य परद्रव्य को तन्मय होकर नहीं जानता है, इसलिये उस जानने को व्यवहार कहते हैं। यदि दूसरे के सुखादिक को भी यह आत्मा अपने सुखादि के समान तन्मय होकर जानता है तो फिर जैसे अपने 'स्वकीयसंवेदन में सुखी होता है' उसी तरह दूसरे के सुखदुःख के संवेदनकाल में भी सुखी- दुःखी होनेका प्रसंग (दोष) आयेगा, लेकिन वैसा नहीं है। यद्यपि सर्वज्ञ का ज्ञान स्वकीयसुखसंवेदन की अपेक्षा से

तो निश्चय है और परकीय सुख संवेदन की अपेक्षा से वह व्यवहार है तथापि छद्मस्थ की अपेक्षा से दूसरे के सुख को जाननेवाला सर्वज्ञ का ज्ञान भी निश्चय ही याने वास्तविक ही है - सर्वज्ञता काल्पनिक नहीं है।

इससे यह सिद्ध होता है कि, "जैसे केवली सर्वज्ञ भगवान् 'निजध्रुवशुद्धज्ञानानंद' को जानने से सच्चे सुखी हैं, वैसे ही अव्रती गृहस्थ या देशव्रती या महाव्रती 'निजध्रुवशुद्धज्ञानानंद' को जानता है, इसलिये अभी इस पंचमकाल में भी उस ही जाति का सुख अनुभवता है।

आगे और भी देखिये प्रवचनसार-गाथा नं. ३३ 'जो हि सुदेण' इत्यादि की श्री जयसेनाचार्यरचित तात्पर्यवृत्ति-" किं च यथा कः अपि देवदत्तः आदित्योदयेन दिवसे पश्यति, रात्रौ किमपि प्रदीपेन इति। तथा आदित्योदयस्थानीयेन केवलज्ञानेन दिवसस्थानीयमोक्षपर्याये भगवान् आत्मानं पश्यति, संसारी विवेकिजनः पुनः निशास्थानीयसंसारपर्याये प्रदीपस्थानीयेन रागादिविकल्परहितपरमसमाधिना निजात्मानं पश्यति इति।"

अर्थ :- जिस तरह कोई एक देवदत्त किसी वस्तु को दिन में सूरज के प्रकाश में देखता है और रात्रि में प्रदीप के प्रकाश में देखता है। उसी तरह सूरज की जगह भगवान (आ२) केवलज्ञान से दिवसस्थानीय मोक्षपर्याय में शुद्धात्मा को अनुभवता है याने जानता है; और संसारी (अव्रती) विवेकी जन (सम्यग्ज्ञानी) निशास्थानीय संसार में दीपस्थानीय (आ५) मतिज्ञान अथवा (आ५) श्रुतज्ञान से रागादिविकल्परहित परमसमाधि से (शुद्धोपयोग से-प्रामाण्यसहित स्वसंवेदनप्रत्यक्षज्ञान से) निजात्मा (एकत्वविभक्तनिजध्रुवशुद्धज्ञानदर्शनानंदात्मा) को अनुभवता याने जानता है।

आगे और भी देखिये समयसार-गाथा ३२० (आत्मख्याति-गाथा नं. ३२०/तात्पर्यवृत्ति-गाथा नं. ३४१) की श्री जयसेनाचार्यरचित तात्पर्यवृत्ति की टीका में- " किंच विवक्षितैकदेशशुद्धनयाश्रितेयं भावना निर्विकारस्वसंवेदनलक्षणभेदक्षायोपशमिकज्ञानत्वेन यद्यप्येकदेशव्यक्तिरूपा भवति तथापि ध्याता पुरुषः यदेव सकलनिरावरणमखंडैकप्रत्यक्षप्रतिभासमयमविनश्वरं शुद्धपारिणामिकपरमभावलक्षणं निजपरमात्मद्रव्यं तदेवाहमिति भावयति न च खंडज्ञानरूपमिति ...।"

अर्थ :- और विशेष कहते हैं कि, विवक्षित एकदेश शुद्धनय के आश्रित यह भावना (भावभासना अथवा स्वानुभूति) निर्विकार स्वसंवेदनलक्षण क्षायोपशमिकज्ञानत्व से यद्यपि एकदेश व्यक्तिरूप (प्रकटरूप) है तो भी ध्याता पुरुष "जो सकलनिरावरण-अखंड-एक-प्रत्यक्ष-प्रतिभासमय अविनश्वर शुद्धपारिणामिकपरमभाव-लक्षणवाला निजपरमात्मद्रव्य है, वही मैं हूँ", ऐसी भावभासना (अनुभूति) करता है, किंतु खंडज्ञानरूप मैं नहीं हूँ।

इससे यह सिद्ध हुआ कि शुद्धात्मानुभववाले (आ५) मतिज्ञान प्रमाण प्रत्यक्षज्ञान अथवा (आ५) श्रुतज्ञान प्रमाण प्रत्यक्षज्ञान पर्याय में कथंचित् ज्ञेय या प्रमेय या वेद्य या ध्येय या विषय या निक्षेप है, और ज्ञान या प्रमाण या ध्यान या विचार या वेदन है; और कथंचित् ध्याता या ज्ञाता या प्रमाता है; और कथंचित् प्रमिति या ज्ञप्ति या ज्ञान का फल या ध्यान का फल या विचार का फल है। याने कथंचित् ज्ञेय, ज्ञान, ज्ञाता और फल ये भेद हैं और कथंचित् ज्ञेय, ज्ञान, ज्ञाता और फल ये अभेद हैं। जब जीव भेद की मुख्यता करता है तब शुद्धात्मानुभव नहीं है। इसकी संदृष्टि ऐसी होगी-

विषय	ज्ञान
यह एकत्वविभक्तनिजध्रुवात्मा ज्ञेय, यह ज्ञाता, यह ज्ञान और यह ज्ञान का फल है, ऐसे भेद हैं।	यह एकत्वविभक्तनिजध्रुवात्मा ज्ञेय, यह ज्ञाता, यह ज्ञान और यह ज्ञान का फल है, ऐसे भेद हैं।

अथवा

यह एकत्वविभक्तनिजध्रुवात्मा ज्ञेय, यह ज्ञाता और यह ज्ञान है, ऐसे भेद हैं।	यह एकत्वविभक्तनिजध्रुवात्मा ज्ञेय, यह ज्ञाता और यह ज्ञान है, ऐसे भेद हैं।

अथवा

यह एकत्वविभक्तनिजध्रुवात्मा ज्ञेय और यह जाननेवाली ज्ञानपर्याय है, ऐसे भेद हैं।	यह एकत्वविभक्तनिजध्रुवात्मा ज्ञेय और यह जाननेवाली ज्ञानपर्याय है, ऐसे भेद हैं।

लेकिन शुद्धात्मानुभव में '**अभेदरूप से यह एकत्वविभक्तनिजध्रुवात्मा है**' ऐसा जाना जाता है। शुद्धात्मानुभव में यह जाननेवाली ज्ञानपर्याय और यह एकत्वविभक्त निजध्रुवात्मा है, ऐसे ज्ञान (ध्यान) और निक्षेप (विषय या ज्ञेय या ध्येय) भेद नहीं हैं।

लौकिक में ऐसा दिखाई देता है कि, ज्ञान और ज्ञेय को अभेदरूप से जान रहा है। इसलिए दृष्टान्त —

कोई रमेश और दिनकर नामके दो आदमी थे। रमेश को जल में तैरना नहीं आता था। दिनकर को जल में तैरना आता था। एक बार वे सिद्धवरकूट गये। वहाँ बहुत बड़ी नदी है। उस नदी के तट (किनारे) पर वे दोनों रेत पर बैठे और कुछ देर तक जलप्रवाह देखते रहे। कुछ क्षण बाद रमेश रो पड़ा और कहने लगा 'मैं बहा जा रहा हूँ, मुझे बचाओ।' तब दिनकर ने उस रमेश की दृष्टि उस रेतीली भूमि की तरफ कर दी और कहा कि 'देखो आप भूमि पर ही हैं, जलप्रवाह में नहीं हैं।'

यहाँ यह सिद्ध होता है कि जब रमेश जलप्रवाह को देखकर 'मैं बहा जा रहा हूँ' ऐसी प्रतीति करता है, तब रमेश ने ज्ञेयरूप जलप्रवाह और अपनी ज्ञानपर्याय को तथा ज्ञाता को अभेदरूप से जाना। इस प्रसंग में 'ज्ञान और निक्षेप और ज्ञाता' भेदरूप नहीं रहे, लेकिन सिद्धान्त से ज्ञेयरूप जलप्रवाह और ज्ञान में भेद है, द्वैत है।

आगे और भी देखिये। कोई देवदत्त सिनेमा देख रहा है। उस समय देखनेवाला देवदत्त उस चित्र को देखकर रोता है, याने उस ज्ञेयरूप चित्र को और अपने को अभेद करता है। इस प्रसंग में ज्ञेय और ज्ञान भेदरूप नहीं रहे तो भी सिद्धान्त से ज्ञेयरूप चित्र और ज्ञान में भेदरूप द्वैत है।

आगे और भी देखिये। कोई सुलतानसिंह रसगुल्ला के स्वाद के साथ तन्मय होता है। उस समय ज्ञेय और ज्ञान को अभेद करता है तो भी सिद्धान्त से उस ज्ञेय और ज्ञान में द्वैत है।

आगे और भी देखिये। कोई जीव 'श्रवणबेलगोला की बाहुबली की मूर्ति देखते समय उस ज्ञेय और ज्ञान

को अभेद करता है तो भी सिद्धान्त से उस ज्ञेय और ज्ञान में द्वैत है।

कोई उस अरहंत, सिद्ध, आचार्य, उपाध्याय और साधु को नमस्कार करने में तल्लीन होता है। उस समय वह ज्ञेयरूप पंचपरमेष्ठियों को और अपने को अभेद जानता है तो भी सिद्धान्त से ज्ञेयरूप वे अर्हतादि आराध्य और ज्ञान में द्वैत है। देखो **प्रवचनसार-गाथा १ से ५ की श्रीजयसेनाचार्यरचित तात्पर्यवृत्ति-**

"तथा हि- अहं आराधकः, एते च अर्हदादयः आराध्याः इति आराध्याराधकविकल्परूपः द्वैतनमस्कारः भण्यते।"

अर्थ :- मैं आराधक (वेदक/ज्ञान/ज्ञाता) और ये अर्हतादि मेरे आराध्य हैं, ऐसा आराध्य याने ज्ञेय या निक्षेप और आराधक (ज्ञाता-ज्ञान) विकल्परूप द्वैत नमस्कार है, ऐसा कहते हैं।

उसी गाथा की श्री अमृतचंद्राचार्यरचित टीका- **"अथ एवं अर्हत्सिद्धाचार्योपाध्यायसर्वसाधूनां प्रणतिवन्दनाभिधानप्रवृत्तद्वैतद्वारेण... नमस्कारं कृत्वा।"**

अर्थ :- अब इस प्रकार अरहन्त, सिद्ध, आचार्य, उपाध्याय तथा सर्व साधुओं को प्रणाम और वन्दनोच्चार से प्रवर्तमान द्वैत के द्वारा नमस्कार करके।

उसके आगे की श्री जयसेनाचार्यरचित टीका- **"रागाद्युपाधिविकल्परहितपरमसमाधिबलेन आत्मनि एव आराध्याराधकभावः पुनः अद्वैतनमस्कारः भण्यते।"**.

रागादि उपाधिविकल्परहित परमसमाधिबल से आत्मा में आत्मा ही आराध्य और आत्मा ही आराधक ऐसा भाव होता है, वह अद्वैत नमस्कार कहलाता है।

अपने एकत्वविभक्तनिजध्रुवात्मा को अपने ही प्रामाण्यसहित प्रत्यक्षज्ञान से जानने से द्वैत नहीं रहता है। यहाँ अपना ही ध्रुवात्मा ज्ञेय और अपना ही ज्ञान है और प्रामाण्यसहित प्रत्यक्षज्ञान होने से शुद्ध है। इसलिए द्वैत नहीं है।

उपर्युक्त विवेचन में बार-बार ज्ञान को ही ध्यान कहा है अर्थात् ध्यान और ज्ञान एकार्थवाचक दिखाये हैं। उसके लिये देखिये **श्लोकवार्तिक**-अध्याय ९, सूत्र २७, श्लोक नंबर ४ के नीचे की गद्य संस्कृत टीका, पृष्ठ नं. ४९८- **"सर्वस्य ध्यानस्य ज्ञानात्मकत्वप्रसिद्धेः।"**

अर्थ :- क्योंकि सभी ध्यान ज्ञानात्मकपनासे प्रसिद्ध हैं।

आगे और भी देखिये श्री जिनसेनाचार्यरचित **महापुराण/ध्यानपर्व**/पर्व नंबर २१, श्लोक नंबर ११-

"धीबलायत्तवृत्तित्वाद्ध्यानं तज्ज्ञैर्निरुच्यते।
यथार्थमभिसन्धानादपध्यानमतोऽन्यथा॥११॥

अर्थ :- धी याने बुद्धि याने ज्ञान/बुद्धिपूर्वक यथार्थ के साथ अभिसंधान करने पर ध्यान याने सत्ध्यान अर्थात् शुद्धात्मानुभव होता है और बुद्धिपूर्वक अन्यथा याने अयथार्थ के साथ अभिसंधान करने पर अपध्यान याने असत्ध्यान या अशुद्धात्मानुभव याने आत्मानुभव नहीं होता है।

शंका – यहाँ श्लोकवार्तिकादि ग्रंथों के उद्धरणों के द्वारा 'कथंचित् ज्ञान और ध्यान एकार्थवाचक है।' ऐसा दिखाया है। लेकिन (a) **राजवार्तिक**-अध्याय ९, सूत्र २७, वार्तिक नं. १२ देखिए-

"एकाग्रवचनं वैयग्र्यनिवृत्त्यर्थम्॥१२॥ एकाग्रवचनं क्रियते वैयग्र्यनिवृत्त्यर्थम्। व्यग्रं हि ज्ञानं एव, न ध्यानम्।"

व्यग्रता का निराकरण करने के लिये 'एकाग्रचिन्तानिरोधो ध्यानम्' इस सूत्र में 'एकाग्र' यह शब्द लिखा है। "ज्ञान ही व्यग्र होता है, ध्यान व्यग्र नहीं होता है।"

आगे और (b) **राजवार्तिक** - अध्याय ९, सूत्र ३६, वार्तिक १२ की टीका में ऐसा लिखा है कि, **"अनित्यादिविषयचिन्तनं यदा ज्ञानं तदा अनुप्रेक्षाव्यपदेशः भवति, यदा तत्र एकाग्रचिन्तानिरोधः तदा धर्म्यध्यानम्।"**

अर्थ :– अनित्यादिविषय के चिंतन का जब ज्ञान होता है तब अनुप्रेक्षा व्यपदेश होता है और जब उसमें एकाग्रचिन्तानिरोध होता है तब धर्म्यध्यान होता है।

इसलिये उस कथन का और इस (a) तथा (b) कथन का सुसंवाद कैसे स्थापित किया जाता है?

समाधान – श्री उमास्वामी आचार्य रचित **तत्त्वार्थसूत्र** - अध्याय ९, सूत्र नं. २७ में लिखा है कि, **'उत्तमसंहननस्य एकाग्रचिन्तानिरोधः ध्यानं आअन्तर्मुहूर्तात्।"**

अर्थ :– उत्तमसंहननवाले का एकाग्रचिन्तानिरोध ध्यान अन्तर्मुहूर्त तक होता है।

यहाँ 'ध्यान' शब्द शुद्धध्यान के अर्थ में है। वहाँ 'एकाग्र' शब्द का अर्थ इसप्रकार है कि एक याने निजध्रुव और अग्र याने आत्मा [देखिये **राजवार्तिक - अध्याय ९, सूत्र नं. २७, वार्तिक नं. २१-' अंगति इति अग्रं आत्मा इति वा॥ अंगति इति अग्रं आत्मा इति अर्थः।'**]

इसलिये 'एकाग्र' शब्द का अर्थ 'निजध्रुवात्मा' है।

'निजध्रुवात्मा' यह विषय-ज्ञेय-प्रमेय-ध्येय-भोग्य-वेद्य-अनुभाव्य है। जब उस 'निजध्रुवात्मा' को प्रामाण्यसहित प्रत्यक्षज्ञान से जानता है तब शुद्धात्मानुभव होता है, उसी समय चिन्ता का निरोध (व्यय) होता है, अर्थात् दुःख का नाश होता है अर्थात् सम्यक् - आनंद प्राप्त होता है।

देखिये श्री अकलंकदेवाचार्यविरचित तत्त्वार्थवार्तिक (राजवार्तिक)-अध्याय नं. ९, सूत्र नं. २७, वार्तिक नं. २१- **"अंगतीत्यग्रमात्मेति वा॥२१॥ अथवा, अंगति इति अग्रं आत्मा इति अर्थः। द्रव्यार्थतया एकस्मिन् आत्मनि अग्रे चिन्तानिरोधः ध्यानम्, तत् स्ववृत्तित्वात् बाह्यध्येयप्राधान्यापेक्षा निवर्तिता भवति।"**

अर्थ :– यहाँ अंगति याने अग्र अर्थात् आत्मा ऐसा अर्थ है। द्रव्यार्थिकनय से एक आत्मा में याने परमशुद्धनिश्चयनय का जो एकत्वविभक्तनिजात्मा यह विषय है। ['एकस्मिन् आत्मनि अग्रे' यहाँ विषय सप्तमी विभक्ति का प्रयोग है।] उस 'एकत्वविभक्तनिजात्मा' को प्रामाण्यसहित प्रत्यक्षज्ञान से जानते समय चिंता याने दुःख/आकुलता नष्ट होती है। वह शुद्ध ध्यान है। उस की स्व (याने एकत्वविभक्तनिजात्मा) में वृत्ति होने से (जानने से) बाह्य ध्येय (अर्थात् एकत्वविभक्तनिजात्मविषय को छोड़कर अन्य विषय) की प्राधान्य की अपेक्षा नहीं रहती। अर्थात् एकत्वविभक्तनिजध्रुवात्मा यह ही मुख्य विषय रहता है, अन्य विषय मुख्य नहीं रहते हैं। इसलिये 'एकत्वविभक्तनिजात्मा' को प्रामाण्यसहित प्रत्यक्षज्ञान से जाननेवाली ज्ञानपर्याय को निर्विकल्पज्ञान, ध्यान, शुद्धात्मानुभव, शुद्धध्यान कहते हैं। अर्थात् ध्यान याने ज्ञानपर्याय है। इसके लिए देखिये **राजवार्तिक**-अध्याय नं. ९, सूत्र नं. २७, वार्तिक नं. ८–

"तथा दिध्यासोः अपि आत्मनः ज्ञानावरणवीर्यान्तरायक्षयोपशमविशेषतन्त्रत्वात् ध्यानपरिणामस्य युज्यते कर्तृत्वम्।"

अर्थ :– तथा '**ध्यान**' शब्द की कर्तृसाधन व्युत्पत्ति इस प्रकार है कि दिध्यासु (ध्यान का इच्छुक) आत्मा के भी 'ज्ञानावरणवीर्यान्तरायक्षयोपशमपर्यायतन्त्रपना से' ध्यानपरिणाम में कर्तृत्वसाधनरूप शब्दव्युत्पत्ति योजते हैं।

यहाँ '**ज्ञानावरण के क्षयोपशम से**' ऐसे शब्द हैं अर्थात् '**ज्ञानावरण के क्षयोपशम से**' **ज्ञानपर्याय** होती है। यहाँ 'चारित्रावरण के क्षयोपशम से अथवा उपशम से अथवा क्षय से' ऐसे शब्द नहीं हैं। 'अर्थात्

ज्ञानपर्याय को ध्यान कहते हैं' यह श्लोकवार्तिक का कथन सुसंवादयुक्त है।

इस दृष्टि से देखेंगे तब 'ज्ञान ही व्यग्र होता है और ध्यान व्यग्र नहीं होता अर्थात् ध्यान एकाग्र होता है'। इसका अर्थ- व्यग्र याने सविकल्पज्ञान और ध्यान याने निर्विकल्पज्ञान (एकत्वविभक्तनिजध्रुवज्ञानदर्शनानंदात्मा को जाननेवाला प्रामाण्यसहित प्रत्यक्षज्ञान), ऐसा होता है।

व्यग्र (पर) को मुख्य विषय करनेवाला ज्ञान सविकल्पज्ञान है, तथा 'निजध्रुवात्मा' को परोक्षरूप से जाननेवाला सविकल्पज्ञान है, तथा प्रामाण्य रहित ज्ञान भी सविकल्पज्ञान है। इन सविकल्पज्ञानों के समय चिन्ता-आकुलता (दुःख) होती है। उसको अशुद्धध्यान कहते हैं। [सर्वज्ञ भगवान् 'पर' को जानते हुए भी उनको आकुलता (दुःख) नहीं होती क्योंकि अपने निजध्रुवात्मा को ही तन्मयता से जानते हैं, पर को तन्मयता से नहीं जानते।]

एकाग्र (निजध्रुवात्मा) को विषय करके जाननेवाले प्रामाण्यसहित प्रत्यक्षज्ञान को निर्विकल्पज्ञान कहते हैं। उस निर्विकल्पज्ञान के समय चिन्ता-आकुलता (दुःख) नहीं होती है। उसको शुद्धध्यान कहते हैं।

जब (b) **'अनित्यादि विषय के चिंतन का ज्ञान होता है तब अनुप्रेक्षा व्यपदेश होता है'** याने सविकल्पज्ञान होता है; और **'जब उसमें एकाग्रचिन्तानिरोध होता है तब धर्म्यध्यान होता है'**। अर्थात् निजध्रुवात्मा का निर्विकल्पज्ञान होता है तब चिन्ता नष्ट होती है, उसी समय धर्म्यध्यान होता है। याने निर्विकल्पज्ञान को धर्म्यध्यान कहते हैं। धर्म्यध्यान और शुक्लध्यान इन दोनों को प्रशस्त अर्थात् शुद्धध्यान कहते हैं। **[सर्वार्थसिद्धि-अध्याय ९, सूत्र २८** की टीका- **"कर्मनिर्दहनसामर्थ्यात् प्रशस्तम्"** कर्मदहन का (दुःख नष्ट करने का) सामर्थ्य होने से प्रशस्त है।] आर्त और रौद्र इनको अप्रशस्त याने अशुद्धध्यान कहते हैं। **[सर्वार्थसिद्धि-अध्याय ९, सूत्र २९ की टीका- "... आर्तरौद्रे संसारहेतू इति उक्तं भवति।"** आर्त और रौद्र ये दोनों संसार के (चिन्ता/आकुलता/दुःख के) कारण हैं।]

आगे और भी देखिये **समयसार-गाथा नं. १८६-**

"सुद्धं तु वियाणंतो सुद्धं चेवप्पयं लहदि जीवो।
जाणंतो दु असुद्धं असुद्धमेवप्पयं लहइ॥१८६॥

अर्थ :- शुद्धात्मा (एकत्वविभक्तनिजध्रुवशुद्धज्ञानदर्शनानंदात्मा) को जानता हुआ जीव शुद्ध ही आत्मा को प्राप्त करता है और अशुद्ध आत्मा को जानता हुआ जीव अशुद्ध आत्मा को ही प्राप्त करता है।

और भी देखिये **षट्खंडागम-धवल पुस्तक १, सूत्र १, पृष्ठ नं. ५७** और **पंचास्तिकायसंग्रह तात्पर्यवृत्ति "तत्र साक्षात् प्रत्यक्षं अज्ञानविनाशः सज्ज्ञानोत्पत्तिः... प्रतिसमयं असंख्यातगुणश्रेण्या कर्मनिर्जरा च।"**

अर्थ :- उनमें से साक्षात् प्रत्यक्ष अज्ञानविनाश, 'सत्' ज्ञानकी उत्पत्ति और प्रतिसमय असंख्यातगुणश्रेणी से कर्मनिर्जरा होती है।

आगे और भी देखिये श्री **समंतभद्राचार्यविरचित देवागम-स्तोत्र (आप्तमीमांसा-स्तोत्र) कारिका नंबर १०२-**

"उपेक्षा फलमाद्यस्य शेषस्यादानहानधीः।
पूर्वा वाऽज्ञाननाशो वा सर्वस्यास्य स्वगोचरे॥१०२॥"

तथा श्री **माणिक्यनन्दिरचित परीक्षामुखसूत्र**-अध्याय ५, सूत्र १-

"अज्ञाननिवृत्तिर्हानोपादानोपेक्षाश्च फलम्।" ॥१॥

अर्थ :- ज्ञान का ज्ञानपर्यायरूप साक्षात् फल अज्ञाननिवृत्ति है और व्यवहित या परम्परा (याने ज्ञानपर्याय से अन्य पर्याय का याने निर्मोह गुण के श्रद्धागुण की और चारित्रगुण की पर्याय में) हान (त्याग), उपादान

(ग्रहण) और उपेक्षा ये फल होते हैं।

आगे और देखिये **समयसार - गाथा नं. १७ तथा १८ →**

" जह णाम को वि पुरिसो रायाणं जाणिऊण सद्दहदि।
तो तं अणुचरदि पुणो अत्थत्थीओ पयत्तेण ॥१७॥
एवं हि जीवराया णादव्वो तह य सद्दहेदव्वो।
अणुचरिदव्वो य पुणो सो चेव दु मोक्खकामेण ॥१८॥ "

अर्थ :– जैसे कोई धन का अर्थी पुरुष राजा को **'जानकर'** उसका **श्रद्धान** तथा प्रयत्नपूर्वक **अनुचरण** करता है, इसी प्रकार मोक्ष के इच्छुक को जीवरूप राजा को **जानना** चाहिये और उसका **श्रद्धान** तथा **अनुचरण** करना चाहिये।

अर्थात् 'एकत्वविभक्तनिजध्रुवशुद्धज्ञानदर्शनानंदात्मा' का प्रामाण्यसहित प्रत्यक्षज्ञान करता है उस ही समय सम्यग्दर्शन और सम्यक्चारित्र होता है। **यहाँ 'ज्ञान' शब्द प्रथम है** उसके पश्चात् श्रद्धा, चारित्र ऐसा लिखा है।

आगे और भी देखिये चरणानुयोग में **'दैवसिकादि'**- प्रतिक्रमण में लिखा है कि-

" ... मिथ्याज्ञानमिथ्यादर्शनमिथ्याचारित्रं च प्रति विरत: अस्मि, सम्यग्ज्ञानं सम्यग्दर्शनं सम्यक्चारित्रं च रोचे ... "

अर्थ :– ... मिथ्याज्ञान, मिथ्यादर्शन, मिथ्याचारित्र के प्रति मैं विरत हूँ और सम्यग्ज्ञान, सम्यग्दर्शन तथा सम्यक्चारित्र की रुचि करता हूँ। **यहाँ 'ज्ञान' शब्द पहले रखा है** बाद में दर्शन, चारित्र शब्द हैं।

आगे और भी देखिये **करणानुयोग/कर्मशास्त्र-षट्खंडागम-धवल-पुस्तक नं. १, सूत्र नं. ११५** की टीका में श्री वीरसेनाचार्यजी लिखते हैं कि-

" किं तद्ज्ञानकार्यमिति चेत्, तत्त्वार्थे रुचि: प्रत्यय: श्रद्धा चारित्रस्पर्शनं च। "

अर्थ :– शंका- उस ज्ञान का क्या कार्य है?

समाधान – 'तत्त्वार्थ में रुचि, प्रत्यय, श्रद्धा और चारित्र-स्पर्शन करना' यह **ज्ञान का कार्य** है।

शंका – यहाँ आगमप्रमाण देकर **'ज्ञानदर्शनचारित्र'** ऐसा दिखाया है (अर्थात् **'ज्ञान'से दर्शनचारित्र होते हैं,** ऐसा दिखाया है)। लेकिन **तत्त्वार्थसूत्र में** 'दर्शनज्ञानचारित्र' ऐसा दिखाया है। कृपा करके इनका स्पष्टीकरण कीजिये।

समाधान – भो! प्रभु! ॐ। संसार में भटकनेवाले, भ्रमण करनेवाले, चिंता करनेवाले सभी जीव प्रतिसमय आनंदमय जीवन जीना चाहते हैं, दु:खोंका नाश करना चाहते हैं; क्योंकि 'शाश्वत ज्ञानानंद' जीव का स्वभाव-धर्म है और सम्यक्-आनंदमय जीना जीव का पर्याय-धर्म है। पर्यायदृष्टि से अव्याबाध अनंत अतीन्द्रिय आनंद ही प्राप्त करना चाहिये। उस अव्याबाध अनंत अतीन्द्रिय आनंद को ही परमनि:श्रेयस सुख अर्थात् मोक्षसुख कहते हैं। उस जाति के परमानंद का अनुभव अव्रती सम्यक्त्वी जीव भी करता है। उस परमानंद की प्राप्ति के साधन सम्यग्दर्शन, सम्यग्ज्ञान और सम्यक्चारित्र हैं। सम्यग्दर्शन, सम्यग्ज्ञान और सम्यक्चारित्र ये तीनों मिलकर ही एक मोक्षमार्ग है। सम्यग्दर्शन, सम्यग्ज्ञान और सम्यक्चारित्र की पूर्णता ही मोक्षफल है।

अव्रती सम्यक्त्वी में मोक्षमार्ग का प्रारम्भ होता है। मोक्षमार्ग शुरू होते समय सम्यग्दर्शन, सम्यग्ज्ञान और सम्यक्चारित्र युगपत् उत्पन्न होते हैं। अव्रती सम्यक्त्वी में सम्यग्दर्शन, सम्यग्ज्ञान और अव्रतवाला सम्यक्चारित्र हैं। जहाँ सम्यग्दर्शन है, वहाँ उसी समय सम्यग्ज्ञान, सम्यक्चारित्र हैं। जहाँ सम्यग्ज्ञान है, वहाँ उसी समय

सम्यग्दर्शन, सम्यक्चारित्र हैं। जहाँ सम्यक्चारित्र है, वहाँ उसी समय सम्यग्दर्शन, सम्यग्ज्ञान हैं। **निश्चयदृष्टिसे-वास्तविकदृष्टि से तो अभी अपने पास 'शाश्वतज्ञानानंदस्वभाव' है। निश्चयदृष्टि से वह अपना शाश्वतधर्म है क्योंकि 'वत्थुसहावो धम्मो' याने जो वस्तु का स्वभाव है वह उसका धर्म है; और व्यवहारदृष्टि से-पर्यायदृष्टि से सम्यक् आनंदमय जीना अर्थात् आनंदमय परिणति प्रगट करना, अपनी आनंद अवस्था करना, पर्याय-धर्म है। उस आनंदपरिणति का मूलभूत साधन सम्यग्दर्शन है। 'दंसणमूलो धम्मो' सम्यग्दर्शन ही धर्म का मूल है।**

वह सम्यग्दर्शन अपने को हो गया है या नहीं हुआ, यह जानने के लिये शुद्धात्मानुभव याने शुद्धात्मोपलब्धि यह साधन है। क्योंकि देखिये **प्रवचनसार-गाथा नं. ८० 'जो जाणदि'** इत्यादि की श्री जयसेनाचार्य रचित तात्पर्यवृत्ति टीका- **'...अविकल्पस्वरूपे प्राप्ते..... दर्शनमोहान्धकारः प्रलीयते।'** जिस समय निर्विकल्पशुद्धात्मानुभव होता है, उसी समय दर्शनमोह का व्यय होता है याने सम्यग्दर्शन का उत्पाद (प्रकट) होता है।

आगे और भी देखिये **पंचाध्यायी, अध्याय २ रा, श्लोक नं. २१५ →**

"न स्यादात्मोपलब्धिर्वा सम्यग्दर्शनलक्षणम्।
शुद्धा चेदस्ति सम्यक्त्वं न चेच्छुद्धा न सा सुदृक्॥२१५॥

अर्थ :- आत्मोपलब्धि मात्र सम्यग्दर्शन का लक्षण नहीं है किन्तु यदि वह शुद्धात्मोपलब्धि हो, तो ही वह सम्यग्दर्शन का लक्षण है और यदि वह शुद्ध न हो, तो सम्यग्दर्शन का लक्षण नहीं है (याने अशुद्धात्मानुभव सम्यग्दर्शन का लक्षण नहीं है)।

शुद्धात्मानुभव यह निजध्रुवात्मा को जाननेवाला प्रामाण्यसहित प्रत्यक्षज्ञान है। देखिये- **पंचाध्यायी, अध्याय २ रा, श्लोक नं. ३८७-**

'अपि स्वात्मानुभूतिः तु ज्ञानं ज्ञानस्य पर्ययात्।'

अर्थ :- तथा स्वात्मानुभूति भी ज्ञान ही है, क्योंकि वह ज्ञान की पर्याय है।

हम जो विचार (ज्ञान) करते हैं, वह हम जानते हैं। याने प्रत्येक जीव स्वयं कौनसा विचार कर रहा है, यह स्वयं जानता है, और कैसे याने प्रत्यक्षज्ञान से अथवा परोक्षज्ञान से जान रहा है, यह भी स्वयं ही जानता है।

इसलिये मैंने किस विषय का-ज्ञेय का विचार किया यह अपने आपको समझ में आ जाता है; और मैंने उस विषय को प्रत्यक्ष जाना अथवा परोक्ष जाना, यह भी अपने आपको समझ में आ जाता है। तथा अपने को संशयादिरूप ज्ञान हुआ अथवा निर्णयरूप सच्चा ज्ञान हुआ, यह भी अपने आपको समझ में आ जाता है। उससे सम्यग्ज्ञान या मिथ्याज्ञान का भी निर्णय स्वयं कर सकता है। अर्थात् अपनी ज्ञानपर्याय सम्यग्ज्ञानपर्याय है अथवा मिथ्याज्ञानपर्याय है, यह निर्णय भी अपने आपको हो सकता है। तथा ज्ञान-विचार ही ध्यान है, इसलिये प्रशस्तध्यान (शुद्धध्यान) अथवा अप्रशस्तध्यान (अशुद्धध्यान) मैंने किया, यह भी अपने आपको समझ में आता है। इसलिये शुद्धात्मानुभव करना सुलभ हो गया। इन सभी कारणों से तथा एक अपेक्षा से **ज्ञानपर्याय को द्रव्यानुयोग में महत्त्व** दिया गया है।

आगे भी देखिये **पंचाध्यायी, अध्याय २ रा, श्लोक नं. ४०१ और ४०२ →**

प्रसिद्धं ज्ञानमेवैकं साधनादिविधौ चितः।
स्वानुभूत्येकहेतुश्च तस्मात्तत् परमं पदम्॥४०१॥

तत्राप्यात्मानुभूतिः सा विशिष्टं ज्ञानमात्मनः।
सम्यक्त्वेनाविनाभूतमन्वयाद् व्यतिरेकतः॥४०२॥

अर्थ :– साधनादि विधि में चित् का एक ज्ञान ही प्रसिद्ध साधन है और शुद्ध स्वात्मानुभव ज्ञानपर्याय ही सम्यग्दर्शनादि साधनों का निर्णय करने में साधन है (अर्थात् अपने को सम्यग्दर्शन हुआ है या नहीं हुआ है, इसका निर्णय करने के लिये तथा सम्यग्ज्ञानादि और सम्यक्-आनंद का निर्णय करने के लिये शुद्धस्वात्मानुभव ज्ञानपर्याय ही साधन है)। इसलिये शुद्धस्वात्मानुभव ज्ञानपर्याय का परम पद (श्रेष्ठ पद) है। उसमें भी वह आत्मानुभूति आत्मा की विशिष्ट ज्ञानपर्याय है और उसका सम्यग्दर्शन के साथ अन्वय और व्यतिरेक दोनों प्रकार से अविनाभाव पाया जाता है।

सम्यक्त्व स्वानुभूतिरूप कब कहलाता है : →

ततोऽस्ति योग्यता वक्तुं व्याप्तेः सद्भावतस्तयोः।
सम्यक्त्वं स्वानुभूतिः स्यात् सा चेच्छुद्धनयात्मिका॥४०३॥

अर्थ :– चूँकि **सम्यग्दर्शन और स्वात्मानुभूति - इनकी व्याप्ति पाई जाती है,** इसलिये स्वानुभूतिरूप से सम्यग्दर्शन कहने योग्य हो जाता है। तब यह कहा जाता है कि स्वात्मानुभूति ही सम्यक्त्व है किन्तु तब उस स्वात्मानुभूति का शुद्धनयरूप होना आवश्यक है॥४०३॥

सम्यक्त्व के साथ व्याप्ति का खुलासा : →

किञ्चास्ति विषमव्याप्तिः सम्यक्त्वानुभवद्वयोः।
नोपयोगे समव्याप्तिरस्ति लब्धिविधौ तु सा॥४०४॥

अर्थ :– इतनी विशेषता है कि, सम्यग्दर्शन और स्वात्मानुभूति-इनकी विषम व्याप्ति है, क्योंकि उपयोगरूप अवस्था के रहते हुए इनकी समव्याप्ति नहीं पायी जाती। यदि पाई भी जाती है तो वह लब्धिरूप अवस्था के रहते हुए ही पायी जाती है॥४०४॥

इसी का स्पष्टीकरण : →

तद्यथा स्वानुभूतौ वा तत्काले वा तदात्मनि।
अस्त्यवश्यं हि सम्यक्त्वं यस्मात्सा न विनापि तत्॥४०५॥

अर्थ :– खुलासा इस प्रकार है :– जब स्वानुभव होता है या स्वानुभव का काल रहता है तब उसरूप आत्मा में सम्यक्त्व अवश्य पाया जाता है, क्योंकि सम्यग्दर्शन के बिना स्वानुभूति नहीं हो सकती॥४०५॥

सम्यक्त्व और लब्धिरूप ज्ञान : →

यदि वा सति सम्यक्त्वे स स्याद्वा नोपयोगवान्।
शुद्धस्यानुभवस्तत्र लब्धिरूपोऽस्ति वस्तुतः॥४०६॥

अर्थ :– अथवा सम्यक्त्व के होने पर आत्मा उपयोगवाला होता भी है और नहीं भी होता; किन्तु इतना अवश्य है कि सम्यक्त्व के होने पर शुद्ध आत्मा का अनुभव लब्धिरूप अवश्य रहता है॥॥४०६॥

उसका कारण : →

हेतुस्तत्रापि सम्यक्त्वोत्पत्तिकालेऽस्त्यवश्यत:।
तज्ज्ञानावरणस्योच्चैरस्त्यवस्थान्तरं स्वत: ॥४०७॥

अर्थ :– इसका कारण यह है कि सम्यक्त्व की उत्पत्ति के समय स्वानुभूतिरूप ज्ञानावरण कर्म की अवस्था पलट जाती है अर्थात् क्षयोपशम स्वयमेव नियम से हो जाता है॥४०७॥

उसका भी कारण : →

यस्माज्ज्ञानमनित्यं स्याच्छद्मस्थस्योपयोगवत्।
नित्यं ज्ञानमछद्मस्थे छद्मस्थस्य च लब्धिमत्॥४०८॥

अर्थ :– क्योंकि छद्मस्थ का उपयोगात्मक ज्ञान अनित्य होता है और केवली का ज्ञान नित्य होता है। साथ ही छद्मस्थ का भी लब्धिरूप ज्ञान नित्य होता है॥४०८॥

सारांश →

नित्यं सामान्यमात्रत्वात् सम्यक्त्वं निर्विशेषत:।
तत्सिद्धा विषमव्याप्ति: सम्यक्त्वानुभवद्वयो: ॥४०९॥

अर्थ :– अपने अवान्तर भेदों की अपेक्षा किये बिना सामान्यरूप से सम्यक्त्व नित्य है, इसलिये सम्यक्त्व और अनुभव इन दोनों में विषम व्याप्ति सिद्ध होती है॥४०९॥

इसका आशय यह है कि :– एक अपेक्षा से सम्यक्त्व सीधे अपने अस्तित्व को नहीं सूचित करता; किन्तु ज्ञान द्वारा उसका अस्तित्व अवश्य जाना जाता है क्योंकि जीव को 'यह मैं शाश्वतशुद्धज्ञानानंदात्मा हूँ' ऐसा प्रामाण्यसहित प्रत्यक्षज्ञान होता है, अर्थात् ज्ञान से अपने सम्यग्ज्ञान के अस्तित्व का निर्णय हो जाता है। यह खुद अपनी समझ में आता है। यही कारण है कि यहाँ स्वानुभव और सम्यग्दर्शन की व्याप्ति बतलाई है। इसलिये **पहले ज्ञान शब्द रखा और पश्चात् दर्शन, चारित्र शब्द रखे गये हैं।**

लेकिन यह व्याप्ति छद्मस्थ में समरूप न होकर विषमरूप ही होती है। इतना अवश्य है कि, सम्यग्दर्शन की उत्पत्ति के समय स्वात्मानुभव प्रत्यक्षज्ञान नियम से होता है किन्तु छद्मस्थ जीव कदाचित् अपने आत्मानुभव में सोपयुक्त होता है और कदाचित् अन्य घटादि पदार्थों में; जब वह अन्य पदार्थों में उपयुक्त होता है तब उसके उपयोगरूप स्वानुभव नहीं पाया जाता। उस समय उसका उपयोग अन्य पदार्थों में रहता है। यही कारण है कि प्रकृत में स्वानुभव और सम्यक्त्व की विषम व्याप्ति बतलाई है। परन्तु इतना अवश्य है कि ऐसा जीव जब अन्य पदार्थ को जानता है तब भी इसके **स्वानुभव का लब्धिरूप ज्ञान तो पाया ही जाता है;** इसलिये इस दृष्टि से यदि विचार किया जाता है तो सम्यक्त्व और लब्धिरूप स्वानुभव की समव्याप्ति भी बन जाती है। इस प्रकार स्वानुभवज्ञान सम्यक्त्व का सहचारी होकर भी वह छद्मस्थ के सदाकाल उपयुक्त नहीं रहता, यह सिद्ध होता है।

तत्त्वार्थ-सूत्र में इसलिये पहले दर्शनशब्द रखा है और पश्चात् ज्ञान और चारित्र रखा है। उपर्युक्त विवेचन समझने के लिये ऐसी कल्पना करो कि श्रद्धा के दो पैर (भाग) हैं, तथा ज्ञान के दो पैर (भाग) हैं और चारित्र के दो पैर (भाग) हैं।

चार्ट नं. ९ मिथ्यादृष्टि अवस्थामें

श्रद्धा के दोनों पैर बाहर-परकी तरफ हैं याने श्रद्धा उपयोगरूप से-जागृतरूप से पर की तरफ है।

और

ज्ञान के दोनों पैर बाहर-पर की तरफ हैं याने ज्ञान उपयोगरूप से पर की तरफ है, सविकल्पज्ञान है।

और

चारित्र के दोनों पैर बाहर-पर की तरफ हैं याने चारित्र उपयोगरूप से अशुद्धोपयोग है। इसप्रकार मिथ्यात्वी के छः ही पैर बाहर हैं।

सम्यग्दर्शन की उत्पत्ति की अथवा सम्यक्त्वसहित निर्विकल्पज्ञान की अवस्था में→

श्रद्धा के दोनों पैर ' निजध्रुवात्मा की ' तरफ हैं याने श्रद्धा उपयोगरूप से - जागृतरूप से ' निजध्रुवात्मा की ' तरफ है।

और

ज्ञान के दोनों पैर ' निजध्रुवात्मा ' की तरफ हैं याने बुद्धिपूर्वक ज्ञान उपयोगरूप से ' निजध्रुवात्मा ' की तरफ है, निर्विकल्पज्ञान है।

और

चारित्र के दोनों पैर ' निजध्रुवात्मा ' की तरफ हैं याने चारित्र बुद्धिपूर्वक शुद्धोपयोगरूप है, बुद्धिपूर्वक समता याने वीतरागता है।

और

सम्यग्दर्शनसहित सविकल्पज्ञान की अवस्था में →

श्रद्धा के दोनों पैर ' निजध्रुवात्मा ' की तरफ हैं याने श्रद्धा उपयोगरूप से - जागृतरूप से ' निजध्रुवात्मा ' की तरफ है।

और

ज्ञान का एक पैर ' निजध्रुवात्मा ' की तरफ है याने स्वात्मानुभवज्ञान लब्धिरूपज्ञान है।

और

चारित्र का एक पैर ' निजध्रुवात्मा ' की तरफ है याने परिणतिरूप (लब्धिरूप) वीतरागता है, समता है।

ज्ञान का एक पैर ' पर ' की तरफ है याने उपयोगरूप ज्ञानोपयोग ' पर ' की तरफ है याने बाहर है, सविकल्पज्ञान है।

और

चारित्र का एक पैर ' पर ' की तरफ है याने अशुद्धोपयोग है, विषमता है, कषाय परिणाम है।

और

जब फिर सम्यग्दर्शनसहित निर्विकल्पज्ञान की अवस्था आयेगी तब →

श्रद्धा के दोनों पैर 'निजध्रुवात्मा की' तरफ हैं याने श्रद्धा उपयोगरूप से - जागृतरूप से 'निजध्रुवात्मा की' तरफ है।

और

ज्ञान के दोनों पैर 'निजध्रुवात्मा' की तरफ हैं याने बुद्धिपूर्वक ज्ञान उपयोगरूप से 'निजध्रुवात्मा' की तरफ है, निर्विकल्पज्ञान है।

और

चारित्र के दोनों पैर 'निजध्रुवात्मा' की तरफ हैं याने चारित्र बुद्धिपूर्वक शुद्धोपयोगरूप है, बुद्धिपूर्वक समता याने वीतरागता है।

और

जब फिर सम्यग्दर्शनसहित सविकल्पज्ञान की अवस्था आयेगी तब →

श्रद्धा के दोनों पैर 'निजध्रुवात्मा' की तरफ हैं याने श्रद्धा उपयोगरूप से- जागृतरूप से 'निजध्रुवात्मा' की तरफ है।

और

ज्ञान का एक पैर 'निजध्रुवात्मा' की तरफ है याने स्वात्मानुभवज्ञान लब्धिरूपज्ञान है।

और

चारित्र का एक पैर 'निजध्रुवात्मा' की तरफ है याने परिणतिरूप (लब्धिरूप) वीतरागता है, समता है।

ज्ञान का एक पैर 'पर' की तरफ है याने उपयोगरूप ज्ञानोपयोग 'पर' की तरफ है याने बाहर है, सविकल्पज्ञान है।

और

चारित्र का एक पैर 'पर' की तरफ है याने अशुद्धोपयोग है, विषमता है, कषाय परिणाम है।

और

फिर सम्यग्दर्शनसहित निर्विकल्पज्ञान की अवस्था में →

श्रद्धा के दोनों पैर 'निजध्रुवात्मा की' तरफ हैं याने श्रद्धा उपयोगरूप से - जागृतरूप से 'निजध्रुवात्मा की' तरफ है।

और

ज्ञान के दोनों पैर 'निजध्रुवात्मा' की तरफ हैं याने बुद्धिपूर्वक ज्ञान उपयोगरूप से 'निजध्रुवात्मा' की तरफ है, निर्विकल्पज्ञान है।

और

चारित्र के दोनों पैर 'निजध्रुवात्मा' की तरफ हैं याने चारित्र बुद्धिपूर्वक शुद्धोपयोगरूप है, बुद्धिपूर्वक समता याने वीतरागता है।

इससे यह सुस्पष्ट हुआ कि, (१) सम्यग्दर्शन सहित निर्विकल्पज्ञान की अवस्था और (२) सम्यग्दर्शन सहित सविकल्पज्ञान की अवस्था-इन दोनों अवस्थाओं में श्रद्धा के दोनों पैर 'निजध्रुवात्मा' की तरफ ही थे। लेकिन सम्यग्दर्शन सहित निर्विकल्पज्ञान के क्षण में ज्ञान के दोनों पैर और चारित्र के दोनों पैर 'निजध्रुवात्मा' की तरफ थे; तो भी सम्यग्दर्शन सहित सविकल्पज्ञान के क्षण में ज्ञान का एक ही पैर और चारित्र का एक ही पैर 'निजध्रुवात्मा' की तरफ थे। इसलिये **सम्यग्दर्शन की महानता है।** अतः तत्त्वार्थसूत्र में पहले 'सम्यग्दर्शन' शब्द रखा है पश्चात् ज्ञान, चारित्र यह शब्द रखे हैं।

दूसरी विवक्षा यह है कि गुणस्थान ४ थे से गुणस्थान ७ वें तक के किसी भी गुणस्थान में 'सम्यग्दर्शन' की पूर्णता याने **क्षायिक** सम्यग्दर्शन हो जाता है। इसके बाद १३ वें गुणस्थान में सर्वज्ञता याने-क्षायिकज्ञान हो जाता है; और उसके बाद गुणस्थान १४ के अंत में सिद्ध होने के प्रथम समय में सम्यक्चारित्र की पूर्णता हो जाती है। इसलिये भी सम्यग्दर्शन, सम्यग्ज्ञान, सम्यक्चारित्र ऐसा क्रम रखा है।

ऐसा है तो भी अनादि मिथ्यात्व का व्यय होकर अव्रती अवस्था में प्रथमोपशम सम्यक्त्व का उत्पाद होते समय सम्यग्दर्शन, सम्यग्ज्ञान और सम्यक्चारित्र **ये तीनों एकसाथ (युगपत्) उत्पन्न होते हैं।**

ऐसे महान सम्यग्दर्शन की उत्पत्ति अपने को हुई है, यह जानने के लिये कौनसा लक्षण है? तो उसका समाधान यह है कि '**शुद्धस्वात्मानुभव प्रामाण्यसहित प्रत्यक्षज्ञानपर्याय**' यह सम्यग्दर्शन का लक्षण है क्योंकि वह शुद्धात्मानुभव प्रत्यक्षज्ञानपर्याय आत्मा की विशिष्ट ज्ञानपर्याय है और उसका सम्यग्दर्शन के साथ अन्वय और व्यतिरेक दोनों प्रकार से अविनाभाव पाया जाता है। इसलिये '**शुद्धात्मानुभव ज्ञानपर्याय**' का महत्त्व विशेषरूप से है।

शंका :- चारित्र के उपयोगरूप परिणाम और लब्धि याने परिणतिरूप परिणाम इनका कुछ विशेष वर्णन कीजिये।

समाधान :- इनका वर्णन पंचाध्यायी, समयसार, प्रवचनसार, पंचास्तिकायसंग्रह, नियमसार, अष्टपाहुड, महापुराणादि, जयधवल, धवल, महाधवल आदि ग्रंथों में है। वहाँसे देखना चाहिये। स्थूल स्वरूप से यहाँ कुछ संदृष्टियाँ लिखी हैं।

मिथ्यात्वी का अशुभभाव-अशुभोपयोग

श्रद्धा	ज्ञान		चारित्र	
मिथ्यात्वी के श्रद्धा के दोनों पैर 'पर' की तरफ याने बाहर हैं याने **मिथ्यादर्शन** है।	मिथ्यात्वी के बुद्धिपूर्वक ज्ञान के दोनों पैर 'पर' की तरफ याने बाहर हैं, निंदा का विचार सविकल्पज्ञान है। मिथ्याज्ञान है, बुद्धिपूर्वक **सविकल्पज्ञान** है।	मिथ्यात्वी का अबुद्धिपूर्वक ज्ञान भी **सविकल्पज्ञान** है।	मिथ्यात्वी के बुद्धिपूर्वक चारित्र के दोनों पैर 'पर' की तरफ याने बाहर हैं, याने बुद्धिपूर्वक **अशुभोपयोग** है।	मिथ्यात्वी का अबुद्धिपूर्वक चारित्र परिणाम **अशुद्धोपयोग** है।
			इसका विशेष वर्णन जयधवल, धवल, महाधवलादि में देखो।	

उसके पश्चात् मिथ्यात्वी का शुभभाव-शुभोपयोग

श्रद्धा	ज्ञान		चारित्र	
मिथ्यात्वी के श्रद्धा के दोनों पैर 'पर' की तरफ याने बाहर हैं याने **मिथ्यादर्शन** है।	मिथ्यात्वी के बुद्धिपूर्वक ज्ञान के दोनों पैर 'पर' की तरफ हैं याने बाहर हैं, स्तुति आदिका विचार है, सविकल्पज्ञान है। बुद्धिपूर्वक **सविकल्पज्ञान** है। [अथवा कभी यदि देशनालब्धि के समय अथवा प्रायोग्यलब्धि के समय कभी स्व की तरफ है, कभी पर की तरफ है अथवा करणलब्धि के समय '**निजध्रुवात्मा**' का विचार होता है लेकिन उस समय विशिष्ट प्रामाण्य सहित प्रत्यक्षज्ञान नहीं है। सविकल्पज्ञान है। उनका दिग्दर्शन अन्यत्र है, यहाँ दिखाया नहीं।]	मिथ्यात्वी का अबुद्धिपूर्वक ज्ञान भी पर की तरफ है याने **सविकल्पज्ञान** है।	मिथ्यात्वी के बुद्धिपूर्वक चारित्र के दोनों पैर 'पर' की तरफ हैं याने बाहर हैं, याने बुद्धिपूर्वक **शुभोपयोग** है। [देशनालब्धि के समय अथवा प्रायोग्यलब्धिके समय कभी '**स्व**' की तरफ हैं, कभी पर की तरफ है अथवा करणलब्धि के समय '**निजध्रुवात्मा**' की तरफ हैं।]	मिथ्यात्वी का अबुद्धिपूर्वक चारित्र परिणाम **अशुद्धोपयोग** है।
			इस का वर्णन जयधवल, धवल, महाधवलादि में देखना चाहिये।	

छद्मस्थ सम्यक्त्वी का शुद्धभाव-समभाव-शुद्धोपयोग

श्रद्धा	ज्ञान		चारित्र	
श्रद्धा के दोनों पैर 'निज' ध्रुवात्मा' की तरफ याने **सम्यग्दर्शन** उपयोगरूप अर्थात् जागृतरूप है। शुद्धपरिणाम है।	बुद्धिपूर्वक ज्ञान के दोनों पैर '**निजध्रुवात्मा**' की तरफ उपयोगरूप हैं, प्रामाण्यसहित प्रत्यक्षज्ञान है। **निर्विकल्पज्ञान** है।	अबुद्धिपूर्वक ज्ञान 'पर' की तरफ है याने **सविकल्पज्ञान** है।	बुद्धिपूर्वक चरित्र के दोनों पैर '**निजध्रुवात्मा**' की तरफ हैं याने भीतर हैं। याने बुद्धिपूर्वक समभाव है। **शुद्धोपयोग** है। [अव्रती सम्यक्त्वी को मिथ्यात्वानन्तानुबंधी कषायों का उदय नहीं है लेकिन अप्रत्याख्यानादि का मंद उदय है। सम्यक्त्व सहित देशव्रती को मिथ्यात्वानन्तानुबंधी और अप्रत्याख्यानावरण कषायों का उदय नहीं है। प्रत्याख्यानावरण का मंद उदय है। सम्यक्त्व सहित महाव्रती को मिथ्यात्वानन्तानुबंधी और अप्रत्याख्यानावरण और प्रत्याख्यानावरण का उदय नहीं है, लेकिन ७ वें से १० वें गुणस्थान तक यथायोग्य संज्वलनादि का मंद उदय है। गुणस्थान ११ तथा १२ में कषाय उदय नहीं।]	अबुद्धिपूर्वक कषाय है। **अशुद्धोपयोग** है। (गुणस्थान ११ वें में कषाय का उदय नहीं है, उपशांत कषाय है। और गुणस्थान १२ वें में कषाय का सद्भाव भी नहीं और उदय भी नहीं। गुणस्थान ४ थे में और गुणस्थान चौथे से दसवें तक यथायोग्य संज्वलनादि कषाय का उदय है।)
	इसके लिये देखिये → (१) पंचाध्यायी (२) बृहद्द्रव्यसंग्रह की श्री ब्रह्मदेवकृत संस्कृत टीका- गाथा नं. ४२ की, ४८ की टीका (३) समयसार-श्री जयसेनाचार्यरचित ता. वृ. (गाथा नं. २९२-आ.ख्या.)		इस का विशेष वर्णन जयधवलादि में देखो।	

छद्मस्थ-सम्यक्त्वी का शुभभाव-शुभोपयोग

श्रद्धा	ज्ञान			चारित्र		
श्रद्धा के दोनों पैर 'निज' ध्रुवात्मा की तरफ हैं याने **सम्यग्दर्शन** उपयोगरूप अर्थात् जागृतरूप है। **शुद्ध परिणाम** है।	बुद्धिपूर्वक ज्ञान का एक पैर 'पर' की तरफ उपयोगरूप है। **सविकल्पज्ञान** है। [अथवा कभी बुद्धिपूर्वक ज्ञान का एक पैर 'निजध्रुवात्मा' की तरफ है, लेकिन उस क्षण में **सविकल्प स्वसंवेदन है।**]	ज्ञान का एक पैर '**निज-ध्रुवात्मा**' की तरफ है याने **लब्धिरूप स्वात्मानुभव** (स्वसंवेदन लब्धिरूप) है।	अबुद्धिपूर्वक सविकल्प ज्ञान है।	बुद्धिपूर्वक चारित्र का एक पैर 'पर' की तरफ है याने बुद्धिपूर्वक विषम भाव है। स्तुति या अन्य **शुभोपयोग** है। [अव्रती सम्यक्त्वी को अप्रत्याख्यानादि कषाय का तीव्र उदय है। अथवा सम्यक्त्व सहित देशव्रती को प्रत्याख्यानादि का तीव्र उदय है। अथवा सम्यक्त्व सहित महाव्रती को प्रमत्तसंयत गुणस्थान में संज्वलन कषाय का तीव्र उदय है।]	चारित्र का एक पैर '**निजध्रुवात्मा**' की तरफ है। याने वीतराग है। अर्थात् परिणतिरूप **(लब्धिरूप) शुद्धभाव** है। शुद्धपरिणाम है। [चतुर्थगुणस्थानवर्ती को मिथ्यात्वानन्तानुबंधी कषायों का उदय नहीं हैं अर्थात् पाषाण-रेखादि समान रागादि का अभाव है। अथवा पंचमगुणस्थानवर्ती को मिथ्यात्वानन्तानुबंधी और अप्रत्याख्यानावरण कषायों का उदय नहीं है अर्थात् पाषाणरेखादि समान, और भूमिरेखादि समान रागादि का अभाव है।]	अबुद्धिपूर्वक कषाय है। **अशुद्धोपयोग** है। [अव्रती सम्यक्त्वी को अप्रत्याख्यानादि कषायों का उदय है। अथवा पंचमगुणस्थानवर्ती को प्रत्याख्यानादि का उदय है। अथवा प्रमत्तसंयत छट्ठे गुणस्थानवर्ती को संज्वलनकषाय का उदय है।]

[पंचाध्यायी और बृहद्द्रव्यसंग्रह-गाथा ४२, ४८, १३, १४ की श्री ब्रह्मदेवकृत संस्कृत टीका और समयसार-गाथा २९२ (आ.ख्या.) की श्री जयसेनाचार्यरचित संस्कृत टीका देखिये।]

इस का विशेष वर्णन जयधवल, धवल, महाधवलादि में देखना चाहिये।

छद्मस्थ-सम्यक्त्वी का अशुभभाव-अशुभोपयोग

श्रद्धा	ज्ञान			चारित्र		
श्रद्धा के दोनों पैर 'निज ध्रुवात्मा की तरफ हैं याने **सम्यग्दर्शन** उपयोगरूप अर्थात् जागृतरूप है। **शुद्ध परिणाम है।**	बुद्धिपूर्वक ज्ञान का एक पैर 'पर' की तरफ उपयोगरूप है। **सविकल्पज्ञान** है।	ज्ञान का एक पैर **'निज-ध्रुवात्मा'** की तरफ है याने **लब्धिरूप स्वात्मानुभव** है।	बुद्धिपूर्वक सविकल्प ज्ञान है।	बुद्धिपूर्वक चारित्र का एक पैर 'पर' की तरफ है याने बुद्धिपूर्वक विषम भाव है। निंदा या अन्य **अशुभोपयोग** है। [चतुर्थ गुणस्थानवर्ती को अप्रत्याख्यानादि का तीव्र उदय है। आर्त अथवा रौद्र परिणाम है। अथवा पंचमगुणस्थानवर्ती को प्रत्याख्यानावरण का तीव्र उदय है। आर्त या रौद्र परिणाम है। अथवा प्रमत्तसंयत छट्ठे गुणस्थानवर्ती को संज्वलन का तीव्र उदय है। आर्त परिणाम है।]	चारित्र का एक पैर **'निजध्रुवात्मा'** की तरफ है। याने वीतराग है। अर्थात् **परिणतिरूप (लब्धिरूप) शुद्धभाव** है। शुद्धपरिणाम है। [चतुर्थ गुणस्थानवर्ती को मिथ्यात्वानन्तानुबंधी कषायों का उदय नहीं है। अर्थात् पाषाणरेखादि समान रागादि का अभाव है। अथवा पंचम गुणस्थानवर्ती को मिथ्यात्वानन्तानुबंधी और अप्रत्याख्यानावरण कषायों का उदय नहीं है। अर्थात् पाषाणरेखा और भूमिरेखादि समान रागादि का अभाव है। अथवा छट्ठे गुणस्थानवर्ती को मिथ्यात्वानन्तानुबंधी, अप्रत्याख्यानावरण और प्रत्याख्यानावरण कषायों का उदय नहीं है अर्थात् पाषाणरेखा, भूमिरेखा और धूलिरेखा आदि समान रागादि का अभाव है।]	अबुद्धिपूर्वक कषाय है। **अशुद्धोपयोग** है। [चतुर्थ गुणस्थानवर्ती को अप्रत्याख्याना-वरणादि कषायों का उदय हैं। अथवा पंचम गुणस्थानवर्ती को प्रत्याख्याना-वरणादि कषायों का उदय है। अथवा प्रमत्तसंयत छट्ठे गुणस्थानवर्ती को संज्वलन कषायों का उदय है।]

[बृहद्द्रव्यसंग्रह की श्री ब्रह्मदेवकृत संस्कृत टीका-गाथा नं. ४२ और गाथा ४८, समयसार-गाथा २९२ की श्री जयसेनाचार्यविरचित संस्कृत टीका और पंचाध्यायी देखिये।]

इस का विशेष वर्णन जयधवल, धवल, महाधवलादि में देखना चाहिये।

मिथ्यादृष्टि का अशुभोपयोग अन्तर्मुहूर्त ही रहता है और **मिथ्यादृष्टि का शुभोपयोग** भी अन्तर्मुहूर्त ही रहता है। क्षपकश्रेणी के क्षण को छोड़कर **सम्यग्दृष्टि का शुद्धोपयोग** अन्तर्मुहूर्त ही रहता है और **सम्यग्दृष्टि का शुभोपयोग** भी अन्तर्मुहूर्त ही रहता है और **सम्यग्दृष्टि का अशुभोपयोग** भी अन्तर्मुहूर्त ही रहता है।

इसके लिये देखिये- **कार्तिकेयानुप्रेक्षा-गाथा नं. ४७०** →

" अंतोमुहुत्तमेत्तं लीणं वत्थुम्मि माणसं णाणं।
झाणं भण्णदि समए असुहं च सुहं (सुद्धं) च तं दुविहं॥४७०॥ "

अर्थ :- चेतनोपयोग वस्तु में एक अन्तर्मुहूर्त तक रहता है, उसको आगम में **ध्यान** कहते हैं, वह अशुभ और शुभ अथवा पाठभेद से शुद्ध ऐसे दो प्रकार का है।

श्री समयसार-गाथा नं. १७१ →

" जम्हा दु जहण्णादो णाणगुणादो पुणो वि परिणमदि।
अण्णत्तं णाणगुणो... ॥१७१॥ "

अर्थ :- क्योंकि ज्ञानगुण जघन्य ज्ञानगुण के कारण फिर से भी अन्यत्व रूप से परिणमन करता है,....

आगे और भी देखिये श्री **जिनसेनाचार्यविरचित महापुराण-पर्व नं. २१**→ श्लोक नं. ३८ और ४४→

" अप्रशस्ततमं लेश्यात्रयमाश्रित्य जृम्भितम्।
अन्तर्मुहूर्तकालं तदप्रशस्तावलम्बितम्॥३८॥ "

अर्थ :- अप्रशस्ततम तीन लेश्याओं का आश्रय करके चार प्रकार का आर्तध्यान होता है और वह अन्तर्मुहूर्त काल तक अप्रशस्त का अवलम्बन लेने से होता है।

" प्रकृष्टतरदुर्लेश्यात्रयोपोद्बलबृंहितम्।
अन्तर्मुहूर्तकालोत्थं पूर्ववद्भवमिष्यते॥४४॥ "

अर्थ :- प्रकृष्टतर तीनों दुर्लेश्याओं के बल से रौद्रध्यान वृद्धिंगत होता है, उसकी मर्यादा अन्तर्मुहूर्त है और आर्तध्यान के समान इसमें क्षायोपशमिकभाव है।

आगे और भी देखिये **श्रीशुभचंद्राचार्यविरचित ज्ञानार्णव-प्रकरण नं. २६,श्लोक नं. ३९** →

" क्षायोपशमिको भावः कालश्चान्तर्मुहूर्तकः।
दुष्टाशयवशादेतदप्रशस्तावलम्बनम्॥३९॥ "

अर्थ :- यह क्षायोपशमिकभाव है, इसका काल अन्तर्मुहूर्त है और दुष्ट आशय के वश से अप्रशस्त का अवलम्बन करनेवाला है।

आगे और भी देखिये **ज्ञानार्णव-प्रकरण २८**→ श्लोक नं. २८ →

" किं च कैश्चिच्च धर्मस्य चत्वारः स्वामिनः स्मृताः।
सद्दृष्ट्याद्यप्रमत्तान्ता यथायोग्येन हेतुना॥२८॥ "

अर्थ :- यथायोग्य हेतु से अव्रती सम्यक्त्वी, देशव्रती सम्यक्त्वी और प्रमत्तसंयत और अप्रमत्तसंयत ये चार गुणस्थानवर्ती जीव **धर्म्यध्यान के स्वामी हैं**, ऐसा कितने ही याने अनेक आचार्यों द्वारा कहा गया है।

श्री पूज्यपादाचार्य सर्वार्थसिद्धि-अध्याय ९, सूत्र नं. ३६ की टीका में लिखते हैं कि →

"तदविरतदेशविरतप्रमत्ताप्रमत्तसंयतानां भवति।"

अर्थ :– वह **धर्म्यध्यान** अविरत सम्यक्त्वी, देशविरत सम्यक्त्वी, प्रमत्तसंयत और अप्रमत्तसंयत को होता है।

आर्तध्यान के स्वामी →

तत्त्वार्थसूत्र-अध्याय ९, सूत्र ३० से ३४-

"आर्तम्... तदविरतदेशविरतप्रमत्तसंयतानाम्।"

अर्थ :– अव्रती, देशव्रती और प्रमत्तसंयत इनको आर्तध्यान हो सकता है।

रौद्रध्यान के स्वामी-

तत्त्वार्थसूत्र-अध्याय ९, सूत्र ३५-

"हिंसानृतस्तेयविषयसंरक्षणेभ्यो रौद्रमविरतदेशविरतयोः।"

अर्थ :– हिंसा, झूठ, चोरी और विषयसंरक्षणों के लिये होनेवाला रौद्रध्यान अव्रती और देशव्रती को होता है।

आगे और भी देखिये **जयधवल पुस्तक नं. १३, प्रस्तावना पृष्ठ नं. १५-**

"इतनी विशेषता है कि संयतासंयत के निमित्त से गुणश्रेणिनिर्जरा के सतत होते रहने का नियम है, इसलिये संयतासंयत के गुणश्रेणिनिर्जरा का जघन्य काल अन्तर्मुहूर्त है और उत्कृष्ट काल कुछ कम एक पूर्वकोटिप्रमाण है। इतना अवश्य है कि यह गुणश्रेणिनिर्जरा यथासम्भव विशुद्धि और संक्लेश के अनुसार न्यूनाधिक होती रहती है।"

इसके लिये देखिये जयधवल पुस्तक नं. १३, पृष्ठ नं. १२९ और १३०–

*** "जाव संजदासंजदो ताव गुणसेढिं समए समए करेदि।**

४५. जाव संजदासंजदो होदूण चिट्ठदि ताव समए समए असंखेज्जे समयपबद्धे ओकड्डियूण गुणसेढिणिज्जरं करेदि, ण तत्थ पडिसेहो अत्थि त्ति वुत्तं होइ। किं कारणमेवं होदि त्ति चे? ण, संजमासंजमगुणसेढिणिबंधणाए गुणसेढिणिज्जराए जाव सो गुणो ण फिट्टदि ताव पवुत्तीए बाहाणुवलंभादो। तदो संजदासंजदगुणसेढिणिज्जराकालो जहण्णेणंतोमुहुत्तमेत्तो, उक्कस्सेण देसूणपुव्वकोडिमेत्तो त्ति घेत्तव्वो। किं पुण एदम्मि काले गुणसेढिणिज्जरं कुणमाणो संकिलेसविसोहिअद्धासु सव्वत्थेवाविसेसेण असंखेज्जगुणं पदेसग्गमोकड्डियूण समये समये गुणसेढिं करेदि, किमाहो संकिलेस-विसोहीसु परियत्तमाणस्स संकिलेसकाले हीयमाणो विसोहिकाले च वड्ढमाणो गुणसेढिणिक्खेवो होदि त्ति एदिस्से पुच्छाए णिरारेगीकरणट्ठमुत्तरसुत्तविण्णासो-

४४. अब स्वस्थान विशुद्धि से गिरे हुए संयतासंयत के जिसप्रकार स्थितिघात और अनुभागघात नहीं होते, क्या इसप्रकार गुणश्रेणिनिर्जरा भी सम्भव नहीं है या सम्भव है? ऐसा पूछने पर उसका निर्णय करने के लिये आगे के सूत्र को कहते हैं-

किन्तु जब तक संयतासंयत है तब तक समय-समय में गुणश्रेणि निर्जरा को करता है।

४५. जब तक संयतासंयत होकर रहता है तब तक समय-समय में असंख्यात समयप्रबद्धों का अपकर्षण

कर गुणश्रेणिनिर्जरा करता है, वहाँ उसका निषेध नहीं है, यह उक्त कथन का तात्पर्य है।

शंका – ऐसा होता है इसका क्या कारण है?

समाधान – नहीं, क्योंकि जब तक संयमासंयम गुणस्थान नष्ट नहीं होता तब तक संयमासंयम गुणश्रेणिनिमित्तक गुणश्रेणिनिर्जरा की प्रवृत्ति में कोई बाधा उपलब्ध नहीं होती।

इसलिये संयतासंयत गुणश्रेणिनिर्जरा का जघन्य काल अन्तर्मुहूर्त है और उत्कृष्ट काल कुछ कम एक पूर्वकोटिप्रमाण है, ऐसा ग्रहण करना चाहिए। तो क्या इस काल में गुणश्रेणि निर्जरा करता हुआ संक्लेश के काल में और विशुद्धि के काल में सर्वत्र ही सामान्यरूप में असंख्यातगुणे प्रदेशपुञ्ज का अपकर्षण कर समय-समय में गुणश्रेणि करता है या क्या संक्लेश और विशुद्धि में परिवर्तन करनेवाले उक्त जीव के संक्लेशकाल में घटता हुआ और विशुद्धि काल में वृद्धिंगत गुणश्रेणिनिक्षेप होता है? इसप्रकार इस पृच्छा के निराकरण करने के लिये आगे के सूत्र का विन्यास है-

*** विसुज्झंतो वि असंखेज्जगुणं वा संखेज्जगुणं वा संखेज्जभागुत्तरं वा असंखेज्जभागुत्तरं वा करेदि संकिलिस्संतो एवं चेव गुणहीणं वा विसेसहीणं वा करेदि।**

अर्थ :– विशुद्धि को प्राप्त होता हुआ भी उक्त जीव प्रतिसमय असंख्यातगुणे, संख्यातगुणे, संख्यात भाग अधिक या असंख्यात भाग अधिक प्रदेशपुञ्ज का गुणश्रेणि में निक्षेप करता है। तथा संक्लेश को प्राप्त हुआ उक्त जीव इसी प्रकार से असंख्यातगुणे हीन, संख्यातगुणे हीन, संख्यात भाग हीन या असंख्यात भाग हीन प्रदेशपुंज का गुणश्रेणि में निक्षेप करता है।''

व्याख्या :– क्षपकश्रेणि के समय का चारित्र छोड़कर अन्य क्षण में सम्यक्त्वी जीव का चारित्र-उपयोगरूप चारित्र जब सम्यक्त्वसहित निर्विकल्पज्ञान है तब चारित्र के दोनों पैर '**निजध्रुवात्मा**' की तरफ हैं और जब सम्यक्त्वसहित सविकल्पज्ञान है तब चारित्र का एक पैर '**निजध्रुवात्मा**' की तरफ है, ऐसा होता है। लेकिन सम्यक्त्वसहित निर्विकल्पज्ञान के क्षण में और सम्यक्त्वसहित सविकल्पज्ञान के क्षण में श्रद्धा के दोनों पैर '**निजध्रुवात्मा**' की तरफ हैं। इसलिये '**सम्यग्दर्शन**' **का महत्त्व है,** लेकिन उस सम्यग्दर्शन का निर्णय करने का कार्य निजध्रुवात्मा को जाननेवाला प्रामाण्यसहित प्रत्यक्षज्ञान करता है। इसलिये **ज्ञानपर्याय का महत्त्व है।**

आगे और भी देखिये **समयसार-गाथा नं. २९६-**

''कह सो घिप्पदि अप्पा पण्णाए सो दु घिप्पदे अप्पा।
जह पण्णाइ विभत्तो तह पण्णाएव घित्तव्वो॥२९६॥''

अर्थ :– प्रश्न- वह आत्मा कैसे ग्रहण किया जाय?

उत्तर :– प्रज्ञा के द्वारा वह आत्मा ग्रहण किया जाता है। जैसे प्रज्ञा के द्वारा भिन्न किया उसी प्रकार प्रज्ञा के द्वारा ही ग्रहण करना चाहिये।

आगे और भी देखिये- **तत्त्वसार-गाथा नं. ६५** '**णिहए राए सेण्णं**' इत्यादि की संस्कृत टीका-

''तथा मोहराजे निहते विनाशिते। **केन? ज्ञानखड्गेण।** किं भवति? गलन्ति नाशं गच्छन्ति। कानि? नि:शेषघातीनि नि:शेषाणि समस्तानि च तानि घातिकर्माणि, तानि इति...''

अर्थ :– उसी प्रकार **ज्ञानरूपी खड्ग से** मोहराज का विनाश कर दिया जाने पर समस्त घातिकर्म स्वयं

ही नष्ट हो जाते हैं।

आगे और भी देखिये- **सुदृष्टितरंगिणी-पर्व नं. १२, गाथा नं. ३५** और उसका पं. टेकचंदजी द्वारा लिखित अर्थ-

" असुहो विचारो हेयो, चदुधो धम्म झाण चिंताये।
सम्मत्तं सहल सुहावो, गेहे आदेय हेयणे माए॥३५॥

अर्थ :– तहाँ सम्यग्दृष्टि जो विचार करै सो सहज ही ज्ञेय, हेय, उपादेय करि तीन प्रकार होय जाय है। तहाँ भले-बुरे विचार का समुच्चय विचार करना (जानना) सो तो ज्ञेय है। ताहि के भेद दोय हैं। एक विचार तो हेय है। एक उपादेय है। सो प्रथम हेय जो त्याग योग्य सर्व विचार ताका स्वरूप कहिये है। **विचार नाम ध्यान का है।"**

यहाँ विचार याने ज्ञान को ही ध्यान कहा है।

ऐसी ज्ञान की महानता है। ज्ञान के द्वारा वस्तुस्वरूप को जानकर ही शुद्धात्मा का ध्यान किया जाता है। **ज्ञान के द्वारा ही शुद्धात्मानुभव किया जाता है,** अभी इस पंचमकाल में भी परमानंदमय भोग कर सकते हैं। **उसी ज्ञान के द्वारा सम्यग्दर्शन, सम्यक्चारित्र कर सकते हैं।**

संस्कृत पृष्ठ नं. ५५, परिच्छेद नं. १ →

उस कारण से ही जीवादि का अधिगम करने के उपायभूत (आ) प्रमाण-सकलादेशी ज्ञानपर्याय और (ब) नयज्ञानपर्याय भी विवेचनीय हैं।

विशेषार्थ :– (आ) प्रमाण-सकलादेशी ज्ञानपर्याय का स्वरूप और भेद तथा (ब) नयज्ञानपर्याय का स्वरूप और भेद जानने से **शुद्धात्मानुभव** के समय **' किस ज्ञानपर्याय का प्रयोग करना '** यह समझ जाओगे; और शुद्धात्मानुभव करने का साधन बहुत सुलभ है, यह समझ में आ जाएगा। सम्यक्-आनंद प्राप्त करना सुलभ होगा। सहज ही परमानंद मिलेगा।

जानने के, ध्यान के, अनुभव के साधन में भूल नहीं रहेगी, इस अपेक्षा से ज्ञानपर्याय और जानने का फल याने प्रमिति का कथन किया है। साथ ही प्रमेय-ज्ञेय-ध्येय-विषय का भी कथन किया है, इससे ध्येय के बारे में अथवा ज्ञेय के बारे में भूल नहीं रहेगी। गल्तियाँ नहीं रहेगी। भूलभरे विकल्प नहीं रहेंगे। निर्विकल्प हो जाओगे। चिंता नहीं रहेगी। क्लेश नहीं रहेंगे। (आ) प्रमाण और (ब) नय इन को जानने से अपने में होने वाले भूलभरे विकल्प नहीं रहेंगे।

संस्कृत पृष्ठ नं. ५५, परिच्छेद नं. १ →

(आ) प्रमाण और (ब) नय इनका विवेचन (कथन) करने में समर्थ, ऐसे प्राक्तन (पूर्वाचार्यों के) ग्रंथ हैं ही तथापि उनमें कुछ ग्रंथ विस्तृत (विशाल) हैं और कुछ ग्रंथ गम्भीर हैं (छोटे होने पर भी अत्यन्त गहन और दुरूह हैं)।

[उन ग्रन्थों में अभी के रोजमर्रा के (दैनंदिन में) उत्पन्न होनेवाले प्रश्नों के (विकल्पों के) समाधान भरे हुए हैं। वे बहुत ही महत्त्वपूर्ण हैं। वे ग्रंथ महान हैं।]

उन ग्रन्थों में अल्प ज्ञानियों (बालकों) का प्रवेश सम्भव नहीं है। इसलिए उनको सरलता से (आ) प्रमाण और (ब) नय रूप न्याय के स्वरूप का बोध करानेवाले शास्त्रों में अधिकार-प्रवेश पाने के लिये यह प्रकरण प्रारम्भ किया जाता है।

[तीन प्रकार के प्रकरण प्रवृत्ति का कथन]

संस्कृत पृष्ठ नं. ५५, परिच्छेद नंबर २ →

इस ग्रन्थ में (आ) प्रमाण और (ब) नय का व्याख्यान (१) उद्देश, (२) लक्षणनिर्देश और (३) परीक्षा-इन तीन द्वारा किया जाता है क्योंकि विवेचनीय वस्तु का उद्देश याने नामोल्लेख किये बिना लक्षण का कथन नहीं हो सकता। लक्षण का कथन किये बिना परीक्षा नहीं हो सकती है। परीक्षा किये बिना विवेचन - निर्णयात्मक वर्णन नहीं हो सकता है। लोक और शास्त्र में भी उक्त प्रकार से (उद्देश, लक्षणनिर्देश और परीक्षा द्वारा) ही वस्तु का विवेचन/निर्णय प्रसिद्ध है।

विशेषार्थ – जैसे भोग लेते समय भोगनीय (भोग्य याने अनुभाव्य) विषय अच्छा/उत्कृष्ट चाहिये, उसी तरह भोगने का साधन भी अच्छा/उत्कृष्ट चाहिये। इसलिये साधनों में कौनसा साधन अच्छा है, कौनसा साधन बुरा (गलत या भूलभरा) है, यह जानना आवश्यक है। तथा कौनसा साधन उत्कृष्ट साधन है, कौनसा साधन निकृष्ट साधन है, यह जानना भी आवश्यक है।

भोग लेने का साधन है ज्ञान। जैसे आपने गद्दा छुआ, रसगुल्ला चखा, फूल सूँघा, भजन-संगीत सुना, सिनेमा देखा, तो उस गद्दा आदि का भोग ज्ञानसाधन से ही लिया है। उस ज्ञानसाधन के याने ज्ञानपर्याय के (आ) प्रमाण और (ब) नय ये दो भेद हैं। [देखो चार्ट नं ७ और २०]

इनका [(आ) प्रमाण और (ब) नय का] व्याख्यान (१) उद्देश (२) लक्षणनिर्देश और (३) परीक्षा द्वारा किया जाता है क्योंकि विवेचनीय वस्तु का उद्देश याने नामोल्लेख किये बिना लक्षण कथन नहीं हो सकता है।

जैसे लोकव्यवहार में सुवर्णकार 'सुवर्ण' का पहिले नाम निश्चित करता है। फिर सुवर्ण का लक्षण (परिभाषा) बांधता है और फिर खोटे-खरे के लिये मसान पर रखकर परीक्षा करता है, इसतरह वह सुवर्ण का ठीक निर्णय करता है।

आगे और भी देखिये। पुराने जमाने में स्वयंवर होता था, उस समय 'वर' का नामकथन कर के उसके बारे में जानकारी दी जाती थी। किसीको कोई वस्तु खरीदना हो तो प्रथम उस वस्तु का नामकथन किया जाता है। यदि वस्तु का नामकथन न किया जाय तो ग्राहक क्या चाहता है, यह समझ में नहीं आयेगा। बालक पैदा हुआ तो उसके भी नाम का कथन करते हैं। उसी तरह शास्त्र में तथा अध्यात्म में भी उद्देश याने नामकथन/नामाभिधान निश्चित करना चाहिये।

नाम अभिधान करने के पश्चात् ही उसके लक्षण का कथन कर सकते हैं। जैसे जाननेवाली वस्तु को 'जीवद्रव्य' यह 'नाम' अभिधान किया। व्यापक अवकाश देनेवाली वस्तु को 'आकाशद्रव्य' यह 'नामाभिधान' किया। गतिहेतुत्ववाली वस्तु को 'धर्मद्रव्य' यह 'नामाभिधान' किया। स्थितिहेतुत्ववाली वस्तु को 'अधर्मद्रव्य' यह 'नामाभिधान' किया। वर्तनाहेतुत्ववाली वस्तु को 'कालद्रव्य' यह नामकथन किया। पूरणगलनवाली वस्तु को 'पुद्गलद्रव्य' यह नामाभिधान किया।

सम्यक्-आनंद पर्याय को 'धर्म' यह नामाभिधान किया। वस्तुस्वभाव याने पारिणामिक भाव को 'धर्म' यह नामाभिधान किया। वस्तु के अंश को 'धर्म' यह नामाभिधान किया। चेतनानुविधायी परिणमन या पर्याय को 'चेतनोपयोग' अथवा 'उपयोग' यह नामाभिधान किया। जैसे 'चांदी या रजत' यह नामाभिधान किया। 'रत्न' यह नामाभिधान किया। 'परमानन्दस्तोत्र' यह नामाभिधान किया। 'समयप्राभृत' यह नामाभिधान किया। 'शक्तिमणितकोश' यह नामाभिधान किया।

नामकथन करने पर ही लक्षणनिर्देश करना संभव हो सकता है। लक्षणनिर्देश करने पर ही परीक्षा करना शक्य हो जाता है।

सभी संसारी जीव 'सम्यक् आनंद' चाहते हैं, लेकिन बहुत से जीव 'सम्यक् आनंद' का 'समीचीन लक्षण' ही नहीं जानते; इसलिये परीक्षा/परख नहीं कर सकते। अतः झूठे आनंद में याने परविषयानंदरूप आनंदाभास में फंसे (डूबे) रहते हैं।



जैसे मृग (हिरन) यह सच्चे जल की तरंगे हैं या वायु या हवा की तरंगे हैं ऐसा लक्षण से नहीं जानते हैं, इसलिये जलाभास याने मृगमरीचिका में फंस जाते हैं।

एक अपेक्षा से ध्यान याने विचार अर्थात् ज्ञानपर्याय याने ज्ञानपरिणमन यह परिभाषा याने लक्षण नहीं जानते; तथा विचार याने ज्ञानपर्याय के शुद्ध, शुभ और अशुभ भेद नहीं जानते अथवा ध्यान के याने ज्ञानपर्याय के (आ) प्रमाण प्रत्यक्षज्ञान, (आ) प्रमाण परोक्षज्ञान और (ब) नय परोक्षज्ञान - इनके समीचीन (योग्य) लक्षण नहीं जानते हैं, **"इसलिये शरीर की क्रिया करके, शरीर के आसनों की क्रिया करके ध्यान याने ज्ञानपर्याय किया ऐसा मानते हैं। अथवा ध्यान याने 'विचार रहित होना अर्थात् ज्ञानपरिणमन रहित होना', ऐसा मानते हैं।"**

इसलिये शुद्धध्यान को समझने के लिये (आ) प्रमाण और (ब) नय के लक्षणों को तथा मूलभूत भेदों को-उनके लक्षणों को जानना आवश्यक है।

बहुत से लोग परमानंद का (१) विषय, (२) साधन-ज्ञानपर्याय और (३) उसका फल-तीनों को जानते ही नहीं हैं। कोई-कोई लोग परमानंद का विषय- एकत्वविभक्तनिजध्रुवचिदानंदात्मा है, ऐसा जानते हैं, लेकिन उस विषय के शुद्ध ध्यान का याने शुद्ध/यथार्थ अनुभव का याने प्रामाण्यसहित प्रत्यक्षज्ञानपर्याय [छद्मस्थोंके लिये (आ ५) मतिज्ञान या (आ ५) श्रुतज्ञान और सर्वज्ञों के लिये (आ २) केवलज्ञान पर्याय] का यह साधन ठीक-ठीक नहीं जानते हैं।

इसलिये वे ऐसा प्रश्न करते हैं कि, "हम तो ६ द्रव्य, ७ तत्त्व, ९ पदार्थ, निश्चयनय, व्यवहारनय, निमित्त, उपादान और उपादान को मुख्य तथा निमित्त को अकिञ्चित्कर, सम्यक् क्रमनियमित पर्याय और सम्यक् पुरुषार्थ, गुणस्थान, मार्गणास्थान, चारों अनुयोग इत्यादि मूलभूत बातों को बराबर जानते हैं; पुण्य-पाप हेय हैं, शुद्धोपयोग से ही सम्यग्दर्शनका उत्पाद होता है, और शुद्धोपयोग से ही चतुर्थ गुणस्थान प्रकट होता है यह सब मानते हैं; लेकिन शुद्धात्मानुभव करने का क्या उपाय है?"

वे ऐसा प्रश्न करते हैं और कोई समाधान करनेवाला अनभिज्ञ प्रवक्ता उनके प्रश्न का ऐसा जबाब देता है कि–

"विकल्पातीत बनो, सहज होने दो, बस होने दो, सहज ज्ञाता-द्रष्टा बन जाओ, तुम तो सहज ज्ञाता-द्रष्टा ही हो। यह तनाव, यह आकुलता, यह व्याकुलता तुम हो ही नहीं, देखो नहीं, देखना सहज होने दो, जानो नहीं, जानना सहज होने दो। रमो भी नहीं, जमो भी नहीं, रमना-जमना भी सहज होने दो। सब-कुछ सहज, जानना सहज, देखना सहज, रमना सहज। कर्तृत्व के अहंकार से नहीं, विकल्प से भी रहित सहज ज्ञाता-द्रष्टा बन जावो; विकल्पातीत, वचनातीत, निर्विकल्पक, ज्ञान सहज, श्रद्धा सहज, रमणता सहज इत्यादि।"

लेकिन समाधान कर्ता का यह कथन अधूरा (अपूर्ण) ही रह जाता है; विज्ञ प्रवक्ता को अनुभव याने प्रामाण्यसहित प्रत्यक्षज्ञान यह **नाम** कहकर, प्रत्यक्षज्ञान और परोक्षज्ञान की पद्धतियों के **लक्षण** समझाकर, उन में से (आ ५) मतिज्ञान, (आ ५) श्रुतज्ञान के द्वारा 'एकत्वविभक्तनिजध्रुवात्मा' को जानने का शिष्य को संकेत करना चाहिये; उनमें **प्रामाण्य का निर्णय कैसे किया जाता है**, यह भी समझा देना चाहिये। इसलिये (आ) प्रमाण और (ब) नय के नामाभिधान किये हैं, आगे उनके लक्षण भी कथन करेंगे और यथावसर परीक्षा भी हो जायेगी।

शंका – तो फिर (१) उद्देश की क्या व्याख्या है? (२) लक्षण की क्या व्याख्या है? और
(३) परीक्षा की क्या व्याख्या है?

श्री अभिनवधर्मभूषणयति कहते हैं कि,

संस्कृत पृष्ठ ५६, परिच्छेद नंबर ३ →

उद्देश-विवेचनीय वस्तु के केवल नामोल्लेख करने को उद्देश कहते हैं।

विशेषार्थ :– जैसे 'सुवर्ण' नामकथन करना। 'रजत' नामकथन करना। 'द्रव्य' नामकथन करना। 'गुण' नामकथन करना। 'पर्याय' नामकथन करना। 'चावल' नामकथन करना। 'दाल' नामकथन करना। 'आम' नामकथन करना। 'बैल' नामकथन करना। 'बकरी' नामकथन करना। 'सम्यग्दर्शन' नामकथन करना। 'सम्यग्ज्ञान' नामकथन करना। 'सम्यक्चारित्र' नामकथन करना। 'मोक्ष' नामकथन करना। "प्रमाण और नय" इनका नामकथन करना।

संस्कृत पृष्ठ ५६, परिच्छेद नं. ३ →

लक्षण – मिली हुई अनेक वस्तुओं में से किसी एक वस्तु को अलग (भिन्न याने व्यावृत्ति) करनेवाले हेतु को (साधन या चिह्न को) लक्षण कहते हैं। जैसा कि श्री अकलंकदेव आचार्यरचित तत्त्वार्थवार्तिक (राजवार्तिक) अध्याय २, सूत्र ८, वार्तिक २ में कहा है कि, "परस्पर मिली हुई वस्तुओं में से कोई एक वस्तु जिसके द्वारा व्यावृत्त (अलग) की जाती है, उसे लक्षण कहते हैं।"



विशेषार्थ – एक ही टोकरी में अथवा थैली में केला, अनार, नारंगी, मूंगफली, आम, अमरूद, सेव और अंगूर एकत्र रखे हैं। उनमें से किसी विशिष्ट एक फल को अलग करने के लिये जिस साधन या हेतु या चिह्न का उपयोग करते हैं, उस हेतु या साधन को लक्षण कहते हैं।

अनेक आदमी हैं। उनमें से एक आदमी के पास लाठी (दण्ड) है। उस ही आदमी को अन्य पुरुषों से अलग करना हो, तो 'लाठीवाला' पुरुष ऐसा हम लोग संकेत करते हैं। यहाँ उस पुरुष का 'लाठी' यह 'लक्षण' बनाया गया। उस लक्षण के द्वारा लाठी रहित पुरुषों से लाठीवाले पुरुष को अलग किया।



अनेक पुरुषों की भीड़ है। उन में एक ही पुरुष के पास चष्मा है, उसी पुरुष को अन्य पुरुषों से अलग करने के लिये 'चष्मा' यह हेतु बनाकर यह कहते हैं कि उस 'चष्मेवाले' को बुलावो। यहाँ उस पुरुष का 'चष्मा' यह लक्षण है।

अनेक लोग एकत्र हुए हैं। उनमें से एक ही पुरुष के पास छाता है। हम उसी को बुलाना चाहते हैं तो कहते हैं कि, 'छातेवाले' को बुलाओ। यहाँ उस पुरुष का 'छाता' यह लक्षण बनाया।

हाथी, गाय और अश्व एकत्र हैं। उनमें से गाय की पहचान कराना है तो कहते हैं कि, 'सास्नादिमानवाली' गाय है। यहाँ 'सास्नादिमान' यह गाय का लक्षण है।



सुवर्ण और रजत एकत्र है। वहाँ सुवर्ण को अलग करने के लिये 'सुवर्णत्वपीतत्वगुरुत्वादिवाला' सुवर्ण है, ऐसा कहते हैं। वहाँ 'सुवर्णत्वपीतत्वगुरुत्वादि' यह सुवर्ण का लक्षण है।

चौबीस तीर्थंकरों की मूर्तियाँ हैं। वहाँ उनमें महावीर तीर्थंकर की मूर्ति को अलग करने के लिये 'सिंह' चिह्न याने लक्षण बताते हैं।

अभी परमानंदमय जीवन जीने के लिये अपने को संकेत किया गया है कि, 'अपने ध्रुवशुद्धज्ञानानंदात्मा' का ध्यान करो। उस **'निजध्रुवशुद्धज्ञानानंदात्मा' का लक्षण जानोगे तो उसका ध्यान करना संभव होगा।**

इस विश्व में अनंत द्रव्य हैं। वे छः जाति के हैं। उन छः जाति के द्रव्यों के लक्षण जानना आवश्यक है। 'विशिष्टव्यापक अवगाहनहेतुत्व' यह आकाशद्रव्य का लक्षण है। 'गतिहेतुत्व' यह धर्मद्रव्य का लक्षण है। 'स्थितिहेतुत्व' यह अधर्मद्रव्य का लक्षण है। 'वर्तनाहेतुत्व' यह काल द्रव्य का लक्षण है। 'स्पर्श, रस, गंध, वर्ण' ये पुद्गल द्रव्य के लक्षण हैं। 'ज्ञानदर्शनानंद' यह जीव द्रव्य का लक्षण है।

इन लक्षणों को जानने से अन्य द्रव्यों से जीव को भिन्न किया। उस के पश्चात् 'निजज्ञानदर्शनानंद' यह मेरे जीवद्रव्य का लक्षण है, 'ज्ञानदर्शनानंद' यह जीवद्रव्य का लक्षण है। 'निज' ऐसा कहने से अनंत जीवों में से अपना जीव समझकर अलग किया। प्रत्येक द्रव्य ध्रुवपर्याय युक्त-गुणपर्याय युक्त है। तब 'निजध्रुवशुद्धज्ञानदर्शनानंदात्मा' यह लक्षण करने से अपनी भूतपर्याय, वर्तमानपर्याय और भाविपर्याय इनसे निजात्मा को अलग याने व्यावृत्त किया। क्षणवर्ती अशुद्धपर्याय, एकदेश शुद्धपर्याय तथा पूर्णदेश शुद्धपर्याय इनसे 'निजध्रुवात्मा' को अलग किया। अर्थात् **विचार में 'निजध्रुवात्मा' को विषय बनाया।** तब 'निजध्रुवशुद्धज्ञानदर्शनानंदात्मा' को भोग लिया। वह सम्यक्भोग है, वह सम्यक् आनंद है।

देखिये **समयसार-गाथा १५ की आत्मख्याति टीका में भावलिंगी संत श्री अमृतचंद्राचार्यजी** लिखते हैं कि, **"अलुब्धबुद्धानां तु यथा सैंधवखिल्यः अन्यद्रव्यसंयोगव्यवच्छेदेन (सामान्यविशेषाविर्भावतिरोभावाभ्यां च) केवलः एव अनुभूयमानः सर्वतः अपि एकलवणरसत्वात् लवणत्वेन स्वदते, तथा आत्मा अपि परद्रव्यसंयोगव्यवच्छेदेन (सामान्यविशेषाविर्भावतिरोभावाभ्यां च) केवलः एव अनुभूयमानः सर्वतः अपि एकविज्ञानघनत्वात् ज्ञानत्वेन स्वदते।"**

अर्थ :- अलुब्धबुद्धज्ञानियों को तो, जैसे सैंधव (नमक) की डली अन्य द्रव्य के संयोग का व्यवच्छेद करके (सैंधव के साथ अन्य द्रव्य मिलाकर विचित्र व्यंजन बनाया है, वहाँ विशिष्ट पर्याय भी है, तो भी अपने विचार में/जानने में/ ज्ञान में अन्य द्रव्य के संयोग का व्यवच्छेद करके तथा पर्यायों को तिरोभूत करके और सामान्य का आविर्भाव करके) केवल सैंधव का ही अनुभव किये जाने पर सर्वतः एक क्षार रसत्व के कारण क्षाररूप से स्वाद में आती है; उसीप्रकार आत्मा भी पर द्रव्य के संयोग का व्यवच्छेद करके (अभी वर्तमान में निजध्रुवात्मा के साथ भावकर्म, द्रव्यकर्म और नोकर्मों का संयोग है, वहाँ विशिष्ट पर्यायें भी हैं,

तो भी अपने विचार में/जानने में/ ज्ञान में अन्य द्रव्यों के संयोग का व्यवच्छेद/व्यावृत्त कर के तथा पर्यायों को तिरोभूत करके और सामान्य का आविर्भाव करके) केवल (एक) निजध्रुवशुद्धज्ञानानंदात्मा का ही अनुभव किये जाने पर सर्वत: एक विज्ञानघनता के कारण ज्ञानपना ही स्वाद में आता है।

आगे और भी देखो श्री कुंदकुंदाचार्यरचित नियमसार-गाथा नं. १०२ →

"एगो मे सासदो अप्पा णाणदंसणलक्खणो।
सेसा मे बाहिरा भावा सव्वे संजोगलक्खणा।।१०२।"

लघुसामायिकपाठ →

"एको मे शाश्वतश्चात्मा ज्ञानदर्शनलक्षण:।
शेषा बहिर्भवा भावा: सर्वे संयोगलक्षणा: ।।१३।।"

अर्थ :- मेरा आत्मा एक, शाश्वत और ज्ञानदर्शनलक्षणवाला है और शेष सभी संयोगलक्षणवाले भाव मेरे से बाह्य भाव हैं।

श्री अमितगति आचार्यरचित सामायिकपाठ →

"एक: सदा शाश्वतिको ममात्मा, विनिर्मल: साधिगमस्वभाव:।
बहिर्भवा: सन्त्यपरे समस्ता, न शाश्वता: कर्मभवा: स्वकीया: ।।२६।।"

अर्थ :- मेरा आत्मा सदा एक है, शाश्वत है, अनादि-अनंत शुद्ध है, अधिगम (ज्ञान) स्वभावसहित है, कर्म के सानिध्य में उत्पन्न होनेवाले मेरे सभी भाव तथा उत्पन्न होनेवाली शुद्धपर्याय, एकदेश शुद्धपर्याय, अशुद्धपर्याय मेरे शाश्वत भाव नहीं हैं।

समयसार-गाथा नं. ६ →

"ण वि होदि अप्पमत्तो ण पमत्तो जाणगो दु जो भावो।
एवं भणंति सुद्धं णादो जो सो दु सो चेव।।६।।"

अर्थ :- जो ज्ञायक भाव है वह अप्रमत्त भी नहीं और प्रमत्त भी नहीं है; इस प्रकार से जो शुद्ध कहा जाता है और वह जो ज्ञात होता है, वह तो वह ही है, अन्य कोई नहीं है।

समयसार गाथा नं. ३८ →

"अहमेक्को खलु सुद्धो दंसणणाणमइओ सदारूवी।
ण वि अत्थि मज्झ किंचि वि अण्णं परमाणुमेत्तं पि।।३८।।"

अर्थ :- निश्चय से मैं एक हूँ, शुद्ध हूँ, दर्शनज्ञानमय हूँ, सदा अरूपी हूँ, अन्य परद्रव्य किंचित्मात्र/परमाणुमात्र भी मेरा है ही नहीं।

समयसार-गाथा नं. २९४, २९५, २९६, २९७ →

"जीवो बंधो य तहा छिज्जंति सलक्खणेहिं णियएहिं।
पण्णाछेदणएण दु छिण्णा णाणत्तमावण्णा।।२९४।।"

अर्थ :- निज जीव अपने नियत (निश्चित) लक्षणों से और बंध-भावबंध, द्रव्यकर्मबंध तथा नोकर्मबंध अपने नियत (निश्चित) लक्षणों से छेदे जाते हैं याने विचार से अलग/व्यावृत्त किये जाते हैं याने जानने में अलग किये जाते हैं [भले ही ध्रुव जीव और पर्याय तथा अन्य द्रव्य यहाँ एकत्र मिले हुए हैं तो भी विचार

में/जानने में निजध्रुवात्मा को अपनी पर्याय तथा परद्रव्यों से अलग किया जाता है]; प्रज्ञारूपी छैनी के द्वारा याने ज्ञान से जानते समय **' निजध्रुवात्मा में निजध्रुवात्मा ही है, अपनी पर्याय तथा परद्रव्य निजध्रुवात्मा में नहीं हैं '** ऐसा जानने से वे नानापने को प्राप्त होते हैं अर्थात् अलग हो जाते हैं।

" जीवो बंधो य तहा छिज्जंति सलक्खणेहिं णियएहिं।
बंधो छेदेदव्वो सुद्धो अप्पा य घेत्तव्वो॥२९५॥ "

अर्थ :– इस प्रकार जीव और बंध अपने निश्चित लक्षणों से अलग याने व्यावृत्त किये जाते हैं। वहाँ बंध को छेदना चाहिये अर्थात् ' निजध्रुवशुद्धात्मा ' में बंध नहीं है, ऐसा जानना चाहिये और **' निजध्रुवशुद्धात्मा '** को **ग्रहण करना** याने **प्रामाण्यसहित प्रत्यक्ष** जानना चाहिये।

" कह सो घिप्पदि अप्पा पण्णाए सो दु घिप्पदे अप्पा।
जह पण्णाइ विभत्तो तह पण्णाएव घेत्तव्वो॥२९६॥ "

अर्थ :– (शिष्य पूछता है कि) वह ' निजध्रुवशुद्धात्मा ' कैसे ग्रहण (अनुभव) किया जाय ? (आचार्यदेव उत्तर देते हैं कि) प्रज्ञा के द्वारा अर्थात् जानने (विवेक अंजुलि) के द्वारा वह **' निजध्रुवशुद्धात्मा '** ग्रहण किया याने जाना जाता है। जैसे प्रज्ञा के द्वारा भिन्न किया, उसी प्रकार प्रज्ञा के द्वारा ही ग्रहण करना चाहिये अर्थात् जानना चाहिये।

" पण्णाए घित्तव्वो जो चेदा सो अहं तु णिच्छयदो।
अवसेसा जे भावा ते मज्झ परे त्ति णायव्वा॥२९७॥ "

अर्थ :– ज्ञान के द्वारा ' निजध्रुवात्मा को ' इस प्रकार जानना चाहिये कि, ' जो चेतनवाला-ज्ञानदर्शनानंदवाला आत्मा है, वह निश्चय से मैं हूँ और शेष जो भाव हैं, वे मेरे से पर हैं, ' ऐसा जानना आवश्यक है। "

इसतरह वस्तु के लक्षण जानने से अभी अव्रती जीव को या व्रती जीव को सम्यक् आनंद की प्राप्ति होती है, दुःख नष्ट होते हैं। सम्यक्-आनंद का प्रारंभ होता है। मोक्षमार्ग शुरू होता है। आगे मोक्ष मिलेगा। समाज में समता आती है। शांतता आती है। अहिंसा आती है। हिंसा नष्ट होती है। परम दया आती है।

आगे और भी देखिये **नियमसार-गाथा नं. ७७ से ८१** →

" णाहं णारयभावो तिरियत्थो मणुवदेवपज्जाओ।
कत्ता ण हि कारइदा अणुमंता णेव कत्तीणं॥७७॥
णाहं मग्गणठाणो णाहं गुणठाण जीवठाणो ण।
कत्ता ण हि कारइदा अणुमंता णेव कत्तीणं॥७८॥
णाहं बालो वुड्ढो ण चेव तरुणो ण कारणं तेसिं।
कत्ता ण हि कारइदा अणुमंता णेव कत्तीणं॥७९॥
णाहं रागो दोसो ण चेव मोहो ण कारणं तेसिं।
कत्ता ण हि कारइदा अणुमंता णेव कत्तीणं॥८०॥
णाहं कोहो माणो ण चेव माया ण होमि लोहो हं।
कत्ता ण हि कारइदा अणुमंता णेव कत्तीणं॥८१॥ "

अर्थ :– मैं नारकभाव, तिर्यंचपर्याय, मनुष्यपर्याय अथवा देवपर्याय नहीं हूँ; उनका मैं कर्ता नहीं हूँ, कारयिता (करानेवाला) नहीं हूँ, कर्ता का अनुमोदक नहीं हूँ।

भावार्थ :– ' जीव ' ध्रुवपर्यायसहित है याने गुणपर्यायसहित है। **ध्रुव का ' शाश्वत तथा अन्वय ' यह लक्षण है, और पर्याय का ' क्षणिक, व्यतिरेक ' यह लक्षण है।** अतद्भाव की अपेक्षा से भी ' ध्रुव ' पर्याय से कथंचित् अन्य है। ध्रुव को अकर्ता कहते हैं। इस प्रकार मैंने मेरा ' ध्रुववान जीव ' पर्यायों से व्यावृत्त याने अलग किया। देखिये चार्ट नं. १७।


अर्थ :– मैं मार्गणास्थान नहीं हूँ, मैं गुणस्थान नहीं हूँ, मैं जीवस्थान नहीं हूँ; उनका मैं कर्ता नहीं हूँ, कारयिता नहीं हूँ, कर्ता का अनुमोदक नहीं हूँ।

भावार्थ :– 'जीव' ध्रुवपर्याययुक्त है याने गुणपर्याययुक्त है। ध्रुव का 'शाश्वत तथा अन्वय' यह लक्षण है और पर्याय का 'क्षणिक, व्यतिरेक' यह लक्षण है। अतद्भाव की अपेक्षा से 'ध्रुव' पर्याय से कथंचित् अन्य है। ध्रुव को अकर्ता कहते हैं। इस प्रकार मैंने मेरा 'ध्रुववान जीव' पर्यायों से व्यावृत्त याने अलग किया। देखिये चार्ट नं. १८ और १६।


अर्थ :– मैं बाल नहीं हूँ, मैं वृद्ध नहीं हूँ, तथा मैं तरुण नहीं हूँ; उनका मैं कारण नहीं हूँ, उनका मैं कर्ता नहीं हूँ, कारयिता नहीं हूँ, कर्ता का अनुमोदक नहीं हूँ।

भावार्थ :– 'जीव' ध्रुवपर्याययुक्त है याने गुणपर्याययुक्त है। ध्रुव का 'शाश्वत तथा अन्वय' यह लक्षण है और पर्याय का 'क्षणिक, व्यतिरेक' यह लक्षण है। अतद्भाव की अपेक्षा से 'ध्रुव' पर्याय से कथंचित् अन्य है। ध्रुव को अकर्ता कहते हैं। इस प्रकार मैंने मेरा 'ध्रुववान जीव' पर्यायों से व्यावृत्त याने अलग किया। देखिये चार्ट नं. २२।

चार्ट नं. २२

ध्रुव, शाश्वत/CONSTANT		पर्याय, क्षणिक/CHANGES
जीव ज्ञानगुण आनंदगुण		वृद्ध ज्ञान का अल्प उघाड़ दुःख
जीव ↑ ज्ञानगुण आनंदगुण		तरुण ज्ञान का विशेष उघाड़ सुख
जीव ↑ ज्ञानगुण आनंदगुण		बालक ज्ञान का अल्प उघाड़ दुःख
निश्चयदृष्टि  द्रव्यदृष्टि		व्यवहारदृष्टि  पर्यायदृष्टि

चार्ट नं. १७

शाश्वत ध्रुव, अविनाशी		अवस्था क्षणिक, पर्याय, गतिमार्गणा
जीवत्व, अनादि-अनंत शुद्ध मोक्षपर्यायरहित, देवगतिरहित, मनुष्यगतिरहित, तिर्यंचगतिरहित, नरकगतिरहित		मोक्षपर्याय, सादि-अनंत शुद्ध देवगतिरहित, मनुष्यगतिरहित, तिर्यंचगतिरहित, नरकगतिरहित
जीवत्व, अनादि-अनंत शुद्ध मोक्षपर्यायरहित, देवगतिरहित, मनुष्यगतिरहित, तिर्यंचगतिरहित, नरकगतिरहित	 विमानवासी	देवगति पर्याय-संसार अवस्था
जीवत्व, अनादि-अनंत शुद्ध मोक्षपर्यायरहित, देवगतिरहित, मनुष्यगतिरहित, तिर्यंचगतिरहित, नरकगतिरहित		मनुष्यगति पर्याय-संसार अवस्था
जीवत्व, अनादि-अनंत शुद्ध मोक्षपर्यायरहित, देवगतिरहित, मनुष्यगतिरहित, तिर्यंचगतिरहित, नरकगतिरहित		तिर्यंचगति पर्याय-संसार अवस्था
जीवत्व, अनादि-अनंत शुद्ध मोक्षपर्यायरहित, देवगतिरहित, मनुष्यगतिरहित, तिर्यंचगतिरहित, नरकगतिरहित		नरकगति पर्याय-संसार अवस्था

निश्चयदृष्टि



द्रव्यदृष्टि

व्यवहारदृष्टि




पर्यायदृष्टि

वस्तु का अविनाशी अंश और क्षणिक अंश जानकर "मेरा आत्मा अविनाशी ज्ञानानंदमय अनादि-अनंत शुद्ध है" ऐसा विचार किया तो अभी सम्यक् आनंद प्राप्त होता है, समाधान, समता और शांति प्राप्त होती है और सब दुःख नष्ट होते हैं।

गतिमार्गणा

मार्गणा- अन्वेषणा वा खोज करना। गतिमार्गणा- गति पर्याय के द्वारा जीवकी खोज करना।

चार्ट नं. १८

शाश्वत ध्रुव, अविनाशी			अवस्था क्षणिक, पर्याय, इंद्रियमार्गणा
जीवत्व, अनादि-अनंत शुद्ध मोक्षपर्यायरहित पचेंद्रियरहित	→		← मोक्षपर्याय, सादि-अनंत शुद्ध पंचेंद्रियरहित
जीवत्व, अनादि-अनंत शुद्ध पंचेंद्रियरहित मोक्षपर्यायरहित	→		← स्पर्शनेंद्रिय, रसनेंद्रिय, घ्राणेंद्रिय, नेत्रेंद्रिय, कर्णेंद्रिय- पंचेंद्रिय
जीवत्व, अनादि-अनंत शुद्ध पचेंद्रियरहित मोक्षपर्यायरहित	→		← स्पर्शनेंद्रिय, रसनेंद्रिय, घ्राणेंद्रिय, नेत्रेंद्रिय-चतुरिंद्रिय
जीवत्व, अनादि-अनंत शुद्ध पचेंद्रियरहित मोक्षपर्यायरहित	→		← स्पर्शनेंद्रिय, रसनेंद्रिय, घ्राणेंद्रिय-त्रींद्रिय,
जीवत्व, अनादि-अनंत शुद्ध पचेंद्रियरहित मोक्षपर्यायरहित	→		← स्पर्शनेंद्रिय, रसनेंद्रिय-द्वींद्रिय
जीवत्व, अनादि-अनंत शुद्ध पचेंद्रियरहित मोक्षपर्यायरहित	→		← स्पर्शनेंद्रिय-एकेंद्रिय

निश्चयदृष्टि



द्रव्यदृष्टि

व्यवहारदृष्टि



पर्यायदृष्टि





वस्तु का अविनाशी अंश और क्षणिक अंश जानकर " मेरा आत्मा अविनाशी ज्ञानानंदमय अनादि-अनंत शुद्ध है" ऐसा विचार किया तो अभी सम्यक् आनंद प्राप्त होता है, समाधान, समता और शांति प्राप्त होती है और सब दुःख नष्ट होते हैं।

इंद्रियमार्गणा

मार्गणा- अन्वेषणा वा खोज करना।

इंद्रियमार्गणा-जो इंद्रिय पर्याय प्राप्त होती है, उसके द्वारा जीवकी खोज की जाती है, वह इंद्रिय मार्गणा है।

चार्ट नं. १६

शाश्वत अविनाशी, ध्रुव, अनादि-अनंत शुद्ध		अवस्था क्षणिक, पर्याय
जीवत्व, अनादि-अनंत शुद्ध मोक्षपर्यायरहित, गुणस्थानरहित ८ भावकर्मरहित, ८ द्रव्यकर्मरहित, नोकर्मरहित		सिद्ध, मुक्त, सादि-अनंतशुद्ध परमात्मा ८ भावकर्मरहित, ८ द्रव्यकर्मरहित, नोकर्मरहित
जीवत्व, अनादि-अनंत शुद्ध मोक्षपर्यायरहित, गुणस्थानरहित ८ भावकर्मरहित, ८ द्रव्यकर्मरहित, नोकर्मरहित		अयोगकेवली- १४ वाँ गुणस्थान, निकल परमात्मा, सादि-सांत
जीवत्व, अनादि-अनंत शुद्ध मोक्षपर्यायरहित, गुणस्थानरहित ८ भावकर्मरहित, ८ द्रव्यकर्मरहित, नोकर्मरहित		सयोगकेवली- १३ वाँ गुणस्थान, सकलपरमात्मा, सादि-सांत ४ घातिभावकर्मरहित, ४ घातिद्रव्यकर्मरहित, बाह्य परिग्रहरहित, ४ अघातिभावकर्मसहित, ४ अघातिद्रव्यकर्मसहित, परमौदारिकशरीरसहित, यथायोग्य.
जीवत्व, अनादि-अनंत शुद्ध मोक्षपर्यायरहित, गुणस्थानरहित ८ भावकर्मरहित, ८ द्रव्यकर्मरहित, नोकर्मरहित		क्षीणकषाय- १२ वाँ गुणस्थान, अंतरात्मा सादि-सांत १ मोहनीयघातिभावकर्मरहित, १ मोहनीयद्रव्यकर्मरहित, बाह्यपरिग्रहरहित, ७ भावकर्मसहित, ७ द्रव्यकर्मसहित, औदारिकशरीरसहित, यथायोग्य.
जीवत्व, अनादि-अनंत शुद्ध मोक्षपर्यायरहित, गुणस्थानरहित ८ भावकर्मरहित, ८ द्रव्यकर्मरहित, नोकर्मरहित		उपशांतकषाय- ११ वाँ गुणस्थान, सादि-सांत, मोहनीयकर्म-उपशांत, अंतरात्मा, सत्ता में मोहनीयकर्म का सद्भाव है, बाह्य परिग्रहरहित. ८ भावकर्मसहित, ८ द्रव्यकर्मसहित, औदारिकशरीरसहित, यथायोग्य.
जीवत्व, अनादि-अनंत शुद्ध मोक्षपर्यायरहित, गुणस्थानरहित ८ भावकर्मरहित, ८ द्रव्यकर्मरहित, नोकर्मरहित		सूक्ष्मसांपराय- १० वाँ गुणस्थान, सादि-सांत, अंतरात्मा, बाह्य परिग्रहरहित ८ भावकर्मसहित, ८ द्रव्यकर्मसहित, औदारिकशरीरसहित, यथायोग्य.
जीवत्व, अनादि-अनंत शुद्ध मोक्षपर्यायरहित, गुणस्थानरहित ८ भावकर्मरहित, ८ द्रव्यकर्मरहित, नोकर्मरहित		अनिवृत्तिकरण, ९ वाँ गुणस्थान, सादि-सांत, अंतरात्मा, बाह्य परिग्रहरहित. ८ भावकर्मसहित, ८ द्रव्यकर्मसहित, औदारिकशरीरसहित, यथायोग्य.
जीवत्व, अनादि-अनंत शुद्ध मोक्षपर्यायरहित, गुणस्थानरहित ८ भावकर्मरहित, ८ द्रव्यकर्मरहित, नोकर्मरहित		अपूर्वकरण ८ वाँ गुणस्थान, सादि-सांत, अंतरात्मा, बाह्य परिग्रहरहित. ८ भावकर्मसहित, ८ द्रव्यकर्मसहित, औदारिकशरीरसहित, यथायोग्य.

और मन:पर्ययज्ञान कतिपयविषय होने से विकल हैं। इतने मात्र से अवधिमन:पर्ययज्ञानों की पारमार्थिकपना से च्युति नहीं होती है। केवलज्ञान के समान अवधिज्ञान में और मन:पर्ययज्ञान में स्वविषय में साकल्य से वैशद्य है, इसलिये अवधिज्ञान और मन:पर्ययज्ञान भी पारमार्थिक प्रत्यक्षज्ञान ही हैं।

विशेषार्थ – शंका – [आ २] केवलज्ञान में पारमार्थिक प्रत्यक्षत्व है, यह मान्य है। लेकिन [आ ३] मन:पर्ययज्ञान, [आ ४] अवधिज्ञान, [आ ५] स्वानुभव मतिज्ञान और [आ ५] स्वानुभव श्रुतज्ञान इनको पारमार्थिक प्रत्यक्ष मानना योग्य नहीं, क्योंकि अवधि आदि ज्ञानों में विकलपना (एकदेश स्पष्टपना) है, केवलज्ञान के समान उनमें साकल्य (संपूर्णरूप) से स्पष्टपना नहीं है।

समाधान – यह आपका कथन योग्य नहीं है, क्योंकि पारमार्थिक प्रत्यक्षज्ञान के (१) सकल पारमार्थिक प्रत्यक्ष और (२) विकल पारमार्थिक प्रत्यक्ष ऐसे जो भेद हैं, वे भेद **विषय की अपेक्षा से भेद हैं;** स्पष्ट जानने की अपेक्षा से वे भेद नहीं हैं। सर्व द्रव्यों और सर्व पर्यायों को विषय करनेवाला केवलज्ञान है, वह जैसे आत्ममात्रसापेक्षपना से स्पष्ट जानता है; वैसे ही अल्पपर्यायों सहित पुद्गलद्रव्य को जाननेवाले अवधिज्ञान-मन:पर्ययज्ञान भी आत्ममात्र सापेक्षपना से स्पष्ट जानते हैं और [आ ५] स्वानुभव मतिज्ञान (निर्विकल्प शुद्धात्मानुभव मतिज्ञान) तथा [आ ५] स्वानुभव श्रुतज्ञान (निर्विकल्प शुद्धात्मानुभव श्रुतज्ञान) भी **आत्ममात्र सापेक्षपना से स्पष्ट जानते हैं।** इसलिये [आ ३] मन:पर्ययज्ञान, [आ ४] अवधिज्ञान, [आ ५] स्वानुभव मतिज्ञान और [आ ५] स्वानुभव श्रुतज्ञान इन में पारमार्थिक प्रत्यक्षज्ञानत्व है।

संस्कृत पृष्ठ नं. ७२, संस्कृत परिच्छेद नं. १७ →

[अवधि आदि तीन ज्ञानों के अतीन्द्रियप्रत्यक्षत्व का प्रतिपादन]

शंका – अक्ष याने चक्षु आदि इन्द्रियाँ। इन्द्रिय को अक्ष कहते हैं। इन्द्रिय से जो ज्ञान उत्पन्न होता है, उसको प्रत्यक्ष (प्रति+अक्ष=प्रत्यक्ष) कहना ठीक है लेकिन इन्द्रियनिरपेक्ष अवधि आदि ज्ञानों को प्रत्यक्ष कहना ठीक नहीं है।

समाधान – यह कथन योग्य नहीं क्योंकि इन्द्रियनिरपेक्ष होते हुए भी आत्ममात्रसापेक्षवाले [आ २] केवलज्ञान, [आ ३] मन:पर्ययज्ञान, [आ ४] अवधिज्ञान, [आ ५] स्वात्मानुभव मतिज्ञान और [आ ५] स्वात्मानुभव श्रुतज्ञान इनके प्रत्यक्षत्व का विरोध नहीं आता है। प्रत्यक्षता का प्रयोजक स्पष्टत्व ही है, इन्द्रियजन्यत्व प्रत्यक्षता का प्रयोजक नहीं। इस कारण से ही ' स्पष्टत्व ' यह लक्षण [आ २] केवलज्ञान, [आ ३] मन:पर्ययज्ञान, [आ ४] अवधिज्ञान, [आ ५] स्वात्मानुभव मतिज्ञान और [आ ५] स्वात्मानुभव श्रुतज्ञान इन में होने से वे प्रत्यक्ष हैं। इसलिये ज्ञानत्व से प्रतिपन्न [आ १] मतिज्ञान, [आ १] श्रुतज्ञान, [आ २] केवलज्ञान, [आ ३] मन:पर्ययज्ञान, [आ ४] अवधिज्ञान, [आ ५] स्वात्मानुभव मतिज्ञान और [आ ५] स्वात्मानुभव श्रुतज्ञान इन में से (इन्द्रियमनोजनित या प्रतीत्यन्तर की अपेक्षावाले) [आ १] मतिज्ञान और [आ १] श्रुतज्ञान परोक्ष हैं। शेष अन्य ज्ञानों को प्रत्यक्ष कहा है।

संस्कृत पृष्ठ ७२, संस्कृत परिच्छेद नं. १८ →

शंका – तो फिर इन को प्रत्यक्ष शब्दवाच्यत्व कैसे है ?

समाधान – हम इन्हें रूढ़ि से प्रत्यक्ष कहते हैं।

विशेषार्थ – शंका – [आ २] केवलज्ञान, [आ ३] मन:पर्ययज्ञान, [आ ४] अवधिज्ञान, [आ ५] स्वात्मानुभव

मतिज्ञान और [आ ५] स्वात्मानुभव श्रुतज्ञान ये ज्ञान आत्ममात्रसापेक्षपने से उत्पन्न होते हैं, तो फिर इन को प्रत्यक्ष शब्द से क्यों कहा जाता है? क्योंकि प्रति+अक्ष=प्रत्यक्ष, ऐसा है; अक्ष याने इन्द्रिय; अतः इन्द्रियों की अपेक्षा रखनेवाले ज्ञान को प्रत्यक्ष कहते हैं।

समाधान– हम इन को रूढ़ि से प्रत्यक्ष कहते हैं। अर्थात् लौकिक या यौगिक में अक्ष याने इन्द्रिय, ऐसा अर्थ है; वह प्रत्यक्ष शब्द का व्युत्पत्ति अर्थ न करके **(प्रति + अक्ष = अपेक्षा + अक्ष याने आत्मा)** आत्ममात्रसापेक्षवाले इन ज्ञानों को प्रत्यक्ष कहते हैं क्योंकि प्रत्यक्षज्ञान में स्पष्टता है। वह स्पष्टता केवलज्ञानादि में है, इसलिये आत्ममात्रसापेक्षवाले ज्ञानों को प्रत्यक्ष कहते हैं।

संस्कृत पृष्ठ ७३, संस्कृत परिच्छेद नं. १९ →

अथवा व्युत्पत्ति अर्थ भी इन में मौजूद है। 'अक्ष्णोति व्याप्नोति जानाति इति अक्ष आत्मा' अर्थात् जो व्याप्त करे- जाने उसे अक्ष कहते हैं और वह आत्मा है। इस व्युत्पत्ति को लेकर अक्ष शब्द का अर्थ आत्मा भी होता है। इसलिये उस अक्ष याने आत्मा मात्र की अपेक्षा लेकर उत्पन्न होनेवाले ज्ञान को प्रत्यक्ष कहने में क्या बाधा है? अर्थात् कोई बाधा नहीं है।

शंका– यदि ऐसा माना जाय तो इन्द्रियजन्य ज्ञान अप्रत्यक्ष कहलायेगा?

समाधान–हे वत्स! हमें खेद है कि आप भूल जाते हैं। हम यह कह आये हैं कि वास्तव में इन्द्रियजन्य ज्ञान उपचार से प्रत्यक्ष है। इसलिये वह इच्छानुसार अप्रत्यक्ष हो, इस में हमारी कोई हानि नहीं है।

इस विवेचन से 'इन्द्रियनिरपेक्ष ज्ञान को परोक्ष' कहने की मान्यता का भी खण्डन हो जाता है, क्योंकि अविशदता (अस्पष्टता) को ही परोक्ष का लक्षण माना गया है।

विशेषार्थ– जिस प्रकार इन्द्रियसापेक्षता प्रत्यक्षता में प्रयोजक नहीं है, उसी प्रकार इन्द्रियनिरपेक्षता परोक्षता में भी प्रयोजक नहीं है लेकिन **प्रत्यक्षता में स्पष्टता प्रयोजक है**, उसी तरह **परोक्षता में अस्पष्टता कारण है।**

संस्कृत पृष्ठ नं. ७३, संस्कृत परिच्छेद नं. २० →

शंका– 'इस अतीन्द्रिय ज्ञान को प्रत्यक्ष ज्ञान मानना' यह अति साहस (मूर्खता) की बात है क्योंकि वह असंभव है। यदि असंभव की भी कल्पना करे तो आकाश के फूल आदि को भी सत्य मानने का प्रसंग (दोष) आयेगा।

समाधान – यह कथन ठीक नहीं; क्योंकि आकाश के फूल आदि अप्रसिद्ध (असद्भाव) हैं, लेकिन अतीन्द्रिय प्रत्यक्षज्ञान प्रमाण से सिद्ध है। वह इस प्रकार से है-

जो केवलज्ञान अतीन्द्रिय है, वह अल्पज्ञ (किंचिज्ज्ञ) कपिल आदि के असंभव होने पर भी अर्हन्त में अवश्य संभव है; वे अर्हन्त भगवान निश्चित ही सर्वज्ञ हैं।

विशेषार्थ– शंका – इन्द्रियज्ञान ही प्रत्यक्ष है; क्योंकि हम इन्द्रिय से जानते हैं, मस्तिष्क से जानते हैं, यह प्रत्यक्ष है। ऐसी व्यवस्था प्रतीति में आती हुई भी 'अतीन्द्रियज्ञान को प्रत्यक्ष मानना' यह ठीक नहीं है। झूठी कल्पना है।

समाधान – 'अतीन्द्रियज्ञान प्रत्यक्ष है', क्योंकि प्रमाण से सिद्ध है। जो केवलज्ञान है, वह अल्पज्ञ जीव में असंभव होने पर भी उसका अर्हन्त में अवश्य सद्भाव है, क्योंकि अर्हन्त सर्वज्ञ हैं; और अनुमान से सर्वज्ञ की सिद्धि होती है। इसमें कुछ भी असत्य कल्पना (विचार) नहीं है।

अपने में सर्वज्ञत्व शक्ति है, इसलिये एक समय में सभी जानकारी प्राप्त होने की कोशिश (यत्न) करते हैं। सभी भोग एक साथ एक समय में प्राप्त हों, ऐसी इच्छा करते हैं। आप जब चित्रपट देखना चाहते हैं, उसी समय ध्वनि भी सुनना चाहते हैं, उसी समय वातानुकूलता योग्य स्पर्शनेंद्रिय के विषय की जानकारी होने की भी इच्छा करते हैं, उसी समय सुगंध जानने के लिये सुगंधी फूल, इत्र भी रखते हैं। उसी समय कुछ स्वादिष्ट पदार्थ का स्वाद लेने की चेष्टा भी करते हैं। उसी प्रकार के लॉज, होटल, विश्रामधाम में जाते हैं; और सब कुछ जानने के लिये टी.व्ही., टेलिफोन, वृत्तपत्र (अखबार) आदि की व्यवस्था बनाने का यत्न करते हैं। यह अज्ञान है, इसलिये दुःखी हैं क्योंकि अपने में सर्वज्ञत्व शक्ति है; और भी सर्वज्ञ की सिद्धि करनेवाला कथन आगे करते हैं।

संस्कृत पृष्ठ ७४, संस्कृत परिच्छेद २१→

[प्रसंगवश सर्वज्ञसिद्धि]

शंका – सर्वज्ञता ही जब अप्रसिद्ध है तब आप यह कैसे कह सकते हैं कि 'अर्हन्त भगवान सर्वज्ञ हैं' क्योंकि जो सामान्यरूप से कहीं भी प्रसिद्ध नहीं है, उसका किसी खास (विशिष्ट) जगह में व्यवस्थापन नहीं हो सकता है?

समाधान – यह आपका कथन ठीक नहीं है क्योंकि - 'सूक्ष्म, अन्तरित और दूरवर्ती पदार्थ किसी के प्रत्यक्ष हैं, क्योंकि वे अनुमेय हैं, जैसे अग्नि आदि पदार्थ' इस अनुमान से सर्वज्ञत्व सिद्ध है।

श्री स्वामी समन्तभद्राचार्यजी ने भी गंधहस्ती महाभाष्य के प्रारम्भ में आप्तमीमांसा स्तवन (स्तुति) में कहा है-

"सूक्ष्म, अन्तरित और दूरवर्ती पदार्थ किसी के प्रत्यक्ष हैं, क्योंकि वे अनुमेय है, जैसे अग्नि आदि। इस अनुमान से सर्वज्ञ की सिद्धि होती है। (कारिका ५)"

विशेषार्थ– शंका – सर्वज्ञता ही प्रसिद्ध नहीं है। यहाँ अल्पज्ञ जीव हैं। कुछ विषयों को जानते हैं, सभी द्रव्यों और सभी अवस्थाओं को, सभी गुणों को जाननेवाला यहाँ कोई प्रतीति में नहीं आता है। तब 'अर्हन्त सर्वज्ञ हैं' यह कथन ठीक नहीं है।

समाधान – यह आपका कथन योग्य नहीं है, क्योंकि अनुमान से सर्वज्ञ की सिद्धि होती है। 'सूक्ष्म, अन्तरित और दूरवर्ती पदार्थ किसी के प्रत्यक्ष हैं क्योंकि वे अनुमेय हैं, प्रमेय हैं। जैसे- यहाँ से धुआँ देखा। धुआँ से अनुमान किया कि वहाँ अग्नि है। यहाँ अग्नि को अनुमान से जाना। वह अग्नि 'परोक्ष ज्ञान' का विषय याने प्रमेय हो गयी। उस गली में स्थित लोगों ने उसी अग्नि को प्रत्यक्ष ज्ञान से जाना। वह अग्नि 'प्रत्यक्षज्ञान' का विषय याने प्रमेय है। उसी तरह सूक्ष्म पदार्थ, अन्तरित पदार्थ और दूरवर्ती पदार्थ हम परोक्षज्ञान से जानते हैं; उन पदार्थों में प्रमेयत्व है, इसलिये वे पदार्थ किसी के प्रत्यक्ष ज्ञान के विषय होते हैं। जिस किसी जीव को सब द्रव्य और सब पर्यायें प्रत्यक्ष हैं, वह जीव सर्वज्ञ है। **श्री कुंदकुंदाचार्यरचित प्रवचनसार-ग्रंथ में भी सर्वज्ञ की सिद्धि की है। (देखिये गाथा १ से ८० तक।)**

संस्कृत पृष्ठ ७४, संस्कृत परिच्छेद नं. २२→

सूक्ष्म अर्थात् स्वभावविप्रकृष्ट, जैसे परमाणु आदि। अन्तरित याने कालविप्रकृष्ट, जैसे भूतकालीन राम आदि। दूर याने देशविप्रकृष्ट जैसे मेरु आदि। ये 'स्वभाव-काल-देशविप्रकृष्ट पदार्थ' धर्मीपना से विवक्षित हैं। उनका 'किसी के प्रत्यक्ष होना' यह साध्य है। यहाँ प्रत्यक्षत्व (प्रत्यक्ष होना) याने प्रत्यक्षज्ञान का विषयपना, यह भावार्थ है क्योंकि विषयी-धर्म (ज्ञानपर्याय) का विषय में भी उपचार किया जा सकता है। यहाँ 'अनुमेयत्व' यह हेतु है।' 'अग्नि आदि' दृष्टान्त है। 'अग्नि आदि' दृष्टान्त में 'अनुमेयत्व' यह हेतु 'किसी के प्रत्यक्ष है' इस साध्य के साथ पाया जाता है। इस तरह 'अनुमेयत्व' यह हेतु 'परमाणु आदि सूक्ष्म पदार्थों में' भी 'किसी के प्रत्यक्ष है' इस साध्य की सिद्धि करता ही है; और परमाणु आदि में अनुमेयत्व की असिद्धि नहीं है क्योंकि उनमें 'अनुमेयत्व है' इसके बारे में सभी को विवाद नहीं है अर्थात् सभी मतवाले इन पदार्थों को अनुमेय मानते हैं।

विशेषार्थ – विप्रकृष्ट याने दूर। दूसरे जीव के चित्त में होनेवाले मूर्त या अमूर्त पदार्थ के विचार तथा परमाणु आदि पदार्थ स्वभाव से विप्रकृष्ट हैं, वे सूक्ष्म हैं। भूतकालीन रामपांडवादि, भाविकालीन तीर्थंकरादि और एक समयवर्ती पर्याय छद्मस्थों (असर्वज्ञों) को प्रत्यक्ष न होने से काल की अपेक्षा से कालविप्रकृष्ट-अन्तरित हैं। दूरक्षेत्र में स्थित मेरु पर्वत आदि क्षेत्र की अपेक्षा से देशविप्रकृष्ट हैं, दूर हैं।

वे स्वभाव-काल-देशविप्रकृष्ट याने सूक्ष्म-अन्तरित-दूरवर्ती पदार्थ धर्मीपना से यहाँ विवक्षित हैं, अर्थात् वे **पक्ष** हैं। वे सूक्ष्म पदार्थ और दूरवर्ती पदार्थ 'किसी के प्रत्यक्ष हैं' यह **साध्य** है। यहाँ प्रत्यक्ष शब्द का अर्थ 'प्रत्यक्षज्ञान के विषय' यह विवक्षित है क्योंकि ज्ञान (विषयी) के धर्म (पर्याय अथवा अंश) का विषय में उपचार किया है।

यहाँ 'अनुमेयत्व' यह हेतु है; और जो-जो अनुमान (परोक्षज्ञान) के विषय होते हैं, वे-वे किसी प्रत्यक्षज्ञान के विषय होते हैं जैसे 'अग्नि आदि' यह **अन्वयदृष्टान्त** है। अग्नि आदि दृष्टान्त में 'अनुमेयत्व याने प्रमेयत्व' यह हेतु 'किसी के प्रत्यक्ष हैं' इस साध्य के साथ पाया जाता है याने **अविनाभाव** है। इस तरह 'परमाणु आदि सूक्ष्म पदार्थों में' भी अनुमेयत्व याने प्रमेयत्व है। यह अनुमेयत्व हेतु 'परमाणु आदि में' भी 'किसी के प्रत्यक्ष हैं' इस साध्य की सिद्धि करता ही है।

परमाणु आदि में 'अनुमेयत्व' है क्योंकि स्कन्ध के खण्ड होते हैं, उस के और भी खण्ड करने पर अन्तिम अणुरूप द्रव्य ही परमाणु है। इसलिये परमाणु में अनुमेयत्व है। अनुमेय याने जो अनुमान से जाना जाता है। अथवा जो अनुमेय है, वह प्रमेय है। जो-जो वस्तु परोक्षज्ञान का विषय/प्रमेय होती है, वह-वह वस्तु किसी प्रत्यक्षज्ञान का विषय/प्रमेय भी होती है। वस्तुमात्र के 'प्रमेयत्व गुण' के बारे में किसी को भी विरोध नहीं है। इसलिये सर्व द्रव्यों को और सर्व पर्यायों को प्रत्यक्ष जाननेवाली सर्वज्ञपर्याय होती है।

संस्कृत पृष्ठ नं ७४-७५, संस्कृत परिच्छेद नं. २३→

शंका – सूक्ष्मादि पदार्थों को प्रत्यक्ष सिद्ध करने के द्वारा किसी के सम्पूर्ण पदार्थों का प्रत्यक्ष ज्ञान होता है, यह मान्य है। लेकिन 'वह ज्ञान अतीन्द्रियज्ञान है' यह कैसे?

समाधान – इस प्रकार, यदि वह ज्ञान ऐन्द्रियक (इन्द्रियजन्य) हो तो वह ज्ञान अशेष विषय को जाननेवाला नहीं होगा क्योंकि इन्द्रियों की स्वयोग्य विषय में ही ज्ञानजनकत्वशक्ति है; और सूक्ष्मादि

पदार्थ इन्द्रियों के योग्य विषय नहीं हैं। इससे यह सिद्ध हुआ कि अशेष विषय को जाननेवाला वह ज्ञान अनैन्द्रियक (अतीन्द्रिय) ही है। और इस अर्थ के बारे में सर्वज्ञवादियों को विवाद नहीं है। जो बाह्य (नैयायिकादि) हैं वे भी कहते हैं कि- 'अदृष्टादि (पुण्य-पापादि) किसी के प्रत्यक्ष हैं, क्योंकि उनमें प्रमेयत्व है'।

विशेषार्थ – शंका– सूक्ष्मादि पदार्थों को प्रत्यक्ष ज्ञान जानता है और सम्पूर्ण पदार्थों का प्रत्यक्ष ज्ञान होता है, यह ठीक है। लेकिन सम्पूर्ण पदार्थों को याने सर्व द्रव्यों को और सर्व पर्यायों को जाननेवाला ज्ञान 'अतीन्द्रियज्ञान' है, यह कैसे?

समाधान – इन्द्रियों की स्वयोग्यविषय में ही ज्ञानजनकत्व शक्ति है। स्पर्शनेंद्रिय स्पर्श को स्थूलरूप से जानती है, सूक्ष्म रूप से नहीं जानती, अस्पर्शादि को नहीं जानती। इसी तरह अन्य इन्द्रियाँ भी स्वयोग्यविषय में ज्ञानजनकत्वशक्तिवाली हैं। सूक्ष्मादि पदार्थ इन्द्रियों के योग्य विषय नहीं हैं, इसलिये सम्पूर्ण विषयों को जाननेवाला ज्ञान 'अतीन्द्रियज्ञान' ही है।

संस्कृत पृष्ठ नं. ७५, संस्कृत परिच्छेद नं. २४→

[सामान्य से प्रसिद्ध सर्वज्ञता को अरिहंत भगवान में सिद्ध करते हैं।]

शंका – इस प्रकार अशेषविषयसाक्षात्कारित्वलक्षणवाला अतीन्द्रियप्रत्यक्षज्ञान किसी को होता है, यह ठीक है लेकिन वह सर्वज्ञता अर्हन्त को है, यह कैसे? क्योंकि 'किसी के' यह सर्वनाम शब्द है और सर्वनाम शब्द सामान्य का ज्ञापक है।

समाधान – यह सत्य है क्योंकि प्रकृत अनुमान से 'सामान्यता से' सर्वज्ञत्व की सिद्धि की गयी है। 'अर्हन्त सर्वज्ञ है' यह अन्य अनुमान से सिद्ध करते हैं। वह इस तरह- 'अर्हन्त सर्वज्ञ होने के योग्य हैं, क्योंकि वे निर्दोष हैं, किन्तु जो सर्वज्ञ नहीं है वह निर्दोष नहीं है- जैसे रथ्यापुरुष (सड़क पर घूमनेवाला/पागल)।'

यह केवलव्यतिरेकी हेतुजन्य अनुमान है।

विशेषार्थ– शंका – 'कोई जीव सर्वज्ञ है, यह सामान्य सर्वज्ञ सिद्धि ठीक है, लेकिन 'अर्हन्त' को सर्वज्ञत्व है यह कैसे? क्योंकि 'कोई' यह शब्द सामान्य का ज्ञापक (सामान्य का संकेत करनेवाला) है।

समाधान – यह सत्य है क्योंकि प्रकृत अनुमान से 'कोई जीव सर्वज्ञ है अथवा अशेष विषय को प्रत्यक्ष जाननेवाली पर्याय सर्वज्ञपर्याय है, यह सामान्य से सर्वज्ञत्व की सिद्धि है। अब अन्य अनुमान से 'अर्हन्त सर्वज्ञ हैं' यह सिद्ध करते हैं। जैसे- 'अर्हन्त सर्वज्ञ हैं, क्योंकि वे निर्दोष हैं; किन्तु जो सर्वज्ञ नहीं है, वह निर्दोष नहीं है- जैसे पागल आदमी।'

संस्कृत पृष्ठ नं. ७६, संस्कृत परिच्छेद नं. २५→

आवरण और रागादि ये दोष हैं और इनसे रहितता को निर्दोषत्व कहते हैं। वह निर्दोषत्व सर्वज्ञता के बिना निश्चित ही नहीं हो सकता है क्योंकि अल्पज्ञ के आवरणादि दोषों का अभाव नहीं है। इससे अर्हन्त में निर्दोषत्व है; इस हेतु से अर्हन्त के सर्वज्ञत्व की सिद्धि होती ही है; और अर्हत्परमेष्ठी में 'निर्दोषत्व है' क्योंकि अर्हन्त के वचन युक्तिशास्त्र से अविरोधी हैं। 'अर्हन्त के वचन युक्तिशास्त्र से अविरोधी हैं यह सुव्यवस्थित ही है' क्योंकि अर्हत् अभिमत मोक्ष तथा मोक्ष का कारण और संसार

तथा संसार का कारण और अनेकधर्मात्मक चेतन तथा अचेतन तत्त्व का प्रमाण से अबाधितपना है।

विशेषार्थ – आवरण (याने पुद्गल द्रव्यकर्म) और रागादि (याने भावकर्म) को दोष कहते हैं। व्यवहारनय से **द्रव्यकर्मरहित और भावकर्मरहित को निर्दोषपना कहते हैं।** सर्वज्ञ के बिना वह निर्दोषता (दोषरहितपना) नहीं होती है क्योंकि अल्पज्ञ के आवरणादि दोषों का अभाव नहीं है। इसलिये निर्दोषत्व (दोषरहितपना) इस हेतु से अर्हन्त के सर्वज्ञता की सिद्धि होती है।

शंका – अर्हन्त दोषरहित हैं, यह कैसे ?

समाधान – अर्हन्त दोषरहित हैं क्योंकि अर्हन्त के वचन युक्ति से तथा शास्त्र से अविरोधी हैं।

शंका – अर्हन्त के वचन युक्ति से और शास्त्र से अविरोधी हैं, यह कैसे ?

समाधान – अर्हन्त के वचन युक्ति से और शास्त्र से विरोध रहित हैं, क्योंकि

(१) अर्हन्त के द्वारा कथन किया हुआ **मोक्ष और मोक्षमार्ग** प्रमाण से सिद्ध होता है; और

(२) अर्हन्त के द्वारा कथन किया हुआ **संसार और संसार का कारण** प्रमाण से सिद्ध होता है; और

(३) अर्हन्त के द्वारा कथन किया हुआ **अनेकधर्मात्मक चेतनतत्त्व और अनेकधर्मात्मक अचेतनतत्त्व** प्रमाण से सिद्ध है।

इसलिये अर्हन्त यथार्थ प्रवक्ता हैं; और यथार्थ प्रवक्ता होने से अर्हन्त दोषरहित हैं; और दोषरहित होने से अर्हन्त सर्वज्ञ हैं।

संस्कृत पृष्ठ नं. ७६-७७-७८ संस्कृत परिच्छेद नं. २६, २७→

शंका – इस प्रकार से भी अर्हन्त की सर्वज्ञता सिद्ध होने पर अर्हन्त ही सर्वज्ञ हैं, यह कैसे ? क्योंकि कपिलादि में भी सर्वज्ञता सम्भाव्य (शक्य) है।

समाधान – कपिलादि सर्वज्ञ नहीं हैं क्योंकि कपिलादि में सदोषपना है। वे सदोष हैं क्योंकि कपिलादि के वचन न्याय से और आगम से विरुद्ध हैं; और उनके माने हुए (अभिमत) मोक्षादि तत्त्व को और सर्वथा एकान्त को प्रमाण से बाधा आती है। इसलिये कपिलादि सर्वज्ञ नहीं हैं, अर्हन्त ही सर्वज्ञ हैं।

श्री स्वामी समन्तभद्राचार्यरचित आप्तमीमांसा स्तुति में ऐसा कथन किया है कि (कारिका ६,७)-

भो अर्हन्त ! आप ही सर्वज्ञ हैं क्योंकि आप निर्दोष हैं; और आपका वचन युक्तिशास्त्र से अविरोधी है। आपके वचन में विरोध नहीं है क्योंकि आपके इष्ट (मोक्षादि तत्त्व) प्रमाण से बाधित नहीं हैं। लेकिन आपके अमृतरूप मत से बाह्य रहनेवाले, आप्ताभिमानसे दग्ध सर्वथा एकान्तवादियों का इष्ट (तत्त्व) प्रत्यक्ष से बाधित होता है।

इन दो कारिकाओं के द्वारा पराभिमत तत्त्व में बाधा और स्वाभिमत तत्त्व में अबाधा बताई है। उसी का ही समर्थन करने के लिये 'भावैकान्ते' इत्यादि [कारिका ९] से 'स्यात्कारः सत्यलाञ्छनः' [कारिका ११२] तक आप्तमीमांसा (देवागमस्तोत्र) में वर्णन किया है। इसलिये यहाँ विस्तार से कथन नहीं किया है।

विशेषार्थ– शंका – इस प्रकार से भी अर्हन्त की सर्वज्ञता सिद्ध होने पर अर्हन्त ही सर्वज्ञ हैं, अन्य नहीं,

यह कैसे ? क्योंकि कॉम्प्युटर भी सर्वज्ञ हो सकता है, कपिल में भी सर्वज्ञता सम्भाव्य है, बौद्ध में भी सर्वज्ञता सम्भाव्य है, मस्करी (मंखली) में अथवा अन्य में भी सर्वज्ञता सम्भाव्य है।

समाधान – भो प्रभु! ॐ! कॉम्प्युटर अथवा रोबो अचेतन है क्योंकि **उसमें स्वसंवेदन नहीं है।** कॉम्प्युटर में **ज्ञानगुणरूप त्रिकालवर्ती उपादान नहीं है और ज्ञानपर्यायरूप क्षणिक उपादान भी नहीं है,** यह प्रथम अध्याय में प्रतिपादन किया था। इसलिये कॉम्प्युटर में सर्वज्ञता नहीं है।

कपिलादि में ज्ञानदर्शनमय चेतनागुण है, इसलिये त्रिकालवर्ती उपादान है, लेकिन कपिलादि की ज्ञानपर्याय में सर्वज्ञपर्याय बनने का क्षणिक उपादान नहीं है, क्योंकि –

(१) कपिल ने जो जाना था, वही वचन में आया है;
(२) बौद्ध ने जो जाना था, वही वचन में आया है;
(३) मस्करीने जो जाना था, वही वचन में आया है;
(४) वैशेषिक ने जो जाना था, वही वचन में आया है;
(५) अन्य के द्वारा जो जाना है, वही वचन में आया है; और

उनके वचन न्याय से (वस्तुस्वरूप से) और आगम से विरुद्ध हैं। उनके अभिमत मोक्षादितत्त्व को/आनंदतत्त्व को और सर्वथा एकान्त को प्रमाण से बाधा आती है। उसके कुछ उदाहरण प्रथम और द्वितीय अध्याय में आये हैं और कुछ उदाहरण तृतीय अध्याय में हैं; और अष्टसहस्री, पंचास्तिकायसंग्रह, प्रवचनसार, समयसार, बृहद्द्रव्यसंग्रह, कार्तिकेयानुप्रेक्षा, परमात्मप्रकाश, प्रमेयकमलमार्तण्ड, न्यायकुमुदचन्द्र आदि ग्रंन्थों में हैं। इसलिये कपिलादि सर्वज्ञ नहीं हैं क्योंकि वे सदोष हैं; और अर्हन्त ही सर्वज्ञ हैं क्योंकि वे निर्दोष हैं ।

संस्कृत पृष्ठ नं. ७८, संस्कृत परिच्छेद नं. २८→

इस प्रकार से वह अतीन्द्रिय केवलज्ञान अर्हन्त को ही है, ऐसा सिद्ध हो गया। उनके वचनप्रामाण्य से अवधिज्ञान में और मन:पर्ययज्ञान में निर्दोष अतीन्द्रिय प्रत्यक्षपना है, इसकी सिद्धि होती है।

इससे यह सिद्ध हुआ कि- (१) सांव्यवहारिक और (२) पारमार्थिक, ऐसे दो प्रकार के प्रत्यक्ष ज्ञान हैं।

इस प्रकार श्री परमार्हताचार्य धर्मभूषण यति विरचित न्यायदीपिका में प्रत्यक्षप्रमाण का प्रकाश करनेवाला द्वितीय प्रकाश पूर्ण हुआ ।

विशेषार्थ – निर्दोष होने से अर्हन्त सर्वज्ञ हैं याने सर्व द्रव्यों और सर्व पर्यायों को अतीन्द्रिय प्रत्यक्ष ज्ञान से जानते हैं। अर्हन्त के वचन सत्य होने से उनके द्वारा यह कथन किया गया है कि (आ ३) मन:पर्ययज्ञान, (आ ४) अवधिज्ञान, (आ ५) स्वानुभव मतिज्ञान और (आ ५) स्वानुभव श्रुतज्ञान इनमें अतीन्द्रिय प्रत्यक्षपना है और इनमें पारमार्थिक प्रत्यक्षपना है; और केवलज्ञान में तो पारमार्थिक प्रत्यक्षपना है ही।

द्वितीय अध्याय पूर्ण हुआ।

ॐ

अध्यात्मन्यायदीपिका

तृतीय अध्याय

परोक्ष प्रकाश

संस्कृत पृष्ठ नं. ७९, संस्कृत परिच्छेद नं. १→

अब परोक्ष प्रमाण का कथन करते हैं। परोक्ष ज्ञान–अविशदप्रतिभास को परोक्ष कहते हैं। यहाँ परोक्ष लक्ष्य है, और अविशदप्रतिभासत्व लक्षण है। 'जिस ज्ञान का प्रतिभास विशद नहीं हैं, वह परोक्ष प्रमाण है' ऐसा भावार्थ है। वैशद्य का लक्षण पहले (प्रत्यक्ष प्रकाश अध्याय में पृष्ठ २३१ पर) कह आये हैं। उससे अन्य याने अवैशद्य अर्थात् अस्पष्टत्व है। वह भी अनुभवसिद्ध ही है।

विशेषार्थ – जानने के (ज्ञान के) या ध्यान के मुख्य साधन दो ही हैं। पहले यह कथन कर आये हैं कि 'सभी ध्यान ज्ञानपर्यायात्मक ही है, इसमें किसी को भी विवाद नहीं है। [श्लोकवार्तिक-अध्याय ९, सूत्र २७ की संस्कृत गद्य टीका–

"... सर्वस्य ध्यानस्य ज्ञानात्मकत्वप्रसिद्धेः।"]

अतः एक अपेक्षा से निजध्रुवशुद्धात्मा को प्रामाण्यसहित प्रत्यक्ष जानना शुद्ध ध्यान है। परोक्ष जानना अशुद्ध ध्यान है।

ज्ञानपर्याय के प्रत्यक्ष ज्ञान और परोक्ष ज्ञान– ये दो भेद हैं। यदि कोई व्यक्ति किसी वस्तु को जान रहा है, उस समय जब परोक्ष ज्ञान से जानता नहीं अर्थात् तब पारिशेषन्याय से वह उस वस्तु को प्रत्यक्ष ज्ञान से जान रहा है, यह सिद्ध होता है। प्रत्यक्ष ज्ञानपर्याय का विशदप्रतिभास यह लक्षण है, उसका कथन द्वितीय अध्याय में किया है। यहाँ परोक्ष ज्ञानपर्याय के लक्षण का कथन करते हैं। अविशदप्रतिभास यानी अस्पष्टज्ञान को परोक्ष ज्ञान कहते हैं। जैसे अग्नि लक्ष्य है और अग्नि का लक्षण उष्णता है, गाय लक्ष्य है और गाय का लक्षण सास्नादिमानपना है, जीव लक्ष्य है और जीव का लक्षण ज्ञान-दर्शन है; वैसे यहाँ परोक्ष ज्ञानपर्याय लक्ष्य है और अविशदप्रतिभासपना लक्षण है। जिस ज्ञानपर्याय में स्पष्ट प्रतीति नहीं है, वह परोक्ष ज्ञानपर्याय है।

यह समझ में आने से ध्यान करनेवाले जीव को यह ख्याल में आता है कि मैं निजध्रुवात्मा को प्रत्यक्ष ज्ञान से जान रहा हूँ अथवा परोक्ष ज्ञान से जान रहा हूँ। इसके लिये देखिए चार्ट नं. १४।

चार्ट नं. १४

निजध्रुव चिदानंद आत्मा को जानने की पद्धति

1. 'यह' मैं ध्रुवचिदानंदात्मा हूँ। ← यहाँ 'यह' (इदन्ता) की प्रतीति है, इसलिये यह '**प्रत्यक्ष ज्ञान**' है, शुद्धात्मानुभव है, निर्विकल्प ज्ञान है।

2. 'वह' मैं ध्रुवचिदानंदात्मा था। ← यहाँ 'वह' (तत्ता) की प्रतीति है, इसलिये यह '**स्मरणज्ञान**' है, परोक्ष ज्ञान है, शुद्धात्मानुभव नहीं।

3. जो मैं पूर्व में ध्रुवचिदानंदात्मा था, वह यह ध्रुवचिदानंदात्मा हूँ। ← { यहाँ 'वह + यह' के संकलन (इदन्ता और तत्ता के संकलन) की प्रतीति है, इसलिये यह '**प्रत्यभिज्ञान**' है, परोक्ष ज्ञान है, शुद्धात्मानुभव नहीं।

4. जो-जो जीव है वह-वह, ध्रुवचिदानंदात्मा है। ← { यहाँ 'जो-जो + वह-वह' रूप व्याप्ति की प्रतीति है, इसलिये यह '**तर्कज्ञान**' है, यह परोक्ष ज्ञान है, शुद्धात्मानुभव नहीं।

5. मैं ध्रुवचिदानंदात्मा हूँ, क्योंकि यह पर्याय है।
(साध्य) (साधन)
← { यहाँ 'साधन के द्वारा साध्य की' प्रतीति है, इसलिये '**अनुमानज्ञान**' है, यह परोक्ष ज्ञान है, शुद्धात्मानुभव नहीं।

6. मैं ध्रुवचिदानंदात्मा हूँ। ← यहाँ 'अन्तर्जल्प' रूप प्रतीति है, इसलिये यह '**नयज्ञान**' है, परोक्ष ज्ञान है, शुद्धात्मानुभव नहीं।

पर्याय को जानने की पद्धति

1. 'यह' मैं दु:खी हूँ। ← यहाँ 'यह' (इदन्ता) की प्रतीति है, इसलिये यह '**प्रत्यक्ष ज्ञान**' है।

2. 'वह' मैं दु:खी था। ← यहाँ 'वह' (तत्ता) की प्रतीति है, इसलिये यह '**स्मरणज्ञान**' है, परोक्ष ज्ञान है।

3. जो मैं पूर्व में दु:खी था, वह यह दु:खी हूँ। ← { यहाँ 'यह + वह' के संकलन (इदन्ता और तत्ता के संकलन) की प्रतीति है इसलिये यह '**प्रत्यभिज्ञान**' है, परोक्ष ज्ञान है।

4. जो-जो जीव शल्यसहित होता है, वह-वह दु:खी होता है। ← { यहाँ 'जो-जो + वह-वह' रूप व्याप्ति की प्रतीति है, इसलिये यह '**तर्कज्ञान**' है, परोक्ष ज्ञान है।

5. मैं दु:खी हूँ, क्योंकि मेरे हृदय में शल्य है।
(साध्य) (साधन)
← यहाँ 'साधन के द्वारा साध्य' की प्रतीति है, इसलिये यह '**अनुमानज्ञान**' है, परोक्ष ज्ञान है।

6. मैं दु:खी हूँ। ← यहाँ 'अंतर्जल्प' रूप प्रतीति है, इसलिये यह '**नयज्ञान**' है, परोक्ष ज्ञान है।

संस्कृत पृष्ठ नंबर ७९, संस्कृत परिच्छेद नंबर २ →

शंका (बौद्ध आदि)– 'सामान्यमात्र-विषयत्व' यह परोक्ष प्रमाण का लक्षण है, ऐसा मानो।

समाधान (जैन)– यह आपका कथन योग्य नहीं क्योंकि प्रत्यक्ष की तरह परोक्ष का भी सामान्यविशेषात्मक वस्तु विषय होने से वह लक्षण असम्भवदोष युक्त है। उसका स्पष्टीकरण– जिस प्रकार घटादि विषयों में प्रवर्तमान प्रत्यक्ष प्रमाण घटादिगत घटत्वादिक सामान्याकार को और व्यक्तिरूप व्यावृत्ताकार को युगपत् ही प्रकाशन करनेवाला उपलब्ध होता है, उसी प्रकार घटादि विषयों में प्रवर्तमान परोक्ष ज्ञानपर्याय भी घटादिगत घटत्वादिक सामान्याकार को और व्यक्तिरूप व्यावृत्ताकार को युगपत् ही प्रकाशन करनेवाला उपलब्ध होता है। इसलिये 'सामान्यमात्रविषयत्व' यह परोक्ष ज्ञान का लक्षण नहीं, लेकिन 'अवैशद्यत्व' यह परोक्ष ज्ञानपर्याय का लक्षण है। सामान्य और विशेष में से किसी एक को विषय करनेवाला मानने पर तो प्रमाणपना की ही अनुपपत्ति है क्योंकि सर्व प्रमाणों का सामान्यविशेषात्मकवस्तुविषयपना माना गया है। परीक्षामुखसूत्र ग्रन्थ में कहा भी है कि– "सामान्यविशेषात्मक वस्तु प्रमाण का विषय है।" (अ.४- सूत्र १) इसलिये अविशद प्रतिभास को जो परोक्ष ज्ञानपर्याय का लक्षण कहा है, वह बिलकुल ठीक है।

विशेषार्थ – शंका– 'जो ज्ञानपर्याय केवल सामान्य को विषय करे वह परोक्ष ज्ञानपर्याय है' ऐसा परोक्ष ज्ञानपर्याय का लक्षण मानेंगे।

समाधान– यह आपका कथन ठीक नहीं है; क्योंकि प्रत्यक्ष ज्ञानपर्याय की तरह परोक्ष ज्ञानपर्याय भी सामान्य और विशेषरूप वस्तु को विषय करती है। इसलिये 'केवल सामान्य को जाननेवाले ज्ञान को परोक्ष ज्ञान कहते हैं' यह आपके द्वारा कथन किया हुआ परोक्ष ज्ञानपर्याय का लक्षण असंभवदोष युक्त है।

जिस प्रकार घटादि विषयोंको जाननेवाला प्रत्यक्ष ज्ञान भी घट के घटत्वरूप सामान्य को और विशिष्ट व्यक्तिरूप घटपर्यायरूप विशेष को, अन्य घट, वस्त्र, चौकी, मेज आदि से भिन्न करके युगपत् जानता है। अथवा निजध्रुवात्मा को जाननेवाला प्रत्यक्ष ज्ञान अपने आत्मद्रव्य (जीवद्रव्य) के ध्रुवसत्सामान्य को और विशिष्ट व्यक्तिरूप (स्वरूप-अस्तित्वरूप) विशेष को पर्याय तथा अन्य पदार्थोंसे भिन्न करके युगपत् जानता है। अथवा इस वस्त्र को जाननेवाला प्रत्यक्ष ज्ञान वस्त्र के वस्त्रपनारूप सामान्य को और विशिष्ट व्यक्तिरूप इस वस्त्रपर्यायरूप विशेष को अन्य वस्त्र घटादि से व्यावृत्त करके युगपत् जानता है। अथवा दुःखमय निजात्मा के सत्रूप सामान्य को और विशिष्ट व्यक्तिरूप अपनी दुःखपर्यायरूप विशेष को अपनी सुखपर्याय, तथा अन्य द्रव्यों से भिन्न करके युगपत् जानता है।

उसी प्रकार घटादि विषयों को जाननेवाला परोक्ष ज्ञानपर्याय भी घट के घटत्वरूप सामान्य को और विशिष्ट घटपर्यायरूप विशेष को युगपत् (एक काल में) जानता है। इसलिये 'केवल सामान्य को विषय करना' परोक्ष ज्ञानपर्याय का लक्षण नहीं है, लेकिन अविशदता (अस्पष्टता) ही परोक्ष ज्ञानपर्याय का लक्षण है।

इसी तरह 'केवल विशेष को विषय करना' परोक्ष ज्ञानपर्याय का लक्षण नहीं है। सामान्य और विशेष में किसी एक को विषय करनेवाला मानने पर तो प्रमाणता ही नहीं आती है क्योंकि सभी प्रमाण सामान्य और विशेष इन दोनों स्वरूप वस्तु को विषय करनेवाले माने गये हैं। इसलिये अविशद (अस्पष्ट) प्रतिभास को परोक्ष ज्ञानपर्याय का लक्षण कहा है, यह लक्षण ठीक है।

संस्कृत पृष्ठ नं. ८०, संस्कृत परिच्छेद नं. ३ →

उस परोक्ष ज्ञान के पांच भेद हैं– (१) स्मृति, (२) प्रत्यभिज्ञान, (३) तर्क, (४) अनुमान और (५) आगम। ये पांचों ही परोक्ष प्रमाण प्रत्ययान्तर (ज्ञानान्तर) की अपेक्षा से उत्पन्न होते हैं। स्मरणज्ञान को पूर्व अनुभव की अपेक्षा होती है; प्रत्यभिज्ञान को स्मरण और अनुभव की अपेक्षा होती है; तर्कज्ञान को अनुभव, स्मरण और प्रत्यभिज्ञान की अपेक्षा होती है; अनुमान ज्ञान को लिंगदर्शन और व्याप्तिस्मरण आदि की अपेक्षा होती है; और आगमज्ञानपर्याय को शब्दश्रवण, संकेतग्रहण आदि की अपेक्षा होती है। लेकिन प्रत्यक्ष प्रमाण को ज्ञानान्तर की अपेक्षा नहीं होती, प्रत्यक्ष ज्ञान स्वतंत्र रूप से यानी ज्ञानान्तर निरपेक्ष रूपसे ही उत्पन्न होता है। स्मरणज्ञान आदि को यह प्रत्ययान्तर की अपेक्षा है। यह उन ज्ञानों के अपने-अपने (प्रकरण के) निरूपण के समय कथन करेंगे।

विशेषार्थ – अस्पष्ट ज्ञान को परोक्ष ज्ञान कहते हैं। परोक्ष ज्ञान के (१) स्मृति, (२) प्रत्यभिज्ञान, (३) तर्क, (४) अनुमान और (५) आगमज्ञानपर्याय ये पांच भेद हैं। जिस जीव को स्मरणज्ञान होता है, वह स्मरणज्ञान उत्पन्न होते समय उसी जीव की उस विशिष्ट विषय के बारे में पूर्व जानकारी की अपेक्षा होती है; अर्थात् स्मरणज्ञान उत्पन्न होने में पूर्व अनुभव की अपेक्षा होती है; यानी स्मरणज्ञान पर्याय उत्पन्न होने में ज्ञानान्तर (प्रत्ययान्तर) की अपेक्षा होती है। ज्ञानान्तर यानी दूसरी ज्ञानपर्याय।

जिस तरह स्मरणज्ञानपर्याय उत्पन्न होने में दूसरी ज्ञानपर्याय की अपेक्षा होती है उसी तरह प्रत्यभिज्ञान, तर्क, अनुमान और आगमज्ञानपर्याय उत्पन्न होने में ज्ञानान्तर की अपेक्षा होती है। स्मरणज्ञान को पूर्व अनुभव ज्ञानपर्याय की अपेक्षा होती है। प्रत्यभिज्ञान को स्मरण और अनुभव ज्ञानपर्यायों की अपेक्षा होती है। तर्कज्ञानपर्याय उत्पन्न होने में अनुभव, स्मरण और प्रत्यभिज्ञान इन ज्ञानपर्यायों की अपेक्षा होती है। अनुमानज्ञानपर्याय की उत्पत्ति होने में लिंगदर्शन और व्याप्तिस्मरण आदि ज्ञानपर्यायों की अपेक्षा होती है। और आगमज्ञानपर्याय की उत्पत्ति होने में शब्दश्रवण और इस शब्द का (ध्वनि का) यह-यह अर्थ है, इस प्रकार के संकेत ग्रहण आदि की अपेक्षा होती है।

लेकिन प्रत्यक्ष ज्ञानपर्याय में ज्ञानान्तर (दूसरी ज्ञानपर्याय) की अपेक्षा नहीं होती, प्रत्यक्ष ज्ञान स्वतन्त्ररूप से यानी ज्ञानान्तर निरपेक्ष ही उत्पन्न होता है। प्रत्यक्ष ज्ञान में 'इदन्ता यानी यह' का उल्लेखरूप भाव रहता है।

[स्मृतिज्ञानपर्याय]

संस्कृत पृष्ठ नंबर ८०, संस्कृत परिच्छेद नंबर ४ →

शंका – स्मृति किसे कहते हैं?

समाधान – 'तत्ता यानी वह' ऐसे आकार (निर्णय) रूप पूर्व अनुभूतवस्तु को विषय करनेवाली स्मृति होती है, जैसे वह देवदत्त। यहाँ पूर्व अनुभूत ही देवदत्त 'तत्ता यानी वह' रूप से जाना जाता है। इस कारण से यह प्रतीति 'तत्ता यानी वह' उल्लेखिनी और अनुभूत विषयवाली है क्योंकि अननुभूत विषय के बारे में स्मृतिज्ञानपर्याय उत्पन्न नहीं होती है। और उसका मूलकारण अनुभवरूप धारणास्वरूप ज्ञानपर्याय ही है; क्योंकि अवग्रह, ईहा, अवाय ये ज्ञानपर्यायें होने पर भी धारणारूप ज्ञानपर्याय के अभाव में स्मृतिज्ञानपर्याय की उत्पत्ति नहीं होती हैं। धारणाज्ञानपर्याय ही उस प्रकार का आत्मा में संस्कार करती है, जिससे वह आत्मा कालान्तर में भी उस अनुभूत विषय का स्मरण उत्पन्न करा देती है। वह यह धारणा के विषय में समुत्पन्न 'तत्ता यानी वह' उल्लेखिज्ञान स्मृतिज्ञानपर्याय है, ऐसा सिद्ध होता है।

विशेषार्थ– जो भी उपयोगरूप ज्ञानपर्याय है, वह स्वार्थ यानी स्वपर-प्रकाशक होती है। यह चार्ट नं. ४ पर अध्यात्मन्यायदीपिका – पृष्ठ नंबर १९८ और १९९ के बीच में दिखाया है। उसी तरह पृष्ठ १९८ और १९९ पर देखिये। उसी तरह पृष्ठ नं. २०८ पर भी देखिये। स्व यानी भावप्रमेय है और अर्थ अथवा पर यानी बाह्यप्रमेय है। उसमें 'स्व यानी अहं यानी भावप्रमेय' को जाननेवाला ज्ञान प्रामाण्यसहित प्रत्यक्ष ज्ञान है। वह **'स्व/अहं/भावप्रमेय' का जानना निगोद से लेकर सिद्ध तक के सभी जीवों को प्रामाण्यसहित प्रत्यक्ष ज्ञान के द्वारा होता है।** लेकिन 'अर्थ यानी पर यानी बाह्यप्रमेय' को जाननेवाला ज्ञान (१) प्रामाण्यसहित प्रत्यक्ष ज्ञान अथवा (२) अप्रामाण्यसहित प्रत्यक्ष ज्ञान अथवा (३) प्रामाण्यसहित परोक्ष ज्ञान अथवा (४) अप्रामाण्यसहित परोक्ष ज्ञान होता है।

इसके आधार के लिये देखिये **अष्टसहस्री** [सत् दान समिती, सोलापुर द्वारा प्रकाशित] **श्लोक नं. ८३, पृष्ठ नंबर २४६ और २४८-**

अष्टसहस्री पृष्ठ नं. २४६ –

''सर्वसंवित्तेः स्वसंवेदनस्य कथंचित् प्रमाणत्वोपपत्तेः तदपेक्षायां सर्वं प्रत्यक्षं, न कश्चित्प्रमाणाभासः...''

अर्थ– सभी ज्ञानपर्यायों के स्वसंवेदन को कथंचित् प्रमाणत्व होने से स्वसंवेदन की अपेक्षा में सभी प्रत्यक्ष हैं, कोई भी स्वसंवेदन प्रमाणाभास नहीं है।

अष्टसहस्री-पृष्ठ नं. २४८ –

''नभसि केशादिज्ञानं हि बहिर्विसंवादकत्वात् प्रमाणाभासं, स्वरूपे संवादकत्वात् प्रमाणम्।''

अर्थ– आकाश के बारे में 'केशादि है' ऐसा जानना प्रमाणाभास (झूठा ज्ञान) है क्योंकि वहाँ केशादि नहीं होने से विसंवाद है; और जब वही ज्ञान 'स्व' का वेदन करता है, तब वहाँ वह ज्ञानपर्याय विद्यमान होने से 'जैसा है वैसा जाना' है; इसलिये 'स्व' के बारे में जानने से वह ज्ञान संवादक होने से प्रमाण है।

ज्ञानपर्याय	विषय	
स्व (भावप्रमेय)	अर्थ/पर (बहिःप्रमेय)	आकाश है, केशादि नहीं
[मैं]	['यह केशादि है' ऐसा जानता हूँ]	
↑ यह अंश प्रामाण्य-सहित **प्रत्यक्ष ज्ञान** है।	↑ यह अंश **प्रमाणाभास** है	

ज्ञानपर्याय — विषय

स्व — अर्थ/पर

[मैं] — ['यह गाय है' ऐसा जानता हूँ।]

↑ यह अंश प्रामाण्यसहित **प्रत्यक्ष ज्ञान है।**

↑ यह अंश प्रामाण्यसहित **प्रत्यक्ष ज्ञान है।**



ज्ञानपर्याय — विषय

स्व — अर्थ/पर

[मैं] — ['यह देवदत्त है' ऐसा जानता हूँ।]

↑ यह अंश प्रामाण्यसहित **प्रत्यक्ष ज्ञान है।**

↑ यह अंश प्रामाण्यसहित **प्रत्यक्ष ज्ञान है।**



इसतरह 'यह' यानी इदन्ता उल्लेखी, स्पष्टता लक्षणवाला और प्रत्ययान्तर (ज्ञानान्तर) की अपेक्षा न रखनेवाला ज्ञान प्रत्यक्ष ज्ञान है।

और 'तत्ता यानी वह' ऐसे आकाररूप (उल्लेखरूप) पूर्व काल में अनुभूत (जाने हुए) वस्तु को विषय करनेवाले ज्ञान को स्मरण ज्ञान अथवा याद अथवा स्मृति कहते हैं। जैसे—'वह' देवदत्त। यहाँ भूतकाल में जाना हुआ (अनुभूत) ही देवदत्त 'तत्ता यानी वह' रूप से जाना जाता है। इससे इस स्मरण ज्ञान में 'तत्ता यानी वह' रूप प्रतीति है और अनुभूत विषय की प्रतीति है क्योंकि न जाने हुए विषय के बारे में स्मरण ज्ञानपर्याय उत्पन्न नहीं होती है। अर्थात् →

स्मृतिज्ञानपर्याय — विषय

स्व — अर्थ/पर

[मैं] — ['वह देवदत्त था' ऐसा जानता हूँ।]

↑ यह अंश प्रामाण्यसहित **प्रत्यक्ष ज्ञान है।**

↑ यह अंश प्रामाण्यसहित स्मृति **परोक्ष ज्ञान है।**



स्मरणज्ञानपर्याय — **विषय**

स्व	अर्थ/पर
[मैं]	[' वह गाय थी ' ऐसा जानता हूँ।]
↑ यह अंश प्रामाण्यसहित **प्रत्यक्ष ज्ञान** है।	↑ यह अंश प्रामाण्यसहित स्मृति **परोक्ष ज्ञान** है।



प्रत्यक्ष ज्ञानपर्याय — **विषय**

स्व	अर्थ/पर
[मैं]	[' यह मैं दुःखमय जीव हूँ ' ऐसा जानता हूँ।]
↑ यह अंश **प्रत्यक्ष ज्ञान** है।	↑ यह अंश **प्रत्यक्ष ज्ञान** है।

विषय: दुःखमय निज जीव

स्मृतिज्ञानपर्याय — **विषय**

स्व	अर्थ/पर
[मैं]	[' वह मैं दुःखमय जीव था ' ऐसा जानता हूँ।]
↑ यह अंश **प्रत्यक्ष ज्ञान** है।	↑ यह अंश ' स्मृति ' **परोक्ष ज्ञान** है।

विषय: दुःखमय निज जीव

प्रत्यक्ष ज्ञानपर्याय — **विषय**

स्व	अर्थ/पर
[मैं]	[' यह मैं अल्पज्ञ जीव हूँ ' ऐसा जानता हूँ।
↑ यह अंश **प्रत्यक्ष ज्ञान** है।	↑ यह अंश **प्रत्यक्ष ज्ञान** है। यह शुद्धात्मानुभव नहीं है।

विषय: अल्पज्ञ निज जीव

स्मृतिज्ञानपर्याय — **विषय**

स्व	अर्थ/पर	
[मैं]	['वह मैं अल्पज्ञ जीव था' ऐसा जानता हूँ।]	अल्पज्ञ निज जीव
↑ { यह अंश **प्रत्यक्ष ज्ञान** है। }	↑ { यह अंश 'स्मृति' **परोक्ष ज्ञान** है। }	

प्रत्यक्ष ज्ञानपर्याय — **विषय**

स्व	अर्थ/पर	
[मैं]	['यह मैं ध्रुवशुद्ध जीव हूँ' ऐसा जानता हूँ।]	ध्रुवशुद्ध निजात्मा
↑ { यह अंश **प्रत्यक्ष ज्ञान** है। }	↑ { यह अंश **प्रत्यक्ष ज्ञान** है। अर्थात् यह शुद्धात्मानुभव है। }	

स्मृतिज्ञानपर्याय — **विषय**

स्व	अर्थ/पर	
[मैं]	['वह मैं ध्रुवशुद्ध जीव था' ऐसा जानता हूँ।	ध्रुवशुद्ध निजात्मा
↑ { यह अंश **प्रत्यक्ष ज्ञान** है। }	↑ { यह अंश स्मृति **परोक्ष ज्ञान** है। अर्थात् यह शुद्धात्मानुभव नहीं है। }	

शंका – "आपने 'यह मैं ध्रुवशुद्धजीव हूँ' ऐसे जाननेवाले ज्ञान को शुद्धात्मानुभव कहा और 'वह मैं ध्रुवशुद्धजीव था' ऐसे जाननेवाले स्मृतिज्ञान को शुद्धात्मानुभव नहीं कहा।" यह आपका कथन ठीक नहीं क्योंकि 'वह मैं ध्रुवशुद्धजीव था' इस ज्ञानपर्याय को शुद्धात्मानुभव मानना चाहिये क्योंकि **प्रमेयरत्नमाला** [विद्याभवन संस्कृत ग्रन्थमाला, C/o चौखम्बा विद्याभवन, चौक, वाराणसी-१, संस्करण-प्रथम, विक्रम संवत् २०२० के] ग्रंथ, द्वितीय समुद्देश **सूत्र ५ की** टीका में पृष्ठ नंबर ७३ –

"**स्मृत्यादिस्वरूपसंवेदनं मानसमेवेति नापरं स्वसंवेदनं नाम अध्यक्षं अस्ति।**"

भावार्थ – तथा स्मृति आदि स्वरूप-संवेदन होता है, वह भी मानस प्रत्यक्ष ही है।

और **लघीयस्त्रय प्रकरण** के श्लोक नं. ६१ की विवृत्ति में श्री अकलंकदेव आचार्यजी लिखते हैं कि–

"अनिन्द्रियप्रत्यक्षं स्मृतिसंज्ञाचिन्ताभिनिबोधात्मकम्॥"

अर्थ–स्मृति, संज्ञा (प्रत्यभिज्ञान), चिन्ता (तर्कज्ञान) और अभिनिबोधात्मक (अनुमानज्ञान) ये ज्ञानपर्यायें अनिन्द्रियप्रत्यक्ष है।

समाधान–आपने 'प्रमेयरत्नमाला और लघीयस्त्रय प्रकरण की विवृत्ति में से जो उद्धरण दिये हैं' उसका अर्थ आपके समझ में नहीं आया है क्योंकि लघीयस्त्रय प्रकरण और उस की विवृत्ति का स्पष्टीकरण करनेवाला श्री प्रभाचन्द्राचार्यजी कृत **न्यायकुमुदचन्द्र** नाम का ग्रन्थ है। **न्यायकुमुदचन्द्र** [माणिकचन्द्र दि. जैन ग्रन्थमाला प्रकाशन] **भाग नं. २, पृष्ठ नं. ६८३, पंक्ति नंबर ११ से २०– "ननु स्मृत्यादीनां परोक्षतया पूर्वं प्रतिपादितत्वात् कथं अत्र प्रत्यक्षतया प्रतिपादनं युक्तं पूर्वापरविरोधप्रसंगात्; इति अपि अचर्चिताभिधानम्, यत्रं अंशे तेषां स्पष्टत्वं तत्र एव प्रत्यक्षत्वप्रतिपादनात्। 'स्वरूपे' एव हि तेषां स्पष्टत्वं अतः तत्र एव प्रत्यक्षत्वम् आत्मज्ञानम् इति अभिसम्बन्धात्। बहिर्थे तु अस्य अस्पष्टत्वात् परोक्षता इति न कश्चित् दोषः।"**

भावार्थ–प्रश्न–'स्मृति आदि ज्ञानपर्यायों में परोक्षपना है' ऐसा प्रतिपादन पहले किया था, अब यहाँ 'उन ही स्मृति आदि ज्ञानपर्यायों में प्रत्यक्षपना है' ऐसा प्रतिपादन करना कैसे योग्य है क्योंकि इससे तो पूर्व-अपर कथन में विरोध का प्रसंग आता है।

उत्तर–यह आपका कथन ठीक नहीं है क्योंकि 'जिस अंश में उन में स्पष्टत्व है, उस अंश में ही प्रत्यक्षत्व है' ऐसा प्रतिपादन किया है।'स्वरूप में' ही स्मृति आदि ज्ञानपर्यायों में स्पष्टत्व है, इसलिये उन ज्ञानपर्यायों के स्वरूप यानी आत्मज्ञान यानी भावप्रमेय के ज्ञान में प्रत्यक्षत्व है लेकिन 'बाह्य अर्थ यानी बाह्यप्रमेय के ज्ञान में अस्पष्टत्व होने से स्मृति, प्रत्यभिज्ञान, तर्क, अनुमान ज्ञानपर्यायों में परोक्षता ही है, इसलिये उसमें कोई दोष नहीं है।

अर्थात्

स्मृतिज्ञानपर्याय — **विषय**

स्व/आत्मज्ञान/भावप्रमेय	**अर्थ/बाह्यप्रमेय/पर**	
[मैं]	['वह मैं ध्रुवशुद्ध जीव था' ऐसा जानता हूँ।]	ध्रुवशुद्ध निजात्मा
↑ यह अंश **प्रत्यक्ष ज्ञान** है।'	↑ यह अंश **स्मृति परोक्ष ज्ञान** ही है। शुद्धात्मानुभव नहीं; **प्रत्यक्ष ज्ञान** नहीं।	

शंका–प्रत्यक्ष ज्ञान और स्मृतिज्ञान पर्यायों को जानने से क्या लाभ होता है?

समाधान–ज्ञानपर्यायें जानने के साधन हैं। ज्ञानपर्याय साधन के द्वारा भोग लेते हैं। (१) जैसे प्रत्यक्ष ज्ञान साधन के द्वारा भोग लेने में मग्नपना या गाढत्व आता है, वैसे परोक्ष ज्ञान साधन के द्वारा भोग लेने में मग्नपना या गाढत्व नहीं आता है। इसलिये 'यह मैं ध्रुवशुद्धचिदानंदात्मा हूँ' ऐसा जानने या विचार करने में निर्मलत्व या मग्नत्व या गाढत्व है और 'वह मैं ध्रुवशुद्धचिदानंदात्मा था' ऐसा स्मरणरूप विचार करने में (स्मरणज्ञान में) वह निर्मलत्व नहीं।

(२) कोई भी साधक स्वयं (खुद) यह निर्णय कर सकता है कि, मैं '**निजध्रुवशुद्धात्मा**' को **प्रत्यक्ष ज्ञान** से जान रहा हूँ अथवा **स्मरणज्ञान** से जान रहा हूँ। तब साधक '**यह मैं निजध्रुवशुद्धात्मा हूँ**' ऐसा विचार करेगा याने **प्रत्यक्ष ज्ञान** से जानेगा अर्थात् शुद्धात्मानुभव करेगा। बार-बार **प्रत्यक्ष ज्ञान** से '**निजध्रुवशुद्धात्मा**' को जानने का प्रयत्न करेगा।

(३) 'मैं **प्रत्यक्ष ज्ञान** से जानता हूँ' अथवा 'मैं **स्मरणज्ञान** से जानता हूँ' इसके बारे में किसी दूसरे से पूछने की आवश्यकता नहीं।

(४) '**निजध्रुवशुद्धात्मा**' को जाननेवाले '**प्रत्यक्ष ज्ञान**' के साधन के बारे में अज्ञान, संशय, विपरीत और अनध्यवसाय दोष नहीं रहेंगे।

(५) सामायिक यानी ध्यान अर्थात् '**निजध्रुवशुद्धात्मा**' को **प्रामाण्यसहित प्रत्यक्ष ज्ञान** से जानना। इसलिए प्राणायाम करना, जाप करना अथवा श्लोक याद करना अथवा गाथा याद (स्मरण) करना सामायिक नहीं है।

देखिए श्लोकवार्तिक-अध्याय ९, सूत्र २७, पृष्ठ नंबर ५०१ (नाथारंगजी प्रकाशन) →

"प्राणापाननिग्रहः ध्यानं इति चेत्; न, शरीरपातप्रसंगात्।....। मात्राकालपरिगणनं ध्यानं इति चेत्; न, ध्यानातिक्रमात्। तथा चित्तवैयग्र्यात्। एतेन जपस्य ध्यानत्वं प्रतिषिद्धम्।"

भावार्थ– 'प्राणापाननिग्रह करना, ही ध्यान है' ऐसा मानना ठीक नहीं क्योंकि शरीरपात का प्रसंग (दोष) आता है। 'मात्राकालपरिगणन करना ही ध्यान है' ऐसा मानना ठीक नहीं क्योंकि ध्यान का अतिक्रम होता है और चित्त में व्यग्रता होती है। इससे जप को शुद्धध्यान अथवा शुद्धात्मानुभव मानने का निषेध हो गया।

शंका– यहाँ आपने निजध्रुवशुद्धात्मा को जाननेवाले, 'यह यानी इदन्ता' उल्लेखिरूप ज्ञान को प्रत्यक्ष ज्ञान कहा है, लेकिन 'व्यंजनावग्रह' ज्ञानपर्याय में भी 'यह यानी इदन्ता' उल्लेखिरूप ज्ञान होता है और व्यंजनावग्रह परोक्ष ज्ञान है; तो फिर विरोध आयेगा?

समाधान– भो प्रभो! ॐ! स्पर्शनेंद्रिय से अथवा रसनेंद्रिय से अथवा घ्राणेंद्रिय से अथवा कर्णेंद्रिय से व्यंजनावग्रह होता है; नेत्रेंद्रिय से अथवा मन से अथवा अतींद्रिय ज्ञान से व्यंजनावग्रह नहीं होता है। इसलिये विरोध अथवा दोष नहीं आता।

स्मरणज्ञान में 'वह यानी तत्ता' रूप से होनेवाली प्रतीति है; स्मरणज्ञान का मूल कारण धारणा नामक 'यह यानी इदन्ता उल्लेखी' प्रत्यक्ष ज्ञान ही है क्योंकि अवग्रह ज्ञानपर्याय होने पर भी धारणा ज्ञानपर्याय के अभाव में स्मृतिज्ञानपर्याय की उत्पत्ति नहीं होती। तथा अवग्रह, ईहा ज्ञानपर्यायें होने पर भी धारणा ज्ञानपर्याय के अभाव में स्मृतिज्ञानपर्याय की उत्पत्ति नहीं होती। तथा अवग्रह, ईहा, अवाय ज्ञानपर्यायें होने पर भी धारणा ज्ञानपर्याय के अभाव में स्मृतिज्ञानपर्याय की उत्पत्ति नहीं होती है। धारणा ज्ञानपर्याय ही उस प्रकार का आत्मा में संस्कार करती है, जिससे वह आत्मा कालान्तर में भी उस अनुभूत विषय का स्मरण उत्पन्न करा देती है। इसलिये धारणा के विषय में 'तत्ता यानी वह' उल्लेखिज्ञान स्मृतिज्ञानपर्याय है, ऐसा सिद्ध होता है।

संस्कृत पृष्ठ नं. ८०, संस्कृत परिच्छेद नं. ५→

शंका– इस प्रकार से धारणा के द्वारा गृहीत विषय में ही स्मरणज्ञान उत्पन्न होता है, तो गृहीतग्राही होने से उसके अप्रमाणता का प्रसंग आता है?

समाधान– यह आपका कथन ठीक नहीं क्योंकि विषयविशेष का सद्भाव है, जैसे ईहाज्ञान में विषयविशेष का सद्भाव है। अर्थात् जैसे अवग्रहादिगृहीत विषयों का ईहादि में विषयविशेष का सद्भाव होने से अपने-अपने विषय के समारोपव्यवच्छेदकपना से प्रामाण्य है वैसे स्मरण का भी धारणागृहीतविषय में प्रवृत्त होने पर भी प्रमाणता (प्रामाण्य) ही है। धारणा का 'इदन्ता' (यह) अवच्छिन्न (सहित) विषय है, लेकिन स्मरण का 'तत्ता' (वह) अवच्छिन्न (सहित) विषय है; और स्मरण अपने विषय के सम्बन्धी अस्मरणादिरूप समारोप का व्यवच्छेदक होने से प्रमाण ही है।

प्रमेयकमलमार्तण्ड में भी कहा है कि→

'विस्मरण, संशय और विपर्ययलक्षणरूप समारोप है और उस समारोप को दूर करने से वह स्मृति प्रमाण है' (अर्थात् स्मरणज्ञान में प्रामाण्य है)।

विशेषार्थ – शंका – शनि के दिन देवदत्त को धारणा ज्ञानपर्याय के द्वारा जाना। फिर रवि के दिन उसी देवदत्त की याद आ गयी; अर्थात् रवि के दिन देवदत्त को स्मृतिज्ञानपर्याय के द्वारा जाना। इसलिये 'देवदत्त' यह विषय गृहीतग्राही विषय है यानी जाने हुए देवदत्त विषय को ही स्मरण ज्ञानपर्याय ने जाना तो फिर गृहीतग्राही होने से स्मृति को अप्रमाणता का प्रसंग आता है। इस प्रकार से धारणा ज्ञानपर्याय के द्वारा गृहीतविषय के बारे में ही स्मरण ज्ञानपर्याय उत्पन्न होती है, इसलिये गृहीतग्राही होने से स्मरणज्ञान में अप्रमाणता है।

समाधान – यह आपका कथन ठीक नहीं है क्योंकि विषयविशेष का सद्भाव है।



(४) यह घट है।

(३) यह घट है। ↑

(२) यह घट है। ↑

(१) यह घट है। ↑

यहाँ नंबर (१) 'यह घट है' यह सच्चा ज्ञान है। लेकिन नंबर (२) यह घट है, नंबर (३) यह घट है; और नंबर (४) यह घट है, इन ज्ञानपर्यायों में गृहीतग्राहीपना है तथा अपूर्व अर्थग्राहीपना न होने से मिथ्याज्ञान यानी अप्रमाण/प्रमाणाभास हैं।'

[अध्यात्मन्यायदीपिका भाग १, अध्याय १, पृष्ठ २०१ से २०३ देखिये।]

किन्तु जिस तरह ईहादि ज्ञान में विषयविशेष का सद्भाव है। [अध्यात्मन्यायदीपिका भाग १, अध्याय २, पृष्ठ नंबर २४५ से २४८ देखिये।]

चेतनोपयोग **विषय**

स्व पर/अर्थ

अवाय ज्ञानोपयोग | मैं यह सफेद वस्तु ध्वजा ही जानता हूँ।

↑

ईहा ज्ञानोपयोग | मैं यह सफेद वस्तु ध्वजा जानता हूँ। | सफेद वस्तु ध्वजा है।

↑

अवग्रह ज्ञानोपयोग | मैं यह सफेद वस्तु जानता हूँ।

↑

निराकार दर्शनोपयोग | मैं

जैसे अवग्रहादिक के द्वारा ग्रहण किये हुए अर्थ को विषय करनेवाले ईहादि ज्ञानपर्यायों में कथंचित् विषयभेद

होने से अपने विषय के बारे में संशयरहित, विपरीतरहित, अनध्यवसायरहित और अज्ञानरहित होने से प्रामाण्य है; वैसे धारणा ज्ञानपर्याय के द्वारा जाना हुआ जो विषय है, उसी विषय को जानने में स्मरण ज्ञानपर्याय की प्रवृत्ति होने पर भी स्मरण ज्ञानपर्याय में प्रामाण्य है।

प्रत्यक्ष ज्ञान में 'इदन्ता यानी यह' उल्लेखरूप (आकाररूप) होता है। **समयसार** - गाथा नंबर १ में '**इणं**' शब्द है। उस '**इणं**' शब्द का अर्थ '**इदं प्रत्यक्षीभूतं**' **यानी 'यह' यानी 'प्रत्यक्ष', ऐसा श्री जयसेनाचार्य रचित तात्पर्यवृत्ति में किया है।**

और भी देखिये प्रवचनसार - गाथा नंबर १ में '**एस**' शब्द है। उसकी टीका में श्री अमृतचंद्राचार्यजी ने '**एषः स्वसंवेदनप्रत्यक्ष...**' यानी यह स्वसंवेदनप्रत्यक्ष, ऐसा अर्थ किया है। **श्री जयसेनाचार्यरचित तात्पर्यवृत्ति में 'एषः अहं.... स्वसंवेदनप्रत्यक्षः' यानी 'यह... स्वसंवेदन प्रत्यक्ष' ऐसा अर्थ किया है।**

अष्टसहस्री में और प्रमेयकमलमार्तण्ड में भी "**प्रत्यक्ष ज्ञान** में '**इदन्ता** यानी **यह**' आकार होता है" ऐसा कहा है।

धारणा ज्ञानपर्याय भी प्रत्यक्ष ज्ञान है। धारणा ज्ञानपर्याय में 'इदन्ता यानी यह' आकार होता है और स्मरण ज्ञानपर्याय में 'तत्ता यानी वह' आकार होता है। स्मरण ज्ञानपर्याय अपने विषय के बारे में अस्मरणरहित, संशयरहित, विपरीतरहित और अनध्यवसायरहित होने से प्रमाण ही है।

संस्कृत पृष्ठ नं. ८१, संस्कृत परिच्छेद नं. ६ →

और यदि 'अनुभूत विषय में प्रवृत्त होता है' इतने से स्मरण अप्रमाण हो तो अनुमित अग्नि के विषय में पश्चात् प्रवृत्त होनेवाला प्रत्यक्ष ज्ञान भी अप्रमाण ठहरेगा।

विशेषार्थ–'स्मरणज्ञानपर्याय धारणा के द्वारा जाने हुए विषय में प्रवृत्त होता है' इतने से यदि वह स्मरण अप्रमाण (प्रमाणाभास) हो तो अनुमान से जानी हुई अग्नि को जानने के लिये पीछे प्रवृत्त हुआ प्रत्यक्ष ज्ञानपर्याय भी अप्रमाण (प्रमाणाभास) ठहरेगा किन्तु ऐसा तो होता नहीं है। अर्थात् धूम देखकर प्रथम अग्नि का अनुमान किया, परोक्ष ज्ञान हो गया। पश्चात् उस जानी हुई अग्नि को प्रत्यक्ष ज्ञान से जाना। तो भी वह प्रत्यक्ष ज्ञान प्रमाण (सत्यज्ञान) ही है, असत्यज्ञान (प्रमाणाभास) नहीं है। इसलिये स्मरणज्ञानपर्याय अप्रमाण नहीं है।

शंका–हिन्दी अध्यात्मन्यायदीपिका पृष्ठ २२१ पर ज्ञान के प्रामाण्य की ज्ञप्ति का चार्ट है। वहाँ 'पंक्ति नंबर १९ वाले स्मरण' को मिथ्याज्ञान कहा है, यह कैसे?

समाधान–जिस जीव ने देशना जानी। उसके पश्चात् उसी जीव ने उसी का स्मरण किया उतना सही रूप से स्मरण किया है; लेकिन उस ज्ञानपर्याय में 'निजध्रुवशुद्धात्मा' का 'प्रामाण्यसहित प्रत्यक्ष ज्ञान का विशिष्ट प्रामाण्य' नहीं है, इसलिये वह स्मरण मिथ्याज्ञान है और उसी समय मिथ्यादर्शन भी मौजूद है।

शंका–हिन्दी अध्यात्मन्यायदीपिका पृष्ठ नंबर २२१ पर, "पंक्ति नंबर १० वाले स्मरण" को सम्यग्ज्ञान क्यों कहा है?

समाधान–'निजध्रुवशुद्धात्मा' को प्रामाण्यसहित प्रत्यक्ष ज्ञान के द्वारा जाना, उसी समय सम्यग्ज्ञान और सम्यग्दर्शन है; और उसके पश्चात् होनेवाले स्मरण ज्ञान के समय में भी 'निजध्रुवशुद्धात्मा' के बारे में प्रामाण्य स्मरणज्ञानपर्याय में मौजूद है। इसलिये वह स्मरण सम्यग्ज्ञान है। उसी समय सम्यग्दर्शन भी है।

शंका–'निजध्रुवशुद्धात्मा' को जाननेवाले प्रामाण्यसहित प्रत्यक्ष ज्ञान का महत्त्व है और स्मरण को गौणत्व है।

समाधान–यह सत्य है; क्योंकि स्मरणज्ञानपर्याय से प्रत्यक्ष ज्ञान पर्याय में निर्मलता है।

संस्कृत पृष्ठ ८१, संस्कृत परिच्छेद नं. ७ →

और अविसंवादिपना से स्मृति प्रमाण है, जैसे प्रत्यक्षादि ज्ञानपर्याय प्रमाण है। स्मरण करके निक्षेपादि वस्तुओं में प्रवर्तमान को विषयविसंवाद नहीं होता है। लेकिन जहाँ वह विसंवाद है, वहाँ स्मरणाभासत्व है जैसे प्रत्यक्षाभास होता है। इस प्रकार से 'स्मरण नाम का पृथक् प्रमाण है' यह सिद्ध हो गया।

विशेषार्थ– जिस प्रकार अविसंवादवाला प्रत्यक्ष ज्ञान प्रमाण है। अर्थात् जैसी वस्तु है, वैसी ही जानी जाय तो वह प्रत्यक्ष ज्ञान प्रमाण है। उसी तरह अविसंवादवाला स्मरण ज्ञानपर्याय भी प्रमाण है, प्रमाणाभास नहीं। दस दिन पहले इस अलमारी में समयसार की किताब रखी थी। उसकी अब याद करके 'उस समयसार ग्रंथ' को लेने के लिये प्रवृत्ति करता है और उस को वह ग्रंथ बराबर प्राप्त होता है, इसलिये स्मरण करके पूर्व में रखी हुई वस्तुओं को लेने में प्रवर्तमान ज्ञान का विसंवाद नहीं होता है। इससे स्मरणज्ञान प्रमाण है। लेकिन जैसे 'सीप को यह चांदी है' इस तरह जाननेवाला प्रत्यक्ष ज्ञान झूठा यानी प्रत्यक्षाभास है क्योंकि विसंवाद है। वैसे जहाँ विसंवाद है, वहाँ स्मरणाभासपना है। लेकिन सविकल्प अवस्था में सम्यग्ज्ञानी जीव भी गाथा, श्लोक का स्मरण करता है। सविकल्प अवस्था में सम्यग्ज्ञानी जीव जिनेंद्र भगवान का स्मरण करता है। सविकल्प अवस्था में सम्यग्ज्ञानी 'निजध्रुवात्मा' का स्मरण करता है। तो यह जानना प्रमाण है।

[प्रत्यभिज्ञान का निरूपण]

संस्कृत पृष्ठ ८१-८२, संस्कृत परिच्छेद नं. ८-९ →

अनुभवस्मृतिहेतुकसंकलनात्मक ज्ञान को प्रत्यभिज्ञान कहते हैं। इदन्तोल्लेखिज्ञान प्रत्यक्ष ज्ञान (अनुभव) है, तत्ता उल्लेखिज्ञान स्मरण है। उन दोनों से उत्पन्न होनेवाला और पूर्वोत्तर ऐक्य, सादृश्य, विलक्षणता आदि को विषय करनेवाला ऐसा जो संकलनरूप ज्ञान उत्पन्न होता है वह प्रत्यभिज्ञान है; ऐसा जानो। जैसे वह ही यह जिनदत्त है, उस गाय के समान यह गवय है और उस गाय से यह भैंस विलक्षण है। इत्यादि।

उनमें पहले उदाहरण में जिनदत्त की पूर्वोत्तर दशाओं में व्यापक एकत्व प्रत्यभिज्ञान का विषय है। 'वह-यह' एकत्वप्रत्यभिज्ञान है। लेकिन दूसरे उदाहरण में पूर्व अनुभूत बैल का उसके प्रतियोगिक गवय में समानता है। 'वह-यह' सादृश्यप्रत्यभिज्ञान है, और तीसरे उदाहरण में पूर्व अनुभूत गाय की उसके प्रतियोगिक भैंस में विषमता है। यह वैसादृश्यप्रत्यभिज्ञान है। इस प्रकार अन्य भी प्रत्यभिज्ञान के भेद हैं, उनको यथा प्रतीति स्वयं समझ में ले लीजिये। इन सभी में भी अनुभव-स्मृतिसापेक्षपना होने से प्रत्यभिज्ञान के हेतुपना है।

विशेषार्थ–'इदन्ता यानी यह' आकारवाला अनुभव और 'तत्ता यानी वह' आकारवाला स्मरण इन के संकलनात्मक (जोड़रूप) ज्ञान को प्रत्यभिज्ञान कहते हैं। दस साल पहले जो जिनदत्त देखा था, वह ही यह जिनदत्त है। यहाँ 'वह और यह' का संकलन है। दस साल पहले की अवस्था और अभी की अवस्था इन दोनों में जो व्यापकरूप एकत्व है, उस एकत्व को जाननेवाला यह एकत्वप्रत्यभिज्ञान है। प्रत्यभिज्ञान भी स्वार्थ याने स्व-पर प्रकाशक है। जैसे–

जो भी उपयोगरूप ज्ञानपर्याय है, वह स्वार्थ यानी स्व-पर प्रकाशक होती है। वह चार्ट नं. ४ पर, अध्यात्मन्यायदीपिका के पृष्ठ नंबर १९८ और १९९ के बीच में दिखाया है। और स्मृति के प्रकरण में हिन्दी अध्यात्मन्यायदीपिका पृष्ठ नं. २६१ से २६७ तक देखिये।

एकत्वप्रत्यभिज्ञानपर्याय — विषय

स्व — अर्थ/पर

[मैं] — ['पहले जो जिनदत्त था, अभी वह ही यह जिनदत्त है' ऐसा जानता हूँ।] — जिनदत्त

↑ यह अंश प्रत्यक्ष है।

↑ यह अंश परोक्ष ज्ञान है, प्रत्यभिज्ञान है।

एकत्वप्रत्यभिज्ञानपर्याय — विषय

स्व — अर्थ/पर

[मैं] — ['पहले जो पेड़ था, अभी वह ही यह पेड़ है' ऐसा जानता हूँ।]



↑ यह अंश प्रत्यक्ष है।

↑ यह अंश परोक्ष ज्ञान है, प्रत्यभिज्ञान है।

एकत्वप्रत्यभिज्ञानपर्याय — विषय

स्व — अर्थ/पर

[मैं] — ['पहले जो सुवर्ण था, अभी वह ही यह सुवर्ण है' ऐसा जानता हूँ।] — सुवर्ण

↑ यह अंश प्रत्यक्ष है।

↑ यह अंश परोक्ष ज्ञान है, प्रत्यभिज्ञान है।

एकत्वप्रत्यभिज्ञानपर्याय — विषय

स्व — अर्थ/पर

[मैं] — ['पहले जो मैं दुःखी था, वह ही यह मैं दुःखी हूँ' ऐसा जानता हूँ।] — दुःखी

↑ यह अंश प्रत्यक्ष है।

↑ यह अंश परोक्ष ज्ञान है, प्रत्यभिज्ञान है।


एकत्वप्रत्यभिज्ञानपर्याय		विषय
स्व	अर्थ/पर	
[मैं]	[' पहले जो मैं अल्पज्ञ था, वह ही यह मैं अल्पज्ञ हूँ' ऐसा जानता हूँ।]	अल्पज्ञ
↑ यह अंश प्रत्यक्ष है।	↑ यह अंश परोक्ष ज्ञान है, प्रत्यभिज्ञान है।	

एकत्वप्रत्यभिज्ञानपर्याय		विषय
स्व	अर्थ/पर	
[मैं]	[' पहले जो मैं ध्रुवात्मा था, अभी वह ही यह मैं ध्रुवात्मा हूँ 'ऐसा जानता हूँ।]	निजध्रुवात्मा
↑ यह अंश प्रत्यक्ष है।	↑ यह अंश परोक्ष ज्ञान है, प्रत्यभिज्ञान है, शुद्धात्मानुभव नहीं है।	

सादृश्यप्रत्यभिज्ञान–पहले जानी हुई वस्तु को लेकर दुसरी वस्तु में रहनेवाली सदृशता प्रत्यभिज्ञान का विषय है। इस प्रकार की ज्ञानपर्याय को सादृश्यप्रत्यभिज्ञान कहते हैं। उदाहरणार्थ– पहले जानी हुई गाय को लेकर गवय में रहनेवाली समानता/सदृशता प्रत्यभिज्ञान का विषय है।

सादृश्यप्रत्यभिज्ञानपर्याय		विषय
स्व	अर्थ/पर	
[मैं]	[' पहले जो गाय देखी थी, , अभी उसके समान यह गवय है ' ऐसा जानता हूँ।]	गवय
↑ यह अंश प्रत्यक्ष है।	↑ यह अंश परोक्ष ज्ञान है, प्रत्यभिज्ञान है।	

सादृश्यप्रत्यभिज्ञानपर्याय		विषय
स्व	अर्थ/पर	
[मैं]	[' पहले जो अग्नि देखी थी, , उसके समान यह अग्नि है ' ऐसा जानता हूँ।]	
↑ यह अंश प्रत्यक्ष है।	↑ यह अंश परोक्ष ज्ञान है, प्रत्यभिज्ञान है।	


सादृश्यप्रत्यभिज्ञानपर्याय
विषय
स्व
अर्थ/पर
[मैं]
[' पहले जो दुःखी देखा था, उसके समान यह मैं दुःखी हूँ ' ऐसा जानता हूँ।]
दुःखी
यह अंश प्रत्यक्ष है।
यह अंश परोक्ष ज्ञान है, प्रत्यभिज्ञान है।
सादृश्यप्रत्यभिज्ञानपर्याय
विषय
स्व
अर्थ/पर
[मैं]
[' शास्त्र में कहा था कि जाननेवाला जीव होता है, उसके समान यह मैं जाननेवाला जीव हूँ ' ऐसा जानता हूँ।]
ध्रुव आत्मा
यह अंश प्रत्यक्ष है।
यह अंश परोक्ष ज्ञान है, सादृश्यप्रत्यभिज्ञान है, शुद्धात्मानुभव नहीं है।
सादृश्यप्रत्यभिज्ञानपर्याय
विषय
स्व
अर्थ/पर
[मैं]
[' पहले जो अर्हन्त के द्रव्यगुण जाने थे, उसके समान यह मेरे द्रव्यगुण है ' ऐसा जानता हूँ।]
द्रव्य गुण
यह अंश प्रत्यक्ष है।
यह अंश परोक्ष ज्ञान है, सादृश्यप्रत्यभिज्ञान है, शुद्धात्मानुभव नहीं है।
सादृश्यप्रत्यभिज्ञानपर्याय
विषय
स्व
अर्थ/पर
[मैं]
[' पहले जो सिद्ध का ध्रुवात्मा जाना था, उसके समान यह मैं ध्रुवात्मा हूँ ' ऐसा जानता हूँ।]
ध्रुवात्मा
यह अंश प्रत्यक्ष है।
यह अंश परोक्ष ज्ञान है, सादृश्यप्रत्यभिज्ञान है, शुद्धात्मानुभव नहीं है।

वैसादृश्यप्रत्यभिज्ञान– पहले जानी हुई वस्तु को लेकर दूसरी वस्तु में रहनेवाली विलक्षणता प्रत्यभिज्ञान का विषय है। इस प्रकार के ज्ञानपर्याय को वैसादृश्यप्रत्यभिज्ञान कहते हैं। उदाहरणार्थ– पहले जानी हुई गाय को लेकर भैंसा में रहनेवाली असमानता/विलक्षणता प्रत्यभिज्ञान का विषय है।

वैसादृश्यप्रत्यभिज्ञानपर्याय			विषय
स्व		अर्थ/पर	
[मैं]		['पहले जो गाय देखी थी, उससे विलक्षण यह भैंसा है' ऐसा जानता हूँ।]	भैंसा
↑ यह अंश प्रत्यक्ष है।		↑ यह अंश परोक्ष ज्ञान है, प्रत्यभिज्ञान है, शुद्धात्मानुभव नहीं है।	

वैसादृश्यप्रत्यभिज्ञानपर्याय			विषय
स्व		अर्थ/पर	
[मैं]		['पहले जो वीतरागी अनन्तचतुष्टयी अर्हन्त को जाना था, उससे विलक्षण यह मैं रागी हूँ' ऐसा जानता हूँ।]	रागी
↑ यह अंश प्रत्यक्ष है।		↑ यह अंश परोक्ष ज्ञान है, वैसादृश्यप्रत्यभिज्ञान है, शुद्धात्मानुभव नहीं है।	

वैसादृश्यप्रत्यभिज्ञानपर्याय			विषय
स्व		अर्थ/पर	
[मैं]		['पहले जो मुक्त जीव को जाना था, उससे विलक्षण यह मैं संसारी हूँ' ऐसा जानता हूँ।]	संसारी
↑ यह अंश प्रत्यक्ष है।		↑ यह अंश परोक्ष ज्ञान है, वैसादृश्यप्रत्यभिज्ञान है, शुद्धात्मानुभव नहीं है।	

'पूर्व में अव्रती सम्यक्त्वी अवस्था में जो मैंने शुद्धात्मानुभव किया था, उससे इस व्रती अवस्था में विशेष दृढता और विशेष स्थिरतावाला यह शुद्धात्मानुभव है' यह वैसादृश्य प्रत्यभिज्ञान है, परोक्ष ज्ञान है।

वैसादृश्यप्रत्यभिज्ञानपर्याय		विषय
स्व	अर्थ/पर	
[मैं]	'पहले जो सर्वज्ञ को जाना था, उससे विलक्षण यह मैं अल्पज्ञ सम्यग्ज्ञानी हूँ।' ऐसा जानता हूँ।]	सम्यग्ज्ञानी
↑ यह अंश प्रत्यक्ष है।	↑ यह अंश परोक्ष ज्ञान है, वैसादृश्यप्रत्यभिज्ञान है, शुद्धात्मानुभव नहीं है।	

वैसादृश्यप्रत्यभिज्ञानपर्याय		विषय
स्व	अर्थ/पर	
[मैं]	'पहले जो पशु को जाना था, उससे विलक्षण यह मैं मनुष्य हूँ' ऐसा जानता हूँ।]	मनुष्य
↑ यह अंश प्रत्यक्ष है।	↑ यह अंश परोक्ष ज्ञान है, वैसादृश्यप्रत्यभिज्ञान है, शुद्धात्मानुभव नहीं है।	

वैसादृश्यप्रत्यभिज्ञानपर्याय		विषय
स्व	अर्थ/पर	
[मैं]	'पहले जो इंद्रियजनित सुख को जाना था, उससे विलक्षण यह अतीन्द्रिय आनंद है,' ऐसा जानता हूँ।]	अतींद्रिय आनंद
↑ यह अंश प्रत्यक्ष है।	↑ यह अंश परोक्ष ज्ञान है, वैसादृश्यप्रत्यभिज्ञान है, शुद्धात्मानुभव नहीं है।	

इस तरह इदन्ता उल्लेखी प्रत्यक्ष ज्ञान और तत्ता उल्लेखी स्मरणज्ञान इनके जोड़रूप [संकलनात्मक] ज्ञान को प्रत्यभिज्ञान कहते हैं।

संस्कृत पृष्ठ ८२, संस्कृत परिच्छेद नं. १०→

शंका [बौद्ध आदि] – अनुभव और स्मृति इनसे व्यतिरिक्त [भिन्न] ऐसा प्रत्यभिज्ञान नहीं है।

समाधान [जैन] – यह आपका कथन असत्य है क्योंकि अनुभव में वर्तमानकालवर्ती विवर्तमात्र प्रकाशपना है और स्मृति में अतीत विवर्तद्योतकपना है, ऐसी वस्तुव्यवस्था है। तो फिर इस अनुभव में और स्मृति में अतीतवर्तमानकाल संकलित ऐक्य, सादृश्य आदिरूप विषय का अवगाहीपना कैसे होगा? (अर्थात् नहीं है।) इससे स्मरण और अनुभव इन दोनों से अलग/भिन्न प्रत्यभिज्ञान है, ऐसा तथा उन दोनों के अनन्तर होनेवाला एकत्व, सादृश्य आदि को विषय करनेवाला जो संकलनात्मक ज्ञान होता है, वह ही प्रत्यभिज्ञान है।

विशेषार्थ– शंका – प्रत्यक्ष और स्मरण इन दोनों से अलग (भिन्न) प्रकार का प्रत्यभिज्ञान नाम का कोई ज्ञान नहीं है क्योंकि पूर्व और उत्तर अवस्थाओं को विषय करनेवाला एक ज्ञानपर्याय शक्य नहीं है, क्योंकि विषय भिन्न ही है; तत्ता उल्लेखी ज्ञान परोक्ष है तथा इदन्ता उल्लेखी ज्ञान प्रत्यक्ष है। इसलिये प्रत्यक्ष और परोक्ष इन का जोडरूप एक ज्ञान शक्य नहीं है। लेकिन प्रत्यक्ष और स्मरण, ये दो जुदी (अलग)-जुदी (अलग) ज्ञानपर्यायें हैं।

समाधान – यह आपका कथन ठीक नहीं है; क्योंकि प्रत्यक्ष (अनुभव) में 'इदन्ता यानी यह' उल्लेखवाला वर्तमानकालवर्ती विवर्तमात्र को जानता है और स्मरण (याद) में 'तत्ता यानी वह' अतीत विवर्त को जानता है, ऐसी वस्तुव्यवस्था है। इसलिये 'भूतकालीन और वर्तमानकालीन के संकलनात्मक **एकत्व**' को अनुभव (प्रत्यक्ष ज्ञान) अथवा स्मरण जानता नहीं। और 'अतीतवर्तमानकालसंकलित **सादृश्य** (समानता) को अनुभव (प्रत्यक्ष) अथवा स्मरण जानता नहीं। और अतीतवर्तमानकालसंकलित **विसदृशता** को अनुभव (प्रत्यक्ष) अथवा स्मरण जानता नहीं। इसलिये अनुभव तथा स्मरण इन दोनों से भिन्न प्रकारका और उनके बाद में होनेवाली और उन एकत्व, सदृशता, विलक्षणता को विषय करनेवाली जो जोड़रूप (संकलनात्मक) ज्ञानपर्याय होती है, वह प्रत्यभिज्ञान है।

अर्थात् (१) अभी सबेरे आठ बजे 'यह जिनदत्त है' ऐसा जाना। (२) फिर एक साल पहले जो जिनदत्त जाना था, उसका स्मरण हो गया। (३) उसके बाद 'एक साल पहले जो जिनदत्त जाना था वह ही यह जिनदत्त है' ऐसा जाना; इस तृतीय प्रकार से जानना नंबर १ ज्ञानपर्याय से और नंबर २ ज्ञानपर्याय से भिन्न प्रकार का है। इस तृतीय प्रकार को प्रत्यभिज्ञान कहते हैं। इस प्रत्यभिज्ञान में 'वह (तत्ता) और यह (इदन्ता)' की संकलनात्मकता (जोड़रूपता) है।

संस्कृत पृष्ठ ८२, संस्कृत परिच्छेद नं. ११ →

अन्य (वैशेषिकादि अन्य) – एकत्वप्रत्यभिज्ञान को स्वीकार करके भी उसका प्रत्यक्ष ज्ञान में अन्तर्भाव करने की कल्पना करते हैं। उसका स्पष्टीकरण ऐसा है कि– 'जो इन्द्रियान्वयव्यतिरेकानुविधायी है, वह प्रत्यक्ष है' यह प्रसिद्ध है और इन्द्रियों से अन्वयव्यतिरेक संबंध रखनेवाला यह प्रत्यभिज्ञान है, इसलिये वह प्रत्यक्ष है।

जैन– यह कथन ठीक नहीं है क्योंकि इन्द्रियों का वर्तमानदशापरामर्शमात्र में उपक्षीणपना होने से वर्तमानातीतदशाव्यापकरूप ऐक्य को जानना सिद्ध नहीं होता है। इन्द्रियों की अविषय में प्रवृत्ति मानना योग्य नहीं है; अन्यथा चक्षु के द्वारा रसादि का भी ज्ञान होने का प्रसंग आयेगा।

विशेषार्थ– अन्य – एकत्वप्रत्यभिज्ञान को मान्य करते हैं, लेकिन एकत्वप्रत्यभिज्ञान को प्रत्यक्ष ज्ञान मानते हैं, परोक्ष ज्ञान नहीं मानते क्योंकि 'जो इन्द्रियों के सद्भाव में होता है और इन्द्रियों के अभाव में नहीं होता' वह प्रत्यक्ष है। इस तरह इन्द्रियों के सद्भाव में यह प्रत्यभिज्ञान होता है और इन्द्रियों के अभाव में यह प्रत्यभिज्ञान नहीं होता। इसलिये यह प्रत्यभिज्ञान प्रत्यक्ष ज्ञान है।

जैन – आपका यह कथन ठीक नहीं है क्योंकि इन्द्रियाँ वर्तमान को जानती है, इसलिये इन्द्रियाँ वर्तमान तथा अतीत में रहनेवाले, ऐसे व्यापकरूप एकत्व को नहीं जानती। 'जो इन्द्रियों का विषय नहीं, उसको इन्द्रियाँ

जानती है' ऐसा मानना ठीक नहीं। अन्यथा नेत्र के द्वारा रस जानने का प्रसंग (दोष) आयेगा।

शंका – लघीयस्त्रयप्रकरण के श्लोक नं. ६१ की विवृत्ति में श्री अकलंकाचार्य जी ऐसा लिखते हैं कि –

"अनिन्द्रियप्रत्यक्षं स्मृतिसंज्ञाचिन्ताभिनिबोधात्मकम्।"

अर्थ – स्मृति, संज्ञा (प्रत्यभिज्ञान), चिन्ता (तर्क) और अभिनिबोधात्मक (अनुमान) ये ज्ञानपर्यायें अनिन्द्रिय प्रत्यक्ष है।

इस आगम कथन से ऐसा सिद्ध होता है कि- एकत्वप्रत्यभिज्ञान, सादृश्यादि प्रत्यभिज्ञान प्रत्यक्ष है। अर्थात् 'जो पहले जिनदत्त था वह यह जिनदत्त है' यह एकत्वप्रत्यभिज्ञान प्रत्यक्ष है और 'जो पूर्व में सिद्धपरमात्मा का ध्रुवशुद्धात्मा जाना था, उनके समान यह मेरा ध्रुवशुद्धात्मा है' यह सादृश्यप्रत्यभिज्ञान प्रत्यक्ष है। और 'पूर्व में जो आगम से एकत्वविभक्तात्मा का स्वरूप जाना था उनके समान यह मेरा एकत्वविभक्तात्मा है' यह सादृश्यप्रत्यभिज्ञान प्रत्यक्ष है। फिर इस कथन के साथ आपके कथन का सुसंवाद कैसे ?

समाधान – आपने जो आगम का उद्धरण दिया है। उस आगम के वचन का अभिप्राय आपके समझ में नहीं आया क्योंकि उस आगम का स्पष्टीकरण करनेवाला 'न्यायकुमुदचन्द्र' नाम का ग्रन्थ है, उसमें लिखा है कि –

"ननु स्मृत्यादीनां परोक्षतया पूर्वं प्रतिपादितत्वात् कथं अत्र प्रत्यक्षतया प्रतिपादनं युक्तं पूर्वापरविरोधप्रसंगात्;

इति अपि अचर्चिताभिधानम्, यत्र अंशे तेषां स्पष्टत्वं तत्र एव प्रत्यक्षत्वप्रतिपादनात्। 'स्वरूपे' एव हि तेषां स्पष्टत्वं अतः तत्र एव प्रत्यक्षत्वम् आत्मज्ञानम् इति अभिसम्बन्धात्। बहिरर्थे तु अस्य अस्पष्टत्वात् परोक्षता इति न कश्चित् दोषः।"

"भावार्थ-प्रश्न – 'स्मृति, प्रत्यभिज्ञान, तर्क और अनुमान ज्ञानपर्यायों में परोक्षपना है' ऐसा कथन पहले किया था; अब यहाँ 'उन ही स्मृति, प्रत्यभिज्ञान, तर्क और अनुमान ज्ञानपर्यायों में प्रत्यक्षपना है' ऐसा कथन करना कैसे योग्य है क्योंकि पूर्व और अपर कथन में विरोध का प्रसंग आता है?

उत्तर – यह आपका कथन ठीक नहीं है क्योंकि 'जिस अंश में उन में स्पष्टत्व है, उस अंश में ही प्रत्यक्षत्व है' ऐसा कथन किया है। 'स्वरूप' में ही स्मृति, प्रत्यभिज्ञान आदि पर्यायों में स्पष्टत्व है; इसलिये उन ज्ञानपर्यायों के स्वरूप यानी आत्मज्ञान यानी भावप्रमेय के ज्ञान में प्रत्यक्षत्व है; लेकिन बाह्य अर्थ यानी बाह्यप्रमेय के ज्ञान में अस्पष्टत्व होने से स्मृति, प्रत्यभिज्ञान आदि ज्ञानपर्यायों में परोक्षता ही है; इसलिये उस में कोई दोष नहीं है।" अर्थात् –

एकत्वप्रत्यभिज्ञानपर्याय	विषय
स्व/आत्मज्ञान/भावप्रमेय	अर्थ/बाह्य अर्थ/पर

[मैं] [पहले जो जिनदत्त था अभी वह यह जिनदत्त है' ऐसा जानता हूँ।]

↑ यह अंश प्रत्यक्ष है। यह स्वरूप का ज्ञान है, यह पर्याय का 'स्व' है, पर्याय का आत्मा है यानी पर्याय के स्वरूप का ज्ञान है।

↑ यह अंश परोक्ष ज्ञान है, एकत्वप्रत्यभिज्ञान है। यह अर्थ का यानि बाह्य अर्थ का यानी पर का ज्ञान है।



एकत्वप्रत्यभिज्ञानपर्याय

स्व/आत्मज्ञान/भावप्रमेय	अर्थ/बाह्य अर्थ/पर	विषय
[मैं]	[' पहले जो मैं ध्रुवशुद्धचिदानंदात्मा था, वह ही यह मैं ध्रुवशुद्धचिदानंदात्मा हूँ' ऐसा जानता हूँ।]	स्वध्रुवशुद्धचिदानंदात्मा
↑ यह अंश प्रत्यक्ष है, यह स्वरूप का ज्ञान है, यह पर्याय का 'स्व' है, यह स्वध्रुवात्मा का ज्ञान नहीं।	↑ यह अंश परोक्ष ज्ञान है, यह स्वध्रुवात्मा का एकत्वप्रत्यभिज्ञान है। यह अंश प्रत्यक्ष ज्ञान नहीं क्योंकि 'वह यह' उल्लेखवाली जोड़रूप प्रतीति है।	

लेकिन प्रत्यक्ष ज्ञानपर्याय नीचे की संदृष्टि में दिखायी है।

प्रत्यक्ष ज्ञानपर्याय

स्व/आत्मज्ञान/भावप्रमेय	अर्थ/बाह्य अर्थ/पर	विषय
[मैं]	[' यह मैं ध्रुवशुद्धचिदानंदात्मा हूँ' ऐसा जानता हूँ।]	स्वध्रुवशुद्धचिदानंदात्मा
↑ यह अंश प्रत्यक्ष है, यह स्वरूप का ज्ञान है, यह पर्याय का 'स्व' है, यह स्वध्रुवात्मा का ज्ञान नहीं।	↑ यह अंश प्रत्यक्ष ज्ञान है, यह **शुद्धात्मानुभव है**, यह स्वध्रुवात्मा का प्रत्यक्ष ज्ञान है, यह 'यह यानी इदन्ता' उल्लेखी ज्ञान है। यह प्रत्यभिज्ञान नहीं।	

शंका – इंद्रियाँ वर्तमानदशापरामर्श में उपक्षीण होती हैं, तो क्या इन्द्रियाँ केवल वर्तमान अवस्था/पर्याय जानती है अथवा ध्रुवगुण भी जानती हैं?

समाधान – इन्द्रियाँ सामान्यविशेषात्मक वस्तु को (धर्मिधर्मसमूह को) जानती हैं। जैसे स्पर्शनेंद्रिय ने उष्ण वस्तु जानी। यहाँ उष्ण यह अवस्था (पर्याय) है और वस्तु यह धर्मी है। तो स्पर्शनेंद्रिय ने धर्मिधर्म (सामान्यविशेष) को जाना। उसी तरह स्पर्शनेंद्रिय ने स्पर्शवाली वस्तु जानी। यहाँ स्पर्श यह अन्वय (ध्रुव) गुण है और वस्तु धर्मी है। तो स्पर्शनेंद्रिय ने धर्मिधर्म को जाना, उष्णपर्याय अथवा शीतपर्याय अथवा स्निग्धपर्याय अथवा रूक्षपर्याय को नहीं जाना। इससे सिद्ध हुआ कि, इन्द्रियाँ वर्तमान में रहनेवाले गुण को (ध्रुव को) जानती हैं। वर्तमान में वस्तु की अवस्था है और गुण भी हैं। जैसे नेत्र पीतवस्तु को जानता है, वैसे नेत्र रंगीन वस्तु को जानता है।

संस्कृत पृष्ठ नं. ८३, संस्कृत परिच्छेद नं. १२→

शंका (वैशेषिक आदि) – यह सत्य है कि, इन्द्रियों का वर्तमानदशा अवगाहीपना ही है, तथापि

वे इन्द्रियाँ सहकारिसमवधानसामर्थ्य से पूर्वोत्तरदशा को व्यापनेवाले एकत्व की भी प्रतीति करेंगी, जैसे अंजनसंस्कृत नेत्र व्यवहित पदार्थ को जानते हैं। नेत्र का व्यवहितार्थ को जानने की सामर्थ्य नहीं है लेकिन अंजन के संस्कार के वश से व्यवहित अर्थ को जानने का सामर्थ्य नेत्र में आता है। उसी के समान (भान्ति) स्मरणादि से सहकृत इन्द्रियाँ ही दशाद्वयव्यापक एकत्व को जानेंगी। इसलिये प्रमाणान्तर (अन्य प्रमाण) की कल्पना करने की क्या आवश्यकता है अर्थात् प्रत्यभिज्ञानरूप भिन्न प्रमाण की कल्पना करना छोड दो।

समाधान (जैन) – यह आपका कथन असत्य है; क्योंकि सहकारिसहस्रसमवधान रहने पर भी अविषय में प्रवृत्ति नहीं होती। अंजनसंस्कारादि से सहित नेत्र की रूपादिस्वरूप ही स्वविषय में प्रवृत्ति होती है, लेकिन रसादि अविषय में प्रवृत्ति नहीं होती। और अविषयरूप पूर्वोत्तरावस्थाव्यापकरूप एकत्व को जानने में इन्द्रियों की प्रवृत्ति नहीं होती। उस कारण से पूर्वोत्तर अवस्थाओं में व्यापकरूप एकत्व की प्रतीति करने के लिये प्रमाणान्तर का अन्वेषण (शोध/खोज) करना आवश्यक है क्योंकि सर्वत्र भी विषय-विशेष के द्वारा प्रमाण के भेद की व्यवस्था होती है।

विशेषार्थ–शंका – यह सत्य है कि इन्द्रियाँ वर्तमान को ही जानती हैं। तथापि वे इन्द्रियाँ सहकारिसमवधानसामर्थ्य से पूर्वपर्याय तथा उत्तरपर्याय को व्यापनेवाले एकत्व की भी प्रतीति करेंगी, जैसे अंजनसंस्कारित नेत्र (१) भूगर्भ में ढककर रखे हुए रत्न आदि को अथवा (२) दीवार के अन्दर रखे हुए पदार्थ को अथवा (३) अन्य क्षेत्र में या अन्य कमरे में रखे हुए पदार्थ को जानते हैं। व्यवहित वस्तु को जानने का नेत्र का सामर्थ्य नहीं है, लेकिन अंजन के संस्कार से संस्कारित नेत्र व्यवहित वस्तु को जानता है। उसी के समान स्मरणादि से सहकृत इन्द्रियाँ दो पर्यायों में व्यापकर रहनेवाले एकत्व को जानेंगी। इसलिये प्रत्यक्ष और स्मरण से अन्य प्रमाण (ज्ञान) की कल्पना करने की आवश्यकता नहीं।

समाधान – आपका कथन ठीक नहीं है क्योंकि सहकारी हजारों समवधान रहनेपर भी अविषय (स्वविषय छोड़कर अन्य विषय) में प्रवृत्ति नहीं होती। अंजनसंस्कारादि से सहित नेत्र रूप (वर्ण) को जानती है, रस को नहीं जानती क्योंकि नेत्र का विषय वर्ण है, नेत्र का विषय रस नहीं है। पूर्वपर्याय तथा उत्तरपर्याय इनको व्यापनेवाले व्यापकरूप एकत्व जानने में इन्द्रियों की प्रवृत्ति नहीं होती है। इससे पूर्वोत्तर अवस्था व्यापकरूप एकत्व को जाननेवाला जो ज्ञान है वह प्रत्यक्ष ज्ञान तथा स्मरणज्ञानों से अन्य ज्ञान है, उसको एकत्वप्रत्यभिज्ञान कहते हैं।

शंका – 'निजध्रुवशुद्धचिदानंदात्मा' को जाननेवाले एकत्वप्रत्यभिज्ञान अथवा स्मरण अथवा तर्क अथवा अनुमान अथवा आगमज्ञान अथवा नयज्ञान को सहकारी तीर्थक्षेत्रादि अथवा वज्रवृषभनाराचसंहननादि अथवा अणुव्रतादि अथवा महाव्रतादि का साथ देंगे और 'निजध्रुवात्मा' को जाननेवाले स्मरण अथवा एकत्वप्रत्यभिज्ञान अथवा तर्क अथवा अनुमान अथवा आगम अथवा नयज्ञान इनका प्रत्यक्ष ज्ञान में अन्तर्भाव करेंगे।

समाधान – यह आपका कथन ठीक नहीं हैं क्योंकि प्रत्यक्ष ज्ञान का और स्मरणादि ज्ञानों का लक्षण भिन्न-भिन्न है। और संहनन, तीर्थक्षेत्र, व्रत आदि जानने के साधकतम साधन नहीं है।

संस्कृत पृष्ठ नं. ८३, संस्कृत परिच्छेद नं. १३ →

और यह है कि– 'वह ही यह है' यह ज्ञान अस्पष्ट ही है । इससे भी उसका प्रत्यक्ष ज्ञान में अन्तर्भाव नहीं होता है। यह अवश्य ही जानना चाहिये कि नेत्र आदि इन्द्रियों में एकत्वप्रत्यभिज्ञान करने की सामर्थ्य नहीं है। अन्यथा लिंगदर्शनव्याप्तिस्मरणादि से सहकृत नेत्रादिक ही अग्नि आदि का अनुमान ज्ञान उत्पन्न करेंगे और अनुमानज्ञान भी पृथक् (अन्य/अलग) प्रमाण (ज्ञान) न मानने का प्रसंग (दोष) आयेगा।

शंका – स्वविषयमात्र में ही इन्द्रियों का चरितार्थपना होने से नेत्रादि इन्द्रियाँ लिंगिज्ञान/अनुमान में प्रवर्तन करने के लिये समर्थ नहीं है।

समाधान – तो फिर प्रत्यभिज्ञान ने कौनसा अपराध किया है? अर्थात् प्रत्यभिज्ञान पृथक् प्रमाण मानने में कुछ भी अपराध नहीं है। इसलिये यह सिद्ध हुआ कि; प्रत्यभिज्ञान नामक पृथक् प्रमाण है।

विशेषार्थ – और यह है कि– 'तत्ता (वह) और इदन्ता (यह)' इनके जोड़रूप (संकलनरूप) होनेवाला ज्ञान अस्पष्ट ही है और इस को प्रतीत्यन्तर (दूसरे ज्ञानपर्याय) की अपेक्षा है। इसलिये 'इदन्ता (यह)' उल्लेखसहित, स्पष्ट ज्ञानसहित प्रत्यक्ष ज्ञान से प्रत्यभिज्ञान पृथक् (अन्य) ही है। यह अवश्य ही जानना चाहिए कि स्पर्शनेंद्रिय, रसनेंद्रिय, घ्राणेंद्रिय, नेत्रेंद्रिय और कर्णेंद्रिय इनमें एकत्वप्रत्यभिज्ञान करने की सामर्थ्य नहीं है। जैसे लिंगदर्शनव्याप्तिस्मरणादि से सहकृत नेत्रादि इन्द्रियाँ अनुमान नहीं करती है क्योंकि अनुमानज्ञानपर्याय और प्रत्यक्ष ज्ञान भिन्न-भिन्न ज्ञानपर्यायें हैं।

संस्कृत पृष्ठ नं. ८३-८४, संस्कृत परिच्छेद नं. १४→

शंका (नैयायिक, मीमांसक आदि) – सादृश्यप्रत्यभिज्ञान यह उपमान नामक पृथक् प्रमाण मानना चाहिये।

समाधान (जैन) – यह आपका कथन ठीक नहीं है क्योंकि उपमान (सादृश्यप्रत्यभिज्ञान) स्मरणानुभवपूर्वक संकलनज्ञानरूप प्रत्यभिज्ञानपना का उल्लंघन नहीं करता है। अन्यथा 'गाय से विलक्षण भैंसा है' इत्यादि विसदृशत्व की प्रतीति को और 'यह इससे दूर है' इत्यादि आपेक्षिक (सप्रतियोगिक) प्रतीति को पृथक् प्रमाण मानना चाहिये। इसलिये जिस प्रकार वैसादृश्यादि ज्ञानों में प्रत्यभिज्ञान का लक्षण पाया जाने से वे प्रत्यभिज्ञान हैं, उसी प्रकार सादृश्यविषयक ज्ञान में भी प्रत्यभिज्ञान के लक्षण होने से वह प्रत्यभिज्ञान ही है। ऐसी ही प्रामाणिक पद्धति है।

विशेषार्थ– शंका (नैयायिकादि) – 'पहले जो जाना था, उसके समान यह है' इस प्रकार की जो प्रतीति होती है, उसको उपमान नामक भिन्न/पृथक् प्रमाण मानना चाहिये।

समाधान – 'पहले जो जाना था, उसके समान यह है' इसप्रकार की जो प्रतीति होती है, उसमें अनुभव (इदन्ता उल्लेखी प्रत्यक्ष ज्ञान) और स्मरण (तत्ता उल्लेखी ज्ञान) इनका संकलन है। इसलिये प्रत्यभिज्ञानपना ही है।

शंका – प्रत्यक्ष ज्ञान और प्रत्यभिज्ञान पर्यायों को जानने से क्या लाभ होता है?

समाधान – ज्ञानपर्याय जानने का साधन है। ज्ञानपर्याय साधन के द्वारा भोग लेते हैं।

(१) जैसे प्रत्यक्ष ज्ञान साधन के द्वारा भोग लेने में मग्नपना या गाढत्व आता है, वैसे परोक्ष ज्ञान साधन के द्वारा भोग लेने में मग्नपना या गाढत्व नहीं आता है। इसलिये 'यह मैं ध्रुवशुद्धचिदानंदात्मा हूँ' ऐसा प्रत्यक्ष जानना या विचार करने में निर्मलत्व या मग्नत्व या गाढत्व है और 'जो मैं पूर्व में ध्रुवशुद्धचिदानंदात्मा था वह यह मैं ध्रुवशुद्धचिदानंदात्मा हूँ' ऐसा एकत्वप्रत्यभिज्ञान करने में अथवा 'जैसे सिद्ध जीव का ध्रुवात्मा है वैसे मेरा ध्रुवात्मा है' ऐसा सादृश्यप्रत्यभिज्ञान करने में वह निर्मलत्व नहीं है।

(२) कोई भी साधक स्वयं (खुद) यह निर्णय कर सकता है कि, मैं 'निजध्रुवात्मा' को प्रत्यक्ष ज्ञान से जान रहा हूँ अथवा स्मरणज्ञान से जान रहा हूँ अथवा प्रत्यभिज्ञान से जान रहा हूँ। तब साधक 'यह मैं निजध्रुवशुद्धात्मा हूँ' ऐसा विचार करेगा यानी प्रत्यक्ष ज्ञान से जानेगा अर्थात् शुद्धात्मानुभव करेगा। बार-बार प्रत्यक्ष ज्ञान से 'निजध्रुवशुद्धात्मा' को जानने का प्रयत्न करेगा।

(३) 'मैं प्रत्यक्ष ज्ञान से जानता हूँ' अथवा 'मैं स्मरणज्ञान से जानता हूँ' अथवा 'मैं प्रत्यभिज्ञान से जानता

हूँ' इसके बारे में किसी दूसरे से पूछने की आवश्यकता नहीं हैं।

(४) 'निजध्रुवशुद्धात्मा' को जाननेवाले 'प्रत्यक्ष ज्ञान' के साधन के बारे में अज्ञान, संशय, विपरीतता और अनध्यवसाय नहीं रहेंगे।

(५) प्रत्यभिज्ञान को युक्ति कहते हैं। तर्क को युक्ति कहते हैं। अनुमान को युक्ति कहते हैं। उपदेश सुना और स्मरण न रहा। उससे उपदेश सुनकर ख्याल में रखना ठीक है, लेकिन युक्ति तथा प्रत्यक्ष ज्ञान से परीक्षा नहीं की। और उपदेश सुना और वैसे स्मरण (याद) किया, उसको तोतारटन्त कहते हैं क्योंकि युक्ति से तथा प्रत्यक्ष से परीक्षा नहीं की।

उपदेश सुनकर ख्याल में रखा, फिर स्मरण किया, उसके बाद प्रत्यभिज्ञान से जाना यानी युक्ति से परीक्षा की, तब तोतारटन्त नहीं रहा।

[तर्क का निरूपण]

संस्कृत पृष्ठ नं. ८४-८५, संस्कृत परिच्छेद नं. १५ →

शंका – प्रत्यभिज्ञान रहा आवे (मान्य है)। तो फिर तर्क किसे कहते हैं?

समाधान – व्याप्तिज्ञान को तर्क कहते हैं। साध्य और साधन इनके गम्य (बोध्य) और गमक (बोधक) भाव को दिखानेवाला व्यभिचार की गंध को सहन न करनेवाला जो संबंध-विशेष है, उसको व्याप्ति अथवा अविनाभाव कहते हैं। उस सामर्थ्य से ही धूम अग्नि ही अग्नि आदि का बोध कराते हैं, लेकिन घटादि पदार्थ अग्नि आदि का बोध नहीं कराता क्योंकि घटादिका अग्नि के साथ व्याप्ति यानी अविनाभाव नहीं है; और अविनाभाव जिसका अपर (दूसरा) नाम है ऐसी उस व्याप्ति का ज्ञान करने में जो साधकतम है, वह यह तर्क नाम का पृथक् (भिन्न) प्रमाण (ज्ञान) है, ऐसा अर्थ है। श्लोकवार्तिकभाष्य में कहा है कि,– 'साध्य और साधन के संबंध के बारे में अज्ञाननाशरूप फल में जो साधकतम है, वह तर्क है' [१-१३-११५]। ऊह यह तर्क का दूसरा नाम है। और वह तर्क उस व्याप्ति को सकलदेशकाल उपसंहार के द्वारा विषय करता है।

विशेषार्थ – व्याप्तिज्ञान को तर्क कहते हैं। साध्य और साधन इनके गम्य और गमक भाव को दिखानेवाला दोषरहित जो संबंधविशेष है, उसको व्याप्ति अथवा अविनाभाव कहते हैं। व्याप्ति अथवा अविनाभाव की सामर्थ्य से ही धूम (साधन) अग्नि (साध्य) का बोध कराते हैं, क्योंकि घटादि का अग्नि के साथ व्याप्ति यानी अविनाभाव नहीं हैं। धूम के सद्भाव में अग्नि का सद्भाव है और अग्नि के अभाव में धूम का अभाव ही रहता है, ऐसी व्याप्ति है (ऐसा अविनाभाव है)।

भय अथवा दुःख के सद्भाव में जीव का सद्भाव है और जीव के अभाव में दुःख का अभाव ही है, ऐसी व्याप्ति है। चेतनोपयोग के सद्भाव में जीव है और जीव के अभाव में चेतनोपयोग का अभाव है, ऐसी व्याप्ति है। स्वसंवेदन ('अहं' के वेदन) के सद्भाव में जीव का सद्भाव है और जीव के अभाव में स्वसंवेदन ['अहं' के वेदन] का अभाव है, ऐसी व्याप्ति है।

विशिष्ट व्यापक अवगाहन के सद्भाव में आकाश का सद्भाव है और आकाश के अभाव में विशिष्ट व्यापक अवगाहन का अभाव है, ऐसी व्याप्ति है।

वर्तनाहेतुत्व के सद्भाव में कालद्रव्य का सद्भाव है और कालद्रव्य के अभाव में वर्तनाहेतुत्व का अभाव है, ऐसी व्याप्ति है।

अमूर्त गतिहेतुत्व के सद्भाव में धर्मद्रव्य का सद्भाव है और धर्मद्रव्य के अभाव में गतिहेतुत्व का अभाव है, ऐसी व्याप्ति है।

स्थितिहेतुत्व के सद्भाव में अधर्मद्रव्य का सद्भाव है और अधर्मद्रव्य के अभाव में स्थितिहेतुत्व का अभाव

है, ऐसी व्याप्ति है।

स्पर्श-रस-गंध-वर्ण के सद्भाव में पुद्गलद्रव्य का सद्भाव है और पुद्गल के अभाव में स्पर्श-रस-गंध-वर्ण का अभाव है, ऐसी व्याप्ति है।

जहाँ स्पर्श है वहाँ रस-गंध-वर्ण है, ऐसी व्याप्ति है। जहाँ रस है वहाँ स्पर्श-गंध-वर्ण है, ऐसी व्याप्ति है। जहाँ गंध है वहाँ स्पर्श-रस-वर्ण है, ऐसी व्याप्ति है। जहाँ वर्ण है वहाँ स्पर्श-रस-गंध है, ऐसी व्याप्ति है।

जहाँ ज्ञानगुण है वहाँ श्रद्धानंददर्शन है। जहाँ श्रद्धागुण है वहाँ ज्ञानदर्शनानंद है। जहाँ आनंद है वहाँ ज्ञानदर्शनश्रद्धा है, ऐसी व्याप्ति है। जहाँ निश्चयसम्यग्दर्शन है वहाँ निश्चयसम्यग्ज्ञानचारित्र है, ऐसी व्याप्ति है, यह चतुर्थगुणस्थान से शुरू (प्रारंभ) होती है। जहाँ निश्चयसम्यग्ज्ञान है वहाँ निश्चयसम्यग्दर्शनचारित्र है, ऐसी व्याप्ति है, यह चतुर्थगुणस्थान से प्रारंभ होती है। जहाँ निश्चयसम्यक्चारित्र है वहाँ निश्चयसम्यग्दर्शनज्ञान है, ऐसी व्याप्ति है, यह चतुर्थगुणस्थान से प्रारंभ होती है। प्रशमसंवेगानुकम्पास्तिक्य का निश्चयसम्यग्दर्शन (मिथ्यात्वादि सात प्रकृतियों का उपशम अथवा मिथ्यात्वादि सात प्रकृतियों का क्षयोपशम अथवा मिथ्यात्वादि सात प्रकृतियों का क्षय) के साथ अविनाभाव अथवा व्याप्ति नहीं है। और अविनाभावरूप व्याप्ति का ज्ञान कराने में जो साधकतम है, वह यह तर्क नाम का पृथक् (अलग) प्रमाण (ज्ञानपर्याय) है।

ऊह यह तर्क का दूसरा नाम है। वह तर्क उस व्याप्ति को सर्वदेश तथा सर्वकाल इनमें उपसंहार के द्वारा विषय करता है। जैसे विदेहक्षेत्र में अव्रती सम्यक्त्वी जीवों में जिस तरह निश्चयसम्यग्ज्ञान की निश्चयसम्यग्दर्शनचारित्र के साथ व्याप्ति है वैसे यहाँ इस भरतक्षेत्र में, नरक में और स्वर्ग में अव्रती सम्यक्त्वी जीवों में उसी तरह निश्चयसम्यग्ज्ञान की निश्चयसम्यग्दर्शनचारित्र के साथ व्याप्ति है। जैसे चतुर्थकाल में अव्रती सम्यक्त्वी जीव में जिस तरह निश्चयसम्यग्ज्ञान की निश्चयसम्यग्दर्शनचारित्र के साथ व्याप्ति थी वैसे इस पंचमकाल में अव्रती सम्यक्त्वी जीव में उसी तरह निश्चयसम्यग्ज्ञान की निश्चयसम्यग्दर्शनचारित्र के साथ व्याप्ति है।

जैसे इस भारत में दो और तीन का संकलन (जोड़) करनेपर पांच होते हैं, वैसे अमेरिका में दो और तीन का संकलन करने पर पांच ही होते हैं। जैसे भूतकाल में दो और तीन का संकलन करने पर पांच होते थे, वैसे वर्तमानकाल में दो और तीन का संकलन करने पर पांच होते हैं और भविष्यकाल में भी दो और तीन का संकलन करने पर पांच ही होंगे।

संस्कृत पृष्ठ नं. ८५, संस्कृत परिच्छेद नं. १६ →

शंका – इसका उदाहरण क्या है?

समाधान – 'जहाँ-जहाँ धूम होता है, वहाँ-वहाँ अग्नि होती है' यह तर्क का उदाहरण है। यहाँ धूम के होने पर अनेक बार अग्नि की उपलब्धि होती है और अग्नि के अभाव में धूम की अनुपलब्धि देखी जाने पर 'सब जगह (सर्वत्र) और सब काल में (सर्वदा) धूम अग्नि का व्यभिचारी नहीं है (अग्नि के सद्भाव में ही धूम होता है, अग्नि के अभाव में धूम का भी अभाव होता है।)' इसप्रकार का जो सर्वदेश और सर्वकाल रूपसे अविनाभाव (व्याप्ति) को ग्रहण करनेवाला ज्ञान बाद में उत्पन्न होता है, वह तर्क नाम का प्रत्यक्षादिक से भिन्न ही प्रमाण है। प्रत्यक्ष ज्ञान निकटवर्ती ही धूम और अग्नि के सम्बन्ध का ज्ञान कराता है, इसलिये प्रत्यक्ष ज्ञान व्याप्ति का ज्ञान नहीं करा सकता। कारण व्याप्ति सर्वक्षेत्रकालोपसंहारवती होती है।

विशेषार्थ – 'जहाँ-जहाँ भावलिंग होता है, वहाँ-वहाँ द्रव्यलिंग होता है' यह तर्क का उदाहरण है। यहाँ भावलिंग के होने पर अनेक बार द्रव्यलिंग की उपलब्धि होती है और द्रव्यलिंग के अभाव में सप्तमादि (अप्रमत्तादि) गुणस्थानों का अभाव होता है। यह जानने पर विदेहक्षेत्र, भरतक्षेत्रादि सब जगह और चतुर्थकाल, पंचमकालादि

में भावलिंग (अप्रमत्तसंयतवाले सप्तमादि गुणस्थान) द्रव्यलिंग का व्यभिचारी नहीं है। इस प्रकार का जो सर्वदेश और सर्वकालरूप से अविनाभाव को ग्रहण करनेवाला ज्ञान बाद में उत्पन्न होता है, वह तर्क नाम का प्रत्यक्षादिक से भिन्न ही ज्ञान है। प्रत्यक्ष ज्ञान व्याप्ति का ज्ञान नहीं करा सकता है; क्योंकि व्याप्ति सर्वक्षेत्र-सर्वकाल उपसंहारवाली होती है।

'जहाँ-जहाँ स्पर्श होता है, वहाँ-वहाँ वह पुद्गल ही होता है' ऐसा जानना तर्क है। जहाँ-जहाँ रस है, वहाँ-वहाँ पुद्गल ही है। जहाँ-जहाँ गंध है, वहाँ-वहाँ पुद्गल ही है। जहाँ-जहाँ वर्ण है, वहाँ-वहाँ पुद्गल ही है। यहाँ के स्पर्श-रस-गंध-वर्णवान वस्तु को जानने पर अमेरिकादि क्षेत्र की वस्तुओं को जानने की इच्छा नहीं रही। यहाँ के पुद्गल के समान ही भोगभूमि के पुद्गल वस्तुओं को जानने की अभिलाषा नहीं रही। यहाँ के स्पर्श-रस-गंधवर्णादि के समान ही स्वर्ग के पुद्गल होते हैं इसलिये उनके भोग लेने की इच्छा नहीं रहती है। व्याप्ति ज्ञान के द्वारा परोक्षरूप से अनंत द्रव्य जाने गये। इसलिये अनंत द्रव्यों को जानने की अथवा भोगने की इच्छा नहीं रही। सम्यग्ज्ञान होने से इच्छायें अथवा कांक्षायें अथवा तृष्णायें नष्ट हो जाती है।

जहाँ-जहाँ 'अहं' यानी स्वसंवेदन है वहाँ-वहाँ जीव है, ऐसा जानना तर्क है। जहाँ-जहाँ चित्त में शल्य है वहाँ-वहाँ दुःख है, ऐसा जानना तर्क है। जहाँ-जहाँ ज्ञान है वहाँ-वहाँ जीव है, ऐसा जानना तर्क है। जहाँ-जहाँ जीव है, वहाँ-वहाँ ध्रुवशुद्धज्ञानदर्शनानंदात्मा है, ऐसा जानना तर्क है। जहाँ-जहाँ पर्याय है, वहाँ-वहाँ ध्रुवद्रव्य है। जहाँ-जहाँ परिणमन है, वहाँ-वहाँ ध्रुवद्रव्य है, ऐसा जानना तर्क है। जहाँ-जहाँ निजध्रुवशुद्धज्ञानदर्शनानंदात्मा को प्रामाण्यसहित प्रत्यक्ष ज्ञान से जाना जाता है वहाँ-वहाँ सम्यग्दर्शन है, ऐसा जानना तर्क है। जब-जब 'निजध्रुवशुद्धज्ञानदर्शनानंदात्मा' को प्रामाण्यसहित प्रत्यक्ष ज्ञान से जाना जाता है यानी निर्विकल्पज्ञान यानी शुद्धात्मानुभव है उस-उस समय समता भाव है। जो-जो जीव है वह-वह ध्रुवशुद्धज्ञानदर्शनानंदात्मा है; यह व्याप्ति है, यह परोक्ष ज्ञान है, प्रत्यक्ष ज्ञान नहीं, शुद्धात्मानुभव नहीं।

संस्कृत पृष्ठ ८५, संस्कृत परिच्छेद नं. १७ →

शंका–यद्यपि प्रत्यक्ष ज्ञानमात्र व्याप्ति को विषय करने में समर्थ नहीं है, तथापि विशिष्ट प्रत्यक्ष ज्ञान व्याप्ति को विषय करने में समर्थ है। उसका स्पष्टीकरण– रसोईशाला आदि में धूम और अग्नि को प्रथम देखा, वह एक प्रत्यक्ष हो गया। इसके बाद अनेकों बार और अनेक प्रत्यक्ष हो गये लेकिन वे सब प्रत्यक्ष ज्ञान व्याप्ति को विषय करने में समर्थ नहीं। लेकिन पहले-पहले (पूर्व-पूर्व) के अनुभव किये धूम और अग्नि का स्मरण तथा तत्सजातीयत्वानुसंधानरूप प्रत्यभिज्ञान से सहित होकर कोई प्रत्यक्ष-विशेष (विशिष्ट प्रत्यक्ष ज्ञान) सर्वोपसंहारवती व्याप्ति को विषय कर सकता है। और स्मरण-प्रत्यभिज्ञानसहित प्रत्यक्ष विशेष (विशिष्ट प्रत्यक्ष) व्याप्ति को विषय करने में समर्थ है, तब तर्क नामक पृथक् (भिन्न) प्रमाण मानने की क्या आवश्यकता है? (अर्थात् तर्क नामक पृथक् प्रमाण मानना ठीक नहीं है।)

समाधान–ऐसा कथन करनेवाले न्यायमार्ग के बारे में अनभिज्ञ हैं, क्योंकि 'सहकारी सहस्रसमवधान (कारण) रहनेपर भी अविषय में प्रवृत्ति नहीं होती है' ऐसा कथन पूर्व में कर आये हैं। इससे 'प्रत्यक्ष ज्ञान के द्वारा व्याप्ति का ग्रहण होता है' यह कथन ठीक नहीं है। यह योग्य है कि स्मरण-प्रत्यभिज्ञान और अनेकों बार हुआ प्रत्यक्ष इनका संकलन होकर ऐसे एक ज्ञान को उत्पन्न करता है कि, जो व्याप्ति को जानने में समर्थ है। और वह ही तर्क है, लेकिन अनुमानादि के द्वारा व्याप्ति को जानना संभव ही नहीं है।

विशेषार्थ–शंका–यद्यपि अकेला प्रत्यक्ष ज्ञान (प्रत्यक्षमात्र) व्याप्ति को जानने में समर्थ नहीं है, तथापि

विशिष्ट प्रत्यक्ष ज्ञान व्याप्ति को जानने के लिये समर्थ है। उसका स्पष्टीकरण-रसोईगृह में धूम और अग्नि को प्रथम बार प्रत्यक्ष देखा, वह एक प्रत्यक्ष हो गया। उसके बाद दूसरी बार अन्यत्र कहीं पर धूम और अग्नि को प्रत्यक्ष देखा। फिर कहीं अन्यत्र धूम और अग्नि को तीसरी बार प्रत्यक्ष देखा। इस तरह अनेकों बार धूम और अग्नि को प्रत्यक्ष देखा। लेकिन वे सब प्रत्यक्ष ज्ञान व्याप्ति को जानने के लिये समर्थ नहीं हैं। लेकिन पूर्व-पूर्व के (पहले-पहले के) अनुभव किये हुए धूम और अग्नि का स्मरण तथा तत्सजातीयत्व के अनुसंधानरूप प्रत्यभिज्ञान से सहित कोई विशिष्ट प्रत्यक्ष ज्ञान व्याप्ति को जान सकता है। और स्मरण-प्रत्यभिज्ञानसहित विशिष्ट प्रत्यक्ष ज्ञान व्याप्ति को जानने के लिये समर्थ है। तब प्रत्यक्ष से, स्मरण से और प्रत्यभिज्ञान से तर्क नामक पृथक् (भिन्न) प्रमाण मानने की क्या आवश्यकता है?

समाधान–प्रत्यक्ष से तर्क को पृथक् न मानना, ठीक नहीं है। स्मरण से तर्क को पृथक् न मानना, ठीक नहीं है। प्रत्यभिज्ञान से तर्क को पृथक् न मानना, ठीक नहीं है। 'क्योंकि सहकारी सहस्र कारण रहनेपर भी अविषय में प्रवृत्ति नहीं होती है' ऐसा कथन पहले कर आये हैं। इसलिये प्रत्यक्ष ज्ञान के द्वारा व्याप्ति का ग्रहण नहीं होता है। यह योग्य है कि-स्मरण, प्रत्यभिज्ञान और अनेकों बार का प्रत्यक्ष इनका संकलन होकर ऐसे एक ज्ञान को उत्पन्न करता है-जो व्याप्ति को जानने में समर्थ है-वह ही तर्क है। स्मरण के द्वारा भी व्याप्ति को जानना संभव नहीं है। प्रत्यभिज्ञान के द्वारा भी व्याप्ति को जानना संभव नहीं है। और अनुमान के द्वारा भी व्याप्ति को जानना संभव नहीं है।

शंका–लघीयस्त्रयप्रकरण के श्लोक नं. ६१ की विवृत्ति में श्री अकलंकाचार्यजी ऐसा लिखते हैं कि–

"अनिन्द्रियप्रत्यक्षं स्मृतिसंज्ञाचिन्ताभिनिबोधात्मकम्।"

अर्थ–स्मृति, संज्ञा (प्रत्यभिज्ञान), चिन्ता (तर्क) और अभिनिबोधात्मक (अनुमान) ये ज्ञानपर्यायें अनिन्द्रियप्रत्यक्ष हैं।

इस आगम कथन से ऐसा सिद्ध होता है कि–तर्क प्रत्यक्ष ज्ञान है। फिर इस कथन के साथ आपके कथन का सुसंवाद कैसे?

समाधान–आपने जो आगम का उद्धरण दिया है उस आगम के वचन का अभिप्राय आपके समझ में नहीं आया है। क्योंकि उस आगम का स्पष्टीकरण करनेवाला '**न्यायकुमुदचन्द्र**' नामका ग्रन्थ है, उसमें लिखा है कि–

"ननु स्मृत्यादीनां परोक्षतया पूर्वं प्रतिपादितत्वात् कथं अत्र प्रत्यक्षतया प्रतिपादनं युक्तं पूर्वापरविरोधप्रसंगात्,

इति अपि अचर्चिताभिधानम्, यत्र अंशे तेषां स्पष्टत्वं तत्र एव प्रत्यक्षत्वप्रतिपादनात्। 'स्वरूपे' एव हि तेषां स्पष्टत्वं अतः तत्र एव प्रत्यक्षत्वं आत्मज्ञानम् इति अभिसम्बन्धात्। बहिरर्थे तु अस्य अस्पष्टत्वात् परोक्षता इति न कश्चित् दोषः।"

"भावार्थ–प्रश्न–'स्मृति, प्रत्यभिज्ञान, तर्क और अनुमान ज्ञानपर्यायों में परोक्षपना है' ऐसा कथन पहले किया था; अब यहाँ 'उन ही स्मृति, प्रत्यभिज्ञान, तर्क और अनुमान ज्ञानपर्यायों में प्रत्यक्षपना है' ऐसा कथन करना कैसे योग्य है; क्योंकि पूर्व और अपर कथन में विरोध का प्रसंग आता है?

उत्तर–यह आपका कथन ठीक नहीं है; क्योंकि 'जिस अंश में उनमें स्पष्टत्व है, उस अंश में ही प्रत्यक्षत्व है' ऐसा कथन किया है। 'स्वरूप' में ही स्मृति, प्रत्यभिज्ञान, तर्क आदि पर्यायों में स्पष्टत्व है; इसलिये उन ज्ञानपर्यायों के स्वरूप यानी आत्मज्ञान यानी भावप्रमेय के ज्ञान में प्रत्यक्षत्व है; लेकिन बाह्य अर्थ यानी बाह्य प्रमेय के ज्ञान में अस्पष्टत्व होने से स्मृति, प्रत्यभिज्ञान, तर्क आदि ज्ञानपर्यायों में परोक्षता ही है; इसलिये उसमें कोई दोष नहीं।"

तर्कज्ञानपर्याय

स्व/आत्मज्ञान/भावप्रमेय		अर्थ/बाह्य अर्थ/पर
[मैं]		['जहाँ-जहाँ धूम होता है, वहाँ-वहाँ अग्नि होती है' ऐसा जानता हूँ।]
↑ यह अंश प्रत्यक्ष है। यह स्वरूप का ज्ञान है, यह पर्याय का 'स्व' है, पर्याय का आत्मा है यानी पर्याय के स्वरूप का ज्ञान है।		↑ यह अंश परोक्ष ज्ञान है, यह तर्कज्ञानपर्याय है, यह अर्थ यानी बाह्य अर्थ यानी पर का ज्ञान है।

तर्कज्ञानपर्याय

स्व/आत्मज्ञान/भावप्रमेय		अर्थ/बाह्य अर्थ/पर
[मैं]		['जहाँ-जहाँ चित्त में शल्य होता है, वहाँ-वहाँ दुःख होता है' ऐसा जानता हूँ।]
↑ यह अंश प्रत्यक्ष है। यह स्वरूप का ज्ञान है, यह पर्याय का 'स्व' है, यह स्वध्रुवात्मा का ज्ञान नहीं है।		↑ यह परोक्ष ज्ञान है, यह तर्कज्ञानपर्याय है।

तर्कज्ञानपर्याय

स्व/आत्मज्ञान/भावप्रमेय		अर्थ/बाह्य अर्थ/पर/बाह्य प्रमेय
[मैं]		['जहाँ-जहाँ जीव है, वहाँ-वहाँ ध्रुवशुद्धचिदानंदात्मा है' ऐसा जानता हूँ।]
↑ यह अंश प्रत्यक्ष है। यह स्वरूप का ज्ञान है, यह पर्याय का 'स्व' है, यह स्वध्रुवात्मा का ज्ञान नहीं है।		↑ यह परोक्ष ज्ञान है, यह तर्कज्ञानपर्याय है, यह प्रत्यक्ष ज्ञान नहीं है। यह शुद्धात्मानुभव नहीं है।

ध्रुवशुद्धचिदानंदात्मा को जाननेवाला तर्क प्रत्यक्ष ज्ञान से पृथक् (अन्य) है; क्योंकि प्रत्यक्ष ज्ञान की संदृष्टि नीचे दिखायी है।

प्रत्यक्ष ज्ञानपर्याय

स्व/आत्मज्ञान/भावप्रमेय		**अर्थ/बाह्य अर्थ/पर/बाह्य प्रमेय**
[मैं]		[' यह मैं ध्रुवशुद्धचिदानंदात्मा हूँ ' ऐसा जानता हूँ।]
↑		↑
यह अंश प्रत्यक्ष है। यह स्वरूप का ज्ञान है, यह पर्याय का ' स्व ' है, यह पर्याय का आत्मज्ञान है, यह ' स्वध्रुवशुद्धात्मा ' का ज्ञान नहीं है।		यह अंश प्रत्यक्ष ज्ञान है, यह **शुद्धात्मानुभव** है, यह ' स्वध्रुवशुद्धात्मा ' का प्रत्यक्ष ज्ञान है, यह ' इदन्ता यानी यह ' उल्लेखी ज्ञान है। यह तर्कज्ञान नहीं है1

इसलिये तर्क प्रत्यक्ष ज्ञान नहीं।

संस्कृत पृष्ठ नं. ८६, संस्कृत परिच्छेद नं. १८ →

बौद्ध – प्रत्यक्षपृष्ठभावी [निर्विकल्प (निर्विचार) प्रत्यक्ष के बाद का] विकल्प व्याप्ति को ग्रहण करता है, ऐसा हम मानते हैं।

जैन – उनको ऐसा प्रश्न करना चाहिये कि वह विकल्प प्रमाण है अथवा अप्रमाण है ?

बौद्ध – प्रत्यक्षपृष्ठभावी विकल्प को हम अप्रमाण मानते हैं।

जैन – यदि प्रत्यक्षपृष्ठभावी विकल्प को अप्रमाण मानते हो तो फिर उससे ग्रहण की हुई व्याप्ति में प्रामाण्य कैसे सिद्ध होगा ? अर्थात् वह व्याप्तिज्ञान प्रमाणाभास है।

बौद्ध – ' व्याप्ति को ग्रहण करनेवाला ज्ञान प्रमाण है ' ऐसा मानेंगे।

जैन – तो फिर व्याप्ति को ग्रहण करनेवाला ज्ञान प्रत्यक्ष ज्ञान है अथवा अनुमान ज्ञान है ? व्याप्ति को जाननेवाला ज्ञानपर्याय प्रत्यक्ष ज्ञान नहीं है, क्योंकि व्याप्ति को जाननेवाले ज्ञान में अस्पष्ट प्रतिभासत्व है। और ' व्याप्ति को ग्रहण करनेवाली ज्ञानपर्याय अनुमान ज्ञानपर्याय है ' ऐसा भी आप नहीं मान सकते, क्योंकि व्याप्ति का ज्ञान होते समय लिंगदर्शनादि की अपेक्षा नहीं है (और अनुमान को लिंगदर्शनादि की अपेक्षा है)।

बौद्ध – तब व्याप्ति को जाननेवाले ज्ञान को प्रत्यक्ष और अनुमान इनसे पृथक् प्रमाण मानेंगे।

जैन – तो फिर व्याप्ति को जाननेवाला तर्क है। इसलिये तर्क नामक पृथक् प्रमाण की सिद्धि हो गयी।

विशेषार्थ – बौद्ध – ज्ञान के दो भेद मानते हैं – (१) प्रत्यक्ष यानी स्वसंवेदन अथवा स्वलक्षणप्रत्यक्ष और (२) अनुमान। प्रत्यक्ष ज्ञान को निर्विकल्पज्ञान यानी निर्विचारक मानते हैं। ' प्रत्यक्ष ज्ञान अथवा स्वलक्षणप्रत्यक्ष ज्ञान होने के बाद जो ज्ञान होता है, वह विकल्पज्ञान है ' उसको प्रत्यक्षपृष्ठभावी विकल्प कहते हैं। ' वह विकल्प व्याप्ति को जानता है ' ऐसा हम बौद्ध मानते हैं।

जैन – वह विकल्प सच्चा ज्ञान (प्रमाण) है अथवा अप्रमाण (प्रमाणाभास) है ?

बौद्ध–प्रत्यक्षपृष्ठभावी होनेवाले विकल्प को अप्रमाण (असत्य ज्ञान यानी प्रमाणाभास) मानते हैं।

जैन–यदि प्रत्यक्षपृष्ठभावी विकल्प को अप्रमाण (मिथ्याज्ञान) मानते हो तो फिर उस विकल्प के द्वारा जानी गयी व्याप्ति भी अप्रमाण (मिथ्याज्ञान) है। उसमें प्रामाण्य नहीं है। अर्थात् आपके मतसे वह व्याप्तिज्ञान प्रमाणाभास है।

बौद्ध–यह दोष आता है, तो फिर 'व्याप्ति को जाननेवाले ज्ञान को प्रमाण (सच्चा ज्ञान) है' ऐसा मानेंगे।

जैन–तो फिर व्याप्ति को जाननेवाला ज्ञान प्रत्यक्ष ज्ञान है अथवा अनुमान ज्ञान है, क्योंकि आप बौद्धों ने प्रत्यक्ष ज्ञान और अनुमान ये दो ही प्रकार के ज्ञान माने हैं। व्याप्ति को जाननेवाला ज्ञानपर्याय प्रत्यक्ष ज्ञान नहीं है, क्योंकि व्याप्ति को जाननेवाले ज्ञान में अस्पष्टपना है। और 'व्याप्ति को जाननेवाला ज्ञानपर्याय अनुमान ज्ञानपर्याय है' ऐसा भी आप अथवा कोई भी नहीं मान सकता; क्योंकि व्याप्ति का ज्ञान होते समय लिंगदर्शन आदि की अपेक्षा नहीं है और अनुमान को लिंगदर्शन आदि की अपेक्षा है।

इसलिये व्याप्ति को जाननेवाला तर्क ज्ञान है। वह तर्क प्रत्यक्ष से और अनुमान से पृथक् प्रमाण है। वह तर्क स्मरण से पृथक् प्रमाण है। तर्कज्ञान प्रत्यभिज्ञान से पृथक् प्रमाण है।

शंका–प्रत्यक्ष ज्ञान और तर्कज्ञान पर्यायों को जानने से क्या लाभ होता है?

समाधान–ज्ञानपर्याय जानने के साधन हैं। ज्ञानपर्याय साधन के द्वारा भोग लेते हैं।

(१) जैसे प्रत्यक्ष ज्ञान साधन के द्वारा भोग लेने में मग्नपना या गाढत्व आता है, वैसे परोक्ष ज्ञान साधन के द्वारा भोग लेने में मग्नपना अथवा गाढत्व नहीं आता है। इसलिये 'यह मैं ध्रुवशुद्धचिदानंदात्मा हूँ' ऐसा प्रत्यक्ष जानना अथवा विचार करने में निर्मलत्व अथवा मग्नत्व या गाढत्व है और 'जो-जो जीव है, वह-वह ध्रुवशुद्धचिदानंदात्मा है' ऐसा तर्कज्ञान करने में वह निर्मलत्व नहीं है।

(२) कोई भी साधक स्वयं (खुद) यह निर्णय कर सकता है कि, मैं 'निजध्रुवात्मा' को प्रत्यक्ष ज्ञान से जान रहा हूँ अथवा स्मरणज्ञान से जान रहा हूँ अथवा प्रत्यभिज्ञान से जान रहा हूँ अथवा तर्कज्ञान से जान रहा हूँ। तब साधक 'यह मैं निजध्रुवशुद्धात्मा हूँ' ऐसा विचार करेगा यानी प्रत्यक्ष ज्ञान से जानेगा अर्थात् शुद्धात्मानुभव करेगा। बार-बार प्रत्यक्ष ज्ञान से 'निजध्रुवशुद्धात्मा' को जानने का प्रयत्न करेगा।

(३) 'मैं प्रत्यक्ष ज्ञान से जानता हूँ' अथवा 'मैं तर्कज्ञान से जानता हूँ' इसके बारे में किसी दूसरे को पूछने की आवश्यकता नहीं।

(४) 'निजध्रुवशुद्धात्मा' को जाननेवाले 'प्रत्यक्ष ज्ञान' के साधन के विषय में अज्ञान, संशय, विपरीत और अनध्यवसाय नहीं रहेंगे।

(५) तर्कज्ञान को युक्ति कहते हैं। प्रत्यभिज्ञान को युक्ति कहते हैं। अनुमान को युक्ति कहते हैं। उपदेश सुना और स्मरण न रहा। उससे उपदेश सुनकर ख्याल में रखना ठीक है, लेकिन युक्ति तथा प्रत्यक्ष ज्ञान से परीक्षा नहीं की। और उपदेश सुना वैसे स्मरण किया, उसको तोतारटन्त कहते हैं, क्योंकि युक्ति से तथा प्रत्यक्ष से परीक्षा-नहीं की। उपदेश सुनकर ख्याल में रखा, फिर स्मरण किया, उसके बाद प्रत्यभिज्ञान से जाना और उसके बाद तर्कज्ञान से और परीक्षा की, तब तोतारटन्त नहीं रहा।

(६) जानना ज्ञान का कार्य है, व्रत का नहीं।

शंका–'निजध्रुवशुद्धचिदानंदात्मा' को प्रामाण्यसहित प्रत्यक्ष ज्ञान से जाना यानी शुद्धात्मानुभव यानी निर्विकल्पज्ञान हो गया, सम्यग्ज्ञान हो गया उसी समय सम्यग्दर्शन का उत्पाद हो गया। उसके पश्चात् सविकल्पज्ञान हो गया, तो उस सविकल्पज्ञान को (यानी उस नयज्ञान अथवा स्मरण को अथवा प्रत्यभिज्ञान को अथवा

तर्कज्ञान को अथवा अनुमान ज्ञान को अथवा सांव्यवहारिक प्रत्यक्ष ज्ञान को) मिथ्याज्ञान मानेंगे तो चलेगा क्या ?

समाधान – ' निजध्रुवशुद्धचिदानंदात्मा ' को प्रामाण्यसहित प्रत्यक्ष ज्ञान से जाना यानी शुद्धात्मानुभव यानी निर्विकल्पज्ञान हो गया, सम्यग्ज्ञान हो गया, उसी समय सम्यग्दर्शन का उत्पाद हो गया। उसके पश्चात् सविकल्पज्ञान हो गया, यदि उसी समय लब्धरूप शुद्धात्मानुभव है तो सम्यग्ज्ञान है, उसी समय सम्यग्दर्शन है। और यदि सविकल्पज्ञान हो गया और उसी समय लब्धरूप शुद्धात्मानुभव नहीं है तो उसी समय मिथ्याज्ञान है और उसी समय मिथ्यादर्शन है।

[अनुमान का निरूपण]

संस्कृत पृष्ठ नं. ८६, संस्कृत परिच्छेद नं. १९ →

अब अनुमान का वर्णन करते हैं।

अनुमान – साधन से साध्य का ज्ञान होने को अनुमान कहते हैं।

यहाँ अनुमान यह लक्ष्यनिर्देश है और ' साधन से साध्य का ज्ञान होना ' यह लक्षणनिर्देश (लक्षणकथन) है।

साधनरूप धूमादि लिंग से साध्यरूप अग्नि आदि लिंगी के विषय में जो ज्ञान होता है, वह अनुमान है; क्योंकि उस साध्य के ज्ञान में ही अग्नि आदि साध्यज्ञान की उत्पत्ति तथा अग्नि आदि साध्य के अज्ञान का नाश करने का करणपना है। और केवल (खालिश यानी अकेला) साधन का ज्ञान अनुमान नहीं है; क्योंकि उसमें साधन सम्बन्धी अज्ञान-नाश करने का समर्थपना है, साध्यसंबंधी अज्ञान-नाश करने का समर्थपना नहीं है।

नैयायिक – हम लिंगज्ञान (साधन के ज्ञान) को ही अनुमान का लक्षण मानते हैं।

जैन – यह आपके द्वारा जो अनुमान का लक्षण किया है, वह अविनीत/अविचारी लोगों के द्वारा परिकल्पित होने से ठीक नहीं है, यह पूर्व कथन में बताया गया है क्योंकि ' अनुमानप्रमाणस्वरूपलाभ में व्याप्तिस्मरण से सहकृत (युक्त) लिंगपरामर्श कारण है ' ऐसा हम मानते हैं। जैसे- स्मरणादि स्वरूपलाभ में अनुभवादि हैं। उसका स्पष्टीकरण-धारणा नामक अनुभव (प्रत्यक्ष ज्ञान) स्मृति की उत्पत्ति में हेतु है। तात्कालिक अनुभव और स्मृति ये दोनों प्रत्यभिज्ञान की उत्पत्ति में हेतु हैं। साध्यसाधनविषयक स्मृति, प्रत्यभिज्ञान और अनुभव तर्क में हेतु हैं। **उसी प्रकार व्याप्तिस्मरणादिसहकृत लिंगज्ञान अनुमान की उत्पत्ति में निबन्धन (हेतु) है, वह अकेला लिंगज्ञान अनुमान नहीं हैं; यह कथन सुसंगत ही है।**

विशेषार्थ – अनुमान-साधन अथवा लिंग से अथवा हेतु से साध्य का ज्ञान होने को अनुमान कहते हैं।

जैसे गाय यह लक्ष्य है। जीव यह लक्ष्य है। अग्नि यह लक्ष्य है। वैसे यहाँ अनुमान यह लक्ष्य है।

जैसे ' सास्नादिमान ' यह लक्षण है। उपयोग यह लक्षण है। (स्वसंवेदन यह लक्षण है।) उष्णता यह लक्षण है। वैसे यहाँ ' साधन से साध्य का ज्ञान होना ' यह लक्षण है।

धुम (धुआँ) यह साधन है। बाजू के मकान से बाहर आनेवाले धूम को देखा (जाना)। ' वहाँ धूम (धुआँ) है, इसलिये वहाँ अग्नि है ' ऐसा जाना। यह अनुमान है। उस ज्ञान में अग्नि-साध्यज्ञान की उत्पत्ति हो गयी, उसी समय वहाँ अग्निसंबंधी अज्ञान का नाश (व्यय) हो गया। इसलिये उस अनुमान में अग्निरूप साध्य का ज्ञान उत्पन्न करने का सामर्थ्य है और उस अग्निरूप साध्य का अज्ञान दूर करने का सामर्थ्य है। केवल धूम को जानना अनुमान ज्ञान नहीं है। क्योंकि उसमें धूम के सम्बन्धी अज्ञान दूर करने की सामर्थ्य है, अग्निसंबंधी

अज्ञान दूर करने की सामर्थ्य नहीं है।

विशिष्ट गंध यह साधन है। बाजू के मकान से आनेवाली विशिष्ट गंध को जाना । फिर 'वहाँ विशिष्ट गंध है, इसलिये वहाँ दूध जल गया है' ऐसा जाना। वह अनुमान है।

'हातों के नखों में सफेदपना और गड्ढा है, इसलिये इस जीव के शरीर में लोहक्षार (हिमोग्लोबीन) की कमी है' ऐसा जानना अनुमान है। 'बाजू के कमरे से विशिष्ट मीठी गंध आती है, इसलिये वहाँ रोटी जल रही है' ऐसा जानना अनुमान है। 'यह लडका मिट्टी खाता है, इसलिये उसके शरीर में लोहक्षार की कमी है' ऐसा जानना अनुमान है।

'मैं' पेड़ (वृक्ष) को देखता (जानता) हूँ। यह 'मैं' के वेदन को स्वसंवेदन कहते हैं। 'यहाँ मेरे में स्वसंवेदन है, इसलिये मैं जीव हूँ' ऐसा जानना अनुमान है। 'अभी मैने निजध्रुवशुद्धात्मा को प्रामाण्यसहित प्रत्यक्ष ज्ञान के द्वारा जाना है (यानी अभी मुझे अव्रती अवस्था में निर्विकल्प शुद्धात्मानुभव हो गया), इसलिये मुझे सम्यग्दर्शन हो गया है तथा दर्शनमोहका व्यय हो गया अर्थात् मैं अविरतसम्यक्त्वी/चतुर्थ गुणस्थानवर्ती हूँ' ऐसा जानना अनुमान है।

[प्रवचनसार-गाथा नं. ८०-'जो जाणदि अरहंतं' इत्यादि की श्री जयसेनाचार्य विरचित तात्पर्यवृत्ति में लिखा है कि –

"तदनन्तरं अविकल्पस्वरूपे प्राप्ते.... दर्शनमोहान्धःकारः प्रलीयते।"

अर्थ – उसके (करणत्रय के) अनन्तर निर्विकल्प शुद्धात्मानुभव प्राप्त (उत्पाद) होता है उसी समय.... दर्शनमोह का व्यय होता है।

प्रवचनसार-गाथा नं. ८६- 'जिणसत्थादो अट्ठे' इत्यादि की श्री जयसेनाचार्य विरचित तात्पर्यवृत्ति में लिखा है कि, –

"...वीतरागसर्वज्ञप्रणीतशास्त्रात् 'एगो मे सस्सदो अप्पा' इत्यादि परमात्मोपदेशकश्रुतज्ञानेन तावत् आत्मानं जानीते कश्चित्भव्यः, तदनन्तरं विशिष्टाभ्यासवशेन परमसमाधिकाले रागादिविकल्प-रहितमानसप्रत्यक्षेण च तं एव आत्मानं परिच्छिनत्ति तथैव अनुमानेन वा। तथा हि- अत्र एव देहे निश्चयनयेन शुद्धबुद्धैकस्वभावः परमात्मा अस्ति। कस्मात् हेतोः ? निर्विकारस्वसंवेदनप्रत्यक्षत्वात् सुखादिवत् इति..."

अर्थ – वीतरागसर्वज्ञप्रणीत शास्त्र से 'मेरा आत्मा शाश्वत एक है' इत्यादि परमात्मा के उपदेशक श्रुतज्ञान के द्वारा कोई भव्य आत्मा को जानता है, और उसके बाद विशिष्ट अभ्यास के वश से परमसमाधिकाल में रागादिविकल्परहित मानसप्रत्यक्ष ज्ञान से ही उस ही आत्मा को जानता है अथवा निर्विकल्प शुद्धात्मानुभव करके उसके बाद अनुमान से निर्णय करता है कि 'मैने निर्विकल्प शुद्धात्मानुभव किया है इसलिये मुझे सम्यग्दर्शन है, सम्यक्चारित्र है, निश्चयमोक्षमार्गस्थ हूँ ही। उसका स्पष्टीकरण – "यहाँ ही देह में निश्चयनय से शुद्धबुद्ध एक स्वभावस्वरूपी परमात्मा है; क्योंकि निर्विकारस्वसंवेदनप्रत्यक्षपना है, जैसे सुखादि संवेदन है' इस प्रकार के अनुमान से निर्णय करता है।]

'चतुर्थ गुणस्थानवर्ती जीव वीतरागी है; क्योंकि चतुर्थ गुणस्थानवर्ती जीव को अनंतानुबन्धिक्रोधमान-मायालोभमिथ्यात्वोदयजनित पाषाणरेखादि समान रागादि का अभाव है' ऐसा जानना अनुमान है।

'पंचम गुणस्थानवर्ती जीव वीतरागी है; क्योंकि पंचम गुणस्थानवर्ती जीव को अनंतानुबन्धिक्रोधमान-मायालोभमिथ्यात्वोदयजनित पाषाणरेखादि समान रागादि का और अप्रत्याख्यानक्रोधमानायालोभजनित भूमिरेखादि समान रागादि का अभाव है' ऐसा जानना अनुमान है।

'इसमें क्रोधपर्याय है, इसलिये उसमें ध्रुवशुद्धज्ञानदर्शनानंदात्मा है' ऐसा जानना अनुमान है।

'मुझमें भयपर्याय है, इसलिये मैं ध्रुवशुद्धज्ञानदर्शनानंदात्मा हूँ' ऐसा जानना अनुमान है।

'मुझमें जानने की क्रिया होती है, इसलिये मुझमें ज्ञानगुण है' ऐसा जानना अनुमान है। मुझमें ज्ञानगुण है, इसलिये मैं ध्रुवशुद्धज्ञानानंदात्मा हूँ' ऐसा जानना अनुमान है, परोक्ष ज्ञान है, शुद्धात्मानुभव नहीं, प्रत्यक्ष ज्ञान नहीं।

शंका – लघीयस्त्रयप्रकरण के श्लोक नं. ६१ की विवृत्ति में श्री अकलंकाचार्यजी ऐसा लिखते हैं कि,

"अनिन्द्रियप्रत्यक्षं स्मृतिसंज्ञाचिन्ताभिनिबोधात्मकम्।"

अर्थ – स्मृति, संज्ञा (प्रत्यभिज्ञान), चिन्ता (तर्क) और अभिनिबोध (अनुमान) ये ज्ञानपर्यायें अनिन्द्रियप्रत्यक्ष हैं।

तब यह कैसे ?

समाधान – आपने जो यह उद्धरण दिया है, उसका स्पष्टीकरण करनेवाला श्री प्रभाचन्द्राचार्यकृत न्यायकुमुदचन्द्र नाम का ग्रन्थ है। **न्यायकुमुदचन्द्र** [माणिकचन्द्र दि. जैन ग्रन्थमाला प्रकाशन] भाग नंबर २, पृष्ठ नंबर ६८३, पंक्ति नंबर ११ से २०–

"ननु स्मृत्यादीनां परोक्षतया पूर्वं प्रतिपादितत्वात् कथं अत्र प्रत्यक्षतया प्रतिपादनं युक्तं पूर्वापरविरोधप्रसंगात्;

इति अपि अचर्चिताभिधानम्, यत्र अंशे तेषां स्पष्टत्वं तत्र एव प्रत्यक्षत्वप्रतिपादनात्। 'स्वरूपे' एव हि तेषां स्पष्टत्वं अतः तत्र एव प्रत्यक्षत्वम् आत्मज्ञानम् इति सम्बन्धात्। बहिरर्थे तु अस्य अस्पष्टत्वात् परोक्षता इति न कश्चित् दोषः।"

"भावार्थ-प्रश्न– 'स्मृति आदि ज्ञानपर्यायों में परोक्षपना है' ऐसा प्रतिपादन पहले किया था अब यहाँ उसी स्मृति आदि ज्ञानपर्यायों में प्रत्यक्षपना है' ऐसा प्रतिपादन करना कैसे योग्य है; क्योंकि पूर्व-अपर कथन में विरोध का प्रसंग आता है?

उत्तर – यह आपका कथन ठीक नहीं है; क्योंकि 'जिस अंश में उन में स्पष्टत्व है; उस अंश में ही प्रत्यक्षत्व है,' ऐसा प्रतिपादन किया है। 'स्वरूप' में ही स्मृति, प्रत्यभिज्ञान, तर्क और अनुमान ज्ञानपर्यायों में स्पष्टत्व है; इसलिये उन ज्ञानपर्यायों के स्वरूप यानी आत्मज्ञान यानी भावप्रमेय के ज्ञान में प्रत्यक्षत्व है; लेकिन 'बाह्य अर्थ यानी बाह्य प्रमेय के ज्ञान में अस्पष्टत्व होने से स्मृति, प्रत्यभिज्ञान, तर्क और अनुमान ज्ञानपर्यायों में परोक्षता ही है, इसलिये उसमें कोई दोष नहीं है।"

अनुमानज्ञानपर्याय

स्व/आत्मज्ञान/भावप्रमेय	**अर्थ/बाह्य अर्थ/बाह्य प्रमेय/पर**
[मैं]	['वहाँ अग्नि है; क्योंकि वहाँ धूम है' ऐसा जानता हूँ।]
↑	↑
यह अंश प्रत्यक्ष है, यह स्वरूप का ज्ञान है, यह पर्याय का 'स्व' है, यह पर्याय का आत्मज्ञान है, यह 'स्वध्रुवशुद्धात्मा' का ज्ञान नहीं है।	यह अंश परोक्ष ज्ञान है, यह अनुमानज्ञान है।

अनुमानज्ञानपर्याय

स्व/आत्मज्ञान/भावप्रमेय		अर्थ/बाह्य अर्थ/बाह्य प्रमेय/पर	
[मैं]		['मैं दुःखी हूँ, क्योंकि मेरे चित्त में शल्य है' ऐसा जानता हूँ।]	
↑		↑	
यह अंश प्रत्यक्ष है, यह स्वरूप का ज्ञान है, यानी यह पर्याय का 'स्व' है, यह पर्याय का आत्मज्ञान है, यह 'स्वध्रुवशुद्धात्मा' का ज्ञान नहीं है।		यह अंश परोक्ष ज्ञान है, यह अनुमान ज्ञान है, यह प्रत्यक्ष ज्ञान नहीं है।	

अनुमानज्ञानपर्याय

स्व/आत्मज्ञान/भावप्रमेय		अर्थ/बाह्य अर्थ/बाह्य प्रमेय/पर	
[मैं]		['मैं ध्रुवशुद्धचिदानंदात्मा हूँ, क्योंकि मुझमें यह पर्याय है' ऐसा जानता हूँ।]	
↑		↑	
यह अंश प्रत्यक्ष है, यह स्वरूप का ज्ञान है, यानी यह पर्याय का 'स्व' है, यह पर्याय का आत्मज्ञान है, यह 'स्वध्रुवशुद्धात्मा' का ज्ञान नहीं है।		यह अंश परोक्ष ज्ञान है, यह अनुमानज्ञान है, यह प्रत्यक्ष ज्ञान नहीं, यह शुद्धात्मानुभव नहीं है।	

प्रत्यक्ष ज्ञानपर्याय

स्व/आत्मज्ञान/भावप्रमेय		अर्थ/बाह्य अर्थ/बाह्य प्रमेय/पर	
[मैं]		['यह मैं ध्रुवशुद्धचिदानंदात्मा हूँ' ऐसा जानता हूँ।]	
↑		↑	
यह अंश प्रत्यक्ष है, यह स्वरूप का ज्ञान है, यानी यह पर्याय का 'स्व' है, यह पर्याय का आत्मज्ञान है, यह 'स्वध्रुवशुद्धात्मा' का ज्ञान नहीं है।		यह अंश प्रत्यक्ष ज्ञान है, यह शुद्धात्मानुभव है, यह 'स्वध्रुवशुद्धात्मा' का प्रत्यक्ष ज्ञान है, यह निर्विकल्पज्ञान है, यह 'इदन्ता यानी यह' उल्लेखी ज्ञान है। यह अनुमान ज्ञान नहीं है।	

इसलिये अनुमान ज्ञान को प्रत्यक्ष ज्ञान नहीं कहा है।

शंका – प्रत्यक्ष ज्ञान और अनुमान ज्ञान पर्यायों को जानने से क्या लाभ होता है?

समाधान – ज्ञानपर्याय जानने के साधन हैं। ज्ञानपर्याय साधन के द्वारा भोग लेते हैं।

(१) जैसे प्रत्यक्ष ज्ञान साधन के द्वारा भोग लेने में मग्नपना यानी गाढत्व आता है, वैसे परोक्ष ज्ञान साधन के द्वारा भोग लेने में मग्नपना अथवा गाढत्व नहीं आता है। इसलिये 'यह मैं ध्रुवशुद्धचिदानंदात्मा हूँ' ऐसा प्रत्यक्ष जानना अथवा विचार करने में निर्मलत्व अथवा मग्नत्व या गाढत्व है और 'मैं ध्रुवशुद्धचिदानंदात्मा हूँ; क्योंकि मेरे में पर्याय है' ऐसा अनुमान ज्ञान करने में वह निर्मलत्व नहीं है।

(२) कोई भी साधक स्वयं (खुद) यह निर्णय कर सकता है कि,– मैं 'निजध्रुवात्मा' को प्रत्यक्ष ज्ञान से जान रहा हूँ अथवा स्मरणज्ञान से जान रहा हूँ अथवा प्रत्यभिज्ञान से जान रहा हूँ अथवा तर्कज्ञान से जान रहा हूँ अथवा अनुमानज्ञान से जान रहा हूँ। तब साधक 'यह मैं निजध्रुवशुद्धात्मा हूँ' ऐसा विचार करेगा यानी प्रत्यक्ष ज्ञान से जानेगा अर्थात् शुद्धात्मानुभव करेगा। बार-बार प्रत्यक्ष ज्ञान से 'निजध्रुवशुद्धात्मा' को जानने का प्रयत्न करेगा।

(३) 'मैं प्रत्यक्ष ज्ञान से जानता हूँ' अथवा 'मैं अनुमान से जानता हूँ' इसके बारे में किसी दूसरे को पूछने की आवश्यकता नहीं है।

(४) 'निजध्रुवशुद्धात्मा' को जाननेवाले "प्रत्यक्ष ज्ञान" के बारे में अज्ञान, संशय, विपरीत और अनध्यवसाय नहीं रहेंगे।

(५) अनुमान को युक्ति कहते हैं। प्रत्यभिज्ञान को युक्ति कहते हैं। तर्क को युक्ति कहते हैं। उपदेश सुना और स्मरण न रहा। उससे उपदेश सुनकर ख्याल में रखना ठीक है, लेकिन युक्ति तथा प्रत्यक्ष ज्ञान से परीक्षा नहीं की। उपदेश सुना और वैसे स्मरण किया, उसको तोतारटन्त कहते हैं; क्योंकि युक्ति से तथा प्रत्यक्ष से परीक्षा नहीं की। उपदेश सुनकर ख्याल में रखा, फिर स्मरण किया, उसके बाद प्रत्यभिज्ञान से जाना और उसके बाद तर्कज्ञान से जाना और उसके बाद अनुमान से जाना, इस तरह युक्ति से परीक्षा की तब तोतारटन्त नहीं रहा। उपदेश सुनकर ख्याल में रखा। फिर स्मरण किया, उसके बाद प्रत्यभिज्ञान से जाना और उसके बाद तर्क से जाना और उस के बाद अनुमान से जाना, इस तरह युक्ति से परीक्षा की। उसके बाद प्रत्यक्ष से जाना और प्रामाण्यसहित प्रत्यक्ष ज्ञान से जाना। यह जानने की क्रिया अव्रती जीव करता है। और यह जानने की क्रिया व्रती जीव भी करता। जानना ज्ञान का कार्य है।

शंका – [नैयायिक आदि] – केवल लिंग के ज्ञान को ही अनुमान मानेंगे। जैसे धूम (धूआँ) को जाना, उसको ही अग्नि का ज्ञान मानेंगे?

समाधान – यह आपका कथन ठीक नहीं है; क्योंकि अनुमान ज्ञान में व्याप्तिस्मरणसहित लिंगपरामर्श कारण है। अर्थात् धूम को जाना, फिर 'जहाँ-जहाँ धूम होता है, वहाँ-वहाँ अग्नि होती है' ऐसी व्याप्ति का स्मरण किया, फिर 'यहाँ धूम है, इसलिये यहाँ अग्नि है' ऐसा अनुमान किया। इसलिये अकेला धूम जाना और उसके साथ व्याप्ति के ज्ञान का स्मरण नहीं है अथवा व्याप्ति का ज्ञान नहीं है तब अनुमान की उत्पत्ति नहीं होती है। धूम का ज्ञान अलग है और अग्नि का ज्ञान अलग है।

शंका – केवल स्वसंवेदन (अहं की प्रतीति) को ही अनुमान मानेंगे?

समाधान – यह आपका कथन ठीक नहीं; क्योंकि अहं की प्रतीति यानी स्वसंवेदन की प्रतीति के साथ व्याप्तिज्ञान का स्मरण नहीं है, इसलिये स्वसंवेदन को अनुमान ज्ञान नहीं कह सकते हैं। स्वसंवेदन कर के फिर 'जहाँ-जहाँ स्वसंवेदन (अहं का वेदन) होता है, वहाँ-वहाँ जीव होता है' ऐसा व्याप्तिज्ञान करके फिर 'यहाँ स्वसंवेदन (अहं का वेदन) होता है, इसलिये मैं जीव हूँ' ऐसा अनुमान ज्ञान उत्पन्न होता है।

'यहाँ चित्त में शल्य है' ऐसा केवल साधन का ज्ञान होना, यह अनुमान नहीं हैं। क्योंकि शल्य को जानकर, फिर 'जहाँ-जहाँ शल्य होता है, वहाँ-वहाँ दुःखी होता है' ऐसी व्याप्ति का स्मरण करके फिर 'यहाँ चित्त में शल्य है, इसलिये मैं दुःखी हूँ' ऐसा जानना अनुमान ज्ञान है।

'यहाँ चित्त में भय है' ऐसा केवल साधन का ज्ञान होना, यह अनुमान नहीं है। क्योंकि भय को जानकर फिर 'जहाँ-जहाँ भय होता है, वहाँ-वहाँ जीव है' ऐसी व्याप्ति का स्मरण करके फिर 'यहाँ भय है, इसलिये यहाँ जीव है' ऐसा अनुमान ज्ञान उत्पन्न होता है।

'यहाँ क्रोध है' ऐसा केवल साधन का ज्ञान होना, यह अनुमान नहीं है। क्योंकि क्रोध को जानकर फिर 'जहाँ-जहाँ पर्याय होती है, वहाँ-वहाँ द्रव्य में ध्रुव होता है' ऐसी व्याप्ति का स्मरण करके फिर 'यहाँ क्रोधपर्याय है, इसलिये यहाँ जीव ध्रुव है' ऐसा अनुमान ज्ञान उत्पन्न होता है।

'यहाँ ज्ञान है' ऐसा केवल साधन का ज्ञान होना, यह अनुमान नहीं है। क्योंकि ज्ञान को जानकर फिर 'जहाँ-जहाँ ज्ञान होता है, वहाँ-वहाँ ध्रुवशुद्धज्ञानानंदात्मा होता है' ऐसी व्याप्ति का स्मरण करके फिर 'यहाँ ज्ञान है, इसलिये मैं ध्रुवशुद्धज्ञानानंदात्मा हूँ' ऐसा अनुमान ज्ञान उत्पन्न होता है।

इसलिये केवल साधन के ज्ञान को अनुमान ज्ञान नहीं कह सकते हैं।

संस्कृत पृष्ठ नं. ८७, संस्कृत परिच्छेद नं. २० →

(नैयाविक आदि) शंका–जैनमत में साधन को ही अनुमान में हेतु माना है। लेकिन साधनज्ञान को अनुमान में हेतु नहीं माना है। क्योंकि आपका वचन इस तरह है कि,– 'साधन से साध्य का विज्ञान होने को अनुमान कहते हैं'।

जैन–समाधान–यह आपका कथन योग्य नहीं है; क्योंकि 'साधन से इत्यादि' कथन में 'साधन' इस शब्द का अर्थ 'निश्चयपथप्राप्त धूम आदि से' यह विवक्षित अर्थ है। क्योंकि अनिश्चयपथप्राप्त धूम आदि को साधनपना ही प्राप्त नहीं होता है। वैसा ही तत्त्वार्थश्लोकवार्तिक ग्रंथ में कहा है कि– "साधन से साध्य का ज्ञान होने को विद्वानों द्वारा अनुमान कहा जाता है।" इस वार्तिक का यह अर्थ है कि– 'जाने हुए साधनरूप धूमादि से साध्यरूप अग्नि आदि का जो ज्ञान होता है, उसको अनुमान कहते हैं' क्योंकि जिस धूमादिक साधन को जाना नहीं है, उस साधन को साध्य का ज्ञान होने में कारण मानेंगे तो सोये हुए अथवा जिन्होंने धूमादिक साधन को ग्रहण नहीं किया है, उनको भी अग्नि आदि साध्य का ज्ञान हो जाने का प्रसंग (दोष) आयेगा। इससे जाने हुए साधन के ज्ञान से होनेवाला साध्य का ज्ञान ही साध्यविषयक (साध्य के संबंधी) अज्ञान दूर करने से अनुमान है, लेकिन लिंगज्ञानादि अनुमान नहीं है। ऐसा श्री अकलंकादि प्रामाणिक विद्वान कहते हैं।

विशेषार्थ–शंका–'साधन से साध्य का विज्ञान होने को अनुमान कहते हैं' इस आगम के वचन में '**साधन से**' ऐसा शब्द है '**साधन के ज्ञान से**' ऐसे शब्द नहीं है। इसलिये साधन को ही अनुमान में कारण/हेतु माना है, **साधन के ज्ञान को** अनुमान में कारण नहीं माना है। अर्थात् धूम को ही अग्निरूप साध्य का ज्ञान होने में कारण माना है, धूम के ज्ञान को अग्निरूप साध्य के ज्ञान होने में कारण नहीं माना है।

समाधान–यह आपका कथन ठीक नहीं है; क्योंकि 'साधन से इत्यादि' कथन में 'साधन' इस शब्द का अर्थ 'निश्चयपथप्राप्त साधन' यानी 'साधन का सुज्ञान' ऐसा विवक्षित अर्थ है। क्योंकि **जिस साधन का सुज्ञान ही नहीं है, उस साधन में साधनपना ही नहीं है।** अर्थात् यदि धूम का सुज्ञान नहीं है तो उस धूम साधन में साधनपना ही नहीं है।

'साधन से साध्य का ज्ञान होने को अनुमान कहते हैं' इस आगमवचन का यह अर्थ है कि–'साधन के सुज्ञान से साध्य का ज्ञान होने को अनुमान ज्ञान कहते हैं।' अर्थात् धूम के सुज्ञान से अग्नि का ज्ञान

होने को अग्नि संबंधी अनुमान कहते हैं। क्योंकि जिस धूमादिक साधन को नहीं जाना है, उस धूम साधन को अग्नि साध्य का ज्ञान होने में कारण मानेंगे तो सोये हुए अथवा जिन्होंने धूमादिक साधन जाना नहीं है, उनको भी अग्नि साध्य का ज्ञान हो जाने का प्रसंग आता है किन्तु वैसा नहीं होता है। इसलिये धूम साधन का सुज्ञान चाहिये और 'धूम तथा अग्नि संबंधी तर्क का सुज्ञान चाहिये, उस तर्क का स्मरण करके धूम के ज्ञान से अग्नि का ज्ञान होता है।'

सभी जीवों को 'अहं यानी स्व यानी भावप्रमेय' की प्रतीति प्रत्येक समय में होती है। तो भी 'जहाँ पर्याय होती है, वहाँ द्रव्य होता है' इस प्रकार की व्याप्ति नहीं जानते हैं, इसलिये बहुत से जीव 'अपने में जीवद्रव्य है' इसका अनुमान नहीं कर सकते हैं। इसलिये साधन का ज्ञान, व्याप्ति का स्मरण आदि आवश्यक हैं।

[साधन का कथन]

संस्कृत पृष्ठ नं. ८८, संस्कृत परिच्छेद नं. २१ →

शंका–वह साधन क्या है, जिससे होनेवाले साध्य के ज्ञान को अनुमान कहा है?

समाधान–जिस की साध्य के साथ अन्यथानुपपत्ति (अविनाभाव) निश्चित है, उसे साधन कहते हैं। इसका अर्थ यह है कि- जिसकी साध्य के अभाव में नहीं होने रूप व्याप्ति-अविनाभाव आदि पर्यायवाची नामोंवाली साध्यान्यथानुपपत्ति [साध्य के होने पर ही होना अर्थात् साधन के सद्भाव में साध्य का सद्भाव नियम से रहना और साध्य के अभाव में साधन का भी सद्भाव नहीं रहना]–तर्क नामक प्रमाण द्वारा निर्णीत है, वह साधन है। श्री कुमारनन्दि भट्टारकजी ने भी कहा है कि- "साधन (लिंग) का 'अन्यथानुपपत्ति' ही एक लक्षण है, ऐसा स्वीकार किया जाता हैं।"

विशेषार्थ–शंका–अनुमान में साध्य का ज्ञान जिस साधन के द्वारा हो जाता है, उस साधन का क्या लक्षण है?

समाधान–जिसकी साध्य के साथ अन्यथानुपपत्ति है, उसे साधन कहते हैं। अन्यथानुपपत्ति यानी साध्य के अभाव में साधन का सद्भाव नहीं रहना, इसको अन्यथानुपपत्ति कहते हैं। अन्यथा यानी साध्य के न होनेपर, अनुपपत्ति यानी साधन न रहना। साध्य के सद्भावमें ही साधन का रहना। अर्थात् साधन का सद्भाव रहने पर नियम से साध्य का सद्भाव पाया जाता ही है। जैसे धूम के सद्भाव में अग्नि का नियम से सद्भाव रहता है। शिंशपा के सद्भाव में वृक्ष का नियम से सद्भाव होता ही है। आम्र के सद्भाव में वृक्ष का नियम से सद्भाव होता ही है।

भावलिंग के सद्भाव में नग्नत्वादि द्रव्यलिंग का नियम से सद्भाव होता ही है। उपयोगरूप शुद्धात्मानुभव यानी निजध्रुवशुद्धात्मा का प्रामाण्यसहित प्रत्यक्ष ज्ञान यानी निर्विकल्प ज्ञान के सद्भाव रहने पर निश्चयसम्यग्दर्शन का सद्भाव नियम से रहता ही है। निश्चयसम्यग्दर्शन यानी मिथ्यात्वादि सात प्रकृतियों का उपशम अथवा मिथ्यात्वादि सात प्रकृतियों का क्षयोपशम अथवा मिथ्यात्वादि सात प्रकृतियों का क्षय होना। सम्यग्दर्शन के अभाव में निजध्रुवशुद्धात्मा के प्रामाण्यसहित प्रत्यक्ष ज्ञान का भी नियम से सद्भाव रहता नहीं।

इस जानकारी का अपने जीवन में यह लाभ है कि,– "मूलभूत वस्तुस्वरूप को जानकर मैंने निजध्रुवशुद्धात्मा को प्रामाण्यसहित प्रत्यक्ष ज्ञान से जाना है, इसलिये मेरे में निश्चयसम्यग्दर्शनपर्याय है। अर्थात् अव्रती मैं मोक्षमार्गस्थ हूँ। इस तरह अपने आपको निर्णय हो जाता है। किसी दूसरे से पूछने की आवश्यकता नहीं।"

कृपया देखिए **प्रवचनसार-गाथा नं. ८० 'जो जाणदि अरहंतं' इत्यादि की श्री जयसेनाचार्य रचित तात्पर्यवृत्ति– "..... अविकल्पस्वरूपे प्राप्ते..... दर्शनमोहान्धकारः प्रलीयते।"**

अर्थ–अविकल्पस्वरूप प्राप्त [निजध्रुवशुद्धात्मा का प्रामाण्यसहित प्रत्यक्ष ज्ञान प्राप्त] होते समय दर्शनमोह अंधकार नष्ट होता है याने सम्यग्दर्शन का उत्पाद होता है। (कृपया देखिए– चार्ट नं. १)

ॐ

श्री समयसार- श्री जयसेनाचार्यजीकृत तात्पर्यवृत्ति गाथा नं. २९५-२९६
(आत्मख्याति गाथा नं. २७६-२७७) की टीका पर से –

व्यवहारमोक्षमार्ग याने व्यवहारसम्यग्दर्शनज्ञानचारित्र याने सराग सम्यग्दर्शनज्ञानचारित्र है।	मोक्ष नहीं है।	मिथ्यात्वादि ७ प्रकृतियों का उपशम नहीं हैं। अथवा – मिथ्यात्वादि ७ प्रकृतियों का क्षयोपशम नहीं है। अथवा – मिथ्यात्वादि ७ प्रकृतियों का क्षय नहीं है।	निजशुद्धपारिणामिकभाव का आश्रय न करने से शुद्धत्मानुभूति नहीं है। याने मिथ्यात्वी है याने निश्चयसम्यग्दर्शनज्ञान-चारित्र नहीं है।
व्यवहारमोक्षमार्ग याने व्यवहारसम्यग्दर्शनज्ञानचारित्र याने सरागसम्यग्दर्शनज्ञानचारित्र है।	मोक्ष हैं	मिथ्यात्वादि ७ प्रकृतियों का उपशम हैं। अथवा – मिथ्यात्वादि ७ प्रकृतियों का क्षयोपशम है। अथवा – मिथ्यात्वादि ७ प्रकृतियों का क्षय है।	निजशुद्धपारिणामिकभाव का आश्रय करने से शुद्धात्मानुभूति है। याने वीतरागसम्यग्दर्शनज्ञान-चारित्र है। याने निश्चयसम्यग्दर्शनज्ञान-चारित्र है।

प्रथमानुयोग, चरणानुयोग	करणानुयोग	द्रव्यानुयोग
आगमभाषा		अध्यात्मभाषा

श्री जयसेनाचार्यजी (१) द्रव्यानुयोग का प्रथमानुयोग के साथ, (२) द्रव्यानुयोग का करणानुयोग के साथ, (३) द्रव्यानुयोग का चरणानुयोग के साथ, (४) द्रव्यानुयोग का न्यायग्रंथों के साथ तुलनात्मक विवेचन करते हैं। अध्यात्मन्याय भी दिखाते हैं।

संस्कृत	हिंदी	ऐसा हिंदी अर्थ करने के लिये अन्य ग्रंथों का आधार
धवल-पुस्तक १, पृष्ठ-१५२ → (१) प्रशमसंवेगानुकम्पास्तिक्याभिव्यक्तिलक्षणं सम्यक्त्वम्। सति एवं असंयतसम्यग्दृष्टिगुणस्य अभावः स्यात् इति चेत्,	**सम्यक्त्व का लक्षण कहते हैं।** (१) प्रशम, संवेग, अनुकम्पा और आस्तिक्य इनकी बाह्य अभिव्यक्ति असंयत सम्यग्दृष्टि गुणस्थान का अभाव होने शंकाकार – यदि प्रशमादि भावों को सम्यक्त्व का लक्षण माना जाय तो अ का प्रसंग आयेगा ? [अर्थात् प्रशमादि की अभिव्यक्ति मिथ्यात्वी जीव में भी दि होना यह लक्षण सम्यक्त्वी और मिथ्यात्वी जीवों में चला गया। इसलिये प्र है। इसलिये असंयत-सम्यग्दृष्टि गुणस्थान का अभाव होने का प्रसंग आयेगा। (आपत्ति आयेगी) ?]	**परमात्मप्रकाश-गाथा नं. १४३** – (अ.२, गाथा १७) की ब्रह्मदेव-कृत संस्कृत टीका में– "प्रशमसंवेगानुकम्पास्तिक्याभिव्यक्तिलक्षणम् सरागसम्यक्त्वं भण्यते, तदेव व्यवहारसम्यक्त्वं इति।" **अर्थ** – प्रशमादि की अभिव्यक्ति को सरागसम्यक्त्व कहते हैं, वह ही व्यवहारसम्यक्त्व है। **पंचास्तिकायसंग्रह-समयव्याख्या १७२ की टीका में श्री अमृत-चंद्राचार्यजी** लिखते हैं कि – "ये तु केवलव्यवहारावलम्बिनः ते खलु भिन्नसाध्यसाधनभावावलोकनेन अनवरतं नितरां खिद्यमाना मुहुर्मुहुर्धर्मादिश्रद्धानरूपाध्यवसायानुस्यूतचेतसः प्रभृतश्रुतसंस्काराधिरोपितविचित्रविकल्पजालकल्माषितचैतन्यवृत्तयः, समस्तयतिवृत्तसमुदायरूपतपःप्रवृत्तिरूपकर्मकाण्डोड्डमराचलिताः, कदाचित् किंचित् रोचमानाः, कदाचित् किंचित् विकल्पयन्तः, कदाचित् किंचित् आचरन्तः, दर्शनाचरणाय कदाचित् **प्रशाम्यन्तः**, कदाचित् **संविजमानाः**, कदाचित् **अनुकम्यमानाः**, कदाचित् आस्तिक्यं उद्वहन्तः.... **कर्मचेतनाप्रधानत्वात् दुरनिवारिताशुभकर्मप्रवृत्तयोऽपि समुपात्तशुभकर्मप्रवृत्तयः**, सकलक्रियाकाण्डाडम्बरोत्तीर्णदर्शनज्ञानचारित्रैक्यपरिणतिरूपां ज्ञानचेतनां मनाक् अपि असंभावयन्तः.... सुचिरं संसारसागरे भ्रमन्ति इति।" जो केवल व्यवहार अवलम्बी है वे वास्तव में भिन्न साध्यसाधन भाव के अवलोकन द्वारा निरंतर अत्यंत खेद पाते हुए पुनः-पुनः धर्मादि के श्रद्धान रूप विकल्प में चित्त लगाते हैं, बहुत श्रुत के संस्कारों के कारण विचित्र विकल्प जालों में फँसे रहते हैं और समस्त यति-आचार के समुदायरूप तप में सदा प्रवृत्ति करते रहते हैं; कभी किसी विषय की रूचि व विकल्प करते हैं और कभी कुछ आचरण करते हैं; (१) दर्शनाचरण के लिए-प्रशम, संवेग, अनुकम्पा व आस्तिक्य को धारण करते हैं.... कर्मचेतना की प्रधानता के कारण यद्यपि अशुभ कर्मप्रवृत्ति का उन्होंने अत्यंत निवारण किया है तथापि शुभकर्मप्रवृत्ति को जिन्होंने बराबर ग्रहण किया हैं, ऐसें वे सकल क्रियाकाण्ड के आडम्बर से पार उतरी हुई दर्शनज्ञानचारित्र की ऐक्य परिणतिरूप ज्ञानचेतना को किंचित् भी न उत्पन्न करते हुए... अत्यंत दीर्घकाल तक संसारसागर में भ्रमण करते हैं।

संस्कृत	हिंदी	ऐसा हिन्दी अर्थ करने के लिये अन्य ग्रन्थों का आधार
सत्यं एतत्, शुद्धनये समाश्रियमाणे।	**आचार्य**– यह सत्य है (यह आपका कहना सत्य है)। प्रशमादि की अभिव्यक्ति यह लक्षण शुद्धनय (यहाँ यह शुद्धनय आगमभाषा का है याने शुद्धनय अर्थात् आगमभाषा का संग्रहनय है अर्थात् अध्यात्मभाषा का उपचार या व्यवहारनय है उस व्यवहारनय) के आश्रय से किया है। अर्थात् प्रशमादि की अभिव्यक्ति यह लक्षण व्यवहारनय से है।	**श्लोकवार्तिक**– अ. १, सू. २ **"सर्वेषु सरागेषु सद्दर्शनं प्रशमादिभिः अनुमीयते इति अनभिधानात् ..."** अर्थात् सभी सरागियों में प्रशमादि के द्वारा सम्यक्त्व का निर्णय होता है, ऐसा कथन नहीं किया है, इसलिये प्रशमादि यह लक्षण व्यभिचारी (अतिव्याप्ति दोष से युक्त) हैं।
(२) अथवा तत्त्वार्थश्रद्धानं सम्यग्दर्शनम्। अस्य गमनिकोच्यते- आप्तागमपदार्थाः तत्त्वार्थाः तेषु श्रद्धानं अनुरक्तता सम्य-ग्दर्शनम् इति लक्ष्यनिर्देशः। कथं पौरस्त्येन लक्षणेन अस्य लक्षणस्य न विरोधः चेत्, न एष दोषः शुद्धाशुद्धनय-समाश्रयणात्।	(२) अथवा आप्त आगम पदार्थ ये तत्त्वार्थ हैं। उन तत्त्वों में या पदार्थों में श्रद्धान, अनुरक्तता यह सम्यग्दर्शन का लक्षण अशुद्धनय से याने (आगमभाषा के अशुद्ध संग्रहनय से याने अध्यात्मभाषा के व्यवहारनय से) है। सम्यग्दर्शन यह लक्ष्य है। **शंकाकार**– प्रशमादि की अभिव्यक्तिरूप लक्षण से तत्त्वार्थश्रद्धानरूप लक्षण के साथ विरोध क्यों नहीं आता हैं? **आचार्य** - यह दोष नहीं है क्योंकि प्रशमादि की अभिव्यक्ति यह लक्षण शुद्धनय के आश्रित (आगमभाषा के शुद्धसंग्रहनय के अर्थात् अध्यात्मभाषा के उपचार/व्यवहारनय के आश्रित) है। और तत्त्वार्थश्रद्धान यह लक्षण आगमभाषा के अशुद्धसंग्रहनय अर्थात् अध्यात्मभाषा के व्यवहारनय के आश्रित है।	**समयसार** – तात्पर्यवृत्ति गाथा २९५-२९६ (आत्मख्याति २७६-२७७) की श्री जयसेनाचार्यकृत संस्कृत टीका– इसका वर्णन चार्ट नं. १, पृष्ठ नंबर २९५ पर देखिये। **समयसार** – ता.वृ. गाथा-१५– (आ. ख्या. १३) की श्री जयसेनाचार्यकृत टीका में नवपदार्थों के श्रद्धान को व्यवहारसम्यक्त्व कहा है।

संस्कृत	हिंदी	ऐसा हिन्दी अर्थ करने के लिये अन्य ग्रन्थों का आधार
(३) अथवा तत्त्वरुचिः सम्यक्त्वं, अशुद्धतरनयसमाश्रयणात्।	अथवा तत्त्वरुचि (शुद्धात्मानुभव) यह सम्यक्त्व का लक्षण है। यह लक्षण अशुद्धतर नयाश्रित (आगमभाषा के अशुद्धतर संग्रहनयाश्रित याने अध्यात्मभाषा के शुद्धनयाश्रित) है।	**समयसार** – ता. वृ. गाथा-२ **"** विशुद्धज्ञानदर्शनस्वभावे निजपरमात्मनि यत् रुचिरूपं सम्यग्दर्शनं तत्र एव रागादिरहितस्वसंवेदनं ज्ञानं तथा एव निश्चलानुभूतिरूपं वीतरागचारित्रं... **"** यहाँ अपने ध्रुवज्ञानदर्शनस्वभावात्मा की रुचि (शुद्धात्मानुभूति को) सम्यग्दर्शन कहा है। **परमात्मप्रकाश** – गाथा १४३ – (अ.२, गाथा १७) की संस्कृत टीका – **" वीतरागसम्यक्त्वं निजशुद्धात्मानुभूतिलक्षणम् वीतरागचारित्राविनाभूतं तदेव निश्चयसम्यक्त्वं इति। "** निजशुद्धात्मानुभूति को वीतरागसम्यक्त्व कहते हैं, यह वीतरागचारित्राविनाभूत है, वह ही निश्चय सम्यक्त्व है।

इससे यह सिद्ध हुआ कि श्री वीरसेन स्वामी (धवल टीकाकार) शुद्धात्मानुभूति को ही सम्यग्दर्शन का निर्दोष लक्षण मानते हैं और वह शुद्धात्मानुभूति लक्षण ही निश्चयसम्यक्त्व या वीतरागसम्यक्त्व है और निश्चयसम्यक्त्व चतुर्थ गुणस्थान के प्रथमोपशम या क्षयोपशम या क्षायिक सम्यक्त्व में प्रारंभ होता है।

और प्रशमादि यह लक्षण व्यभिचारी है। इसलिये सरागसम्यक्त्व व्यभिचारी है।

कृपया देखिए– **पंचाध्यायी** – अध्याय नं. २, श्लोक नंबर ४०१, ४०२, ४०५ और ४०७ →

" प्रसिद्धं ज्ञानमेवैकं साधनादिविधौ चितः।
स्वानुभूत्येकहेतुश्च तस्मात् तत् परमं पदम्॥४०१॥
तत्राप्यात्मानुभूतिः सा विशिष्टं ज्ञानमात्मनः।
सम्यक्त्वेनाविनाभूतमन्वयाद्व्यतिरेकतः॥४०२॥

अर्थ– साधनादि विधि में चित् का एक ज्ञान ही प्रसिद्ध साधन है और शुद्धस्वात्मानुभव ज्ञानपर्याय ही सम्यग्दर्शनादि साधनों का निर्णय करने में साधन है (अर्थात् अपने को सम्यग्दर्शन हुआ है या नहीं हुआ है, इसका निर्णय करने के लिये शुद्धस्वात्मानुभव ज्ञानपर्याय ही साधन है)। इसलिये वह ज्ञान शुद्धस्वात्मानुभव ज्ञानपर्याय का परम (श्रेष्ठ) पद है। उसमें भी वह आत्मानुभव आत्मा की विशिष्ट ज्ञानपर्याय है और उसका सम्यग्दर्शन के साथ अन्वय और व्यतिरेक दोनों प्रकार से अविनाभाव पाया जाता है।

तद्यथा स्वानुभूतौ वा तत्काले वा तदात्मनि।
अस्त्यवश्यं हि सम्यक्त्वं यस्मात्सा न विनापि तत्॥४०५॥

अर्थ– खुलासा इस प्रकार है– जब स्वानुभव होता है या स्वानुभव का काल रहता है तब उसरूप आत्मा में सम्यक्त्व अवश्य पाया जाता है, क्योंकि सम्यग्दर्शन के बिना स्वानुभव नहीं हो सकता है।

हेतुस्तत्रापि सम्यक्त्वोत्पत्तिकालेऽस्त्यवश्यतः।
तज्ज्ञानावरणस्योच्चैरस्त्यवस्थान्तरं स्वतः॥४०७॥

अर्थ– इसका कारण यह है कि, सम्यक्त्व की उत्पत्ति के समय स्वात्मानुभवरूप ज्ञानावरण कर्म की अवस्था पलट जाती है अर्थात् क्षयोपशम स्वयमेव नियम से होता है।

इसका आशय यह है कि, – एक अपेक्षा से सम्यग्दर्शन सीधे अपने अस्तित्व को नहीं सूचित करता है। लेकिन स्वात्मानुभव ज्ञान के द्वारा सम्यग्दर्शन का अस्तित्व जाना जाता है क्योंकि जीव को 'यह मैं शाश्वतशुद्धज्ञानानंदात्मा हूँ' ऐसा प्रामाण्यसहित प्रत्यक्ष ज्ञान होता है, अर्थात् अपने सम्यग्ज्ञान के अस्तित्व का निर्णय हो जाता है। यह खुद के (अपने) समझ में आता है।


और भी देखिये → करणानुयोग कर्मशास्त्र– **षट्खंडागम–धवल–पुस्तक नं. १, सूत्र नं. ११५** की टीका में श्री वीरसेनाचार्यजी लिखते हैं कि,- "**किं तद्ज्ञानकार्यमिति चेत्, तत्त्वार्थे रुचिः प्रत्ययः श्रद्धा चारित्रस्पर्शनं च।**"

अर्थ– शंका– वह ज्ञान का क्या कार्य है?

समाधान–' तत्त्वार्थ में रुचि, प्रत्यय, श्रद्धा और चारित्रस्पर्शन करना' यह ज्ञान का कार्य है।

और भी देखिए→ श्री माणिक्यनन्दिरचित **परीक्षामुखसूत्र-अध्याय नं. ५, सूत्र नं. १**– "**अज्ञाननिवृत्तिः..... उपेक्षाश्च फलम्।**"

भावार्थ– निजध्रुवशुद्धात्मा संबंधी अज्ञान दूर होना अर्थात् निजध्रुवशुद्धात्मा का प्रामाण्यसहित प्रत्यक्ष ज्ञान होना साक्षात् फल है और ज्ञानपर्याय से अन्यपर्याय का यानी निर्मोहगुण की (श्रद्धागुण की और चारित्रगुण की) पर्याय में उपेक्षा यानी समता भाव/वीतराग पर्याय होती है।



इसलिये 'निजध्रुवशुद्धात्मा का प्रामाण्यसहित प्रत्यक्ष ज्ञान' यह अन्यथानुपपत्तिलक्षणवाला हेतु है। अन्यथानुपपत्तिलक्षणयुक्त हेतु से नियम से साध्य की सिद्धि होती है।

[साध्य के लक्षण का कथन]

संस्कृत पृष्ठ नं. ८८, संस्कृत परिच्छेद नं. २२ →

शंका – वह साध्य क्या है; जिसका अविनाभाव साधनलक्षण है, ऐसा कहा गया है?

समाधान – साध्य - शक्य, अभिप्रेत और अप्रसिद्ध को साध्य कहते हैं।

(१) शक्य – जो प्रत्यक्षादि प्रमाणों से बाधित न होने से सिद्ध किया जा सकता है।

(२) अभिप्रेत – जो वादी को सिद्ध करने के लिये अभिमत (इष्ट) है। और

(३) अप्रसिद्ध – जो (प्रतिवादी को) संदेहादि (संशयादि) से युक्त होने से योग्य निर्णीत नहीं है।

इस तरह जो शक्य, अभिप्रेत और अप्रसिद्ध इन लक्षणों से युक्त है, वह ही साध्य है।

यदि अशक्य (बाधित) को साध्य मानेंगे तो अग्नि में अनुष्णता (उष्णता का अभाव) आदि को भी साध्य होने का प्रसंग (दोष) आयेगा।

यदि अनभिप्रेत को साध्य मानेंगे तो अतिप्रसंग होने से स्व-इष्ट साध्य की सिद्धि नहीं होगी।

यदि (प्रतिवादी को) प्रसिद्ध रहनेवाले विषय को साध्य मानेंगे तो अनुमान करना व्यर्थ हो जायेगा।

न्यायविनिश्चय ग्रन्थ में श्लोक नं. १७२ में कहा है कि, शक्य, अभिप्रेत और अप्रसिद्धलक्षणवाला साध्य होता है और उन लक्षणों से जो विपरीत होता है, वह साध्याभास है अर्थात् जो विरुद्धादि हैं वे साध्याभास हैं क्योंकि वे साधन के विषय नहीं हैं।

विशेषार्थ – शंका – अन्यथानुपपत्तिलक्षणवाले हेतु से नियम से साध्य की सिद्धि होती है, ऐसे साध्य का क्या लक्षण है ?

समाधान – शक्य, अभिप्रेत और अप्रसिद्ध इन तीन लक्षणों से युक्त साध्य होता है।

(१) **शक्य** – जो प्रत्यक्षादि प्रमाणों से बाधित न होने से सिद्ध किया जा सकता है। जैसे - इस पर्वत (पहाड़) पर धूम है, इसलिये वहाँ 'अग्नि है'; क्योंकि जहाँ-जहाँ धूम होता है वहाँ-वहाँ अग्नि होती है। इस तरह 'अग्नि है' यह साध्य सिद्ध करना 'शक्य' है।

इस देह में जानने की क्रिया होती है, इसलिये इस देह में 'जीव है', क्योंकि जहाँ-जहाँ जानने की क्रिया होती है वहाँ-वहाँ जीव होता है। इस तरह 'जीव है' यह साध्य सिद्ध करना 'शक्य' है।

उस देह में जानने की क्रिया नहीं होती है, इसलिये उस देह में 'जीव नहीं है, देह मृत कलेवर है, देह अजीव है' क्योंकि जहाँ-जहाँ जानने की क्रिया नहीं है वहाँ-वहाँ अजीव द्रव्य होता है, अचेतन है। इस तरह 'अजीव' सिद्ध करना 'शक्य' है।

मुझमें अहं/स्व की प्रतीति होती है इसलिये मैं जीव हूँ । इस तरह जीव की सिद्धि करना 'शक्य' है।

मैं क्रोधी हूँ, इसलिये मुझमें ध्रुवशुद्धात्मद्रव्य है क्योंकि जहाँ पर्याय है वहाँ ध्रुवद्रव्य होता ही है। इस तरह निजध्रुवशुद्धात्मा की सिद्धि करना 'शक्य' है ।

मुझमें 'अहं/स्व' की प्रतीति प्रत्यक्ष होती है इसलिये मेरा जीवद्रव्य भी प्रत्यक्ष है; क्योंकि अंश प्रत्यक्ष है तो अंशी (द्रव्य) भी प्रत्यक्ष है । इसलिये अपने जीवद्रव्य के प्रत्यक्षता की सिद्धि करना शक्य है ।

मैं 'निजध्रुवशुद्धात्मा' को प्रामाण्यसहित प्रत्यक्ष जानता हूँ इसलिये मैं अव्रती निश्चयसम्यग्दर्शनवाला हूँ, मैं मोक्षमार्गस्थ हूँ। इसतरह अव्रती जीव को भी अपने सम्यग्दर्शन की और मोक्षमार्गस्थपना की सिद्धि करना 'शक्य' है।

इसी तरह 'सम्यक्-आनंद' इस साध्य की सिद्धि करना 'शक्य' है। इसी तरह 'शुद्धध्यान' इस साध्य की सिद्धि करना 'शक्य' है।

(२) **अभिप्रेत** – जो वादी को सिद्ध करने के लिये इष्ट है।

इस अपने देह में 'अपना जीव है' यह सिद्ध करना इष्ट है।

अपने जीव द्रव्य में अभी 'ध्रुवशुद्ध है' यह सिद्ध करना इष्ट है।

अपने ध्रुवशुद्धात्मा को प्रामाण्यसहित प्रत्यक्ष जानने से सम्यक्-आनंद प्राप्त होता है, यह सिद्ध करना इष्ट है।

अपने को सम्यग्दर्शन हो गया है, यह सिद्ध करना इष्ट है।

मिथ्यादर्शन रहने से दुःख है, यह सिद्ध करना इष्ट है।

राग रहने से दुःख है, यह सिद्ध करना इष्ट है।

द्वेष रहनेसे दुःख है, यह सिद्ध करना इष्ट है।

मिथ्याज्ञान रहने से दुःख है, यह सिद्ध करना इष्ट है। इत्यादि।

(३) **अप्रसिद्ध** – जो संशय अथवा विपरीत अथवा अनध्यवसाय अथवा अज्ञान होने से निर्णीत नहीं है। जैसे – वस्तु अनेकान्तात्मक है, यह मालूम नहीं है (अर्थात् वस्तु अनेकान्तात्मक है, यह अप्रसिद्ध है)।

किसीको वस्तु की परिणमनशीलता मालूम नहीं है इसलिये असिद्ध है।

किसीको वस्तु का ध्रुव अप्रसिद्ध है।

किसीको 'ध्रुव शुद्ध है' यह अप्रसिद्ध है।

किसीको 'निजध्रुवशुद्धात्मा को प्रामाण्यसहित प्रत्यक्ष जानने से सम्यक्-आनंद प्राप्त होता है' यह अप्रसिद्ध है।

'अव्रती सम्यक्त्वी मोक्षमार्गस्थ है' यह अप्रसिद्ध है।

'इन्द्रियजनित सुख दुःख ही है' यह अप्रसिद्ध है।

'आस्रवबंधवाला शुभोपयोग वास्तविक मोक्षमार्ग नहीं' यह अप्रसिद्ध है।

'निजध्रुवशुद्धात्मा को प्रामाण्यसहित प्रत्यक्ष जानते समय अव्रती जीव को शुद्धोपयोग है' यह अप्रसिद्ध है।

'शुद्धोपयोग से ही मोक्षमार्गस्थ होता है, यह अप्रसिद्ध है। इत्यादि अप्रसिद्धवाले साध्य को अनुमान के द्वारा प्रसिद्ध किया जाता है।

इसतरह जो शक्य, अभिप्रेत और अप्रसिद्ध इन लक्षणों से युक्त है, वही साध्य है।

यदि अशक्य/बाधित को साध्य मानेंगे तो अग्नि में अनुष्णता (ठण्ड) को भी साध्य होनेका प्रसंग/दोष आयेगा। क्योंकि अग्नि को स्पर्श करते ही उष्णता की ही प्रतीति आती है, ठण्डक की प्रतीति नहीं होती। इसलिये बाधित/अशक्य लक्षण युक्त को साध्य नहीं करते हैं।

यदि कोई वास्तविकता से 'जीव को वर्णगुणवाला है ऐसा सिद्ध करने के लिये अनुमान करता है तो यह 'अशक्य है' क्योंकि जीव में अवर्ण (अरूप) गुण है।

यदि कोई 'आकाश को वर्णगुणवाला है' ऐसा सिद्ध करने के लिये अनुमान करता है, तो यह 'अशक्य' है; क्योंकि आकाश में अवर्ण गुण है (अर्थात् आकाश में वर्ण गुण नहीं है)।

यदि कोई 'धर्मद्रव्य को वर्णगुणवाला है' ऐसा सिद्ध करने के लिये अनुमान करता है तो यह 'अशक्य' हैं; क्योंकि धर्मद्रव्य में अवर्ण गुण है।

यदि कोई 'अधर्मद्रव्य को वर्णगुणवाला है' ऐसा सिद्ध करने के लिये अनुमान करता है तो यह 'अशक्य' है; क्योंकि अधर्मद्रव्य में अवर्ण गुण है।

यदि कोई 'कालाणुद्रव्य को वर्णगुणवाला है' ऐसा साध्य सिद्ध करना चाहता है तो 'अशक्य' है; क्योंकि कालाणु में अवर्ण गुण है।

यदि कोई 'अशुभोपयोग मोक्षमार्ग है' ऐसा सिद्ध करना चाहता है तो यह 'अशक्य' है।

नीचे की मान्यता अतिस्थूल मिथ्यात्व है।

पर की निंदा का विचार है। (सविकल्पज्ञान)	अशुभोपयोग है।	प्रथमोपशम सम्यग्दर्शन है।
पर की स्तुति का विचार है। (सविकल्पज्ञान)	शुभोपयोग है।	अनादि मिथ्यात्व है।
ज्ञान का परिणमन	चारित्र का परिणमन	श्रद्धा का परिणमन

क्योंकि – देखिए **नियमसार गाथा – १४३ →**

" वट्टदि जो सो समणो अण्णवसो होदि असुहभावेण।
तह्मा तस्स दु कम्मं आवस्सयलक्खणं ण हवे॥१४३॥

अर्थ – जो अशुभभाव से वर्तता है, वह श्रमण अन्यवश है; इसलिये उसे आवश्यकस्वरूप कर्म नहीं हैं।

इसलिये ' अशुभोपयोग को मोक्षमार्ग मानना ' मिथ्यात्व है।

और भी देखिये **प्रवचनसार- गाथा नंबर १२ →**

" असुहोदएण आदा कुणरो तिरियो भवीय णेरइयो।
दुक्खसहस्सेहिं सदा अभिद्दुदो भमदि अच्चंतं॥१२॥

अर्थ – अशुभोदय से आत्मा कुमनुष्य, तिर्यंच और नारकी होकर हजारों दुःखों से सदा पीड़ित होता हुआ संसार में अत्यन्त भ्रमण करता है।

यदि कोई ' शुभोपयोग मोक्षमार्ग है ' ऐसा सिद्ध करना चाहता है तो यह ' अशक्य ' है।

नीचे की मान्यता स्थूलमिथ्यात्व है।

ज्ञान का परिणमन	चारित्र का परिणमन	श्रद्धा का परिणमन
↑ पर की स्तुति का विचार है। (सविकल्पज्ञान)	शुभोपयोग है	प्रथमोपशम सम्यग्दर्शन है। ↑
↑ पर की निंदा का विचार है। (सविकल्पज्ञान)	अशुभोपयोग है।	अनादि मिथ्यात्व है। ↑
↑		↑

क्योंकि देखिए– **पंचास्तिकायसंग्रह** गाथा– **' अण्णाणादो णाणी जदि '** इत्यादि की श्री जयसेनाचार्य रचित तात्पर्यवृत्ति में लिखा है कि,– **" .... यदि पुनः शुद्धात्मभावनासमर्थः अपि तां त्यक्त्वा शुभोपयोगात् एव मोक्षः भवति इति एकान्तेन मन्यते तदा स्थूलपरसमयपरिणामेन अज्ञानी मिथ्यादृष्टिः भवति...।"**

अर्थ– और ' यदि शुद्धात्मभावना करने के लिये समर्थ होते हुए भी शुद्धात्मभावना को छोड़कर शुभोपयोग से ही मोक्ष होता है [अर्थात् शुभोपयोग से ही मोक्षमार्ग होता है यानी शुभोपयोग के समय ही सम्यग्दर्शन पर्याय का उत्पाद होता है और अनादि मिथ्यात्व का व्यय होता है] ऐसा एकान्त से मानता है, तब स्थूलपरसमयपरिणाम से अज्ञानी, मिथ्यादृष्टि होता है।

और भी देखिए **प्रवचनसार- गाथा नंबर ७९ →**

" चत्ता पावारंभं समुट्ठिदो वा सुहम्मि चरियम्मि।
ण जहदि जदि मोहादी ण लहदि सो अप्पगं सुद्धं॥७९॥

अर्थ– पापारम्भ को छोडकर शुभचारित्र में उद्यत होने पर भी यदि जीव मोहादि को नहीं छोडता हैं, तो वह शुद्ध आत्मा को प्राप्त नहीं होता है।

और भी देखिए **समयसार– गाथा नं. १४६ →**

" सोविण्णियं पि णियलं बंधदि कालायसं पि जह पुरिसं।
बंधदि एवं जीवं सुहमसुहं वा कदं कम्मं॥१४६॥

अर्थ–जैसे सोने की बेडी भी पुरुष को बांधती है और लोहे की भी बांधती है, इसी प्रकार शुभ तथा अशुभ किया हुआ कर्म जीव को बांधता है।

और भी देखिए **प्रवचनसार- गाथा नंबर ७४ →**

" जदि संति हि पुण्णाणि य परिणामसमुब्भवाणि विविहाणि।
जणयंति विसयतण्हं जीवाणं देवदंताणं॥७४॥

अर्थ–यदि शुभोपयोग परिणाम से उत्पन्न होनेवाले विविध पुण्य विद्यमान हैं, तो वे देवों तक के जीवों को विषयतृष्णा उत्पन्न करते हैं।

प्रवचनसार - गाथा नं. ७६ →

" सपरं बाधासहिदं विच्छिण्णं बंधकारणं विसमं।
जं इंदिएहिं लद्धं तं सोक्खं दुक्खमेव तहा॥७६॥

अर्थ–जो इन्द्रियों से प्राप्त होता है, वह सुख परसंबंधयुक्त, बाधासहित, विच्छिन्न, बन्ध का कारण और विषम है, इस प्रकार वह दुःख ही है।

और भी देखिए–**प्रवचनसार- गाथा नंबर ७७ →**

" ण हि मण्णदि जो एवं णत्थि विसेसो त्ति पुण्णपावाणं।
हिंडदि घोरमपारं संसारं मोहसंछण्णो॥७७॥

अर्थ–इसप्रकार पुण्य और पाप में अन्तर नहीं है, ऐसा जो नहीं मानता वह मोहाच्छादित होता हुआ घोर अपार संसार में परिभ्रमण करता है।

और भी देखिए **समयसार - गाथा नं. १४५** और उसकी श्री अमृतचंद्राचार्यरचित आत्मख्याति टीका →

" कम्ममसुहं कुसीलं सुहकम्मं चावि जाणह सुसीलं।
कह तं होदि सुसीलं जं संसारं पवेसेदि॥१४५॥

अर्थ–'अशुभ कर्म कुशील है और शुभ कर्म सुशील है' ऐसा तुम जानते हो। किन्तु जो शुभ कर्म जीव को संसार में प्रवेश कराता है, वह शुभ कर्म सुशील कैसे हो सकता है?

अर्थात् शुभ कर्म/शुभोपयोग संसारमार्ग है, शुभोपयोग मोक्षमार्ग नहीं है।

आत्मख्याति संस्कृत टीका	हिन्दी अर्थ
शुभाशुभजीवपरिणामनिमित्तत्वे सति कारणभेदात्,	व्यवहारवादी कहता है कि, (१) किसी कर्म में शुभ जीवपरिणाम निमित्त रहते समय कारण होने से और किसी कर्म में अशुभ जीवपरिणाम निमित्त रहते समय कारण होने से कारणों में भेद है,

आत्मख्याति संस्कृत टीका	हिन्दी अर्थ
शुभाशुभपुद्गलपरिणाममयत्वे सति स्वभावभेदात्,	(२) कोई कर्म शुभ पुद्गलपरिणाममय होने से और कोई कर्म अशुभ पुद्गलपरिणाममय होने से स्वभावों में भेद है,
शुभाशुभफलपाकत्वे सति अनुभवभेदात्	(३) कोई कर्म शुभ फलवाला होने से और कोई कर्म अशुभ फलवाला होने से फलों के अनुभव से भेद है, और
शुभाशुभमोक्षबन्धमार्गाश्रितत्वे सति आश्रयभेदात् च एकं अपि कर्म किञ्चित् शुभं किञ्चित् अशुभं इति केषांचित् किल पक्षः।	(४) शुभ मोक्षमार्ग के आश्रित होने से और अशुभ बंधमार्ग के आश्रित होनेसे आश्रयों में भेद है; इसलिये यद्यपि कर्म एक है तथापि कोई शुभ (शुभोपयोग) मोक्षमार्ग है और अशुभ बंधमार्ग है।
स तु सप्रतिपक्षः।	उसको जबाब देते हैं कि - परन्तु वह प्रतिपक्षसहित है। (अर्थात् शुभोपयोग मोक्षमार्ग नहीं है।)
तथाहि– शुभः अशुभः वा जीवपरिणामः केवलाज्ञानमयत्वात् एकः, तदेकत्वे सति कारणाभेदात् एकं कर्म।	उसका स्पष्टीकरण– (१) शुभ अथवा अशुभ जीवपरिणाम केवल अज्ञानमय होने से एक है और उनके एक होने से उनके कारणों में भेद नहीं है; इसलिये कर्म एक है।
शुभः अशुभः वा पुद्गलपरिणामः केवलपुद्गलमयत्वात् एकः, तदेकत्वे सति स्वभावाभेदात् एकं कर्म।	(२) शुभ अथवा अशुभ पुद्गलपरिणाम (अशुद्ध-परिणाम) केवल पुद्गलमय (केवल अशुद्धमय) होने से एक है और उनके एक होने से (अशुद्ध होने से) उनके स्वभावों में भेद नहीं है; इसलिये कर्म एक है।
शुभः अशुभः वा फलपाकः केवलपुद्गलमयत्वात् एकः, तदेकत्वे सति अनुभवाभेदात् एकं कर्म।	(३) शुभ अथवा अशुभ फलरूप होनेवाला विपाक केवल पुद्गलमय (अशुद्ध) होने से एक है और उनके एक होने से (अशुद्ध होने से) अनुभवों में भेद नहीं है; इसलिये कर्म एक है।
शुभाशुभौ मोक्षबन्धमार्गौ तु प्रत्येकं केवलजीवपुद्गलमयत्वाद् अनेकौ, तदनेकत्वे सति अपि	इसतरह (पृष्ठ ३०२-३०३ पर चार्ट देखिए) आपके कथन में 'शुभ मोक्षमार्ग है और अशुभ बन्धमार्ग है' लेकिन (वह ठीक नहीं क्योंकि) शुद्ध (शुद्धोपयोग) मोक्षमार्ग है और शुभ बन्धमार्ग है क्योंकि केवल जीवमयपना से (शुद्धोपयोग से) मोक्षमार्ग और केवल पुद्गलमयपना से (अशुद्धोपयोग से) बन्धमार्ग इसतरह अनेक हैं, और 'शुद्धोपयोग मोक्षमार्ग है तथा शुभाशुभ बन्धमार्ग है' ऐसा अनेकपना रहने से,
केवलपुद्गलमयबन्धमार्गाश्रितत्वेन आश्रयाभेदात् एकं कर्म।	(४) केवल पुद्गलमय बन्धमार्ग के आश्रितपना से आश्रयों में भेद नहीं है; इसलिये एक कर्म है। अर्थात् जैसे अशुभ संसारमार्ग है, वैसे शुभ भी संसारमार्ग (बन्धमार्ग) है यानी शुभ मोक्षमार्ग नहीं है।

इस ही गाथा की श्री जयसेनाचार्य रचित **तात्पर्यवृत्ति** में लिखा है कि,–

"निश्चयवादी ब्रूते कथं तत् पुण्यकर्म सुशीलं शोभनं भवति? यत् जीवं संसारे प्रवेशयति। हेतुस्वभावानुभवबंधरूपाश्रयाणां निश्चयेन अभेदात् कर्मभेदः नास्ति इति।"

अर्थ–निश्चयवादी/सम्यग्ज्ञानी कहता है कि, 'वह पुण्यकर्म (शुभ/शुभोपयोग) सुशील/अच्छा कैसे हो सकता है; जो शुभ/शुभोपयोग संसार में प्रवेश कराता है? अर्थात् शुभोपयोग मोक्षमार्ग नहीं है; क्योंकि निश्चयनय से हेतु, स्वभाव, अनुभव और बन्धरूप आश्रयों का अभेद होने से शुभ और अशुभ इन में भेद नहीं है।'

इसलिये **'शुभोपयोग मोक्षमार्ग है' यह सिद्ध करना 'अशक्य' है।**

यदि अनभिप्रेत को साध्य मानेंगे तो अतिप्रसंग होने से स्वेष्ट (स्व इष्ट) साध्य की सिद्धि नहीं होगी। 'अशुभोपयोग मोक्षमार्ग है' ऐसा सिद्ध करना अनिष्ट है। अर्थात् 'अशुभोपयोग सम्यक्-आनंद है' ऐसा सिद्ध करना अनिष्ट है। 'अशुभोपयोग से समता भाव आता है' यह सिद्ध करना अनिष्ट है। 'शुभोपयोग मोक्षमार्ग है' यह सिद्ध करना अनिष्ट है, क्योंकि शुभोपयोग संसारमार्ग है। अर्थात् 'शुभोपयोग सम्यक्-आनंद है' ऐसा सिद्ध करना अनिष्ट है। 'शुभोपयोग से समताभाव आता है' यह सिद्ध करना अनिष्ट है क्योंकि शुभोपयोग विषमभाव है। इत्यादि।

यदि प्रसिद्ध/मालूम/मान्य रहनेवाले को साध्य मानेंगे तो अनुमान करना व्यर्थ हो जायेगा। जिसको द्रव्य की क्षणिकता मान्य है, उसको द्रव्य की क्षणिकता बताना निरर्थक है। जिसको द्रव्य की शाश्वतता मान्य है, उसको द्रव्य की शाश्वतता बताना व्यर्थ है। जिसको द्रव्य की नित्यानित्यात्मकता मान्य है उसको द्रव्य की नित्यानित्यात्मकता बताना व्यर्थ है।

संस्कृत पृष्ठ नं. ८८-८९, संस्कृत परिच्छेद नं. २३-२४ →

इसका यह अर्थ है कि,– जो शक्य, अभिप्रेत और अप्रसिद्ध है; वह साध्य है। उससे अन्य लक्षणवाले साध्याभास हैं।

शंका–वे साध्याभास कौन से हैं?

समाधान–विरुद्ध आदि साध्याभास हैं। विरुद्ध साध्याभास यानी जो साध्य प्रत्यक्षादि से बाधित है। यहाँ 'आदि' शब्द से 'अनभिप्रेत और प्रसिद्ध' यह अर्थ लेना चाहिये। क्योंकि 'साधन के द्वारा विषय करना अशक्य है' ऐसा श्री अकलंकदेव का अभिप्राय है। लेकिन उनके सम्पूर्ण अभिप्राय को स्याद्वादविद्यापति श्री वादिराज आचार्य जानते हैं। (अर्थात् श्री अकलंकदेव रचित उस कारिका के अर्थ का विशद तथा विस्तृत कथन श्री वादिराजजी के द्वारा न्यायविनिश्चय की टीका में किया है।)

साधन तथा साध्य इन दोनों को लेकर श्लोकवार्तिक ग्रन्थ में ऐसा कथन किया है कि, "जिसका अन्यथानुपपत्तिमात्र लक्षण है, वह ही साधन है। और जो शक्य, अभिप्रेत तथा अप्रसिद्ध है; वह ही साध्य है।" [१।१३।१२१]

इसप्रकार 'अविनाभाव निश्चयरूप एक लक्षणवाले साधन से शक्य, अभिप्रेत तथा अप्रसिद्धरूप साध्य के ज्ञान को अनुमान कहते हैं' यह सिद्ध हुआ।

विशेषार्थ–इन न्यायग्रन्थों को पढने से लौकिक व्यवहार में सुधार हो जाता है, तथा अध्यात्मिक निर्णय भी अच्छा हो जाता है। जैसे बीमारी के अथवा रोगी (मरीज़) के लक्षणों से (चिन्हों से/हेतु से/लिंग से/साधन से) बीमारी अथवा रोग का अनुमान किया जाता है। वैसे इस जीव को दुख की बीमारी/रोग है, उसका

मूल कारण मिथ्यादर्शन, मिथ्याज्ञान, मिथ्याचारित्र है। इस जीव के अस्तित्व का निर्णय करना आवश्यक है। 'जीव है' यह साध्य है और इस साध्य में शक्य, अभिप्रेत, अप्रसिद्ध ये लक्षण हैं।

इस भरतक्षेत्र में, इस पंचमकाल में पैदा हुए इस संज्ञी पंचेंद्रिय (मनसहित पांचों इन्द्रियवाले) जीव को सम्यक्-आनंद की →

(१) अल्प प्राप्ति/अनुभूति अव्रती अवस्था में भी होती है।

(२) मध्यम प्राप्ति देशव्रती अवस्था में होती है और

(३) उससे अधिक प्राप्ति महाव्रती अवस्था में होती है। यह साध्य है, और उस साध्य में शक्य, अभिप्रेत, अप्रसिद्ध ये लक्षण हैं। उस सम्यक्-आनंद को प्राप्त करने के लिये सम्यग्ज्ञान/शुद्धात्मानुभव [निजध्रुवचिदानंदात्मा का प्रामाण्यसहित प्रत्यक्ष ज्ञान] चाहिये; तो अपने को 'सम्यग्ज्ञान है' और अपने को 'सम्यग्दर्शन है' इसका निर्णय करना आवश्यक है। इन साध्यों में शक्य, अभिप्रेत, अप्रसिद्ध ये लक्षण हैं। 'सम्यक्चारित्र है' अथवा 'अंशात्मक वीतराग है' इस साध्य में शक्य, अभिप्रेत, अप्रसिद्ध ये लक्षण हैं। इत्यादि।

जो शक्य, अभिप्रेत और अप्रसिद्ध है; वह साध्य है। और जो शक्य नहीं है, वह साध्याभास है। और जो अभिप्रेत नहीं है, वह साध्याभास है। और जो प्रसिद्ध है, वह साध्याभास है।

शंका – वे साध्याभास कौनसे है ?

समाधान – (१) 'इन्द्रियजनित दुःख दुःख है' यह इन्द्रियजनित दुःख सब जीवों को प्रसिद्ध है, इसलिये 'इन्द्रियजनित दुःख दुःख है' यह साध्याभास है।

(२) 'इन्द्रियजनित सुख सुख है। ऐसा साध्य अनिष्ट (अनभिप्रेत) है; इसलिये साध्याभास है।

(३) 'मानस सुख सुख है' ऐसा साध्य अनिष्ट (अनभिप्रेत) है; इसलिये साध्याभास है।

(४) 'प्रशमजनित सुख सुख है' ऐसा साध्य अनिष्ट (अनभिप्रेत) है; क्योंकि 'आत्मोत्थ आनंद' ही सच्चा सुख है। इसलिये 'प्रशमजनित सुख सुख है' यह साध्याभास है।

देखिये **द्रव्यस्वभावप्रकाशक नयचक्र** [भारतीय ज्ञानपीठ प्रकाशन] **गाथा नं. ४००, पृष्ठ नंबर १९९→**

"इंदियमणस्स पसमज आदुत्थं तहय सोक्खं चउभेयं।
लक्खणदो णियलक्खं अणुहवणे होइ आदुत्थं॥४००॥"

अर्थ – इंद्रियजन्य सुख, मनोजनित सुख, प्रशमजनित सुख और आत्मोत्थ सुख इस प्रकार सुख के चार भेद हैं। लक्षण के द्वारा निजध्रुवशुद्धात्मा का अनुभव करने में आत्मोत्थ सुख होता है।

देखिए प्रवचनसार-गाथा नं. १३ →

"अइसयमादसमुत्थं विसयातीदं अणोवममणंतं।
अव्वुच्छिण्णं च सुहं सुध्दुवओगप्पसिद्धाणं॥१३॥"

अर्थ – शुद्धोपयोग से प्रसिद्धों का सुख अतिशय, आत्मोत्थ (आत्मोत्पन्न) विषयातीत, अनुपम, अनन्त (अविनाशी) और अविच्छिन्न (अटूट) है।

प्रवचनसार - गाथा नं. ७६ →

"सपरं बाधासहिदं विच्छिण्णं बंधकारणं विसमं।
जं इंदिएहिं लद्धं तं सोक्खं दुक्खमेव तहा॥७६॥"

अर्थ – जो इंद्रियों से प्राप्त होता है, वह सुख (१) परसम्बन्धयुक्त, (२) बाधासहित, (३) विच्छिन्न, (४) बन्ध का कारण और (५) विषम है। इसप्रकार वह दुःख ही है। इत्यादि।

(५) 'क्षोभ करने से समता आती है' ऐसा साध्य करना अशक्य है, इसलिये साध्याभास है। इत्यादि।

जो शक्य, अभिप्रेत तथा अप्रसिद्ध है; वह साध्य है और जिसका अन्यथानुपपत्तिमात्र लक्षण है, वही साधन है।

अन्यथानुपपत्तिमात्र लक्षणवाले साधन से नियम से साध्य की सिद्धि होती है।

जो अव्रती जीव मूलभूत वस्तुस्वरूप को जानकर निजध्रुवशुद्धात्मा को प्रामाण्यसहित प्रत्यक्ष ज्ञान से जानता है; उसको सम्यग्दर्शन होता है, मोक्षमार्ग का प्रारम्भ होता है।

जो अव्रती जीव 'निजध्रुवशुद्धात्मा का अनुभव' करता है, उसको सम्यक्-आनंद प्राप्त होता है; इससे इच्छा का व्यय होता है। इससे वह बार-बार शुद्धात्मानुभव करता है, इसलिये विषयकषायों में रुचि नहीं होती। यदि अतिस्थिरता, दृढ़ता बढ़ती है तो महाव्रती होता है। यदि मध्यम स्थिरता, दृढ़ता होती है तो देशव्रती होता है।

इसप्रकार 'अविनाभावनिश्चयरूप एक लक्षणवाले साधन से शक्य, अभिप्रेत, तथा अप्रसिद्धरूप साध्य के ज्ञान को अनुमान कहते हैं' यह सिद्ध हो गया।

[अनुमान के भेद का और स्वार्थानुमान का कथन]

संस्कृत पृष्ठ नं. ८९, संस्कृत परिच्छेद नं. २५ →

अनुमान के दोन भेद हैं- (१) स्वार्थ अनुमान और (२) परार्थ अनुमान। उनमें-

स्वार्थ अनुमान-स्वयं ही निश्चित जाने हुए साधन से साध्य का ज्ञान होने को स्वार्थ अनुमान कहते हैं। दूसरे के उपदेश [परोपदेश] की अपेक्षा न करके स्वयं ही निश्चित जाने हुए और पहले तर्क प्रमाण से जाने गये और व्याप्ति के स्मरणसहित धूमादिक साधन से पर्वत आदिक धर्मी में अग्नि आदि साध्य का जो ज्ञान होता है उसको स्वार्थानुमान कहते हैं; ऐसा भावार्थ है। जैसे- 'यह पर्वत अग्निमान है, क्योंकि धूमवानपना है।' यह भी ज्ञानरूप स्वार्थानुमान का शब्द के द्वारा उल्लेख है। जैसे 'यह घट है' ऐसे शब्द के द्वारा प्रत्यक्ष ज्ञान का उल्लेख है। 'यह पर्वत अग्निमान है, क्योंकि धूमवानपना है।' इस प्रकारसे प्रमाता जानता है; ऐसी स्वार्थानुमानस्थिति है; ऐसा जानना चाहिये।

विशेषार्थ-स्वार्थानुमान-अपने द्वारा निश्चित/निर्णयरूप जाने गये साधन के ज्ञान से साध्य का ज्ञान अपने को हो जाना, स्वार्थ अनुमान है। इस स्वार्थ अनुमान को दूसरे के उपदेश की अपेक्षा नहीं है।

जैसे जिस रमेश ने धूम और अग्नि का अविनाभाव सम्बन्ध/व्याप्ति तर्कज्ञान से जाना था। उसी रमेश ने स्वयं 'पर्वत पर धूम है' ऐसा जाना और धूम तथा अग्नि सम्बन्धी व्याप्ति का अथवा तर्क का स्मरण किया और 'उस पर्वत पर धूम है, इसलिये पर्वत पर अग्नि है' ऐसा 'अग्नि के बारे में स्वयं अनुमान' किया; वहाँ कोई उपदेश नहीं देता है; इसलिये वह स्वार्थ अनुमान है।

जैसे किसी अव्रती संज्ञी पञ्चेन्द्रिय जीव ने ६ द्रव्य, ७ तत्त्व, निश्चयनय, व्यवहारनय आदि मूलभूत वस्तुस्वरूप को जाना और 'जहाँ निजध्रुवशुद्धात्मा का प्रामाण्यसहित प्रत्यक्ष ज्ञान है, वहाँ सम्यग्दर्शन है और जहाँ सम्यग्दर्शन नहीं है, वहाँ निजध्रुवात्मा का प्रामाण्यसहित प्रत्यक्ष ज्ञान नहीं है' ऐसी व्याप्ति तर्कज्ञान से जानी-उसी जीव ने निजध्रुवशुद्धात्मा का प्रामाण्यसहित प्रत्यक्ष ज्ञान किया। उसके पश्चात् निजध्रुवशुद्धात्मा का प्रामाण्यसहित प्रत्यक्ष ज्ञान तथा सम्यग्दर्शन सम्बन्धी व्याप्ति का अथवा तर्क का स्मरण किया और मुझमें निजध्रुवशुद्धात्मा का प्रामाण्यसहित प्रत्यक्ष ज्ञान हो गया है, इसलिये मुझमें सम्यग्दर्शन है' ऐसा 'अपने सम्यग्दर्शन पर्याय' के बारे में स्वयं अनुमान किया, इसलिये वह स्वार्थ अनुमान है।

एक पवनलाल नाम का अव्रती सम्यक्त्वी था। एक दिन पवनलाल का रमेश से झगड़ा हो गया। तब एक घंटे के बाद किसी आदमी ने पवनलाल को 'आप मिथ्याज्ञानी है', क्योंकि अभी आप क्रोधी हो गये थे' ऐसा कहा। फिर दूसरे आदमी ने पवनलाल को कहा कि, 'आप मिथ्यादृष्टि है, क्योंकि अभी आप क्रोधी हो गये थे।'

उस समय पवनलाल अपने चित्त में विचार करता है कि–

"मेरे द्वारा क्रोध हो गया, यह मेरा अपराध था। वह अपराध नष्ट हो जावे। आगे मैं शांत रहने का प्रयत्न करूँगा। मुझमें अप्रत्याख्यानादि कषाय हैं, उससे मैं अशुद्ध हूँ। लेकिन मुझमें अनंतानुबंधिमिथ्यात्वोदयजनित क्रोधादि नहीं है; क्योंकि मूलभूत वस्तुस्वरूप को जानकर मेरे ध्रुवशुद्धात्मा को प्रामाण्यसहित प्रत्यक्ष ज्ञान से जाना था। मैं सम्यग्ज्ञानी हूँ, मैं सम्यग्दृष्टि हूँ, क्योंकि–

(१) सम्यक्-आनंद का जो योग्य भोग्य या अनुभाव्य विषय है, वह निजध्रुवशुद्धज्ञानदर्शनानंदात्मा ही विषय है। उसके बारे में संशय, विपरीत, अनध्यवसाय तथा अज्ञान मेरे में नहीं है क्योंकि ६ द्रव्यों के सामान्य-विशेषगुणों को मैं जानता हूँ, निश्चयनय तथा व्यवहारनयों को मैं जानता हूँ, उपादान-निमित्त आदि मैं जानता हूँ, ७ तत्त्व/नवपदार्थ इनके संबंधी निश्चयनय तथा व्यवहारनय और भूतार्थ तथा अभूतार्थ जानता हूँ। प्रत्यभिज्ञान, तर्क, अनुमान, आगम तथा नय इन युक्तियों के द्वारा उनकी मैंने परीक्षा की है तथा प्रत्यक्षज्ञान से परीक्षा की है। गुणस्थानों, मार्गणास्थानों को मैं जानता हूँ। यथायोग्य आचरण आदि के बारे में मैं जानता हूँ।

(२) निजध्रुवशुद्धात्मा को जानने के प्रामाण्यसहित प्रत्यक्ष ज्ञान साधन को मैं बराबर जानता हूँ। उस साधन के बारे में संशय, विपरीत, अनध्यवसाय तथा अज्ञान मेरे में नहीं हैं। निजध्रुवशुद्धात्मा को मैंने प्रामाण्यसहित प्रत्यक्ष ज्ञान से ही जाना था, क्योंकि मैंने जैसा निजध्रुवशुद्धात्मा जाना है, वैसा ही 'यह निजध्रुवशुद्धात्मा है (यह मैं ध्रुवशुद्धात्मा हूँ)।' शुद्धात्मानुभव करते समय 'स्मृतिज्ञान साधन नहीं था, प्रत्यभिज्ञान साधन नहीं था, तर्कज्ञान साधन नहीं था, अनुमानज्ञान साधन नहीं था, नयज्ञान साधन नहीं था, इसलिये परोक्ष ज्ञान नहीं थे, इदन्ता (यह) उल्लेखी ज्ञान था और प्रतीत्यन्तर (दूसरी ज्ञानपर्याय) की अपेक्षावाला ज्ञान नहीं था, इसलिये प्रत्यक्ष ज्ञान ही था। इसलिये 'निजध्रुवशुद्धात्मा' का अनुभव करते समय प्रामाण्यसहित प्रत्यक्ष ज्ञान ही साधन था।

(३) निजध्रुवशुद्धात्मा को प्रामाण्यसहित प्रत्यक्ष ज्ञान से जानने (अनुभव) का उसी समय फल सम (वीतराग/शुद्ध) परिणाम ही था, क्योंकि

(a) सभी के पास ध्रुवशुद्ध है [शुद्धनिश्चयनय से सब शुद्ध हैं/**सव्वे सुद्धा हु सुद्धणया**], इसलिये सब समान है,

(b) उस समय बुद्धिपूर्वक अशुभ भाव नहीं था, क्योंकि उस समय किसी की निंदा आदि नहीं की थी और उस समय बुद्धिपूर्वक शुभ भाव नहीं था क्योंकि उसी समय किसी की स्तुति आदि नहीं की थी,

(c) उस समय बुद्धिपूर्वक मोहरागद्वेष नहीं थे; क्योंकि उस समय मैं निजध्रुवशुद्धज्ञानदर्शनानंदात्मा का भोग ले रहा था, उसमें मेरा शाश्वत आनंदगुण था, इसलिये आनंद के लिये पर वस्तु की इच्छा नहीं थी और 'सच्चे आनंद की पर्याय प्राप्त हो' ऐसी भी इच्छा नहीं थी, आसक्ति नहीं थी अर्थात् दर्शनमोह नहीं था और उस समय पर के प्रति बुद्धिपूर्वक राग नहीं था। [जैसे धन के प्रति अथवा महान पद (अवस्था) अथवा नाम की प्रसिद्धि के प्रति राग होता है वैसा राग नहीं था क्योंकि सच्ची शाश्वत आनंदवाली निजवस्तु का भोग ले रहा था] और उस समय किसी प्रकार का बुद्धिपूर्वक द्वेष नहीं था क्योंकि आनंदवाली निजात्मवस्तु मुझ में शाश्वत है, इसलिये निजध्रुवशुद्धज्ञानदर्शनानंदात्मा नष्ट होने का भय (डर) नहीं था, इत्यादि,

(d) निजध्रुवशुद्धज्ञानदर्शनानंदात्मा को प्रामाण्यसहित प्रत्यक्ष ज्ञान से जानते समय बुद्धिपूर्वक चिन्ता नहीं थी, क्योंकि सच्चे आनंद का अनुभव हो रहा था, इसलिये निराकुलता थी [धन लाने की/कमाने की/धन के रक्षण की चिन्ता होती है अथवा अन्य के बारे में चिन्ता होती है अथवा नाम की प्रसिद्धि के बारे में चिन्ता होती है; वैसी चिन्ता नहीं थी], इत्यादि।

इसतरह "(१) विषय, (२) साधन और (३) फल इन तीनों के बारे में, भूल (गल्ती) न होने से मैं सम्यग्ज्ञानी हूँ, मैं सम्यग्दृष्टि हूँ और सम्यक् अव्रतचारित्रवाला हूँ। मैं निश्चयमोक्षमार्गस्थ हूँ। मैं मिथ्याज्ञानी नहीं हूँ, मैं मिथ्यादृष्टि नहीं हूँ और मैं मिथ्या अव्रतचारित्रवाला नहीं हूँ।" परोपदेश की अपेक्षा न करके पवनलाल ने स्वयं वह उपरोक्त अनुमान किया, इसलिये वह स्वार्थ अनुमान है।

↑	क्षयोपशमसम्यक्त्व	धन के विचार	↑	अशुभोपयोग	↑
↑	क्षयोपशमसम्यक्त्व	ध्रुवतत्त्व बतानेवाले प्रभु की जय।	↑	शुभोपयोग	↑
↑	प्रथमोपशमसम्यक्त्व	ध्रुवशुद्धज्ञानानंदात्मा ही हूँ। (अन्तर्जल्प)	↑		
↑	प्रथमोपशमसम्यक्त्व	यह मैं ध्रुवशुद्धज्ञानानंदात्मा हूँ।	↑	शुद्धोपयोग	↑
↑	अनादिमिथ्यात्व	द्रव्यगुणपर्याय के द्वारा परमात्मदेव की स्तुति।	↑	शुभोपयोग	↑
↑	अनादिमिथ्यात्व	गृहारम्भकार्य के विचार	↑	अशुभोपयोग	↑
श्रद्धा का परिणमन		ज्ञान का परिणमन		चारित्र का परिणमन	

वह पवनलाल आगे विचार करता है कि–

सबेरे ५ बजे शुद्धात्मानुभव किया था, उस समय 'निजध्रुवशुद्धात्मा' को प्रत्यक्ष ज्ञान से ही जाना था। जैसा निजध्रुवशुद्धात्मा है, वैसा ही जाना था। इसलिये असत्य ज्ञान/झूठा ज्ञान/प्रमाणाभास नहीं है। 'इदन्ता' उल्लेखी प्रत्यक्ष ज्ञान से ही जाना था; वह स्मरणज्ञान, प्रत्यभिज्ञान, तर्क, अनुमान, आगमज्ञान, नयज्ञान नहीं था। [देखो चार्ट नं. १४, पृष्ठ नं. २५९]; क्योंकि स्मरण 'तत्ता' उल्लेखी होता है। प्रत्यभिज्ञान 'इदन्ता और तत्ता' का संकलन होता है। तर्क व्याप्तिरूप होता है। साधन से साध्य का ज्ञान होना अनुमान है। आगमज्ञान को आप्तवचन की अपेक्षा है। नयज्ञान अन्तर्जल्पवाला है, इसलिये सबेरे ५ बजे निजध्रुवशुद्धात्मा को जाननेवाले ज्ञान स्मरणादिरूप परोक्ष ज्ञान नहीं थे, सबेरे ५ बजे प्रत्यक्ष ज्ञान ही था। इसलिये प्रामाण्य ही है, सम्यग्ज्ञान ही है।




← [सबेरे १० बजे का विषय]

↑ सबेरे १० बजे क्रोध (झगड़ा) हो गया, उस समय गिरे हुए दूध के बर्तन का विषय था। सबेरे १० बजे उस गिरे हुए दूध के बर्तन के विषय से सबेरे ५ बजे के ज्ञानपर्याय को झूठा/असत्य/अप्रमाण ज्ञान सिद्ध नहीं कर सकते; क्योंकि सबेरे ५ बजे 'निजध्रुवशुद्धात्मा' विषय था और 'निजध्रुवशुद्धात्मा' ही जाना था। इसलिये प्रतिभातविषय-अव्यभिचारित्व था, प्रामाण्य था।

↑ निजध्रुव शुद्धात्मा

← [सबेरे ५ बजे का विषय]

↑ सबेरे १० बजेका →	विषय	ज्ञानपर्याय	↑
		गिरा हुआ दूध का बर्तन है, पर है, अच्छा नहीं	
↑	○	— ○	↑
↑	○	— ○	↑
↑	○	— ○	↑
↑	○	— ○	↑
↑	○	— ○	↑
↑	○	— ○	↑
↑	○	— ○	↑
	विषय	ज्ञानपर्याय	↑
↑ सबेरे ५ बजे का→	निजध्रुवशुद्धज्ञानानंदात्मा	यह मैं ध्रुवशुद्धज्ञानानंदात्मा हूँ।	

उसके पश्चात् पवनलाल चित्त में विचार करता है कि –

इसतरह सबेरे ५ बजे शुद्धात्मानुभव किया था, इसलिये सबेरे ५ बजे सम्यग्ज्ञानी था। सम्यग्ज्ञानी हूँ इसलिये सम्यग्दृष्टि था और सबेरे ५ बजे बुद्धिपूर्वक वीतराग यानी सम्यक् अव्रतचारित्र/सम परिणाम था।

और अभी सबेरे १० बजे क्रोध (झगड़ा) होते समय भी मैं सम्यग्ज्ञानी और सम्यग्दृष्टि था; क्योंकि सबेरे १० बजे गिरे हुए दूध के बर्तन को जानते समय वह पर है, वह मेरा शाश्वत स्व नहीं, ऐसा जाना था; अर्थात् उस समय सत्ता-असत्ता का भेदज्ञान था, कारणविपर्यय नहीं था, स्वरूपविपर्यय नहीं था और भेदाभेदविपर्यय नहीं था। निजध्रुवशुद्धात्मा के संबंधी विशिष्ट प्रामाण्य सबेरे १० बजे के ज्ञानपर्याय में था, इसलिये सबेरे १० बजे भी मैं सम्यग्ज्ञानी था। इसलिये सबेरे १० बजे सम्यग्दृष्टि था। इसलिये सम्यक् असंयम (अव्रत) चारित्र था क्योंकि अनंतानुबंधिमिथ्यात्वोदयजनित रागादि नहीं है।

परोपदेशरहित पवनलाल ने स्वयं यह अनुमान किया, इसलिये स्वार्थानुमान है।

[सबेरे १० बजे पवनलाल में जो क्रोध था, वह अप्रत्याख्यानादि क्रोध है, अनंतानुबंधिमिथ्यात्वोदयजनित क्रोध नहीं।]

इसतरह आप लोग भी अपने सम्यग्ज्ञान, सम्यग्दर्शन, सम्यक्चारित्र के बारे में विचार करके/स्वार्थ अनुमान करके निर्णय कर सकते हैं। दूसरे को पूछने की आवश्यकता नहीं है।

आगे पवनलाल विचार करता है कि –

अभी भी मैं मेरे ध्रुवशुद्धात्मा का पर के साथ एकत्व न करने से और मेरे ध्रुवशुद्धात्मा के साथ पर का

एकत्व न करने से तथा इसप्रकार से स्व-पर भेदज्ञान होने से और निजध्रुवशुद्धात्मा के बारे में विशिष्ट प्रामाण्यसहित ज्ञान होने से अभी मैं सम्यग्ज्ञानी हूँ इसलिये अभी मैं सम्यग्दृष्टि हूँ। इसलिये अभी मैं सम्यक् असंयम (अव्रत) चारित्रवाला हूँ। इस प्रकार स्वार्थानुमान करता है।

आगे पवनलाल विचार करता है कि –

मैं सम्यग्ज्ञानी, सम्यग्दृष्टि और सम्यक् असंयम (अव्रत) चारित्रवाला हूँ; इसलिये मोक्षमार्गस्थ हूँ। इस प्रकार स्वार्थानुमान करता है।

मैं सम्यग्दृष्टि, सम्यग्ज्ञानी और सम्यक् असंयम (अव्रत) चारित्रवाला हूँ; इसलिये चतुर्थ गुणस्थानवर्ती हूँ। इस प्रकार स्वार्थानुमान करता है।

इसप्रकार अपने बारे में अन्यथानुपपत्तिलक्षणवाले हेतु से स्वार्थानुमान कर सकते हैं।

अन्य किसी के उपदेश की अपेक्षा न रखकर हिरालाल ने स्वयं अनुमान (स्वार्थानुमान) किया कि,- इस वस्तु को यहाँ जगह दी गयी (अवगाहन दिया), इसलिये अवगाहन देनेवाला आकाशद्रव्य है; क्योंकि जहाँ उपादान कार्यरत होता है वहाँ निमित्त होता है (ऐसा व्यवहारनय से कहा है) ।

अन्य किसी के उपदेश की अपेक्षा न रखकर कांतिलाल ने स्वयं अनुमान (स्वार्थानुमान) किया कि,- यहाँ जीव और पुद्गलों का गमन होता है, इसलिये उन उपादानों में गमन क्रिया होती है, इसलिये यहाँ निमित्तरूप गतिहेतुत्ववाला धर्मद्रव्य है।

अन्य किसी के उपदेश की अपेक्षा न रखकर संजय ने स्वयं अनुमान (स्वार्थानुमान) किया कि,- गमन करनेवाले ये उपादानरूप जीव और पुद्गल यहाँ स्थित हो रहे हैं, इसलिये निमित्तरूप स्थितिहेतुत्ववाला अधर्मद्रव्य यहाँ है।

अन्य किसी के उपदेश की अपेक्षा न रखकर शशिकांत ने स्वयं अनुमान (स्वार्थानुमान) किया कि,- यहाँ उपादान रूप हरा पत्ता पीला हो गया, इसलिये निमित्तरूप परिवर्तनहेतुत्ववाला कालाणुद्रव्य यहाँ होना चाहिये।

अन्य किसी के उपदेश की अपेक्षा न करके रमेश ने स्वयं अनुमान (स्वार्थानुमान) किया कि,- यहाँ उपादानरूप हरा आम पीला हो गया, इसलिये निमित्तरूप वर्तनागुणवाला कालाणुद्रव्य यहाँ होना चाहिये।

अन्य किसी के उपदेश की अपेक्षा न करके जयकुमार ने स्वयं अनुमान (स्वार्थानुमान) किया कि,- यहाँ उपादान रूप सुगंधित आम दुर्गन्धवाला हो गया, इसलिये निमित्तरूप वर्तनाहेतुवाला कालाणुद्रव्य होना चाहिये।

हेमा की जज्की (प्रसूति) हो गयी। पेट में से एक देह बाहर गिरा, उस समय बर्तन का आवाज होने से उस गिरे हुए बालक में भय हो गया, यह रेखाने देखा और परोपदेश की अपेक्षा न करके रेखा ने स्वयं अनुमान (स्वार्थानुमान) किया कि,- उस पैदा हुए देह में भय हो गया, इसलिये उस देह में जीव है, वह मरा हुआ नहीं, जिंदा बालक है।

परोपदेश की अपेक्षा न करके आप स्वयं अनुमान (स्वार्थानुमान) कर सकते हैं कि 'मैं' इस लाल चित्र को जान रहा हूँ। यह मुझमें 'मैं यानी अहं यानी स्वसंवेदन' की प्रतीति होती है, इसलिये मुझमें चेतनगुण है।

मुझमें वस्तु को जानने की क्रिया होती है, इसलिये मुझमें ज्ञानगुण है।

यहाँ मुझमें कभी सुख अवस्था, कभी दुःख अवस्था होती है; इसलिये मुझमें आनंदगुण है।

मुझमें ज्ञानानंदादि गुण हैं, इसलिये मुझमें ध्रुवज्ञानानंदात्मा है। [यह अनुमान परोक्ष ज्ञान है, प्रत्यक्ष ज्ञान नहीं, शुद्धात्मानुभव नहीं, निर्विकल्प ज्ञान नहीं।]

मुझमें क्रोधपर्याय/अशुद्धपर्याय है, तो फिर पर्याय है इसलिये मुझमें ध्रुवद्रव्य है।

मुझमें अशुद्धपर्याय है तो फिर पर्याय (व्याप्य) है इसलिये मुझमें ध्रुवशुद्धद्रव्य है। यह स्वार्थानुमान है, परोक्ष ज्ञान है, प्रत्यक्ष ज्ञान नहीं, शुद्धात्मानुभव नहीं।

अभी मैंने मेरे ध्रुवशुद्धज्ञानदर्शनानंदात्मा को प्रामाण्यसहित प्रत्यक्ष ज्ञान से जाना था, इसलिये, (१) निजध्रुवज्ञानदर्शनानंदात्मा के विषय संबंधी उपयोगरूप मतिज्ञानावरण कर्म का क्षयोपशम हुआ और (२) प्रामाण्यरूप ज्ञानावरण कर्म का क्षयोपशम हुआ और (३) प्रत्यक्षरूप मतिज्ञानावरण कर्म का क्षयोपशम हुआ और उसके बाद (४) उपयोगरूप श्रुतज्ञानावरण कर्म का क्षयोपशम हुआ तथा प्रामाण्यरूप ज्ञानावरण कर्म का क्षयोपशम हुआ तथा प्रत्यक्षरूप श्रुतज्ञानावरण कर्म का क्षयोपशम हुआ और उसी समय निजध्रुवशुद्धात्मा संबंधी लब्धिरूप मतिज्ञानावरण कर्म का क्षयोपशम हुआ। और

अभी मुझे शुद्ध स्वात्मानुभव हो गया है और मैं अव्रती हूँ; इसलिये मैं अव्रती सम्यक्त्वी हूँ और मुझे दर्शनमोह (मिथ्यादर्शन) का व्यय हो गया। अब मुझे मिथ्यात्वादि सात प्रकृतियों का क्षयोपशम है। और

अभी मुझे मेरे ध्रुवशुद्धज्ञानानंदात्मा का प्रामाण्यसहित प्रत्यक्ष ज्ञान हो गया, इसलिये उसी समय शुद्ध स्वात्मानुभव के वीर्यान्तराय कर्म का क्षयोपशम हो गया। और

अभी मुझे मेरे ध्रुवशुद्धज्ञानानंदात्मा का प्रामाण्यसहित प्रत्यक्ष ज्ञान हो गया, इसलिये उसी समय शुद्ध स्वात्मानुभव के बारे में दर्शनावरण कर्म (अचक्षुदर्शनावरण कर्म) का क्षयोपशम हो गया।

बार-बार मैं शुद्धात्मानुभव करता ही हूँ और सम्यग्दृष्टि हूँ ही। अब मैंने सम्यग्दर्शनपूर्वक पंच उदुम्बर का और मद्य, मधु (शहद), मांस का सम्पूर्ण जीवन तक प्रतिज्ञापूर्वक त्याग किया है; इसलिये मैं पंचम गुणस्थानवर्ती श्रावक हो गया।

शंका–आप 'निजध्रुवशुद्धात्मा' के बारे में अनुमान ज्ञानपर्याय को परोक्ष ज्ञान कहते हो; लेकिन **लघियस्त्रयप्रकरण श्लोक नं. ६१ की विवृत्ति** में ऐसा लिखा है कि,-

"अनिन्द्रियप्रत्यक्षं स्मृतिसंज्ञाचिन्ताभिनिबोधात्मकम्।"

अर्थ–स्मृति, संज्ञा (प्रत्यभिज्ञान), चिन्ता (तर्क) और अभिनिबोधात्मक (अनुमान) ये ज्ञानपर्यायें अनिन्द्रियप्रत्यक्ष हैं।

इस आगम कथन से ऐसा सिद्ध होता है कि,- 'यहाँ मुझमें पर्याय है, इसलिये मुझमें मेरा ध्रुवशुद्धात्मा है' ऐसा अनुमान प्रत्यक्ष ज्ञान है। तो फिर इस कथन के साथ आपके कथन का सुसंवाद कैसे?

समाधान–आपने जो आगम का उद्धरण दिया है। उस आगम के वचन का अभिप्राय आपके समझ में नहीं आया क्योंकि उस आगम का स्पष्टीकरण करनेवाला '**न्यायकुमुदचन्द्र**' नामका ग्रन्थ है, उसमें लिखा है कि-

"ननु स्मृत्यादीनां परोक्षतया पूर्वं प्रतिपादितत्वात् कथं अत्र प्रत्यक्षतया प्रतिपादनं युक्तं पूर्वापरविरोधप्रसंगात्;

इति अपि अचर्चिताभिधानम्, यत्र अंशे तेषां स्पष्टत्वं तत्र एव प्रत्यक्षत्वप्रतिपादनात्। 'स्वरूपे' एव हि तेषां स्पष्टत्वं अतः तत्र एव प्रत्यक्षत्वम् इति अभिसम्बन्धात्। बहिरर्थे तु अस्य अस्पष्टत्वात् परोक्षता इति न कश्चित् दोषः।"

भावार्थ–प्रश्न–'स्मृति, प्रत्यभिज्ञान, तर्क और अनुमान ज्ञानपर्यायों में परोक्षपना है' ऐसा कथन पहले किया था; अब यहाँ 'उन ही स्मृति, प्रत्यभिज्ञान, तर्क और अनुमान ज्ञानपर्यायों में प्रत्यक्षपना है' ऐसा कथन

करना कैसे योग्य है; क्योंकि पूर्व और अपर कथन में विरोध का प्रसंग आता है ?

उत्तर–यह आपका कथन ठीक नहीं है; क्योंकि 'जिस अंश में उन में स्पष्टत्व है, उस अंश में ही प्रत्यक्षत्व है' ऐसा कथन किया है। '**स्वरूप**' में ही स्मृति, प्रत्यभिज्ञान, तर्क और अनुमान पर्यायों में **स्पष्टत्व** है, इसलिये उन ज्ञानपर्यायों के स्वरूप यानी आत्मज्ञान यानी भावप्रमेय के ज्ञान में **प्रत्यक्षत्व** है; लेकिन **बाह्य अर्थ** यानी **बाह्य प्रमेय** के ज्ञान में **अस्पष्टत्व** होने से स्मृति, प्रत्यभिज्ञान, तर्क, अनुमान ज्ञानपर्यायों में **परोक्षता** ही है। इसलिये उसमें कोई दोष नहीं। अर्थात्–

अनुमानज्ञानपर्याय **विषय**

स्व/आत्मज्ञान/भावप्रमेय **अर्थ/बाह्य अर्थ/पर**

मैं		'वहाँ पर्वत पर धूम है, इसलिये वहाँ अग्नि है' ऐसा जानता हूँ।
↑		↑
यह अंश प्रत्यक्ष है, यह स्वरूप का ज्ञान है, यह पर्याय का 'स्व' है, पर्याय का आत्मा है यानी पर्याय के स्वरूप की प्रतीति है।		यह अंश परोक्ष ज्ञान है, अनुमान ज्ञान है। यह अर्थ यानी बाह्य-अर्थ यानी बाह्य प्रमेय यानी पर का ज्ञान है



अनुमानज्ञानपर्याय **विषय**

स्व/आत्मज्ञान/भावप्रमेय **अर्थ/बाह्य अर्थ/पर**

मैं		'यहाँ मेरे में पर्याय है, इस-लिये यहाँ मेरा ध्रुवशुद्धात्मा है' ऐसा जानता हूँ।
↑		↑
यह अंश प्रत्यक्ष है, यह स्वरूप का ज्ञान है, यानी यह पर्याय का 'स्व' है, यह स्वध्रुवात्मा का ज्ञान नहीं।		यह अंश परोक्ष ज्ञान है, यह 'स्वध्रुवात्मा' का अनुमान ज्ञान है, यह अंश प्रत्यक्ष ज्ञान नहीं, यह शुद्धात्मानुभव नहीं।

निजध्रुवशुद्धात्मा

लेकिन प्रत्यक्ष ज्ञानपर्याय नीचे की संदृष्टि में दिखाई है।

प्रत्यक्ष ज्ञानपर्याय			विषय
स्व/आत्मज्ञान/भावप्रमेय		अर्थ/बाह्य अर्थ/पर	
मैं		'यह मैं ध्रुवशुद्धात्मा हूँ' ऐसा जानता हूँ।	निजध्रुवशुद्धात्मा
↑		↑	
यह अंश प्रत्यक्ष है, यह स्वरूप का ज्ञान है, यानी यह पर्याय का 'स्व' है, यह स्वध्रुवात्मा का ज्ञान नहीं।		यह अंश प्रत्यक्ष ज्ञान है, यह शुद्धात्मानुभव है, यह 'स्वध्रुवात्मा' का प्रत्यक्ष ज्ञान है, यह अनुमान ज्ञान नहीं।	

शंका – इस स्वार्थानुमान का ज्ञान करने से जीवन में क्या लाभ है?

समाधान – रोटी पकाते समय उपयोगी है। चावल आदि को पकाते समय उपयोगी है। व्याधि का निर्णय करने में उपयोगी है। फसल के बारे में निर्णय करने में लाभ होता है। यह जिन्दा (जीवन्त) है अथवा मर गया है, इसका निर्णय करने में उपयोगी है। इत्यादि रूप से लौकिक जीवन में लाभ होता है और अपने को शान्ति प्राप्त करने के लिये उपयोगी (लाभदायक) है। आध्यात्मिक जीवन में लाभ होता है। जैसे –

(A) (१) भोग्य **विषय** के निर्णय के लिये और
(२) सम्यक्-आनंद का भोग लेने के **साधन** का निर्णय करने के लिये और
(३) सम्यक्-**फल** का निर्णय करने के लिये स्वार्थानुमान उपयोगी है।

(B) **अपने सम्यग्दर्शन** का निर्णय करने के लिये उपयोगी है।

(C) सम्यक् मोक्षमार्ग का/**सम्यक्-आनंद** का निर्णय करने के लिये उपयोगी है।

(D) क्षयोपशम सम्यग्दर्शन के सद्भाव में सविकल्प अवस्था में सम्यक्त्व प्रकृति का उदय रहता है, इसलिये कभी-कभी स्वयं के सम्यग्दर्शन के बारे में शंका, कांक्षा के विकल्प/विचारतरंग चित्त में आते हैं, तब स्वार्थानुमान के द्वारा स्वयं की शंका, कांक्षा का समाधान किया जाता है।

(E) स्वयं में स्वयं का स्थितिकरण करने के लिये स्वार्थानुमान उपयोगी है।

(F) स्वयं की सल्लेखना के लिये स्वार्थानुमान उपयोगी है।

इत्यादि।

संस्कृत पृष्ठ नं. ८९, संस्कृत परिच्छेद नं. २६ →

[स्वार्थानुमान के अंगों का कथन]

और इस स्वार्थानुमान के तीन अंग हैं- (१) धर्मी, (२) साध्य और (३) साधन। उनमें से –

(१) साधन – साधन गमकपना से अंग है।

(२) साध्य – साध्य गम्यपना से अंग है।

(३) धर्मी – धर्मी साध्यधर्माधारपना से अंग है।

आधारविशेषनिष्ठता से ही साध्यसिद्धि करना अनुमान का प्रयोजन है। (जैसे पर्वत पर अग्नि है।)

लेकिन व्याप्तिनिश्चयकाल में ही धर्ममात्र का सिद्धपना है। जैसे 'जहाँ-जहाँ धूमवानपना है, वहाँ-वहाँ अग्निमानपना है।'

विशेषार्थ–परोपदेश के बिना अपने द्वारा किये जानेवाले अनुमान के तीन अंग (अवयव) हैं– (१) धर्मी, (२) साध्य और (३) साधन। उनमें से–

(१) **धर्मी**–साध्यधर्म के आधार को धर्मी अथवा पक्ष कहते हैं। जैसे–

'पर्वत पर अग्नि है; क्योंकि पर्वत पर धूम/धुआँ है' इसमें 'पर्वत' यह धर्मी है। क्योंकि पर्वत यह अग्निरूप साध्यधर्म का आधार है।

''इस शरीर में जीव है; क्योंकि उस शरीर पर उष्ण (गर्म) जल डालते ही वह रोने लगा।' इसमें 'शरीर' यह धर्मी (पक्ष) है, क्योंकि शरीर यह जीवरूप साध्यधर्म का आधार है।

'इस शरीर में मेरा जीवद्रव्य है, क्योंकि मैं यानी अहं की मुझे प्रतीति होती है।' इसमें 'शरीर' यह धर्मी (पक्ष) है, क्योंकि 'मेरा जीवद्रव्यरूप' साध्यधर्म का आधार यह शरीर है।

'इस जीव में ध्रुव है, क्योंकि क्रोधपर्याय है।' इसमें 'जीव' यह धर्मी (पक्ष) है; क्योंकि 'ध्रुवरूप' साध्यधर्म का आधार है।

'इस जीव में ध्रुव है; क्योंकि जानने की क्रिया [ज्ञानपर्याय] है।' इसमें 'जीव' यह धर्मी (पक्ष) है; क्योंकि 'ध्रुवरूप' साध्यधर्म का आधार है।

'इस जीव में मिथ्यादर्शन पर्याय है, क्योंकि वह कहता है कि– ''अव्रती को प्रथमोपशम सम्यक्त्व का उत्पाद होते समय शुभोपयोग रहता है अर्थात् निजध्रुवशुद्धात्मानुभव नहीं रहता'।'' इसमें 'जीव' यह धर्मी (पक्ष) है; क्योंकि 'मिथ्यादर्शन पर्यायरूप' साध्यधर्म का आधार है।

'मेरे इस जीव में सम्यग्दर्शन पर्याय है, क्योंकि मैं निजध्रुवशुद्धात्मानुभव करता हूँ।' इसमें 'मेरा जीव' यह धर्मी (पक्ष) है; क्योंकि सम्यग्दर्शन पर्यायरूप साध्यधर्म का आधार है। इत्यादि।

इसतरह **साध्यधर्म के आधार को धर्मी अथवा पक्ष कहते हैं।**

(२) **साध्य**–साधन के द्वारा आधाररूप धर्मी में सिद्ध किया जानेवाला अर्थात् गम्य होनेवाला साध्यरूप अंग यानी अवयव है। जैसे–

'पर्वत पर अग्नि है; क्योंकि पर्वत पर धूम है।' इसमें 'अग्नि है' यह साध्य हैं।

'इस शरीर में जीव है; क्योंकि उस शरीर पर उष्ण जल डालते ही वह रोने लगा।' इसमें 'जीव है' यह साध्य है।

'इस शरीर में मेरा जीव द्रव्य है; क्योंकि मैं यानी अहं की मुझे प्रतीति होती है।' इसमें 'मेरा जीवद्रव्य है' यह साध्य है।

'इस जीव में ध्रुव है; क्योंकि क्रोधपर्याय है।' इस अनुमान में 'ध्रुव है' यह साध्य है।

'इस जीव में ध्रुव है; क्योंकि ज्ञानपर्याय है।' इस अनुमान में 'ध्रुव है' यह साध्य है।

'इस जीव में मिथ्यादर्शन पर्याय है; क्योंकि वह कहता है कि ''अव्रती को प्रथमोपशम सम्यक्त्व का उत्पाद होते समय निजध्रुवशुद्धात्मानुभव नहीं रहता'।'' इस अनुमान में 'मिथ्यादर्शन पर्याय है' यह साध्य है।

'मेरे इस जीव में सम्यग्दर्शन पर्याय है; क्योंकि मैं निजध्रुवशुद्धात्मानुभव करता हूँ।' इस अनुमान में 'सम्यग्दर्शन पर्याय है' यह साध्य है। इत्यादि

इसतरह साध्य गम्यपना से अंग यानी अवयव है।

(३) **साधन**– साधन गमकपना से अंग यानी अवयव है। जैसे–

'पर्वत पर अग्नि है; क्योंकि पर्वत पर धूम/धुआँ है।' इस अनुमान में 'धूम है' यह साधन गमकपना से अंग/अवयव है।

'इस शरीर में जीव है; क्योंकि उस शरीर पर उष्ण जल डालते ही वह रोने लगा।' इस अनुमान में 'वह रोने लगा अर्थात् वह दु:खी हुआ' यह साधन गमकपना से अंग है।

'इस शरीर में मेरा जीवद्रव्य है; क्योंकि मैं यानी अहं यानी स्वसंवेदन की मुझे प्रतीति होती है।' इस अनुमान में 'मैं यानी अहं यानी स्वसंवेदन की प्रतीति होती है' यह साधन गमकपना से अंग/अवयव है।

'इस जीव में ध्रुव है; क्योंकि क्रोधपर्याय है।' इस अनुमान में 'क्रोधपर्याय है' यह साधन गमकपना से अंग है।

'इस जीव में ध्रुव है; क्योंकि ज्ञानपर्याय है।' इस अनुमान में 'ज्ञानपर्याय है' यह साधन गमकपना से अंग है।

'इस जीव में मिथ्यादर्शन पर्याय है; क्योंकि वह कहता है कि- "अव्रती को प्रथमोपशम सम्यक्त्व का उत्पाद होते समय निजध्रुवशुद्धात्मानुभव नहीं रहता"।" इस अनुमान में 'वह कहता है कि- अव्रती को प्रथमोपशम सम्यक्त्व का उत्पाद होते समय निजध्रुवशुद्धात्मानुभव नहीं रहता' यह साधन गमकपना से अंग/अवयव है।

'मेरे इस जीव में सम्यग्दर्शन पर्याय है; क्योंकि मैं निजध्रुवशुद्धात्मानुभव करता हूँ।' इस अनुमान में 'मैं निजध्रुवशुद्धात्मानुभव करता हूँ' यह साधन गमकपना से अंग है। इत्यादि

इसतरह साधन गमकपना से अंग है।

आधारविशेषनिष्ठता से ही साध्य की सिद्धि करना अनुमान का प्रयोजन है।

लेकिन व्याप्ति के निर्णय के समय (काल) में धर्ममात्र (धर्मसामान्य) का सिद्धपना है। जैसे 'जहाँ-जहाँ धूमवानपना है, वहाँ-वहाँ अग्निमानपना है।' और अनुमान में विशिष्ट स्थान/धर्मी अथवा पक्ष में 'विशिष्ट साध्य' की सिद्धि की जाती है, जैसे विशिष्ट पर्वत पर अग्नि है और प्रत्यक्ष ज्ञान में विशिष्ट पर्वत पर विशिष्ट अर्थात् घास/काष्ठ/लकड़ी/कोयला आदि की अग्नि और अग्नि के ज्वालाओंका संस्थान, नील/पीत वर्ण आदि का ज्यादा (अनुमान से भी और विशेष) निर्णय है; उस तरह का विशेष निर्णय व्याप्ति/तर्क ज्ञान में नहीं इसलिये धर्ममात्र (धर्म के साधारण/सामान्य) का सिद्धपना है।

'जहाँ-जहाँ ज्ञानपर्याय है, वहाँ-वहाँ जीवद्रव्य है।' इस व्याप्ति के निर्णय के समय (काल) में धर्ममात्र (धर्मसामान्य) का सिद्धपना है। और अनुमान में विशिष्ट स्थान/धर्मी अथवा पक्ष में 'विशिष्ट साध्य' की सिद्धि की जाती है, जैसे– 'इस मेरे देह में (यह विशिष्ट स्थान है)', 'मेरा जीवद्रव्य है' (यह विशिष्ट साध्य है) इस विशिष्ट साध्य की सिद्धि की और प्रत्यक्ष ज्ञान में 'यह मैं एक ध्रुवशुद्धचिदात्मद्रव्य हूँ, अन्य (पर) कुछ नहीं' यह विशिष्ट निर्णय है; उस तरह का विशिष्ट निर्णय व्याप्ति/तर्कज्ञान में नहीं इसलिये धर्ममात्र (धर्म के साधारण/सामान्य) का सिद्धपना है।

'जहाँ-जहाँ शुद्धात्मानुभव ज्ञानपर्याय है, वहाँ-[illegible] सम्यग्दर्शन है' इस व्याप्ति के निर्णय के समय (काल) में धर्ममात्र (धर्मसामान्य) का सिद्धपना है। और [illegible]नुमान में विशिष्ट स्थान/धर्मी अथवा पक्ष में 'विशिष्ट साध्य' की सिद्धि की जाती है, जैसे– मेरे जीव में (यह विशिष्ट स्थान है), 'मुझे सम्यग्दर्शन है' (यह विशिष्ट साध्य है) इस विशिष्ट साध्य की सिद्धि की। इस तरह का विशिष्ट निर्णय व्याप्ति/तर्कज्ञान में नहीं, इसलिये धर्ममात्र (धर्मसामान्य) का सिद्धपना है।

'जहाँ-जहाँ सम्यग्दर्शन पर्याय है, वहाँ-वहाँ मिथ्यात्व-अनंतानुबंधिजनित मोहरागद्वेष नहीं है' इस व्याप्ति

के निर्णय के समय में धर्ममात्र (धर्मसामान्य) का सिद्धपना है। और अनुमान में विशिष्ट स्थान/धर्मी अथवा पक्ष में 'विशिष्ट साध्य' की सिद्धि की जाती है, जैसे– 'मेरे जीव में (यह विशिष्ट स्थान है),' 'मिथ्यात्व-अनंतानुबंधिजनित मोहरागद्वेष नहीं है' (यह विशिष्ट साध्य है) इस विशिष्ट साध्य की सिद्धि की गयी। इसतरह का विशिष्ट निर्णय व्याप्ति/तर्कज्ञान में नहीं, इसलिये धर्ममात्र (धर्मसामान्य) का सिद्धपना है।

'जहाँ-जहाँ द्रव्य है, वंहाँ-वहाँ ध्रुवशुद्ध जीव है,' इस व्याप्ति के निर्णय के समय में धर्ममात्र (धर्मसामान्य) का सिद्धपना है। अनुमान में विशिष्ट स्थान/धर्मी अथवा पक्ष में 'विशिष्ट साध्य' की सिद्धि की जाती है, जैसे– मेरे जीवद्रव्य में (यह विशिष्ट स्थान है), ध्रुवशुद्ध है (यह विशिष्ट साध्य है) इस विशिष्ट साध्य की सिद्धि की गयी। इसतरह का विशिष्ट निर्णय व्याप्ति/तर्कज्ञान में नहीं, इसलिये धर्ममात्र का सिद्धपना है।

संस्कृत पृष्ठ नं. ८९-९०, संस्कृत परिच्छेद नं. २७ →

अथवा स्वार्थानुमान के (१) पक्ष और (२) हेतु ये दो अंग (अवयव) है; क्योंकि साध्यधर्मविशिष्ट धर्मी को पक्षपना है। और इसतरह स्वार्थानुमान के धर्मी, साध्य और साधन के भेद से तीन अंग अथवा पक्ष और साधन के भेद से दो अंग है, यह सिद्ध हो गया; क्योंकि दोनों प्रकार के कथन शैली में विवक्षा का वैचित्र्य (भेद) है। जब स्वार्थानुमान के तीन अंग कथन किये जाते हैं, तब धर्मी और धर्म ऐसा भेद करके कथन करने की विवक्षा है और स्वार्थानुमान के दो अंग कथन किये जाते हैं, तब धर्मी और धर्म के समुदाय की विवक्षा है।

वह धर्मीपना से अभिमत प्रसिद्ध ही होती है। अभियुक्तवालों (विद्वानों) के द्वारा उस का कथन ऐसा किया है कि- 'धर्मी प्रसिद्ध होती है।' [परीक्षामुखसूत्र ग्रंथ अध्याय ३ रा, सूत्र नंबर २७]

विशेषार्थ– अथवा स्वार्थानुमान के (१) पक्ष/प्रतिज्ञा और (२) हेतु/साधन/लिंग ये दो अवयव है; क्योंकि साध्यधर्म से सहित धर्मी को प्रतिज्ञा अथवा पक्ष कहते हैं। जैसे– 'पर्वत अग्निमान है' इस प्रतिज्ञा या पक्ष या आस्था या संधा में 'अग्निरूप साध्यधर्म से सहित पर्वत यह धर्मी है।' अर्थात् अग्नि यह साध्यधर्म (साध्य) है और जहाँ साध्य सिद्ध किया जा रहा है वह स्थान यानी धर्मी पर्वत है।

'मैं सम्यग्दृष्टि हूँ' इस प्रतिज्ञा या पक्ष में सम्यग्दर्शनरूप साध्यधर्म से सहित मेरा जीव यह धर्मी है। इसतरह साध्यधर्मसहित धर्मी को पक्षपना/प्रतिज्ञापना है।

'मैं मोक्षमार्गस्थ हूँ' इस पक्ष में मोक्षमार्गरूप साध्यधर्मसहित मेरा जीव धर्मी है। इसतरह साध्यधर्मसहित मेरा जीव धर्मी है। इसतरह साध्यधर्मसहित धर्मी को पक्षपना/प्रतिज्ञापना है।

'मैं सुनिश्चितरूप से कार्यसिद्धपरमात्मा हो जाऊँगा' इस पक्ष में कार्यसिद्धपरमात्मा रूप साध्यधर्मसहित मेरा जीव धर्मी है। इसतरह साध्यधर्मसहित धर्मी को पक्षपना अथवा प्रतिज्ञापनारूप स्वार्थानुमान का अवयव हैं।

देखिये **समयसार 'जीवस्स णत्थि वण्णो' इत्यादि [आत्मख्याति के गाथा नं. ५० से ५५ तक] की श्री जयसेनाचार्यरचित तात्पर्यवृत्ति-** "एते वर्णादयो धर्मिणः शुद्धनिश्चयनयेन जीवस्य न सन्ति इति साध्यः धर्मः चेति धर्मधर्मिसमुदायलक्षणः पक्षः, आस्था, संधा, प्रतिज्ञा इति यावत् पुद्गलद्रव्यपरिणाममयत्वे सति शुद्धात्मानुभूतेः भिन्नत्वात् इति हेतुः। एवं अत्र व्याख्याने पक्षहेतुरूपेण अंगद्वयं अनुमानं ज्ञातव्यम्।'

अर्थ– ये वर्णादि शुद्धनिश्चयनय से जीव के स्वरूप नहीं है; क्योंकि वे पुद्गलद्रव्यमय होने से शुद्धात्मानुभव से भिन्न हैं।

यह अनुमान है। इसमें 'जीव' यह धर्मी है और 'वे वर्णादि जीव के नहीं हैं' यह साध्य रूप धर्म है।

इसतरह साध्यरूप धर्म और साध्यरूप धर्म का आधारवाला धर्मी इन दोनों के समुदायलक्षणवाले को पक्ष अथवा आस्था अथवा संधा अथवा प्रतिज्ञा कहते हैं। और 'पुद्गल-परिणाम होने से शुद्धात्मानुभूति से भिन्न हैं' यह हेतु है। इसतरह यहाँ व्याख्यान में पक्ष और हेतु ये दोनों अनुमान के अंग है। ऐसा जानो।

स्वार्थानुमान के तीन अथवा दो अंग हैं, ऐसा कथन करने में कुछ भी विरोध नहीं है। केवल कथन करने की शैली (पद्धति) में भेद है, लेकिन भावार्थ में भेद नहीं हैं।

स्वार्थानुमान में जो धर्मीपना से [यानी जो साध्य का आधार है, उसरूप से] अंग है, वह आधाररूप धर्मी प्रसिद्ध ही होता है, अप्रसिद्ध नहीं।

[धर्मी तीन प्रकार से प्रसिद्ध होता है, इसका निरूपण]

संस्कृत पृष्ठ नं. ९०, संस्कृत परिच्छेद नंबर २८-२९ →

धर्मी की प्रसिद्धि (१) कहीं तो प्रमाण से, (२) कहीं विकल्प से और (३) कहीं प्रमाण और विकल्प इन दोनों से होती है।

(१) प्रमाणसिद्धधर्मी – प्रत्यक्षादिक प्रमाणों में से किसी एक प्रमाण से धर्मी का निर्णय होना प्रमाणसिद्धधर्मी है।

(२) विकल्पसिद्धधर्मी – अनिश्चितप्रामाण्याप्रामाण्यप्रत्ययगोचरपना लक्षणवाला विकल्पसिद्धधर्मी हैं।

(३) प्रमाणविकल्पसिद्धधर्मी – जहाँ प्रमाण और विकल्प इन दोनों से धर्मी का निर्णय होना प्रमाणविकल्पसिद्धधर्मी है। उनमें से –

(१) प्रमाणसिद्धधर्मी का उदाहरण – धूमवानपना से अग्निमानपना साध्य रहने पर जहाँ अग्नि सिद्ध की जाती है, वह 'पर्वत' प्रत्यक्ष ज्ञान से जाना जाता है। यहाँ 'पर्वत' यह प्रमाणसिद्धधर्मी का उदाहरण है।

(२) विकल्पसिद्धधर्मी का उदाहरण –

(A) 'सर्वज्ञ है; क्योंकि सुनिश्चित-असंभवद्बाधकप्रमाण है' ऐसा अस्तित्वरूप साध्य रहनेपर 'सर्वज्ञ' यह विकल्पसिद्धधर्मी है। अथवा

(B) खरविषाण (गधे के सींग) नहीं है, ऐसा नास्तित्वरूप साध्य रहनेपर 'खरविषाण' यह विकल्पसिद्धधर्मी है।

सर्वज्ञ का सद्भाव सिद्ध करने के पहले प्रत्यक्षादि प्रमाण से सर्वज्ञ सिद्ध नहीं है, लेकिन प्रतीतिमात्र से 'सर्वज्ञ' सिद्ध है; इसलिये 'सर्वज्ञ' यह विकल्पसिद्धधर्मी है। और खरविषाण का भी अभाव (नास्तित्व) सिद्ध करने के पहले (प्रतीतिमात्र से) खरविषाण सिद्ध है; इसलिये 'खरविषाण' यह भी विकल्पसिद्धधर्मी है।

(३) उभयसिद्धधर्मी [प्रमाणविकल्पसिद्धधर्मी] का उदाहरण- 'शब्द परिणामी है, क्योंकि कृतकपना है' यहाँ 'शब्द' यह उभयसिद्धधर्मी का उदाहरण है। वर्तमान का शब्द प्रत्यक्षगम्य है और भूतकाल के तथा भविष्यकाल के शब्द विकल्पगम्य हैं। वे सभी शब्द धर्मी होने से प्रमाणविकल्पसिद्ध [उभयसिद्ध] धर्मी हैं।

प्रमाणसिद्धधर्मी और उभयसिद्धधर्मी इन दोनों धर्मियों के साध्य में कामचार [यथेच्छ यानी उनमें कोई नियम नहीं ऐसा] है। लेकिन विकल्पसिद्धधर्मी रहनेपर सद्भाव अथवा अभाव ये दो प्रकार के ही साध्य होते हैं; ऐसा नियम है।

परीक्षामुखसूत्रग्रन्थ में ऐसा कहा है कि- 'विकल्पसिद्धधर्मी रहनेपर (१) सत्ता और (२) असत्ता ये दो प्रकार के साध्य होते हैं। [३-२८]'

विशेषार्थ- साध्य के आधार को धर्मी कहते हैं। उस धर्मी की प्रसिद्धि के तीन प्रकार हैं- (१) प्रमाणप्रसिद्धधर्मी, (२) विकल्पसिद्धधर्मी और (३) प्रमाणविकल्पसिद्धधर्मी।

(१) प्रमाणप्रसिद्धधर्मी- प्रत्यक्षादिक ज्ञानों में से किसी ज्ञान के द्वारा धर्मी का निर्णय होना प्रमाणसिद्धधर्मी है। जैसे- 'इस पर्वत पर अग्नि है, क्योंकि उस पर्वत पर धूम है।' इस अनुमान में 'पर्वत' यह प्रत्यक्ष ज्ञान से जाना। इसलिये 'पर्वत' यह प्रमाणप्रसिद्धधर्मी है।

'बाजू के मकान में दूध जल गया है, क्योंकि उस मकान से विशिष्ट गंध आती है।' इस अनुमान में 'मकान' यह प्रत्यक्ष ज्ञान से जाना। इसलिये 'मकान' यह प्रमाणप्रसिद्धधर्मी है।

'इस शरीर में जीव है; क्योंकि उसको भय हो रहा है।' इस अनुमान में 'शरीर' यह प्रत्यक्ष ज्ञान से जाना। इसलिये 'शरीर' यह प्रमाणप्रसिद्धधर्मी है।

'मेरे शरीर में जीव है; क्योंकि मेरे में 'अहं' यानी मैं यानी स्वसंवेदन है।' इस अनुमान में 'मेरा शरीर' यह प्रत्यक्ष ज्ञान से जाना। इसलिये 'मेरा शरीर' यह प्रमाणप्रसिद्धधर्मी है।

'मेरे जीव में ज्ञानगुण है; क्योंकि मेरे में ज्ञानपर्याय (जानने की क्रिया) है।' इस अनुमान में मेरा जीव प्रत्यक्ष ज्ञान से (अथवा परोक्ष ज्ञान से) जाना। इसलिये 'मेरा जीव' यह प्रमाणप्रसिद्धधर्मी है।

'मेरे जीव में ध्रुवशुद्धज्ञानानंद है; क्योंकि मेरे जीव में अशुद्धपर्याय है।' इस अनुमान में 'मेरा जीव' प्रत्यक्ष ज्ञान से अथवा परोक्ष ज्ञान से जाना। इसलिये 'मेरा जीव' यह प्रमाणप्रसिद्धधर्मी है।

'मेरे जीव में सम्यग्दर्शन पर्याय है; क्योंकि मैं शुद्धात्मानुभव करता हूँ।' इस अनुमान में 'मेरा जीव' प्रत्यक्ष ज्ञान से जाना। इसलिये 'मेरा जीव' यह प्रमाणप्रसिद्धधर्मी है। इत्यादि।

(२) विकल्पसिद्धधर्मी- जिसके प्रामाण्य अथवा अप्रामाण्य का निर्णय नहीं हुआ, ऐसे ज्ञान से जहाँ धर्मी की सिद्धि होती है; उसे विकल्पसिद्धधर्मी कहते हैं। जैसे-

(A) 'सर्वज्ञ है; क्योंकि सर्वज्ञ के सद्भाव के बाधक प्रमाणों का अभाव सुनिश्चित है।' (अर्थात् सर्वज्ञ के अस्तित्व को बाधा देनेवाला कोई प्रमाण नहीं है।) यहाँ सर्वज्ञ का सद्भाव सिद्ध करने में 'सर्वज्ञ' यह विकल्पसिद्धधर्मी है। क्योंकि सर्वज्ञ का सद्भाव सिद्ध करने के पहले प्रत्यक्षादिक किसी भी ज्ञान के द्वारा सर्वज्ञ को नहीं जाना है, इसलिये केवल कल्पना से सिद्ध है। इसलिये 'सर्वज्ञ' यह विकल्पसिद्धधर्मी है।

(B) 'खरविषाण (गधे की सींग) नहीं है; क्योंकि उसको सिद्ध करनेवाले ज्ञान का अभाव सुनिश्चित है।' इस अनुमान में 'खरविषाण' यह विकल्पसिद्धधर्मी है। क्योंकि खरविषाण का अभाव सिद्ध करने के पहले कल्पना से खरविषाण सिद्ध है।

'शशविषाण (खरगोश को सींग) नहीं है; क्योंकि उसको सिद्ध करनेवाले प्रमाण का सुनिश्चित अभाव है।' इस अनुमान में 'शशविषाण' यह विकल्पसिद्धधर्मी है। क्योंकि शशविषाण का अभाव सिद्ध करने के पहले कल्पना से शशविषाण सिद्ध है।

(३) प्रमाणविकल्पसिद्धधर्मी- जहाँ प्रमाण और कल्पना इन दोनों से धर्मी का जानना होता है वह प्रमाणविकल्पसिद्धधर्मी है। जैसे- 'शब्द अपरिणामी है, क्योंकि कृतकपना है।' इस अनुमान में 'शब्द' यह प्रमाणविकल्पसिद्धधर्मी है। क्योंकि वर्तमानकालीन शब्द को प्रत्यक्ष ज्ञान से जाना और भूत तथा भविष्यकालीन शब्दों की कल्पना की गयी।

जब विकल्पसिद्धधर्मी होती है, तब (१) सद्भाव/सत्ता और (२) अभाव ये दो प्रकार के ही साध्य होते

हैं, अन्य प्रकार के साध्य नहीं होते हैं; ऐसा नियम है।

लेकिन वैसा नियम प्रमाणसिद्धधर्मी तथा प्रमाणविकल्पसिद्धधर्मी के साध्य के बारे में नहीं है।

संस्कृत पृष्ठ नं. ९०-९१, संस्कृत परिच्छेद नं. ३०→

इसप्रकार परोपदेशरहित स्वयं जाने गये साधन से धर्मिनिष्ठता के साथ साध्य के बारे में जो विज्ञान होता है, वह स्वार्थानुमान है; यह सिद्ध हो गया। ऐसा कहा गया है कि– परोपदेश का अभाव रहने पर भी साधन से साध्य का जो ज्ञान द्रष्टा को होता है, उसको स्वार्थानुमान कहते हैं।

विशेषार्थ– इस तरह दूसरे के उपदेश के बिना स्वयं अपने द्वारा जाने गये साधन से धर्मी के आधेयरूप रहनेवाले साध्य के बारे में जो अपने को ज्ञान होता है, वह स्वार्थानुमान है; यह सिद्ध हो गया। जैसे– दूसरे के उपदेश के बिना रमेश ने 'पर्वत पर धूम है' ऐसा देखा और रमेश ने स्वयं विचार किया कि,– 'पर्वत पर धूम हैं, इसलिये पर्वत पर अग्नि है।' यह स्वार्थानुमान है, परार्थानुमान नहीं है क्योंकि रमेश को किसी दूसरे व्यक्ति ने उपदेश नहीं किया था।

ॐ! भो भव्य जीवो! आप अव्रती हो तो भी मूलभूत वस्तुस्वरूप को जानकर शुद्धात्मानुभव कर, उससे अपने सम्यग्दर्शन का निर्णय कीजिए, अपने सम्यक्-आनंद का निर्णय कीजिए, अपने मोक्षमार्ग का निर्णय कीजिए और अपने मोक्ष का/शाश्वत आनंद का निर्णय कीजिए।

[परार्थानुमान]

संस्कृत पृष्ठ नं. ९०-९१, संस्कृत परिच्छेद नं. ३१→

परोपदेश की अपेक्षा लेकर जो साधन से साध्य का ज्ञान होता है; वह परार्थानुमान है। इसका यह अर्थ है कि– प्रतिज्ञाहेतुरूप परोपदेशवश से श्रोता को साधन से साध्य का जो ज्ञान उत्पन्न होता है, वह परार्थानुमान है। जैसे– 'यह पर्वत अग्निवाला है, ऐसा सिद्ध होने योग्य है; क्योंकि धूमवानपना उसके बिना दिखाई नहीं देता है' ऐसा किसी पर के द्वारा वाक्यप्रयोग/उपदेश/कथन करने पर, उस के अर्थ का विचार करने से स्मृतिव्याप्तिक श्रोता को अनुमान ज्ञान उत्पन्न हो जाता है।

विशेषार्थ– जैसे देवदत्त ने कहा कि, 'इस पर्वत पर धूम (धुआँ) दिखाई देता है, इसलिये इस पर्वत पर अग्नि है।' इसकी अपेक्षा लेकर सुननेवाले रमेश को धूम साधन से अग्नि साध्य का जो ज्ञान उत्पन्न होता है, यह परार्थानुमान है।

अशोक ने कहा कि,– 'यह आम है, इसलिये वृक्ष है।' इस वाक्य को सुननेवाले हिरालाल को आम साधन से वृक्ष/पेड़ साध्य का जो ज्ञान होता है, यह परार्थानुमान है।

शांतिलाल वैद्य ने कहा कि, 'यह जानता है, इसलिये इस पैदा हुए देह में जीव है।' इस वाक्य को सुननेवाले त्रिशला को परार्थानुमान हो गया कि– 'जाननेवाली क्रिया इसमें होती है, इसलिये इस देह में जीव है।'

साधू ने कहा कि,– 'इस अग्नि में वर्णगुण है, इसलिये इस अग्नि में रसगुण है।' इस वाक्य को सुनकर श्रोता को वर्णगुण साधन से अग्नि के रसगुण साध्य का जो ज्ञान हो गया, यह परार्थानुमान है।

अजित ने कहा कि,– 'इस वायु में स्पर्शगुण है, इसलिये इस वायु में रसगंधवर्णगुण है।' इस वाक्य को सुनकर रतिलाल को स्पर्शगुण साधन से रसगंधवर्ण साध्य का जो ज्ञान हो गया, यह परार्थानुमान है।

जहाँ परिणमन/पर्याय है, वहाँ ध्रुवद्रव्य है और जहाँ ध्रुवद्रव्य है, वहाँ पर्याय है। साधु ने कहा कि,– 'उस चींटी में जानने की क्रिया होती है, इसलिये चींटी में ध्रुवशुद्धात्मा है।' इस वाक्य को सुनकर अव्रती गृहस्थ

रमणलाल को– 'उस चींटी में जानने की क्रिया होती है, इसलिये चींटी में ध्रुवशुद्धात्मा है,' यह परार्थानुमान हो गया ।

जहाँ परिणमन/पर्याय है, वहाँ ध्रुवशुद्धपरिणामिकभाव है। साधु ने कहा कि,– 'इस अव्रती रमणलाल में क्रोधपर्याय है, इसलिये अव्रती रमणलाल में ध्रुवशुद्धात्मा है।' इस वाक्य को सुनकर अव्रती गृहस्थ रमणलाल को 'अपने में अशुद्धपर्याय (क्रोधपर्याय) है, इसलिये मेरे में ध्रुवशुद्धात्मा है' यह परार्थानुमान हो गया।

मतिश्रुतावधिमनःपर्ययज्ञान के धारक श्री गणधराचार्यजी ने कहा कि,– 'इस अव्रती पवनलाल ने शुद्धात्मानुभव किया है, इसलिये इस अव्रती पवनलाल को सम्यग्दर्शन है।' इस उपदेश को सुनकर अव्रती पवनलाल को 'मैंने शुद्धात्मानुभव किया है, इसलिये मुझे सम्यग्दर्शन है' यह अनुमान हो गया। पवनलाल को जो अनुमान ज्ञानपर्याय उत्पन्न हो गयी, वह परार्थानुमान है।

मतिश्रुतावधिमनःपर्ययज्ञान के धारक श्री गणधराचार्यजी ने आगे कहा कि,– "इस अव्रती पवनलाल को शुद्धात्मानुभव है, क्योंकि इस पवनलाल को एकत्वविभक्तनिजध्रुवशुद्धात्मा के संबंधी प्रामाण्यसहित प्रत्यक्ष ज्ञान के 'ज्ञानावरण द्रव्यकर्म का क्षयोपशम हो गया है' यह हम विकलपारमार्थिकप्रत्यक्षज्ञान से [अवधिज्ञान से] जानते हैं। क्योंकि द्रव्यकर्म पुद्गल होने से अवधिज्ञान का विषय है।"

श्री जयसेनाचार्यजी कहते हैं कि,–

[समयसार आत्मख्याति गाथा नं. १७७-१७८ की तात्पर्यवृत्ति]

संस्कृत	हिंदी	
"रागद्वेषमोहाः सम्यग्दृष्टेः न भवन्ति; [पक्ष/प्रतिज्ञा]	'सम्यग्दृष्टि [चतुर्थादि गुणस्थानवर्ती] को रागद्वेषमोह नहीं हैं [अर्थात् सम्यग्दृष्टि (चतुर्थादि गुणस्थानवर्ती सम्यग्दृष्टि) वीतरागी है];	यह पक्ष यानी प्रतिज्ञा है। और
सम्यग्दृष्टित्वान्यथानुपपत्तेः इति हेतुः।"	क्योंकि सम्यग्दृष्टित्व है, यह अन्यथानुपपत्तिलक्षणवाला हेतु है।'	यह हेतु है।

इस अनुमान वाक्य (श्री आचार्य जयसेन द्वारा दिये हुए प्रतिज्ञा-हेतुरूप उपदेश) को जानकर आपको साधन/हेतु [अर्थात् चतुर्थ गुणस्थानवर्ती में सम्यग्दर्शन है इस हेतु/साधन] से साध्य [चतुर्थ गुणस्थानवर्ती में 'रागद्वेषमोह नहीं हैं', इस साध्य] का जो अनुमान ज्ञान उत्पन्न होता है, यह परार्थानुमान है।

अर्थात् 'प्रथमोपशम सम्यक्त्वी को चतुर्थ गुणस्थान में प्रथमोपशम सम्यग्दर्शन है, इसलिये प्रथमोपशम सम्यक्त्वी चतुर्थ गुणस्थानवर्ती में वीतरागता है' जो यह अनुमान ज्ञान आप को हो गया, वह परार्थानुमान है, क्योंकि आपने श्री आचार्य जयसेन के उपदेश से जाना है।

'क्षयोपशम सम्यक्त्वी को चतुर्थ गुणस्थान में क्षयोपशम सम्यग्दर्शन है, इसलिये क्षयोपशम सम्यक्त्वी चतुर्थ गुणस्थानवर्ती में वीतरागता है' जो यह अनुमान ज्ञान आप को हो गया, वह परार्थानुमान है, क्योंकि आपको श्री जयसेनाचार्यजी के उपदेश से ज्ञात हो गया।

'क्षायिक सम्यक्त्वी को चतुर्थ गुणस्थान में क्षायिक सम्यग्दर्शन है, इसलिये क्षायिक सम्यक्त्वी को चतुर्थ गुणस्थान में वीतरागता है' जो यह अनुमान ज्ञान आप को हो गया, वह परार्थानुमान है, क्योंकि आप को श्री जयसेनाचार्यजी के उपदेश से ज्ञात हो गया।

देखिये **समयसार 'रागो दोसो मोहो य'** इत्यादि [आत्मख्याति गाथा नं. १७७-१७८] गाथाओं की श्री जयसेनाचार्यरचित तात्पर्यवृत्ति [अध्यात्मयोगी प.पू. श्री. १०८ वीरसागरजी महाराजजी द्वारा किया गया 'समयसार'का भावानुवाद।]

[पृष्ठ नं. १९२-१९३] →

संस्कृत	हिन्दी		
तथाहि –	सम्यग्दृष्टि को अनंतानुबन्धि-क्रोधमानमायलोभमिथ्यात्वोदयजनित रागद्वेषमोह नहीं है (अर्थात् चतुर्थ गुणस्थानवर्ती जीव वीतरागी है)।		यह पक्ष यानी प्रतिज्ञा है।
अनन्तानुबन्धिक्रोधमानमायालोभ-मिथ्यात्वोदयजनिताः रागद्वेषमोहाः सम्यग्दृष्टेः न सन्ति इति पक्षः।			
कस्मात् ? इति चेत्,	क्योंकि		
केवलज्ञानाद्यनंतगुणसहितपरमा-त्मोपादेयत्वे सति	अध्यात्मभाषा से केवलज्ञानादि अनंतगुणसहित यानी निजध्रुवशुद्ध परमपारिणामिक-भाववाले आत्मा का शुद्धात्मानुभव चतुर्थ गुणस्थानवर्ती को है, उस समय (यह) हेतु है।	आगमभाषा से	
वीतरागसर्वज्ञप्रणीतषट्द्रव्यपंचा-स्तिकायसप्ततत्त्वनवपदार्थरुचिरूपस्य मूढत्रयादिपंचविंशतिदोषरहितस्य- " संवेओ णिव्वेओ णिंदा गरुहा य उवसमो भत्ती। वच्छल्लं अनुकंपा गुणट्ठ सम्मत्तजुत्तस्स॥ " इति गाथाकथित-लक्षणस्य चतुर्थगुणस्थानवर्तिसराग-सम्यक्त्वस्य अन्यथानुपपत्तेः इति हेतुः।		वीतरागसर्वज्ञ कथित ६ द्रव्य, ५ अस्तिकाय, ७ तत्त्व, ९ पदार्थ की रूचिरूप और मूढत्रयादि पच्चीस दोषरहित और संवेग, निर्वेद, निंदा, गर्हा, उपशम, भक्ति, वात्सल्य, अनुकम्पा इन आठ गुणों से सहित चतुर्थ गुणस्थानवर्ती को सम्यक्त्व है।	यह हेतु है।

श्री जयसेनाचार्यजी कहते हैं कि →

संस्कृत	हिन्दी	
[समयसार- 'परमाणुमित्तयंपि हु' इत्यादि गाथाओं की टीका (आत्मख्याति गाथा नं. २०१-२०२)]		
"किंच-रागी सम्यग्दृष्टिः न भवति इति भणितं भवद्भिः। तर्हि चतुर्थपंचमगुणस्थानवर्तिनः तीर्थंकरकुमारभरतसगररामपांडवादयः सम्यग्दृष्टयः न भवन्ति ? इति तत् न,	शंका–रागी जीव सम्यग्दृष्टि (शुद्धात्मानुभववाले) नहीं होते हैं। यदि ऐसा कहते हो तो चतुर्थ-पंचम–गुणस्थानवर्ती तीर्थंकर, भरत, सगर, राम और पांडव कुमार अवस्था में सम्यग्दृष्टि (शुद्धात्मानुभववाले) नहीं होते हैं?	
	समाधान– आप कहते हैं, ऐसा नहीं है यानी चतुर्थ-पंचम-गुणस्थानवर्ती जीव सम्यग्दृष्टि (शुद्धात्मानुभववाले) है;	यह पक्ष यानी प्रतिज्ञा है।
मिथ्यादृष्ट्यपेक्षया त्रिचत्वारिंशत्-प्रकृतीनां बंधाभावात् सरागसम्यग्दृष्टयः भवन्ति। कथं इति चेत्,	क्योंकि मिथ्यादृष्टि की अपेक्षासे ४३ प्रकृतियों के बंध का अभाव होने से सराग सम्यग्दृष्टि हैं।	यह हेतु है और
चतुर्थगुणस्थानवर्तिनां जीवानां अनंतानुबन्धिक्रोधमानमायालोभ-मिथ्यात्वोदयजनितानां पाषाणरेखादि-समानानां रागादीनां अभावात्।"	चतुर्थ गुणस्थानवर्ती जीव सम्यग्दृष्टि हैं; क्योंकि चतुर्थ गुणस्थानवर्ती जीवों को अनंतानुबंधिक्रोधमानमायालोभ-मिथ्यात्वोदयजनित पाषाणरेखादि के समान रागादि का अभाव है।	यह पक्ष यानी प्रतिज्ञा है यह हेतु है।

[चतुर्थ गुणस्थान में आगे की ४३ प्रकृतियों का संवर (बंध का अभाव) है – (१) मिथ्यात्व, (२) हुंडकसंस्थान, (३) नपुंसकवेद, (४) असंप्राप्तासृपाटिका संहनन, (५) एकेन्द्रिय, (६) स्थावर, (७) आतप, (८) सूक्ष्म, (९) अपर्याप्त, (१०) साधारण, (११) द्वीन्द्रिय, (१२) त्रीन्द्रिय, (१३) चतुरिन्द्रिय, (१४) नरकगति, (१५) नरकगत्यानुपूर्वी, (१६) नरकायु, (१७) अनंतानुबंधी क्रोध, (१८) अनंतानुबंधी मान, (१९) अनंतानुबंधी माया, (२०) अनंतानुबंधी लोभ, (२१) स्त्यानगृद्धि, (२२) निद्रानिद्रा, (२३) प्रचलाप्रचला, (२४) दुर्भग (२५) दुःस्वर, (२६) अनादेय, (२७) न्यग्रोधपरिमंडलसंस्थान, (२८) स्वातिसंस्थान, (२९) कुब्जकसंस्थान, (३०) वामनसंस्थान, (३१) वज्रनाराचसंहनन, (३२) नाराचसंहनन, (३३) अर्धनाराचसंहनन, (३४) कीलितसंहनन, (३५) अप्रशस्तविहायोगति, (३६) स्त्रीवेद, (३७) नीचगोत्र, (३८) तिर्यंचगति, (३९) तिर्यंचगत्यानुपूर्वी, (४०) उद्योत, (४१) तिर्यंच आयु, (४२) आहारक और (४३) आहारकमिश्र इन ४३ प्रकृतियों के बंध का अभाव चतुर्थ गुणस्थान में है।]

इस अनुमान वाक्य (श्री आचार्य जयसेन द्वारा दिये हुए प्रतिज्ञा-हेतुरूप उपदेश) को जानकर आपको साधन/हेतु [अर्थात् चतुर्थ गुणस्थानवर्ती में अनंतानुबंधी क्रोधमानमायालोभमिथ्यात्व के उदय में होनेवाले रागद्वेषमोह का

अभाव है, इस हेतु] से साध्य [चतुर्थ गुणस्थानवर्ती में सम्यग्दर्शन है, इस साध्य] का जो अनुमान ज्ञान उत्पन्न होता है, यह परार्थानुमान है।

श्री जयसेनाचार्यजी कहते हैं कि →

संस्कृत	हिन्दी	
[समयसार 'सव्वे पुव्वणिबद्धा' इत्यादि गाथा की टीका → (आत्मख्याति गाथा नं. १७३ से १७६)]		
"...सम्यग्दृष्टिः अबंधकः भणितः इति। किंच विस्तरः, मिथ्यादृष्ट्यपेक्षया चतुर्थगुणस्थाने सरागसम्यग्दृष्टिः त्रिचत्वारिंशत् प्रकृतीनां अबंधकः। ...निश्चयेन तु वीतरागस्वसंवेदनलक्षणं च इति।..."	...सम्यग्दृष्टि अबन्धक है, ऐसा कहा गया है। इसका विस्तार यह है कि चतुर्थ गुणस्थानवर्ती अव्रती सम्यग्दृष्टि अबंधक हैं; क्योंकि आगमभाषा से मिथ्यादृष्टि की अपेक्षा से ४३ प्रकृतियों का अबंधक है और अध्यात्मभाषा से/निश्चयनय से वीतरागस्वसंवेदन चतुर्थ गुणस्थान में है। इत्यादि।	यह पक्ष यानी प्रतिज्ञा है। यह हेतु है, यह हेतु है।

इस अनुमान वाक्य (श्री आचार्य जयसेन द्वारा दिये हुए प्रतिज्ञाहेतुरूप उपदेश) को जानकर आपको साधन/हेतु [चतुर्थ गुणस्थान में मिथ्यात्वादि ४३ प्रकृतियों के बंध का अभाव है इस हेतु] से साध्य [चतुर्थ गुणस्थानवर्ती अबंधक है, इस साध्य] का जो अनुमान ज्ञान उत्पन्न होता है, यह परार्थानुमान है।

श्री जयसेनाचार्यजी कहते हैं कि →

संस्कृत	हिन्दी	
[समयसार 'उवभोगमिंदियेहिं' इत्यादि गाथा की टीका (आत्मख्याति गाथा नं. १९३)]		
"..... यः तु चतुर्थगुणस्थानवर्ती सरागसम्यग्दृष्टिः तस्य गौणवृत्त्या ग्रहणं, ...कथं इति चेत्? मिथ्यादृष्टेः सकाशात् असंयतसम्यग्दृष्टेः अनन्तानुबन्धिक्रोधमानमायालोभ-मिथ्यात्वोदयजनिताः..... रागादयः न सन्ति। किंच सम्यग्दृष्टेः संवरपूर्विका निर्जरा भवति, मिथ्यादृष्टेः तु गजस्नानवत् बंधपूर्विका भवति, तेन कारणेन मिथ्यादृष्ट्यपेक्षया सम्यग्दृष्टिः अबंधकः इति।"	जो चतुर्थ गुणस्थानवर्ती अव्रती सम्यग्दृष्टि है, उसकी गौणता यानी जघन्यता अर्थात् अल्पता से ग्रहण करना, क्योंकि मिथ्यादृष्टि की अपेक्षासे असंयत सम्यग्दृष्टि को अनंतानुबंधिक्रोधमानमाया-लोभमिथ्यात्वोदयजनित रागादि नहीं हैं। इसलिये अव्रती सम्यग्दृष्टि चतुर्थ गुणस्थानवर्ती को संवरपूर्वक निर्जरा है, लेकिन मिथ्यादृष्टि की गजस्नान (हाथी के स्नान के) समान बंधपूर्वक निर्जरा है, इसलिए मिथ्यादृष्टि की अपेक्षा से अव्रती सम्यक्त्वी अबंधक है।	यह पक्ष यानी प्रतिज्ञा है। यह हेतु है

इस अनुमान वाक्य (श्री आचार्य जयसेन द्वारा दिये हुए प्रतिज्ञा-हेतुरूप उपदेश) को जानकर आपको साधन/हेतु से साध्य का जो अनुमान ज्ञान उत्पन्न होता है, यह परार्थानुमान है।

श्री कुंदकुंदाचार्यजी कहते हैं कि →

प्राकृत	हिन्दी	
[नियमसार गाथा नं. ५३] **" सम्मत्तस्स णिमित्तं जिणसुत्तं तस्स जाणया पुरिसा। " अंतरहेऊ भणिदा**	(१) जिनसूत्र और (२) उसको जाननेवाले पुरुषों के अंतरंग अभिप्राय इन दोनों को सम्यक्त्व के निमित्त है, ऐसा कहा गया है [जैसे (१) जिनसूत्र और (२) दो चारण ऋद्धिधारी मुनियों के अंतरंग अभिप्राय ये सिंह को प्राप्त हो गये सम्यग्दर्शन के निमित्त है, ऐसा कहा गया है]	यह पक्ष यानी प्रतिज्ञा है ।
दंसणमोहस्स खयपहुदी ॥५३॥	क्योंकि दर्शनमोह के उपशम/क्षयोपशम/क्षय प्रभृति हैं। [क्योंकि सिंह को प्रथमोपशम सम्यग्दर्शन हो गया। बाद में क्षयोपशम सम्यग्दर्शन हो गया ।]	यह हेतु है।

इस अनुमान वाक्य (श्री आचार्य कुंदकुंद द्वारा दिये हुए प्रतिज्ञा-हेतुरूप उपदेश) को जानकर आपको साधन/हेतु [दर्शनमोह का उपशम अथवा क्षयोपशम अथवा क्षय है, इस हेतु] से साध्य [(१) जिनसूत्र और (२) उस को जाननेवाले पुरुषों के अंतरंग अभिप्राय इन दोनों को सम्यक्त्व के निमित्त हैं, इस साध्य] का जो अनुमान ज्ञान उत्पन्न होता है, यह परार्थानुमान है ।

श्री पद्मप्रभमलधारिदेवजी कहते हैं कि →

संस्कृत	हिन्दी	
[नियमसार गाथा नं. ५३ की टीका] **" अस्य सम्यक्त्वपरिणामस्य बाह्यसहकारिकारणं वीतरागसर्वज्ञमुख-कमलविनिर्गतसमस्तवस्तुप्रतिपादन-समर्थद्रव्यश्रुतमेव तत्त्वज्ञानं इति । ये मुमुक्षवः तेऽपि उपचारतः पदार्थनिर्णयहेतुत्वात् अंतरंगहेतवः इति उक्ताः;**	इस सम्यक्त्वपरिणाम के एक बाह्य सहकारि-कारण वीतरागसर्वज्ञमुखकमलविनिर्गत-समस्तवस्तुप्रतिपादनसमर्थ द्रव्यश्रुत ही तत्त्वज्ञान है और दूसरा बाह्य सहकारिकारण जो मुमुक्षु हैं वे भी उपचार से पदार्थनिर्णयहेतुपना से उन सम्यग्ज्ञानी मुमुक्षुओं के अंतरंग अभिप्राय है। ऐसा कहा गया है [जैसे- (१) जिनसूत्र और (२) दो चारणऋद्धिधारी मुनियों के अंतरंग अभिप्राय सिंह को प्राप्त हो गये सम्यग्दर्शन के ये बाह्य निमित्तकारण हैं, ऐसा कहा गया है]।	यह पक्ष यानी प्रतिज्ञा है ।
दर्शनमोहनीयकर्मक्षयप्रभृतेः सकाशात् इति। "	क्योंकि दर्शनमोहनीय कर्म के उपशम/क्षयोपशम/क्षय प्रभृति हैं [क्योंकि सिंह को प्रथमोपशम सम्यग्दर्शन हो गया, बाद में क्षयोपशम सम्यग्दर्शन हो गया] ।	यह हेतु है।

इस अनुमान वाक्य (श्री पद्मप्रभमलधारिदेव द्वारा दिये हुए प्रतिज्ञा-हेतुरूप उपदेश) को जानकर आपको साधन/हेतु [दर्शनमोह का उपशम अथवा क्षयोपशम अथवा क्षय है, इस हेतु] से साध्य [(१) जिनसूत्र और (२) उस जाननेवाले पुरुषों के अंतरंग अभिप्राय इन दोनों को सम्यक्त्व का निमित्त कहा हैं, इस साध्य] का जो अनुमान ज्ञान उत्पन्न होता है, यह परार्थानुमान है ।

शंका – परार्थानुमान का जीवन में क्या लाभ है ?

समाधान – (१) व्याधि/बीमारी का निर्णय करने में और वैद्यकीय शास्त्र पढ़ाने में उपयोगी है।

(२) कब बरसात होगी, यह निर्णय करने के लिये उपयोगी है।

(३) गर्भ में पुत्र है अथवा कन्या है, इसका निर्णय करने के लिये उपयोगी है।

(४) खेती का शास्त्र पढ़ाने में उपयोगी है।

(५) यंत्र/मशिनरी के शास्त्र पढ़ाने में उपयोगी है।

(६) रासायनिक/केमिकल शास्त्र पढ़ाने में उपयोगी है।

(७) जलपर्यटन/जलजहाज का शास्त्र पढ़ाने में उपयोगी है।

(८) भोजनादि पकाना आदि का शास्त्र पढ़ाने में उपयोगी है।

(९) हवाई जहाज/विमान शास्त्र पढ़ाने में उपयोगी है।

(१०) अनेक प्रकार के लौकिक शास्त्र के लिये उपयोगी है।

(११) सम्यक्-आनंद का निर्णय कराने के लिये उपयोगी है।

(१२) सम्यक्-भोग्य विषय का निर्णय कराने के लिये उपयोगी है।

(१३) सम्यक् भोग लेने के सम्यक्-साधन का निर्णय कराने के लिये उपयोगी है।

(१४) सम्यग्दर्शन का निर्णय कराने के लिये उपयोगी है।

(१५) सम्यक् मोक्षमार्ग का निर्णय कराने के लिये उपयोगी है।

(१६) सम्यक् मोक्ष का निर्णय कराने के लिये उपयोगी है।

(१७) क्षयोपशम सम्यग्दर्शन के सद्भाव में सविकल्प अवस्था में सम्यक्प्रकृति का उदय रहता है, इसलिये कभी-कभी दूसरे को सम्यग्दर्शन के बारे में शंका, कांक्षा के विकल्प अथवा विचार-तरंग उत्पन्न होते हैं तब परार्थानुमान के द्वारा दूसरे के शंका, कांक्षा का समाधान किया जाता है।

(१८) दूसरे का स्थितिकरण करने/कराने के लिये परार्थानुमान उपयोगी होता है।

(१९) सल्लेखना के समय दूसरों को समझाने के लिये निर्यापक आचार्य अनुमान का उपयोग करते/कराते है।

(२०) इत्यादि।

शंका – यहाँ इस नगर में कोई केवलज्ञानी/सर्वज्ञ, अथवा मनःपर्ययज्ञानी अथवा सम्यक् अवधिज्ञानी नहीं है, इसलिये दूसरे के शुद्धात्मानुभव पर्याय को हम अर्थात् सम्यक् मतिश्रुतज्ञानी नहीं जानते, तब हम दूसरे का स्थितिकरण कैसे कर सकते हैं ?

समाधान – जिसका स्थितिकरण करना है, उस जीव से (रमेश से) आप (दिनकर) पूछो कि, –

(१) भो ! (रमेश !) आप ६ द्रव्य के नाम और लक्षण जानते हो या नहीं जानते हो ?

(२) भो ! (रमेश !) यदि आप ६ द्रव्य के (a) सामान्यगुण (b) विशेषगुण और (c) उनकी पर्यायों को जानते हो तो उसमें से जीवद्रव्य को अलग करके विचार में (ज्ञान में/जानने में) ले लीजिए।

(३) भो! (रमेश!) अब उन अनंत जीवों में से अपने असंख्यांत प्रदेशवाले अस्तित्वज्ञानादि गुणवाले जीव को जानने में [ज्ञान में/विचार में] ले लीजिए।

(४) भो! (रमेश!) अब उस अपने अनंतगुणों के पिण्ड को जानने में [ज्ञान/विचार में] ले लीजिए।

(५) भो! (रमेश!) अब इस अपने एकत्वविभक्त निजध्रुवात्मा को आपने जाना तो पर्यायें और परद्रव्यें गौण (तिरोभूत) हो गयी।

(६) भो! (रमेश!) आप पर्यायरूप से जानते हो तो गुणों को और द्रव्य को गौण किया।

(७) भो! (रमेश!) आप ७ तत्त्व, ९ पदार्थ, निश्चयनय, व्यवहारनय, उपादान, निमित्त, अनेकांत, स्याद्वाद इत्यादि मूलभूत वस्तुस्वरूप जानते हो क्या?

(८) भो! (रमेश!) आपके ध्रुवशुद्धचिदानंदात्मा के बारे में आपको संशय, विपरीत, अनध्यवसाय, अज्ञान है क्या?

(९) भो! (रमेश!) आपके ध्रुवचिदानंदात्मा के बारे में आपको संशय, विपरीत, अनध्यवसाय, अज्ञान नहीं तो फिर विषय के बारे में भूल नहीं। अब निजध्रुवशुद्धचिदानंदात्मा को जानने के परोक्ष ज्ञानसाधन और प्रत्यक्ष ज्ञानसाधन के लक्षण मालूम है क्या?

(१०) भो! (रमेश!) आपको परोक्ष ज्ञानसाधन और प्रत्यक्ष ज्ञानसाधन के योग्य लक्षण मालूम है तो उन प्रकारों से जानकर प्रयोग कीजिए।

(११) भो! (रमेश!) आपने निजध्रुवशुद्धचिदानंदात्मा को परोक्ष ज्ञान से और प्रत्यक्ष ज्ञान से जाना है। तो फिर अब अपने ध्रुवशुद्धात्मा को प्रत्यक्ष ज्ञान से जानो। आपको विषय के बारे में और प्रत्यक्ष ज्ञानसाधन के बारे में योग्य जानकारी है। अभी निजध्रुवशुद्धात्मा को प्रत्यक्ष ज्ञान से जानो।

(१२) भो! (रमेश!) अभी आपने अपने ध्रुवशुद्धज्ञानदर्शनानंदात्मा को प्रामाण्यसहित प्रत्यक्ष ज्ञान से जाना है तो उस समय कौनसी चिंता अथवा आकुलता हो गयी?

(१३) भो! (रमेश!) अभी आपने अपने ध्रुवशुद्धचिदानंदात्मा को प्रामाण्यसहित प्रत्यक्ष ज्ञान से जाना, तब उस समय कुछ भी चिंता अथवा आकुलता नहीं थी, इसलिये आप बुद्धिपूर्वक सम्यक् आनंदी थे अर्थात् सम्यक् फल प्राप्त हो गया। फिर से अभी निजध्रुवशुद्धात्मा को प्रत्यक्ष ज्ञान से जानो।

(१४) भो! (अव्रती रमेश!) अभी आपने अपने ध्रुवशुद्धात्मा को प्रामाण्यसहित प्रत्यक्ष ज्ञान से जाना, तब निजध्रुवशुद्धात्मा को छोड़कर अन्य किसी के बारे में निंदादिरूप अशुभभाव अथवा स्तवनादिरूप शुभभाव किये क्या?

(१५) भो! (अव्रती रमेश!) अभी आपने अपने ध्रुवशुद्धात्मा को प्रामाण्यसहित प्रत्यक्ष ज्ञान से जाना, तब अशुभ अथवा शुभ परिणाम नहीं किये, इसलिये शुद्धोपयोग किया।

देखिए प्रवचनसार गाथा नं. १८१–

'सुहपरिणामो पुण्णं' इत्यादि की श्री जयसेनाचार्यरचित तात्पर्यवृत्ति–

संस्कृत	हिन्दी
"अथ द्रव्यरूपपुण्यपापबंधकारणत्वात् शुभाशुभपरिणामयोः पुण्यपापसंज्ञां शुभाशुभरहितशुद्धोपयोगपरिणामस्य मोक्षकारणत्वं च कथयति–	द्रव्यरूपपुण्यपापबंधकारणपना होने से शुभाशुभ परिणामों की पुण्यपाप संज्ञा है और शुभाशुभरहित शुद्धोपयोगपरिणाम को मोक्षकारणपना है। [अर्थात् शुभाशुभ को मोक्षकारणपना नहीं है] ऐसा कहते हैं। [मोक्षकारणत्व यानी मोक्षमार्ग]
द्रव्यपुण्यबन्धकारणत्वात् शुभपरिणामः पुण्यं भण्यते।	द्रव्यपुण्यबन्धकारणपना से शुभपरिणाम पुण्य कहा जाता है।
द्रव्यपापबन्धकारणत्वात् अशुभपरिणामः पापं भण्यते।	द्रव्यपापबन्धकारणपना से अशुभपरिणाम पाप कहा जाता है।
केषु विषयेषु यः असौ शुभाशुभपरिणामः ?	**शंका**–जो यह शुभपरिणाम और जो यह अशुभपरिणाम है वे कौनसे विषय के बारे में विचार करने से होते हैं?
निजशुद्धात्मनः सकाशात् अन्येषु शुभाशुभबहिर्द्रव्येषु।	**समाधान**–निजध्रुवशुद्धात्मा को छोड़कर शुभाशुभ परद्रव्यों के बारे में विचार करने से वे शुभ-अशुभ परिणाम होते हैं।
परिणामः न अन्यगतः अनन्यगतः स्वस्वरूपस्थः इत्यर्थः।	जो अन्यगत (अन्य का विचार करता) नहीं है, वह अनन्यगत परिणाम है अर्थात् स्वस्वरूपस्थ यानी निजध्रुवशुद्धज्ञानदर्शनात्मा का विचार है।
सः इत्थंभूतः शुद्धोपयोगलक्षणः परिणामः दुःखक्षयकारणं दुःखक्षयाभिधानमोक्षस्य कारणं भणितः।"	निजध्रुवशुद्धज्ञानदर्शनात्मा को प्रामाण्यसहित-प्रत्यक्ष ज्ञान से जानना ही शुद्धोपयोगलक्षणवाला परिणाम है। निजध्रुवशुद्धज्ञानदर्शनानंदात्मा को प्रामाण्यसंहित-प्रत्यक्ष ज्ञान से जानना ही दुःख के नाश/व्यय का कारण है अर्थात् दुःखक्षय नामक मोक्ष यानी सम्यक्-आनंद का क्रारण/साधन/ मार्ग है। ऐसा कहा गया है।

(१६) भो! (अव्रती रमेश!) जब आपने अपने ध्रुवशुद्धज्ञानदर्शनानंदात्मा को प्रामाण्यसहित प्रत्यक्ष ज्ञान से जाना, तब आपने अन्य किस वस्तु के बारे में बुद्धिपूर्वक आसक्ति (मोह) और राग अथवा द्वेष किया था क्या?

(१७) भो! (अव्रती रमेश!) आप कहते हैं कि,– 'स्वध्रुवशुद्धज्ञानदर्शनानंदात्मा को प्रामाण्यसहित प्रत्यक्ष ज्ञान से जाना तब उसी समय सम्यक्-आनंद मिल रहा था, इसलिये पर के बारे में आसक्ति/इच्छा नहीं थी और पर के बारे में राग (अनुराग/प्रेम) नहीं था और पर के बारे में द्वेष नहीं था, अर्थात् धन अथवा शरीर अथवा नामवारी के बारे में आसक्ति/इच्छा और राग अथवा द्वेष होता है वैसा परिणाम नहीं था।' इस आपके कथन से यह सिद्ध होता है कि, 'जब आप स्वध्रुवशुद्धज्ञानदर्शनानंदात्मा को प्रामाण्यसहित प्रत्यक्ष ज्ञान से जान रहे थे तब बुद्धिपूर्वक मोहरागद्वेष नहीं थे अर्थात् बुद्धिपूर्वक सम परिणाम था अर्थात् बुद्धिपूर्वक वीतराग परिणाम था।

देखिए समयसार गाथा नंबर १८६–

"सुद्धं तु वियाणंतो सुद्धमेवप्पयं लहदि जीवो।"

अर्थ– निजध्रुवशुद्धात्मा को जानने से जीव शुद्ध ही आत्मा को प्राप्त करता है।

देखिये परीक्षामुखसूत्र ग्रन्थ-अध्याय ५ वाँ, सूत्र नंबर १–

"अज्ञाननिवृत्तिः... ... उपेक्षाः च फलम्।"

भावार्थ– निजध्रुवशुद्धज्ञानदर्शनानंदात्मा के बारे में अज्ञान नाश होता है अर्थात् निजध्रुवशुद्धज्ञानदर्शनानंदात्मा का प्रामाण्यसहित प्रत्यक्ष ज्ञान होता है, उसी समय उपेक्षा अर्थात् सम परिणामरूप फल होता है।

देखिए नियमसार गाथा नं. १०२–

"एगो मे सासदो अप्पा णाणदंसणलक्खणो।"

अर्थ– मेरा आत्मा एक शाश्वत ज्ञानदर्शनलक्षणवाला है।

यही कथन सामायिक पाठ में भी है।

इसलिये भो! **(अव्रती रमेश!)** आप निजध्रुवशुद्धज्ञानदर्शनानंदात्मा को प्रामाण्यसहित प्रत्यक्ष जानते थे तब बुद्धिपूर्वक सम परिणाम था।

(१८) **भो! (अव्रती रमेश!)** वस्तु का जो त्रैकालिक (त्रिकालवर्ती रहनेवाला) स्वभाव है, वह धर्म है **[वत्थुसहावो धम्मो]**। इसलिये स्वध्रुवशुद्धज्ञानदर्शनानंदात्मा ही आपका त्रिकालवर्ती (त्रैकालिक) स्वभाव अर्थात् धर्म है। जब आपने अपने ध्रुवशुद्धज्ञानदर्शनानंदात्मा को प्रामाण्यसहित प्रत्यक्ष ज्ञान से जाना यानी प्रकाशन किया अर्थात् स्वसमयप्रवृत्ति हो गयी अर्थात् निजध्रुवशुद्धज्ञानदर्शनानंदात्मा [स्वरूप] में चरण हो गया अर्थात् आपका सम परिणाम हो गया। **[स्वरूपे चरणं चारित्रम्।]** वह सम परिणाम/पर्याय ही पर्यायार्थिकनय से धर्म है। **भो अव्रती रमेश!** आपकी पर्याय में दर्शनमोह नहीं है अर्थात् सम्यग्दर्शन है और अनंतानुबंधिमिथ्यात्वोदयजनितरागद्वेष नहीं है अर्थात् वीतरागचारित्र है। देखिये **प्रवचनसार - गाथा नं. ७–**

चारित्तं खलु धम्मो धम्मो जो सो समो त्ति णिद्दिट्ठो।
मोहक्खोहविहीणो परिणामो अप्पणो हु समो॥७॥

अर्थ– 'चारित्र वास्तव में धर्म है, जो धर्म है वह सम परिणाम है और आत्मा का मोहक्षोभरहित परिणाम ही सम परिणाम है' ऐसा निर्देश किया गया है।

[चारित्र = धर्म
धर्म = सम
सम = मोहरागद्वेषरहित आत्मा का परिणाम
सम = चारित्र (चारित्र आत्मा का परिणाम है)।
∴ चारित्र = धर्म = सम]

(११) भो! (अव्रती रमेश!) वस्तु का जो त्रिकालवर्ती रहनेवाला स्वभाव है, वह उसका शाश्वत धर्म है। आप जीववस्तु हैं। आपका ध्रुवशुद्धज्ञानदर्शनानंदात्मा आपका स्वभाव है, वह ध्रुवशुद्धज्ञानदर्शनानंदात्मा आपका शाश्वत धर्म है। जब आपने अपने ध्रुवशुद्धज्ञानदर्शनानंदात्मा को प्रामाण्यसहित प्रत्यक्ष ज्ञान से जाना, उसी समय आपकी सम्यक्-आनंद परिणति/पर्याय थी, वह परिणाम पर्यायार्थिकनय से क्षणिक धर्म है। वह सम्यक्-आनंद परिणाम ही सम्यक्-आनंदी जीना/जीवन है।

देखिए प्रवचनचार गाथा नं. ८–

.....।

तम्हा धम्मपरिणदो आदा धम्मो मुणेयव्वो ॥८॥

भावार्थ– .....अपने ध्रुवशुद्धज्ञानदर्शनानंदात्मा को प्रामाण्यसहित प्रत्यक्ष ज्ञान से जानना धर्मपरिणाम है।

देखिए **धवल–पुस्तक नंबर १, सूत्र नंबर ११५** की टीका में श्री वीरसेनाचार्यजी लिखते हैं कि–

"किं तद् ज्ञानकार्यं इति चेत्, तत्त्वार्थे रुचिः प्रत्ययः श्रद्धा चारित्रस्पर्शनं च।"

अर्थ–प्रश्न- उस ज्ञान का क्या कार्य है?

उत्तर– 'तत्त्वार्थ में रुचि, प्रत्यय, श्रद्धा और चारित्र का धारण करना' यह ज्ञान का कार्य है।

यह सुनकर वह जीव (रमेश नामक अव्रती जीव) यह विचार करता है कि, 'मैंने निजध्रुवशुद्धात्मा को प्रामाण्यसहित प्रत्यक्ष ज्ञान से जाना है यानी शुद्धात्मानुभव है अर्थात् निर्विकल्पज्ञान है, इसलिये मुझे सम्यग्दर्शन है, इसलिये मैं मोक्षमार्गस्थ हूँ ही।'

संस्कृत पृष्ठ नं. ९१, संस्कृत परिच्छेद नं. ३२ →

शंका (नैयायिकादि) - परोपदेशवाक्य ही परार्थानुमान है।

समाधान (जैन) - उन शंकाकारों से इसतरह प्रश्न पूछने योग्य है कि, –

(१) क्या वह वाक्य मुख्य अनुमान है? अथवा

(२) क्या वह वाक्य गौण अनुमान है?

(१) वह वाक्य तो मुख्य अनुमान नहीं है, क्योंकि वाक्य अज्ञानरूप (अचेतन) है।

(२) यदि यह वाक्य गौण अनुमान है तो यह हम को मान्य है; क्योंकि वह वाक्य परार्थानुमान ज्ञान के लिये निमित्तमात्र है, इसलिये परार्थानुमानवाक्य पर परार्थानुमान का व्यपदेश हो सकता है। जैसे– 'घी आयु है' ऐसा व्यपदेश होता है [उपचारनय से वाक्य पर 'परार्थानुमान' ऐसा व्यपदेश किया जाता है]।

विशेषार्थ–शंका– "देवदत्त ने कहा कि- 'इस पर्वत पर धूम (धुआँ) दिखाई देता है, इसलिये इस पर्वत पर अग्नि है।' इस वचन की अपेक्षा लेकर सुननेवाले रमेश को धूम साधन से अग्नि साध्य का जो ज्ञान

उत्पन्न होता है, वह परार्थानुमान है।" ऐसा ठीक नहीं है। लेकिन देवदत्त ने जो वाक्य कथन किया, वह वाक्य ही परार्थानुमान है। अर्थात् 'इस पर्वत पर धूम (धुआँ) दिखाई देता है, इसलिये इस पर्वत पर अग्नि है' यह वाक्य ही परार्थानुमान है। ऐसा मानेंगे तो क्या होगा?

समाधान–रमेश से देवदत्त पर (भिन्न) है। देवदत्त के द्वारा जो कथन किया वह परोपदेश है।

देवदत्त ने कहा कि, → 'इस पर्वत पर धूम दिखाई देता है, इसलिये पर्वत पर अग्नि है'।	यह कथन असद्भूत व्यवहारनय से है; क्योंकि देवदत्त जीव है वह चेतन जीव कर्ता और वह अचेतन भाषावर्गणारूप वाक्य कर्म है।

वाक्य

'इस पर्वत पर धूम दिखाई देता है, इसलिये पर्वत पर अग्नि है'।	← यह वाक्यपर्याय अचेतन पुद्गलद्रव्य की पर्याय है। ← यह वाक्यपर्याय चेतन जीवद्रव्य की पर्याय नहीं। ← यह वाक्य अचेतन है अर्थात् ज्ञानरहित है, इसलिये यह वाक्य अनुमान नहीं, क्योंकि 'अनुमान' यह ज्ञानपर्याय है।

इसलिये अचेतन वाक्यपर्याय पर अनुमान ज्ञानपर्याय का आरोप/उपचार करने से परोपदेशवाक्य गौणरूप से अर्थात् उपचाररूप से अनुमान है। यह परोपदेशवाक्य मुख्य अनुमान नहीं अर्थात् परोपदेशवाक्य अनुमानरूप ज्ञानपर्याय नहीं।

जैसे 'घी (घृत) आयु है' ऐसा कथन किया जाता है। वहाँ घी आयु नहीं है तो भी घी पर उपचारनय से 'आयु है' ऐसा उपचार किया जाता है। वैसे परोपदेश अनुमान वचन पर उपचारनय से 'परार्थानुमान' ऐसा उपचार कथन किया जाता है।



जब देवदत्त ने अनुमान से स्वयं ऐसा जाना कि 'इस पर्वत पर धूम है, इसलिये पर्वत पर अग्नि है।' तब देवदत्त ने (आ १) प्रमाण-सकलादेशी ज्ञानसाधन से जाना। [देखो चार्ट नं. ७ और चार्ट नं. २०]



और जब देवदत्त ने (ब) विकलादेशी नयज्ञान साधन से जाना वह अनुमान-नयज्ञान है। उसी क्षण/काल में कण्ठ, जिह्वा (जीभ), तालू, ओष्ठ आदि का हलन-चलन हुआ उसी समय/काल में भाषावर्गणा का ध्वनि/वाक्यरूप ध्वनि हो गया।

अनुमानज्ञान (आ १) प्रमाण सकलादेशी है और अनुमान-नयज्ञान (ब) नयज्ञान विकलादेशी भी है।

देखिए **स्वामिकार्तिकेयानुप्रेक्षा गाथा नं. २६७** और उसकी श्री शुभचन्द्रविरचित टीका–

"जं जाणिज्जइ जीवो इंदियवावारकायचिट्ठाहिं।
तं अणुमाणं भण्णदि तं पि णयं बहुविहं जाण॥ २६७॥"

गाथार्थ–इन्द्रियव्यापारकायचेष्टाओं से जो जीव जाना जाता है, वह अनुमान है और उसरूप भी नयज्ञान अर्थात् अनुमान-नयज्ञान भी है, उसके भी अनेक भेद हैं।

संस्कृत टीका

'' इन्द्रियव्यापारकायचेष्टाभि: स्पर्शनरसन-घ्राणचक्षु:श्रोत्रै: मनसा च व्यापारै: गमनागमनादिलक्षणै: कायचेष्टाभि: शरीराकारविशेषै: जीव: आत्मा यत् जानाति

तं अपि अनुमाननयं ज्ञानं भणति कथयति।

अथवा इन्द्रियाणां स्पर्शनादीनां व्यापारा: विषया: स्पर्शरसगंधवर्णशब्दरूपा: तै: जीव: यत् जानाति तत् अनुमानज्ञानं कथयति।

साधनात् साध्यविज्ञानं अनुमानं,
इष्टं अबाधितं असिद्धं साध्यम्।

साध्याविनाभावित्वेन निश्चित: हेतु:।

यथा - पर्वत: अयं अग्निमान् धूमवत्त्वात् महानसवत्, इत्यादि अनुमानं ज्ञानं, तद् अपि नयम्।

परोक्षज्ञानं बहुविधं अनेकप्रकारं स्मृतिप्रत्यभि-ज्ञानतर्कानुमानागमभेदं जानीहि।''

हिन्दी

इन्द्रियव्यापारकायचेष्टाओं से स्पर्शन-रसन-घ्राण-नेत्र-श्रोत्र और मन इनके द्वारा और गमन-आगमन आदि लक्षणों के द्वारा, कायचेष्टाओं के द्वारा, शरीराकारविशेषों के द्वारा जीव/आत्मा जिसको जानता है,

उसको भी अनुमान-नयज्ञान कहते हैं।

अथवा स्पर्शनादि इंद्रियों के स्पर्शरसगंधवर्णशब्दरूप विषय व्यापार है, उनके द्वारा जीव जिसको जानता है, उसको अनुमान ज्ञान कहते हैं।


साधन से साध्य का ज्ञान होना अनुमान है।
इष्ट, अबाधित, असिद्ध लक्षणवाला साध्य होता है।

साध्य के साथ अविनाभावीपना से निश्चितलक्षणवाला हेतु होता है।

जैसे–'यह पर्वत अग्निमान है, क्योंकि धूमवान् है, जैसे रसोईघर।' इत्यादि अनुमान ज्ञान है। वह भी नयज्ञान है।

परोक्ष ज्ञान के अनेक प्रकार है। उसके स्मृति, प्रत्यभिज्ञान, तर्क, अनुमान, आगमज्ञान इन भेदों को जानो।

[देखो चार्ट नं. ७ और २०]



स्मृति के जानने के प्रकार-(आ १) प्रमाण–सकलादेशी और (ब) नयज्ञान–विकलादेशी। क्योंकि स्मृति स्वयं ने जानी। उसके पश्चात् वचन के द्वारा वह स्मरण का विषय दूसरे को कहते हैं। जैसे–अभी श्री बाहुबली मूर्ति की याद आयी थी। बाद में वचन में कहा गया।

[देखो चार्ट नं. ७ और २०]

प्रत्यभिज्ञान के जानने के प्रकार–(आ १) प्रमाण–सकलादेशी और (ब) नयज्ञान–विकलादेशी । क्योंकि प्रत्यभिज्ञान स्वयं ने किया। उसके पश्चात् वचन के द्वारा वह प्रत्यभिज्ञान का विषय दूसरे को कहते हैं। जैसे–'पूर्व में जो मैं ध्रुवशुद्धचिदानंदात्मा था वह यह मैं ध्रुवशुद्धचिदानंदात्मा हूँ।' [देखो चार्ट नं. ७ और २०]

तर्कज्ञान को जानने के प्रकार–(आ १) प्रमाण–सकलादेशी और (ब) नयज्ञान-विकलादेशी । क्योंकि तर्क स्वयं ने किया । उसके पश्चात् वचन के द्वारा वह तर्क का विषय दूसरे को कहते हैं । जैसे–'जो-जो जीव है वह-वह ध्रुवशुद्धचिदानंदात्मा है' [देखो चार्ट नं. ७ और २०] ।

स्मृतिवचन, प्रत्यभिज्ञानवचन और तर्कवचन भी नयज्ञान है क्योंकि सम्यग्ज्ञानी के जो-जो वचन हैं, वह-वह नय है।

देखिये **प्रवचनसार की तत्त्वप्रदीपिका टीका–**

"जावदिया वयणवहा तावदिया चेव होंति णयवादा।"

अर्थ–जितने वचन के प्रकार है, उतने नयवाद होते ही हैं।

[परार्थानुमानप्रयोजक वाक्य के प्रतिज्ञा-हेतुरूप दो अंगों का वर्णन]

संस्कृत पृष्ठ नं. ९१, संस्कृत परिच्छेद नं. ३३ →

उस स्वार्थानुमान की अंगसम्पत्ति के समान इस परार्थानुमान की अंगसम्पत्ति है। और परार्थानुमानप्रयोजक वाक्य के (१) प्रतिज्ञा और (२) हेतु ये दो अवयव (अंग) है । उसमें से–

(१) प्रतिज्ञा–धर्मी-धर्म समुदायरूप पक्ष के वचन को प्रतिज्ञा कहते हैं। जैसे-यह पर्वत अग्निमान है।

(२) हेतु–साध्याविनाभावी साधनवचन को हेतु कहते हैं। जैसे - (a) धूमवानपना (धुआँपना) की अन्यथानुपपत्ति है अथवा (b) धूमवानपना (धुआँवानपना) की तथोपपत्ति है। इन [(a) और (b) इन] दोनों हेतुप्रयोगों के कथन में वैचित्र्यमात्र है। प्रथम (a) के कथन में 'धूमवत्त्वान्यथानुपपत्ति है' इसका भावार्थ ऐसा है कि, – अग्निमानपना के अभाव में धूमवानपना की अनुपपत्ति है' ऐसा निषेधमुख से कथन है। लेकिन दूसरे (b) के कथन में 'धूमवानपना की तथोपपत्ति है' इसका भावार्थ ऐसा है कि,-'अग्निमानपना के सद्भाव में ही धूमवानपना का सद्भाव है' ऐसा विधिमुख से कथन है। लेकिन अर्थ (भावार्थ) में भेद नहीं है; क्योंकि दोनों हेतुप्रयोगों में भी अविनाभावी साधन के कथन में समानता है। इसलिये उन दोनों हेतुप्रयोगों में से किसी एक का कथन करना योग्य है; क्योंकि दोनों पद्धति (शैली अथवा ढंग) का प्रयोग करने पर पौनरुक्त्य दोष आता है। और (१) उस पूर्वोक्त लक्षणवाली प्रतिज्ञा और (२) इन दोनों हेतुप्रयोगों में से कोई एक प्रकार का हेतुप्रयोग; 'ये दो परार्थानुमानवाक्य के अवयव (अंग) है' ऐसा सिद्ध हो गया । क्योंकि व्युत्पन्न (समझदार) श्रोता को उतने मात्र से ही अनुमिति (अनुमान ज्ञानपर्याय) उत्पन्न हो जाती है ।

विशेषार्थ–स्वार्थानुमान के जितने अवयव थे, उतने ही परार्थानुमान के अवयव होते हैं। और दूसरे को अनुमान होने के लिये जो वाक्यप्रयोग करते हैं, उस वाक्य के (१) प्रतिज्ञा और (२) हेतु, ये दो अवयव हैं।

प्रतिज्ञा–धर्मी (साध्य का आधार) और धर्म (साध्य) इनके समुदायरूप पक्ष के वचन को प्रतिज्ञा कहते हैं। जैसे–'यह पर्वत अग्निमान है।' यहाँ 'अग्निमान है' यह साध्य है अर्थात् 'अग्निमान है' यह धर्म है।

और यहाँ अग्नि इस साध्यरूप धर्म का 'यह पर्वत' आधार है। अर्थात् 'यह पर्वत' यहाँ धर्मी है। इसलिये–

(१) यह पर्वत/धर्मी और (२) 'अग्निमान है' यह धर्म इनके (धर्मी-धर्म के) समुदायरूप पक्ष वचन को प्रतिज्ञा कहते हैं।

(२) हेतु–साध्य के अविनाभावीवाले साधन का कथन करनेवाले वचन को हेतु कहते हैं। जैसे–

(a) धूमवानपना की अन्यथानुपपत्ति है। अर्थात् धूम (धुआँ) वाला अन्यथा नहीं हो सकता है अर्थात् अग्नि नहीं होती तो धूम की उपपत्ति (प्राप्ति/सद्भावरूप अवस्था) नहीं होती। इसमें निषेधमुख से कथन है। अथवा

(b) धूमवानपना की तथोपपत्ति है। अर्थात् धूम वाला का सद्भाव तथा यानी अग्नि के सद्भाव रहने पर ही है। इसमें विधिमुख से कथन है।

प्रथम (a) अर्थात् अन्यथानुपपत्ति और दूसरी (b) अर्थात् तथोपपत्ति इन दोनों कथन के प्रकार या शैली या ढंग या पद्धति में अर्थ (भाव) भेद नहीं है; क्योंकि दोनों हेतुप्रयोगों में भी अविनाभावी साधन के कथन में समानता है। इसलिये (a) अन्यथानुपपत्ति और (b) तथोपपत्ति में से किसी एक का कथन करना योग्य है। क्योंकि दोनों पद्धति से हेतुप्रयोग करनेपर पौनरुक्त्य दोष आता है। [पौनरुक्त्य यानी फिर से वही कहना। पौनरुक्त्य दोष अर्थात् फिर से वही कहना, ऐसा दोष आता है; क्योंकि फिर से वही कथन करने से कुछ भी लाभ नहीं होगा।]

और भी देखिए–

प्रतिज्ञा–'यह मैं अव्रती जीव मोहरागद्वेषरहित (वीतराग) हूँ।' यहाँ 'मोहरागद्वेषरहित (वीतराग) हूँ, यह साध्यधर्म है और यहाँ मोहरागद्वेषरहित (वीतराग) इस साध्यधर्म का 'यह मैं अव्रती जीव' आधाररूप धर्मी है। इसलिये 'यह मैं अव्रती जीव 'धर्मी और 'मोहरागद्वेषरहित (वीतराग) हूँ,' यह धर्म इनके (धर्मी-धर्म के) समुदायरूप पक्षवचन को प्रतिज्ञा कहते हैं।

हेतु–'सम्यक्त्व की अन्यथानुपपत्ति है।' अर्थात् सम्यक्त्व अन्यथा नहीं हो सकता है। अर्थात् मोहरागद्वेषरहितता (वीतरागता) नहीं होती तो सम्यक्त्व/सम्यग्दर्शन की उपपत्ति नहीं दिखाई देती है। यह निषेधमुख से कथन है।

प्रतिज्ञा–'यह मैं अव्रती जीव सम्यग्दृष्टि हूँ।' यहाँ 'यह मैं अव्रती जीव' धर्मी है और 'सम्यग्दृष्टि हूँ' यह साध्यधर्म है। इनके (धर्मी-धर्म के) समुदायरूप पक्षवचन को प्रतिज्ञा कहते हैं।

हेतु–'अनंतानुबंधी मिथ्यात्वोदयजनित पाषाणरेखादि के समान रागादि का अभाव है।' यह साधन/हेतु सम्यग्दर्शन साध्य के साथ अविनाभावी साधन है। इसलिये इस साध्याविनाभावी साधनवचन को हेतु कहते हैं।

प्रतिज्ञा–'मैं अव्रती हूँ तो भी मेरे में सम्यग्दर्शन पर्याय है।' यहाँ 'मेरा जीव' यह धर्मी है और 'सम्यग्दर्शन है' यह साध्यधर्म है। इनके (धर्मी-धर्म के) समुदायरूप पक्षवचन को प्रतिज्ञा कहते हैं।

हेतु–'क्योंकि मैंने शुद्धात्मानुभव (निजध्रुवज्ञानदर्शनानंदात्मा का प्रामाण्यसहित–प्रत्यक्ष ज्ञान) किया है। यह सम्यग्दर्शनरूप साध्य का अविनाभावी साधन है। इस साधनवचन को हेतु कहते हैं।

प्रतिज्ञा–'इस देह में मैं जीव हूँ।' यहाँ 'यह देह' धर्मी है और 'मैं जीव हूँ' यह साध्यधर्म है। इनके (धर्मी-धर्म के) समुदायरूप पक्षवचन को प्रतिज्ञा कहते हैं।

हेतु–'क्योंकि मुझमें "स्वसंवेदन" (अहं/मैं की प्रतीति) है' यह 'मैं जीव हूँ' इस साध्य का अविनाभावी साधन है। इस साधनवचन को हेतु कहते हैं।

प्रतिज्ञा – 'मेरे जीव में शुद्धध्रुव है।' यहाँ 'मेरा जीव' धर्मी है और 'मुझमें शुद्धध्रुव है' यह साध्यधर्म है। इनके (धर्मी-धर्म के) समुदायरूप पक्षवचन को प्रतिज्ञा कहते हैं।

हेतु – 'क्योंकि मुझमें अशुद्धपर्याय अथवा अशुभभाव है' यह 'मेरे शुद्धध्रुव' साध्य का अविनाभावी साधन है। इस साधनवचन को हेतु कहते हैं।

प्रतिज्ञा – 'मेरे जीव में शुद्धध्रुव है।' यहाँ 'मेरा जीव' धर्मी है और 'मुझमें शुद्धध्रुव है' यह साध्यधर्म है। इनके (धर्मी-धर्म के) समुदायरूप पक्षवचन को प्रतिज्ञा कहते हैं।

हेतु – 'क्योंकि मुझमें अशुद्धपर्याय अथवा शुभभाव है' यह 'मेरे शुद्धध्रुव' साध्य का अविनाभावी साधन है। इस साधनवचन को हेतु कहते हैं।

प्रतिज्ञा – 'यह वस्तु वृक्ष है।' यहाँ 'यह वस्तु' धर्मी है और 'वृक्ष है' यह साध्यधर्म है। इनके (धर्मी-धर्म के) समुदायरूप पक्षवचन को प्रतिज्ञा कहते हैं।

हेतु – 'क्योंकि आम्रत्व है।' यह 'वृक्ष' साध्य का अविनाभावी साधन है। इस साधनवचन को हेतु कहते हैं।

प्रतिज्ञा – 'मेरे जीव में आनंदगुण है।' यहाँ 'मेरा जीव' धर्मी है और 'आनंदगुण है' यह साध्यधर्म है। इनके (धर्मी-धर्म के) समुदायरूप पक्षवचन को प्रतिज्ञा कहते हैं।

हेतु – 'क्योंकि मुझमें दुःखपर्याय है।' यह 'आनंदगुण है' इस साध्य का अविनाभावी साधन है। इस साधनवचन को हेतु कहते हैं।

प्रतिज्ञा – 'यह मैं कार्यसिद्धपरमात्मा (मुक्त) हो जाऊँगा ही।' यहाँ 'यह मैं (जीव)' धर्मी है और 'कार्यसिद्धपरमात्मा हो जाऊँगा ही' यह साध्यधर्म है। इनके (धर्मी-धर्म के) समुदायरूप पक्षवचन को प्रतिज्ञा कहते हैं।

हेतु – 'क्योंकि मुझमें सम्यग्दर्शन, सम्यग्ज्ञान, सम्यक्चारित्र है।' यह 'कार्यसिद्धपरमात्मा (मुक्त) हो जाऊँगा' इस साध्य का अविनाभावी-साधन है। इस साधनवचन को हेतु कहते हैं।

[नैयायिकादि अभिमत पांच अवयव का निराकरण]

संस्कृत पृष्ठ नं. ९२ से ९३, संस्कृत परिच्छेद नं. ३४-३५ →

नैयायिकादि – परार्थानुमानप्रयोग के 'यथोक्त प्रतिज्ञा और हेतु इन दो अवयवों के साथ उदाहरण, उपनय और निगमन' ऐसे पाँच अवयव है और हमारे न्यायसूत्र में ऐसा कथन है कि, – 'प्रतिज्ञा, हेतु, उदाहरण, उपनय और निगमन' ये पांच अवयव हैं। उनके लक्षणपूर्वक उदाहरण –

(१) प्रतिज्ञा – पक्षवचन को प्रतिज्ञा कहते हैं। जैसे – यह पर्वत अग्निमान है।

(२) हेतु – साधनत्व प्रकाशनार्थ पंचम्यंत लिंगवचन को हेतु कहते हैं। जैसे 'धूमवानपना होने से' [क्योंकि धूमवान है]।

(३) उदाहरण – व्याप्तिपूर्वक दृष्टांतवचन को उदाहरण कहते हैं। जैसे-

(a) साधर्म्य उदाहरण-जो-जो धूमवान होता है, वह-वह अग्निमान होता है; जैसे-रसोईघर। यह साधर्म्य उदाहरण है।

(b) वैधर्म्य उदाहरण - जो-जो अग्निमान नहीं होता है, वह-वह धूमवान नहीं होता है; जैसे-तालाब। यह वैधर्म्य उदाहरण है।

उदाहरण के प्रथम भेद/साधर्म्य उदाहरण में हेतु की अन्वयव्याप्ति दिखाई जाती है और उदाहरण के द्वितीय भेद/वैधर्म्य उदाहरण में हेतु की व्यतिरेकव्याप्ति दिखाई जाती है।

वह इसतरह – (a) अन्वयव्याप्तिप्रदर्शनस्थान को अन्वयदृष्टांत कहते हैं।

(b) व्यतिरेक – व्याप्तिप्रदर्शनस्थान को व्यतिरेकदृष्टांत कहते हैं।

इसतरह दृष्टांतद्वैविध्य होने से वचनरूप उदाहरण के भी दो भेद हैं, ऐसा जानना चाहिये। और इन दो उदाहरण के प्रयोगों में से किसी एक के प्रयोग से ही पर्याप्तपना होने से दूसरे प्रकार के उदाहरण का प्रयोग करना अनावश्यक है।

(४) उपनय – दृष्टांत की अपेक्षा से पक्ष में हेतु के उपसंहारवचन को उपनय कहते हैं। जैसे रसोईघर धूमवान है वैसे पर्वत धूमवान है। और

(५) निगमन – हेतुपूर्वक पुनः पक्षवचन को निगमन कहते हैं। जैसे-यह पर्वत धूमवान होने से यह पर्वत अग्निमान ही है।

ये पाँच अवयव परार्थानुमानप्रयोग के हैं। इन पाँचों अवयवों में से किसी एक अवयव का अभाव रहने पर वीतराग कथा में और विजिगीषु कथा में अनुमान उत्पन्न नहीं होता है, ऐसा हम नैयायिकों का मत है।

जैन - यह आपका अविचार करके किया हुआ अभिमत है; क्योंकि वीतराग कथा में शिष्य के आशय के अनुरोध से अधिक भी अवयवों का कथन किया जा सकता है तो भी विजिगीषु कथा में प्रतिज्ञा और हेतु ये दो ही अवयव पर्याप्त होने से अप्रयोजनरूप अन्य अवयवों की क्या आवश्यकता है? अर्थात् अन्य अवयवों की आवश्यकता नहीं है।

विशेषार्थ – नैयायिकादि-परार्थानुमान के प्रतिज्ञा, हेतु, उदाहरण, उपनय और निगमन ये पाँच अवयव होते हैं। जैसे-

यह पर्वत अग्निमान है,	(१) पक्षवचन को प्रतिज्ञा कहते हैं।
क्योंकि धूमवान है,	(२) साधनत्व प्रकाशन के लिये जो लिंगवचन का कथन किया, वह हेतु है।
जो-जो धूमवान होता है, वह-वह अग्निमान होता है; जैसे-रसोईघर अथवा	(३) अन्वयव्याप्तिपूर्वक दृष्टांतवचन उदाहरण है अथवा
जो-जो अग्निमान नहीं होता है, वह-वह धूमवान नहीं होता है; जैसे तालाब	व्यतिरेकव्याप्तिपूर्वक दृष्टांतवचन उदाहरण है।
जैसे रसोईघर धूमवान है, वैसे पर्वत धूमवान है	(४) दृष्टांत की अपेक्षा से पक्ष में हेतु के उपसंहारवचन को उपनय कहते है।
यह पर्वत धूमवान होने से यह पर्वत अग्निमान ही है।	(५) हेतुपूर्वक पक्षवचन को निगमन कहते हैं।

प्रतिज्ञा, हेतु, उदाहरण, उपनय और निगमन इन पाँच अवयवों में से किसी एक का अभाव रहने पर वीतराग कथा में अथवा विजिगीषु कथा (जय-पराजय कथा) में अनुमान उत्पन्न नहीं होता है, ऐसा नैयायिक आदियों का मत है।

जैन – 'वीतराग कथा में और विजिगीषु कथा में परार्थानुमानवाक्य में प्रतिज्ञा, हेतु, उदाहरण, उपनय तथा निगमन ये पाँचों ही अवयव रहने ही चाहिये' ऐसा जो आपका कथन है, वह ठीक नहीं है; क्योंकि वीतराग कथा में प्रतिपाद्य (शिष्य अथवा सहधर्मी) के आशय के अनुरोध से अधिक भी अवयवों का कथन किया जा सकता है, लेकिन जय-पराजय (विजिगीषु) कथा में प्रतिज्ञा और हेतु ये दो ही अवयवों का कथन करना

चाहिये; उदाहरण, उपनय और निगमन इनके कथन की विजिगीषु कथा में आवश्यकता नहीं है।

वीतराग कथा में परार्थानुमानवाक्य कहते समय –

(१) किसी को प्रतिज्ञा और हेतु कहने से ही समझ में आयेगा,
(२) किसी को प्रतिज्ञा, हेतु और उदाहरण कहने से ही समझ में आयेगा,
(३) किसी को प्रतिज्ञा, हेतु, उदाहरण और उपनय कहने से ही समझ में आयेगा,
(४) किसी को प्रतिज्ञा, हेतु, उदाहरण, उपनय और निगमन कहने से ही समझ में आयेगा,
(५) किसी को प्रतिज्ञा, हेतु, अनेकों उदाहरण, उपनय और निगमन कहने से ही समझ में आयेगा।

[जय-पराजय कथा में प्रतिज्ञा और हेतु ये दो ही अवयव पर्याप्त हैं।]

संस्कृत पृष्ठ नं. ९३-९४, संस्कृत परिच्छेद नं. ३६ →

उसका स्पष्टीकरण –

(१) विजिगीषु कथा – वादिप्रतिवादियों में स्वमतस्थापनार्थ जय-पराजय (जीत-हार) तक परस्पर में प्रवर्तमान वचनव्यापार को विजिगीषु कथा कहते हैं। और

(२) वीतराग कथा – गुरु-शिष्यों में अथवा रागद्वेषरहित विशिष्ट विद्वानों में तत्त्वनिर्णय तक परस्पर में प्रवर्तमान वचनव्यापार को वीतराग कथा कहते हैं।

और उनमें से विजिगीषु कथा (जीत-हार कथा) को 'वाद' ऐसा कहा जाता है।

कोई लोग (नैयायिक आदि) वीतराग कथा को 'वाद' ऐसा कहते हैं, लेकिन वह उनका पारिभाषिक (कथनमात्र) ही है, क्योंकि लोक में गुरु-शिष्य आदि में होनेवाली चर्चा को वाद नहीं कहा जाता, विजिगीषुवचनव्यवहार के बारे में ही वादत्व प्रसिद्ध है। जैसे स्वामी समन्तभद्राचार्य ने सभी सर्वथैकान्तवादियों को वाद में जीत लिया और उस वाद में परार्थानुमानवाक्य के प्रतिज्ञा और हेतु ये दो अवयव ही उपकारक हैं, उदाहरणादिक उपकारक नहीं हैं।

उसका स्पष्टीकरण – परार्थानुमानवाक्य में (१) लिंगवचनात्मक हेतु अवश्य होना चाहिये, क्योंकि लिंगज्ञान का अभाव रहने पर अनुमिति का उदय नहीं होता है और (२) पक्षवचनरूप प्रतिज्ञा भी अवश्य होनी चाहिए, क्योंकि अन्यथा अभिमत साध्य के विशिष्ट आधार के निश्चय का अभाव रहने पर साध्य के बारे में सन्देह रहनेवाले श्रोता को अनुमिति उत्पन्न नहीं होती। परीक्षामुखसूत्र ग्रंथ-अध्याय ३, सूत्र ३७ में ऐसा कहा है कि, – 'प्रतिज्ञा और हेतु ये दो ही अनुमान के अवयव है।' इसका भावार्थ यह है कि, – वाद में प्रतिज्ञा और हेतु ये दो ही परार्थानुमान के अवयव हैं। 'ही' इस अवधारण से वाद में उदाहरण, उपनय, निगमन ये अवयव नहीं होते हैं; ऐसा सूचित किया है, क्योंकि व्युत्पन्न का ही वाद में अधिकार है; क्योंकि प्रतिज्ञा-हेतु के प्रयोगमात्र से ही उदाहरणादि प्रतिपाद्यरूप गम्यमान अर्थ को व्युत्पन्न के द्वारा जानना शक्य है। यदि गम्यमान (जाने जाते हुए) भी अभिधान (कथन) करने पर पौनरुक्त्य दोष आता है।

विशेषार्थ – विजिगीषु कथा-वादी और प्रतिवादी इनमें अपना-अपना मत स्थापन करने के लिये जीत (जय)-हार (पराजय) तक परस्पर में प्रवर्तमान वचनव्यापार को विजिगीषु कथा कहते हैं। जैसे-श्री अकलंकदेव आचार्य वादी थे और बौद्ध प्रतिवादी थे। श्री अकलंकदेव आचार्यजी ने अपना मत स्थापन करने के लिये और प्रतिवादी बौद्ध ने अपना मत स्थापन करने के लिये जय-पराजय तक परस्पर में वचनव्यापार किया। वह वचनव्यापार विजिगीषु कथा है। और

(२) वीतराग कथा – श्री गौतम गणधर आचार्य और श्रेणिक इनमें तत्त्वनिर्णयक तक परस्पर में वचन-व्यापार हो गया । वह वचनव्यापार वीतराग कथा है। वीरसागर मुनि और ब्रुस कॉस्टेन [बलभद्र] इन में तत्त्वनिर्णय तक वचनव्यापार हो गया। वह वचनव्यापार वीतराग कथा है। पं. कहान और पं. हुकुमचंद भारिल्ल इन दो विद्वानों में तत्त्वनिर्णय तक वचनव्यापार हो गया। वह वचनव्यापार वीतराग कथा है। ब्र. जगन्मोहनलाल और ब्र. माणिकचंद इन दो विद्वानों में तत्त्वनिर्णय तक वचनव्यापार हो गया। वह वचनव्यापार वीतराग कथा है। पं. फुलचन्द और पं. ब्र. जगन्मोहनलाल इन दो विद्वानों में तत्त्व के बारे में वचनव्यापार हो गया। वह वचनव्यापार वीतराग कथा है। पं. फुलचंद और पं. मक्खनलाल आदि विद्वानों में खानिया ग्राम में तत्त्व के बारे में वचनव्यापार हो गया। वह वीतराग कथा है। पं. नरेन्द्र और ब्रुस (बलभद्र) इनमें तत्त्व के बारे में वचनव्यापार हो गया। वह वीतराग कथा है। यह वाद नहीं।

विजिगीषु कथा को वाद ऐसा कहा जाता है। न्यायालयों में विजिगीषु कथा होती है।

श्री समन्तभद्राचार्यजी ने सभी सर्वथा एकान्तवादियों को वाद में जीत लिया और उस वाद में प्रतिज्ञा और हेतु; ये दो ही अवयव उपकारक हैं, उदाहरण, उपनय तथा निगमन इनकी आवश्यकता नहीं।

इसका स्पष्टीकरण – परार्थानुमानवाक्य में (१) लिंगवचनात्मक हेतु (हेतु का कथन) अवश्य करना चाहिये, क्योंकि हेतु/लिंग के ज्ञान का अभाव रहने पर अनुमान ज्ञानपर्याय की प्राप्ति नहीं होती है और (२) पक्ष का भी कथन अवश्य करना चाहिये, क्योंकि अभिमत साध्य के आधार के बारे में ज्ञान न रहने पर संशयवाले श्रोता को अनुमान ज्ञानपर्याय उत्पन्न नहीं होती है।

वाद में (विजिगीषु कथा में) प्रतिज्ञा और हेतु इन दो का ही कथन अवश्य करना चाहिये।

संस्कृत पृष्ठ नं. १४, संस्कृत परिच्छेद नं. ३७ →

शंका [बौद्ध] – यदि ऐसा है तो 'प्रतिज्ञाप्रयोग करने पर भी पुनरुक्तता ही आती है; क्योंकि प्रतिज्ञा द्वारा कथन किया जानेवाला पक्ष भी प्रस्तावादि द्वारा गम्यमान (ज्ञात) होता है। इसलिये लिंगवचनरूप एक हेतु ही वाद में प्रयोग करने योग्य है।'

समाधान [जैन] – ऐसा कथन करनेवाला बौद्ध पशु स्वयं अपनी दुर्विदग्धता प्रकट कर रहा है, क्योंकि केवल हेतु का ही प्रयोग करने पर व्युत्पन्न को भी साध्य के संबंधी संशय की निवृत्ति नहीं होती है। इसलिये प्रतिज्ञा का प्रयोग अवश्य करना चाहिये। परीक्षामुखसूत्र ग्रंथ-अध्याय ३, सूत्र ३४ में कहा है कि – 'साध्य के संबंधी संशय दूर करने के लिये प्रस्तावादि द्वारा जाने हुए पक्ष का भी कथन करना चाहिये।' इस प्रकार 'वाद' की अपेक्षा से परार्थानुमान के प्रतिज्ञा और हेतु ये दो ही अवयव है, उससे कम नहीं अथवा अधिक नहीं है, यह सिद्ध हो गया। और इस अवयव विचार के विस्तारूप वर्णन के लिये पत्रपरीक्षा द्रष्टव्य है।

विशेषार्थ-शंका – 'परार्थानुमानवाक्य में (१) प्रतिज्ञा और (२) हेतु इनका कथन करना चाहिये' यह आपका कथन ठीक नहीं, क्योंकि प्रतिज्ञा का प्रयोग करने पर पुनरुक्त दोष आता है, **क्योंकि प्रतिज्ञा द्वारा कथन किया** जानेवाला पक्ष भी प्रस्तावादि (प्रकरण आदि) द्वारा ज्ञात हो **जाता है। इसलिये वाद में** लिंगवचनरूप एक हेतु का कथन/प्रयोग करना चाहिये। जैसे – **'धूम है' इतना ही कथन करने पर** श्रोता को अग्नि के बारे में अनुमान उत्पन्न होता है।

समाधान – ऐसा कथन करना ठीक नहीं हैं; क्योंकि केवल हेतु का कथन करनेपर व्युत्पन्न/समझदार व्यक्ति **को भी साध्य संबंधी संशय** नष्ट नहीं होता है। इसलिये प्रतिज्ञा का प्रयोग अवश्य करना चाहिये।

केवल 'धुआँ है' ऐसा कहने से कहाँ पर धुआँ है और कहाँ पर अग्नि है इसका ज्ञान नहीं होता है। इसलिये पक्ष/प्रतिज्ञा का कथन करना आवश्यक है।

[वीतराग कथा में अधिक अवयवों का प्रयोग]

संस्कृत पृष्ठ नं. ९४, संस्कृत परिच्छेद नं. ३८ →

लेकिन वीतराग कथा में प्रतिपाद्य के आशय के अनुरोध से (१) प्रतिज्ञा और हेतु ये दो अवयव अथवा (२) प्रतिज्ञा, हेतु और उदाहरण ये तीन अवयव अथवा (३) प्रतिज्ञा, हेतु, उदाहरण और उपनय ये चार अवयव अथवा (४) प्रतिज्ञा, हेतु, उदाहरण, उपनय और निगमन ये पाँच अवयव होते हैं; ऐसी यथायोग्य प्रयोग करने की परिपाटी है। कुमारनन्दि भट्टारक के द्वारा ऐसा कहा गया है कि,– 'प्रतिपाद्य के अनुरोध से प्रयोगपरिपाटी है।'

इसप्रकार वह प्रतिज्ञादिरूप परोपदेश से उत्पन्न होनेवाला (ज्ञान) परार्थानुमान है। ऐसा कहा गया है कि–

श्लोकार्थ– 'परोपदेश को सापेक्ष रखकर साधन से साध्य का जो वेदन (ज्ञान) श्रोता को उत्पन्न हो जाता है, वह परार्थानुमिति है' ऐसा माना गया है।

इसतरह अनुमान के (१) स्वार्थ और (२) परार्थ ये दो भेद हैं और ये दो अनुमान 'साध्य के साथ जिसका अविनाभाव निश्चित है' ऐसे लक्षणरूप हेतु/साधन से उत्पन्न हो जाते हैं।

विशेषार्थ– लेकिन वीतराग कथा में प्रतिपाद्य [जिसको बताना है उस शिष्य] के आशय की अपेक्षा से (१) प्रतिज्ञा और हेतु ये दो अवयव अथवा (२) प्रतिज्ञा, हेतु और उदाहरण ये तीन अवयव अथवा (३) प्रतिज्ञा, हेतु, उदाहरण और उपनय ये चार अवयव अथवा (४) प्रतिज्ञा, हेतु, उदाहरण, उपनय और निगमन ये पाँच अवयव कथन किये जाते हैं।

इस तरह स्वार्थ-अनुमान और परार्थ-अनुमान हैं। ये दो अनुमान साध्य के साथ जिसका अविनाभाव निश्चित है, ऐसे हेतु/साधन से उत्पन्न हो जाते हैं अर्थात् अन्यथानुपपत्तिलक्षणवाले साधन/हेतु से अनुमान उत्पन्न हो जाता है।

जैसे– 'मैंने अभी अव्रत अवस्था में निजध्रुवात्मा को प्रामाण्यसहित प्रत्यक्ष जाना/अनुभव किया, इसलिये मैं सम्यग्दर्शनवाला हूँ, मैं चतुर्थ गुणस्थानवाला हूँ' यह स्वार्थानुमान हो गया।

'उस मकान से धूम (धुआँ) बाहर आ रहा है, इसलिये उस मकान में अग्नि है' ऐसा रमेश के कहनेपर अशोक को जो अनुमान हो गया, वह परार्थानुमान है।

'उस देह में जीव है, क्योंकि वह जानता है' यह गुरु का वचन सुनकर शिष्य को जो अनुमान हो गया, वह परार्थानुमान है।

"प्रथमोपशम सम्यग्दर्शनवाला चतुर्थ गुणस्थान [अविरत सम्यक्त्व गुणस्थान] का उत्पाद और मिथ्यात्व गुणस्थान का व्यय होते समय निर्विकल्पज्ञान [निजध्रुवशुद्धात्मा का प्रामाण्यसहित प्रत्यक्ष ज्ञान] होता है, ऐसा दिनेश नहीं मानता हैं; इसलिये दिनेश मिथ्यादृष्टि है" ऐसा अशोक का वचन सुनकर संगीता को जो अनुमान उत्पन्न हो गया, वह परार्थानुमान है।

इस तरह स्वार्थानुमान और परार्थानुमान 'अन्यथानुपपत्ति लक्षणवाले हेतु से' उत्पन्न होते हैं।

[बौद्धाभिमत त्रैरूप्यहेतुलक्षण का निरास]

संस्कृत पृष्ठ नं. ९५, संस्कृत परिच्छेद नं. ३९-४० →

इस प्रकार उपर्युक्त विवेचन से 'अन्यथानुपपत्ति एक लक्षणवाला हेतु अनुमिति का प्रयोजक है' ऐसा आर्हत मत में सत्य कथन होने पर भी उसका विचार न करके दूसरे (बौद्ध आदि) अन्य प्रकार से हेतु का लक्षण करते हैं। उसमें से–

ताथागत (बौद्ध) - पक्षधर्मत्वादि तीन लक्षणवाले हेतु से अनुमान उत्पन्न होता है। उसका स्पष्टीकरण- हेतु के →

(१) पक्षधर्मत्व, (२) सपक्ष में सत्त्व और (३) विपक्ष से व्यावृत्ति, ये तीन लक्षण हैं। उनमें साध्यधर्म से विशिष्ट धर्मी को पक्ष कहते हैं; जैसे-अग्नि का अनुमान करते समय पर्वत पक्ष है और उस पक्ष में व्याप्य होकर हेतु का रहना 'पक्षधर्मत्व' है। साध्यसजातीयधर्मवाला धर्मी सपक्ष है; जैसे अग्नि का ही अनुमान करते समय महानस (रसोईघर) सपक्ष है, उसमें सर्वत्र अथवा एकदेश में हेतु का रहना 'सपक्ष में सत्त्व' है। साध्यविरुद्धधर्मवाला धर्मी विपक्ष है; जैसे अग्नि का अनुमान करने में तालाब विपक्ष है, उन सभी विपक्षों से हेतु का व्यावृत्त होना, विपक्ष से व्यावृत्ति है। इन तीनों रूपों से मिलकर हेतु का लक्षण होता है। उनमें से किसी एक का अभाव रहने पर हेत्वाभासपना होता है।

जैन–आपका कथन ठीक नहीं है; क्योंकि अपक्षधर्मरूप कृत्तिकोदयादि हेतु में शकटोदयादि साध्य का गमकपना दिखायी देता है। जैसे–'मुहूर्तान्त में शकट का उदय होगा, क्योंकि अभी कृत्तिका का उदय हो रहा है।' इसमें 'शकट' धर्मी (पक्ष) है, 'मुहूर्तान्त में उदय' यह साध्य है और 'कृत्तिका का उदय' यह हेतु है। पक्षीकृत शकट में [पक्ष में] कृत्तिकोदय यह हेतु नहीं रहता है, इसलिये कृत्तिकोदय हेतु में पक्षधर्म यह लक्षण (रूप) नहीं है। तो भी अन्यथानुपपत्तिवाले लक्षण के बल से शकटोदयरूप नामक साध्य का गमक है ही। इसलिये बौद्धाभिमत हेतु के लक्षण अव्याप्त हैं।

विषेषार्थ–बौद्धादि-अन्यथानुपपत्ति यह हेतु का लक्षण ठीक नहीं है। पक्षधर्मत्व, सपक्ष में सत्त्व और विपक्ष से व्यावृत्ति इन तीन रूपवाला (लक्षणवाला) हेतु होता है।

साध्यधर्म से विशिष्ट धर्मी को 'पक्ष' कहते हैं। पक्ष में हेतु का सद्भाव रहना उसको पक्षधर्मत्व कहते हैं। जैसे–'यह पर्वत अग्निमान है, क्योंकि धूमवान है।' इस अनुमान में 'पर्वत' यह पक्ष है और पर्वत पर धूम है अर्थात् धूम इस हेतु में पक्षधर्मत्व है।

सपक्ष में हेतु का सद्भाव रहना, उसको सपक्ष में सत्त्व कहते हैं। जैसे-'यह पर्वत अग्निमान है, क्योंकि धूमवान है, जो-जो धूमवान होता है वह-वह अग्निमान होता है, जैसे रसोईशाला।' यहाँ अग्निमान पर्वत यह पक्ष है और रसोईशाला यह सपक्ष है और रसोईशाला में धूम है, इसलिये धूम इस हेतु में 'सपक्ष में सत्त्व है।'

विपक्ष में हेतु का न रहना, उसको विपक्ष से व्यावृत्ति कहते हैं। जैसे-अग्निमान पर्वत का विपक्ष तालाब है, क्योंकि तालाब में अग्नि नहीं है और तालाब में धूम भी नहीं है, इसलिये धूम इस हेतु में विपक्ष (तालाब) से व्यावृत्ति है।

इसतरह (१) पक्षधर्मत्व, (२) सपक्षसत्त्व और (३) विपक्ष से व्यावृत्ति इन तीन रूपों का मिलकर हेतु का लक्षण होता है। उनमें से किसी एक का (पक्षधर्मत्व अथवा सपक्षसत्त्व अथवा विपक्ष से व्यावृत्ति का)

अभाव रहने पर हेत्वाभासपना होता है।

जैन–यह आपका कथन ठीक नहीं है; क्योंकि अपक्षधर्मरूप (पक्षधर्मत्व न रहनेवाले) कृत्तिकोदयादि हेतु में शकटोदयादि साध्य का गमकपना दिखाई देता है। जैसे-'एक मुहूर्त के बाद शकट नक्षत्र का उदय होगा, क्योंकि अभी कृत्तिका नक्षत्र का उदय हो रहा है।' इस अनुमान में शकट नक्षत्र पक्ष है। 'एक मुहूर्त के बाद शकटोदय होगा' यह साध्य है। और 'कृत्तिकोदय' यह हेतु है। 'शकट' इस पक्ष में कृत्तिकोदय यह हेतु नहीं रहता, इसलिये कृत्तिकोदय इस हेतु में 'पक्षधर्मत्व' यह लक्षण नहीं है तो भी 'अन्यथानुपपत्तिवाले लक्षण' के बल से शकटोदयरूप साध्य गमक है ही। इसलिये बौद्ध के द्वारा 'हेतु के जो लक्षण' कथन किये गए हैं, वे लक्षण अव्याप्त दोषयुक्त हैं।

संस्कृत पृष्ठ नं. ९५-९६-९७, संस्कृत परिच्छेद नं. ४१ से ४३ →

[नैयायिकाभिमत पाञ्चरूप्यहेतुलक्षण का निरास]

नैयायिक–हेतु का पाँचरूपवाला लक्षण है, ऐसा कहते हैं। उसका स्पष्टीकरण– (१) पक्षधर्मत्व, (२) सपक्ष में सत्त्व, (३) विपक्ष से व्यावृत्ति, (४) अबाधितविषयत्व और (५) असत्प्रतिपक्षत्व ये पाँच रूप हैं। प्रथम के तीन लक्षण बौद्धों के कथन में ऊपर आ गए हैं।

साध्यविपरीतनिश्चायकप्रबलप्रमाणरहितपना को अबाधितविषयत्व कहते हैं।

तादृशसमबलप्रमाणशून्यत्व को असत्प्रतिपक्षत्व कहते हैं। जैसे-'यह पर्वत अग्निमान है, क्योंकि धूमवानपना है, जो-जो धूमवान होता है वह-वह अग्निमान होता है जैसे रसोईगृह, जो-जो अग्निमान नहीं होता है वह-वह धूमवान नहीं होता है जैसे तालाब, और (रसोईगृह जैसे धूमवान है) वैसे यह पर्वत धूमवान है और यह पर्वत धूमवान होने से अग्निमान ही है।'

यहाँ अग्निमानपनारूप साध्यधर्म से सहित विशिष्ट पर्वतरूप धर्मी पक्ष है, और धूमवानपना यह हेतु है और उस हेतु में पक्षधर्मत्व है, क्योंकि पक्षीकृत पर्वत में हेतु का सद्भाव है। उस धूमवान हेतु में 'सपक्ष में सत्त्व भी है, क्योंकि सपक्षरूप रसोईगृह में धूमवानपना है।'

शंका–कुछ सपक्षों में धूमवानपना नहीं रहता है, क्योंकि अंगाररूप अवस्थाप्राप्त अग्निवाले स्थानों में धूम (धूआँ) नहीं होता है। तो फिर कैसे?

समाधान–यह शंका ठीक नहीं; क्योंकि सपक्ष-एकदेशवृत्तिवाला भी हेतु होता है क्योंकि पहले यह कहा गया है कि, सपक्ष में सर्वत्र अथवा एकदेश में हेतु के रहने को 'सपक्ष में सत्त्व' कहते हैं।

और धूम इस हेतु की विपक्ष से व्यावृत्ति भी है, क्योंकि धूमवानपना का तालाबादि सब विपक्षों से व्यावृत्ति है।

और धूम इस हेतु में अबाधितविषयत्व भी है; क्योंकि धूमवानपना हेतु का जो विषय अग्निमान नामक साध्य है, वह प्रत्यक्षादि प्रमाणों से अबाधित है।

और धूम इस हेतु में असत्प्रतिपक्षत्व भी है, क्योंकि अग्निरहितत्व साधकसमबलप्रमाण का असम्भव है।

और यह पाँचरूप्यसम्पत्ति ही धूमवानपना के स्वसाध्यसाधकत्व में निबन्धन है। इसतरह ही सभी सद्हेतुओं की रूपपञ्चकसम्पत्ति जाननी चाहिए (विचारणीय है)।

इन पाँचरूपों में से किसी एक का अभाव रहने से (१) असिद्ध, (२) विरुद्ध, (३) अनैकान्तिक,

(४) कालात्ययापदिष्ट और (५) प्रकरणसम आख्य/नामक पाँच हेत्वाभास सम्पन्न होते हैं। उसका स्पष्टीकरण–

(१) जिस हेतु का पक्ष में रहना अनिश्चित है, वह असिद्ध हेत्वाभास है। जैसे 'शब्द अनित्य है, क्योंकि नेत्र का विषय है।' यहाँ 'नेत्र का विषय है', यह हेतु पक्षीकृत शब्द में नहीं रहता है, क्योंकि शब्द में श्रावणत्व है। इसलिये पक्षधर्मविरह से नेत्रविषयपना असिद्ध हेत्वाभास है।

(२) जो हेतु साध्य के विपरीत के साथ व्याप्त है, वह विरुद्ध है। जैसे-'शब्द नित्य है, क्योंकि कृतकपना है।' यहाँ 'कृतकत्व' यह हेतु नित्यत्व साध्य के विपरीत अनित्यत्व के साथ व्याप्त है और आकाशादि सपक्षों में अविद्यमान हैं, इसलिये विरुद्ध हेत्वाभास है।

(३) जो हेतु व्यभिचारी है, वह अनैकान्तिक है। जैसे-'शब्द अनित्य है, क्योंकि प्रमेयत्व है।' यहाँ प्रमेय यह हेतु साध्यभूत अनित्यत्व का व्यभिचारी है, क्योंकि आकाशादि विपक्षों में नित्यत्व के साथ भी वह हेतु रहता है। इसलिये विपक्ष से व्यावृत्ति का अभाव होने से अनैकांतिक हेत्वाभास है।

(४) जिस हेतु का विषय अर्थात् साध्य प्रत्यक्षादि प्रमाण से बाधित है, वह कालात्ययापदिष्ट है। जैसे– 'अग्नि अनुष्ण (ठंडी) है, क्योंकि पदार्थ है।' यहाँ पदार्थ इस हेतु को अनुष्णत्वरूप स्वविषय (साध्य) में उष्णत्वग्राहक प्रत्यक्ष ज्ञान से बाधा आती है, इसलिये अबाधितविषयपना का अभाव होने से कालात्ययापदिष्ट हेत्वाभास है।

(५) जो हेतु प्रतिसाधनप्रतिरुद्ध है, वह हेतु प्रकरणसम है। जैसे– 'शब्द अनित्य है, क्योंकि नित्यधर्मरहितत्व है।' यहाँ नित्यधर्मरहित यह हेतु प्रतिसाधन से प्रतिरुद्ध है।

शंका–वह प्रतिसाधन यानी क्या ?

समाधान–'शब्द नित्य है, क्योंकि अनित्यधर्मरहितत्व है' ऐसा नित्यत्वसाधन है। इसलिये असत्प्रतिपक्षत्व का अभाव होने से नित्यधर्मरहितत्व इस हेतु में प्रकरणसमत्व है।

इसलिये पाँचरूपता हेतु का लक्षण है। उनमें से किसी एक का अभाव रहनेपर हेत्वाभास का प्रसंग आ जाने से जो कहा गया था कि 'हेतुलक्षणरहित है तो भी हेतु के समान जो भासमान होते हैं वे हेत्वाभास हैं' यह ठीक ही कहा गया है। हेतु के पाँचरूपों में से कोई एक रूप न होने से हेतुलक्षणरहित है और कुछ रूप होने से हेतु के समान (भान्ति) प्रतीति में आते हैं, ऐसा वचन है।

जैन–आप नैयायिक के द्वारा कथन किया गया हेतु का पाँचरूपता यह लक्षण भी ठीक नहीं है, क्योंकि शकटोदयरूप साध्य का पक्षधर्मरहितवाला भी कृत्तिकोदय यह हेतु दिखाई देता है। इसलिये पाँचरूपता यह लक्षण अव्याप्ति दोष से युक्त है।

विशेषार्थ–नैयायिकादि- अन्यथानुपपत्ति यह हेतु का लक्षण ठीक नहीं हैं। (१) पक्षधर्मत्व, (२) सपक्ष में सत्त्व, (३) विपक्ष से व्यावृत्ति, (४) अबाधितविषयत्व और (५) असत्प्रतिपक्षत्व इन पाँचरूपवाला (लक्षणवाला) हेतु होता है। पक्षधर्मत्व, सपक्ष में सत्त्व और विपक्ष से व्यावृत्ति इन तीनों का व्याख्यान बौद्धाभिमत हेतुलक्षण के पहले कथन में आ गया है।

साध्य से विपरीत (अथवा बाधा) को निश्चय करनेवाले प्रबल (समर्थ) प्रमाणों का न होना **अबाधितविषयपना** है।

साध्य के अभाव को निश्चय करनेवाले समान बल के प्रमाणों का न होना **असत्प्रतिपक्षत्व** है।

जैसे –

यह पर्वत अग्निमान है,	[१] (यह प्रतिज्ञा है।)
क्योंकि धूमवान है,	[२] (यह हेतु है।)
जो-जो धूमवान होता है वह-वह अग्निमान होता है, जैसे रसोईगृह,	[३] (यह अन्वयदृष्टान्त है।) (यह सपक्ष है।)
जो-जो अग्निमान नहीं है वह-वह धूमवान नहीं होता, जैसे तालाब,	(यह व्यतिरेकदृष्टान्त है।) (यह विपक्ष है।)
और रसोईगृह जैसा धूमवान है वैसा पर्वत धूमवान है,	[४] (यह उपनय है।)
यह पर्वत धूमवान है इसलिये यह पर्वत अग्निमान है	[५] (यह निगमन है।)

इन पाँच अवयवरूप अनुमान प्रयोग में अग्निरूप साध्यधर्म से युक्त पर्वतरूप धर्मी पक्ष है और धूम यह हेतु है। धूम इस हेतु में **पक्षधर्मत्व** है, क्योंकि वह धूम पक्षरूप पर्वत पर है। धूम इस हेतु में '**सपक्ष में सत्त्व**' है, क्योंकि सपक्षरूप रसोईगृह में धूम है।

शंका – अंगार अवस्था प्राप्त अग्निमान प्रदेश में धूम का अभाव है, इसलिये कुछ सपक्षों में धूम नहीं रहता है तो फिर हेतु में 'सपक्ष में सत्त्व' यह रूप नहीं रहता है। इसलिये क्या आपके कथन में बाधा नहीं आती ?

समाधान – ऐसी बाधा नहीं आती है, क्योंकि सपक्ष अर्थात् दृष्टान्त सर्वदेश अथवा एकदेश भी होता है। इसलिये सपक्ष में सर्वत्र अथवा एकदेश में हेतु के सद्भाव को '**सपक्ष में सत्त्व**' कहते हैं ।

धूम इस हेतु की '**विपक्षों से व्यावृत्ति**' है क्योंकि तालाब आदि सभी विपक्षों में धूम का सद्भाव नहीं है।।

धूम इस हेतु में '**अबाधितविषयत्व**' भी है क्योंकि धूमवान इस हेतु का जो विषयरूप अग्निमान साध्य है, वह प्रत्यक्षादि प्रमाणों से अबाधित है।

और धूम इस हेतु में '**असत्प्रतिपक्षत्व**' भी है; क्योंकि यहाँ अग्नि के अभाव की सिद्धि करनेवाले समान बल के प्रमाण का अभाव है।

और यह पाँचरूप्यसम्पत्ति ही धूमवानपना का अपने साध्य के साधकत्व में निबन्धन है। इसतरह सभी सद्हेतुओं में पाँचरूप्यसम्पत्ति का सद्भाव रहना ही चाहिये और अन्यथानुपपत्ति यह हेतु का लक्षण नहीं, ऐसा कुछ लोगों का मत है।

यदि इन पाँचरूपों से किसी एक का अभाव रहेगा तो (१) असिद्ध, (२) विरुद्ध, (३) अनैकान्तिक, (४) कालात्ययापदिष्ट और (५) प्रकरणसम नामके पाँच हेत्वाभास होते हैं। उनका स्पष्टीकरण–

(१) जिस हेतु का पक्ष में रहना निश्चित नहीं है, वह हेतु असिद्ध हेत्वाभास है। जैसे 'शब्द अनित्य है, क्योंकि नेत्र का विषय है।' यहाँ 'नेत्र का विषय है' यह हेतु पक्षरूप शब्द (ध्वनि) में नहीं है, क्योंकि शब्द (ध्वनि) कानों/श्रोत्रेंद्रिय/कर्णेंद्रिय से सुना/जाना जाता है और नेत्र/आँख का विषय रंग/वर्ण अर्थात् सफेद, पीत, नील आदि है, लिखे हुए अथवा छपे हुए शब्द/ध्वनि न होकर छपें हुए शब्द अथवा लिखे हुए शब्द/रंग (Colour) है। इसलिये पक्षधर्मरहितपना से नेत्रविषयपना असिद्ध हेत्वाभास है।

(२) जो हेतु साध्य से विपरीत/विरुद्ध (असाध्य) के साथ व्याप्त/रहता है, वह विरुद्ध है। जैसे–'शब्द नित्य है, क्योंकि कृतकपना [किया हुआपना/कृत्रिमपना] है।' यहाँ 'कृतकत्व' यह हेतु नित्यत्व साध्य के विरुद्ध क्षणिकत्व के साथ व्याप्त है और नित्य रहनेवाले आकाशादि सपक्षों में नहीं रहता है, इसलिये विरुद्ध हेत्वाभास है।

(३) जो हेतु पक्ष में और विपक्ष में भी रहता है [अर्थात् व्यभिचारी है], वह हेतु अनैकांतिक [एक के साथ नहीं अर्थात् पक्ष और विपक्ष ऐसे दोनों के साथ रहता है ऐसा] है। जैसे–'शब्द अनित्य (क्षणिक) है, क्योंकि प्रमेयत्व है।' यहाँ प्रमेयत्व यह हेतु साध्यरूप अनित्य/क्षणिक में है और प्रमेयत्व यह हेतु अनित्य साध्य के विपक्ष (विरुद्धपक्ष) नित्यत्व में भी रहता है। इसलिये विपक्ष से व्यावृत्ति का अभाव रहने से अनैकान्तिक हेत्वाभास है।

(४) जिस हेतु का विषय अर्थात् साध्य प्रत्यक्षादि प्रमाणों से बाधित है, वह कालात्ययापदिष्ट है। जैसे-'अग्नि ठण्डी/अनुष्ण है, क्योंकि पदार्थ है।' यहाँ पदार्थ इस हेतु को अनुष्णत्वरूप स्वविषय/स्वसाध्य में उष्णत्व को जाननेवाले प्रत्यक्ष ज्ञान से बाधा आती है, इसलिये अबाधितविषयपना का अभाव रहने से कालात्ययापदिष्ट हेत्वाभास है।

(५) जो हेतु प्रतिसाधनप्रतिरुद्ध [प्रतिसाधन से सहित है, ऐसा] है, वह हेतु प्रकरणसम है। जैसे- 'शब्द अनित्य है, क्योंकि नित्यधर्मरहितत्व [शब्द में नित्यधर्म नहीं] है।' यहाँ नित्यधर्मरहित यह हेतु प्रतिसाधन [विरुद्ध साधन] से प्रतिरुद्ध है अर्थात् नित्यधर्मरहित इस हेतु का विरुद्धसाधनरूप अनित्यधर्मरहितवाला साधन है। अर्थात् 'शब्द नित्य है, क्योंकि अनित्यधर्मरहित है' ऐसा नित्यत्वसाधन है। इस तरह एक के विरुद्ध दूसरे समान बलवाले प्रमाण का सद्भाव है अर्थात् प्रतिपक्षसहित यानी सत्प्रतिपक्ष है। इसलिये असत्प्रतिपक्ष का अभाव रहने से नित्यधर्मरहित इस हेतु में प्रकरणसमत्व है।

इसलिये पाँच प्रकार के सदोष हेतुओं का अभाव करने के लिये सद्हेतु में पाँचरूपता चाहिये, ऐसा कुछ लोगों का कथन है।

जैन–आपके द्वारा कथन किया गया हेतु का 'पाँचरूपता' यह लक्षण भी ठीक नहीं है, क्योंकि शकटोदयरूप साध्य का पक्षधर्मरहितवाला भी कृत्तिकोदय यह हेतु दिखाई देता है। इसलिये पाँचरूपता यह लक्षण अव्याप्ति दोष से युक्त है।

'एक मुहूर्त के बाद शकट नक्षत्र का उदय होगा, क्योंकि अभी कृत्तिका नक्षत्र का उदय हो रहा है।' इस अनुमान में 'कृत्तिका नक्षत्र का उदय' अर्थात् कृत्तिकोदय यह हेतु है। और वह हेतु शकटरूप पक्ष का धर्म नहीं है अर्थात् कृत्तिकोदय इस हेतु में पक्षधर्मत्व नहीं है। ऐसे पक्षधर्मरहितवाले कृत्तिकोदय हेतु से शकटोदयरूप साध्य की सिद्धि होती है, क्योंकि कृत्तिकोदय इस हेतु में पक्षधर्मरहितपना होते हुए भी 'अन्यथानुपपत्ति अर्थात् अविनाभाव' यह लक्षण विद्यमान है।

संस्कृत पृष्ठ नं. ९७-९८, संस्कृत परिच्छेद नं. ४४ से ४७ →

जैन–और भी देखिये-केवलान्वयी हेतु में और केवलव्यतिरेकी हेतु में पाँचरूपता का अभाव रहने पर भी केवलान्वयी हेतु में और केवलव्यतिरेकी हेतु में गमकत्व है, ऐसा उनके (नैयायिकादि के) द्वारा माना गया है। उसका स्पष्टीकरण– वे (नैयायिकादि) तीन प्रकार के हेतु मानते हैं– (१) अन्वयव्यतिरेकी हेतु, (२) केवलान्वयी हेतु और (३) केवलव्यतिरेकी हेतु। उनमें से (१) अन्वयव्यतिरेकी हेतु पाँचरूप से उपपन्न है। जैसे-'शब्द अनित्य है, क्योंकि कृतकपना है, जो-जो कृतक होता है वह-वह अनित्य होता है, जैसे घट, जो-जो अनित्य नहीं होता वह-वह कृतक नहीं होता, जैसे आकाश, और घट जैसा कृतक है वैसा शब्द कृतक है और शब्द कृतक होने से शब्द अनित्य ही है।' यहाँ पक्षरूप शब्द में अनित्यत्व सिद्ध किया जा रहा है। वहाँ कृतकत्व यह हेतु है। उस कृतकत्व में पक्षीकृत शब्द का धर्मपना होने से कृतकत्व हेतु में पक्षधर्मत्व है। घटादि सपक्ष में कृतकत्व रहने से कृतकत्व हेतु में 'सपक्ष में सत्त्व' है और नित्यत्ववाले आकाशादि में कृतकत्व न रहने से कृतकत्व हेतु में 'विपक्ष से व्यावृत्ति' है। इस कारण से 'कृतकत्व हेतु' अन्वयव्यतिरेकी हेतु है।

(२) विपक्षरहित पक्षसपक्षवृत्तिवाला केवलान्वयी हेतु होता है। जैसे–अदृष्टादि किसी को तो प्रत्यक्ष है, क्योंकि अनुमेयपना है, जो-जो अनुमेय रहता है वह-वह किसी को प्रत्यक्ष है जैसे-अग्नि आदि। यहाँ 'अदृष्टादि' यह पक्ष है, 'किसी को प्रत्यक्ष है' यह साध्य है और 'अनुमेयपना' यह हेतु है और 'अग्नि आदि' यह अन्वयदृष्टान्त है। पक्षीकृत अदृष्टादि में 'अनुमेयत्व' यह हेतु है और सपक्षरूप अग्नि आदि में अनुमेयत्व यह हेतु है। इस कारण से 'अनुमेयत्व' इस हेतु में पक्षधर्मत्व और 'सपक्ष में सत्त्व' है और यहाँ विपक्ष है ही नहीं, क्योंकि सभी का पक्ष और सपक्ष में अन्तर्भाव हो गया। इसलिये 'विपक्ष से व्यावृत्ति' है ही नहीं, क्योंकि व्यावृत्ति को अवधि अर्थात् मर्यादा/सीमा है, और वह मर्यादा/सीमा/ अवधि न होने से यहाँ विपक्ष नहीं है। शेष अन्वयव्यतिरेकी के भाँति/समान द्रष्टव्य है।

(३) सपक्षरहित, पक्षवृत्तिवाला और विपक्षव्यावृत्तिवाला हेतु केवलव्यतिरेकी हेतु होता है। जैसे-'जीवित शरीर जीवसहित होना चाहिए' क्योंकि वह प्राणादिवाला है, जो-जो जीवसहित नहीं होता है, वह-वह प्राणादिवाला नहीं होता, जैसे लोष्ठ (मिट्टी का ढेला)। यहाँ 'जीवित शरीर' यह पक्ष है और 'जीवसहितत्व' यह साध्य है और 'प्राणादिवाला' यह हेतु है और लोष्ठादि (मिट्टी का ढेला आदि) व्यतिरेकदृष्टांत है। पक्षीकृत जीवित शरीर में प्राणादिवाला यह हेतु रहता है और विपक्षरूप लोष्ठादि से व्यावृत्त है और यहाँ सपक्ष है ही नहीं, क्योंकि सभी का पक्ष और विपक्ष में अंतर्भाव

हो गया है। शेष अन्वयव्यतिरेक हेतु के भाँति/समान द्रष्टव्य है।

''इसतरह इन तीन हेतुओं में अन्वयव्यतिरेकी हेतु में ही पाँचरूपता है, क्योंकि केवलान्वयी हेतु में 'विपक्ष से व्यावृत्ति' का अभाव है और केवलव्यतिरेकी हेतु में 'सपक्ष में सत्त्व' का अभाव है।'' इसलिये नैयायिक के मतानुसार ही हेतु का पाँचरूप्य यह लक्षण व्यभिचार दोष से युक्त है। लेकिन अन्यथानुपपत्तिलक्षण का सभी सद्हेतुओं में व्याप्तत्व होने से 'अन्यथानुपपत्ति' को हेतु का लक्षण मानना ठीक है, क्योंकि अन्यथानुपपत्तिलक्षण के अभाव में हेतु का स्वसाध्यगमकपना सिद्ध नहीं होता है।

विशेषार्थ–जैन–और अधिक स्पष्टीकरण देखिए–नैयायिक हेतु के अन्यथानुपपत्तिलक्षण को मानते नहीं और नैयायिक हेतु का पाँचरूपता लक्षण मानते हैं, लेकिन वह पाँचरूपता लक्षण उन्हीं (नैयायिकों के) द्वारा माने गये सभी हेतुओं में नहीं जाता है। जैसे केवलान्वयी हेतु में पाँचरूपता लक्षण का अभाव है, केवलव्यतिरेकी हेतु में पाँचरूपता लक्षण का अभाव है। अन्वयव्यतिरेकी हेतु में पाँचरूपता लक्षण का सद्भाव है। नैयायिक तीन प्रकार के हेतु मानते हैं। (१) अन्वयव्यतिरेकी, (२) केवलान्वयी और (३) केवलव्यतिरेकी।

(१) अन्वयव्यतिरेकी हेतु में हेतु का पाँचरूपता लक्षण है। जैसे–

'शब्द अनित्य है, } क्योंकि कृतक है, }	यह प्रतिज्ञा है। यह हेतु है।	(1) यहाँ अनित्य साध्य का आधाररूप 'शब्द' पक्ष है, पक्ष में कृतक यह हेतु है, इसलिये कृतक हेतु में पक्षधर्मत्व है।
जो-जो कृतक होता है वह-वह अनित्य होता है जैसे घट,	यह अन्वयदृष्टांत है, यह सपक्ष है।	(II) यहाँ अनित्य साध्य का 'घट' सपक्ष है, सपक्ष में कृतक यह हेतु है, इसलिये कृतक हेतु में 'सपक्ष में सत्त्व' है।
जो-जो अनित्य नहीं होता वह-वह कृतक नहीं होता जैसे नित्य आकाश,	यह व्यतिरेकदृष्टांत है, यह विपक्ष है।	(III) यहाँ अनित्य साध्य का 'नित्य आकाश' विपक्ष है, विपक्ष में कृतक यह हेतु नहीं है, इसलिये कृतक हेतु में 'विपक्ष से व्यावृत्ति' है।
घट जैसा कृतक है वैसा शब्द कृतक है,	यह उपनय है।	
यह शब्द कृतक होने से शब्द अनित्य है।'	यह निगमन है।	

(IV) कृतक हेतु का अनित्यत्व यह साध्य अर्थात् विषय किसी भी प्रमाण से बाधित न होने से कृतक हेतु में अबाधितविषयत्व है। और

(V) प्रतिपक्षी साधन न होने से कृतक हेतु में असत्प्रतिपक्षत्व है।

इसतरह अन्वयव्यतिरेकी [सपक्ष में रहना और विपक्ष में न रहना ऐसे] कृतकहेतु में (I) पक्षधर्मत्व, (II) सपक्ष में सत्त्व, (III) विपक्ष से व्यावृत्ति, (IV) अबाधितविषयत्व और (V) असत्प्रतिपक्षत्व ये पाँचरूप हैं। लेकिन

(२) केवलान्वयी हेतु में पाँचरूपता लक्षण का अभाव है। जैसे-

'अदृष्टादि (पुण्यपापादि) किसी के प्रत्यक्ष हैं,	यह प्रतिज्ञा है ।	(द्र) यहाँ अदृष्टादि पक्ष है, पक्ष में अनुमेयत्व (अनुमान से जानने योग्य) यह हेतु है, इसलिये अनुमेयत्व हेतु में पक्षधर्मत्व है।
क्योंकि अनुमान से जाने जाते (अनुमेय) हैं	यह हेतु है ।	
जो-जो अनुमान से जाने जाते (अर्थात् अनुमेय) हैं वे-वे किसी के प्रत्यक्ष हैं, जैसे-अग्नि आदि।'	यह अन्वयदृष्टांत है, यह सपक्ष है।	(II) यहाँ 'अग्नि आदि' सपक्ष है, उस सपक्ष में अनुमेयत्व यह हेतु है, इसलिये अनुमेयत्व हेतु में 'सपक्ष में सत्त्व' है।

(III) अनुमेयत्व हेतु में 'विपक्ष से व्यावृत्ति' नहीं है क्योंकि सभी का पक्ष और सपक्ष में अंतर्भाव हो गया।

(IV) अनुमेयत्व हेतु का 'किसी के प्रत्यक्ष है' यह साध्य अर्थात् विषय किसी भी प्रमाण से बाधित न होने से 'अनुमेयत्व हेतु में अबाधितविषयत्व' है।

(V) प्रतिपक्षी साधन न होने से अनुमेयत्व हेतु में 'असत्प्रतिपक्षत्व' है।

इसतरह केवलान्वयी अनुमेयत्व हेतु में 'विपक्ष से व्यावृत्ति' न रहने पर भी साध्य का गमक है, ऐसा नैयायिक ने माना है। इसलिये केवलान्वयी हेतु में पाँचरूपता लक्षण का अभाव रहने पर भी सद्हेतु माना है। इसलिये हेतु का पाँचरूपता यह लक्षण 'अव्याप्त' दोषयुक्त है। और

(३) केवलव्यतिरेकी हेतु में भी हेतु के पाँचरूपता लक्षण का अभाव है। जैसे –

'जीवित शरीर जीवसहित होता है,	यह प्रतिज्ञा है।	(I) यहाँ 'जीवसहित है' इस साध्य का 'जीवित शरीर' यह पक्ष है, पक्ष में प्राणादिवाला यह हेतु है, इसलिये प्राणादिवाला हेतु में पक्षधर्मत्व है।
क्योंकि प्राणादिवाला है,	यह हेतु है।	
जो-जो जीवसहित नहीं होता वह-वह प्राणादिवाला नहीं होता, जैसे-लोष्ठादि (मिट्टी का ढेला आदि)'	यह व्यतिरेकदृष्टांत है, यह विपक्ष है।	(III) यहाँ 'जीवसहित है' इस साध्य का 'लोष्ठ आदि' विपक्ष है, विपक्ष में 'प्राणादिवाला' यह हेतु नहीं है, इसलिये प्राणादिवाला हेतु में 'विपक्ष से व्यावृत्ति' है।

(II) प्राणादिवाला हेतु में 'सपक्ष में सत्त्व' नहीं है, क्योंकि सभी का पक्ष और विपक्ष में अंतर्भाव हो गया।

(IV) प्राणादिवाला हेतु का 'किसी के प्रत्यक्ष है' यह साध्य अर्थात् विषय किसी भी प्रमाण से बाधित न होने से 'प्राणादिवाला हेतु में अबाधितविषयत्व' है।

(V) प्रतिपक्षी साधन न होने से प्राणादिवाला हेतु में असत्प्रतिपक्षत्व है।

इसतरह केवलव्यतिरेकी प्राणादिवाला हेतु में 'सपक्ष में सत्त्व' न रहने पर भी साध्य का गमक है, ऐसा

नैयायिक ने माना है। इसलिये केवलव्यतिरेकी हेतु में पाँचरूपता लक्षण का अभाव रहने पर भी सद्हेतु माना है। इसलिये हेतु का पाँचरूपता यह लक्षण अव्याप्त दोषयुक्त है।

इसतरह अन्वयव्यतिरेकी, केवलान्वयी और केवलव्यतिरेकी इन तीन प्रकार के हेतुओं में अन्वयव्यतिरेकी हेतु ही पाँचरूपता लक्षणवाला हैं और केवलान्वयी तथा केवलव्यतिरेकी हेतुओं में पाँचरूपता लक्षण का अभाव है। इसलिये नैयायिकों के मतानुसार ही पाँचरूपता लक्षण में दोष है।

लेकिन अन्यथानुपपत्ति लक्षण का सद्भाव सभी सद्हेतुओं में है। इसलिये अन्यथानुपपत्ति लक्षणवाला ही हेतु स्वसाध्य का गमक होता है। इसलिये अन्यथानुपपत्ति को ही हेतु का लक्षण मानना योग्य है।

संस्कृत पृष्ठ नं. ९८-९९, संस्कृत परिच्छेद नं. ४८ →

नैयायिक – असिद्धादि पाँच दोषों के निवारण के लिये पाँचरूप हैं।

जैन – वह ठीक नहीं है, क्योंकि हमारे द्वारा माने गये अन्यथानुपपत्तिमानपना से निश्चितपना में ही उन असिद्धादि पाँच दोषों का निवारणपना सिद्ध है। उसका स्पष्टीकरण-

साध्यान्यथानुपपत्तिमानपना रहनेपर निश्चयपथप्राप्तपना यह वास्तव में हेतु का लक्षण है। परीक्षामुखसूत्र- अध्याय ३ रा, सूत्र नं. १५ में कहा गया है कि, 'साध्याविनाभावित्व से निश्चितवाला (निश्चित किया हुआ) हेतु होता है' और यह लक्षण असिद्ध हेत्वाभास (असिद्धादि हेत्वाभासों) में नहीं हैं। शब्द की अनित्यता सिद्ध करने के लिये अभिप्रेत जो 'चाक्षुषत्व (नेत्रेंद्रिय का विषय) है' ऐसा हेतु दिया जाता है, वह शब्द का स्वरूप ही नहीं [अर्थात् शब्द/ध्वनि में नेत्रेंद्रिय का विषय होने की योग्यता नहीं] तब उस हेतु में अन्यथानुपपत्तिमानपना से निश्चयपथप्राप्ति कैसे है? [अर्थात् उस हेतु में अन्यथानुपपत्तिमानपना से निश्चयपथप्राप्ति नहीं है।] इसलिये उस हेतु का साध्य के साथ अविनाभाव का निश्चय न होने से ही यह हेतु असिद्ध हेत्वाभास है। लेकिन उस हेतु में पक्षधर्मत्व का अभाव है इसलिये वह हेतु हेत्वाभास नहीं, क्योंकि पक्षधर्मत्व के बिना भी कृत्तिकोदयादि हेतुओं को उस अन्यथानुपपत्ति लक्षण के सद्भाव से सम्यक् हेतु कहते हैं, और विरुद्धादि हेत्वाभासों में अन्यथानुपपत्तिलक्षण का अभाव स्पष्ट ही है। विरुद्ध, व्यभिचारी, बाधितविषय और सत्प्रतिपक्ष इन में अविनाभाव का निश्चय नहीं है। इसलिये 'जिस हेतु में अन्यथानुपपत्तिमानपना रहने पर योग्य देश की निश्चयपथप्राप्ति है, वही सम्यक् हेतु है, उससे अन्य हेतु हेत्वाभास है' ऐसा सिद्ध हो गया।

विशेषार्थ – नैयायिक → असिद्धादि पाँच दोषों का निवारण करने के लिये हेतु का पाँचरूपता लक्षण है।

जैन – वह ठीक नहीं है, क्योंकि अन्यथानुपपत्तिमानपना से निश्चय करने पर 'असिद्ध, विरुद्ध, अनैकान्तिक (व्यभिचारी), बाधितविषय और सत्प्रतिपक्ष' इन पाँच दोषों का अभाव हो जाता है। उसका स्पष्टीकरण –

'जो साध्य का अविनाभावी है अर्थात् साध्य के रहने पर रहता है (अर्थात् साधन/हेतु के रहनेपर साध्य का सद्भाव नियम से रहता है) और साध्य के न रहने पर साधन/हेतु का सद्भाव नहीं रहता है और इसका सुनिश्चित ज्ञान है' ऐसा हेतु का लक्षण है। ऐसे लक्षणवाले हेतु से ही साध्य का ज्ञान अर्थात् साध्य की सिद्धि होती है। 'जो साध्य का अविनाभावी है और इसका सुनिश्चित ज्ञान (निश्चयपथप्राप्ति) है' यह लक्षण असिद्ध हेत्वाभास (असिद्धादि हेत्वाभासों) में नहीं है। जैसे – शब्द की अनित्यता सिद्ध करने के लिये जो 'चाक्षुषत्व (नेत्रेंद्रिय का विषय) है' ऐसा हेतु दिया जाता है, वह शब्द का स्वरूप नहीं [अर्थात् शब्द/ध्वनि में नेत्र का विषय होने की योग्यता नहीं] है, इसलिये 'चाक्षुषत्व' इस हेतु में अन्यथानुपपत्तिमानपना से निश्चयपथप्राप्ति

नहीं है। इसलिये उस हेतु में अन्यथानुपपत्तिलक्षण न रहने से असिद्ध हेत्वाभास है, लेकिन पक्षधर्मत्व नहीं है, इसलिये चाक्षुषत्व हेतु में असिद्ध हेत्वाभास नहीं, क्योंकि पक्षधर्मत्व से रहित कृत्तिकादि हेतुओं को उस अन्यथानुपपत्तिलक्षण के सद्भाव से सम्यक् हेतु कहते हैं। विरुद्ध, व्यभिचारी, बाधितविषय तथा सत्प्रतिपक्ष इन हेत्वाभासों में अन्यथानुपपत्तिलक्षणसहित निश्चयपथप्राप्ति का अभाव है ।

इसलिये 'जिस हेतु में अन्यथानुपपत्तिमानपना सहित योग्यदेशनिश्चयपथप्राप्ति है, वही सम्यक् हेतु है, उससे रहित वाले अन्य हेतु हेत्वाभास हैं' यह सिद्ध हो गया।

इसलिये '**स्वयं निजध्रुवशुद्धज्ञानदर्शनानंदात्मा का प्रामाण्यसहित प्रत्यक्ष ज्ञान**' करने पर अपने **सम्यग्दर्शन का सुनिश्चित निर्णय** हो जाता है; क्योंकि '**स्वयं निजध्रुवशुद्धज्ञानदर्शनानंदात्मा का प्रामाण्यसहित प्रत्यक्ष ज्ञान करना**' इस हेतु में '**अन्यथानुपपत्तिमानपना सहित निश्चयपथप्राप्ति**' यह लक्षण है।

भो आत्मन्! स्वयं यह निर्णय करने से मोक्षमार्ग का प्रारंभ हो जाता है। दूसरे से पूछने की आवश्यकता नहीं।

संस्कृत पृष्ठ नं. ९९, संस्कृत परिच्छेद नं. ४९ →



और भी देखिए– 'गर्भस्थ मैत्रीतनय (मैत्री का पुत्र) श्याम (काला) होना चाहिए, क्योंकि मैत्रीतनयत्व है, जैसे- सम्प्रतिपन्न मैत्रीतनय हैं [अन्य मौजूद मैत्री के पुत्र हैं]। यहाँ बौद्धाभिमत त्रैरूप्य और नैयायिकाभिमत पाँचरूप्य हेतुलक्षणों की अतिव्याप्ति होने से अलक्षणत्व है। उसका स्पष्टीकरण- परिदृश्यमान पाँच मैत्री के पुत्रों में कालापन देखकर विवादापन्न (विवादग्रस्त) मैत्रीगर्भस्थ पुत्र को पक्ष करके मैत्रीगर्भस्थपुत्र भी काला है, यह सिद्ध करने के लिए 'प्रयुक्त किया हुआ मैत्रीतनयत्वाख्य हेतु हेत्वाभास है' ऐसा प्रसिद्ध है, क्योंकि अश्यामत्व [गोरेपन] की भी वहाँ सम्भावना है और वह सम्भावना 'श्यामत्व (कालेपन)' के साथ 'मैत्रीतनयत्व' की अन्यथानुपपत्ति (अविनाभाव) का अभाव होने से होती है; और उस अन्यथानुपपत्ति (अविनाभाव) का अभाव इसलिये है कि श्यामत्व (कालेपन) के साथ मैत्रीतनयत्व का (१) सहभावनियम नहीं और (२) क्रमभावनियम नहीं।



विशेषार्थ– हेतु के त्रैरूप्यलक्षण में और पाँचरूप्यलक्षण में अतिव्याप्ति दोष भी है। जैसे- 'मैत्री के गर्भ में जो पुत्र है वह पुत्र काला है, क्योंकि उस पुत्र में मैत्रीतनयत्व (मैत्री का पुत्रपना) है, जैसे अभी यहाँ गर्भ के बाहर ये जो मैत्री के पाँच पुत्र हैं और वे पाँचों पुत्र काले हैं।' यहाँ श्यामत्व (कालेपन) साध्य है और 'मैत्रीतनयत्व' हेतु है। यहाँ 'मैत्रीतनयत्व हेतु हेत्वाभास (झूठा हेतु) है' क्योंकि मैत्रीतनयत्व का सद्भाव होते हुए भी गोरेपन हो सकता है; क्योंकि मैत्रीतनयत्व हेतु में अन्यथानुपपत्ति (अविनाभाव) का अभाव है अर्थात् कालेपन के साथ मैत्रीतनयत्व का न सहभावनियम है और न क्रमभावनियम है।

अर्थात् साध्य के साथ हेतु का सहभावनियम अथवा क्रमभावनियम रहना आवश्यक है।


संस्कृत पृष्ठ नं. ९९, संस्कृत परिच्छेद नं. ५० →

जिस धर्म का जिस धर्म के साथ सहभावनियम है, वह उसका गमक/ज्ञापक होता है। जैसे – शिंशपात्व का वृक्षत्व के साथ सहभावनियम होता है, इसलिये शिंशपात्व हेतु वृक्षत्व का गमक होता है; और जिसका जिसके साथ क्रमभावनियम होता है, वह उसका गमक/ज्ञापक होता है। जैसे – धूम का अग्नि के बाद होने का नियम है, इसलिये धूम अग्नि का गमक होता है। हेतुत्व से अभिमत मैत्रीतनयत्व का साध्यरूप से इष्ट श्यामत्व (कालेपन) के साथ सहभाव अथवा क्रमभाव नियम नहीं है, जिससे मैत्रीतनयत्व हेतु श्यामत्व साध्य का गमक होगा।

विशेषार्थ– हेतु का साध्य के साथ जो अविनाभाव होता है, वह दो प्रकार का अविनाभाव होता है– (१) सहभावनियम और (२) क्रमभावनियम। जैसे –

(१) सहभावनियमवाली अन्यथानुपपत्ति – जिस धर्म का जिस धर्म के साथ सहभावनियम है, वह उसका गमक/ज्ञापक/सूचक अथवा बोधक अथवा दिखानेवाला होता है। जैसे – (a) शिंशपात्व (शीशमपना) का वृक्षत्व के साथ सहभाव नियम होता है, इसलिये शिंशपात्व यह हेतु वृक्षत्व का गमक है।





(b) नारियलपना का वृक्षत्व के साथ सहभावनियम है, इसलिये नारियलपना यह हेतु वृक्षत्व का गमक होता है।

(c) बडत्व का वृक्षत्व के साथ सहभावनियम है, इसलिये बडत्व यह हेतु वृक्षत्व का गमक है।

आम का वृक्ष




(d) आम का वृक्षत्व के साथ सहभावनियम है, इसलिये आम यह हेतु वृक्षत्व का गमक होता है।


(e) बबूलत्व का वृक्षत्व के साथ सहभावनियम है, इसलिये बबूलत्व यह हेतु वृक्षत्व का गमक होता है।

बबूल का वृक्ष





(f) सास्नादिमानत्व का गोत्व के साथ सहभावनियम है, इसलिये सास्नादिमानत्व यह हेतु गाय/गो का गमक होता है।



(g) भावलिंग अथवा अप्रमत्तसंयत/सप्तमगुणस्थान का द्रव्यलिंग के साथ सहभावनियम होता है, इसलिये भावलिंग यह हेतु द्रव्यलिंग का गमक होता है।





(h) निजध्रुवशुद्धज्ञानदर्शनानंदात्मा का प्रामाण्यसहित प्रत्यक्ष ज्ञान अर्थात् निर्विकल्पज्ञान/शुद्धात्मानुभव का सम्यग्दर्शन के साथ सहभावनियम है, इसलिये 'निजध्रुवशुद्धज्ञानदर्शनानंदात्मा का प्रामाण्यसहित प्रत्यक्ष ज्ञान' यह हेतु सम्यग्दर्शन का गमक होता है। देखो- **प्रवचनसार**–गाथा-८० '**जो जाणदि अरहंतं**' इत्यादि की श्री जयसेनाचार्य-रचित तात्पर्यवृत्ति- "...**अविकल्प-स्वरूपे प्राप्ते.....दर्शनमोहान्धकार: प्रलीयते।**"

अर्थ–जिस समय अविकल्पस्वरूप/निर्विकल्पज्ञान अर्थात् शुद्धात्मानुभव प्राप्त होता है, उसी समय दर्शनमोह का व्यय अर्थात् सम्यग्दर्शन का उत्पाद होता है।

(i) ज्ञानपर्याय/जानने की पर्याय का जीव के साथ सहभावनियम है, इसलिये ज्ञानपर्याय यह हेतु जीवत्व का गमक होता है।


(j) स्वसंवेदन/अहं की प्रतीति/मैं की प्रतीति का जीव के साथ सहभावनियम है, इसलिये ज्ञानपर्याय यह हेतु जीवत्व का गमक होता है।

(k) पर्याय का ध्रुवद्रव्य के साथ सहभावनियम है, इसलिये पर्याय यह हेतु ध्रुवद्रव्य का गमक होता है। देखो- **प्रवचनसार-गाथा नं. १०, ९३** इत्यादि। '**णत्थि विणा परिणामं अत्थो अत्थं विणेह परिणामो**' इत्यादि। **अर्थ**–इस लोक में परिणाम/पर्याय के बिना अर्थ/पदार्थ नहीं और अर्थ/पदार्थ के बिना परिणाम नहीं है; अर्थ/पदार्थ द्रव्यगुणपर्यायस्वभाववाला और अस्तित्व से बना हुआ है।


अत्थो खलु दव्वमओ दव्वाणि गुणप्पगाणि भणिदाणि।
तेहिं पुणो पज्जाया पज्जयमूढा हि परसमया।। प्रवचनसार-गाथा नं. ९३ ।।

अर्थ–अर्थ/पदार्थ द्रव्यमय है, द्रव्य अनंतगुणात्मक हैं, और द्रव्य तथा गुणों के द्वारा पर्यायें होती है और अकेला द्रव्य मानना पर्यायमूढ़ता है, अकेले गुण मानना पर्यायमूढ़ता है, अकेले पर्याय मानना पर्यायमूढ़ता है तथा पर्याय (अवस्था/परिणमन) में रत होना पर्यायमूढ़ता (मिथ्यात्व) है। [क्योंकि वस्तुस्वरूप जानकर निजध्रुवशुद्धज्ञानदर्शनानंदात्मा का प्रामाण्यसहित प्रत्यक्ष ज्ञान करते समय सम्यक् आनंद प्रकट होता है, इसलिये सहज ही इच्छा नष्ट होती है। मोह का व्यय होता है।]

क्रोधपर्याय



↑ (1) क्रोधपर्याय का 'ध्रुवशुद्धजीवद्रव्य' के साथ सहभावनियम है, इसलिये क्रोधपर्याय यह हेतु ध्रुवशुद्धजीवद्रव्य का गमक होता है।



मानपर्याय का 'ध्रुवशुद्धजीवद्रव्य' के साथ सहभावनियम है, इसलिये मानपर्याय यह हेतु ध्रुवशुद्धजीवद्रव्य का गमक होता है।

मायापर्याय का 'ध्रुवशुद्धजीवद्रव्य' के साथ सहभावनियम है, इसलिये मायापर्याय यह हेतु ध्रुवशुद्धजीवद्रव्य का गमक होता है।

लोभपर्याय का 'ध्रुवशुद्धजीवद्रव्य' के साथ सहभावनियम है, इसलिये लोभपर्याय यह हेतु ध्रुवशुद्धजीवद्रव्य का गमक होता है।



← दुःखपर्याय का 'ध्रुवशुद्धज्ञानानंदात्मा' के साथ सहभावनियम है, इसलिये दुःखपर्याय यह हेतु ध्रुवशुद्धज्ञानानंदात्मा का गमक होता है। (यह अव्रती भी जान सकता है।)



← सुखपर्याय का 'ध्रुवशुद्धज्ञानानंदात्मा' के साथ सहभावनियम है, इसलिये सुखपर्याय यह हेतु ध्रुवशुद्धज्ञानानंदात्मा का गमक होता है।



← भयपर्याय का 'ध्रुवशुद्धज्ञानानंदात्मा' के साथ सहभावनियम है, इसलिये भयपर्याय यह हेतु ध्रुवशुद्धज्ञानानंदात्मा का गमक होता है।



← समाधिपर्याय का 'ध्रुवशुद्धज्ञानानंदात्मा' के साथ सहभावनियम है, इसलिये समाधिपर्याय यह हेतु ध्रुवशुद्धज्ञानानंदात्मा का गमक होता है।




अशुद्धचेतनपर्याय/कलहपर्याय का 'ध्रुवशुद्धज्ञानानंदात्मा' के साथ सहभावनियम है, इसलिये कलहपर्याय/अशुद्धचेतनपर्याय यह हेतु ध्रुवशुद्धज्ञानानंदात्मा का गमक होता है।

देखो – योगिंदु आचार्यरचित-योगसार प्राभृत-गाथा नंबर ४०→

को सुसमाहि करउ को अंचउ छोपुअछोपु करिवि को वंचउ।
हलसहि कलहु केण समाणउ जहि कहि जोवड तहि अप्पाणउ॥४०॥


भावार्थ – कोई तो सुसमाधि करता है, कोई अर्चन-पूजन करता है, कोई स्पर्शास्पर्श करके वंचना करता है, कोई किसी के साथ मैत्री करता है, कोई किसी के साथ कलह करता है; जहाँ कहीं (अर्थात् अशुद्धचेतनपर्याय अथवा शुद्धचेतनपर्याय जहाँ कहीं) देखो वहाँ ध्रुवशुद्धज्ञानदर्शनानंदात्मा ही जानने में आता है।



(m) नीबू के 'पीलापन' का 'रस' के साथ सहभावनियम है, इसलिये पीलापना यह हेतु रसवान का गमक होता है।

(n) 'ज्ञानगुण' का 'आनंदगुण' के साथ सहभावनियम है, इसलिये ज्ञानगुण यह हेतु आनंदगुण का गमक होता है।

(o) 'ज्ञानानंदगुणों' का 'ध्रुवशुद्धदर्शनात्मा' के साथ सहभावनियम हैं, इसलिये ज्ञानानंदगुण ध्रुवशुद्धदर्शनात्मा के गमक होते हैं। [यह व्रती अथवा अव्रती भी जान सकता है।] इत्यादि।



(२) क्रमभावनियमवाली अन्यथानुपपत्ति→ जिसका जिसके साथ क्रमभावनियम होता है, वह उसका गमक/ज्ञापक होता है। जैसे –

(I) धूम का अग्नि के बाद होने का नियम है, इसलिये धूम यह हेतु अग्नि का गमक होता है।

(II) कृत्तिका नक्षत्र का उदय होने के पश्चात् एक मुहुर्त के बाद शकट (रोहिणी) नक्षत्र का उदय होने का क्रमभावनियम है, इसलिये कृत्तिकोदय हेतु शकटोदय का गमक होता है।

(III) प्रथमोपशम सम्यग्दर्शनपर्याय प्रगट होने के पहले करणलब्धि होने का क्रमभावनियम है, इसलिये प्रथमोपशम सम्यग्दर्शन यह हेतु करणलब्धि का गमक है।

(IV) प्रथम सिद्धपर्याय प्रगट होने के पहले चौदहवाँ गुणस्थान होने का क्रमभावनियम है। इसलिये 'प्रथम सिद्धपर्याय' यह हेतु १४ वें गुणस्थान का गमक है।

चौदहवाँ गुणस्थान होने के पहले तेरहवाँ गुणस्थान होने का क्रमभावनियम है । इसलिए 'चौदहवाँ गुणस्थान' यह हेतु तेरहवें गुणस्थान का गमक है ।

तेरहवें गुणस्थान के बाद चौदहवाँ गुणस्थान प्रगट होता है, यह क्रमभावनियम है। इसलिये तेरहवाँ गुणस्थान चौदहवें गुणस्थान का और कार्यसिद्ध परमात्मा का गमक है।

तेरहवाँ गुणस्थान प्रगट होने के पहले बारहवाँ क्षीणकषाय गुणस्थान होता है, ऐसा क्रमभावनियम है। इसलिये बारहवाँ गुणस्थान यह हेतु तेरहवें गुणस्थान का गमक होता है। अथवा तेरहवाँ गुणस्थान यह हेतु बारहवें क्षीणकषाय गुणस्थान का गमक होता है।

क्षीणकषाय गुणस्थान प्रगट होने के पहले सूक्ष्मसाम्परायक्षपक गुणस्थान होता है, ऐसा क्रमभावनियम है। इसलिये सूक्ष्मसाम्पराय गुणस्थान यह हेतु क्षीणकषाय गुणस्थान का गमक होता है। अथवा क्षीणकषाय गुणस्थान यह हेतु सूक्ष्मसाम्परायक्षपक गुणस्थान का गमक होता है।

सूक्ष्मसाम्परायक्षपक गुणस्थान प्रगट होने के पहले अनिवृत्तिकरणक्षपक गुणस्थान होता है, ऐसा क्रमभावनियम है। इसलिये सूक्ष्मसाम्परायक्षपक गुणस्थान यह हेतु अनिवृत्तिकरणक्षपक गुणस्थान का गमक होता है। अथवा अनिवृत्तिकरणक्षपक गुणस्थान यह हेतु सूक्ष्मसाम्परायक्षपक गुणस्थान का गमक होता है।

अनिवृत्तिकरणक्षपक गुणस्थान प्रगट होने के पहले अपूर्वकरणक्षपक गुणस्थान होता है, ऐसा क्रमभावनियम है। इसलिये अनिवृत्तिकरणक्षपक गुणस्थान यह हेतु अपूर्वकरणक्षपक गुणस्थान का गमक होता है। अथवा अपूर्वकरणक्षपक गुणस्थान यह हेतु अनिवृत्तिकरणक्षपक गुणस्थान का गमक होता है।

अपूर्वकरणक्षपक गुणस्थान प्रगट होने के पहले सातिशय-अप्रमत्तसंयतक्षपक गुणस्थान होता है, ऐसा क्रमभावनियम है। इसलिये अपूर्वकरणक्षपक गुणस्थान यह हेतु सातिशय-अप्रमत्तसंयतक्षपक गुणस्थान का गमक होता है। अथवा सातिशय-अप्रमत्तसंयतक्षपक गुणस्थान यह हेतु अपूर्वकरणक्षपक गुणस्थान का गमक होता है।

सातिशय-अप्रमत्तसंयतक्षपक गुणस्थान प्रगट होने के पहले हजारों बार स्वस्थान अप्रमत्तसंयत-प्रमत्तसंयत, स्वस्थान अप्रमत्तसंयत- प्रमत्तसंयत, स्वस्थान-अप्रमत्तसंयत गुणस्थान इसतरह झूलता ही है। ऐसा क्रमभावनियम है। इसलिये सातिशय-अप्रमत्तसंयतक्षपक गुणस्थान यह हेतु स्वस्थान-अप्रमत्तसंयत गुणस्थान का गमक होता है।




जो भी प्रथमोपशम सम्यग्दर्शन प्राप्त करता है, वह 'जघन्य से अर्थात् कम से कम अन्तर्मुहूर्त में अथवा उत्कृष्ट से अर्धपुद्गलपरावर्तन के काल में' मोक्ष अर्थात् कार्यसिद्धपरमात्मा अवस्था प्राप्त करता है; ऐसा क्रमभावनियम है। इसलिये प्रथमोपशम सम्यग्दर्शन यह हेतु कार्यसिद्धपरमात्मा का अर्थात् मोक्ष का गमक है।

और मोक्ष [कार्यसिद्धपरमात्मा] अवस्था प्राप्त होने के पहले अप्रमत्तसंयत गुणस्थान होता है, उस अप्रमत्तसंयत गुणस्थान के समय निर्ग्रंथ द्रव्यलिंग रहता ही है। ऐसा नियम (अविनाभाव) है।

← इसतरह हेतुत्व से अभिमत मैत्रीतनयत्व हेतु का साध्यरूप कालेपन के साथ सहभाव अथवा क्रमभाव नियम नहीं हैं, इसलिए मैत्रीतनयत्व हेतु कालेपनरूप साध्य का गमक नहीं होता है।

संस्कृत पृष्ठ नं. १००, संस्कृत परिच्छेद नं. ५१ →

यद्यपि सम्प्रतिपन्न मैत्रीपुत्रों में श्यामत्व और मैत्रीतनयत्व इन का सहभाव है तथापि वह नियत (नियम) नहीं है। 'मैत्रीतनयत्व विद्यमान रहे लेकिन श्यामत्व नहीं है' इस प्रकार के विपक्ष में बाधक का अभाव है। विपक्ष में बाधकप्रमाण के बल (सामर्थ्य) से हेतु और साध्य इनके व्याप्ति का निश्चय होता है। व्याप्ति के निश्चय से सहभावनियम अथवा क्रमभावनियम होता है। परीक्षामुखसूत्र ग्रन्थ-अध्याय ३ रा, सूत्र नं. १६ में कहा गया है कि 'सहभाव-क्रमभावनियम ही अविनाभाव है।' 'विवादाध्यासित पदार्थ वृक्ष होने योग्य है, क्योंकि शिंशपात्व (शीशमपना) है, जो-जो शिंशपा होता है वह-वह वृक्ष होता है' जैसे-ज्ञात (मालूम) शिंशपा वृक्ष। 'यहाँ हेतु रहे (हैं) और साध्य नहीं है' ऐसे विपक्ष में सामान्य-विशेष भावभंग प्रसंगवाला बाधक है। वृक्षत्व सामान्य है और शिंशपात्व उसका विशेष है। सामान्य का अभाव रहने पर विशेष नहीं रहता है। इसप्रकार 'मैत्रीतनयत्व है और श्यामत्व नहीं है' ऐसा कहने में कुछ बाधक नहीं है। इसलिये 'मैत्रीतनयत्व हेतु' हेत्वाभास ही है। 'मैत्रीतनयत्व हेतु' में पक्षधर्मत्व है क्योंकि पक्षीकृत गर्भस्थ में वह हेतु है। सपक्षरूप मौजूद (सम्प्रतिपन्न) मैत्रीपुत्रों में 'मैत्रीतनयत्व हेतु' विद्यमान रहने से मैत्रीतनयत्व हेतु में 'सपक्ष में सत्त्व' है; और विपक्षरूप गोरे चैत्री के पुत्रों से व्यावृत्त होने से मैत्रीतनयत्व हेतु में 'विपक्ष से व्यावृत्ति' है। श्यामत्व साध्यरूप विषय में बाधा न होने से मैत्रीतनयत्व हेतु में 'अबाधितविषयत्व' है। गर्भस्थ पुत्र का श्यामत्व् किसी से बाधित नहीं किया जाता है। मैत्रीतनयत्व हेतु में 'असत्प्रतिपक्षत्व' भी है, क्योंकि प्रतिकूलसमबलप्रमाण का अभाव है। ऐसी पाँचरूप्यसम्पत्ति है। मैत्रीतनयत्व हेतु में त्रैरूप्य है क्योंकि सहस्रशतन्याय से वह सहज सिद्ध ही है।



मैत्री के गर्भ में



मैत्री नामक गर्भवती स्त्री

विशेषार्थ – यद्यपि अभी मैत्री के गर्भ के बाहर विद्यमान रहनेवाले मैत्रीपुत्रों (मैत्री के पाँच पुत्रों) में कालेपन और मैत्रीतनयत्व का सहभाव है तथापि वह नियत यानी नियम नहीं है। 'मैत्रीतनयत्व अर्थात् मैत्री के पुत्रपना विद्यमान रहनेपर भी कालेपन नहीं है' इसप्रकार के विपक्ष में बाधा देनेवाले प्रमाण का अभाव है। विपक्ष में बाधक प्रमाण के बल से हेतु और साध्य इनके व्याप्ति का निश्चय होता है। व्याप्ति के निश्चय से सहभावनियम अथवा क्रमभाव नियम होता है। जैसे –(a) 'यह वस्तु वृक्ष है, क्योंकि शिंशपात्व (शीशमपना) है; जो-जो शिंशपा होता है, वह-वह वृक्ष होता है, जैसे – ज्ञात शिंशपा वृक्ष।'

मैत्री के बालक



(b) यह अव्रती रमेश मोक्षमार्गस्थ है, क्योंकि वह शुद्धात्मानुभव करता है; जो-जो अव्रती जीव शुद्धात्मानुभव करता है वह-वह मोक्षमार्गस्थ होता है, जैसे-श्रेणिक।

(c) यह जीव है, क्योंकि दुःखपर्याय है; जो-जो दुःखी है वह-वह जीव है, जैसे – यह दुःखी लड़का।



(d) यह वर्णवान (रंगीन) वस्तु है, क्योंकि लालपर्याय है, जो-जो लाल है वह-वह वर्ण (रंग/colour) है, जैसे – यह लाल गुलाब का फूल।

(f) यह वस्तु वृक्ष है, क्योंकि नारियलपना है; जो-जो नारियल होता है वह-वह वृक्ष होता है, जैसे-ज्ञात नारियल वृक्ष।

(g) यह वस्तु वृक्ष है, क्योंकि आम्रत्व है; जो-जो आम्र (आम) होता है वह-वह वृक्ष होता है, जैसे – ज्ञात आम का पेड़।

यदि कोई शंका करे कि 'हेतुरूप शिंशपा है लेकिन साध्यरूप वृक्षत्व नहीं है' तो सामान्य-विशेष के अविनाभाव का नाश होने का प्रसंगरूप [आपत्तिरूप] बाधक कारण विद्यमान है। अर्थात् उस व्यभिचाररूप

शंका को दूर करनेवाला अनुकूल तर्क विद्यमान है। यदि वृक्षत्व का अभाव है तो शिंशपा भी नहीं रहेगा; क्योंकि 'वृक्षत्व' यह सामान्य है और 'शिंशपा' यह उसका विशेष है, और सामान्य के बिना विशेष नहीं रहता है। इसलिये यहाँ सामान्य-विशेष के नाश होने का प्रसंगरूप बाधक कारण मौजूद (विद्यमान) है।

और भी देखिए–यदि कोई शंका करे कि 'नारियलपना यह हेतु है लेकिन वृक्षत्व साध्य नहीं है' तो सामान्य-विशेष के अविनाभाव का नाश होने का दोषरूप बाधक विद्यमान है। अर्थात् उस शंका को दूर करनेवाला अनुकूल तर्क विद्यमान है। यदि वृक्षत्व का अभाव है तो नारियलपना भी नहीं रहेगा; क्योंकि 'वृक्षत्व' यह सामान्य है और 'नारियल' यह उस वृक्ष का विशेष है।

वृक्षत्व
सामान्य




नारियल
विशेष

सामान्य के बिना विशेष नहीं रहता है।

यदि कोई शंका करे कि 'आम्रत्व यह हेतु है लेकिन वृक्षत्व साध्य नहीं है' तो सामान्य-विशेष के अविनाभाव का नाश होने का दोषरूप बाधक विद्यमान है। अर्थात् उस शंका को दूर करनेवाला अनुकूल तर्क विद्यमान है। यदि वृक्षत्व का अभाव है तो आम्रत्व भी नहीं रहेगा; क्योंकि 'वृक्षत्व' यह सामान्य है और 'आम्रत्व' यह उस वृक्ष का विशेष है।

वृक्षत्व
सामान्य



आम
विशेष

सामान्य के बिना विशेष नहीं रहता है।

यदि कोई शंका करे कि- 'इमली यह हेतु है लेकिन वृक्षत्व साध्य नहीं है' तो सामान्य-विशेष के अविनाभाव का नाश होने का दोषरूप बाधक विद्यमान है। अर्थात् उस शंका को दूर करनेवाला अनुकूल तर्क विद्यमान है। यदि वृक्षत्व का अभाव है तो इमली भी नहीं रहेगी; क्योंकि 'वृक्षत्व' यह सामान्य है और 'इमली' यह उस वृक्ष का विशेष है।

वृक्षत्व
सामान्य



इमली
विशेष

सामान्य के बिना विशेष नहीं रहता है।

यदि कोई शंका करे कि 'लालपर्याय यह हेतु विद्यमान है लेकिन रंग/वर्ण गुण साध्य नहीं है' तो सामान्य-विशेष के अविनाभाव का नाश होने का प्रसंगरूप (दोषरूप) बाधक विद्यमान है। अर्थात् उस शंका को दूर करनेवाला अनुकूल तर्क विद्यमान है। यदि वर्णगुण का अभाव है तो लालपर्याय भी नहीं रहेगी; क्योंकि 'वर्णगुण' यह सामान्य है और 'लालपर्याय' यह उस वर्णगुण की विशेष अवस्था है।


वर्णगुण
सामान्य



लालपर्याय
विशेष

सामान्य के बिना विशेष नहीं रहता है।

वर्णगुण
सामान्य




हरी पर्याय
विशेष

वर्णगुण
सामान्य




काली पर्याय
विशेष

वर्णगुण
सामान्य




सफेद (श्वेत) पर्याय
विशेष

रसगुण
सामान्य



खट्टी पर्याय
विशेष

रसगुण
सामान्य



मीठी पर्याय
विशेष

देखो चार्ट नं. २१, पृष्ठ नं. १९०

यदि कोई शंका करे कि 'मीठी पर्याय यह हेतु विद्यमान है लेकिन रसगुण साध्य विद्यमान नहीं है' तो सामान्य-विशेष के अविनाभाव का नाश होने का प्रसंगरूप बाधक विद्यमान है। यदि रसगुण का अभाव है तो मीठी पर्याय भी नहीं रहेगी; क्योंकि 'रसगुण' यह सामान्य है और मीठी पर्याय यह उस रसगुण की विशेष अवस्था है। सामान्य के बिना विशेष नहीं रहता है।

आम और आदमी का रंगीन चार्ट देखिए।


यदि कोई शंका करे कि 'सुगंधपर्याय यह हेतु विद्यमान है लेकिन गंधगुण साध्य विद्यमान नहीं है' तो सामान्य-विशेष के अविनाभाव का नाश होने का प्रसंगरूप बाधक विद्यमान है। यदि गंधगुण का अभाव है तो सुगंधपर्याय भी नहीं रहेगी; क्योंकि 'गंधगुण' यह सामान्य है और सुगंधपर्याय यह उस गंधगुण की विशेष अवस्था है। सामान्य के बिना विशेष नहीं रहता है।

यदि कोई शंका करे कि 'अल्पज्ञपर्याय यह हेतु विद्यमान है लेकिन ज्ञानगुण साध्य विद्यमान नहीं है' तो सामान्य-विशेष के अविनाभाव का नाश होने का प्रसंगरूप बाधक विद्यमान है। यदि ज्ञानगुण का अभाव है तो अल्पज्ञपर्याय भी नहीं रहेगी। [अर्थात् 'ज्ञानगुण अर्थात् शुद्धपारिणामिकभाव का अभाव है तो अल्पज्ञपर्याय भी नहीं रहेगी] क्योंकि 'ज्ञानगुण अर्थात् शुद्धपारिणामिकभाव' यह सामान्य है और अल्पज्ञपर्याय यह उस ज्ञानगुण की विशेष अवस्था है। सामान्य के बिना विशेष नहीं रहता है।

यदि कोई शंका करे कि 'मिथ्याज्ञानपर्याय यह हेतु अभी विद्यमान है लेकिन ज्ञानगुण अर्थात् शुद्धपारिणामिकभाव साध्य अभी विद्यमान नहीं है।' [शब्दनय से और शुद्धनिश्चयनय/अभेदवृत्तिनय से ज्ञानगुण अर्थात् शुद्धपारिणामिकभाव अभी नहीं है; भावी नैगमनय से ज्ञानगुण अर्थात् शुद्धपारिणामिकभाव अभी विद्यमान है; ऋजुसूत्रनय से और शब्दनय से ज्ञानगुण अर्थात् शुद्धपारिणामिकभाव सिद्ध अवस्था में प्रकट होगा] तो सामान्य-विशेष के अविनाभाव का नाश होने का प्रसंगरूप बाधक विद्यमान है। यदि 'ज्ञानगुण अर्थात् शुद्धपारिणामिकभाव' का अभी अभाव है तो मिथ्याज्ञानपर्याय भी अभी नहीं रहेगी; क्योंकि 'ज्ञानगुण अर्थात् शुद्धपारिणामिकभाव' यह सामान्य है और मिथ्याज्ञानपर्याय यह उस ज्ञानगुण की विशेष अवस्था है। सामान्य के बिना विशेष नहीं रहता है। देखो चार्ट नं. २, पृ. नं. ४९।

यदि कोई शंका करे कि 'दुःखपर्याय यह हेतु अभी विद्यमान है लेकिन आनंदगुण अर्थात् शुद्धपारिणामिकभाव साध्य अभी विद्यमान नहीं है' [शब्दनय से और शुद्धनिश्चयनय/अभेदवृत्तिनय से आनंदगुण अर्थात् शुद्धपारिणामिकभाव अभी नहीं है, भावी नैगमनय से आनंदगुण अर्थात् शुद्धपारिणामिकभाव अभी विद्यमान है, ऋजुसूत्रनय से और शब्दनय से आनंदगुण अर्थात् शुद्धपारिणामिकभाव सिद्ध अवस्था में प्रगट होगा] तो सामान्य-विशेष के अविनाभाव का नाश होने का प्रसंगरूप बाधक विद्यमान है। यदि 'आनंदगुण अर्थात् शुद्धपारिणामिकभाव' का अभी अभाव है तो दुःखपर्याय भी अभी नहीं रहेगी; क्योंकि 'आनंदगुण अर्थात् शुद्धपारिणामिकभाव' यह सामान्य है और दुःखपर्याय यह उस आनंदगुण की विशेष अवस्था है। सामान्य के बिना विशेष नहीं रहता है।


चार्ट नं. २७

शाश्वत अविनाशी, ध्रुव		अवस्था क्षणिक, पर्याय
निश्चयनय से और शब्दनय से जीव अभी है।		ऋजुसूत्रनय से और शब्दनय से अभी इंजिनीयर है। भूतनैगमनय से इंजिनीयर नहीं।
↑ निश्चयनय से और शब्दनय से जीव अभी है।		ऋजुसूत्रनय से और शब्दनय से अभी बालक है। ऋजुसूत्रनय से और शब्दनय से अभी इंजिनीयर नहीं। भावी नैगमनय से इंजिनीयर है। शब्दनय से भविष्यकाल में यह इंजिनीयर होगा।
निश्चयदृष्टि  द्रव्यदृष्टि		व्यवहारदृष्टि  पर्यायदृष्टि

चार्ट नं. २८

शाश्वत
अविनाशी, ध्रुव

निश्चयनय से और शब्दनय से ज्ञानदर्शनानंदवाला जीवत्व शाश्वत शुद्ध (अनादि-अनंत शुद्ध) है।




अवस्था
क्षणिक, पर्याय

ऋजुसूत्रनय से और शब्दनय से आत्मा परमात्मा है । भावी नैगमनय से परमात्मा है । भूतनैगमनय से संसारी है ।

निश्चयनय से और शब्दनय से ज्ञानदर्शनानंदवाला जीवत्व शाश्वत शुद्ध (अनादि-अनंत शुद्ध) है।


↑



ऋजुसूत्रनय से और शब्दनय से आत्मा अन्तरात्मा है। ऋजुसूत्रनय से और शब्दनय से बहिरात्मा नहीं। ऋजुसूत्रनय से और शब्दनय से परमात्मा नहीं। भावी नैगमनय से परमात्मा है। शब्दनय से भविष्यकाल में परमात्मा होगा। भूतनैगमनय से बहिरात्मा है।

निश्चयनय से और शब्दनय से ज्ञानदर्शनानंदवाला जीवत्व शाश्वत शुद्ध (अनादि-अनंत शुद्ध) है ।

↑



ऋजुसूत्रनय से और शब्दनय से आत्मा बहिरात्मा है। ऋजुसूत्रनय से और शब्दनय से परमात्मा नहीं। ऋजुसूत्रनय से और शब्दनय से अंतरात्मा नहीं। भावी नैगमनय से परमात्मा है। शब्दनय से भविष्यकाल में परमात्मा होगा। भावी नैगमनय से अंतरात्मा है। शब्दनय से भविष्यकाल में अंतरात्मा होगा।

निश्चयदृष्टि



द्रव्यदृष्टि

व्यवहारदृष्टि



पर्यायदृष्टि

वस्तु के अविनाशी अंश और क्षणिक अंश जानकर "मेरा आत्मा शाश्वत ज्ञानानंदमय अनादि-अनन्त शुद्ध है" ऐसा विचार किया तो अभी सम्यक् आनंद प्राप्त होता है, समाधान, समता और शांति प्राप्त होती है और सब दुःख नष्ट होते हैं।

यदि कोई शंका करे कि 'क्रोधपर्याय यह हेतु अभी विद्यमान है लेकिन चारित्रगुण अर्थात् शुद्धपरिणामिकभाव साध्य अभी नहीं है' [शब्दनय से और शुद्धनिश्चयनय/अभेदवृत्तिनय से चारित्रगुण अर्थात् शुद्धपारिणामिकभाव अभी नहीं है, भावी नैगमनय से चारित्रगुण अर्थात् शुद्धपारिणामिकभाव अभी विद्यमान है, ऋजुसूत्रनय से और शब्दनय से चारित्रगुण अर्थात् शुद्धपारिणामकभाव सिद्ध अवस्था में प्रकट होगा] तो सामान्य-विशेष के अविनाभाव का नाश होने का प्रसंगरूप बाधक विद्यमान है। यदि 'चारित्रगुण अर्थात् शुद्धपारिणामिकभाव' का अभी अभाव है तो क्रोधपर्याय भी अभी नहीं रहेगी; क्योंकि 'चारित्रगुण अर्थात् शुद्धपारिणामिकभाव' यह सामान्य है और क्रोधपर्याय यह उस चारित्रगुण की विशेष अवस्था है। सामान्य के बिना विशेष नहीं रहता है।

यदि कोई शंका करे कि 'मिथ्यादर्शनपर्याय यह हेतु अभी विद्यमान है लेकिन श्रद्धागुण अर्थात् शुद्धपारिणामिकभाव साध्य अभी विद्यमान नहीं है' [शब्दनय से और शुद्धनिश्चयनय/अभेदवृत्तिनय से श्रद्धागुण अर्थात् शुद्धपारिणामिकभाव अभी नहीं है, भावी नैगमनय से श्रद्धागुण अर्थात् शुद्धपारिणामिकभाव अभी विद्यमान है, ऋजुसूत्रनय से और शब्दनय से श्रद्धागुण अर्थात् शुद्धपारिणामिकभाव सिद्ध अवस्था में प्रगट होगा] तो सामान्य-विशेष के अविनाभाव का नाश होने का प्रसंगरूप बाधक विद्यमान है। यदि 'श्रद्धागुण अर्थात् शुद्धपारिणामिकभाव' का अभी अभाव है तो मिथ्यादर्शनपर्याय भी अभी नहीं रहेगी; क्योंकि 'श्रद्धागुण अर्थात् शुद्धपारिणामिकभाव' यह सामान्य है और मिथ्यादर्शनपर्याय यह उस श्रद्धागुण की विशेष अवस्था है। सामान्य के बिना विशेष नहीं रहता है।

इस प्रकार का सहभावनियम 'मैत्रीतनयत्व और श्यामत्व' में नहीं है। इसलिये 'मैत्रीतनयत्व और श्यामत्व' में क्रमभावनियम तथा सहभावनियम न होने से 'मैत्रीतनयत्व है लेकिन श्यामत्व (कालेपना) नहीं है' ऐसा कहने में कुछ बाधक नहीं है। इसलिये 'मैत्रीतनयत्व हेतु' हेत्वाभास (झूठा हेतु) ही है।

अर्थात् (I) पक्षीकृत गर्भस्थ में मैत्रीतनयत्व हेतु रहने से मैत्रीतनयत्व हेतु में पक्षधर्मत्व है, (II) सपक्षरूप विद्यमान मैत्रीपुत्रों में मैत्रीतनयत्व हेतु रहने से मैत्रीतनयत्व हेतु में 'सपक्ष में सत्त्व' है, (III) विपक्षरूप 'गोरे चैत्री के पुत्रों में' मैत्रीतनयत्व हेतु न रहने से मैत्रीतनयत्व हेतु में 'विपक्ष से व्यावृत्ति' है, (IV) शामत्व-साध्यरूप विषय में बाधा न होने से मैत्रीतनयत्व हेतु में 'अबाधितविषयत्व (एक अपेक्षा से अबाधितविषयत्व)' है, और (V) एक अपेक्षा से गर्भस्थ पुत्र का कालेपना किसीसे बाधित न होने से अर्थात् प्रतिकूल-समबलप्रमाण न रहने से मैत्रीतनयत्व हेतु में 'असत्प्रतिपक्षत्व' भी है; "यानी मैत्रीतनयत्व हेतु में सौगताभिमत त्रैरूप्य तथा नैयायिकाभिमत पाँचरूप्यसम्पत्तिलक्षण है" तो भी मैत्रीतनयत्व हेतु में 'अन्यथानुपपत्तिलक्षण' न होने से मैत्रीतनयत्व हेतु 'श्यामत्व' का गमक नहीं है।

संस्कृत पृष्ठ नं. १००-१०१ संस्कृत परिच्छेद नं. ५२-५३ →

शंका – [नैयायिक तथा बौद्ध आदि] – उपर्युक्त विवेचन में यदि पाँचरूप्यमात्र हेतु का लक्षण नहीं है तो फिर अन्यथानुपपत्तिसहित पाँचरूपता को हेतु का लक्षण मानो ?

समाधान [जैन] – तो फिर उस (हेतु) का वह ही एक अन्यथानुपपत्ति लक्षण रहे/मानो, क्योंकि अन्यथानुपपत्ति के अभाव में पाँचरूपता रहने पर भी मैत्रीतनयत्वादि हेतु में हेतुत्व नहीं है और अन्यथानुपपत्ति के सद्भाव में पाँचरूपता न होने पर भी 'कृत्तिकोदयादि' हेतु में हेतुत्व है।

बौद्धों के लिये ऐसा कहा गया है कि –

श्लोकार्थ – जहाँ अन्यथानुपपत्ति है वहाँ तीनरूपता (त्रैरूप्य) रहने पर भी कुछ लाभ नहीं है और जहाँ अन्यथानुपपत्ति नहीं वहाँ तीनरूपता (त्रैरूप्य) रहने पर भी कुछ लाभ नहीं है।

नैयायिकादि के लिये ऐसा कहा गया है कि –

श्लोकार्थ – जहाँ अन्यथानुपपत्ति है वहाँ पाँचरूपता रहने पर भी कुछ लाभ नहीं है और जहाँ अन्यथानुपपत्ति नहीं वहाँ पाँचरूपता रहने पर भी कुछ लाभ नहीं है।

इसलिये अन्यथानुपपत्ति ही हेतु का लक्षण है।

विशेषार्थ – शंका-पूर्व में किये हुए कथन से यदि (I) पक्षधर्मत्व, (II) सपक्ष में सत्त्व, (III) विपक्ष से व्यावृत्ति ये तीनरूपतामात्र हेतु का लक्षण नहीं है और यदि (i) पक्षधर्मत्व, (ii) सपक्ष में सत्त्व, (iii) विपक्ष से व्यावृत्ति, (iv) अबाधितविषयत्व, (v) असत्प्रतिपक्षत्व ये पाँचरूपतामात्र हेतु का लक्षण नहीं है तो फिर अन्यथानुपपत्तिसहित पाँचरूपता को हेतु का लक्षण मानेंगे तो ठीक है क्या ?

समाधान – एक अन्यथानुपपत्ति को ही हेतु का लक्षण कहा है। अन्यथानुपपत्तिसहित (I) पक्षधर्मत्व, (II) सपक्ष में सत्त्व, (III) विपक्ष से व्यावृत्ति, (IV) अबाधितविषयत्व, (V) असत्प्रतिपक्षत्व ये पाँचरूप मानने की आवश्यकता नहीं है क्योंकि एक अन्यथानुपपत्ति के सद्भाव में पाँचरूपता न रहने पर भी कृत्तिकोदय हेतु में हेतुपना है और अन्यथानुपपत्ति के अभाव में पाँचरूपता का सद्भाव रहने पर भी मैत्रीतनयत्व हेतु में हेतुपना नहीं है। अर्थात् अन्यथानुपपत्तिरहित पाँचरूपतालक्षणवाला हेतु साध्य की सिद्धि नहीं कर सकता है।

इसलिये अन्यथानुपपत्ति ही हेतु का लक्षण है, क्योंकि अन्यथानुपपत्तिलक्षणवाले हेतु से साध्य की सुनिश्चित सिद्धि होती है।

शंका – इसका दैनंदिन जीवन में क्या लाभ है ?

समाधान – (१) वस्तुस्वरूप का निर्णय करने के लिये अन्यथानुपपत्तिलक्षणवाले हेतु कार्यकारी हैं।
(२) सम्यग्दर्शन का निर्णय करने के लिये अन्यथानुपपत्तिलक्षणवाले हेतु कार्यकारी हैं।
(३) मोक्षमार्ग का निर्णय करने के लिये अन्यथानुपपत्तिलक्षणवाले हेतु कार्यकारी हैं।
(४) मोक्ष का निर्णय करने के लिये अन्यथानुपपत्तिलक्षणवाले हेतु कार्यकारी हैं।
(५) सम्यक्-आनंद का निर्णय करने के लिये अन्यथानुपपत्तिलक्षणवाले हेतु कार्यकारी हैं।
(६) बीमारी का निर्णय करने के लिये अन्यथानुपपत्तिलक्षणवाले हेतु कार्यकारी हैं।
(७) रसोई बनाते समय अन्यथानुपपत्तिलक्षणवाले हेतु कार्यकारी हैं।
(८) जलपर्यटन के लिये अन्यथानुपपत्तिलक्षणवाले हेतु कार्यकारी हैं।
(९) हवाई जहाज़ चलाने के लिये अन्यथानुपपत्तिलक्षणवाले हेतु कार्यकारी हैं।
(१०) निमित्तशास्त्र/भविष्य के लिये अन्यथानुपपत्तिलक्षणवाले हेतु कार्यकारी हैं।
(११) खेती करने के लिये अन्यथानुपपत्तिलक्षणवाले हेतु कार्यकारी हैं।
(१२) पदार्थविज्ञान, रसायनविज्ञान में अन्यथानुपपत्तिलक्षणवाले हेतु कार्यकारी हैं।
(१३) यंत्रादि में अन्यथानुपपत्तिलक्षणवाले हेतु कार्यकारी हैं।
(१४) न्यायाधीश, वकील इनको अन्यथानुपपत्तिलक्षणवाले हेतु कार्यकारी हैं।
(१५) पुलिस आदि को अन्यथानुपपत्तिलक्षणवाले हेतु कार्यकारी हैं।
(१६) राजकीय, सामाजिक कार्य के लिये अन्यथानुपपत्तिलक्षणवाले हेतु कार्यकारी हैं।
(१७) शिल्पकला के लिये अन्यथानुपपत्तिलक्षणवाले हेतु कार्यकारी हैं।
(१८) वाणिज्य/व्यापार के लिये अन्यथानुपपत्तिलक्षणवाले हेतु कार्यकारी हैं।

(१९) रेडिओ, टी.व्ही., व्ही.डी.ओ., सिनेमा, गायन, फोटो, कॅमेरा के लिये अन्यथानुपपत्तिलक्षणवाले हेतु कार्यकारी हैं।

(२०) स्फुटनिक, रोबो, कॉम्प्युटर के लिये अन्यथानुपपत्तिलक्षणवाले हेतु कार्यकारी हैं।

(२१) इत्यादि ।

[हेतु के भेद]

संस्कृत पृष्ठ नं. १०१, संस्कृत परिच्छेद नं. ५४ →

वह इस अन्यथानुपपत्तिनिश्चय-एकलक्षणवाले हेतु के संक्षेप से दो प्रकार है–

(१) विधिरूप और

(२) प्रतिषेधरूप।

(१) विधिरूप हेतु के भी दो प्रकार है- (I) विधिसाधक और (II) प्रतिषेधसाधक। उसमें -

(I) विधिसाधक के अनेक प्रकार है। जैसे–

(A) कार्यरूप-कोई कार्यरूप है। जैसे– 'यह पर्वत अग्निमान है, क्योंकि धूमवानपना की अन्यथानुपपत्ति है' ऐसे यहाँ धूम यह हेतु विधिरूप-विधिसाधक कार्यरूप है; क्योंकि धूम अग्नि का कार्यभूत है, अग्नि के अभाव में धूम रहता नहीं, इसलिये धूम अग्नि का गमक है।

(B) कारणरूप- कोई कारणरूप है। जैसे- 'वृष्टि (बरसात) होगी, क्योंकि विशिष्ट मेघों (विशिष्ट बादलों) की अन्यथानुपपत्ति है' ऐसे यहाँ विशिष्ट मेघ यह हेतु विधिरूप-विधिसाधक कारणरूप है; क्योंकि विशिष्ट बादल बरसात के कारण है, इसलिये वे विशिष्ट बादल स्वकार्यभूत बरसात के गमक हैं।

विशेषार्थ– अन्यथानुपपत्तिनिश्चयरूप एक ही लक्षणवाले हेतु के संक्षेप से (१) विधिरूप और (२) प्रतिषेधरूप ऐसे दो भेद हैं।

(१) विधिरूप हेतु–साधन/हेतु/चिन्ह का विधि अर्थात् सद्भाव रहना। उसके भी दो भेद हैं– (I) विधिरूपविधिसाधक और (II) विधिरूपप्रतिषेधसाधक।

(I) **विधिरूपविधिसाधक**–साधन/हेतु का सद्भाव रहना और उससे सद्भावरूप साध्य की सिद्धि करना। उसके अनेक प्रकार हैं। जैसे–

(A) **कार्यरूप**– कोई हेतु कार्यरूप है। जैसे–'यह पर्वत अग्निमान है, क्योंकि धूमवानपना का सद्भाव है, यदि अग्नि न होती तो धूम का सद्भाव भी दिखाई न देता।' ऐसे यहाँ धूम यह हेतु सद्भावरूप अर्थात् विधिरूप है और उस विधिरूप हेतु का साध्य अग्नि है, उस अग्नि साध्य का भी सद्भाव है। अर्थात् सद्भावरूप/विधिरूप हेतु से सद्भावरूप/विधिरूप साध्य सिद्ध किया। इसलिये विधिरूप हेतु विधिरूप साध्य का साधक है। इसलिये हेतु विधिरूपविधिसाधक है; और यहाँ धूम यह हेतु विधिरूपविधिसाधक कार्यरूप है, क्योंकि धूम अग्नि का कार्य है, अग्नि के अभाव में धूम का सद्भाव नहीं रहता है। इसलिये धूम अग्नि का गमक है।

'इस कुएँ में जल है, क्योंकि कुएँ में बाल्टी छोड़कर बाल्टी ऊपर खींचकर देखा तो बाल्टी जल से पूर्ण भरी हुई है।' ऐसे यहाँ कुएँ में से खींची हुई बाल्टी 'जल से पूर्ण भरी हुई है' यह हेतु सद्भावरूप/विधिरूप है और उस विधिरूप हेतु का साध्य 'कुएँ में जल है।' वह साध्य भी सद्भावरूप/विधिरूप है। अर्थात् सद्भावरूप/विधिरूप हेतु से सद्भाव/विधिरूप साध्य सिद्ध किया। इसलिये विधिरूप हेतु विधिरूप साध्य

का साधक है। इसलिये हेतु विधिरूपविधिसाधक है; और 'जल बाहर आया है' यह कार्य है। यदि इस गहरे कुएँ में जल न होता तो इस बाल्टी में जल न आता। इसलिये 'उस बाल्टी में जल है' यह हेतु विधिरूपविधिसाधककार्यरूप है। वह हेतु 'उस गहरे कुएँ में जल है' इस साध्य का गमक है।

'इस देह में जीव है, क्योंकि जानने की क्रिया/कार्य हो रही है।' ऐसे यहाँ 'जानने की क्रिया है' यह हेतु सद्भावरूप अर्थात् विधिरूप है और उस विधिरूप हेतु का साध्य 'जीव' है, उस जीव-साध्य का सद्भाव है। अर्थात् सद्भावरूप/विधिरूप हेतु से सद्भावरूप/ विधिरूप साध्य सिद्ध किया। इसलिये विधिरूप हेतु विधिरूप साध्य का साधक है। इसलिये हेतु विधिरूपविधिसाधक है और यहाँ 'जानने की क्रिया' यह हेतु विधिरूपविधिसाधक कार्यरूप है, क्योंकि 'जानने की क्रिया' जीव का कार्य/पर्याय है, जीव के अभाव में 'जानने की क्रिया' का सद्भाव नहीं रहता है। इसलिये 'जानने की क्रिया' जीव का गमक है।

'मैं' लाल वस्तु को जानता हूँ। 'मैं' शीतवस्तु को जानता हूँ। 'मैं' मीठेरस को जानता हूँ, इत्यादि। इसतरह यहाँ मेरे में 'मैं' 'मैं' ऐसा स्वसंवेदन होता है, इसलिये मैं जीव हूँ। ऐसे यहाँ 'स्वसंवेदन होता है' यह विधिरूपकार्यहेतु है और उस हेतु का 'मैं जीव हूँ' यह सद्भावरूप साध्य है। इसलिये 'स्वसंवेदन होता है' यह हेतु विधिरूपविधिसाधक कार्यरूप हेतु है।

'अनंतज्ञान, अनंतदर्शन, अनंत अतींद्रिय आनंद और अनंतवीर्यवाला कार्यसमयसार है, इसलिये ज्ञानदर्शन-आनंदवीर्यवाला कारणसमयसार है।' ऐसे यहाँ 'अनंतज्ञान, अनंतदर्शन, अनंत अतींद्रिय आनंद और अनंतवीर्य वाला कार्यसमयसार है' यह विधिरूपकार्यहेतु है और उस हेतु का 'कारणसमयसार है' यह सद्भावरूप साध्य है। इसलिये 'अनंतज्ञान, अनंतदर्शन, अनंत अतींद्रिय आनंद और अनंतवीर्य वाला कार्यसमयसार है' यह हेतु विधिरूपविधिसाधक कार्यरूप हेतु है।

[इसलिये अनंतज्ञानादि चतुष्टय वाले कार्यसमयसार परमात्मा ही आदर्श हैं क्योंकि उससे उसके समान अपने कारणसमयसार में शक्ति है, इसका निर्णय होता है। इसलिये सरागदेव (जिनके पास अनंतज्ञानादि चतुष्टय नहीं है, ऐसे सरागदेव) आदर्श नहीं हैं; क्योंकि सरागदेव के पर्याय/कार्य को आदर्श रखने पर 'अपने कारणसमयसार में अल्प शक्ति है' ऐसा निर्णय होगा और वह निर्णय वस्तुस्वरूप के आधार से मिथ्या (गलत) है।]

[Low aim is a crime]

(B) कारणरूप-कोई हेतु कारणरूप है। जैसे – 'वृष्टि/बरसात होगी, क्योंकि विशिष्ट मेघों/विशिष्ट बादलों का सद्भाव है।' अन्यथा विशिष्ट बादल दिखाई नहीं देते हैं। ऐसे यहाँ 'विशिष्ट बादल (विशिष्ट मेघ)' यह हेतु विधिरूपविधिसाधक कारणरूप है, क्योंकि विशिष्ट बादल बरसात के कारण है। इसलिये वे विशिष्ट बादल अपने कार्यरूप बरसात के गमक है।

'इस अनादि मिथ्यादृष्टि जीव को सम्यग्दर्शन प्राप्त होगा, क्योंकि वह अभी करणलब्धि में है। ऐसे यहाँ 'करणलब्धि है' यह हेतु विधिरूप है और उसका 'सम्यग्दर्शन प्राप्त होगा' यह साध्य भी विधिरूप है। इसलिये 'करणलब्धि है' यह हेतु विधिरूपविधिसाधक कारणरूप है।

'यह जीव चौदहवें गुणस्थान के चरम समयवाला है, इसलिये अब सिद्ध अवस्था प्राप्त करेगा।' ऐसे यहाँ 'चौदहवें गुणस्थान के चरम समयवाला है' यह हेतु विधिरूप है और उसका साध्य भी विधिरूप है। इसलिये 'चौदहवें गुणस्थान के चरम समयवाला है' यह हेतु विधिरूपविधिसाधक कारणरूप है।

संस्कृत पृष्ठ नं. १०१-१०२, संस्कृत परिच्छेद नं. ५५→

शंका (सौगतादि) – कार्य कारण का अनुमापक (गमक) रहो, क्योंकि कारण के अभाव में कार्य दिखाई नहीं देता है। लेकिन कार्य के अभाव में भी कारण का सद्भाव रहता है। जैसे – धूम के अभाव में भी अग्नि का सद्भाव दिखाई देता है, इसलिये ही अग्नि धूम का गमक नहीं है।

समाधान (जैन) – यह आपका कथन ठीक नहीं है, क्योंकि उन्मीलितशक्तिवाले कारण का कार्य के साथ अव्यभिचारीपना होने से कार्य के प्रति हेतुत्व का अविरोध है।

विशेषार्थ-शंका – 'कार्य कारण का अनुमापक (गमक) है' यह ठीक है क्योंकि कारण के अभाव में कार्य दिखाई नहीं देता है। लेकिन कार्य के अभाव में भी कारण का सद्भाव रहता है। जैसे – धूम के अभाव में भी अंगार अवस्थापन्न अग्नि का सद्भाव दिखाई देता है, इसलिये ही अग्नि धूम का गमक नहीं है। ऐसा मानना ठीक है क्या?

समाधान – 'कारण कार्य का अनुमापक नहीं है अथवा कारणरूप हेतु से कार्यरूप साध्य की सिद्धि नहीं की जाती' यह आपका कथन ठीक नहीं है; क्योंकि उन्मीलितशक्तिवाले कारण का कार्य के साथ निर्दोष अविनाभाव संबंध होने से कार्य के प्रति हेतुत्व का विरोध नहीं है।

↑ वर्तमानपर्यायविशिष्टद्रव्य कार्य है।
[धूम कार्य है]

↑ पूर्वपर्यायविशिष्टद्रव्य कारण है।
[अग्नि कारण है]

[इससे क्रमनियमित पर्याय की सिद्धि होती है।]

शंका –

ध्रुव		पर्याय, अवस्था
कारणसिद्धपरमात्मा		कार्यसिद्धपरमात्मा
[अनादि-अनंतशुद्धध्रुव]		[सादि-अनंतशुद्धपर्याय]

यहाँ 'कार्यसिद्धपरमात्मा कारणसिद्धपरमात्मा का अनुमापक/गमक होता है, क्योंकि कारणसिद्धपरमात्मा (ध्रुव) के अभाव में कार्यसिद्धपरमात्मा दिखाई नहीं देता है' यह मान्य है। लेकिन कार्यसिद्धपरमात्म-अवस्था के अभाव में (अर्थात् संसार अवस्था के सद्भाव रहते हुए) भी कारणसिद्धपरमात्मा (ध्रुव) का सद्भाव रहता है। जैसे- कार्यसिद्धपरमात्म-अवस्था के अभाव में भी [अभव्यपर्याय रहते हुए (रहने पर) भी] कारणसिद्धपरमात्मा (ध्रुव) का सद्भाव दिखाई देता है, इसलिये ही कारणसिद्धपरमात्मा कार्यसिद्धपरमात्मा का अनुमापक नहीं है।

ध्रुव		पर्याय
कारण-परमात्मा (अनादि-अनंतशुद्ध) भव्यत्व-रहित अभव्यत्व-रहित जीवत्व ↑	द्र व्य	कार्यसिद्ध कार्यपर-मात्मा (सादि-अनंतशुद्ध) भव्यत्व-रहित अभव्यत्व-रहित
↑ कारण-परमात्मा (अनादि-अनंतशुद्ध) भव्यत्व-रहित, अभव्यत्व-रहित जीवत्व	द्र व्य	कार्यसिद्ध-रहित संसार-अवस्था (अनादि-सान्त-अशुद्ध) भव्यत्व-सहित, अभव्यत्व-रहित

ध्रुव		पर्याय
कारण - परमात्मा (अनादि-अनंतशुद्ध) भव्यत्व-रहित अभव्यत्व-रहित जीवत्व ↑	द्र व्य	कार्यसिद्ध-रहित, संसार-अवस्था (अनादि-अनंत-अशुद्ध) भव्यत्व-सहित अभव्यत्व-रहित
↑ कारण - परमात्मा (अनादि-अनंतशुद्ध) भव्यत्व-रहित, अभव्यत्व-रहित, जीवत्व	द्र व्य	कार्यसिद्ध-रहित संसार-अवस्था (अनादि-अनंत-अशुद्ध) भव्यत्व-सहित, अभव्यत्व-रहित

ध्रुव		पर्याय
कारण-परमात्मा (अनादि-अनंतशुद्ध) भव्यत्व-रहित अभव्यत्व-रहित, जीवत्व ↑	द्र व्य	कार्यसिद्ध-रहित, संसार-अवस्था (अनादि-अनंत-अशुद्ध) भव्यत्व-रहित, अभव्यत्व-सहित
↑ कारण - परमात्मा (अनादि-अनंतशुद्ध) भव्यत्व-रहित, अभव्यत्व-रहित, जीवत्व	द्र व्य	कार्यसिद्ध-रहित संसार-अवस्था (अनादि-अनंत-अशुद्ध) भव्यत्व-रहित, अभव्यत्व-सहित

इसलिये ध्रुव/कारणपरमात्मा कार्यसिद्धपरमात्मा का गमक नहीं। इसलिये कारणरूप हेतु कार्य का अनुमापक मानना ठीक नहीं है।

समाधान– 'कारणरूप हेतु कार्य का अनुमापक नहीं है' यह आपका कथन ठीक नहीं है; क्योंकि आप जिस विवक्षा से (अपेक्षा से) कह रहे हैं, वह विवक्षा यहाँ इस प्रकरण में नहीं, अन्यत्र है। जो विवक्षा जहाँ है, वह विवक्षा (अपेक्षा) वहाँ लेनी चाहिये, क्योंकि यहाँ उन्मीलितशक्तिरूप अर्थात् पूर्वपर्यायविशिष्टद्रव्यरूप कारण का कार्य के साथ निर्दोष अविनाभाव संबंध होने से कार्य के प्रति हेतुत्व (गमक होने) का विरोध नहीं है। जैसे–

ध्रुव		पर्याय
कारणपरमात्मा अनादि-अनंतशुद्ध		वर्तमान-प्रथमसमयवर्ती कार्यसिद्धपरमात्मा अर्थात् वर्तमानपर्यायविशिष्टद्रव्य कार्य है। ↑
कारणपरमात्मा अनादि-अनंतशुद्ध		पूर्वपर्याय चौदहवें गुणस्थान की चरमसमयपर्यायसहितविशिष्टद्रव्य कारण है (अर्थात् आगे की पर्याय का कारण है और इसके पूर्वपर्याय का यानी चौदहवें गुणस्थान की उपांत्य पर्याय का कार्य है)।

इसके लिए देखिए श्लोकवार्तिक (गांधी नाथारंगजी प्रकाशन) अध्याय नं. १, सूत्र नं. १, पृष्ठ नं. ६५→

(पं. माणिकचंद कौंदेयकृत हिंदी भाषांतर, आचार्य कुंथुसागर ग्रंथमाला सोलापुर प्रकाशन, पृष्ठ नंबर ४८८-४८९)-

न च तेन विरुध्येत त्रैविध्यं मोक्षवर्त्मनः।
विशिष्टकालयुक्तस्य तत्त्रयस्यैव शक्तितः॥४६॥
तेनायोगिजिनस्यान्त्यक्षणवर्ति प्रकीर्तितम्।
रत्नत्रयमशेषाघविघातकरणं ध्रुवम्॥४७॥

अर्थ– और मोक्षमार्ग के त्रैविध्य को उससे विरोध नहीं आता है, क्योंकि विशिष्टकालयुक्त उस रत्नत्रय की ही शक्ति से मोक्षकार्य होता है।

और भी देखिए, स्वामिकार्तिकेयानुप्रेक्षा-गाथा नं. २३० और शुभचंद्राचार्यरचित टीका→

"पुव्वपरिणामजुत्तं कारणभावेण वट्टदे दव्वं।
उत्तरपरिणामजुदं तं चिय कज्जं हवे णियमा॥२३०॥

द्रव्यं जीवपुद्गलादिवस्तु, पूर्वपरिणामयुक्तं पूर्वपर्यायाविष्टं, कारणभावेन उत्तरभावकार्यस्य कारणभावेन उपादानकारणत्वेन वर्तते।.... उत्तरपरिणामयुक्तं उत्तरपर्यायसहितं नियमात् कार्यं भवेत्, साध्यं स्यात्।"

अर्थ– पूर्वपरिणाम से युक्त द्रव्य अर्थात् पूर्वपर्यायविशिष्ट द्रव्य नियम से कारणरूप होता है और उत्तरपरिणामयुक्त द्रव्य (वर्तमानपर्यायविशिष्ट द्रव्य) ही नियम से कार्य है।

और भी देखिए श्री आचार्य विद्यानंदिविरचित अष्टसहस्री [सत्दानसमिति, श्री आदिनाथ दिगंबर जैन मंदिर, शुक्रवार पेठ, सोलापुर प्रकाशन] पृष्ठ नं. १०९ और १००→

"यदभावे हि नियमतः कार्यस्य उत्पत्तिः सः प्रागभावः, यद्भावे च कार्यस्य नियता विपत्तिः स प्रध्वंसः। न च इतरेतराभावस्य अभावे भावे च कार्यस्य उत्पत्तिः विपत्तिः वा जलस्य अभावे अपि अनलस्य अनुत्पत्तेः क्वचित् तद्भावे च तस्य अविपत्तेः।"


अर्थ – [बाजूका चित्र नीचे से ऊपर देखिए ।]



जिसके अभाव में नियम से कार्य की उत्पत्ति होती है वह प्रागभाव है और जिसके सद्भाव में कार्य की नियम से विपत्ति होती है वह प्रध्वंसाभाव है।

और इतरेतराभाव (अन्योन्याभाव) के अभाव में कार्य की उत्पत्ति अथवा विपत्ति नहीं होती है और इतरेतराभाव के सद्भाव में कार्य की उत्पत्ति अथवा विपत्ति नहीं होती है। जैसे – जल के अभाव में अनल/अग्नि की उत्पत्ति नहीं होती है और जल के सद्भाव में अग्नि की विपत्ति नहीं होती है क्योंकि अग्निपर्याय का व्यय होकर भस्म/धुआँ होता है, जल नहीं होता।

जल →



[अष्टसहस्री – पृष्ठ १००] – "ऋजुसूत्रनयार्पणात् हि प्रागभावः तावत् कार्यस्य उपादानपरिणामः एव पूर्वः अनन्तरात्मा। न च तस्मिन् पूर्वानादिपरिणामसन्ततौ कार्यसद्भावप्रसंगः, प्रागभावविनाशस्य कार्यरूपतोपगमात्, कार्योत्पादः क्षयः हेतोः.....।"

अर्थ – ऋजुसूत्रनय से प्रागभाव ही कार्य का उत्पादनपरिणाम ही पूर्व अनंतरात्मा है। और ऐसा रहने पर पूर्वानादिपरिणामसंतति में कार्यसद्भावप्रसंग नहीं आता है, क्योंकि प्रागभावविनाश को कार्यरूपता मानी है, क्योंकि हेतु (पूर्वपर्यायविशिष्ट द्रव्य) का व्यय होकर कार्य (वर्तमानपर्यायविशिष्ट द्रव्य) का उत्पाद होता है।

ध्रुव		पर्याय
कारणपरमात्मा अनादि-अनंतशुद्ध		वर्तमान – प्रथमसमयवर्ती सयोगिकेवली परमात्मा अर्थात् वर्तमानपर्यायविशिष्ट ↑ द्रव्य कार्य है
कारणपरमात्मा अनादि-अनंतशुद्ध		↑ पूर्वपर्याय – क्षीणकषाय गुणस्थान की चरमसमयपर्यायसहितविशिष्ट द्रव्य कारण है।

ध्रुव		पर्याय
कारणपरमात्मा अनादि-अनंतशुद्ध		वर्तमानपर्याय-क्षीणकषाय गुणस्थान की प्रथमसमयपर्यायसहितविशिष्ट द्रव्य ↑ कार्य है।
कारणपरमात्मा अनादि-अनंतशुद्ध		↑ पूर्वपर्याय-क्षपकश्रेणी सूक्ष्मसाम्पराय गुणस्थान की चरमसमयपर्यायसहित-विशिष्ट द्रव्य कारण है।

ध्रुव		पर्याय
कारणपरमात्मा अनादि-अनंतशुद्ध		वर्तमानपर्याय-उपशान्तकषाय गुणस्थान की प्रथमसमयपर्यायसहितविशिष्ट द्रव्य ↑ कार्य है।
कारणपरमात्मा अनादि-अनंतशुद्ध		↑ पूर्वपर्याय-उपशमश्रेणी सूक्ष्मसाम्पराय गुणस्थान की चरमपर्यायसहितविशिष्ट द्रव्य कारण है।

ध्रुव		पर्याय
कारणपरमात्मा अनादि-अनंतशुद्ध		वर्तमानपर्याय-उपशमश्रेणी से नीचे गिरनेवाली-उपशमसूक्ष्मसाम्पराय गुणस्थान की प्रथमसमयपर्यायसहितविशिष्ट द्रव्य ↑ कार्य है।
कारणपरमात्मा अनादि-अनंतशुद्ध		↑ पूर्वपर्याय-उपशमश्रेणी से नीचे गिरनेवाली-उपशान्तकषाय गुणस्थान की चरमसमय-पर्यायसहितविशिष्ट द्रव्य कारण है।

ध्रुव		पर्याय
कारणपरमात्मा अनादि-अनंतशुद्ध		वर्तमानपर्याय-प्रथमोपशम सम्यग्दर्शन-अविरत सम्यग्दर्शन गुणस्थान का प्रथमसमय-पर्याय अर्थात् शुद्धोपयोगपर्यायसहित- ↑ विशिष्ट द्रव्य कार्य है।
कारणपरमात्मा अनादि-अनंतशुद्ध		↑ पूर्वपर्याय-मिथ्यात्व गुणस्थान के अनिवृत्तिकरण की चरमसमयपर्यायसहित अर्थात् शुभोपयोगपर्यायसहितविशिष्ट द्रव्य कारण है।

ध्रुव		पर्याय
कारणपरमात्मा अनादि-अनंतशुद्ध		वर्तमानपर्याय-मिथ्यात्व गुणस्थान के सादि मिथ्यात्व की प्रथमसमयपर्यायसहित अर्थात् अशुभोपयोगसहितविशिष्ट द्रव्य ↑ कार्य है।
कारणपरमात्मा अनादि-अनंतशुद्ध		↑ पूर्वपर्याय-प्रमत्तसंयत गुणस्थान के चरमसमयपर्यायसहित अर्थात् शुभोपयोग-सहितविशिष्ट द्रव्य कारण है।

ध्रुव		पर्याय
कारणपरमात्मा अनादि-अनंतशुद्ध		वर्तमानपर्याय-शुभोपयोगपर्याय का प्रथम-समय-शुभोपयोगसहितविशिष्ट द्रव्य ↑ कार्य है।
कारणपरमात्मा अनादि-अनंतशुद्ध		↑ पूर्वपर्याय-अशुभोपयोगपर्याय का चरम-समय-अशुभोपयोगसहितविशिष्ट द्रव्य कारण है।

ध्रुव		पर्याय
कारणपरमात्मा अनादि-अनंतशुद्ध		वर्तमानपर्याय-निर्विकल्पज्ञानपर्याय का प्रथमसमयनिर्विकल्पज्ञानपर्यायसहित- ↑ विशिष्ट द्रव्य कार्य है।
कारणपरमात्मा अनादि-अनंतशुद्ध		↑ पूर्वपर्याय-निराकारदर्शनोपयोगपर्याय का चरमसमयनिराकारदर्शनोपयोगपर्याय-सहितविशिष्ट द्रव्य कारण है।

[देखो जयधवल पुस्तक नंबर १२, पृ. नं. ३०४-३०५]

इसलिये उन्मीलित शक्ति अर्थात् पूर्वविशिष्टपर्यायसहितवस्तुवाला कारण वर्तमानविशिष्टपर्यायरूप कार्य का गमक/अनुमापक होता है।

शंका – शुद्धोपयोग को ही शुद्धोपयोग कार्य का कारण कहते हैं, वह कथन किस अपेक्षा से है?

समाधान – पृष्ठ नं. ३७३ पर जो चार्ट दिखाया है कि 'अशुभोपयोगरूप कारण से शुभोपयोगरूप कार्य होता है अथवा शुद्धोपयोगरूप कारण से शुभोपयोगरूप कार्य होता है' वह एक अपेक्षा से है अर्थात् पूर्व-अनंतरपर्याय को कारण और वर्तमानपर्याय को कार्य कहते हैं।

और दूसरी अपेक्षा से अर्थात् तत्समय की योग्यता की अपेक्षा से, जैसे उस समय के शुभोपयोगकार्य का उस समय का शुभोपयोग ही कारण है। उसी तरह उस समय के शुद्धोपयोग कार्य का उस समय का शुद्धोपयोग ही कारण है। कृपया देखिए पृष्ठ नं. ३१० पर पंक्ति नं. १४ से ९ तक।

देखिए समयसार-गाथा (आत्मख्याति-गाथा नं. १२८ से १३१)-

"णाणमया भावाओ णाणमओ चेव जायदे भावो।
जह्मा तह्मा णाणिस्स सव्वे भावा दु णाणमया॥१२८॥
अण्णाणमया भावा अण्णाणो चेव जायए भावो।
तह्मा सव्वे भावा अण्णाणमया अणाणिस्स॥१२९॥
कणयमया भावादो जायंते कुंडलादयो भावा।
अयमययया भावादो जह जायंते तु कडयादी॥१३०॥
अण्णाणमया भावा अणाणिणो बहुविहा वि जायंते॥
णाणिस्स दु णाणमया सव्वे भावा तहा होंति॥१३१॥

भावार्थ – जिसकारण से ज्ञानमय भाव से ज्ञानमय ही भाव उत्पन्न होते हैं। इसकारण ज्ञानी के सब भाव ज्ञानमय हैं। लेकिन अज्ञानमय भाव से अज्ञानमय ही भाव होता है। इसकारण अज्ञानी के अज्ञानमय ही भाव होते हैं। जैसे – सुवर्णमय भाव से सुवर्णमय कुंडलादिक भाव होते हैं और लोहमय भाव से लोहमय कडे इत्यादिक भाव होते हैं। उसी प्रकार अज्ञानी के अज्ञानमय भाव से अनेक तरह के अज्ञानमय भाव होते हैं और ज्ञानी के सभी ज्ञानमय भाव से ज्ञानमय ही भाव होते हैं।

और भी देखिए पंचास्तिकायसंग्रह-गाथा नं. ६२- 'कम्मं पि सगं कुव्वदि' इत्यादि की श्री जयसेनाचार्यरचित तात्पर्यवृत्ति – "तथा जीवः अपि आत्मा कर्ता आत्मानं कर्मतापन्नं आत्मना करणभूतेन आत्मने निमित्तं आत्मनः सकाशात् आत्मनि अधिकरणभूते करोति इति अभेदषट्कारकीरूपेण व्यवतिष्ठमानः कारकान्तरं न अपेक्षते। अयं अत्र भावार्थः। यथा एव अशुद्धषट्कारकीरूपेण परिणममानः सन् अशुद्धं आत्मानं करोति तथा एव शुद्धात्मतत्त्वसम्यक्श्रद्धानज्ञानानुष्ठानरूपेण अभेदषट्कारकीस्वभावेन परिणममानः शुद्धं आत्मानं करोति इति।"

अर्थ – उसी तरह जीव भी→

(१) आत्मा ही कर्ता है, यह कर्ताकारक है,
(२) आत्मा अपने को ही, यह कर्मकारक है,
(३) आत्मा के द्वारा ही, यह करणकारक है,
(४) आत्मा अपने लिये ही, यह संप्रदानकारक है,
(५) आत्मा अपने से ही, यह अपादानकारक है,

(६) आत्मा अपने में ही, यह अधिकरणकारक है।

इसतरह अभेद छः कारकीरूप से परिणममान व्यवतिष्ठमान है, इसलिये अन्य कारक की अपेक्षा नहीं है। इसका भावार्थ-जैसे अशुद्ध छः कारकीरूप से परिणममान रहनेवाला अशुद्ध आत्मा को करता है, वैसे शुद्ध छः कारकीरूप से परिणममान रहनेवाला शुद्ध आत्मा को करता है।

यह कथन उस समय की योग्यता की अपेक्षा से है। जो नय जहाँ है वह नय वहाँ जानना चाहिये।

तीसरी अपेक्षा यह है कि, शुद्धविषय और जानने का साधन-प्रामाण्यसहित प्रत्यक्ष ज्ञान रहे तो उसका फल शुद्धोपयोग होता है। देखिए **प्रवचनसार-गाथा १८१-'सुहपरिणामो पुण्णं' इत्यादि की श्री जयसेनाचार्यरचित तात्पर्यवृत्ति और बृहद्द्रव्यसंग्रह-गाथा ३४ की श्री ब्रह्मदेवरचित संस्कृत टीका-**

"शुद्धात्मावलम्बनत्वात् शुद्धध्येयत्वात् शुद्धसाधकत्वात् च शुद्धोपयोगपरिणामः लभ्यते" [प्रवचनसार-तात्पर्यवृत्ति]


"शुद्धोपयोगे शुद्धबुद्धैकस्वभावः निजात्मा ध्येयः तिष्ठति तेन कारणेन शुद्धध्येयत्वात् शुद्धावलम्बनत्वात् शुद्धात्मस्वरूपसाधकत्वात् च शुद्धोपयोगः घटते।" [बृहद्द्रव्यसंग्रह-गाथा नं. ३४ की टीका]

अर्थ – (१) शुद्धबुद्ध-एकस्वभाववाला निजात्मा शुद्धविषय है और

(२) प्रामाण्यसहित प्रत्यक्ष ज्ञानसाधन से शुद्धात्मा को जानते हैं,

उससे सम्यक्-अतींद्रिय आनंद आता है, समता परिणाम आता है, इसलिये शुद्धोपयोग होता है।

जैसे-सफेद वस्तु (श्वेत प्रकाश्य वस्तु) पर सफेद प्रकाश डालने पर सफेद परावर्तन ही प्राप्त होता है।



विषय-श्वेत वस्तु श्वेत किरण-साधन श्वेत परावर्तन-फल

Pure object plus pure instrument gives pure effect.

इसलिये **भो आत्मन्**! वस्तुस्वरूप को जानकर परीक्षा कर अपने निजध्रुवशुद्धज्ञानदर्शनानंदात्मा को प्रामाण्यसहित प्रत्यक्ष ज्ञान से एक क्षण जानो और इस जीवन में सम्यक् आनंदी जीवन जिओ।

'यह जीव नियम से मोक्ष प्राप्त करेगा, क्योंकि निश्चयरत्नत्रय से परिणत है।' ऐसे यहाँ 'निश्चयरत्नत्रय से परिणत है' यह हेतु विधिरूप है और उसका 'मोक्ष प्राप्त होगा' यह साध्य भी विधिरूप है। इसलिये 'निश्चयरत्नत्रय से परिणत है' यह हेतु विधिरूपविधिसाधककारणरूप है।

[अध्यात्मन्यायदीपिका-पृष्ठ नं. २९५, पंक्ति नंबर १२ ते १९ तक]

'यह मेरा जीव नियम से अव्याबाध अनंत अतींद्रिय आनंद प्राप्त करेगा, क्योंकि निजध्रुवशुद्धज्ञानदर्शनानंदात्मा को प्रामाण्यसहित प्रत्यक्ष ज्ञान से जानता हूँ।' ऐसे यहाँ 'निजध्रुवशुद्धज्ञानदर्शनानंदात्मा को प्रामाण्यसहित प्रत्यक्ष ज्ञान से जानता हूँ' यह हेतु विधिरूप है और उसका 'अव्याबाध अनंत अतींद्रिय आनंद प्राप्त करेगा' यह

साध्य भी विधिरूप है। इसलिये 'निजध्रुवशुद्धज्ञानदर्शनानंदात्मा को प्रामाण्यसहित प्रत्यक्ष ज्ञान से जानता हूँ' यह हेतु विधिरूपविधिसाधककारणरूप है।

'यह जीव नियम से मोक्ष प्राप्त करेगा, क्योंकि सम्यग्दर्शनपर्याय है।' ऐसे यहाँ 'सम्यग्दर्शनपर्याय है' यह हेतु विधिरूप है और उसका 'मोक्ष प्राप्त करेगा' यह साध्य भी विधिरूप है। इसलिये 'सम्यग्दर्शनपर्याय है' यह हेतु विधिरूपविधिसाधककारणरूप हेतु है।

[देखिए **समयसार-गाथा ३२० 'दिट्ठी सयं पि'** इत्यादि की श्री **जयसेनाचार्यरचित तात्पर्यवृत्ति** (श्री समयसार प्रकाशन समिति, श्री दिगम्बर जैन समाज, शुक्रवार पेठ, सोलापूर ४१३००२, प्रकाशन) पृष्ठ नंबर ३२२ से ३२५]'

संस्कृत पृष्ठ नं. १०२, संस्कृत परिच्छेद नं. ५६→

(C) विशेषरूप हेतु–कोई हेतु विशेषरूप होता है। जैसे-यह वृक्ष है, क्योंकि शिंशपात्व की अन्यथानुपपत्ति है। ऐसे यहाँ शिंशपा यह हेतु विशेषरूप-हेतु है। शिंशपा यह वृक्ष का विशेष है, वह सामान्यरूप वृक्ष का गमक है। वृक्ष के अभाव में वृक्षविशेष नहीं रहता है।

(D) पूर्वचर हेतु–कोई हेतु पूर्वचर होता है। जैसे-शकट का उदय होगा, क्योंकि कृत्तिकोदय की अन्यथानुपपत्ति है। ऐसे यहाँ कृत्तिकोदय यह हेतु पूर्वचर हेतु है। कृत्तिका नक्षत्र के उदय के बाद मुहूर्त के अंत में नियम से शकटोदय हो जाएगा। ऐसे यहाँ पूर्वचर कृत्तिकोदय यह हेतु शकटोदय का गमक है।

(E) उत्तरचर हेतु–कोई हेतु उत्तरचर होता है। जैसे-भरणी का उदय पहले (पूर्व में) हो गया है, क्योंकि कृत्तिकोदय है। ऐसे यहाँ कृत्तिकोदय यह हेतु उत्तरचर हेतु है। भरणी के उदय के बाद कृत्तिकोदय होता है, वह उत्तरचरवाला कृत्तिकोदय हेतु भरणी के उदय का गमक है।

(F) सहचर हेतु–कोई हेतु सहचर हेतु होता है। जैसे-मातुलिंग अर्थात् बिजौरा नीबू रूपवान होने योग्य है, क्योंकि रसवानपना की अन्यथानुपपत्ति है। ऐसे यहाँ रस यह सहचर हेतु है। रस नियम से रूप का सहचर है क्योंकि रूप के अभाव में रस का अभाव होने से रसवान रूपवान का गमक है।


विशेषार्थ–(C) विशेषरूप हेतु-कोई हेतु विशेषरूप है। जैसे-'यह वृक्ष है; क्योंकि शिंशपात्व (शीशमपना) का सद्भाव है, वृक्ष न होता तो शिंशपात्व भी नहीं दिखाई देता है।' ऐसे यहाँ शिंशपात्व यह हेतु विशेषरूप हेतु है। शिंशपा यह वृक्ष का विशेष है, वृक्ष यह सामान्य है। वह शिंशपा सामान्यरूप वृक्ष का गमक है। वृक्ष के अभाव में वृक्षविशेष नहीं रहता है।



'यह वृक्ष है; क्योंकि नारियलत्व का सद्भाव है, वृक्ष न होता तो नारियलत्व भी नहीं दिखाई देता है।' ऐसे यहाँ 'नारियल' यह हेतु विधिरूपविधिसाधकविशेषरूप हेतु है। नारियल यह वृक्ष का विशेष है, वृक्ष यह सामान्य है। वह नारियल सामान्यरूप वृक्ष साध्य का गमक है। वृक्ष के अभाव में वृक्षविशेष नहीं रहता है।



'यहाँ वर्णगुण है; क्योंकि कालीपर्याय है, वर्णगुण न होता तो कालीपर्याय भी नहीं दिखाई देती है।' ऐसे यहाँ 'कालीपर्याय' यह हेतु विधिरूपविधिसाधकविशेषरूप हेतु है। कालीपर्याय यह वर्णगुण का विशेष है, वर्णगुण यह सामान्य है। कालीपर्याय सामान्यरूप वर्णगुण साध्य का गमक है। वर्णगुण के अभाव में कालीपर्याय-विशेष नहीं रहती है।




'यहाँ वर्णगुण है; क्योंकि सफेद (श्वेत) पर्याय है, वर्णगुण न होता तो सफेदपर्याय भी नहीं दिखाई देती है।' ऐसे यहाँ 'सफेदपर्याय' यह हेतु विधिरूपविधिसाधकविशेषरूप हेतु है। सफेदपर्याय यह वर्णगुण का विशेष है, वर्णगुण यह सामान्य है। सफेदपर्याय सामान्यरूप वर्णगुण साध्य का गमक है। वर्णगुण के अभाव में सफेदपर्यायविशेष नहीं रहती है।



'यहाँ गंधगुण है; क्योंकि दुर्गंधपर्याय है, गंधगुण न होता तो दुर्गंधपर्याय भी नहीं रहती है।' ऐसे यहाँ 'दुर्गंधपर्याय' यह हेतु विधिरूपविधिसाधकविशेषरूप हेतु है। दुर्गंधपर्याय यह गंधगुण का विशेष है, गंधगुण यह सामान्य है। दुर्गंधपर्याय सामान्यरूप गंधगुण साध्य का गमक है। गंधगुण के अभाव में दुर्गंधपर्यायविशेष नहीं रहती है।

यहाँ 'गंधगुण है; क्योंकि सुगंधपर्याय है, गंधगुण न होता तो सुगंधपर्याय भी नहीं रहती है।' ऐसे यहाँ 'सुगंधपर्याय' यह हेतु विधिरूपविधिसाधकविशेषरूप हेतु है। सुगंधपर्याय यह गंधगुण का विशेष है, गंधगुण यह सामान्य है। सुगंधपर्याय सामान्यरूप गंधगुण साध्य का गमक है। गंधगुण के अभाव में सुगंधपर्यायविशेष नहीं रहती है।


'यहाँ रसगुण है; क्योंकि मीठीपर्याय है, रसगुण न होता तो मीठीपर्याय भी नहीं रहती है।' ऐसे यहाँ 'मीठीपर्याय' यह हेतु विधिरूपविधिसाधकविशेषरूप हेतु है। मीठीपर्याय यह रसगुण का विशेष है, रसगुण यह सामन्य है। मीठीपर्याय सामान्यरूप रसगुण साध्य का गमक है। रसगुण के अभाव में मीठीपर्यायविशेष नहीं रहती है।



'यहाँ रसगुण है; क्योंकि खट्टीपर्याय है, रसगुण न होता तो खट्टीपर्याय भी नहीं रहती है।' ऐसे यहाँ 'खट्टीपर्याय' यह हेतु विधिरूपविधिसाधकविशेषरूप हेतु है। खट्टीपर्याय यह रसगुण का विशेष है, रसगुण यह सामान्य है। खट्टीपर्याय सामान्यरूप रसगुण साध्य का गमक है। रसगुण के अभाव में खट्टीपर्यायविशेष नहीं रहती है।

ध्रुव		अवस्था
चारित्रगुण		क्रोधपर्याय
सामान्य		विशेष

'यहाँ चारित्रगुण है; क्योंकि क्रोधपर्याय है, चारित्रगुण न होता तो क्रोधपर्याय भी नहीं रहती है।' ऐसे यहाँ 'क्रोधपर्याय' यह हेतु विधिरूपविधिसाधकविशेषरूप हेतु है। क्रोधपर्याय यह चारित्रगुण का विशेष है, चारित्रगुण यह सामान्य है। क्रोधपर्याय सामान्यरूप चारित्रगुण साध्य का गमक है। चारित्रगुण के अभाव में क्रोधपर्यायविशेष नहीं रहती है।



ध्रुव
चारित्रगुण
सामान्य

अवस्था
मानपर्याय
विशेष

'यहाँ चारित्रगुण है; क्योंकि मानपर्याय है, चारित्रगुण न होता तो मानपर्याय भी नहीं रहती है।' ऐसे यहाँ 'मानपर्याय' यह हेतु विधिरूपविधिसाधकविशेषरूप हेतु है। मानपर्याय यह चारित्रगुण का विशेष है, चारित्रगुण यह सामान्य है। मानपर्याय सामान्यरूप चारित्रगुण साध्य का गमक है। चारित्रगुण के अभाव में मानपर्यायविशेष नहीं रहती है।

ध्रुव		पर्याय
चारित्रगुण		मायापर्याय
सामान्य		विशेष

'यहाँ चारित्रगुण है; क्योंकि मायापर्याय है, चारित्रगुण न होता तो मायापर्याय भी नहीं रहती है।' ऐसे यहाँ 'मायापर्याय' यह हेतु विधिरूपविधिसाधकविशेषरूप हेतु है। मायापर्याय यह चारित्रगुण का विशेष है, चारित्रगुण यह सामान्य है। मायापर्याय सामान्यरूप चारित्रगुण साध्य का गमक है। चारित्रगुण के अभाव में मायापर्यायविशेष नहीं रहती है।

ध्रुव		पर्याय
चारित्रगुण		लोभपर्याय
सामान्य		विशेष

'यहाँ चारित्रगुण है; क्योंकि लोभपर्याय है, चारित्रगुण न होता तो लोभपर्याय भी नहीं रहती है।' ऐसे यहाँ 'लोभपर्याय' यह हेतु विधिरूपविधिसाधकविशेषरूप हेतु है। लोभपर्याय यह चारित्रगुण का विशेष है, चारित्रगुण यह सामान्य है। लोभपर्याय सामान्यरूप चारित्रगुण साध्य का गमक है। चारित्रगुण के अभाव में लोभपर्यायविशेष नहीं रहती है।



ध्रुव — चारित्रगुण — सामान्य

पर्याय — हास्य — विशेष

'यहाँ चारित्रगुण है; क्योंकि हास्यपर्याय है, चारित्रगुण न होता तो हास्यपर्याय भी नहीं रहती है।' ऐसे यहाँ 'हास्यपर्याय' यह हेतु विधिरूपविधिसाधकविशेषरूप हेतु है। हास्यपर्याय यह चारित्रगुण का विशेष है, चारित्रगुण यह सामान्य है। हास्यपर्याय सामान्यरूप चारित्रगुण साध्य का गमक है। चारित्रगुण के अभाव में हास्यपर्यायविशेष नहीं रहती है।

ध्रुव — चारित्रगुण — सामान्य


पर्याय — रतिपर्याय — विशेष

'यहाँ चारित्रगुण है; क्योंकि रतिपर्याय है, चारित्रगुण न होता तो रतिपर्याय भी नहीं रहती है।' ऐसे यहाँ 'रतिपर्याय' यह हेतु विधिरूपविधिसाधकविशेषरूप हेतु है। रतिपर्याय यह चारित्रगुण का विशेष है, चारित्रगुण यह सामान्य है। रतिपर्याय सामान्यरूप चारित्रगुण साध्य का गमक है। चारित्रगुण के अभाव में रतिपर्यायविशेष नहीं रहती है।

ध्रुव — चारित्रगुण — सामान्य

पर्याय — अरतिपर्याय — विशेष

'यहाँ चारित्रगुण है; क्योंकि अरतिपर्याय है, चारित्रगुण न होता तो अरतिपर्याय भी नहीं रहती है।' ऐसे यहाँ 'अरतिपर्याय' यह हेतु विधिरूपविधिसाधकविशेषरूप हेतु है। अरतिपर्याय यह चारित्रगुण का विशेष है, चारित्रगुण यह सामान्य है। अरतिपर्याय सामान्यरूप चारित्रगुण साध्य का गमक है। चारित्रगुण के अभाव में अरतिपर्यायविशेष नहीं रहती है।



ध्रुव
चारित्रगुण
सामान्य

पर्याय
शोकपर्याय
विशेष

'यहाँ चारित्रगुण है; क्योंकि शोकपर्याय है, चारित्रगुण न होता तो शोकपर्याय भी नहीं रहती है।' ऐसे यहाँ 'शोकपर्याय' यह हेतु विधिरूपविधिसाधकविशेषरूप हेतु है। शोकपर्याय यह चारित्रगुण का विशेष है, चारित्रगुण यह सामान्य है। शोकपर्याय सामान्यरूप चारित्रगुण साध्य का गमक है। चारित्रगुण के अभाव में शोकपर्यायविशेष नहीं रहती है।



ध्रुव
चारित्रगुण/निर्भयगुण
सामान्य

पर्याय
भयपर्याय
विशेष

'यहाँ चारित्रगुण/निर्भयगुण है; क्योंकि भयपर्याय है, चारित्रगुण/निर्भयगुण न होता तो भयपर्याय भी नहीं रहती है।' ऐसे यहाँ 'भयपर्याय' यह हेतु विधिरूपविधिसाधकविशेषरूप हेतु है। भयपर्याय यह चारित्रगुण का विशेष है, चारित्रगुण/निर्भयगुण यह सामान्य है। भयपर्याय सामान्यरूप चारित्रगुण साध्य का गमक है। चारित्रगुण/निर्भयगुण के अभाव में भयपर्यायविशेष नहीं रहती है।



ध्रुव
चारित्रगुण/निर्वेदगुण
सामान्य

पर्याय
पुंवेदपर्याय
विशेष

'यहाँ चारित्रगुण/निर्वेदगुण है; क्योंकि पुंवेदपर्याय है, चारित्रगुण/निर्वेदगुण न होता तो पुंवेदपर्याय भी नहीं रहती है।' ऐसे यहाँ 'पुंवेदपर्याय' यह हेतु विधिरूपविधिसाधकविशेषरूप हेतु है। पुंवेदपर्याय यह चारित्रगुण/निर्वेदगुण का विशेष है, चारित्रगुण/निर्वेदगुण यह सामान्य है। पुंवेदपर्याय सामान्यरूप चारित्रगुण/निर्वेदगुण साध्य का गमक है। चारित्रगुण/निर्वेदगुण के अभाव में पुंवेदपर्यायविशेष नहीं रहती है।



ध्रुव
चारित्रगुण/निर्वेदगुण
सामान्य

पर्याय
स्त्रीवेदपर्याय.
विशेष

'यहाँ चारित्रगुण/निर्वेदगुण है; क्योंकि स्त्रीवेदपर्याय है, चारित्रगुण/निर्वेदगुण न होता तो स्त्रीवेदपर्याय भी नहीं रहती है।' ऐसे यहाँ 'स्त्रीवेदपर्याय' यह हेतु विधिरूपविधिसाधकविशेषरूप हेतु है। स्त्रीवेदपर्याय यह चारित्रगुण/निर्वेदगुण का विशेष है, चारित्रगुण/निर्वेदगुण यह सामान्य है। स्त्रीवेदपर्याय सामान्यरूप चारित्रगुण/निर्वेदगुण साध्य का गमक है। चारित्रगुण/निर्वेदगुण के अभाव में स्त्रीवेदपर्यायविशेष नहीं रहती है।

ध्रुव
चारित्रगुण/निर्वेदगुण
सामान्य

पर्याय
नपुंसकवेदपर्याय
विशेष

'यहाँ चारित्रगुण/निर्वेदगुण है; क्योंकि नपुंसकवेदपर्याय है, चारित्रगुण/निर्वेदगुण न होता तो नपुंसकवेदपर्याय भी नहीं रहती है।' ऐसे यहाँ 'नपुंसकवेदपर्याय' यह हेतु विधिरूपविधिसाधकविशेषरूप हेतु है। नपुंसकवेदपर्याय यह चारित्रगुण/निर्वेदगुण का विशेष है, चारित्रगुण/निर्वेदगुण यह सामान्य है। नपुंसकवेदपर्याय सामान्यरूप चारित्रगुण/निर्वेदगुण साध्य का गमक है। चारित्रगुण/निर्वेदगुण के अभाव में नपुंसकवेदपर्यायविशेष नहीं रहती है।



ध्रुव
आनंदगुण
सामान्य

पर्याय
दुःखपर्याय
विशेष

'यहाँ आनंदगुण है; क्योंकि दुःखपर्याय है, आनंदगुण न होता तो दुःखपर्याय भी नहीं रहती है।' ऐसे यहाँ 'दुःखपर्याय' यह हेतु विधिरूपविधिसाधकविशेषरूप हेतु है। दुःखपर्याय यह आनंदगुण का विशेष है, आनंदगुण यह सामान्य है। दुःखपर्याय सामान्यरूप आनंदगुण साध्य का गमक है। आनंदगुण के अभाव में दुःखपर्यायविशेष नहीं रहती है।

ध्रुव		पर्याय
आनंदगुण		सुखपर्याय
सामान्य		विशेष

'यहाँ आनंदगुण है; क्योंकि सुखपर्याय है, आनंदगुण न होता तो सुखपर्याय भी नहीं रहती है।' ऐसे यहाँ 'सुखपर्याय' यह हेतु विधिरूपविधिसाधकविशेषरूप हेतु है। सुखपर्याय यह आनंदगुण का विशेष है, आनंदगुण यह सामान्य है। सुखपर्याय सामान्यरूप आनंदगुण साध्य का गमक है। आनंदगुण के अभाव में सुखपर्यायविशेष नहीं रहती है।

ध्रुव		पर्याय
आनंदगुण		अतींद्रिय-आनंदपर्याय
सामान्य		विशेष

'यहाँ आनंदगुण है; क्योंकि अतींद्रिय-आनंदपर्याय है, आनंदगुण न होता तो अतींद्रिय-आनंदपर्याय भी नहीं रहती है।' ऐसे यहाँ 'अतींद्रिय-आनंदपर्याय' यह हेतु विधिरूपविधिसाधकविशेषरूप हेतु है। 'अतींद्रिय-आनंदपर्याय' यह आनंदगुण का विशेष है, आनंदगुण यह सामान्य है। 'अतींद्रिय-आनंदपर्याय' सामान्यरूप आनंदगुण साध्य का गमक है। आनंदगुण के अभाव में अतींद्रिय-आनंदपर्यायविशेष नहीं रहती है।

ध्रुव		पर्याय
निर्योगत्वगुण		मनोयोगपर्याय
सामान्य		विशेष
निर्योगत्वगुण		वचनयोगपर्याय
सामान्य		विशेष
निर्योगत्वगुण		काययोगपर्याय
सामान्य		विशेष
निर्योगत्वगुण		योगरहितपर्याय
सामान्य		विशेष

'यहाँ निर्योगत्वगुण है; क्योंकि मनोयोगपर्याय है, निर्योगत्वगुण न होता तो मनोयोगपर्याय भी नहीं रहती है।' ऐसे यहाँ 'मनोयोगपर्याय' यह हेतु विधिरूपविधिसाधकविशेषरूप हेतु है। मनोयोगपर्याय यह निर्योगत्वगुण का विशेष है, निर्योगत्वगुण यह सामान्य है। मनोयोगपर्याय सामान्यरूप निर्योगत्वगुण साध्य का गमक है। निर्योगत्वगुण के अभाव में मनोयोगपर्यायविशेष नहीं रहती है।

ध्रुव		पर्याय
ज्ञानगुण		सम्यग्ज्ञानपर्याय
सामान्य		विशेष

'यहाँ ज्ञानगुण है; क्योंकि सम्यग्ज्ञानपर्याय है, ज्ञानगुण न होता तो सम्यग्ज्ञानपर्याय भी नहीं रहती।' ऐसे यहाँ 'सम्यग्ज्ञानपर्याय' यह हेतु विधिरूपविधिसाधकविशेषरूप हेतु है। सम्यग्ज्ञानपर्याय यह ज्ञानगुण का विशेष है, ज्ञानगुण यह सामान्य है। सम्यग्ज्ञानपर्याय सामान्यरूप ज्ञानगुण साध्य का गमक है। ज्ञानगुण के अभाव में सम्यग्ज्ञानगुणपर्यायविशेष नहीं रहती है।

ध्रुव		पर्याय
ज्ञानगुण		मिथ्याज्ञानपर्याय
सामान्य		विशेष

'यहाँ ज्ञानगुण है; क्योंकि मिथ्याज्ञानपर्याय है, ज्ञानगुण न होता तो मिथ्याज्ञानपर्याय भी नहीं रहती है।' ऐसे यहाँ 'मिथ्याज्ञानपर्याय' यह हेतु विधिरूपविधिसाधकविशेषरूप हेतु है। मिथ्याज्ञानपर्याय यह ज्ञानगुण का विशेष है, ज्ञानगुण यह सामान्य है। मिथ्याज्ञानपर्याय सामान्यरूप ज्ञानगुण साध्य का गमक है। ज्ञानगुण के अभाव में मिथ्याज्ञानपर्यायविशेष नहीं रहती है।

ध्रुव		पर्याय
दर्शनगुण		दर्शनोपयोगपर्याय (मैं की प्रतीति)
सामान्य		विशेष

'यहाँ दर्शनगुण है; क्योंकि दर्शनोपयोगपर्याय (मैं की प्रतीति) है, दर्शनगुण न होता तो दर्शनोपयोगपर्याय भी नहीं रहती है।' ऐसे यहाँ 'दर्शनोपयोगपर्याय' यह हेतु विधिरूपविधिसाधकविशेषरूप हेतु है। दर्शनोपयोगपर्याय यह दर्शनगुण का विशेष है, दर्शनगुण यह सामान्य है। दर्शनोपयोगपर्याय सामान्यरूप दर्शनगुण साध्य का गमक है। दर्शनगुण के अभाव में दर्शनोपयोगपर्यायविशेष नहीं रहती है।

ध्रुव		पर्याय
श्रद्धागुण		सम्यग्दर्शनपर्याय
सामान्य		विशेष

'यहाँ श्रद्धागुण है; क्योंकि सम्यग्दर्शनपर्याय (सम्यक्श्रद्धापर्याय) है, श्रद्धागुण न होता तो सम्यग्दर्शनपर्याय भी नहीं रहती है।' ऐसे यहाँ 'सम्यग्दर्शनपर्याय' यह हेतु विधिरूपविधिसाधकविशेषरूप हेतु है। सम्यग्दर्शनपर्याय यह श्रद्धागुण का विशेष है, श्रद्धागुण यह सामान्य है। सम्यग्दर्शनपर्याय सामान्यरूप श्रद्धागुण साध्य का गमक है। श्रद्धागुण के अभाव में सम्यग्दर्शनपर्यायविशेष नहीं रहती है।

ध्रुव		पर्याय
श्रद्धागुण		मिथ्यादर्शनपर्याय (मिथ्याश्रद्धा)
सामान्य		विशेष

'यहाँ श्रद्धागुण है; क्योंकि मिथ्यादर्शनपर्याय है, श्रद्धागुण न होता तो मिथ्यादर्शनपर्याय भी नहीं रहती है।' ऐसे यहाँ 'मिथ्यादर्शनपर्याय' यह हेतु विधिरूपविधिसाधकविशेषरूप हेतु है। मिथ्यादर्शनपर्याय यह श्रद्धागुण का विशेष है, श्रद्धागुण यह सामान्य है। मिथ्यादर्शनपर्याय सामान्यरूप श्रद्धागुण साध्य का गमक है। श्रद्धागुण के अभाव में मिथ्यादर्शनपर्यायविशेष नहीं रहती है।

ध्रुव		पर्याय
परमशुद्धपारिणामिकभाव अनादि-अनंत शुद्ध सामान्य		अशुद्धपर्याय विशेष

'यहाँ परमशुद्धपारिणामिकभाव है; क्योंकि अशुद्धपर्याय है।' ऐसे यहाँ 'अशुद्धपर्याय' यह हेतु

विधिरूपविधिसाधकविशेषरूप हेतु है। अशुद्धपर्याय यह परमशुद्धपारिणामिकभाव का विशेष है, परमशुद्धपारिणामिकभाव यह सामान्य है। अशुद्धपर्याय सामान्यरूप परमशुद्धपारिणामिकभाव साध्य का गमक है। परमशुद्धपारिणामिकभाव (अनादि-अनंत शुद्ध) के अभाव में अशुद्धपर्यायविशेष नहीं रहती है।

इत्यादि ।

(D) पूर्वचर हेतु-कोई हेतु पूर्वचर होता है । जैसे-'एक मुहूर्त के बाद शकट अर्थात् रोहिणी नक्षत्र का उदय होगा, क्योंकि अब कृत्तिका नक्षत्र का उदय हो रहा है।' ऐसे यहाँ 'कृत्तिका नक्षत्र का उदय' यह हेतु विधिरूपविधिसाधकपूर्वचर हेतु है। शकट नक्षत्र के उदय के एक मुहूर्त पहले कृत्तिका नक्षत्र का उदय होता है। इसलिये कृत्तिकोदय यह पूर्वचर हेतु है। ऐसे यहाँ पूर्वचर कृत्तिकोदय यह हेतु शकटोदय का गमक होता है।

'एक अन्तर्मूहूर्त में यह जीव प्रथमोपशम सम्यग्दर्शन प्राप्त करेगा, क्योंकि अब मिथ्यात्व अवस्था-करणलब्धि में है।' ऐसे यहाँ 'करणलब्धि में है' यह हेतु विधिरूपविधिसाधकपूर्वचर हेतु है।

'उपार्धपुद्गलपरावर्तन में यह मैं मोक्ष प्राप्त करूँगा ही, क्योंकि मैं शुद्धात्मानुभव करता हूँ।' ऐसे यहाँ 'शुद्धात्मानुभव करता हूँ' यह हेतु विधिरूपविधिसाधकपूर्वचर हेतु है।

'उपार्धपुद्गलपरावर्तन में यह मैं मोक्षफल ही प्राप्त करूँगा ही, क्योंकि मैं सम्यग्दृष्टि हूँ।' ऐसे यहाँ 'सम्यग्दृष्टि हूँ' यह हेतु विधिरूपविधिसाधकपूर्वचर हेतु है।

'मैं पूर्ण-वीतराग पूर्ण-साम्यवाला हो जाऊँगा ही, क्योंकि मैं अविरत निश्चयसम्यग्दृष्टि हूँ।' ऐसे यहाँ 'अविरत निश्चयसम्यग्दृष्टि हूँ' यह हेतु विधिरूपविधिसाधकपूर्वचर हेतु है।

'यह जीव सिद्ध हो जायेगा, क्योंकि अभी इसकी अर्हंत अवस्था है।' ऐसे यहाँ 'अर्हंत अवस्था है' यह हेतु विधिरूपविधिसाधकपूर्वचर हेतु है।

'यह मैं जीव आगे परिषहजयी महाव्रती नग्नमुनि ही हो जाऊँगा; क्योंकि अभी मैं इस अव्रत अवस्था में निजध्रुवशुद्धज्ञानदर्शनानंदात्मा को प्रामाण्यसहित प्रत्यक्ष ज्ञान से जानता हूँ।' ऐसे यहाँ 'अभी मैं अव्रत अवस्था में निजध्रुवशुद्धज्ञानदर्शनानंदात्मा को प्रामाण्यसहित प्रत्यक्ष ज्ञान से जानता हूँ' यह अन्यथानुपपत्तिलक्षणवाला हेतु विधिरूपविधिसाधकपूर्वचर हेतु है।

देखिए धवल-पुस्तक नंबर ५, सूत्र नंबर ९, १०, ११, पृष्ठ नं. १३ से १५ →

" असंजदसम्मादिट्ठिप्पहुडि जाव अप्पमत्तसंजदा त्ति अंतरं केवचिरं कालादो होदि,....।९।
एगजीवं पडुच्च जहण्णेण अंतोमुहुत्तं ॥१०॥
उक्कस्सेण अद्धपोग्गलपरियट्टं देसूणं ॥११॥

अर्थ – असंयत सम्यग्दृष्टि (चतुर्थ गुणस्थान), संयतासंयत गुणस्थान, प्रमत्तसंयत गुणस्थान और अप्रमत्तसंयत गुणस्थान इनका अंतर काल कितना है?.....

एक जीव की अपेक्षा से जघन्य (अल्प) अंतरकाल अंतर्मुहूर्त है और उत्कृष्ट काल उपार्द्धपुद्गलपरिवर्तन है।

गुणट्ठाणपरिवाडीए उक्कस्संतरपरूवणा कीरदे-एक्केण अणादियमिच्छादिट्ठिणा तिण्णि करणाणि कादूण पढमसम्मत्तं गेहंतेण अणंतो संसारो छिंदिदूण गहिदसम्मत्तपढमसमए अद्धपोग्गलपरियट्टमेत्तो कदो। उवसमसम्मत्तेण अंतोमुहुत्तमच्छिय (१) छावलियावसेसाए उवसमसम्मत्तद्धाए आसाणं गंतूणंतरिदो। मिच्छत्तेणद्धपोग्गलपरियट्टं भमिय अपच्छिमे भवे संजमं संजमासंजमं वा गंतूण कदकरणिज्जो होदूण

अंतोमुहुत्तावसेसे संसारे परिणामपच्चएण असंजदसम्मादिट्ठी जादो। लद्धमंतरं (२) पुणो अप्पमत्तभावेणं संजमं पडिवज्जिय (३) पमत्तापमत्तपरावत्तसहस्सं कादूण (४) खवगसेडीपाओग्गविसोहीए विसुज्झिय (५) अपुव्वो (६) अणियट्टी (७) सुहुमो (८) खीणो (९) सजोगी (१०) अजोगी (११) होदूण परिणिउदो । एवमेक्कारसेहि अंतोमुहुत्तेहि ऊणमद्धपोग्गलपरियट्टमसंजदसम्मादिट्ठीणमुक्कस्संतरं होदि।

अब गुणस्थान-परिपाटी से उत्कृष्ट अंतर की प्ररूपणा करते हैं – एक अनादि मिथ्यादृष्टि जीव ने तीनों करण करके प्रथमोपशम सम्यक्त्व को ग्रहण करते हुए अनंत संसार छेदकर सम्यक्त्व ग्रहण करने के प्रथम समय में वह संसार अर्धपुद्गलपरिवर्तनमात्र किया। पुनः उपशम सम्यक्त्व के साथ अंतर्मुहूर्तकाल रहकर (१) उपशमसम्यक्त्व के काल में छह आवलियां अवशेष रह जाने पर सासादन गुणस्थान को प्राप्त होकर अंतर को प्राप्त हुआ। पुनः मिथ्यात्व के साथ अर्धपुद्गलपरिवर्तन परिभ्रमण कर अन्तिम भव में संयम को अथवा संयमासंयम को प्राप्त होकर, कृतकृत्य वेदकसम्यक्त्वी होकर अंतर्मुहूर्तकाल प्रमाण संसार के अवशेष रह जाने पर परिणामों के निमित्त से असंयतसम्यग्दृष्टि हो गया। इस प्रकार सूत्रोक्त अंतरकाल प्राप्त हुआ (२) पुनः अप्रमत्तभाव के साथ संयम को प्राप्त होकर (३) प्रमत्त-अप्रमत्त गुणस्थानसंबंधी सहस्रों परावर्तनों को करके (४) क्षपकश्रेणी के प्रायोग्य विशुद्धि से विशुद्ध होकर (५) अपूर्वकरणसंयत (६) अनिवृत्तिकरण (७) सूक्ष्मसाम्परायसंयत (८) क्षीणकषाय वीतरागछद्मस्थ (९) सयोगकेवली (१०) और अयोगकेवली (११) होकर निर्वाण को प्राप्त हो गया । इस प्रकार से इन ग्यारह अंतर्मुहूर्तों से कम अर्धपुद्गलपरिवर्तनकाल असंयत सम्यग्दृष्टि जीवों का उत्कृष्ट अंतर होता है।

इससे यह सिद्ध होता है कि जो अव्रत अवस्था में क्षणमात्र के लिये शुद्धात्मानुभव/ सम्यग्ज्ञान प्राप्त करता है वह आगे त्यागी हो ही जाता है। इसलिये शुद्धात्मानुभव करनेवाला अव्रती स्वैराचारी (स्वच्छंदी) नहीं होता है।

और भी देखिए **समयसार-गाथा २७६ 'आयारादी णाणं जीवादी' इत्यादि की श्री जयसेनाचार्यरचित तात्पर्यवृत्ति –**

प्रतिज्ञा	हेतु	
	करणानुयोग पद्धति का हेतु	द्रव्यानुयोग पद्धति का हेतु
संस्कृत – निश्चयमोक्षमार्गे स्थितानां नियमेन मोक्षः भवति;	...मिथ्यात्वादि सप्तप्रकृत्युपशमक्षयोपशमक्षयात्	शुद्धात्मानं उपादेयं कृत्वा वर्तते.....
हिन्दी अर्थ – निश्चयमोक्षमार्ग में रहनेवालों को नियम से मोक्ष होता है;	क्योंकि मिथ्यात्वादि सात प्रकृति का उपशम है अथवा मिथ्यात्वादि सात प्रकृति का क्षयोपशम है अथवा मिथ्यात्वादि सात प्रकृति का क्षय है,	क्योंकि निजध्रुवशुद्धज्ञान-दर्शनानंदात्मा को प्रामाण्यसहित प्रत्यक्ष ज्ञान से जानता है।
	यह हेतु पूर्वचर हेतु है ।	

(E) **उत्तरचर हेतु** – कोई हेतु उत्तरचर होता है। जैसे – 'भरणी नक्षत्र का उदय पहले (पूर्व में) हो गया है, क्योंकि कृत्तिका नक्षत्र का उदय अभी हो रहा है।' ऐसे यहाँ कृत्तिकोदय यह हेतु विधिरूपविधिसाधक

उत्तरचर हेतु है। भरणी नक्षत्र के उदय के बाद कृत्तिकोदय होता है, इसलिये कृतिकोदय भरणी का उत्तरचरवाला हेतु है। उत्तरचरवाला कृत्तिकोदय हेतु भरणी के उदय का गमक है।

'पूर्व में अर्हंतपर्याय हो गई, क्योंकि अभी उसकी मोक्षपर्याय है।' ऐसे यहाँ 'मोक्षपर्याय है' यह हेतु विधिरूपविधिसाधक उत्तरचर हेतु है।

'पूर्व में क्षीणकषाय बारहवाँ गुणस्थान हो गया, क्योंकि अभी इसका सयोगकेवली तेरहवाँ गुणस्थान है।' ऐसे यहाँ 'सयोगकेवली तेरहवाँ गुणस्थान है' यह हेतु विधिरूपविधिसाधक उत्तरचर हेतु है।


'पूर्व में परिषहविजयी महाव्रती नग्नमुनि था, क्योंकि अभी सिद्धपर्याय है।' ऐसे यहाँ 'सिद्धपर्याय है' यह हेतु विधिरूपविधिसाधक उत्तरचर हेतु है।

'पूर्व में प्रायोग्यलब्धि/युक्तियों द्वारा निजशुद्धात्मादि की परीक्षा हो गई, क्योंकि अभी शुद्धात्मानुभव तथा प्रथमोपशम सम्यग्दर्शन है।' ऐसे यहाँ 'शुद्धात्मानुभव है' यह उत्तरचर हेतु है।

इत्यादि ।

जितना जाना गया है वह सब कथन नहीं कर सकते हैं, जितना प्रवचन के द्वारा कहता हूँ उतना सब लिखना संभव नहीं है। क्षमा चाहता हूँ । ॐ ।

(F) सहचर हेतु–कोई हेतु सहचर हेतु होता है । जैसे–मातुलिंग अर्थात् बिजौरा नीबू रूपवान है, क्योंकि रसवान है।' रूपवान और रसवान ये सहचर/सहभू हैं । ऐसे यहाँ 'रसवान' यह सहचर हेतु है । रस नियम से रूप का सहचर है, क्योंकि रूप के अभाव में रस का अभाव होनेसे 'रसवान' रूपवान/पीले का गमक है ।



'यह नीबू रसवान है, क्योंकि पीला है।' ऐसे यहाँ 'पीला' यह सहचर हेतु है । 'पीला' नियम से रस का सहचर है, क्योंकि पीले के अभाव में (अर्थात् हरापना के सद्भाव में) नीबू में से रस प्राप्त नहीं होता । इसलिये पीला रस का गमक है ।



'यह आम मीठा है, क्योंकि सुगंध है।' ऐसे यहाँ 'सुगंध यह सहचर हेतु है।'

'इस हवा/वायु में वर्णगुण है, क्योंकि स्पर्श है।' ऐसे यहाँ 'स्पर्श' यह सहचर हेतु है । स्पर्शगुण, रसगुण, गंधगुण और वर्णगुण सहभू होते हैं । इसलिये 'स्पर्श' वर्ण का गमक है ।

'इस मेरे ध्रुवजीवद्रव्य में आनंदगुण है, क्योंकि ज्ञानगुण है।' ऐसे यहाँ 'ज्ञानगुण' यह सहचर हेतु है । क्योंकि ज्ञानगुण, दर्शनगुण, श्रद्धागुण, आनंदगुण आदि सहभू/सहचर हैं ।

'इस अव्रती मेरे जीव में सम्यग्दर्शनपर्याय है, क्योंकि निजध्रुवशुद्धज्ञानदर्शनानंदात्मा का प्रामाण्यसहित प्रत्यक्ष ज्ञान है।' ऐसे यहाँ 'निजध्रुवशुद्धज्ञानदर्शनानंदात्मा का प्रामाण्यसहित प्रत्यक्ष ज्ञान है' यह सहचर हेतु है ।

'यह मैं अव्रती गृहस्थ मोक्षमार्गस्थ हूँ, क्योंकि निजध्रुवशुद्धज्ञानदर्शनानंदात्मा का प्रामाण्यसहित प्रत्यक्ष ज्ञान है।' ऐसे यहाँ 'निजध्रुवशुद्धदर्शनानंदात्मा का प्रामाण्यसहित प्रत्यक्ष ज्ञान है' यह सहचर हेतु है; क्योंकि चतुर्थ गुणस्थान में सम्यग्दर्शन, सम्यग्ज्ञान और अव्रत सम्यक्चारित्र ये तीनों युगपत् होते हैं । श्रद्धागुण की सम्यग्दर्शनपर्याय और ज्ञानगुण की सम्यग्ज्ञानपर्याय और चारित्रगुण की सम अथवा सम्यक्चारित्रपर्याय सहभू/एकसाथ हैं ।

संस्कृत पृष्ठ नंबर १०२, संस्कृत परिच्छेद नं. ५७ →

इन उदाहरणों में सद्भावरूप ही अग्नि आदिक साध्यों को सिद्ध करनेवाले धूमादिक साधन सद्भावरूप ही हैं । इसलिये ये सब विधिसाधकविधिरूप हेतु हैं । इनको अविरुद्धोपलब्धि ऐसा कहते हैं । इसप्रकार विधिरूप हेतु के प्रथम भेद-विधिसाधक का उदाहरणों के द्वारा निरूपण किया ।

विशेषार्थ– इन उदाहरणों में साध्य सद्भावरूप है और उस साध्य को सिद्ध करनेवाला हेतु/साधन/लिंग भी सद्भावरूप ही है । इसलिये उन हेतुओं को विधिसाधकविधिरूप हेतु कहते हैं । यहाँ साध्य भी सद्भावरूप और हेतु भी सद्भावरूप होने से उस हेतु को 'अविरुद्धोपलब्धि हेतु' ऐसा भी कहते हैं ।

'यह मैं जीव हूँ, क्योंकि मुझ में अहं/मैं/स्व-संवेदन की प्रतीति होती है।'	यह सद्भावरूप साध्य है । यह सद्भावरूप हेतु/साधन है ।	यहाँ साध्य जैसे सद्भावरूप है, उसीके समान साधन/हेतु भी सद्भावरूप है; इसलिये हेतु अविरुद्धोपलब्धि है ।

अर्थात् साध्य जैसे विधिरूप है, वैसे साधन/हेतु भी विधिरूप है । इसलिये विधिरूप साध्य को सिद्ध करनेवाला विधिरूप हेतु है । इसलिये हेतु विधिसाधकविधिरूप हेतु है ।

'मुझ में आनंदगुण हैं, क्योंकि मुझ में ज्ञानगुण है ।'	यह सद्भावरूप साध्य है । यह सद्भावरूप हेतु है ।	यहाँ साध्य जैसे सद्भावरूप है, उसीके समान साधन/हेतु भी सद्भावरूप है; इसलिये हेतु अविरुद्धोपलब्धि अर्थात् विधिसाधकविधिरूप हेतु है ।
'मैं अविरत सम्यग्दृष्टि हूँ, क्योंकि मैं अपने ध्रुवशुद्धज्ञान-दर्शनानंदात्मा को प्रामाण्यसहित प्रत्यक्ष ज्ञान से जानता हूँ ।'	यह सद्भावरूप साध्य है । यह सद्भावरूप हेतु है ।	यहाँ साध्य जैसे सद्भावरूप है, उसीके समान साधन/हेतु भी सद्भावरूप है; इसलिये हेतु अविरुद्धोपलब्धि अर्थात् विधिसाधकविधिरूप हेतु है ।

संस्कृत पृष्ठ नंबर १०३, संस्कृत परिच्छेद नंबर ५८ →

(II) दूसरा भेद निषेधसाधक नामक है। उसका दूसरा नाम विरुद्धोपलब्धि ऐसा है । उसके उदाहरण-

(A) 'इस जीव में मिथ्यात्व नहीं है, क्योंकि आस्तिक्य की अन्यथानुपपत्ति है।' ऐसे यहाँ 'आस्तिक्य' यह हेतु है । आस्तिक्य अर्थात् सर्वज्ञवीतरागप्रणीतजीवादितत्त्वार्थरुचिलक्षणरूप है । वह आस्तिक्य मिथ्यात्ववान में नहीं संभवता है । ऐसा वह आस्तिक्य मिथ्यात्व के अभाव की सिद्धि करता है ।

(B) 'वस्तु में सर्वथा एकान्त नहीं है, क्योंकि अनेकांतात्मकत्व की अन्यथानुपपत्ति है' ऐसे यहाँ 'अनेकांतात्मकत्व' यह हेतु है । अनेकांतात्मकत्व हेतु का वस्तु में अबाधितप्रतीतिविषयपना से प्रतिभासन होता है, वह अनेकान्तत्व सौगतादि परिकल्पित सर्वथा एकांत के अभाव की अवश्य सिद्धि करता है ।

विशेषार्थ– (II) दूसरा भेद निषेधरूप साध्य की सिद्धि करनेवाला है और वह हेतु सद्भावरूप है । इसलिये निषेध के विरुद्ध सद्भाव/विधि है । इसलिये ऐसे हेतु को निषेधसाधकविधिरूप अथवा विरुद्धोपलब्धि हेतु कहते हैं । जैसे–

(A) 'इस जीव में मिथ्यात्व नहीं, क्योंकि सर्वज्ञवीतरागप्रणीत-जीवादितत्त्वार्थ में रुचि है अर्थात् निजध्रुवशुद्धज्ञानदर्शनानंदात्मा का प्रामाण्यसहित प्रत्यक्ष ज्ञान है।'

} यह निषेधरूप साध्य है।

} यह सद्भावरूप साधन/हेतु है।

} यहाँ साध्य निषेधरूप है और साधन/हेतु सद्भावरूप है। इसलिये निषेधसाधकविधिरूप हेतु अर्थात् विरुद्धोपलब्धि हेतु है। निषेध के विरुद्ध विधि होने से विरुद्धोपलब्धि है।

समयसार-गाथा (आत्मख्याति-गाथा नंबर १७७-१७८)- 'रागो दोसो मोहो य आसवा णत्थि सम्मदिट्ठिस्स' इत्यादि की श्री जयसेनाचार्यरचित तात्पर्यवृत्ति →

"रागद्वेषमोहाः सम्यग्दृष्टेः न भवन्ति सम्यग्दृष्टित्वान्यथानुपपत्तेः इति हेतुः। तथाहि-अनन्तानुबन्धि-क्रोधमानमायालोभमिथ्यात्वोदयजनिताः रागद्वेषमोहाः सम्यग्दृष्टेः न सन्ति इति पक्षः। कस्मात्? इति चेत्, केवलज्ञानाद्यनन्तगुणसहितपरमात्मोपादेयत्वे सति वीतरागसर्वज्ञप्रणीतषट्द्रव्यपञ्चास्तिकाय-सप्ततत्त्वनवपदार्थरुचिरूपस्य मूढत्रयादिपञ्चविंशतिदोषरहितस्य...चतुर्थगुणस्थानवर्तिसरागसम्यक्त्वस्य अन्यथानुपपत्तेः इति हेतुः।...

अनन्तानुबन्ध्यप्रत्याख्यानावरणसंज्ञाः क्रोधमानमायालोभोदयजनिताः रागद्वेषमोहाः सम्यग्दृष्टेः न सन्ति इति पक्षः। कस्मात्? इति चेत् निर्विकारपरमानंदैकसुखलक्षणपरमात्मोपादेयत्वे सति षट्द्रव्यपञ्चास्तिकायसप्ततत्त्वनवपदार्थरुचिरूपस्य मूढत्रयादिपञ्चविंशतिदोषरहितस्य तदनुसारिप्रशमसंवेगानुकम्पादेवधर्मादिविषयास्तिक्याभिव्यक्तिलक्षणस्य पञ्चमगुणस्थानयोग्यदेशचारित्राविनाभाविसराग-सम्यक्त्वस्य अन्यथानुपपत्तेः इति हेतुः।..."

'इस जीव में रागद्वेषमोह नहीं हैं,

} यह निषेधरूप साध्य है।

क्योंकि सम्यग्दृष्टि है।'

} यह सद्भावरूप हेतु है।

} यहाँ साध्य निषेधरूप है और साधन/हेतु सद्भावरूप है। इसलिये निषेधसाधकविधिरूप अर्थात् विरुद्धोपलब्धि हेतु है। निषेध के विरुद्ध विधि होने से विरुद्धोपलब्धि है।

'इस अविरतसम्यग्दृष्टि को अनन्तानुबंधी क्रोधमानमाया-लोभमिथ्यात्वोदयजनित रागद्वेषमोह नहीं हैं;

} यह निषेधरूप साध्य है।

क्योंकि (a) ज्ञानादि अनंतगुणवाले निजध्रुवशुद्धात्मा का प्रामाण्यसहित प्रत्यक्ष ज्ञान है,

} यह अध्यात्मभाषा से सद्भावरूप हेतु है और

(b) वीतरागसर्वज्ञप्रणीत ६ द्रव्य, ५ अस्तिकाय, ७ तत्त्व, ९ पदार्थ की रुचि और मूढत्रयादि २५ दोषरहित और प्रशमादि और ८ अंगसहितवाले चतुर्थ गुणस्थानवर्ती सम्यक्त्व की अन्यथानुपपत्ति है।

} यह आगमभाषा से सद्भावरूप हेतु है।

} यहाँ साध्य निषेधरूप है और साधन/हेतु सद्भावरूप है। इसलिये निषेधसाधकविधिरूप अर्थात् विरुद्धोपलब्धि हेतु है। निषेध के विरुद्ध विधि होने से विरुद्धोपलब्धि है।

'इस देशविरतसम्यक्त्वी अर्थात् पंचम गुणस्थानवर्ती को मिथ्यात्व-अनंतानुबन्धी-अप्रत्याख्यानावरण नामक क्रोधमानमाया-लोभजनित रागद्वेषमोह नहीं है;	यह निषेधरूप साध्य है।	यहाँ साध्य निषेधरूप है और साधन/हेतु सद्भावरूप है। इसलिये निषेधसाधकविधिरूप अर्थात् विरुद्धोपलब्धि हेतु है। निषेध के विरुद्ध विधि होने से विरुद्धोपलब्धि है।
क्योंकि (a) निर्विकारपरमानंदज्ञानादि अनंतगुणवाले निजध्रुवशुद्धात्मा का प्रामाण्यसहित प्रत्यक्ष ज्ञान है,	यह अध्यात्मभाषा से सद्भावरूप हेतु है और	
(b) वीतरागसर्वज्ञप्रणीत ६ द्रव्य, ५ अस्तिकाय, ७ तत्त्व, ९ पदार्थ की रुचि और प्रशमादि और ८ अंगसहित और पंचम गुणस्थानयोग्य देशचारित्र (व्रत) वाले पंचमगुणस्थानवर्ती सम्यक्त्व की अन्यथानुपपत्ति है।'	यह आगमभाषा से सद्भावरूप हेतु है ।	

भो प्रभो! ॐ! अपनी मोक्षमार्गस्थ पर्याय का निर्णय स्वयं कर सकते हैं, दूसरों से पूछने की आवश्यकता नहीं।

(B) 'इस वस्तु में सर्वथा एकान्त नहीं; क्योंकि अनेकांतपना है (अर्थात् परस्परविरोधी जैसे- नित्य-क्षणिक, दैव-पुरुषार्थ दो धर्म युगपत् यानी एकसाथ हैं)।'	यह निषेधरूप साध्य है। यह विधि अर्थात् सद्भावरूप हेतु है ।	यहाँ साध्य निषेधरूप है और साधन/हेतु सद्भावरूप है। इसलिये निषेधसाधकविधिरूप अर्थात् विरुद्धोपलब्धि हेतु है।

संस्कृत पृष्ठ नंबर १०२, संस्कृत परिच्छेद नंबर ५९→

शंका – यह अनेकांतपना क्या है, जिसके बल से वस्तु में सर्वथा एकांत का अभाव सिद्ध किया जाता है?

समाधान – 'भाव-अभाव, एक-अनेक, नित्य-अनित्य, सामान्य-विशेष इत्यादि परस्पर विरुद्ध दो धर्म एक समय में एक ही वस्तु में विद्यमान रहना' इसे अनेकांतपना कहते हैं। ऐसा अनेकान्तपना जीवादि सभी वस्तु में है। इसप्रकार विधिरूप हेतु दिखाए हैं।

विशेषार्थ–शंका – 'जिस अनेकांत के बल से वस्तु में सर्वथा एकांत नहीं है' ऐसा सिद्ध किया जाता है। वह अनेकांत क्या है?

समाधान – 'भाव-अभाव, एक-नाना (बहु), नित्य-क्षणिक, ध्रुव-पर्याय, सामान्य-विशेष, सत्-असत्, दैव-पुरुषार्थ, क्रमनियमित-अक्रम, तत्-अतत्, क्रमनियमित-पुरुषार्थ, भेद-अभेद, अस्ति-नास्ति इत्यादि परस्पर विरुद्ध दो धर्म एक समय में एक ही वस्तु में विद्यमान रहना' इसको सम्यक् अनेकांत कहते हैं।

क्रमांक	आगमभाषा		फल	
क	स्यात् भाव	स्यात् अभाव	सम्यक् अनेकांत	सम्यक्त्व
ग	भाव	०	मिथ्या एकांत	मिथ्यात्व
घ	०	अभाव	मिथ्या एकांत	मिथ्यात्व
ट	अभावनिरपेक्ष भाव	भावनिरपेक्ष अभाव	मिथ्या अनेकांत	मिथ्यात्व

चार्ट नं. १५

समयसार-आत्मख्याति→

"तत्र यदेव तत् तदेव अतत्, यदेव एकं तदेव अनेकं, यदेव सत् तदेव असत्, यदेव नित्यं तदेव अनित्यं इति एकवस्तुवस्तुत्वनिष्पादकपरस्परविरुद्धशक्तिद्वयप्रकाशनं अनेकान्तः।"

अर्थ–जो (वस्तु) ही तत् है-वह (वस्तु) ही अतत् है, जो (वस्तु) एक है-वह (वस्तु) ही अनेक है, जो (वस्तु) ही सत् है-वह (वस्तु) ही असत् है, जो (वस्तु) ही नित्य है-वह (वस्तु) ही अनित्य है। इसप्रकार →

"एक वस्तु में वस्तुत्व की उपजानेवाली परस्पर विरुद्ध दो शक्तियों का प्रकाशित होना अनेकांत है।"

समयसार-तात्पर्यवृत्ति→

"एकवस्तुनि वस्तुत्वनिष्पादकं–अस्तित्वनास्तित्वद्वयादिस्वरूपं परस्परविरुद्धसापेक्षशक्तिद्वयं यत् तस्य प्रतिपादनं स्यात् अनेकान्तः भण्यते।"

अर्थ–एक वस्तु में वस्तुत्व को निष्पन्न करनेवाली 'अस्तित्व और नास्तित्व' इसतरह परस्पर विरुद्ध सापेक्ष दोनों शक्तियों का जो प्रकाशन है; उसको अनेकांत कहते हैं।

और उसका कथन स्याद्वाद पद्धति से किया जाता है।

सम्यक् अनेकांत→

राजवार्तिक-अध्याय १, सूत्र ६, वार्तिक ७ →

"एकत्र सप्रतिपक्षानेकधर्मस्वरूपनिरूपणः युक्त्यागमाभ्यां अविरुद्धः सम्यगनेकान्तः।"

अर्थ–एक वस्तु में युक्ति और आगम से अविरुद्ध सप्रतिपक्ष अनेकधर्मस्वरूपनिरूपणवाला अनेकांत होता है।

सम्यक् एकांत→

राजवार्तिक-अध्याय १, सूत्र ६, वार्तिक ७→

"तत्र सम्यगेकांतः हेतुविशेषसामर्थ्यापेक्षः प्रमाणप्ररूपितार्थैकदेशादेशः।"

अर्थ–उसमें प्रमाणप्ररूपित अर्थ के एकदेश आदेशरूप हेतुविशेषसामर्थ्यापिक्षावाला सम्यक् एकांत होता है। (प्रमाणप्ररूपित अर्थ के एकदेश को हेतुविशेष सामर्थ्य की अपेक्षा से आदेशवाला सम्यक् एकांत होता है।)

मिथ्या एकांत→

राजवार्तिक-अध्याय १, सूत्र ६, वार्तिक ७ →

"एकात्मावधारणेन अन्याशेषनिराकरणप्रवणप्रणिधिः मिथ्यैकांतः।"

अर्थ–एक धर्म के अवधारण से अन्य अशेष का निराकरणप्रवणप्रणिधिवाला मिथ्या एकांत होता है। [अर्थात् एक धर्म का सर्वथा (एकांतरूप से) अवधारण (निश्चय) करके अन्य धर्मों का निराकरण करनेवाला मिथ्या एकांत है।]

मिथ्या अनेकांत→

राजवार्तिक-अध्याय १, सूत्र ६, वार्तिक ७→

"तदतत्स्वभाववस्तुशून्यं परिकल्पितानेकात्मकं केवलं वाग्विज्ञानं मिथ्याऽनेकांतः।"

अर्थ–वस्तुको 'तत्-अतत्' स्वभाव से शून्य कहकर उसमें अनेक धर्मों की मिथ्या कल्पना करनेवाला अर्थशून्य वचनविज्ञान मिथ्या अनेकांत है।

इसतरह से सम्यक्-एकांत और सम्यक्-अनेकांत सच्चे हैं। मिथ्या एकांत और मिथ्या अनेकांत असत्य हैं; क्योंकि यदि अनेकांत को अनेकांतरूप ही माना जाय और एकांत न माना जाय, तो सम्यक् एकांत के अभाव में, शाखादि के अभाव में वृक्ष के अभाव की तरह उसके समुदायरूप अनेकांत का भी अभाव होने

की आपत्ति आएगी। यदि एकांत ही माना जाए तो उसके अविनाभावी शेष धर्मों का निराकरण हो जाने से स्वयं का लोप (अभाव) होने से सब का लोप (अभाव) होने की आपत्ति आती है।

(देखो राजवार्तिक-अध्याय १, सूत्र ६, वार्तिक ७ →

"यदि अनेकांतः अनेकांतः एव स्यात्, न एकांतः भवेत्, एकांताभावात् तत्समूहात्मकस्य तस्य अपि अभावः स्यात्, शाखाद्यभावे वृक्षाद्यभाववत्। यदि च एकांतः एव स्यात् तदविनाभाविशेषनिराकरणादात्मलोपे सर्वलोपः स्यात्।")

[एक वस्तु में एक समय में परस्परविरुद्ध दो शक्तियों का (आगमादि से अविरुद्ध परस्परविरुद्ध दो शक्तियों का) प्रकाशित होना ही अनेकांत है।]

१. स्यात् (कथंचित्) द्रव्य 'नित्य' है। २. स्यात् (कथंचित्) द्रव्य 'क्षणिक' है। ३. स्यात् (कथंचित्) द्रव्य 'अवक्तव्य' है। ४. स्यात् (कथंचित्) द्रव्य 'नित्य-क्षणिक' है। ५. स्यात् (कथंचित्) द्रव्य 'नित्य-अवक्तव्य' है। ६. स्यात् (कथंचित्) द्रव्य 'क्षणिक-अवक्तव्य' है। ७. स्यात् (कथंचित्) द्रव्य 'नित्य-क्षणिक-अवक्तव्य' है।	१. स्यात् द्रव्य 'क्रमनियमितपर्याय' है। २. स्यात् द्रव्य 'पुरुषार्थ' है। ३. स्यात् द्रव्य 'अवक्तव्य' है। ४. स्यात् द्रव्य 'क्रमनियमितपर्याय-पुरुषार्थ' है। ५. स्यात् द्रव्य 'क्रमनियमित-अवक्तव्य' है। ६. स्यात् द्रव्य 'पुरुषार्थ-अवक्तव्य' है। ७. स्यात् द्रव्य 'क्रमनियमित-पुरुषार्थ-अवक्तव्य' है।
१. स्यात् नित्य 'है'। (अस्ति) २. स्यात् नित्य 'नहीं'। (नास्ति) (अर्थात् नित्य में अन्य कुछ नहीं।) ३. स्यात् नित्य 'अवक्तव्य' है। ४. स्यात् नित्य 'है-नहीं' (अस्ति-नास्ति) है। ५. स्यात् नित्य 'है (अस्ति)-अवक्तव्य' है। ६. स्यात् नित्य 'नहीं (नास्ति)-अवक्तव्य' है। ७. स्यात् नित्य 'है-नहीं (अस्ति-नास्ति)-अवक्तव्य' है।	१. स्यात् क्रमनियमित 'है' (अस्ति)। २. स्यात् क्रमनियमित 'नहीं' (नास्ति)। (अर्थात् क्रमनियमित में अन्य कुछ नहीं।) ३. स्यात् क्रमनियमित 'अवक्तव्य' है। ४. स्यात् क्रमनियमित 'है-नहीं' (अस्ति-नास्ति) है। ५. स्यात् क्रमनियमित 'है (अस्ति)-अवक्तव्य' है। ६. स्यात् क्रमनियमित 'नहीं (नास्ति)-अवक्तव्य' है। ७. स्यात् क्रमनियमित 'है-नहीं (अस्ति-नास्ति)-अवक्तव्य' है।
१. स्यात् क्षणिक 'है'। (अस्ति) २. स्यात् क्षणिक 'नहीं'। (नास्ति) (अर्थात् क्षणिक में अन्य कुछ नहीं।) ३. स्यात् क्षणिक 'अवक्तव्य' है। ४. स्यात् क्षणिक 'है-नहीं' (अस्ति-नास्ति) है। ५. स्यात् क्षणिक 'है (अस्ति)-अवक्तव्य' है। ६. स्यात् क्षणिक 'नहीं (नास्ति)-अवक्तव्य' है। ७. स्यात् क्षणिक 'है-नहीं (अस्ति-नास्ति)-अवक्तव्य' है।	१. स्यात् पुरुषार्थ 'है' (अस्ति)। २. स्यात् पुरुषार्थ 'नहीं' (नास्ति)। (अर्थात् पुरुषार्थ में अन्य कुछ नहीं।) ३. स्यात् पुरुषार्थ 'अवक्तव्य' है। ४. स्यात् पुरुषार्थ 'है-नहीं' (अस्ति-नास्ति) है। ५. स्यात् पुरुषार्थ 'है (अस्ति)-अबक्तव्य' है। ६. स्यात् पुरुषार्थ 'नहीं (नास्ति)-अवक्तव्य' है। ७. स्यात् पुरुषार्थ 'है-नहीं (अस्ति-नास्ति)-अवक्तव्य' है।

और भी चार्ट नं. १९–प्रस्तावना पृष्ठ नं. ५० देखिए।

एक समय में एक द्रव्य की एक पर्याय होती है। एक समय में एक गुण की एक पर्याय (क्रमनियमित) होती है । एक समय में एक द्रव्य में अनंत गुणसमूह (अक्रम) होते हैं । इसलिये एक समय में अनंत गुणों की अनंत पर्यायों का समूह उत्पन्न होता है । एक समय में अनंत गुणों की अनंत पर्यायों का समूह नष्ट (व्यय) होता है ।

क्र.	आगमभाषा		फल	
क	स्यात् 'अक्रम (सहभू)' है।	स्यात् 'क्रमनियमित' है।	समीचीन सम्यक् अनेकांत	सम्यक्त्व
ग	अक्रम (सहभू) है।	०	असमीचीन मिथ्या एकांत	मिथ्यात्व
घ	०	क्रमनियमित है।	असमीचीन मिथ्या एकांत	मिथ्यात्व
ट	क्रमनियमितनिरपेक्ष अक्रम (सहभू) है।	अक्रमनिरपेक्ष क्रमनियमित है।	असमीचीन मिथ्या अनेकांत	मिथ्यात्व

कोष्टक

क्र.	आगमभाषा		फल	
क	स्यात् क्रमनियमितपर्याय	स्यात् पुरुषार्थ	समीचीन सम्यक् अनेकांत	सम्यक्त्व
ग	क्रमनियमितपर्याय	०	असमीचीन मिथ्या एकांत	मिथ्यात्व
घ	०	पुरुषार्थ	असमीचीन मिथ्या एकांत	मिथ्यात्व
ट	पुरुषार्थनिरपेक्ष क्रमनियमितपर्याय	क्रमनियमितनिरपेक्ष पुरुषार्थ	असमीचीन मिथ्या अनेकांत	मिथ्यात्व

क्र.	आगमभाषा		फल	
क	स्यात् नित्य	स्यात् क्षणिक	समीचीन सम्यक् अनेकांत	सम्यक्त्व
ग	नित्य	०	असमीचीन मिथ्या एकांत	मिथ्यात्व
घ	०	क्षणिक	असमीचीन मिथ्या एकांत	मिथ्यात्व
ट	क्षणिकनिरपेक्ष नित्य	नित्यनिरपेक्ष क्षणिक	असमीचीन मिथ्या अनेकांत	मिथ्यात्व

क्र.	आगमभाषा		फल	
क	स्यात् अभेद	स्यात् भेद	सम्यक् अनेकांत	सम्यक्त्व
ग	अभेद	०	मिथ्या एकांत	मिथ्यात्व
घ	०	भेद	मिथ्या एकांत	मिथ्यात्व
ट	भेदनिरपेक्ष अभेद	अभेदनिरपेक्ष भेद	मिथ्या अनेकांत	मिथ्यात्व

क्र.	आगमभाषा		फल	
क	स्यात् तत्	स्यात् अतत्	सम्यक् अनेकांत	सम्यक्त्व
ग	तत्	०	मिथ्या एकांत	मिथ्यात्व
घ	०	अतत्	मिथ्या एकांत	मिथ्यात्व
ट	अततनिरपेक्ष तत्	ततनिरपेक्ष अतत्	मिथ्या अनेकांत	मिथ्यात्व

क्र.	आगमभाषा		फल	
क	स्यात् अस्ति	स्यात् नास्ति	सम्यक् अनेकांत	सम्यक्त्व
ग	अस्ति	०	मिथ्या एकांत	मिथ्यात्व
घ	०	नास्ति	मिथ्या एकांत	मिथ्यात्व
ट	नास्तिनिरपेक्ष अस्ति	अस्तिनिरपेक्ष नास्ति	मिथ्या अनेकांत	मिथ्यात्व

इस तरह ऐसा अनेकांतपना जीवादि सभी वस्तुओं में है। इस प्रकार विधिरूप हेतु दिखाएँ हैं।

शंका–इस अनेकांत का जीवन में क्या लाभ है ?

समाधान–(१) 'जो लोग कहते हैं कि, सबेरे गृहस्थ अवस्था में व्यवहारनय/पर्यायनय था और अब दोपहर में मुनिदीक्षा हो गई। अब दोपहर में मुनि अवस्था में निश्चयनय/ध्रुवदृष्टि अथवा ध्रुव अथवा द्रव्यार्थिकनय आया है।'

उनका कथन ठीक नहीं है । यह समझ में आया ।

(२) 'जो लोग कहते हैं कि, इस भरतक्षेत्र में जब भोगभूमि थी तब देव था और अब कर्मभूमि है, इसलिये पुरुषार्थ है ।' उनका कथन ठीक नहीं है । यह समझ में आया ।

(३) 'जो लोग कहते हैं कि, वस्तु बहु आयामी (Multidimentional or infinite aspects) है, इसलिये अनेकांत है' उनका कथन ठीक नहीं है । यह समझ में आया ।

(४) 'विपश्यना ध्यान' ठीक नहीं है । यह समझ में आया ।

(५) 'प्रेक्षा ध्यान' ठीक नहीं है । यह समझ में आया ।

(६) 'समीक्षण ध्यान' ठीक नहीं है । यह समझ में आया ।

(७) 'टी.व्ही.ध्यान' ठीक नहीं है । यह समझ में आया ।

(८) 'ब्रह्माकुमारी प्रजापति ध्यान' ठीक नहीं है । यह समझ में आया ।

(९) 'कन्याकुमारी' की ध्यान पद्धति ठीक नहीं है । यह समझ में आया ।

(१०) 'अरविंद ध्यान' ठीक नहीं है । यह समझ में आया ।

(११) 'रजनीश ध्यान' ठीक नहीं है । यह समझ में आया ।

(१२) 'जे. कृष्णमूर्ति ध्यान' ठीक नहीं है । यह समझ में आया ।

(१३) ध्रुव से पर्याय अतत् है, इसलिये ध्रुव में पर्याय नहीं है । मेरा ध्रुव अनादि-अनंत शुद्ध है । यह समझ में आया ।

(१४) इत्यादि ।

संस्कृत पृष्ठ नं. १०३, संस्कृत परिच्छेद नंबर ६०-६१→

(२) प्रतिषेधरूप हेतु भी दो प्रकार का है→ (I) विधिसाधक और (II) प्रतिषेधसाधक। उनमें से →

(I) विधिसाधकप्रतिषेधरूप हेतु →जैसे-यहाँ 'इस जीव में सम्यक्त्व है, क्योंकि विपरीत अभिनिवेश का अभाव है ।' ऐसे यहाँ 'विपरीत अभिनिवेश का अभाव है' यह हेतु प्रतिषेधरूप है, वह हेतु सम्यक्त्व के सद्भाव की सिद्धि करता है । इसलिये यह हेतु विधिसाधकप्रतिषेधरूप हेतु है ।

(II) प्रतिषेधसाधकप्रतिषेधरूप हेतु-जैसे 'यहाँ धूम नहीं है, क्योंकि यहाँ अग्नि नहीं है।' ऐसे यहाँ 'अग्नि नहीं' यह हेतु प्रतिषेधरूप है, वह हेतु धूम के अभाव की सिद्धि करता है । इसलिये यह हेतु प्रतिषेधसाधकप्रतिषेधरूप हेतु है ।

इस तरह विधिप्रतिषेधरूपता से द्विविध हेतु के कुछ अवांतर भेद उदाहरणों के द्वारा दिखाए हैं । लेकिन उनका विस्तार परीक्षामुखसूत्र ग्रन्थ से जानना योग्य है ।

अन्यथानुपपत्तिलक्षणवाले ही हेतु साध्य के गमक हैं, उससे अन्य लक्षणवाले हेतु साध्य के गमक नहीं हैं, क्योंकि उनमें हेत्वाभासपना है ।

विशेषार्थ– (२) प्रतिषेधरूप अर्थात् निषेधवाला हेतु भी दो प्रकार का है →
(I) विधिसाधक अर्थात् विधिरूप साध्य को सिद्ध करनेवाला
(II) प्रतिषेधसाधक अर्थात् निषेधरूप साध्य को सिद्ध करनेवाला । उनमें से→
(I) विधिसाधकप्रतिषेधरूप हेतु → जैसे →

'इस जीव में सम्यक्त्व है' क्योंकि विपरीत अभिनिवेश का अभाव है।	यह सद्भावरूप साध्य है। यह निषेध अर्थात् अभाव-रूप साधन/हेतु है।	यहाँ साध्य सद्भावरूप है और साधन/हेतु अभाववाला अर्थात् निषेधवाला अर्थात् प्रतिषेधवाला है। इसलिये विधिसाधकप्रतिषेधरूप हेतु है।

समयसार-गाथा (आत्मख्याति-गाथा नं. २०१-२०२) 'परमाणुमित्तयं पि हु' इत्यादि की श्री जयसेनाचार्यरचित तात्पर्यवृत्ति→

" [चतुर्थगुणस्थानवर्ती सम्यग्दृष्टिः स्वसंवेदनज्ञानबलेन सहजानन्दस्वभावं शुद्धात्मानं अनुभवति] कथं इति चेत्, चतुर्थगुणस्थानवर्तिनां जीवानां अनन्तानुबन्धिक्रोधमानमायालोभमिथ्यात्वोदयजनितानां पाषाणरेखादिसमानानां रागादीनां अभावात्। "

" [पञ्चमगुणस्थानवर्ती सम्यग्दृष्टिः स्वसंवेदनज्ञानबलेन सहजानन्दस्वभावं शुद्धात्मानं अनुभवति] कथं इति चेत्, पञ्चमगुणस्थानवर्तिनां पुनः जीवानां अप्रत्याख्यानक्रोधमानमायालोभोदयजनितानां भूमिरेखादिसमानानां रागादीनां अभावात्। "

'यह चतुर्थ गुणस्थानवर्ती सम्यग्दृष्टि जीव स्वसंवेदनज्ञानबल से सहजानन्दस्वभाववाले निजध्रुवशुद्धात्मा को अनुभवता है,	यह सद्भावरूप साध्य है।	यहाँ साध्य सद्भावरूप है और साधन/हेतु अभाववाला अर्थात् निषेधवाला अर्थात् प्रतिषेधवाला है। इसलिये विधिसाधकप्रतिषेधरूप हेतु है ।
क्योंकि चतुर्थ गुणस्थानवर्ती जीवों को अनन्तानुबन्धिक्रोधमानमायालोभ-मिथ्यात्वोदयजनित पाषाणरेखादि समान रागादिक का अभाव है।'	यह निषेध अर्थात् अभावरूप साधन/हेतु है।	

'यह पंचम गुणस्थानवर्ती सम्यग्दृष्टि जीव स्वसंवेदनबल से सहजानंदस्वभाववाले निजध्रुवशुद्धात्मा को अनुभवता है,	यह सद्भावरूप साध्य है।	यहाँ साध्य सद्भावरूप है और साधन/हेतु अभाववाला अर्थात् निषेधवाला अर्थात् प्रतिषेधवाला है । इसलिये विधिसाधकप्रतिषेधरूप हेतु है । "
क्योंकि पंचम गुणस्थानवर्ती जीवों को [अनन्तानुबंधिमिथ्यात्व और] अप्रत्याख्यान क्रोधमानमाया-लोभोदयजनित पाषाणरेखा तथा भूमिरेखादि समान रागादिक का अभाव है।'	यह निषेध अर्थात् अभावरूप साधन/हेतु है ।	

'इस चतुर्थ गुणस्थानवर्ती जीव को मोक्ष होगा,	यह सद्भावरूप साध्य है।	यहाँ साध्य सद्भावरूप है और साधन/हेतु अभाववाला अर्थात् निषेधवाला अर्थात् प्रतिषेधवाला है । इसलिये विधिसाधकप्रतिषेधरूप हेतु है। [कृपया देखिये **समयसार-गाथा** (आत्मख्याति गाथा नं. २७६-२७७) '**आयारादी णाणं**' इत्यादि की श्री जयसेन आचार्यरचित तात्पर्यवृत्ति] अध्यात्मन्यायदीपिका पृष्ठ नं. २९५
क्योंकि मिथ्यात्वादि सात प्रकृतियों का अभाव अर्थात् उपशम है अथवा क्षयोपशम है अथवा क्षय है अर्थात् मिथ्यात्व नहीं है।'	यह निषेध अर्थात् अभावरूप साधन/ हेतु है ।	

(II) प्रतिषेधसाधकप्रतिषेधरूप हेतु - जैसे

'यहाँ धूम नहीं है,	यह निषेधरूप साध्य है।	यहाँ साध्य निषेधरूप है और साधन/हेतु भी निषेधरूप है। इसलिये प्रतिषेधसाधकप्रतिषेधरूप हेतु है।
क्योंकि यहाँ अग्नि नहीं है।'	यह निषेधरूप साधन/हेतु है।	
'इसमें जीव नहीं है,	यह निषेधरूप साध्य है।	यहाँ साध्य निषेधरूप है और साधन/हेतु भी निषेधरूप है। इसलिये प्रतिषेधसाधकप्रतिषेधरूप हेतु है।
क्योंकि यहाँ ज्ञान-दर्शन नहीं है।'	यह निषेधरूप साधन/हेतु है।	
'इस जीव को सम्यग्दर्शन नहीं है,	यह निषेधरूप साध्य है।	यहाँ साध्य निषेधरूप है और साधन/हेतु भी निषेधरूप है । इसलिये प्रतिषेधसाधकप्रतिषेधरूप हेतु है ।
क्योंकि इसको शुद्धात्मानुभव नहीं है।'	यह निषेधरूप साधन/हेतु है।	
'यह जीव मोक्षमार्गस्थ नहीं है,	यह निषेधरूप साध्य है ।	यहाँ साध्य निषेधरूप है और साधन/हेतु भी निषेधरूप है । इसलिये प्रतिषेधसाधकप्रतिषेधरूप हेतु है ।
क्योंकि इसको शुद्धात्मानुभव नहीं है।'	यह निषेधरूप साधन/हेतु है।	
'इसकी सच्ची समता नहीं है,	यह निषेधरूप साध्य है ।	यहाँ साध्य निषेधरूप है और साधन/हेतु भी निषेधरूप है । इसलिये प्रतिषेधसाधकप्रतिषेधरूप हेतु है ।
क्योंकि शुद्धात्मानुभव नहीं है।'	यह निषेधरूप साधन/हेतु है ।	
'इसको मोक्ष नहीं होगा,	यह निषेधरूप साध्य है ।	यहाँ साध्य निषेधरूप है और साधन/हेतु भी निषेधरूप है । इसलिये प्रतिषेधसाधकप्रतिषेधरूप हेतु है । [देखिए-**समयसार-गाथा** (आत्मख्याति गाथा नं. २७६-२७७) '**आयारादी णाणं**' इत्यादि की श्री जयसेनाचार्यविरचित तात्पर्यवृत्ति] अध्यात्मन्यायदीपिका पृष्ठ नं २९५
क्योंकि शुद्धात्मानुभव नहीं है, मिथ्यात्वादि सात प्रकृतियों का अभाव अर्थात् उपशम अथवा क्षयोपशम अथवा क्षय नहीं है।'	यह निषेधरूप साधन/हेतु है ।	

इस तरह अन्यथानुपपत्ति लक्षणवाला ही हेतु साध्य का गमक है, उससे अन्य लक्षणवाला हेतु साध्य का गमक नहीं है क्योंकि उसमें हेत्वाभासपना है ।

अन्यथानुपपत्ति लक्षणवाले शुद्धात्मानुभव हेतु/साधन से अपने सम्यग्दर्शन का निर्णय होता है ।

अन्यथानुपपत्ति लक्षणवाले शुद्धात्मानुभव हेतु/साधन से अपने मोक्षमार्गस्थ का निर्णय होता है ।

अन्यथानुपपत्ति लक्षणवाले शुद्धात्मानुभव हेतु/साधन से अपने सम्यक् आनंद का निर्णय होता है ।

भो प्रभो! अन्यथानुपपत्ति लक्षणवाले हेतु जिनको मालूम नहीं है वे लोग झूठे हेतु (हेत्वाभास) में उलझकर स्वयं का जीवन दुःखी करते हैं।

[हेत्वाभास का लक्षण और उसके भेद]

संस्कृत पृष्ठ नं. १०३, संस्कृत परिच्छेद नं. ६२→

शंका – वे हेत्वाभास कौन से होते हैं?

समाधान – अन्यथानुपपत्ति लक्षण से रहितवाले, लेकिन हेतु जैसे अवभासमान होनेवाले हेत्वाभास होते हैं। वे चार प्रकार के होते हैं – (१) असिद्ध, (२) विरुद्ध, (३) अनैकांतिक, (४) अकिंचित्कर । उनमें से →

(१) असिद्ध हेत्वाभास – जिस की साध्य के साथ व्याप्ति अनिश्चित है ऐसा वह अनिश्चयपथप्राप्तवाला असिद्ध हेत्वाभास है । (A) हेतु के स्वरूपाभावनिश्चय से और (B) हेतु के स्वरूपसंशय से वह अनिश्चयपथप्राप्ति होती है। (A) स्वरूपाभावनिश्चय रहने पर स्वरूपासिद्ध होता है और (B) स्वरूपसंशय रहने पर सन्दिग्धासिद्ध होता है ।

(A) स्वरूपासिद्ध हेत्वाभास – जैसे- 'शब्द परिणामी है, क्योंकि वह नेत्रेंद्रिय का विषय है।' यहाँ 'नेत्रेंद्रिय का विषय' यह हेतु स्वरूपासिद्ध हेत्वाभास है, क्योंकि शब्द (ध्वनि) श्रोत्रेंद्रिय (कर्णेंद्रिय) का विषय है, नेत्रेंद्रिय का विषय नहीं है। इसलिये शब्द (ध्वनि) में नेत्रेंद्रिय के विषयपना का अभाव निश्चित है। इसलिये वह हेतु स्वरूपासिद्ध है।

(B) सन्दिग्धासिद्ध हेत्वाभास – जैसे- '' धूम अथवा भाप (बाष्प) आदि का विवेक (भेद) अनिश्चय रहते हुए भी कोई कहता है कि 'यह प्रदेश अग्निमान है, क्योंकि यह धूमवान है'।'' यहाँ 'धूम' हेतु संदिग्धासिद्ध है, क्योंकि कथन करनेवाले को धूम के स्वरूप के बारे में संदेह (संशय) है।

विशेषार्थ – शंका-लोग हेत्वाभास में उलझकर अपना स्वयं का जीवन दुःखी करते हैं। तो फिर हेत्वाभास किसे कहते हैं? और वे हेत्वाभास कौन से हैं?

समाधान – श्री अकलंकदेवरचित न्यायविनिश्चय- कारिका नं. ३४३ में लिखा है कि-

'अन्यथानुपपन्नत्वरहिता ये विडम्बिताः ।
हेतुत्वेन परैस्तेषां हेत्वाभासत्वमीक्ष्यते॥ ३४३॥'

अर्थ – दूसरों के द्वारा अन्यथानुपपत्तिरहितवाले को जो हेतुत्व से विडम्बित किया है, उन अन्यथानुपपत्ति लक्षण से रहितवालों का हेत्वाभासत्व देखा जाता है ।

इसलिये जिस हेतु में अन्यथानुपपत्ति लक्षण नहीं, उस हेतु को हेत्वाभास अर्थात् झूठे हेतु (असत्य हेतु)

कहते हैं। (१) असिद्ध, (२) विरुद्ध, (३) अनैकांतिक और (४) अकिंचित्कर ये चार प्रकार के हेत्वाभास है।

(१) असिद्ध हेत्वाभास – हेतु के स्वरूप के अभाव का निश्चय होने से अथवा हेतु के स्वरूप के बारे में संशय होने से जिसकी साध्य के साथ व्याप्ति अनिश्चित है, वह हेतु असिद्ध हेत्वाभास है ।

(A) स्वरूपासिद्ध हेत्वाभास – हेतु के स्वरूप के अभाव का निश्चय होने से जिसकी साध्य के साथ व्याप्ति अनिश्चित है, वह हेतु स्वरूप-असिद्ध हेत्वाभास है। जैसे-' शब्द परिणमनशील है, क्योंकि वह नेत्रेंद्रिय का विषय है। ' यहाँ ' नेत्रेंद्रिय का विषय ' यह हेतु स्वरूप-असिद्ध हेत्वाभास है, क्योंकि शब्द अर्थात् ध्वनि कर्णेंद्रिय का विषय है, नेत्रेंद्रिय का विषय नहीं है। इसलिये शब्द में नेत्रेंद्रिय के विषय होने का स्वरूप नहीं है। इसलिये शब्द में नेत्रेंद्रिय के विषयपना का अभाव निश्चित मालूम है। इसलिये शब्द में नेत्रेंद्रिय के विषयपना स्वरूपासिद्ध है । इसलिये ' शब्द नेत्रेंद्रिय का विषय है ' यह हेतु स्वरूपासिद्ध हेत्वाभास हैं ।

' निश्चयनय से कार्यसिद्धपरमात्मा (मुक्त जीव) अमूर्तिक है, क्योंकि जीव में वर्णगुण है। ' यहाँ ' जीव में वर्णगुण है ' यह हेतु स्वरूपासिद्धहेत्वाभास है, क्योंकि संसारी अथवा मुक्त जीव में वर्णगुण नहीं है, पुद्गल में वर्णगुण है । वर्णगुण जीव का स्वरूप नहीं है। जीव में वर्णगुण का अभाव है, यह निश्चित मालूम है। जीव में वर्णगुण का स्वरूप असिद्ध है। इसलिये ' जीव में वर्णगुण है ' यह हेतु स्वरूप-असिद्ध हेत्वाभास है।

' मुझे ध्रुवशुद्धज्ञानानंदात्मा अथवा शुद्धात्मा का अनुभव है, क्योंकि ध्यान में मैं सफेद प्रकाश (श्वेत वर्ण) को जानता हूँ। ' यहाँ ' ध्यान में मैं सफेद प्रकाश को जानता हूँ ' यह हेतु स्वरूप-असिद्ध हेत्वाभास है, क्योंकि सफेद प्रकाश अथवा वर्ण जीव का स्वरूप (द्रव्य अथवा गुण अथवा पर्याय) नहीं है ।

' मुझे सम्यक्-आनंद प्राप्त हो गया क्योंकि ध्यान में मैं लाल मूर्ति को जानता हूँ। ' यहाँ ' ध्यान में मैं लाल मूर्ति को जानता हूँ ' यह हेतु स्वरूप-असिद्ध हेत्वाभास है, क्योंकि अपने ध्रुवशुद्धज्ञानानंदात्मा में लाल वर्ण नहीं है; और वस्तुस्वरूप जानकर प्रामाण्यसहित प्रत्यक्ष ज्ञान से अपने ध्रुवशुद्धज्ञानानंदात्मा को जानते समय सम्यक् आनंद प्राप्त होता है।

' मैं मिथ्यादृष्टि था लेकिन अभी सम्यग्दर्शन प्राप्त हो गया क्योंकि मैंने अभी निजशुद्धात्मचिंतन में केशरी वर्ण जाना। ' यहाँ ' मैंने अभी निजशुद्धात्मचिंतन में केशरी वर्ण जाना ' यह हेतु स्वरूप-असिद्ध हेत्वाभास है, क्योंकि निजध्रुवशुद्धात्मा में वर्णगुण अथवा वर्णगुण की पर्याय नहीं है।

शंका – धवल पुस्तक १३, महापुराण आदि में लिखा है कि धर्म्य-शुक्लध्यान के ध्येय सभी पदार्थ होते हैं, वह कैसे ?

समाधान – धवलादि ग्रंथों में धर्म्य-शुक्लध्यान में जब सभी पदार्थ विषय होते हैं, ऐसा लिखा है; तब बुद्धिपूर्वक/मुख्य और अबुद्धिपूर्वक/गौण इन सभी को गिनती में लिया है, वहाँ बुद्धिपूर्वक/मुख्य और अबुद्धिपूर्वक (अनीहितपूर्वक/गौण) ऐसा भेद नहीं किया। लेकिन समयसार – श्री जयसेनाचार्यरचित तात्पर्यवृत्ति में और बृहद्द्रव्यसंग्रह की श्री ब्रह्मदेवविरचित संस्कृत टीका में धर्म्य-शुक्लध्यान के ध्येयों के (a) बुद्धिपूर्वक/मुख्य ध्येय (विषय) और (b) अबुद्धिपूर्वक/अनीहित/गौण ध्येय (विषय), ऐसा भेद किया है। क्योंकि सम्यक्-आनंद का प्रामाण्य (सच्चाई/सत्यता) धर्म्य-शुक्लध्यान के मुख्य ध्येय/विषय के साथ है, अबुद्धिपूर्वक अथवा अनीहित/गौण ध्येय/विषय के साथ नहीं ।

देखिए समयसार-गाथा (आत्मख्याति-गाथा नं. २९१) 'जह बंधे चिंतंतो' इत्यादि की श्री जयसेनाचार्यरचित तात्पर्यवृत्ति →

'किं च समस्तशुभाशुभबहिर्द्रव्यालम्बनरहितचिदानन्दैकशुद्धात्मावलम्बनस्वरूपवीतरागधर्म्यध्यान-शुक्लध्यानरहितः जीवः बन्धप्रपञ्चरचनाचिन्तारूपसरागधर्म्यध्यानशुभोपयोगेन स्वर्गादिसुखकारण-पुण्यबन्धं लभते न च मोक्षं इति भावार्थः ।'

अर्थ–इसका स्पष्टीकरण यह है कि, सभी शुभाशुभ बाह्य द्रव्य के अवलंबन से रहित (याने परिपूर्ण स्वतंत्र स्वभाव शुद्धात्मस्वरूप) चिदानंद एक शुद्धात्मा का आलंबन जिसमें है ऐसे वीतराग (स्वानुभवमय) धर्म्यध्यान-शुक्लध्यान से रहित जीव बंधप्रपंचरचना के चिंतनस्वरूप सरागधर्म्यध्यानरूप शुभोपयोग से स्वर्गादि सुख के कारणरूप पुण्यबंध को प्राप्त होता है, और मोक्ष को प्राप्त नहीं होता है। ऐसा भावार्थ है।

भावार्थ–जो कोई ऐसा मानते हैं कि "शास्त्र के पठन-पाठन, कर्मबंध के उदय, बंध, उदीरणा आदि और प्रकृतिबंध, स्थितिबंध आदि प्रकार की चिंता-चर्चा-मनन-चिंतन-चिंतवन आदि करके और बहिरंग क्रिया करने से सम्यग्दर्शन प्राप्त हुआ और मोक्षमार्ग शुरू हुआ," उनके प्रति संबोधन करते हुए श्री आचार्यदेव कहते हैं कि, बंध का चिंतन करने से शुभोपयोग होता है। वह चिंतवन बाह्य द्रव्य का आलंबन लेकर होता है, उससे विकल्प ही होते हैं, वह निर्विकल्प समाधि (स्वानुभूति-शुद्धोपयोग) नहीं है इसलिये मोक्षमार्ग शुरू नहीं होता है। इस बंधन के विकल्प करते रहने से सम्यग्दर्शन-स्वानुभव प्राप्त नहीं होता है। याने स्वानुभव लेने से ही चतुर्थादि गुणस्थान प्रगट होते हैं। स्वानुभव से ही मोक्ष प्राप्त होता है। स्वानुभव के समय अपने स्वभावशुद्ध, परिपूर्ण, स्वतंत्र, चिदानंदमय आत्मा का आलंबन होने से वहाँ शुभाशुभभाव नहीं है इसलिये कर्मबंध की संवरपूर्वक निर्जरा होती है–कर्मबंध छूटते हैं।

कृपया देखिए समयसार-गाथा (आत्मख्याति गाथा-नं. २९२) 'जह बंधे मुत्तूण' इत्यादि की श्री जयसेनाचार्यरचित तात्पर्यवृत्ति→

"तथापि स्वशुद्धात्मसंवित्तिरूपं वीतरागस्वसंवेदनज्ञानं अपि स्वसंवित्त्याकारैकविकल्पेन सविकल्पं अपि बहिर्विषयानीहितसूक्ष्मविकल्पानां सद्भावे अपि सति तेषां मुख्यत्वं नास्ति तेन कारणेन निर्विकल्पं अपि भण्यते।"

अर्थ–वैसे ही अपनी स्वभावशुद्धात्मा की संवित्ति (अनुभव) वाला वीतरागस्वसंवेदनज्ञान भी स्वसंवित्तिरूप (स्वशुद्धात्म) आकारवाला ज्ञान एक दृष्टि से सविकल्प भी है, वहाँ बाह्य विषयों के अनीहित/अबुद्धिपूर्वक सूक्ष्म विकल्पों का सद्भाव भी होते हुए उन विकल्पों की मुख्यता नहीं है, इस कारण से अपनी स्वभावशुद्धात्मा की अनुभूति निर्विकल्प कही गयी है। [कृपया देखिए बृहद्द्रव्यसंग्रह-गाथा नं. ४२ की श्री ब्रह्मदेवविरचित संस्कृत टीका।]

कृपया देखिए बृहद्द्रव्यसंग्रह-गाथा नं. ४८ की श्री ब्रह्मदेवविरचित संस्कृत टीका→

'अयं अत्र अर्थः–यद्यपि ध्याता पुरुषः स्वशुद्धात्मसंवेदनं विहाय बहिश्चिन्तां न करोति तथापि यावता अंशेन स्वरूपे स्थिरत्वं नास्ति तावता अंशेन अनीहितवृत्त्या विकल्पाः स्फुरन्ति, तेन कारणेन पृथक्त्ववितर्कवीचारं ध्यानं भण्यते।'

अर्थ–इसका अर्थ इस प्रकार है-यद्यपि ध्यान करनेवाला पुरुष निजशुद्धात्मा का संवेदन छोड़कर बाह्य पदार्थों

का चिंतन नहीं करता है, तो भी उसे जितने अंश में स्वरूप में स्थिरता नहीं है उतने अंश में अनीहित/अबुद्धिपूर्वक विकल्प उत्पन्न होते हैं, इस कारण से पृथक्त्ववितर्कविचार ध्यान कहते हैं।

इसलिये धर्म्यध्यान-शुक्लध्यान का निजध्रुवशुद्धज्ञानानंदात्मा ही मुख्य ध्येय/विषय है, अन्य विषय मुख्य ध्येय नहीं।

इसलिये निजध्रुवशुद्धज्ञानानंदात्मा ही धर्म्यध्यान का मुख्य विषय है। इसलिये निजध्रुवशुद्धज्ञानानंदात्मा को प्रामाण्यसहित प्रत्यक्ष ज्ञान से जानने से सम्यग्ज्ञान होता है, सम्यक् आनंद प्राप्त होता है। इससे ही सम्यग्दर्शन होता है, सम्यक्चारित्र होता है।

और भी देखिए- श्री कुंदकुंदाचार्यरचित प्रवचनसार-गाथा नं. १८१→

'सुहपरिणामो पुण्णं असुहो पावं त्ति भणियमण्णेसु।
परिणामो णण्णगदो दुक्खक्खयकारणं समये॥१८१॥'

अर्थ–दूसरों के बारे में शुभ परिणाम पुण्य है और दूसरों के बारे में अशुभ परिणाम पाप है; और जो परिणाम निजध्रुवशुद्धज्ञानदर्शनानंदात्मा को प्रामाण्यसहित प्रत्यक्ष जानता है, उसी समय दुःखक्षय का अर्थात् आनंद के उत्पाद का कारण है, ऐसा आगम में कहते हैं।

शंका–केवली भगवान सब को जानते हैं, तो फिर वे पर को जानकर भी प्रशांत चित्तवाले हैं। तो हम नीचली दशावाले छद्मस्थ जीव भी पर को जानकर शांत रह जाएँगे और सम्यक्-आनंदी बनेंगे इसमें क्या बाधा है?

समाधान–केवली भगवान सब को जानते हैं, यह सत्य हैं, लेकिन केवली भगवान अपने ध्रुवशुद्धज्ञानदर्शनानंदात्मा को अतिविशद प्रामाण्यसहित अतिविशद प्रत्यक्ष ज्ञान से जानते हैं। वहाँ निजध्रुवशुद्धज्ञानदर्शनानंदात्मा-विषय में अपना शाश्वत आनंदगुण है और जानने का साधन प्रामाण्यसहित प्रत्यक्ष ज्ञान है, वह साधन शुद्ध है। इसलिये सम्यक् आनंद फल मिलता है।

तो फिर आप नीचली दशावाले छद्मस्थ को वस्तुस्वरूप जानकर अपने ध्रुवशुद्धज्ञानदर्शनानंदात्मा को प्रामाण्यसहित प्रत्यक्ष ज्ञान से जानने से ही सम्यक्-आनंद फल मिलेगा, पर को जानने से सम्यक्-आनंद नहीं मिलता है।

(B) संदिग्धासिद्ध हेत्वाभास–जैसे धूम अथवा भाप (बाष्प) आदि का भेद न जानते (निर्णय करते) हुए भी कहता है कि 'यह प्रदेश अग्निमान है, क्योंकि यह धूमवान है।' यहाँ 'धूम' हेतु संदिग्ध-असिद्ध है, क्योंकि कथन करनेवाले को धूम के स्वरूप के बारे में 'यह धूम है अथवा भाप है' ऐसा संशय है। इसलिये 'यह धूमवान है' यह हेतु संदिग्ध-असिद्ध हेत्वाभास है।

अपने सम्यग्दर्शनपर्याय का निर्णय किये बिना ही कोई कहता है कि 'मैं मोक्षमार्गस्थ हूँ, क्योंकि मुझे सम्यग्दर्शन है।' यहाँ 'मुझे सम्यग्दर्शन है' यह हेतु संदिग्ध-असिद्ध हेत्वाभास है, क्योंकि कथन करनेवाले को अपने सम्यग्दर्शनपर्याय के बारे में 'यह सम्यग्दर्शनपर्याय है अथवा मिथ्यादर्शनपर्याय है' ऐसा संशय है।

अपने शुद्धात्मानुभव का निर्णय किये बिना ही कोई कहता है कि 'मैं मोक्षमार्गस्थ हूँ क्योंकि मुझे शुद्धात्मानुभव है।' यहाँ 'मुझे शुद्धात्मानुभव है' यह हेतु संदिग्ध-असिद्ध हेत्वाभास है, क्योंकि कथन करनेवाले को 'अपने शुद्धात्मानुभव' के बारे में संशय है।

संस्कृत पृष्ठ नंबर १०४, संस्कृत परिच्छेद नं. ६३→

(२) विरुद्ध हेत्वाभास–साध्यविपरीतव्याप्तवाला हेतु विरुद्ध हेत्वाभास है। जैसे-शब्द अपरिणामी है, क्योंकि कृतकपना है। यहाँ कृतकत्व हेतु अपरिणामी का विरोधी जो परिणामी है, उस परिणामीपना के साथ व्याप्त है।

विशेषार्थ–विरुद्ध हेत्वाभास–साध्य से विपरीत (विपक्ष) के साथ जिस हेतु की व्याप्ति है, उस हेतु को विरुद्ध हेत्वाभास कहते हैं। जैसे→

शब्द ↓ यह पक्ष है	अपरिणामी है, ↓ यह साध्य है	क्योंकि कृतकपना है। ↓ यह हेतु है। यह कृतकत्व हेतु अपरिणामित्व के विरुद्ध परिणामी के साथ व्याप्त है। अर्थात् कृतकत्व हेतु से परिणमन सिद्ध होता है, नित्यत्व की सिद्धि नहीं होती है। इसलिये विरुद्ध हेत्वाभास है।

चतुर्थ गुणस्थानवर्ती जीव ↓ यह पक्ष है।	सरागी है ↓ यह साध्य है	क्योंकि अनन्तानुबंधिक्रोधमानमायालोभमिथ्यात्वोदय-जनित पाषाणरेखादि समान रागादि का अभाव है। ↓ यह हेतु है। यह हेतु सरागसाध्य के विरुद्ध वीतरागता के साथ व्याप्त है। अर्थात् इस हेतु से वीतरागता सिद्ध होती है, सरागता की सिद्धि नहीं होती है। इसलिए यह हेतु विरुद्ध हेत्वाभास है।

चतुर्थ गुणस्थानवर्ती जीव ↓ यह पक्ष है।	वीतरागी है, ↓ यह साध्य है।	क्योंकि अनन्तानुबंधिक्रोधमानमायालोभमिथ्यात्वोदय-जनित पाषाणरेखादि समान रागादि का अभाव है। ↓ यह हेतु है। यह हेतु सम्यक् हेतु है।

पंचम गुणस्थानवर्ती जीव ↓ यह पक्ष है।	सरागी है, ↓ यह साध्य है।	क्योंकि अप्रत्याख्यानावरणक्रोधमानमायालोभोदय-जनित भूमिरेखादि समान रागादि का अभाव है। ↓ यह हेतु है। यह हेतु सरागसाध्य के विरुद्ध वीतरागता के साथ व्याप्त है। अर्थात् इस हेतु से वीतरागता सिद्ध होती है, सरागता की सिद्धि नहीं होती है। इसलिए यह हेतु विरुद्ध हेत्वाभास है।

पंचम गुणस्थानवर्ती जीव ↓ यह पक्ष है।	वीतरागी है, ↓ यह साध्य है।	क्योंकि अप्रत्याख्यानावरणक्रोधमानमायालोभोदय-जनित भूमिरेखादि समान रागादि का अभाव है। ↓ यह हेतु है। यह हेतु सम्यक् हेतु है।

मैं ↓ यह पक्ष है।	स्वतंत्र होऊँगा; ↓ यह साध्य है	क्योंकि पत्नी या लोगों को वश करने के लिये वशीकरणमंत्र का जाप करता हूँ। ↓ यह हेतु है। यह हेतु विरुद्ध हेत्वाभास है, क्योंकि दूसरों को अपने आधीन करने के लिये उनका चिंतन करना ही परतंत्रता हो गयी, इससे स्वयं स्वतंत्र नहीं होता है। क्योंकि अपना अस्तित्व दूसरों में नहीं और दूसरों का अस्तित्व अपने में नहीं और 'दूसरों में अपना अस्तित्व है (दूसरों पर अपना अधिकार है)' ऐसा चिंतन करना विरुद्ध हो गया।

मैं ↓ यह पक्ष है।	संवरपूर्वक निर्जरा करता हूँ, ↓ यह साध्य है	क्योंकि मैं अशुभोपयोग करता हूँ। ↓ यह हेतु है। यह अशुभोपयोग हेतु संवरपूर्वक निर्जरा के विरुद्ध आस्रव-बंध के साथ व्याप्त है। इसलिये विरुद्ध हेत्वाभास है।

मैं ↓ यह पक्ष है।	संवरपूर्वक निर्जरा करता हूँ, ↓ यह साध्य है	क्योंकि मैं शुभोपयोग करता हूँ। ↓ यह हेतु है। यह शुभोपयोग हेतु संवरपूर्वक निर्जरा के विरुद्ध आस्रव-बंध के साथ व्याप्त है। इसलिये विरुद्ध हेत्वाभास है।

मैं ↓ यह पक्ष है।	आस्रव-बंध करता हूँ, ↓ यह साध्य है	क्योंकि शुद्धोपयोग करता हूँ। ↓ यह हेतु है। यह शुद्धोपयोग हेतु आस्रवबंध के विरुद्ध संवर-निर्जरा के साथ व्याप्त है। इसलिये विरुद्ध हेत्वाभास है।

शंका – जयधवल-पुस्तक १, गाथा नं. ५२, पृष्ठ नं. ९६ →

" पुण्णस्सासवभूदा अणुकंपासुद्धओ व उवजोओ।
विवरीओ पावस्स हु आसवहेउं वियाणाहि।।५२।। "

इसमें 'सुद्धओ' शब्द है, उससे 'शुद्धोपयोग से पुण्य आस्रव होता है' ऐसा कहा है और आपके कथन से विरुद्ध है। तो फिर कैसे अर्थ करना?

समाधान – आप के द्वारा उस गाथा का पदच्छेद करने में भूल हो गयी है। उस गाथा में 'अणुकंपाऽसुद्धओ' ऐसे शब्द हैं। अर्थात् अनुकंपा और अशुभ ऐसे शब्द हैं। उस गाथा का अर्थ – **(पुण्णस्स आसवभूदा अणुकंपा असुद्धओ उवजोओ)** अनुकंपारूप अशुद्ध उपयोग पुण्य के आस्रवभूत है (व) और **(विवरीओ असुद्धओ उवजोओ पावस्स हु आसवहेउं वियाणाहि)** उसके विपरीत अशुभ उपयोग पाप का आस्रवहेतु (आस्रव का कारण) है, ऐसा जानो।

इस ही अर्थ को पुष्ट करनेवाली उस के आगे की **जयधवल-पुस्तक नंबर १, गाथा नंबर ५३, पृष्ठ ९६ देखिए –**

" णवकोडिकम्मसुद्धो परदो पच्छा य संपदियकाले।
परसुहदुःखणिमित्तं जइ बंधइ णत्थि णिव्वाणं।।५३।। "

अर्थ – जो पुरुष कर्म की नौ कोटि अर्थात् मन, वचन, काय और कृत, कारित, अनुमोदना से शुद्ध (शुद्धोपयोग) है, उसे भूत, भविष्यत और वर्तमान-काल में यदि दूसरे के सुख और दुःख के निमित्त से बंध होने लगे तो किसी को भी निर्वाण प्राप्त नहीं हो सकेगा।

और भी देखिए-जयधवल-पुस्तक नं. १, गाथा नं. ५४, पृष्ठ नं. ९६→

" तित्थयरस्स विहारो लोअसुहो णेव तत्थ पुण्णफलो।
वयणं च दाणपूजारंभयरं तं ण लेवेइ।।५४।। "

अर्थ – तीर्थंकर का विहार लोक को सुखकारी है, लेकिन उससे तीर्थंकर को पुण्यरूप फल प्राप्त नहीं होता है और दान, पूजा आदि आरंभ के करनेवाले वचन उनको कर्मबंध से लिप्त नहीं करते हैं। अर्थात् शुद्धोपयोग से बंध नहीं होता है।

और भी देखिए-जयधवल – पुस्तक नं. १, गाथा नं. ५६, पृष्ठ नं. ९६→

" जदि सुद्धस्स वि बंधो होहिदि बाहिरयवत्थुजोएण।
णत्थि हु अहिंसओ णाम कोई वाआदिवहहेऊ।।५६।। "

अर्थ – यदि बाह्य वस्तु के संयोग से शुद्ध को (शुद्ध उपयोगवाले को) भी कर्मों का बंध होने लगे तो कोई भी जीव अहिंसक नहीं हो सकता है, क्योंकि श्वास आदि के द्वारा सभी से वायुकायिक आदि जीवों का वध होता है।

और भी देखिए- **जयधवल – पुस्तक नंबर १, गाथा नं. ६१, पृष्ठ नं. ९८→**

" परमरहस्समिसीणं समत्तगणिपिडयझरिदसाराणं।
परिणामियं पमाणं णिच्छयमवलंबमाणाणं।।६१।। "

अर्थ – परमरहस्य अर्थात् परमतत्त्व, निश्चयनय के विषय को अवलंबन करनेवालों तथा समत्त-गणिपिटकझरिदसारवालों के, पारिणामिकभाव को धारण करनेवालों के शुद्ध परिणाम प्रमाण है। अर्थात् शुद्धोपयोग

से बंध नहीं होता है।

और भी देखिए–**जयधवल–पुस्तक नं. १, गाथा नं. ४२, पृष्ठ नं. १४→**

"रागादिणमणुप्पा अहिंसकत्तं त्ति देसियं समए।
तेसिं चे उप्पत्ती हिंसेत्ति जिणेहि णिद्दिट्ठा॥४२॥"

अर्थ–'रागादिक का नहीं उत्पन्न होना (अर्थात् शुभ और अशुभ का नहीं उत्पन्न होना) ही अहिंसकता है' ऐसा जिनागम में उपदेश दिया है। 'तथा उन्हीं रागादिक (शुभ और अशुभ) की उत्पत्ति ही हिंसा है' ऐसा जिनदेवों के द्वारा निर्देश किया है।

इसलिये अशुभोपयोग हिंसा है और शुभोपयोग भी हिंसा है। लेकिन शुद्धोपयोग अहिंसा है।

शंका–श्रेणी आरूढ जीव भी आठवें गुणस्थान में शुद्धोपयोग में है, उस समय में संवरपूर्वक-निर्जरा है और उसी समय में आस्रव-बंध भी होता है। तो फिर ये कैसे हैं?

समाधान–आठवें गुणस्थान में जो बुद्धिपूर्वक शुद्धोपयोग है, उस शुद्धात्मानुभव/शुद्धोपयोग से संवरपूर्वक निर्जरा ही है, उस शुद्धोपयोग से आस्रव-बंध नहीं है, लेकिन उस शुद्धोपयोग के समय में उस जीव को अबुद्धिपूर्वक अशुद्धभाव है, उससे आस्रव-बंध है।

इसलिये शुद्धात्मानुभव/शुद्धोपयोग से संवरपूर्वक-निर्जरा है, आस्रव-बंध नहीं।

संस्कृत पृष्ठ नं. १०४, संस्कृत परिच्छेद नं. ६४→

(३) अनैकांतिक हेत्वाभास–जो हेतु पक्ष, सपक्ष और विपक्ष में रहता है ऐसा वह पक्षसपक्ष-विपक्षवृत्तिवाला हेतु अनैकांतिक हेत्वाभास है। उसके दो प्रकार है- (A) निश्चितविपक्षवृत्तिक और (B) शंकितविपक्षवृत्तिक।

(A) निश्चितविपक्षवृत्तिक-अनैकांतिक हेत्वाभास→

'यह प्रदेश धूमवान है, क्योंकि वह अग्निमान है।' यहाँ 'अग्नि' यह हेतु पक्षभूत संदिह्यमान धूम वाले पुरोवर्ती (सामने के) प्रदेश में हैं उसीतरह धुआँवाले सपक्ष रसोईघर में विद्यमान है और धुआँरहितवाले विपक्षरूप निश्चित अंगार स्वरूप अग्निवाले प्रदेश में भी है; ऐसा निश्चय (निर्णय) है। इसलिये 'अग्नि' यह हेतु निश्चितविपक्षवृत्तिक-अनैकांतिक हेत्वाभास है।

(B) शंकितविपक्षवृत्तिक-अनैकांतिक हेत्वाभास → (i) 'गर्भस्थ मैत्री का पुत्र श्याम (काला) होना चाहिए, क्योंकि मैत्रीतनयत्व (मैत्री का पुत्रपना) है, जैसे मैत्री के अन्य पुत्र श्याम हैं।' यहाँ 'मैत्रीतनयत्व (मैत्री का पुत्रपना)' यह हेतु पक्षभूत गर्भस्थ मैत्री के पुत्र में विद्यमान (सद्भाव) है, सपक्ष अन्य मैत्रीपुत्रों में विद्यमान है और विपक्ष अश्याम (गोरे) पुत्र में भी रह सकता है, इस शंका का निराकरण न होने से वह (मैत्रीतनयत्व) हेतु शंकितविपक्षवृत्तिक-अनैकांतिक हेत्वाभास है।

(ii) शंकितविपक्षवृत्तिक-अनैकांतिक हेत्वाभास का दूसरा उदाहरण→ 'अर्हंत सर्वज्ञ नहीं होना चाहिए, क्योंकि वे वक्ता है, जैसे रथ्यापुरुष वक्ता है।' यहाँ 'वक्तृत्व' यह हेतु पक्षरूप अर्हंत में विद्यमान है, सपक्ष रथ्यापुरुष में है और विपक्ष सर्वज्ञ में भी है, क्योंकि वक्तृत्व और ज्ञातृत्व इन दोनों का एकसाथ एक में रहने का अविरोध है। जो जिसके साथ विरोधी है वह उस पक्षवाले में नहीं रहता है; और वचन तथा ज्ञान इनका लोक में विरोध नहीं है। लेकिन ज्ञानवान के ही वचनों में सौष्ठव/सुंदरता स्पष्ट देखने में आती है। इसलिये ज्ञानोत्कर्षवान सर्वज्ञ में वचनोत्कर्ष क्यों नहीं प्राप्त होगा? अर्थात् सर्वज्ञ में वचनोत्कर्ष रहता है।

विशेषार्थ– (३) अनैकांतिक हेत्वाभास→ जो हेतु पक्ष में (जहाँ साध्य सिद्ध करना है, वह पक्ष है, उसमें) और सपक्ष (अन्वय उदाहरण) में और विपक्ष (पक्ष का जो विरोधी है, उस) में रहता है, उस हेतु को अनैकांतिक हेत्वाभास कहते हैं। उसके दो प्रकार हैं– (A) निश्चितविपक्षवृत्तिक-अनैकांतिक हेत्वाभास और (B) शंकितविपक्षवृत्तिक-अनैकांतिक हेत्वाभास।

(A) निश्चितविपक्षवृत्तिक-अनैकांतिक हेत्वाभास का उदाहरण→

'यह प्रदेश धूमवान है, क्योंकि यहाँ अग्नि है।' इस अनुमान में 'अग्नि' यह हेतु है।

जहाँ 'धुआँ है' ऐसा सिद्ध करना है, ऐसा सामने का प्रदेश यह पक्ष है। इस पक्ष में 'अग्नि' यह हेतु विद्यमान है।	जहाँ 'धुआँ है' ऐसा वादी तथा प्रतिवादी को मालूम (ज्ञात) है, ऐसा रसोईघर यह सपक्ष है। इस सपक्ष में 'अग्नि' यह हेतु विद्यमान है।	जहाँ 'धुआँ नहीं है' ऐसा वादी तथा प्रतिवादी को मालूम (ज्ञात) है, ऐसा अंगारस्वरूप अग्निवाला प्रदेश यह विपक्ष है। इस विपक्ष में भी 'अग्नि' यह हेतु विद्यमान है।

इसलिये 'अग्नि' यह हेतु निश्चितविपक्षवृत्तिक है। इसलिये 'यहाँ धूम है, क्योंकि अग्नि है' इस अनुमान में 'अग्नि' यह हेतु निश्चितविपक्षवृत्तिक-अनैकांतिक हेत्वाभास है।

'इस वृक्ष के सभी फूलों में फल होंगे ही, क्योंकि फूल है।' इस अनुमान में 'फूल' यह हेतु है। 'फल होंगे ही' यह साध्य है।

जहाँ 'फल है' ऐसा सिद्ध करना है। यह पक्ष है। इस पक्ष में 'फूल' यह हेतु है।	फलसहित पेड़ (वृक्ष) सपक्ष है। इस सपक्ष में 'फूल' यह हेतु है।	फलरहित गुलाब का वृक्ष विपक्ष है। इस विपक्ष में भी 'फूल' यह हेतु है।

इसलिये 'फूल' यह हेतु निश्चितविपक्षवृत्तिक-अनैकांतिक हेत्वाभास है।

'यह जीव निश्चयसम्यग्दर्शनवाला याने मिथ्यात्वादि सात प्रकृतियों का प्रथमोपशमवाला है, अथवा मिथ्यात्वादि सात प्रकृतियों का क्षयोपशमवाला है, क्योंकि प्रशमसंवेगानुकंपास्तिक्य है।' इस अनुमान में 'प्रशमसंवेगानुकंपास्तिक्य है' यह हेतु है।

जहाँ 'निश्चयसम्यग्दर्शन याने मिथ्यात्वादि सात प्रकृतियों का प्रथमोपशम अथवा क्षयोपशम है' ऐसा सिद्ध करना है, ऐसा यह पक्ष है। इस पक्ष में 'प्रशमसंवेगानुकंपास्तिक्य' यह हेतु विद्यमान है।	जहाँ 'मिथ्यादर्शन है याने मिथ्यात्वादि सात प्रकृतियों का उपशम नहीं अथवा क्षयोपशम नहीं अथवा क्षय नहीं' ऐसा यह विपक्ष है। इस विपक्ष में भी 'प्रशमसंवेगानुकंपास्तिक्य' यह हेतु विद्यमान है।

इसलिये 'प्रशमसंवेगानुकंपास्तिक्य' यह हेतु निश्चितविपक्षवृत्तिक-अनैकांतिक हेत्वाभास है।

'यह जीव निश्चयसम्यग्दर्शनवाला याने मिथ्यात्वादि सात प्रकृतियों का प्रथमोपशमवाला अथवा मिथ्यात्वादि सात प्रकृतियों का क्षयोपशमवाला है, क्योंकि व्यवहारसम्यग्दर्शन है।' इस अनुमान में 'व्यवहारसम्यग्दर्शन है' यह हेतु है।

जहाँ ' निश्चयसम्यग्दर्शन याने मिथ्यात्वादि सात प्रकृतियों का प्रथमोपशम अथवा क्षयोपशम है ' ऐसा सिद्ध करना है, ऐसा पक्ष है। इस पक्ष में ' व्यवहारसम्यग्दर्शन ' यह हेतु विद्यमान है।	जहाँ ' मिथ्यादर्शन है याने मिथ्यात्वादि सात प्रकृतियों का उपशम नहीं अथवा क्षयोपशम नहीं अथवा क्षय नहीं ' ऐसा यह विपक्ष है। इस विपक्ष में भी ' व्यवहारसम्यग्दर्शन ' यह हेतु विद्यमान है।

इसलिये ' व्यवहारसम्यग्दर्शन ' यह हेतु निश्चितविपक्षवृत्तिक-अनैकांतिक हेत्वाभास है।

'यह जीव आगे निश्चयसम्यग्दर्शनवाला होगा, क्योंकि अभी व्यवहारसम्यग्दर्शनवाला है। इस अनुमान में 'अभी व्यवहारसम्यग्दर्शन है' यह हेतु है।

जहाँ ' निश्चयसम्यग्दर्शन होगा ' ऐसा सिद्ध करना है, ऐसा यह पक्ष है। इस पक्ष में ' व्यवहारसम्यग्दर्शन ' यह हेतु विद्यमान है।	जहाँ ' मिथ्यादर्शन है और आगे भी मिथ्यादर्शन ही रहेगा ' ऐसा अभव्य जीव विपक्ष है। इस विपक्ष में भी ' व्यवहारसम्यग्दर्शन ' यह हेतु विद्यमान है।

इसलिये ' व्यवहारसम्यग्दर्शन ' यह हेतु निश्चितविपक्षवृत्तिक-अनैकांतिक हेत्वाभास है।

'यह जीव भावलिंगी मुनि है, क्योंकि द्रव्यलिंगी है।' इस अनुमान में ' द्रव्यलिंगी ' यह हेतु है ।

जहाँ 'भावलिंगी है' ऐसा सिद्ध करना है, ऐसा यह पक्ष है । इस पक्ष में 'द्रव्यलिंगी' यह हेतु विद्यमान है ।	श्री कुंदकुंदाचार्य आदि भावलिंगी मुनि थे । यह सपक्ष है । इस में 'द्रव्यलिंगी' यह हेतु विद्यमान है ।	भावलिंगरहितवाला मुनि है । यह विपक्ष है । इस विपक्ष में भी 'द्रव्यलिंगी' यह हेतु विद्यमान है ।

इसलिये ' द्रव्यलिंगी ' यह हेतु निश्चितविपक्षवृत्तिक-अनैकांतिक हेत्वाभास है ।

संस्कृत पृष्ठ नं. १०४-१०५, संस्कृत परिच्छेद नं. ६५ →

(4) अकिंचित्कर हेत्वाभास – अप्रयोजकवाला हेतु अकिंचित्कर है । उसके दो भेद हैं– (A) सिद्धसाधन और (B) बाधितविषय ।

(A) सिद्धसाधन – जैसे ' शब्द श्रावण (श्रोत्रेंद्रिय का विषय) होना चाहिए क्योंकि शब्दपना है।' यहाँ श्रावणत्व साध्य का शब्दनिष्ठपना से सिद्धत्व होने से ' शब्दपना ' यह हेतु अकिंचित्कर है ।

(B) बाधितविषय के अनेक प्रकार है । (i) प्रत्यक्षबाधितविषय – जैसे ' अग्नि अनुष्ण (ठंडी) है, क्योंकि वह द्रव्य है।' यहाँ ' द्रव्यत्व ' यह हेतु है । उसके विषयपना से अभिमत अनुष्णत्व उष्णत्वग्राहक स्पार्शन प्रत्यक्ष ज्ञान से बाधित है । इसलिये ' द्रव्यत्व ' हेतु कुछ भी करने के लिये शक्य न होने से अकिंचित्कर है ।

(ii) अनुमानबाधितविषय – जैसे ' शब्द अपरिणामी है, क्योंकि कृतकत्व है।' यहाँ शब्द परिणामी है, क्योंकि प्रमेयपना है, इस अनुमान के द्वारा साध्य का विषय बाधित हो जाता है। इसलिये यहाँ अनुमानबाधितविषयत्व है ।

(iii) आगमबाधितविषय – जैसे ' धर्म परलोक में दुःख देनेवाला है, क्योंकि वह (धर्म) पुरुष के आश्रय से होता है, जैसे अधर्म पुरुष के आश्रय से होता है ।' यहाँ ' धर्म सुख देनेवाला है' ऐसा आगम है । उससे हेतु में बाधा आती है, इसलिए यह हेतु आगमबाधितविषयत्व है ।

(iv) स्ववचनबाधितविषय – जैसे 'मेरी माता वंध्या है, क्योंकि पुरुषसंयोग में भी अगर्भपना है,' जैसे प्रसिद्ध वंध्या है ।

इस प्रकार अन्य भी अकिंचित्कर-विशेष (भेद) स्वयं विचार करने योग्य है । इस प्रकार हेतुप्रसंग से हेत्वाभास अवभासित (निरूपित) हो गये ।

विशेषार्थ – (4) **अकिंचित्कर हेत्वाभास** →जो हेतु साध्य की सिद्धि करने के लिये समर्थ नहीं है, उस हेतु को **अकिंचित्कर हेत्वाभास** कहते हैं । उसके दो भेद है – (A) **सिद्धसाधन और** (B) **बाधितविषय** ।

(A) **सिद्धसाधन**→जो साध्य अथवा विषय वादी और प्रतिवादी को मान्य है (मालूम/स्वीकार है), उसको सिद्ध कर दिखाना; उसको सिद्धसाधन कहते हैं । जैसे – 'शब्द श्रोत्रेंद्रिय का विषय है, क्योंकि शब्दपना/ध्वनिपना है।' यहाँ 'श्रोत्रेंद्रिय का विषय' इस साध्य का ध्वनिनिष्ठपना से वादी और प्रतिवादी को मान्य है । इसलिये 'शब्दपना' यह अकिंचित्कर है (याने कुछ कार्यकारी नहीं) ।

जिस प्रतिवादी (बौद्ध या पर्यायवादी अथवा व्यवहाराभासी) को 'वस्तु क्षणिक अथवा परिणमनशील है' यह ज्ञात है, उसको ऐसा अनुमान बताना कि, 'यह घट (वस्तु) परिणमनशील (उत्पादव्ययवाला) है, क्योंकि कृतक है।' तब प्रतिवादी के लिये वह अनुमान का कथन निरर्थक याने सिद्धसाधन हो जाता है ।

जिस प्रतिवादी (सांख्य या निश्चयाभासी) को 'वस्तु नित्य है' यह ज्ञात है, उसको ऐसा अनुमान बताना कि, 'यह जीव नित्य है क्योंकि अकृतक है।' तब प्रतिवादी के लिये वह अनुमान का कथन सिद्धसाधन है (कुछ कार्यकारी नहीं) ।

जिस प्रतिवादी को 'वस्तु अनेकांतात्मक है' यह ज्ञात है, उसको ऐसा अनुमान बताना कि, 'यह वस्तु अनेकांतात्मक है, क्योंकि नित्य और क्षणिक ये परस्पर विरोधी दो धर्म एक समय में इस वस्तु में है।' तब प्रतिवादी के लिये वह अनुमान का कथन सिद्धसाधन याने अकिंचित्कर है ।

'अप्रत्याख्यानावरणादि कषायों के उदय में जीव सराग ही है और चतुर्थ गुणस्थान में वीतरागता नहीं और शुद्धात्मानुभव नहीं है' ऐसा जो जीव मानता है । उस प्रतिवादी को ऐसा अनुमान बताना कि,'चतुर्थ गुणस्थानवर्ती जीव सराग है, क्योंकि अप्रत्याख्यानावरणादि कषाय है।' तब प्रतिवादी के लिये वह अनुमान का कथन सिद्धसाधन है ।

[उस प्रतिवादी को ऐसा अनुमान बताना चाहिए कि, 'मूलवस्तुस्वरूप जानकर निजध्रुवशुद्धज्ञानानंदात्मा को प्रामाण्यसहित प्रत्यक्ष ज्ञान से जानने से चतुर्थ गुणस्थान प्रगट होता है तब वीतराग है, क्योंकि उस अव्रती जीव को अनंतानुबंधी-क्रोधमानमायालोभमिथ्यात्वोदयजनित पाषाणरेखादि समान रागादि का अभाव है।' तब उस प्रतिवादी का समाधान होता है।]

'मैं अल्पज्ञ हूँ, क्योंकि सर्वज्ञपर्याय प्रकट नहीं है ।' यह सिद्धसाधन है ।

(B) **बाधितविषय हेत्वाभास** →जो साध्य सिद्ध करना है, उस साध्य को विषय कहते हैं । वह साध्य ही जब बाधित है, तब उस साध्य को बाधितविषय अकिंचित्कर हेत्वाभास कहते हैं । बाधितविषय के अनेक प्रकार हैं ।

(i) **प्रत्यक्षबाधितविषय** → जैसे 'अग्नि अनुष्ण (शीत/ठण्डी) है, क्योंकि वह द्रव्य है।' यहाँ 'द्रव्य' यह हेतु है। उस द्रव्य हेतु के द्वारा अग्नि 'अनुष्ण है' यह सिद्ध करना है । इसलिये अग्नि 'अनुष्ण/शीत है' यह साध्य है । याने 'अग्नि अनुष्ण/शीत है' यह विषय है । अग्नि को स्पर्शनेंद्रिय-प्रत्यक्ष ज्ञान से जानते ही 'अग्नि उष्ण है, शीत नहीं' ऐसा प्रत्यक्ष ज्ञान होता है । इसलिये 'अग्नि अनुष्ण है' यह साध्य/विषय प्रत्यक्ष ज्ञान से बाधित है । इसलिये 'द्रव्य' यह हेतु 'अग्नि अनुष्ण है' यह सिद्ध करने के लिये असमर्थ याने अकिंचित्कर है ।

'मुझ में जानने की क्रिया नहीं होती, क्योंकि द्रव्य है।' यहाँ 'जानने की क्रिया नहीं होती', यह साध्य/विषय

प्रत्यक्ष ज्ञान से बाधित है । इसलिये यहाँ बाधितविषय हेत्वाभास है ।

'इस पंचमकाल में जन्म लेनेवाले जीव को सम्यग्दर्शन पर्याय उत्पन्न होते समय ४५ मिनिट अथवा बहुत देर तक निर्विकल्प-शुद्धात्मानुभव होता है, क्योंकि जीव है।' यह प्रत्यक्षबाधितविषय हेत्वाभास है, क्योंकि इस अनुमान में '४५ मिनिट अथवा बहुत देर तक निर्विकल्प-शुद्धात्मानुभव होता है' यह साध्य/विषय प्रत्यक्ष ज्ञान से बाधित है, क्योंकि निर्विकल्प-शुद्धात्मानुभव का काल छोटा अंतर्मुहूर्त है ।

(ii) **अनुमानबाधितविषय** → जैसे 'शब्द अपरिणामी है, क्योंकि कृतकत्व है।' इस अनुमान में 'कृतकत्व' यह हेतु है । 'कृतकत्व' इस हेतु के द्वारा 'शब्द परिणामी है' ऐसी अनुमान से प्रतीति होती है । 'अपरिणामी है' इस साध्य/विषय को 'शब्द परिणामी है, क्योंकि प्रमेयपना है' इस अनुमान से बाधा आती है । इसलिये अनुमानबाधितविषय हेत्वाभास है ।

'इस पंचमकाल में जन्म लेनेवाले जीव में अभी शब्दनय से शुद्धपारिणामिकभाव नहीं है, क्योंकि द्रव्य है ।' यह अनुमानबाधितविषय हेत्वाभास है, क्योंकि इस अनुमान में 'अभी शब्दनय से शुद्धपारिणामिकभाव नहीं' यह साध्य अनुमान से बाधित है ।

(iii) **आगमबाधितविषय** → जैसे 'पुण्य परलोक में (अन्य अवस्था में) दुःख अथवा नरक देनेवाला है, क्योंकि वह पुण्य जीव के द्वारा होता है, जैसे पाप जीव के द्वारा होता है ।' यहाँ 'पुण्य के द्वारा इंद्रियजनित-सुख अथवा स्वर्ग प्राप्त होता है' ऐसा आगम का कथन है; इस आगम से साध्य को ('पुण्य से नरक प्राप्त होता है' इसको) बाधा आती है । इसलिये आगमबाधितविषय हेत्वाभास है ।

'पाप से स्वर्ग अथवा सुख प्राप्त होता है, क्योंकि पाप जीव के द्वारा होता है।' लेकिन 'पाप से नरक जाता है' ऐसा आगम का कथन है । इस आगम से साध्य ('पाप से स्वर्ग प्राप्त होता है') बाधित होता है । इसलिये आगमबाधितविषय हेत्वाभास है।

'शुद्धोपयोग से आस्रवबंध होता है, क्योंकि अल्पज्ञ/छद्मस्थ जीव है।' इस अनुमान में 'शुद्धोपयोग से आस्रवबंध होता है', यह साध्य है । यह साध्य आगम से बाधित है, क्योंकि 'शुद्धोपयोग से संवरपूर्वक-निर्जरा होती है' ऐसा आगम का कथन है । इसलिये हेतु अकिंचित्कर हेत्वाभास है, क्योंकि आगमबाधितविषय हेत्वाभास है ।

'भरत क्षेत्र में इस पंचमकाल में जन्म लेनेवाला अव्रती गृहस्थ जीव निजध्रुवशुद्धज्ञानदर्शनानंदात्मा को प्रामाण्यसहित प्रत्यक्ष ज्ञान के द्वारा नहीं जानता, क्योंकि अनंतानुबंधी-क्रोधमानमायालोभमिथ्यात्वोदयजनित पाषाणरेखादि समान रागादि का अभाव है।' इस अनुमान में 'अव्रती गृहस्थ जीव निजध्रुवशुद्धज्ञानदर्शनानंदात्मा को प्रामाण्यसहित प्रत्यक्ष ज्ञान के द्वारा नहीं जानता' यह साध्य है । यह साध्य (विषय) आगम से बाधित है, क्योंकि **श्री कुंदकुंदाचार्यरचित मोक्षपाहुड-गाथा ७६ में लिखा है कि →**

''भरहे दुस्समकाले धम्मज्झाणं हवेइ णाणिस्स ।
तं अप्पसहावठिए ण हु मण्णइ सो दु अण्णाणी।।७६।।''

अर्थ – भरत क्षेत्र में दुःषम नामक पंचम काल में ज्ञानी जीव को आत्मस्वभाव यानी निजध्रुवशुद्धज्ञानदर्शनानंदात्मा का धर्म्यध्यान होता है । ऐसा जो मानता नहीं वह अज्ञानी/मिथ्याज्ञानी है ।

इसलिये 'भरत क्षेत्र में इस पंचमकाल में अव्रती गृहस्थ जीव निजध्रुवशुद्धज्ञानदर्शनानंदात्मा को प्रामाण्यसहित प्रत्यक्ष ज्ञान से नहीं जानता, क्योंकि अनंतानुबंधी-क्रोधमानमायालोभमिथ्यात्वोदयजनित पाषाणरेखादि समान रागादि का अभाव है' इसमें आगमबाधितविषय होने से हेतु अकिंचित्कर हेत्वाभास है ।

'पंचम गुणस्थानवर्ती जीव निजध्रुवशुद्धज्ञानदर्शनानंदात्मा को प्रामाण्यसहित प्रत्यक्ष ज्ञान से नहीं जानता, क्योंकि अप्रत्याख्यानावरण तथा अनंतानुबंधी-क्रोधमानमायालोभमिथ्यात्वोदयजनित भूमि तथा पाषाणरेखा समान रागादि का अभाव है।' इस अनुमान का साध्य भी श्री कुंदकुंदाचार्यरचित **मोक्षपाहुड-गाथा नं. ७६** से अर्थात् आगम

से बाधित है । इसलिये आगमबाधितविषय होने से हेतु अकिंचित्कर हेत्वाभास है ।

'अव्रती गृहस्थ और देशव्रती के द्वारा पिंडस्थ ध्यान नहीं होता, क्योंकि महाव्रती नहीं है।' इस अनुमान में साध्य आगम से बाधित है । देखिए **तत्त्वसार-गाथा नं. २** की संस्कृत टीका [श्री **देवसेनाचार्यरचित तत्त्वसार** और श्री सकलकीर्तिकृत संस्कृत टीका, श्री सत्श्रुतसेवासाधना केंद्र, अहमदाबाद प्रकाशन, पृष्ठ १६]

"...आज्ञाविचयापायविचयविपाकविचयसंस्थानविचयलक्षणधर्म्यध्यानकृताभ्यासः । एवंविध-परिणामपरिणतः अविरतसम्यग्दृष्टिगुणस्थानवर्ती भवति ।"

अर्थ – आज्ञाविचय, अपायविचय, विपाकविचय और संस्थानविचय लक्षण धर्म्यध्यान का अभ्यास करता है, इस प्रकार के परिणाम से परिणत अविरत सम्यग्दृष्टि गुणस्थानवर्ती होता है ।

शंका – अन्यत्र 'मुनि को संस्थानविचय धर्म्यध्यान होता है' ऐसा लिखा है, तो फिर वह कैसे ?

समाधान – मुनि को विस्ताररूप संस्थानविचय धर्म्यध्यान होता है और अव्रती गृहस्थ को जघन्यरूप संस्थानविचय धर्म्यध्यान होता है ।

(iv) **स्ववचनबाधितविषय** → जैसे 'मैं इस ही माता से पैदा हो गया हूँ लेकिन यह मेरी माता वंध्या है, क्योंकि पुरुषसंयोग होने पर भी गर्भ (बालक) नहीं है, जैसे प्रसिद्ध वंध्या है।' इस अनुमान में वक्ता स्वयं 'इस माता का पुत्र है' ऐसा कह रहा है तब उसकी माता से वह स्वयं पैदा हो गया है । इसलिए वह माता वंध्या (पुत्ररहित) नहीं है । यह स्वयं के वचन से सिद्ध है । उससे 'मेरी माता वंध्या है' इस साध्य को बाधा आती है । इसलिये स्ववचनबाधितविषय है । इसलिये हेतु अकिंचित्कर हेत्वाभास है ।

'मैं मेरे ध्रुवशुद्धज्ञानदर्शनानंदात्मा (निजशुद्धपारिणामिकभाव/निजशुद्धस्वभाव आत्मा) को जानकर ध्रुवशुद्धज्ञानदर्शनानंदात्मा को प्रामाण्यसहित प्रत्यक्ष जानते समय भी मेरी समझ में नहीं आएगा, क्योंकि मैं अव्रती गृहस्थ हूँ।' इस अनुमान में जो साध्य/विषय है, यह स्ववचनबाधितविषय है । इसलिये हेतु अकिंचित्कर हेत्वाभास है ।

[उदाहरण]

संस्कृत पृष्ठ नं. १०५-१०६, संस्कृत परिच्छेद नं. ६६-६७ →

यद्यपि व्युत्पन्न (ज्ञानी) के लिये प्रतिज्ञा और हेतु ये अनुमान के दो ही अवयव पर्याप्त है तथापि बालबोधार्थ उदाहरणादिक का भी आचार्यों द्वारा स्वीकार किया गया है ।

उदाहरण → **यथार्थ दृष्टांत के कथन को उदाहरण कहते हैं ।**

शंका – दृष्टांत यानी क्या ?

समाधान – व्याप्तिसम्प्रतिपत्तिप्रदेश को दृष्टांत कहते हैं । 'अग्नि आदि साध्य रहने पर ही धूमादि साधन का सद्भाव रहना (धूम के रहने पर नियम से अग्नि का सद्भाव दिखता है)। लेकिन साध्य के अभाव में साधन का भी अभाव रहना' ऐसी साध्यसाधननियतसाहचर्य लक्षणवाली व्याप्ति होती है । इसतरह साध्य के बिना साधन का अभाव रहने से इसी व्याप्ति को अविनाभाव ऐसा कहते हैं । उसकी सम्प्रतिपत्ति होना अर्थात् उस व्याप्ति के बारे में वादी और प्रतिवादियों का बुद्धिसाम्य होना, यह सम्प्रतिपत्ति (बुद्धिसाम्य) जहाँ संभवती है, वह प्रदेश सम्प्रतिपत्तिप्रदेश है । जैसे महानस (रसोईघर) और तालाब (ह्रद) । क्योंकि 'वहाँ ही धूम आदि रहने पर नियम से अग्नि आदि है, अग्नि आदि के अभाव में नियम से धूमादि नहीं है' ऐसी सम्प्रतिपत्ति संभव है । वहाँ महानसादि अन्वयदृष्टांत है । यहाँ साध्य और साधन इनकी सद्भावरूप अन्वयरूप सम्प्रतिपत्ति विद्यमान है । लेकिन तालाब आदि व्यतिरेकदृष्टांत है । यहाँ साध्य और साधन इनकी अभावरूप सम्प्रतिपत्ति विद्यमान है । ये दिखनेवाले धर्म (अंश) याने दृष्टांत हैं । (१) साध्य और (२) साधन रूप ये दो धर्म (अंश) जहाँ है, वह दृष्टांत है । ऐसी भावार्थ की अनुवृत्ति है ।

उक्त लक्षण के दृष्टांत का जो सम्यक्वचन है, वह उदाहरण है । केवल वचन को (वचनमात्र को) दृष्टांत ऐसा नहीं कहते हैं । किन्तु दृष्टांतपना से वचन है । जैसे-जो-जो धूमवान है, वह-वह अग्निमान है, जैसे-महानस। और जहाँ अग्नि नहीं वहाँ धूम भी नहीं, जैसे तालाब । इसप्रकार के ही वचन से दृष्टांत का दृष्टांतपना से प्रतिपादन संभवता है ।

विशेषार्थ–यद्यपि व्युत्पन्न/ज्ञानी को समझाते समय (१) प्रतिज्ञा और (२) हेतु ये अनुमान के दो ही अवयव पर्याप्त है तथापि अव्युत्पन्न के लिये (बालबोधार्थ) उदाहरण आदि का भी उपयोग किया जाता है ।

उदाहरण–यथार्थ दृष्टांत के कथन को **उदाहरण** कहते हैं ।

शंका–दृष्टांत किसे कहते हैं?

समाधान–व्याप्तिसम्प्रतिपत्तिप्रदेश को दृष्टांत कहते हैं । यानी जहाँ साध्य और साधन की व्याप्ति दिखाई देती है, उसको दृष्टांत कहते हैं । अग्नि साध्य के रहने पर धूम साधन/हेतु का सद्भाव/विद्यमान रहना (धूम के रहने पर नियम से अग्नि का सद्भाव दिखता है) लेकिन अग्नि साध्य के अभाव में धूम साधन का भी अभाव रहता है ।

जीव साध्य के रहने पर 'मैं/अहं/स्वसंवेदन' साधन का सद्भाव रहता है । लेकिन जीव साध्य के अभाव में 'मैं/अहं/स्वसंवेदन' साधन का अभाव रहता है ।


जीव साध्य के रहने पर ज्ञान साधन का सद्भाव रहता है, लेकिन जीव साध्य के अभाव में ज्ञान साधन का अभाव रहता है ।

ऐसी साध्यसाधननियतसाहचर्यलक्षणवाली व्याप्ति होती है । इसतरह साध्य के बिना साधन का अभाव रहने से इसीको 'अविनाभाव' कहते हैं। उस अविनाभाव/व्याप्ति की वादी और प्रतिवादी को समान सम्प्रतिपत्ति या जानकारी होती है । अर्थात् उस व्याप्ति के बारे में वादी और प्रतिवादी का बुद्धिसाम्य होता है । वह ऐसी यह जहाँ संभवती है, वह प्रदेश सम्प्रतिपत्तिप्रदेश है । जैसे 'रसोईगृह में अग्नि है और धूम है' ऐसा वादी जानता है । और 'रसोईगृह में अग्नि है और धूम है' ऐसा प्रतिवादी भी जानता है । वह वादी और प्रतिवादी का बुद्धिसाम्य है। यह 'अग्निधूमनियतसाहचर्यलक्षणवाली व्याप्ति रसोईगृह के प्रदेश में है' यह वादी और प्रतिवादी को ज्ञात/परिचित है । यह व्याप्तिसम्प्रतिपत्तिप्रदेश है । व्याप्तिसम्प्रतिपत्तिप्रदेश को दृष्टांत कहते हैं। 'रसोईगृह में धूम रहने पर नियम से अग्नि है' ऐसी सम्प्रतिपत्ति वादी और प्रतिवादी को होती है। वहाँ रसोईगृह अन्वयदृष्टांत है। यहाँ साध्य और साधन इनके सद्भावरूप, अन्वयरूप सम्प्रतिपत्ति विद्यमान है ।

जहाँ साध्यव्याप्त साधन दिखाते हैं, वह अन्वयदृष्टांत है ।

जैसे–





" तालाब में अग्नि नहीं तथा धूम भी नहीं। 'अग्नि के अभाव में नियम से धूम नहीं है'।" ऐसा व्यतिरेक संबंध वादी और प्रतिवादी को ज्ञात/परिचित है। यह व्याप्तिसम्प्रतिपत्तिप्रदेश है। यहाँ व्यतिरेक व्याप्तिसम्प्रतिपत्तिप्रदेश है। इस व्यतिरेक व्याप्तिसम्प्रतिपत्तिप्रदेश को व्यतिरेकदृष्टांत कहते हैं। 'साध्य के अभाव रहने पर साधन का भी अभाव रहता है' इस को व्यतिरेक कहते हैं। यहाँ साध्य और साधन इन दोनों के अभावरूप (व्यतिरेक) सम्प्रतिपत्ति विद्यमान है। यहाँ 'तालाब' यह व्यतिरेक दृष्टांत है। यहाँ (१) साध्य का अभाव और (२) साधन का अभाव ये दो धर्म (अंश) दिखाई देते हैं, इसलिये दृष्टांत है।

जहाँ साध्य के अभाव में साधन का अभाव दिखाते हैं, वह व्यतिरेकदृष्टांत है ।

कोई दृष्टांत सम्पूर्ण दृष्टांत (सर्वदेश दृष्टांत) होता है और कोई एकदेश दृष्टांत होता है।

ऊपर कहें हुए लक्षण के दृष्टांत का जो सम्यक्वचन है, वह उदाहरण है । केवल (खालिस) वचन का नाम उदाहरण नहीं है, लेकिन दृष्टांतरूप से जो वचनप्रयोग है, वह उदाहरण है। जैसे–'जो-जो धूमवान होता है वह-वह अग्निमान होता है, जैसे-रसोईगृह।'

'जहाँ अग्नि नहीं है वहाँ धूम भी नहीं है, जैसे-तालाब।'

जो कृतक है वह अनित्य है, जैसे-घट। जो कृतक है वह अनित्य है, जैसे-वस्त्र।

भो प्रभो! श्रेणिक राजा ने यशोधर मुनि को उपसर्ग करते समय मिथ्यात्वसहित क्रोधपरिणाम से सप्तम नरक की उत्कृष्ट आयु और नरकगति का बंध किया था। उसीतरह इस पंचम काल में अभी सप्तम नरक का आयुबंध नहीं होता है। अर्थात् उसप्रकार का पापबन्ध अभी नहीं होता है। उत्कृष्ट पापबंध करनेवाले अव्रती श्रेणिक

ने मूलभूत वस्तुस्वरूप को जानकर 'निजध्रुवशुद्धज्ञानानंदात्मा का प्रामाण्यसहित प्रत्यक्ष ज्ञान किया' उसी समय श्रेणिक को प्रथमोपशम सम्यग्दर्शन हो गया। उसीतरह अभी यहाँ अव्रती गृहस्थ ने मूलभूत वस्तुस्वरूप को जानकर निजध्रुवशुद्धज्ञानानंदात्मा का प्रामाण्यसहित प्रत्यक्ष ज्ञान किया तो सम्यग्दर्शन प्राप्त होता है।

जो शुद्धात्मानुभव करता है वह सम्यग्दृष्टि होता है, जैसे-श्रेणिक।

जो भावलिंगी होता है वह द्रव्यलिंगी होता है, जैसे श्री कुंदकुंदाचार्य।

[उदाहरणाभास]

संस्कृत पृष्ठ नं. १०६, संस्कृत परिच्छेद नं. ६८ →

उदाहरणाभास– जो उदाहरण के लक्षण से रहित है, लेकिन उदाहरण के समान प्रतीत होता है, उसको उदाहरणाभास कहते हैं। उदाहरणलक्षणरहितपना दो प्रकार का है। (१) दृष्टांत का असम्यक्वचन और (२) जो अदृष्टांत है, उसका सम्यक् वचन होना ।

(१) दृष्टांत का असम्यक्वचन→

जैसे-जो-जो अग्निमान होता है, वह-वह धूमवान होता है, जैसे-रसोईगृह और जहाँ-जहाँ धूम नहीं है वहाँ-वहाँ अग्नि नहीं है, जैसे-तालाब। इसतरह व्याप्य और व्यापक का विपरीत कथन करना दृष्टांत का असम्यक्वचन है ।

विशेषार्थ– उदाहरणाभास याने झूठे उदाहरण। जिस उदाहरण में उदाहरण का लक्षण नहीं है, वह झूठा उदाहरण अर्थात् उदाहरणाभास है। उदाहरणाभास के दो प्रकार हैं- (१) दृष्टांत का असम्यक्वचन (दृष्टांत का सम्यक्वचन न होना) और (२) जो दृष्टांत नहीं है, उसका सम्यक्वचन होना।

(१) दृष्टांत का असम्यक्वचन–

जहाँ-जहाँ अग्नि है वहाँ-वहाँ धूम है, जैसे-रसोईगृह। और जहाँ-जहाँ धूम नहीं वहाँ-वहाँ अग्नि नहीं, जैसे-तालाब। इसतरह व्याप्य और व्यापक का उल्टा (विपरीत) कथन करना दृष्टांत का सम्यक्वचन नहीं है।

जो-जो द्रव्यलिंगी है वह-वह भावलिंगी है, जैसे-श्री कुंदकुंदाचार्य। इसतरह व्याप्य और व्यापक का उल्टा (विपरीत) कथन करना दृष्टांत का सम्यक्वचन नहीं है।

जो-जो द्रव्यलिंगी है वह-वह सम्यग्दृष्टि है, जैसे-श्री कुंदकुंदाचार्य। इसतरह व्याप्य और व्यापक का विपरीत कथन करना दृष्टांत का सम्यक्वचन नहीं है।

जो-जो व्यवहारव्रत धारण करता है वह-वह सम्यग्दृष्टि है, जैसे-श्री भद्रबाहु। इसतरह व्याप्य और व्यापक का विपरीत कथन करना दृष्टांत का सम्यक्वचन नहीं है।

जो-जो देवदर्शन करता है वह-वह सम्यग्दृष्टि है, जैसे-श्री कुंदकुदाचार्य। इसतरह व्याप्य और व्यापक का विपरीत कथन करना दृष्टांत का सम्यक्वचन नहीं है।

जो-जो शास्त्र-स्वाध्याय करता है वह-वह सम्यग्दृष्टि है, जैसे-श्री कुंदकुंदाचार्य। इसतरह व्याप्य और व्यापक का विपरीत कथन करना दृष्टांत का असम्यक्वचन है।

जो-जो दान देता है वह-वह सम्यग्दृष्टि है, जैसे-रामचंद्र। इसतरह व्याप्य और व्यापक का विपरीत कथन करना दृष्टांत का सम्यक्वचन नहीं है।

जो-जो वैयावृत्त्य/सेवा करता है वह-वह सम्यग्दृष्टि है, जैसे-रामचंद्र। इसतरह व्याप्य और व्यापक का विपरीत कथन करना दृष्टांत का सम्यक्वचन नहीं है।

जो-जो उपवास करता है वह-वह सम्यग्दृष्टि है, जैसे-बाहुबली। इसतरह व्याप्य और व्यापक का विपरीत कथन करना दृष्टांत का सम्यक्वचन नहीं है।

जो-जो कार्योत्सर्ग करता है वह-वह शुद्धात्मानुभव करता है, जैसे-आदिनाथ। इसतरह व्याप्य और व्यापक का विपरीत कथन करना दृष्टांत का सम्यक्वचन नहीं है।

संस्कृत पृष्ठ नंबर १०६-१०७, संस्कृत परिच्छेद नं. ६९→

शंका–यह व्याप्य और व्यापक क्या है?

समाधान–साहचर्य नियमरूप व्याप्ति क्रिया का जो कर्म है, उसको व्याप्य कहते हैं। क्योंकि 'वि' पूर्वक 'आप्' धातु (क्रियापद) से 'कर्म' अर्थ में 'ण्यत्' प्रत्यय करने पर 'व्याप्य' शब्द निष्पन्न होता है और वह धूमादि व्याप्य है।

इस ही व्याप्ति क्रिया का जो कर्ता है, उसको व्यापक कहते हैं। क्योंकि 'वि' पूर्वक 'आप्' धातु (क्रियापद) से कर्ता अर्थ में 'ण्वुल्' प्रत्यय करने पर 'व्यापक' शब्द निष्पन्न होता है। ऐसा रहने पर अग्नि धूम को व्यापता है। जहाँ धूम है, वहाँ नियम से अग्नि विद्यमान रहता है। इसतरह सभी धूमवान स्थानों में नियम से अग्नि दिखाई देता है। लेकिन धूम उसीतरह अग्नि को नहीं व्यापता है; क्योंकि धूम के बिना भी अंगार अवस्था को प्राप्त अग्नि रहता है। क्योंकि 'जहाँ अग्नि है वहाँ नियम से धूम रहेगा ही' ऐसा संभव नहीं है।

विशेषार्थ–शंका–यहाँ 'व्याप्य और व्यापक का जो विपरीत कथन करना दृष्टांत का सम्यक्वचन नहीं है' ऐसा कहा है। उसमें व्याप्य और व्यापक याने क्या हैं?

समाधान–व्याप्य-साहचर्य नियमरूप व्याप्ति क्रिया का जो कर्म है, उसको व्याप्य कहते हैं। 'वि' पूर्वक 'आप्' धातु (क्रियापद) से 'कर्म' अर्थ में 'ण्यत्' प्रत्यय करने पर 'व्याप्य' शब्द निष्पन्न होता है।

उपसर्ग + धातु + कर्म अर्थ में प्रत्यय

वि + आप् + ण्यत्

∴ वि + आप् + य

∴ व्यु + आप् + य = व्याप्य

'जहाँ-जहाँ धूम है वहाँ-वहाँ अग्नि है' इस व्याप्ति अथवा अविनाभाव संबंध में धूम व्याप्य है, क्योंकि धूम अग्नि के द्वारा व्याप्त किया जाता है।

व्यापक-व्याप्ति क्रिया का जो कर्ता है, उसको व्यापक कहते हैं। 'वि' पूर्वक 'आप्' धातु (क्रियापद) से 'कर्ता' अर्थ में 'ण्वुल्' प्रत्यय करने पर 'व्यापक' शब्द निष्पन्न होता है।

उपसर्ग + धातु + कर्ता अर्थ में प्रत्यय

वि + आप् + ण्वुल् = वि + आप् + अक = व्यु + आप् + अक = व्यापक

'जहाँ-जहाँ धूम है वहाँ-वहाँ अग्नि है' इस व्याप्ति अथवा अविनाभाव संबंध में अग्नि व्यापक है, क्योंकि अग्नि धूम को व्यापती है। जहाँ धूम है वहाँ नियम से अग्नि विद्यमान रहती है। इसतरह सभी धूमवान स्थानों में नियम से अग्नि दिखाई देती है। लेकिन धूम उसीतरह अग्नि को नहीं व्यापता है, क्योंकि धूम के विना भी अंगार अवस्था को प्राप्त अग्नि अकेली रहती है। क्योंकि जहाँ 'अग्नि विद्यमान है वहाँ नियम से धूम रहेगा अथवा नहीं रहेगा।' संदृष्टि देखिए–

यहाँ धूम है	}	आर्द्र ईंधनवाला अग्नि है	} अग्नि का सद्भाव है।
यहाँ धूम नहीं	}	अंगार अवस्था में और इलेक्ट्रिक शिगड़ी और इलेक्ट्रिक प्रदीप में अग्नि है	

सभी जगह धूम नहीं है इसलिये धूम व्याप्य है। } सभी जगह अग्नि का सद्भाव है, इसलिये अग्नि व्यापक है।

'जो-जो भावलिंगी है, वह-वह द्रव्यलिंगी (बाह्य नग्नादि २८ मूलगुण पालन करनेवाला) है।' यहाँ इस व्याप्ति अथवा अविनाभाव संबंध में भावलिंग व्याप्य है और द्रव्यलिंग व्यापक है, क्योंकि द्रव्यलिंग भावलिंग को व्यापता है। जहाँ भावलिंग है वहाँ नियम से द्रव्यलिंग विद्यमान रहता है। इसतरह सभी भावलिंग स्थानों में नियम से द्रव्यलिंग दिखाई देता है। लेकिन भावलिंग उसी तरह द्रव्यलिंग को व्यापता नहीं है, क्योंकि भावलिंगरहित द्रव्यलिंग अकेला रह सकता है। क्योंकि जहाँ द्रव्यलिंग विद्यमान है वहाँ भावलिंग रहेगा अथवा नहीं रहेगा। संदृष्टि देखिए-

यहाँ भावलिंग है	छठवें-सातवें आदि गुणस्थान-वर्तिओं में द्रव्यलिंग है।	द्रव्यलिंग का सद्भाव है ।
यहाँ भावलिंग नहीं	मिथ्यात्वगुणस्थानवर्तिओं में भी द्रव्यलिंग हैं ।	
सभी जगह भावलिंग नहीं है, इसलिये भावलिंग व्याप्य है ।	सभी जगह द्रव्यलिंग का सद्भाव है, इसलिए द्रव्यलिंग व्यापक हैं।	

यहाँ निजध्रुवशुद्धात्मा का प्रामाण्यसहित प्रत्यक्ष ज्ञान (शुद्धात्मानुभव) है ।	यहाँ अभी इस पंचमकाल में मिथ्यात्वादि सात प्रकृतियों का उपशमवाला निश्चयसम्यग्दर्शन अथवा मिथ्यात्वादि सात प्रकृतियों का क्षयोपशमवाला निश्चयसम्यग्दर्शनसहित व्यवहारसम्यग्दर्शनज्ञानचारित्रवाला है ।	व्यवहारसम्यग्दर्शनज्ञान-चारित्र का सद्भाव है ।
यहाँ निजध्रुवात्मा का प्रामाण्यसहित प्रत्यक्ष ज्ञान (शुद्धात्मानुभव) नहीं है ।	यहाँ मिथ्यात्वादि सात प्रकृतियों का उपशमादि नहीं है, याने मिथ्यात्वसहित व्यवहारसम्यग्दर्शनज्ञानचारित्रवाला है।	
सभी जगह 'शुद्धात्मानुभव नहीं' है इसलिये शुद्धात्मानुभव व्याप्य है ।	सभी जगह 'व्यवहारसम्यगदर्शनज्ञानचारित्र' है, इसलिये व्यवहारसम्यग्दर्शनज्ञानचारित्र व्यापक है।	

[देखिए चार्ट नंबर १, अध्यात्मन्यायदीपिका पृष्ठ नं. २९५]

यहाँ निजध्रुवशुद्धात्मा का प्रामाण्यसहित प्रत्यक्ष ज्ञान (शुद्धात्मानुभव) है।	यहाँ सम्यक्त्वी में प्रशम, संवेग, अनुकंपा और आस्तिक्य है।	प्रशम, संवेग, अनुकंपा और आस्तिक्य का सद्भाव है ।
यहाँ निजध्रुवशुद्धात्मा का प्रामाण्यसहित प्रत्यक्ष ज्ञान (शुद्धात्मानुभव) नहीं	यहाँ मिथ्यात्वी में प्रशम, संवेग, अनुकंपा और आस्तिक्य है।	

सभी जगह ' निजध्रुवशुद्धात्मा का प्रामाण्यसहित प्रत्यक्ष ज्ञान ' नहीं हैं, इसलिये निजध्रुवशुद्धात्मा का प्रामाण्यसहित प्रत्यक्ष ज्ञान (शुद्धात्मानुभव) व्याप्य है।	सभी जगह ' प्रशम, संवेग, अनुकंपा और आस्तिक्य ' है, इसलिये प्रशम, संवेग, अनुकंपा और आस्तिक्य व्यापक है।

[देखिए अध्यात्मन्यायदीपिका-पृष्ठ नंबर २९६ ते २९९ तक]

शंका – इसका जीवन में क्या उपयोग है ?

समाधान – सच्चे दृष्टांत योग्य है। लेकिन झूठे दृष्टांत (दृष्टांताभास) अयोग्य है। योग्य व्यवस्था समझने से सम्यक्-आनंद प्राप्त करने के लिये सुलभता होती है।

भो प्रभो ! भो आत्मन् ! आप भी निजध्रुवशुद्धात्मा का प्रामाण्यसहित प्रत्यक्ष ज्ञान कीजिए और सम्यक्-आनंदी जीवन जिओ। भले ही आप अभी अव्रती है तो भी सम्यक् वस्तुविज्ञान जानकर निजध्रुवशुद्ध आत्मा का प्रामाण्यसहित प्रत्यक्ष ज्ञान करने में बाधा नहीं।

शंका – मैं तो क्रोधादिकषायों से, मोह से लिप्त हूँ, मलीमस (मलिन) हूँ, मुझे इसकी प्राप्ति संभव है क्या ?

समाधान – भो आत्मन् ! आप स्वयं को (अपने को) अवस्था/पर्याय की दृष्टि से जानते हैं। आप के जीव द्रव्य में जैसी पर्याय मौजूद है वैसे अन्वयरूप रहनेवाले श्रद्धा, ज्ञान, दर्शन, आनंद, चारित्र, अस्तित्व, वस्तुत्व, द्रव्यत्व, प्रमेयत्व, अगुरुलघुत्व, प्रदेशवत्त्व आदि गुण भी हरसमय आप के जीवद्रव्य में विद्यमान हैं। गुणपर्यायवाला, ध्रुवपर्यायवाला द्रव्य है। अभी आप मूलभूत वस्तुस्वरूप को जानने का प्रयत्न कीजिए। (जैसे अन्य टी.व्ही. आदि जानने का यत्न करते हैं।) और अभी आप निजध्रुवशुद्धज्ञानदर्शन आनंदमय आत्मा का प्रामाण्यसहित प्रत्यक्ष ज्ञान करते ही सम्यक् आनंद मिलता (प्राप्त होता) है। उसी समय मिथ्यादर्शन और अनंतानुबंधी क्रोधमानमायालोभ का उदय नहीं होता।

संस्कृत पृष्ठ नंबर १०७, संस्कृत परिच्छेद नंबर ७०→

शंका – धूम आर्द्र (गीले) ईंधनवाले अग्नि को व्याप्त करता ही है ?

समाधान – ' ओम् ' ऐसा हम कहते हैं। ' जहाँ-जहाँ अवच्छिन्नमूल धूम है वहाँ-वहाँ अग्नि है ' ऐसा है, यह जैसा है वैसे ही ' जहाँ-जहाँ आर्द्र ईंधनवाला अग्नि है वहाँ-वहाँ धूम है ' ऐसा भी संभव है। लेकिन अग्निमात्र का धूमविशेष के प्रति व्यापकपना ही है, क्योंकि अनुमान को उतने मात्र (तावन्मात्र) की अपेक्षा है। इससे ' जो-जो धूमवान है वह-वह अग्निमान है, जैसे-रसोईगृह ' इसप्रकार से सम्यक् दृष्टांतवचन वक्तव्य है। लेकिन इससे विपरीत वचन बोलना दृष्टांताभास ही है, ऐसा यह असम्यक्वचनरूप अन्वयदृष्टांताभास है।

लेकिन व्यतिरेकव्याप्ति में व्यापकरूप अग्नि का अभाव व्याप्य है और व्याप्यरूप धूम का अभाव व्यापक है। ऐसा रहने पर ' जहाँ-जहाँ अग्नि का अभाव है वहाँ-वहाँ धूम का अभाव है, जैसे-तालाब ' ऐसा वक्तव्य करना चाहिये। लेकिन इससे विपरीत कथन असम्यक्वचनपना होने से उदाहरणाभास ही है। लेकिन-

(२) अदृष्टांतवचन – अन्वयव्याप्ति में व्यतिरेकदृष्टांतवचन बोलना और व्यतिरेक व्याप्ति में अन्वयदृष्टांतवचन बोलना, दोनों उदाहरणाभास हैं। इसका उदाहरण स्पष्ट है।

विशेषार्थ – शंका–धूम आर्द्र ईंधनवाले अग्नि को व्याप्त करता ही है। अर्थात् धूम अग्नि का व्यापक है, तो फिर आप ऐसा कैसे कहते हैं कि ' धूम अग्नि का व्यापक नहीं है ? '

समाधान – ' आर्द्र ईंधनवाले अग्नि ' को धूम व्यापता है, इसलिये आर्द्र ईंधनवाले अग्नि के धूम को व्यापक मानना हम को इष्ट है; क्योंकि ' जहाँ-जहाँ अवच्छिन्नमूल (सहित) धूम विद्यमान हैं वहाँ-वहाँ अग्नि विद्यमान रहता है ' जैसे यह शक्य है वैसे ' जहाँ-जहाँ आर्द्र ईंधनवान अग्नि है वहाँ-वहाँ धूम है ' यह भी शक्य है।

लेकिन अग्निसामान्य (आर्द्रतासहित ईंधनवाले अग्नि का अग्नित्व और आर्द्रतारहित [शुष्क] ईंधनवाले अग्नि का अग्नित्व याने अग्निसामान्य) धूम विशेष का व्यापक ही है, अग्निसामान्य धूम का व्याप्य नहीं; क्योंकि 'पर्वत अग्निमान है, क्योंकि वह धूमवान है' इस अनुमान में अग्निसामान्य की अपेक्षा है अर्थात् आर्द्रेंधनवान अग्नि अथवा तृणीय या रसोईगृहीय अथवा पर्वतीय आदि विशेष अग्नि की अपेक्षा नहीं। इसलिये धूम अग्नि का व्यापक नहीं है, लेकिन अग्नि ही धूम का व्यापक है। इसलिये 'जो-जो धूमवान है वह-वह अग्निमान है, जैसे-रसोईगृह।' इसतरह दृष्टांत के सम्यक्वचन का कथन करना चाहिये। लेकिन इससे विपरीत कथन करना ही दृष्टांताभास ही है। इसतरह यह असम्यक्वचनरूप अन्वयदृष्टांताभास (अन्वय-उदाहरणाभास) है।

लेकिन व्यतिरेकव्याप्ति में तो 'व्यापक का अभाव' व्याप्य होता है और 'व्याप्य का अभाव' व्यापक होता है। अर्थात् व्यतिरेकव्याप्ति में व्यापकरूप अग्नि के अभाव को व्याप्य कहते हैं और व्याप्यरूप धूम के अभाव को व्यापक कहते हैं। संदृष्टि देखिए→

यहाँ अग्नि का अभाव है। / यहाँ अग्नि का सद्भाव है।	(a) अनग्नि पदार्थ (तालाब, पत्थरादि) है, यहाँ धूम नहीं। / (b) अंगार अवस्थावाले कोयले में, इलेक्ट्रिक शिगडी और इलेक्ट्रिक प्रदीप में धूम नहीं।	(a) और (b) में धूम का अभाव है।
सभी जगह 'अग्नि का अभाव है' ऐसा नहीं; इसलिये 'अग्नि का अभाव' व्याप्य है।		सभी जगह 'धूम नहीं है' इसलिये 'धूम का अभाव' व्यापक है।

इसलिये 'जहाँ-जहाँ अग्नि का अभाव है, वहाँ-वहाँ धूम का अभाव है, जैसे-तालाब' इसतरह दृष्टांत के सम्यक् वचन का कथन करना चाहिये। इससे विपरीत कथन करना असम्यक्-वचनरूप व्यतिरेक उदाहरणाभास है।

शंका–सौधर्म इंद्र अव्रती सम्यग्दृष्टि है। निश्चयसम्यग्दर्शन सौधर्म इंद्र के व्यवहारसम्यग्दर्शन [द्रव्यपूजा, पंचकल्याणिक उत्सव करना] को व्यापता है। अर्थात् जो-जो प्रथम स्वर्ग का सौधर्म इंद्र होता है वह-वह निश्चयसम्यग्दर्शनवाला होता है और वह सौधर्म इंद्र पंचकल्याणिक उत्सव अर्थात् द्रव्यपूजा करनेवाला भी है। इसलिये निश्चयसम्यग्दर्शन व्यवहारसम्यग्दर्शन/द्रव्यपूजा को व्यापता है। फिर आप ऐसा कैसे कहते हैं कि निश्चयसम्यग्दर्शन व्यवहारसम्यग्दर्शन/द्रव्यपूजा का व्यापक नहीं है?

समाधान–'प्रथम स्वर्ग के सौधर्म इंद्र के द्वारा की जानेवाली द्रव्यपूजा को निश्चयसम्यग्दर्शन व्यापता है' इसलिये 'जो-जो द्रव्यपूजा करता है वह-वह निश्चयसम्यग्दर्शनवाला याने मिथ्यात्वादि सात प्रकृतियों का उपशम या क्षयोपशम या क्षयवाला होता है' ऐसी व्याप्ति नहीं है; क्योंकि मिथ्यात्व गुणस्थानवर्ती जीव भी द्रव्यपूजा करता है तो भी उसके मिथ्यात्वादि सात प्रकृतियों का उपशम-क्षयोपशम-क्षय नहीं होता है, जैसे-द्रव्यपूजा करनेवाला अभव्य जीव।

'जो-जो भावलिंगवाला/अप्रमत्तसंयत है वह-वह द्रव्यलिंगसहित होता है, जैसे श्री कुंदकुंदाचार्य।' इसप्रकार से सम्यक्दृष्टांतवचन का कथन करना चाहिये।

इससे विपरीत याने 'जो-जो द्रव्यलिंगसहित होता है वह-वह भावलिंगवाला है, जैसे श्री कुंदकुंदाचार्य' ऐसा वचन दृष्टांताभास है। ऐसा यह असम्यक्वचनरूप अन्वयदृष्टांताभास है।

लेकिन व्यतिरेकव्याप्ति में 'व्यापकरूप सम्यग्दर्शन का अभाव' व्याप्य है और 'व्याप्यरूप उपयोगरूप

शुद्धात्मानुभव का अभाव ' व्यापक है। ऐसा रहने पर ' जहाँ-जहाँ सम्यग्दर्शन का अभाव है वहाँ-वहाँ शुद्धात्मानुभव का अभाव है, जैसे – अभव्य जीव ' ऐसा कथन करना चाहिये।

यहाँ सम्यग्दर्शन का अभाव है। } (a) मिथ्यादृष्टि अभव्य और मिथ्यादृष्टि भव्य को यहाँ उपयोगरूप शुद्धात्मानुभव नहीं।
यहाँ सम्यग्दर्शन का सद्भाव है । } (b) यहाँ सविकल्प अवस्था में उपयोगरूप शुद्धात्मानुभव नहीं।
} (a) और (b) इन दोनों में उपयोगरूप शुद्धात्मानुभव का अभाव है।

सभी जगह ' सम्यग्दर्शन का अभाव है ' ऐसा नहीं, इसलिए ' सम्यग्दर्शन का अभाव ' व्याप्य है।
} सभी जगह ' उपयोगरूप शुद्धात्मानुभव का अभाव है। ' इसलिए ' उपयोगरूप शुद्धात्मानुभव का अभाव ' व्यापक है।

इसलिए ' जहाँ-जहाँ सम्यग्दर्शन का अभाव है वहाँ-वहाँ उपयोगरूप शुद्धात्मानुभव (निजध्रुवशुद्धात्मा का प्रामाण्यसहित प्रत्यक्ष ज्ञान) का अभाव है, जैसे अभव्य जीव ' इसतरह दृष्टांत के सम्यक्वचन का कथन करना चाहिए। इससे विपरीत कथन करना असम्यक्वचनरूप व्यतिरेक उदाहरणाभास है।

(२) अदृष्टांतवचनवाला उदाहरणाभास→

(a) अन्वयव्याप्ति में व्यतिरेकदृष्टांत का कथन करने को अदृष्टांतवचनवाला उदाहरणाभास कहते हैं।

जैसे – ' जहाँ-जहाँ धूम विद्यमान रहता है वहाँ-वहाँ अग्नि विद्यमान रहता है, जैसे – तालाब। ' यहाँ धूम और अग्नि के अन्वयव्याप्ति का कथन किया और जहाँ अग्नि तथा धूम नहीं हैं ऐसे तालाब का उदाहरण दिया। इसलिए उदाहरणाभास है।

' जहाँ-जहाँ भावलिंग विद्यमान है वहाँ-वहाँ द्रव्यलिंग विद्यमान है, जैसे नग्नतादि २८ मूलगुणों का पालन करनेवाला अभव्य। ' यहाँ अन्वयव्याप्ति का कथन किया और व्यतिरेकदृष्टांत दिया है। इसलिए अदृष्टांतवचनवाला उदाहरणाभास है।

(b) व्यतिरेकव्याप्ति में अन्वयदृष्टांत का कथन करने को अदृष्टांतवचनवाला उदाहरणाभास कहते हैं। जैसे –

' जहाँ-जहाँ अग्नि का अभाव है वहाँ-वहाँ धूम का अभाव है, जैसे रसोईगृह। ' यहाँ अग्नि के अभाव का और धूम के अभाव का कथन किया है अर्थात् व्यतिरेकव्याप्ति का कथन किया है और धूम तथा अग्नि के सद्भाववाले रसोईगृह का दृष्टांत दिया याने अन्वयदृष्टांत दिया है। इसलिए अदृष्टांतवचनवाला उदाहरणाभास है।

' जहाँ-जहाँ सम्यग्दर्शन का अभाव है वहाँ-वहाँ शुद्धात्मानुभव का अभाव है, जैसे – सर्वार्थसिद्धि स्वर्ग के देव, सौधर्म इंद्र। ' यहाँ सम्यग्दर्शन के अभाव का और उपयोगरूप शुद्धात्मानुभव के अभाव का कथन किया है अर्थात् व्यतिरेकव्याप्ति का कथन किया है और सम्यग्दर्शन तथा शुद्धात्मानुभव के सद्भाववाले सौधर्म इंद्र का दृष्टांत दिया है याने अन्वयदृष्टांत दिया है। इसलिए अदृष्टांतवचनवाला उदाहरणाभास है।

संस्कृत पृष्ठ नंबर १०७-१०८ संस्कृत परिच्छेद नंबर ७१-७२→

शंका – ' गर्भस्थ मैत्रीतनय श्याम है, क्योंकि मैत्रीतनयत्व है, जैसे साम्प्रत मैत्रीतनय ' इत्यादि अनुमानप्रयोग में अन्वयदृष्टांतवाले पाँच मैत्रीतनयों में ' जहाँ-जहाँ मैत्रीतनयत्व है वहाँ-वहाँ श्यामत्व है, ऐसी अन्वयव्याप्ति है; ' और व्यतिरेक दृष्टांतवाले गोरे अमैत्रीतनयों में सर्वत्र ' जहाँ-जहाँ श्यामत्व नहीं है वहाँ-वहाँ मैत्रीतनयत्व नहीं है, ऐसी व्यतिरेकव्याप्ति है ' इससे निश्चित साधन रहने पर गर्भस्थ मैत्रीतनय पक्ष में साध्यभूत श्यामत्व के संशय का गौणपना होने से सम्यक् अनुमान का प्रसंग (दोष) आयेगा अर्थात् इन अन्वयदृष्टांत और व्यतिरेकदृष्टांतों को योग्य मानने की आपत्ति आयेगी ?

समाधान – यह ठीक नहीं है, क्योंकि इन दृष्टांतों में दूसरे विचार से बाधा आती है। उसका स्पष्टीकरण- साध्यत्व से अभिमत यह श्यामत्वरूप विद्यमान कार्य अपनी सिद्धि के लिये कारण की अपेक्षा करता है। और वह मैत्रीतनयत्व हेतु (कारण) नहीं हो सकता, क्योंकि मैत्रीतनयत्व हेतु के बिना भी अमैत्रीतनयवाले पुरुष में (जो मैत्री के पुत्र नहीं है, ऐसे पुरुष में) श्यामत्व दिखाई देता है। जिस प्रकार कुम्हारादिक के बिना भी उत्पन्न होनेवाले पट (वस्त्र) का कुम्हारादिक कारण नहीं है। इसप्रकार श्यामत्व के प्रति मैत्रीतनयत्व का अकारणत्व निश्चित करने पर जहाँ-जहाँ मैत्रीतनयत्व है वहाँ-वहाँ श्यामत्व नहीं है, लेकिन 'जहाँ-जहाँ श्यामत्व का कारण विशिष्ट नामकर्म से अनुगृहीत (सहित) शाकादि आहारपरिणाम है वहाँ-वहाँ उसका कार्य श्यामत्व है' इसलिए यह सिद्ध हुआ कि सामग्री रूप विशिष्ट नामकर्म से अनुगृहीत शाकादि आहार के परिणाम का श्यामत्व के प्रति व्याप्यत्व है। लेकिन वह विशिष्ट नामकर्म से सहित शाकाद्याहारपरिणाम पक्ष (गर्भस्थ मैत्रीतनय) में निश्चय नहीं किया जाता है। इसलिए वह सन्दिग्ध-असिद्ध है। इसलिए मैत्रीतनयत्व हेतु में अकारणपना (अहेतुपना या असाधनपना) होने से ही मैत्रीतनयत्व हेतु श्यामत्व कार्य का गमक नहीं है। (इसलिए 'शंका में' कथन किया हुआ दोष नहीं आता है।)

विशेषार्थ-शंका – 'मैत्री के गर्भ में जो पुत्र है, वह पुत्र काला (श्याम) है, क्योंकि वह मैत्री का पुत्र है, जो-जो मैत्री का पुत्र है वह-वह काला है, जैसे उसके पाँच पुत्र।' इत्यादि अनुमानप्रयोग में अन्वयदृष्टांतरूप पाँच मैत्रीपुत्रों में 'जो-जो मैत्रीपुत्र है वह-वह श्याम (काला) है' ऐसी अन्वयव्याप्ति है और व्यतिरेकदृष्टांतरूप गौर वर्णवाले अमैत्रीपुत्रों में सर्वत्र 'जहाँ-जहाँ श्यामता (कालेपना) नहीं है वहाँ-वहाँ मैत्री का पुत्रपना नहीं हैं' ऐसी व्यतिरेकव्याप्ति संभव है। इसलिए मैत्री के गर्भ में जो पुत्र है उस पुत्र में मैत्रीपुत्रपना यह हेतु (साधन) निश्चित है। इसलिए साध्यरूप श्यामत्व (कालेपना) में संशय नहीं अर्थात् श्यामत्व सिद्ध होता है। इससे वह सम्यगनुमान होने का दोष आयेगा। अर्थात् 'वे अन्वयदृष्टांत और व्यतिरेकदृष्टांत भी सम्यक्-दृष्टांतवचनरूप है' ऐसे मानने का दोष आयेगा, तो फिर इस का क्या स्पष्टीकरण है?

समाधान – यह कथन ठीक नहीं है, क्योंकि उन दृष्टांतों में अन्य विचार से बाधा आती है। उसका स्पष्टीकरण- मैत्री के गर्भ में जो पुत्र है, 'वह पुत्र काला है' यह सिद्ध करने के लिये हेतु/साधन की अपेक्षा है। शंकाकार ने श्यामत्व सिद्ध करने के लिये 'मैत्री का पुत्रपना (मैत्रीतनयत्व)' यह हेतु दिया है। श्यामत्व सिद्ध करने के लिये 'मैत्रीतनयत्व' हेतु सम्यक्हेतु नहीं है, क्योंकि जो पुरुष मैत्री का पुत्र नहीं है, वह पुरुष भी श्याम (काला) है। जिसप्रकार कुम्हारादिक के बिना भी उत्पन्न होनेवाले पट/वस्त्र का कुम्हारादिक कारण नहीं है। उसप्रकार से 'मैत्री का पुत्रपना श्यामत्व का कारण नहीं है' यह निश्चित करने पर जहाँ-जहाँ मैत्री का पुत्रपना है वहाँ-वहाँ श्यामत्व नहीं है, लेकिन 'जहाँ-जहाँ श्यामत्व का कारण विशिष्ट नामकर्मसहित शाकादि आहार का परिणाम है वहाँ-वहाँ उसका कार्य श्यामत्व है।' इसलिए सामग्रीरूप विशिष्ट नामकर्मसहित शाकादि आहार के परिणाम का श्यामत्व के प्रति व्याप्यत्व है। लेकिन उस विशिष्ट नामकर्मसहित शाकादि आहार परिणाम का गर्भस्थ मैत्रीपुत्र में निश्चय नहीं किया जाता है। इसलिए 'विशिष्ट नामकर्मानुगृहीत शाकाद्याहारपरिणाम' यह हेतु संदिग्ध-असिद्ध हेतु (हेत्वाभास) है। इसलिए मैत्रीतनयत्व (मैत्रीपुत्रपना) हेतु में अकारणपना से (कारण होने की योग्यता न होने से) ही मैत्रीतनयत्व हेतु श्यामत्व कार्य का गमक नहीं है। इसलिए 'जो-जो मैत्रीतनय है वह-वह श्याम है, जैसे वर्तमान पाँच मैत्रीपुत्र और जो-जो श्याम नहीं वह-वह मैत्रीतनय नहीं, जैसे-अमैत्रीतनय' यह अन्वयदृष्टांतवचन और व्यतिरेकदृष्टांतवचन सम्यक् दृष्टांत वचनरूप नहीं हैं। तथा सम्यक् अनुमान नहीं है।

'इसतरह विशिष्ट क्रोमोसोम्स्, जीन्स लेकर टेस्टट्यूबबेबी डॉक्टर होगी। अथवा विशिष्ट क्रोमोसोम्स्, जीन्स लेकर टेस्टट्यूबबेबी इंजीनियर होगी। अथवा विशिष्ट क्रोमोसोम्स्, जीन्स लेकर टेस्टट्यूबबेबी राजपुरुष/मंत्री बनेगी।' इत्यादि कथन ठीक नहीं है, क्योंकि जन्म लेनेवाले जीव के ज्ञानावरणादि आठ कर्म, आहार, जीन्स, क्रोमोसोम्स् आदि नोकर्म, उन कर्मों का उदय, उदीरणा, संक्रमण, अपकर्षण, उत्कर्षण, क्षयोपशम, उपशम आदि उस जीव के प्रत्येक समय में होनेवाले परिणाम और उस परिणाम से होनेवाले बंध आदि परिणाम कारण हैं।

समझिए कि कोई एक बालक पैदा हो गया। कुछ काल तक वह बालक विशिष्ट पद्धति से बड़ा हो गया। आठ साल तक वह उस तरह रहा। लेकिन सात साल की उम्र (आयु) में उस जीव के द्वारा ज्ञान के क्षयोपशम के बारे में (ज्ञान का) अहंकार (मान कषाय) किया था और उसको ज्ञानावरणादि का जो बंध हो गया था, उसका ९ साल की उम्र में उदय आया और उसके ज्ञान का क्षयोपशम (उघाड) कम होने लगा। उससे उसकी होशियारी कम हो गई।

किसी को विशिष्ट कषाय हो गया। अपघात (ॲक्सीडेन्ट) हो गया। उससे वह सुंदर (रूपवान) नहीं रहा। इत्यादि नाना प्रकार हो सकते हैं। इसलिए विशिष्ट क्रोमोसोम्स्, जीन्स लेकर टेस्टट्यूबबेबी/बालक बनायेंगे तो वह डॉक्टर ही होगा, ऐसा नहीं हैं।

संस्कृत पृष्ठ नंबर १०८-१०९, संस्कृत परिच्छेद नंबर ७३→

शंका (नैयायिकादि) – 'जो निरुपाधिक संबंध है, वह व्याप्ति है' ऐसा अभिधान करके 'साधन का अव्यापकत्व रहने पर साध्यसमव्याप्ति उपाधि है' ऐसा कहते हैं।

समाधान (जैन) – वह यह अन्योन्याश्रय है। इस उपाधि के निराकरण का विस्तार से वर्णन 'कारुण्यकलिका' नामक ग्रंथ में किया गया है। इसलिए उसके निराकरण का वर्णन यहाँ नहीं किया जाता है।

विशेषार्थ-शंका – 'मैत्रीतनयत्व हेतु में अकारणत्व होने से मैत्रीतनयत्व यह हेतु श्यामत्व का गमक नहीं है' ऐसा नहीं; लेकिन व्याप्ति का अभाव है, इसलिए मैत्रीतनयत्व यह हेतु श्यामत्व का गमक नहीं है। व्याप्ति याने निरुपाधिक संबंध; और वह यहाँ नहीं है; क्योंकि शाकपाकजत्व यह उपाधि है, उस शाकपाकजत्व उपाधि के सद्भाव से मैत्रीतनयत्व हेतु में निरुपाधिकत्व नहीं है।

प्रश्न – यह प्रतिबंध (व्याप्ति) याने क्या ?

उत्तर – अनौपाधिक (निरुपाधिक) संबंध याने व्याप्ति है। अनौपाधिकत्व याने स्वव्यभिचारि-व्यभिचारिसाध्यसामानाधिकरण्य अथवा स्वसमानाधिकरणात्यन्ताभावप्रतियोगिप्रतियोगिकात्यंताभावसमानाधि-करणसाध्यसामानाधिकरण्य इन दोनों का निरुक्ति अर्थ ऐसा है कि 'साधन-अव्यापक-अव्याप्यसाध्यसामानाधिकरण्य है।'

साधन में सोपाधि है, साध्य में निरुपाधि ही उपाधि से निश्चय है, लेकिन साध्यव्यापकत्व रहने पर साधन-अव्यापकत्व है, यह उपाधि का लक्षण है।

प्रश्न – अनौपाधिकत्व याने उपाधिविरह है, तब उपाधि ही दुष्परिकलनीय होगी ?

उत्तर – यह कथन ठीक नहीं है, क्योंकि साध्यव्यापक रहने पर साधनाव्यापकत्व का उपाधिपना है। ऐसा कहा है- साधन में सोपाधि, साध्य में निरुपाधि उपाधि है। साध्य-व्यापकत्व रहनेपर साधन-अव्यापकत्व उपाधि है।

साध्यसमानाधिकरण-अत्यंताभाव-अप्रतियोगित्व यह साध्यव्यापकत्व है। साधनवन्निष्ठ-अत्यंताभाव-

प्रतियोगित्व यह साधन-अव्यापकत्व है। जैसे-'पर्वत धूमवान है, क्योंकि अग्निमान है' ऐसे यहाँ आर्द्र ईंधन का संयोग उपाधि है। अर्थात् 'जहाँ धूम है, वहाँ आर्द्र ईंधन-संयोग है' ऐसा साध्यव्यापकत्व है और 'जहाँ अग्नि है, वहाँ आर्द्र ईंधन-संयोग नहीं, क्योंकि तप्त (उष्ण) लोहपिण्ड में आर्द्र ईंधनसंयोग का अभाव है' ऐसा साधन-अव्यापकत्व है। इसप्रकार साध्यव्यापकत्व रहने पर साधन-अव्यापकत्व होने से आर्द्र-ईंधन-संयोग उपाधि है। अर्थात् आर्द्र ईंधन का संयोग रहना, यह उपाधि है। इस उपाधि के चार प्रकार हैं–

(१) केवलसाध्यव्यापक- जैसे आर्द्र ईंधन का संयोग रहना;

(२) पक्षधर्म अवच्छिन्न (सहित) साध्यव्यापक–जैसे 'वायु प्रत्यक्ष है, क्योंकि प्रत्यक्ष-स्पर्शाश्रयत्व है' ऐसे यहाँ बहिर्द्रव्यत्वसहित प्रत्यक्षत्वव्यापक-उद्भूतरूपवानपना है;

(३) साधन अवच्छिन्न (सहित) साध्यव्यापक-जैसे 'प्रागभाव विनाशी है, क्योंकि जन्यत्व (उत्पन्न होनेपना) है' ऐसे यहाँ जन्यत्व सहित अनित्यत्वव्यापक भावत्व है; और

(४) उदासीन धर्म अवच्छिन्न (सहित) साध्यव्यापक–जैसे 'प्रागभाव विनाशी है, क्योंकि प्रमेयपना है' ऐसे यहाँ जन्यत्व सहित अनित्यत्व-व्यापकरूप भावत्व है।

ऐसा कथन होने से प्रकृत 'मैत्रीतनयत्व' हेतु में शाकपाकजत्व (अथवा विशिष्ट नामकर्मसहित शाकपाकादि आहारजन्यत्व) की उपाधि है। उससे 'मैत्रीतनयत्व' हेतु में निरुपाधि नहीं है। निरुपाधि न होनेसे व्याप्ति नहीं हैं। इसलिए मैत्रीतनयत्व इस हेतु से श्यामत्व की सिद्धि नहीं होती है।

अर्थात् 'जो उपाधिरहित संबंध है वह व्याप्ति है' और 'जो साधन का अव्यापक है तथा साध्य का व्यापक है, वह उपाधि है।' शाकपाकजादि अथवा विशिष्ट नामकर्मसहित–शाकाद्याहारपरिणाम मैत्रीतनयत्व हेतु का अव्यापक है तथा श्यामत्व साध्य का व्यापक है वह शाकपाकजादि अथवा विशिष्ट नामकर्मादि यह उपाधि है।

शंका–उपाधिरहित न होने से व्याप्ति नहीं है। व्याप्ति न होने से 'मैत्रीतनयत्व' यह हेतु श्यामत्व साध्य का गमक नहीं है।

समाधान (जैन)–यह कथन ठीक नहीं है, क्योंकि उसमें अन्योन्याश्रय दोष आता है। क्योंकि उपाधि का लक्षण व्याप्तिघटित है और व्याप्ति का लक्षण उपाधिघटित है। याने जब व्याप्ति की सिद्धि होगी तब उपाधि की सिद्धि होगी और जब उपाधि की सिद्धि होगी तब व्याप्ति की सिद्धि होगी।

और आप (शंकाकार) ने ऐसा कहा है कि 'निरुपाधिक संबंध भी नहीं है, क्योंकि उपाधि ही दुर्वचनीय है।' यदि उपाधि कथन करने योग्य है, ऐसा माना जाय तो भी समझना कठिन है और यदि उपाधि समझ में आयेगी ऐसा माना जाय तो भी अन्योन्याश्रय दोष आता ही है; क्योंकि साध्यव्यापकत्व रहने पर साधन के अव्यापकपना से व्याप्तिग्रहाधीनग्रहपना है। इस उपाधि के निराकरण का विस्तार रूप वर्णन 'कारुण्यकलिका' नामक ग्रंथ में है। वहाँ से देखिये। यहाँ उसका संक्षेप में वर्णन किया गया है।

[उपनय, निगमन और उनके आभास]

संस्कृत पृष्ठ नंबर १०९, संस्कृत परिच्छेद नंबर ७४→

उपनय–साधनवानपना से पक्ष के दृष्टांत के साम्यकथन को उपनय कहते हैं। जैसे–रसोईगृह जैसा धूमवान है वैसा यह पर्वत धूमवान है ।

निगमन–साधनानुवादपुरस्सर साध्यनियमवचन को निगमन कहते हैं। जैसे-धूमवान होने से यह पर्वत

अग्निमान् ही है।

उपनयाभास – उपनय का कथन करने के समय निगमन का कथन करना उपनयाभास है।

निग्मनाभास – निगमन का कथन करने के समय उपनय का कथन करना निगमनाभास है।

अनुमान प्रमाण का कथन समाप्त हो गया।

विशेषार्थ - उपनय – ' दृष्टांत में जैसा साधन है वैसा पक्ष में भी साधन है ' इसतरह दृष्टांत और पक्ष की साधन के बारे में समानता दिखाने को उपनय कहते हैं। जैसे – रसोईगृह में जैसा धूम है वैसा पर्वत पर भी धूम है।

जिसतरह अव्रती सम्यक्त्वी श्रेणिक शुद्धात्मानुभववाला है, वैसे ही यह मैं अव्रती होने पर भी शुद्धात्मानुभववाला हूँ।

जिसतरह श्री कुंदकुंदाचार्य शुद्धात्मानुभववाले थे वैसे ही मैं भी शुद्धात्मानुभववाला हूँ।

निगमन – ' फिर से साधन के वचन का प्रथम कथन करके पश्चात् साध्य के निश्चय के वचन का कथन करना ' इसको निगमन कहते हैं। जैसे – धूमवान होने से यह पर्वत अग्निमान है। अर्थात् धूम होने से इस पर्वत पर अग्नि है।

शुद्धात्मानुभववाला होने से मैं अव्रती सम्यक्त्वी हूँ।

शुद्धात्मानुभववाला होने से मैं मोक्षमार्गस्थ ही हूँ।

[परोक्षज्ञानरूप आगम प्रमाण का कथन]

संस्कृत पृष्ठ नंबर १०९-११०, संस्कृत परिच्छेद नंबर ७५ →

अब आगम का लक्षण कहते हैं –

आगम – आप्तवाक्यनिबंधनवाले अर्थज्ञान को आगम कहते हैं। यहाँ ' आगम ' यह लक्ष्य है; और ' आप्तवाक्यनिबंधनवाला अर्थज्ञान ' यह लक्षण है।

शंका – ' अर्थज्ञान को आगम कहते हैं ' ऐसी व्याख्या करने पर क्या बाधा आयेगी ?

समाधान – ' अर्थज्ञान को आगम कहते हैं ' ऐसी व्याख्या करने पर प्रत्यक्ष ज्ञानादि में अतिव्याप्ति होती है, इसलिए ' वाक्यनिबंधन ' ऐसा कहा गया है।

शंका – ' वाक्यनिबंधनवाले अर्थज्ञान को आगम कहते हैं ' ऐसी व्याख्या करने पर क्या बाधा आयेगी ?

समाधान – ' वाक्यनिबंधनवाले अर्थज्ञान को आगम कहते हैं ' ऐसी व्याख्या करने पर भी यादृच्छिकसंवादिस्वरूप अथवा विप्रलंभवाक्यजन्यरूप अथवा सुप्तोन्मत्तादिवाक्यजन्यरूप नदीतीरफलसंसर्गादि ज्ञानों में अतिव्याप्ति होती है, इसलिए वह अतिव्याप्ति दोष दूर करने के लिये ' आप्त ' यह विशेषण दिया है।

शंका – ' आप्तवाक्यनिबंधनवाले ज्ञान को आगम ऐसा कहते हैं ' ऐसी व्याख्या करने पर क्या बाधा आती है ?

समाधान – ' आप्तवाक्यनिबंधनवाले ज्ञान को आगम कहते हैं ' ऐसी व्याख्या करने पर भी आप्तवाक्यकर्मक श्रावणप्रत्यक्षज्ञान में अतिव्याप्ति होती है, अतः ' अर्थ ' ऐसा विशेषण दिया है। यहाँ ' अर्थ ' पद तात्पर्य में रूढ है अथवा भावार्थ/प्रयोजन में रूढ है। क्योंकि ' अर्थ ही ' याने ' वचन में तात्पर्य ही भरा हुआ है ' ऐसा अभियुक्त वचन है। इसलिए ' आप्तवाक्यनिबंधनवाला अर्थज्ञान '


यह आगम का लक्षण निर्दोष ही है। जैसे- 'सम्यग्दर्शनज्ञानचारित्राणि मोक्षमार्गः' अर्थात् 'सम्यग्दर्शन, सम्यग्ज्ञान और सम्यक्चारित्र तीनों का मिलकर एक मोक्षमार्ग है' इत्यादि वाक्यार्थज्ञान आगम है। सम्यग्दर्शनादि संपूर्ण कर्मक्षयरूप मोक्ष का एक ही मार्ग याने उपाय है, लेकिन अनेक मार्ग नहीं हैं। इसलिए भिन्नलक्षणवाले दर्शनादि तीनों का एकसाथ मिलकर (समुदित) ही एक मोक्षमार्ग है। लेकिन "अकेला सम्यग्दर्शन अथवा अकेला सम्यग्ज्ञान अथवा अकेला सम्यक्चारित्र अथवा सम्यग्दर्शनज्ञान अथवा सम्यग्दर्शनचारित्र अथवा सम्यग्ज्ञानचारित्र ऐसे मोक्षमार्ग नहीं हैं।" ऐसा अर्थ 'मार्गः' इस एकवचन के प्रयोग के तात्पर्य से सिद्ध होता है। यह ही वाक्यार्थ है। इस ही अर्थ में प्रमाण से संशयादि की निवृत्तिरूप प्रमिति होती है, यह सिद्ध होता है।

विशेषार्थ– परोक्ष ज्ञान के जितने भेद हैं, उनमें 'आगमप्रमाण' नाम का एक भेद है। उस 'आगमज्ञानपर्याय' के बारे में वर्णन करते हैं।

आगम– आप्तवाक्यनिबंधनवाले अर्थज्ञान [भावार्थरूप ज्ञान] को आगम कहते हैं।

आप्त द्वारा कहे हुए वचन को सुनकर जो भावार्थरूप ज्ञान हो गया, उस ज्ञानपर्याय को आगम कहते हैं।

आप्त द्वारा कहा हुआ वचन सुना, फिर उसका प्रत्यभिज्ञान से भावार्थरूप ज्ञान हो गया, उस भावार्थरूप ज्ञान को आगम कहते हैं। संदृष्टि देखिए–



यहाँ महावीर नामक आप्त ने कहा कि, 'ठंडा स्पर्श है।' 'ठंडा स्पर्श है' इस वचन को अनघचंद्र नामक श्रोता ने सुना। तब अनघचंद्र को प्रथम कर्णेंद्रिय सांव्यवहारिक प्रत्यक्ष ज्ञान हो गया। फिर उस अनघचंद्र को 'ठंडा स्पर्श है' ऐसा भावार्थरूप ज्ञान हो गया। उस आप्तवाक्यनिबंधनवाले भावार्थरूप ज्ञान को आगम कहते हैं।

आप्त ने कहा कि 'निजध्रुवशुद्धात्मा है।' 'निजध्रुवशुद्धात्मा है' इस वचन को अनघचंद्र नामक श्रोता ने सुना। तब अनघचंद्र को प्रथम कर्णेंद्रिय सांव्यवहारिक प्रत्यक्ष ज्ञान हो गया। [यह सांव्यवहारिक प्रत्यक्ष ज्ञान (आ १) प्रमाण याने सकलादेशी ज्ञान है, वह (आ ५) प्रमाण याने शुद्धात्मानुभव नहीं है।] फिर उस अनघचंद्र को 'निजध्रुवशुद्धात्मा है' ऐसा भावार्थरूप ज्ञान हो गया। उस आप्तवाक्यनिबंधनवाले भावार्थरूप ज्ञान को आगम कहते हैं, शुद्धात्मानुभव (शुद्ध ध्यान) नहीं कहते। उस आप्तवाक्यनिबंधनवाले भावार्थरूप ज्ञान को (आगमज्ञान को) परोक्ष ज्ञान कहते हैं।

शंका– 'आगम' की व्याख्या करते समय 'आप्तवाक्यनिबंधनवाले' यह न कहकर केवल 'अर्थज्ञान को आगम कहते हैं' ऐसी व्याख्या करने पर क्या बाधा आती है?

समाधान– 'अर्थज्ञान को आगम कहते हैं' ऐसी व्याख्या करनेपर प्रत्यक्षज्ञानादि में भी वह व्याख्या/लक्षण

जाने से अतिव्याप्ति नाम का दोष आता है। अर्थात् सांव्यवहारिक प्रत्यक्ष, स्मरणज्ञान, प्रत्यभिज्ञान, तर्क, अनुमान, आगम, नयज्ञान, अवधिज्ञान, मन:पर्ययज्ञान और केवलज्ञान पर्यायों में 'अर्थज्ञान' है; इसलिए अतिव्याप्ति नाम का दोष आता है। इसलिए इस दोष का निराकरण करने के लिये 'वाक्यनिबंधन' यह विशेषण/शब्द दिया है।

शंका – 'आगम' की व्याख्या करते समय 'आप्त' यह विशेषण न देकर केवल 'वाक्यनिबंधनवाले अर्थज्ञान को आगम कहते हैं' ऐसी व्याख्या करने पर क्या बाधा आती है?

समाधान – 'वाक्यनिबंधनवाले अर्थज्ञान को आगम कहते हैं' ऐसी व्याख्या करने पर भी स्वेच्छापूर्वक भ्रमजनक वचनद्वारा अथवा निद्रायुक्त जीव के वचन द्वारा अथवा उन्मत्त अथवा अज्ञानी अथवा मिथ्याज्ञानी जीव के द्वारा होनेवाले 'नदी के किनारे फल है' इत्यादि ज्ञानों में भी वह लक्षण जाता है; इसलिए अतिव्याप्ति नाम का दोष आता है। इस दोष का निराकरण करने के लिये 'आप्त' यह विशेषण दिया है।

शंका – 'आगम' की व्याख्या करते समय 'अर्थ' यह विशेषण छोड़कर केवल 'आप्तवाक्यनिबंधनवाले ज्ञान को आगम कहते हैं' ऐसी व्याख्या करने पर क्या बाधा आती है?

समाधान – 'आप्तवाक्यनिबंधनवाले ज्ञान को आगम कहते हैं' ऐसी व्याख्या करने पर भी 'आप्तवाक्य' सुनकर जो कर्णेंद्रिय सांव्यवहारिक प्रत्यक्ष ज्ञान होता है, उसमें भी वह लक्षण जाता है; इसलिए अतिव्याप्ति नाम का दोष आता है। इस दोष का निराकरण करने के लिये 'अर्थ' यह विशेषण दिया है। अर्थ याने भावार्थ/तात्पर्य/प्रयोजन है इसलिए 'आप्तवाक्यनिबंधनवाले अर्थ (भावार्थ) ज्ञान को आगम कहते हैं' यह व्याख्या निर्दोष है।

जैसे 'सम्यग्दर्शनज्ञानचारित्राणि मोक्षमार्ग:।' इसमें 'सम्यग्दर्शनज्ञानचारित्राणि' इस शब्द का वचन बहुवचन है और 'मोक्षमार्ग:' इस शब्द का वचन एकवचन है। इसका अर्थ/भावार्थ यह है कि 'सम्यग्दर्शन, सम्यग्ज्ञान और सम्यक्चारित्र' इन तीनों का लक्षण भिन्न-भिन्न है और ऐसे भिन्न-भिन्न लक्षणवाले सम्यग्दर्शन, सम्यग्ज्ञान और सम्यक्चारित्र इन तीनों का उत्पाद एक समय में एकसाथ (युगपत्) होता है और 'सम्यग्दर्शन, सम्यग्ज्ञान और सम्यक्चारित्र' तीनों मिलकर एक ही मोक्षमार्ग है; नाना मोक्षमार्ग नहीं है। अर्थात् अकेला सम्यग्दर्शन मोक्षमार्ग नहीं है। अकेला सम्यग्ज्ञान मोक्षमार्ग नहीं है। अकेला सम्यक्चारित्र मोक्षमार्ग नहीं है। सम्यग्दर्शन और सम्यग्ज्ञान इन दो का मिलकर मोक्षमार्ग नहीं है। सम्यग्दर्शन और सम्यक्चारित्र इन दो का मिलकर मोक्षमार्ग नहीं है। सम्यग्ज्ञान और सम्यक्चारित्र इन दो का मिलकर मोक्षमार्ग नहीं है। सम्यग्दर्शन, सम्यग्ज्ञान और सम्यक्चारित्र इन तीनों का मिलकर ही एक मोक्षमार्ग है। ऐसा यह वाक्यार्थ है।

शंका – अविरतसम्यग्दर्शन इस चतुर्थ गुणस्थान में मोक्षमार्ग है क्या?

समाधान – अविरत सम्यग्दर्शन इस चतुर्थ गुणस्थान में मोक्षमार्ग है।

शंका – अविरत सम्यग्दर्शन इस चतुर्थ गुणस्थान में मोक्षमार्ग है तो फिर सम्यग्दर्शन, सम्यग्ज्ञान और सम्यक्चारित्र ये तीनों भी अविरत सम्यग्दर्शन इस चतुर्थ गुणस्थान में एकसाथ (युगपत्) एक समय में हैं क्या?

समाधान – अविरत सम्यग्दर्शन यह चतुर्थ गुणस्थान उत्पन्न होते समय एक समय में सम्यग्दर्शन, सम्यग्ज्ञान और सम्यक्चारित्र एकसाथ (युगपत्) उत्पन्न होते हैं।

शंका – अविरत सम्यग्दर्शन नामक चतुर्थ गुणस्थान में अप्रत्याख्यानावरण कषाय का उदय होने से अव्रती सम्यग्दृष्टि को व्रत नहीं है, तो फिर अविरत सम्यग्दर्शन नामक चतुर्थ गुणस्थान में सम्यक्चारित्र कैसे माना जाय?

समाधान – कृपया देखिए- **श्री विद्यानंदी आचार्य विरचित श्लोकवार्तिक [गांधी नाथारंगजी- जैन ग्रंथमाला द्वारा सन् १९१८ में प्रकाशित पृष्ठ ७३] अध्याय नंबर १, सूत्र नंबर १, श्लोक नंबर १०५ की वृत्ति-**

"न हि चारित्रमोहोदयमात्रात् भवत् चारित्रं दर्शनचारित्रमोहोदयजनितात् अचारित्रात् अभिन्नं एव इति

साधयितुं शक्यं, सर्वत्र कारणभेदस्य फलाभेदकत्वप्रसक्तेः।"

अर्थ– 'अविरत सम्यग्दर्शन नामक चतुर्थ गुणस्थान में दर्शनमोहनीय से रहित केवल चारित्रमोहनीय मात्र (अप्रत्याख्यानादि चारित्रमोह) के उदय से होनेवाला जो चारित्र है, वह प्रथम गुणस्थान (मिथ्यात्व गुणस्थान) में दर्शनमोहनीय और चारित्रमोहनीय के उदय से होनेवाले मिथ्याचारित्र से अभिन्न ही है' ऐसा सिद्ध करना शक्य नहीं है। शक्य न हो तो भी मान लिया तो सर्वत्र कारणभेद होने पर भी कार्यफल में अभेद मानने का दोष आयेगा।

इससे सुस्पष्ट है कि 'अव्रती सम्यग्दृष्टि को कुछ भी व्रत नहीं है, तो भी सम्यक्चारित्र है।' अर्थात् अव्रती सम्यग्दृष्टि में 'सम्यग्दर्शन, सम्यग्ज्ञान और सम्यक्चारित्र' ये तीनों हैं, मोक्षमार्ग है।

अविरत सम्यग्दर्शन इस चतुर्थ गुणस्थान में सम्यग्दर्शन और सम्यग्ज्ञान हैं और अनंतानुबंधि-क्रोधमानमायालोभमिथ्यात्वोदयजनित पाषाणरेखादि समान रागादि का अभाव हैं इसलिए वीतराग होने से सम्यक्चारित्र है। इसलिए अविरत सम्यग्दर्शन इस चतुर्थ गुणस्थान में व्रत न होते हुए भी सम्यक्चारित्र है; और सम्यग्दर्शन, सम्यग्ज्ञान हैं। इसलिए अव्रती सम्यग्दृष्टि के पास सम्यग्दर्शन, सम्यग्ज्ञान और सम्यक्चारित्र तीनों मिलकर एक ही मोक्षमार्ग है।

श्री समंतभद्राचार्यरचित रत्नकरंड श्रावकाचार– सम्यग्दर्शन नामक पहले अध्याय में श्लोक नं. ३३–

"गृहस्थो मोक्षमार्गस्थो निर्मोहो नैव मोहवान्।
अनगारो गृही श्रेयान् निर्मोहो मोहिनो मुनेः॥३३॥"

अर्थ– निजध्रुवशुद्धात्मा में निर्मोहत्वगुण है, इसलिए निजध्रुवशुद्धात्मा निर्मोहवाला है। 'निजध्रुवशुद्धनिर्मोहात्मा' को प्रामाण्यसहित प्रत्यक्ष ज्ञान से जाननेवाला गृहस्थ अव्रती जीव दर्शनमोहरहित है और मोक्षमार्गस्थ (अर्थात् सम्यग्दर्शन, सम्यग्ज्ञान और सम्यक्चारित्र युक्त मोक्षमार्गस्थ) है, लेकिन 'निजध्रुवशुद्धनिर्मोहात्मा' को प्रामाण्यसहित प्रत्यक्ष ज्ञान से न जाननेवाला मुनि दर्शनमोहसहित है, इसलिए वह व्रतधारी मुनि मोक्षमार्गस्थ नहीं है। इसलिए शुद्धात्मानुभूतिवाला अव्रती गृहस्थ शुद्धात्मानुभूतिरहित महाव्रती मुनि से श्रेष्ठ है।

और भी देखिए **धवल-पुस्तक नंबर १, सूत्र नंबर १२ और उसकी टीका- पृष्ठ नंबर १७२-**

"असंजदसम्माइट्ठी॥१२॥"

समीची दृष्टिः श्रद्धा यस्यासौ सम्यग्दृष्टिः, असंयतश्चासौ सम्यग्दृष्टिश्च असंयतसम्यग्दृष्टिः। सो वि सम्माइट्ठी तिविहो-खइयसम्माइट्ठी वेदयसम्माइट्ठी उवसमसम्माइट्ठी चेदि। दंसण-चरण-गुण-घाइ-चत्तारि-अणंताणुबंधि-पयडीओ, मिच्छत्त-सम्मत्त-सम्मामिच्छत्तमिदि तिण्णि दंसणमोह-पयडीओ च एदासिं सत्तण्हं णिरवसेस-क्खएण खइयसम्माइट्ठी उच्चइ। एदासिं सत्तण्हं पयडीणमुवसमेण उवसमसम्माइट्ठी होइ। सम्मत्त-सण्णिद-दंसणमोहणीय-भेय-कम्मस्स उदएण वेदय-सम्माइट्ठी णाम।

अर्थ– सामान्य से असंयत सम्यग्दृष्टि जीव है।

जिसकी दृष्टि अर्थात् श्रद्धा समीचीन होती है उसे सम्यग्दृष्टि कहते हैं, और संयमरहित सम्यग्दृष्टि को असंयत सम्यग्दृष्टि कहते हैं। वे सम्यग्दृष्टि जीव तीन प्रकारके हैं, क्षायिक सम्यग्दृष्टि, वेदक सम्यग्दृष्टि और औपशमिक सम्यग्दृष्टि। सम्यग्दर्शन और सम्यक्चारित्र गुण का घात करनेवाली चार अनंतानुबंधी प्रकृतियाँ और मिथ्यात्व, सम्यग्मिथ्यात्व तथा सम्यक्प्रकृतिमिथ्यात्व ये तीन दर्शनमोहनीय की प्रकृतियाँ, इसप्रकार इन सात प्रकृतियों के सर्वथा विनाश से जीव क्षायिक सम्यग्दृष्टि कहा जाता है। तथा इन्हीं सात प्रकृतियों के उपशम से जीव उपशम सम्यग्दृष्टि होता है। तथा जिसकी सम्यक्त्व संज्ञा है ऐसी दर्शनमोहनीय कर्म की भेदरूप प्रकृति के उदय से यह जीव वेदक सम्यग्दृष्टि कहलाता है।

इसलिए अविरत सम्यग्दर्शन नामक चतुर्थ गुणस्थान में अनंतानुबंधिक्रोधमानमायालोभमिथ्यात्वोदयजनित पाषाणरेखा समान रागादि का अभाव होने से चतुर्थ गुणस्थानवर्ती वीतरागी है/सम्यक्चारित्र है।

शंका– सम्यग्मिथ्यात्व (मिश्र) नामक तीसरे गुणस्थान में सम्यक्प्रकृति, मिथ्यात्व और

अनंतानुबंधिक्रोधमानमायालोभ नहीं है, तो फिर सम्यग्मिथ्यात्व गुणस्थानवर्ती वीतरागी है, ऐसा मानने में क्या दोष आयेगा ?

समाधान – अनादि मिथ्यादृष्टि जीव मिथ्यात्व नामक प्रथम गुणस्थान से सीधा सम्यग्मिथ्यात्व (मिश्र) गुणस्थान में नहीं जाता। अनादि मिथ्यादृष्टि अव्रती जीव जिस समय 'निजध्रुवशुद्धात्मा' को प्रामाण्यसहित प्रत्यक्ष ज्ञान से जानता है, उसी समय मिथ्यात्व गुणस्थान का व्यय और अविरत सम्यग्दर्शन गुणस्थान का उत्पाद होता है, फिर सम्यग्मिथ्यात्व प्रकृति का उदय होता है तो सम्यग्मिथ्यात्व गुणस्थान में जाता है। फिर कोई मिथ्यात्व गुणस्थान में जाता है अथवा अविरत सम्यग्दर्शन गुणस्थान में जाता है, क्योंकि सम्यग्मिथ्यात्व (मिश्र) गुणस्थान का काल अंतर्मुहूर्त ही है। इसकी संदृष्टि देखिए–[नीचे से ऊपर देखना चाहिये क्योंकि पर्यायें ऊर्ध्वप्रचय होती है।]

↑ ☐ अविरत क्षयोपशम सम्यग्दर्शन चतुर्थ गुणस्थान है।

↑ ☐ सम्यग्मिथ्यात्व (मिश्र) गुणस्थान है।

↑ ☐ अविरत प्रथमोपशम सम्यग्दर्शनवाला चतुर्थ गुणस्थान है।

↑ ☐ अनादि मिथ्यात्वी अव्रती-मिथ्यात्व, अनंतानुबंधी आदि २६ मोहनीय प्रकृतिवाला है। प्रथम गुणस्थान है।

↑ ☐ अविरत क्षयोपशम सम्यग्दर्शनवाला चतुर्थ गुणस्थान है।

↑ ☐ सम्यग्मिथ्यात्व (मिश्र) गुणस्थान याने तीसरा गुणस्थान है।

↑ ☐ अविरत प्रथमोपशम सम्यग्दर्शनवाला चतुर्थ गुणस्थान है ।

↑ ☐ सादि मिथ्यात्व प्रथम गुणस्थान है। मिथ्यात्व, अनंतानुबंधी आदि २६ मोहनीय की प्रकृतियाँ हैं।

↑ ○

↑ ○

↑ ○

↑ ☐ सादि मिथ्यात्व प्रथम गुणस्थान है। मिथ्यात्व, सम्यग्मिथ्यात्व, सम्यक्प्रकृति, अनंतानुबंधी आदि २८ मोहनीय की प्रकृतियाँ हैं।

↑ ☐ सम्यग्मिथ्यात्व (मिश्र) गुणस्थान याने तीसरा गुणस्थान है।

↑ ☐ सादि मिथ्यात्व प्रथम गुणस्थान है। मिथ्यात्व, सम्यग्मिथ्यात्व, सम्यक्प्रकृति, अनंतानुबंधी आदि २८ मोहनीय प्रकृतियाँ है।

↑ ☐ सम्यग्मिथ्यात्व (मिश्र) गुणस्थान याने तीसरा गुणस्थान है।

↑ ☐ अविरत प्रथमोपशम सम्यग्दर्शनवाला चतुर्थ गुणस्थान है।

↑ ☐ अनादि मिथ्यात्व प्रथम गुणस्थान है। मिथ्यात्व १, अनंतानुबंधी ४, अप्रत्याख्यानावरण ४, प्रत्याख्यानावरण ४, संज्वलन ४, नोकषाय ९, ऐसी २६ मोहनीय प्रकृतियाँ हैं ।

इसलिये सम्यग्मिथ्यात्व (मिश्र) गुणस्थान में 'सम्यग्मिथ्यात्व' प्रकृति का उदय है अर्थात् श्रद्धागुण की पर्याय अशुद्ध है। इसलिये बहिरात्मा है। इसलिये वह मोक्षमार्गस्थ नहीं है। इसलिये मिश्र गुणस्थानवर्ती वीतरागी नहीं है।

शंका – यदि सम्यग्मिथ्यात्व/तीसरे गुणस्थान में मोक्षमार्ग/वीतरागता नहीं है तो फिर **प्रवचनसार में 'एवं पणमिय सिद्धे'** इत्यादि की श्री **जयसेनाचार्यरचित तात्पर्यवृत्ति** में **'सासादनादिक्षीणकषायान्ताः एकदेशजिनाः उच्यन्ते'** अर्थात् सासादन गुणस्थान से क्षीणकषाय गुणस्थान तक को एकदेश जिन कहते हैं। याने सासादन नामक दूसरे गुणस्थान को और सम्यग्मिथ्यात्व नामक तीसरे गुणस्थान को एकदेश जिन क्यों कहा गया है?

समाधान – पृष्ठ नंबर ४२५ पर संदृष्टि दिखाई है कि 'अनादि मिथ्यात्वी अव्रती सीधा सम्यग्मिथ्यात्व गुणस्थान में नहीं जाता लेकिन अव्रती सम्यग्दृष्टि गुणस्थान से (नीचे गिरते समय) सम्यग्मिथ्यात्व (मिश्र) गुणस्थान याने तीसरे गुणस्थान में जाता है। अर्थात् सम्यग्मिथ्यात्व गुणस्थान में आ जाने के पूर्व में अव्रती सम्यग्दृष्टि गुणस्थान में था।' इसलिये दृष्टमार्ग/मोक्षमार्गस्थ था, उसका उपचार करके सम्यग्मिथ्यात्व याने तीसरे गुणस्थानवर्ती को एकदेश जिन कहा गया है।

अब सासादन नामक दूसरे गुणस्थान को भी उपचार से एकदेश जिन कहा गया है, क्योंकि अविरत प्रथमोपशम सम्यग्दर्शन/चतुर्थ गुणस्थान से सासादन गुणस्थान में आता है। अर्थात् अनादि मिथ्यादृष्टि जीव मिथ्यात्व नामक प्रथम गुणस्थान से सीधा सासादन नामक दूसरे गुणस्थान में नहीं जाता। अनादि मिथ्यादृष्टि अव्रती जीव जिस समय 'निजध्रुवशुद्धात्मा' को प्रामाण्यसहित प्रत्यक्ष ज्ञान से जानता है, उसी समय मिथ्यात्व गुणस्थान का व्यय होता है और अविरत प्रथमोपशम सम्यग्दर्शन-चतुर्थ गुणस्थान का उत्पाद होता है, फिर अनंतानुबंधी कषाय का उदय होता है, तो सासादन गुणस्थान में जाता है। फिर नियम से मिथ्यात्व गुणस्थान में जाता है। क्योंकि सासादन गुणस्थान का काल एक समय से लेकर छह आवली तक ही हैं। इसकी संदृष्टि देखिए-

[नीचे से ऊपर देखना चाहिये क्योंकि पर्यायें ऊर्ध्वप्रचय होती हैं।]

↑ ☐ सादि मिथ्यात्व है। प्रथम गुणस्थान-मिथ्यात्व गुणस्थान है।

↑ ☐ सासादन (दूसरा) गुणस्थान है। मिथ्यात्व, सम्यग्मिथ्यात्व और सम्यक्प्रकृतियों का उदय नहीं है। अनंतानुबंधी कषाय का उदय है।

↑ ☐ अविरत प्रथमोपशम सम्यग्दर्शनवाला चतुर्थ गुणस्थान है।

↑ ☐ अनादि मिथ्यात्व है। मिथ्यात्व नामक प्रथम गुणस्थान है।

गुणस्थानों की कुछ संदृष्टियाँ–

↑  अविरत क्षयोपशम सम्यग्दर्शन चतुर्थ गुणस्थान है।

↑  सादि मिथ्यात्व प्रथम गुणस्थान है।

↑  अविरत क्षयोपशम सम्यग्दर्शन चतुर्थ गुणस्थान है।

↑  अविरत प्रथमोपशम सम्यग्दर्शन चतुर्थ गुणस्थान है।

↑  अनादि मिथ्यात्व प्रथम गुणस्थान है ।

↑  अविरत क्षायिक सम्यग्दर्शन चतुर्थ गुणस्थान है।

↑  अविरत क्षयोपशम सम्यग्दर्शन चतुर्थ गुणस्थान है।

↑  अविरत प्रथमोपशम सम्यग्दर्शन चतुर्थ गुणस्थान है।

↑  अनादि मिथ्यात्व प्रथम गुणस्थान है।

↑  अविरत क्षायिक सम्यग्दर्शन चतुर्थ गुणस्थान है।

↑  अविरत क्षयोपशम सम्यग्दर्शन चतुर्थ गुणस्थान है।

↑  सादि मिथ्यात्व प्रथम गुणस्थान है।

↑  अविरत प्रथमोपशम सम्यग्दर्शन चतुर्थ गुणस्थान है।

↑  अनादि मिथ्यात्व प्रथम गुणस्थान है।

↑  सादि मिथ्यात्व प्रथम गुणस्थान है।

↑  प्रथमोपशम सम्यग्दृष्टि संयतासंयत पंचम गुणस्थान है।

↑  अनादि मिथ्यात्व है और ५ अणुव्रतों का पालन करता है। प्रथम गुणस्थान है।

↑ अनादि मिथ्यात्व है और अव्रती है। प्रथम गुणस्थान है।

↑ ☐ क्षयोपशम सम्यग्दर्शन चतुर्थ गुणस्थान है।

↑ ☐ क्षयोपशम सम्यग्दर्शन संयतासंयत पंचम गुणस्थान है।

↑ ☐ प्रथमोपशम सम्यग्दर्शन संयतासंयत गुणस्थान है।

↑ ☐ अनादि मिथ्यात्व है और ५ अणुव्रतों का पालन करता है। प्रथम गुणस्थान है।

↑ ☐ अनादि मिथ्यात्व है, अव्रती है, प्रथम गुणस्थान है।

↑ ☐ क्षायिक सम्यग्दर्शन संयतासंयत पंचम गुणस्थान है।

↑ ☐ क्षयोपशम सम्यग्दर्शन संयतासंयत पंचम गुणस्थान है।

↑ ☐ प्रथमोपशम सम्यग्दर्शन संयतासंयत पंचम गुणस्थान है।

↑ ☐ अनादि मिथ्यात्व है और ५ अणुव्रतों का पालन करता है, प्रथम गुणस्थान है।

↑ ☐ अनादि मिथ्यात्व है, अव्रती है, प्रथम गुणस्थान है।

↑ ☐ सादि मिथ्यात्व प्रथम गुणस्थान है।

↑ ☐ प्रथमोपशम सम्यग्दर्शन प्रमत्तसंयत, छठवाँ गुणस्थान है।

↑ ☐ प्रथमोपशम सम्यग्दर्शन अप्रमत्तसंयत, सातवाँ गुणस्थान है।

↑ ☐ अनादि मिथ्यात्व है और २८ मूलगुणों (अर्थात् नग्न आदि) का पालन करता है, प्रथम गुणस्थान है।

↑ ☐ अनादि मिथ्यात्व है और अव्रती है, प्रथम गुणस्थान है।

Subject - विषय
There are waves of air but actually there is no water.
वायु की तरंगे हैं, लेकिन वहाँ जल नहीं।

Knowledge status - ज्ञानपर्याय
There is water - → This is perverse knowledge -
वहाँ जल है। → यह विपरीतज्ञान है।

[मृगमरीचिका]



↑ ☐ क्षयोपशम सम्यग्दर्शन अव्रती चतुर्थ गुणस्थान है।

↑ ☐ क्षयोपशम सम्यग्दर्शन प्रमत्तसंयत छठवाँ गुणस्थान है।

↑ ☐ क्षयोपशम सम्यग्दर्शन अप्रमत्तसंयत सातवाँ गुणस्थान है।

↑ ○
↑ ○
↑ ○
↑ ○
↑ ○
↑ ○
↑ ○
↑ ○
अनेकों बार सातवाँ और छठवाँ गुणस्थान होते हैं।

↑ ☐ क्षयोपशम सम्यग्दर्शन प्रमत्तसंयत छठवाँ गुणस्थान है।

↑ ☐ क्षयोपशम सम्यग्दर्शन अप्रमत्तसंयत सातवाँ गुणस्थान है।

↑ ☐ क्षयोपशम सम्यग्दर्शन प्रमत्तसंयत छठवाँ गुणस्थान है।

↑ ☐ प्रथमोपशम सम्यग्दर्शन प्रमत्तसंयत छठवाँ गुणस्थान है।

↑ ☐ प्रथमोपशम सम्यग्दर्शन अप्रमत्तसंयत सातवाँ गुणस्थान है।

↑ ☐ अनादि मिथ्यात्व है और २८ मूलगुणों (नग्न आदि) का पालन करता है। प्रथम गुणस्थान हैं।

↑ ☐ अनादि मिथ्यात्व है, अव्रती है, प्रथम गुणस्थान है।

↑ ☐ क्षयोपशम सम्यग्दर्शन अव्रती चतुर्थ गुणस्थान है।

↑ ☐ क्षयोपशम सम्यग्दर्शन है, अणुव्रतों का पालन करता है, संयतासंयत पंचम गुणस्थान है।

↑ ☐ क्षयोपशम सम्यग्दर्शन है, अव्रती है, चतुर्थ गुणस्थान है।

↑ ☐ प्रथमोपशम सम्यग्दर्शन है, अव्रती है, चतुर्थ गुणस्थान है।

↑ ☐ अनादि मिथ्यात्व है, अव्रती है, प्रथम गुणस्थान है।

↑  क्षयोपशम सम्यग्दर्शन अव्रती चतुर्थ गुणस्थान है।

↑  क्षयोपशम सम्यग्दर्शन प्रमत्तसंयत छठवाँ गुणस्थान है। २८ मूलगुणों का पालन करता है।

↑  क्षयोपशम सम्यग्दर्शन अप्रमत्तसंयत सातवाँ गुणस्थान है। २८ मूलगुणों का पालन करनेवाला है।

↑

↑ ○
○
○
↑ ○ } अनेकों बार सातवाँ और छठवाँ गुणस्थान होते हैं ।

↑  क्षयोपशम सम्यग्दर्शन प्रमत्तसंयत छठवाँ गुणस्थान है। २८ मूलगुणों का पालन करता है।

↑  क्षयोपशम सम्यग्दर्शन अप्रमत्तसंयत सातवाँ गुणस्थान है। २८ मूलगुणों का पालन करता है।

↑  क्षयोपशम सम्यग्दर्शन संयतासंयत पंचम गुणस्थान है। अणुव्रतों का पालन करता है।

↑  क्षयोपशम सम्यग्दर्शन अव्रती चतुर्थ गुणस्थान है।

↑  क्षयोपशम सम्यग्दर्शन अव्रती चतुर्थ गुणस्थान हैं।

↑  क्षयोपशम सम्यग्दर्शन प्रमत्तसंयत छठवाँ गुणस्थान है।

↑  क्षयोपशम सम्यग्दर्शन अप्रमत्तसंयत सातवाँ गुणस्थान है।

↑ ○
↑ ○
↑ ○
○ } अनेकों बार सातवाँ और छठवाँ गुणस्थान होते हैं ।

↑  क्षयोपशम सम्यग्दर्शन प्रमत्तसंयत, छठवाँ गुणस्थान है। २८ मूलगुणों (नग्नत्व आदि) का पालन करता है।

↑  क्षयोपशम सम्यग्दर्शन अप्रमत्तसंयत सातवाँ गुणस्थान है। २८ मूलगुणों (नग्नत्व आदि) का पालन करता है।

↑  क्षयोपशम सम्यग्दर्शन है, अव्रती है, चतुर्थ गुणस्थान है।

क्षपकश्रेणी



सिद्ध परमात्मा [सादि-अनंत] है।



अयोगकेवली १४ वाँ गुणस्थान है।




सयोगकेवली १३ वाँ गुणस्थान है।



क्षीणकषाय १२ वाँ गुणस्थान है।



सूक्ष्मसांपराय क्षपक १० वाँ गुणस्थान है।




अनिवृत्तिकरण क्षपक ९ वाँ गुणस्थान है।



अपूर्वकरण क्षपक ८ वाँ गुणस्थान है।



क्षायिक सम्यग्दर्शन अप्रमत्तसंयत सातिशय ७ वाँ गुणस्थान है। क्षपक है।



अनेकों बार ७ वाँ गुणस्थान और ६ वाँ गुणस्थान होते हैं।



क्षायिक सम्यग्दर्शन प्रमत्तसंयत ६ वाँ गुणस्थान है। २८ मूलगुणों (नग्नत्व आदि) का पालन करता है।



क्षायिक सम्यग्दर्शन अप्रमत्तसंयत ७ वाँ गुणस्थान है। २८ मूलगुणों (नग्नत्व आदि) का पालन करता है।



अविरत क्षायिक सम्यग्दर्शन चतुर्थ गुणस्थान है।



अविरत क्षयोपशम सम्यग्दर्शन चतुर्थ गुणस्थान है।

क्षायिक सम्यग्दृष्टि उपशमश्रेणी

↑  क्षायिक सम्यग्दर्शन प्रमत्तसंयत ६ वाँ गुणस्थान है।

↑  क्षायिक सम्यग्दर्शन अप्रमत्तसंयत ७ वाँ गुणस्थान हैं।

↑  क्षायिक सम्यग्दर्शन अपूर्वकरण-उपशमक ८ वाँ गुणस्थान है, उपशमश्रेणी से नीचे उतरनेवाला है।

↑  क्षायिक सम्यग्दर्शन अनिवृत्तिकरण-उपशमक ९ वाँ गुणस्थान है, उपशमश्रेणी से नीचे उतरनेवाला है।

↑  क्षायिक सम्यग्दर्शन सूक्ष्मसांपराय-उपशमक १० वाँ गुणस्थान है, उपशमश्रेणी से नीचे उतरनेवाला है।

↑  क्षायिक सम्यग्दर्शन उपशांतकषाय ११ वाँ गुणस्थान है।

↑  क्षायिक सम्यग्दर्शन सूक्ष्मसांपराय-उपशमक १० वाँ गुणस्थान है, उपशमश्रेणी पर चढ़नेवाला है।

↑  क्षायिक सम्यग्दृष्टि अनिवृत्तिकरण-उपशमक ९ वाँ गुणस्थान है, उपशमश्रेणी पर चढ़नेवाला है।

↑  क्षायिक सम्यग्दृष्टि अपूर्वकरण-उपशमक ८ वाँ गुणस्थान है, उपशमश्रेणी पर चढ़नेवाला है

↑  क्षायिक सम्यग्दृष्टि सातिशय अप्रमत्तसंयत ७ वाँ गुणस्थान है, उपशमश्रेणी पर चढ़नेवाला है।

↑ 
↑

अनेकों बार ७ वाँ गुणस्थान और ६ वाँ गुणस्थान होते हैं।

↑  क्षायिक सम्यग्दर्शन प्रमत्तसंयत ६ वाँ गुणस्थान है।

↑  क्षायिक सम्यग्दर्शन अप्रमत्तसंयत ७ वाँ गुणस्थान है।

द्वितीयोपशम सम्यग्दृष्टि उपशमश्रेणी



द्वितीयोपशम-सम्यग्दर्शन प्रमत्तसंयत ६ वाँ गुणस्थान है।



द्वितीयोपशम सम्यग्दर्शन अप्रमत्तसंयत ७ वाँ गुणस्थान है, उपशमश्रेणी से नीचे उतरनेवाला है।



द्वितीयोपशम सम्यग्दर्शन अपूर्वकरण-उपशमक ८ वाँ गुणस्थान है, उपशमश्रेणी से नीचे उतरनेवाला हैं।



द्वितीयोपशम सम्यग्दर्शन अनिवृत्तिकरण-उपशमक ९ वाँ गुणस्थान है, उपशमश्रेणी से नीचे उतरनेवाला है।



द्वितीयोपशम सम्यग्दर्शन सूक्ष्मसांपराय-उपशमक १० वाँ गुणस्थान है, उपशमश्रेणी से नीचे उतरनेवाला है।



द्वितीयोपशम सम्यग्दर्शन-उपशांतकषाय ११ वाँ गुणस्थान है।




द्वितीयोपशम सम्यग्दर्शन सूक्ष्मसांपराय-उपशमक १० वाँ गुणस्थान है, उपशमश्रेणी पर चढ़नेवाला है।




द्वितीयोपशम सम्यग्दर्शन अनिवृत्तिकरण-उपशमक ९ वाँ गुणस्थान है, उपशमश्रेणी पर चढ़नेवाला है।



द्वितीयोपशम सम्यग्दर्शन अपूर्वकरण-उपशमक ८ वाँ गुणस्थान है, उपशमश्रेणी पर चढ़नेवाला है।



द्वितीयोपशम सम्यग्दर्शन सातिशय अप्रमत्तसंयत ७ वाँ गुणस्थान है, उपशमश्रेणी पर चढ़नेवाला है।



अनेकों बार क्षयोपशम सम्यग्दर्शनसहित ७ वाँ और ६ वाँ गुणस्थान होते हैं।



क्षयोपशम सम्यग्दर्शन प्रमत्तसंयत ६ वाँ गुणस्थान है।



क्षयोपशम सम्यग्दर्शन अप्रमत्तसंयत ७ वाँ गुणस्थान है।

यहाँ गुणस्थानों की सभी संदृष्टियाँ नहीं हैं। यहाँ गुणस्थानों की कुछ ही संदृष्टियाँ दिखायी हैं, उनका विशेष वर्णन सर्वार्थसिद्धि, गोम्मटसार-जीवकाण्ड, गोम्मटसार-कर्मकाण्ड, धवल, महाधवल, जयधवल, लब्धिसार, क्षपणासार आदि ग्रंथों में देखिए।

अनंतानुबंधी कषाय से मिथ्यादर्शन बहुत घात करता है, क्योंकि द्वितीयोपशम सम्यग्दर्शन सूक्ष्मसांपराय उपशमक उपशमश्रेणी से नीचे उतरते समय यदि मिथ्यात्व का उदय हो जावे और एक आवली तक अनंतानुबंधी कषाय का उदय नहीं है तो भी मिथ्यात्व प्रथम गुणस्थान में आता है लेकिन अविरत प्रथमोपशम सम्यग्दर्शन-चतुर्थ गुणस्थान से नीचे उतरते समय मिथ्यात्व का उदय नहीं है और अनंतानुबंधी कषाय का उदय है तो वह सासादन दूसरे गुणस्थान में आता है। देखिए संदृष्टि →

सादि मिथ्यात्व प्रथम गुणस्थान है। मिथ्यात्व और अनंतानुबंधी कषाय का उदय है।	सादि मिथ्यात्व प्रथम गुणस्थान है। मिथ्यात्व और अनंतानुबंधी कषाय का उदय है।
↑	↑
सादि मिथ्यात्व प्रथम गुणस्थान, मिथ्यात्व का उदय है, लेकिन अनंतानुबंधी कषाय का उदय नहीं।	सासादन दूसरा गुणस्थान अनंतानुबंधी कषाय का उदय है; लेकिन मिथ्यात्व, सम्यग्मिथ्यात्व और सम्यक्प्रकृति इन तीनों का उदय नहीं हैं।
↑	↑
द्वितीयोपशम सम्यग्दर्शन, अनंतानुबंधी कषाय की विसंयोजना करनेवाला, उपशमश्रेणी से नीचे उतरनेवाला है।	प्रथमोपशम सम्यग्दर्शन अव्रती चतुर्थ गुणस्थान है।

ऐसे बहुत दुःखदायी मिथ्यादर्शन का व्यय करने के लिये 'निजध्रुवशुद्धज्ञानदर्शनानंदात्मा' को प्रामाण्यसहित प्रत्यक्ष ज्ञान से जानो और सम्यग्दर्शन की उत्पत्ति कीजिये।

और 'निजध्रुवशुद्धज्ञानदर्शनानंदात्मा' को प्रामाण्यसहित प्रत्यक्ष ज्ञान से जानते समय अतींद्रिय-आनंद आता है और समतारूप चारित्रपर्याय प्रकट होती है अर्थात् वीतरागपर्याय प्रकट होती है।

भो आत्मन्! आपको अभी व्रत पालन करने की क्षमता नहीं है तो भी आप अभी वस्तुस्वरूप को पढ़कर, सुनकर, युक्तियों से परीक्षा कर और अभी इसी अव्रती अवस्था में 'निजध्रुवशुद्धज्ञानदर्शनानंदात्मा' का प्रामाण्यसहित प्रत्यक्ष ज्ञान कर सकते हैं, उस शुद्धात्मानुभव के समय 'सम्यग्ज्ञान-सम्यग्दर्शन-सम्यक्-अव्रतचारित्र' प्रकट होता है। आगे कुछ काल पश्चात् व्रत पालन करने की क्षमता अपने आप आ ही जाती है।

शंका – श्री पंडित टोडरमलजी ने '**मोक्षमार्ग प्रकाशक**' ग्रंथ [मुसद्दीलाल जैन चेरीटेबल ट्रस्ट-२/४ दरियागंज, नई दिल्ली-२ प्रकाशन] **अध्याय-९, पृष्ठ ३८२** पर लिखा है कि,

"यहाँ **प्रश्न**– जो असंयत सम्यग्दृष्टिकै तो चारित्र नाहीं, वाकै मोक्षमार्ग भया कि न भया है।

ताका **समाधान**– मोक्षमार्ग याकै होसी, यह तो नियम भया।"

इसका स्पष्टीकरण कीजिए?

समाधान – प्रश्न करनेवाला कहता है कि 'असंयत सम्यग्दृष्टि/चतुर्थ-गुणस्थानवर्ती को व्रत, चारित्र नहीं है, इसलिये असंयत सम्यग्दृष्टि को चारित्र नहीं तो फिर असंयत सम्यग्दृष्टि मोक्षमार्गस्थ है अथवा नहीं?

पंडित टोडरमलजी ने उसके समाधान में कहा है कि, 'असंयत सम्यग्दृष्टि जीव मोक्षमार्गस्थ है ही, यह नियम है। लेकिन उस असंयत सम्यग्दृष्टि को बाह्य व्रतरूप चारित्र नहीं है, असंयत सम्यग्दृष्टि को भविष्यकाल में बाह्य व्रतरूप चारित्र भी होगा।'

क्योंकि पं. टोडरमलजी ने

(a) मोक्षमार्ग प्रकाशक ग्रंथ में अध्याय नंबर २, पृष्ठ नंबर ४८, पंक्ति नंबर ५ और ६ →

"तहाँ जिनका उदयतै आत्माकै सम्यक्त्व न होय, स्वरूपाचरण चारित्र न होय सकै ते अनंतानुबंधी कषाय है।" अर्थात् असंयत सम्यग्दृष्टि को मिथ्यादर्शन नहीं और अनंतानुबंधी कषाय नहीं, इसलिये असंयत सम्यग्दृष्टि को स्वरूपाचरण चारित्र है याने असंयत सम्यग्दृष्टि को सम्यक्चारित्र है, सम्यग्दर्शन है और सम्यग्ज्ञान है।

(b) मोक्षमार्ग प्रकाशक-अध्याय नंबर ४, पृष्ठ नंबर १११, पंक्ति नंबर ४ से ८ →

"या प्रकार इस संसारी जीवकै मिथ्यादर्शन, मिथ्याज्ञान, मिथ्याचारित्ररूप परिणमन अनादितैं पाइए है। बहुरि संज्ञी पंचेद्रियनिविषैं सम्यग्दृष्टि बिना अन्य सर्वजीवनिकै ऐसा ही परिणमन पाइए है।"

(c) पृष्ठ नंबर ११०, पंक्ति नंबर २१-

"इस मिथ्याचारित्रविषै स्वरूपाचरणचारित्र का अभाव है...।"

अर्थात् असंयत सम्यग्दृष्टि को मिथ्याचारित्र नहीं और असंयत सम्यग्दृष्टि को स्वरूपाचरणचारित्र है।

और भी देखिए- **श्लोकवार्तिक-अध्याय नंबर १, सूत्र नंबर १, कारिका नंबर १०५** की टीका →

"न हि चारित्रमोहोदयमात्रात् भवत् चारित्रं दर्शनचारित्रमोहोदयजनितात् अचारित्रात् अभिन्नं एव इति साधयितुं शक्यं, सर्वत्र कारणभेदस्य फलाभेदकत्वप्रसक्तेः।"

याने 'चारित्रमोहोदयमात्र से होनेवाले अव्रती सम्यकत्वी के चारित्र को दर्शनमोह-चारित्रमोहोदयजनित अचारित्र से अभिन्न ही है' ऐसा सिद्ध करना शक्य नहीं, क्योंकि सर्वत्र भिन्न-भिन्न कारणों से होनेवाले कार्यों को अभेद कहने का दोष आता है।

इसलिये असंयत सम्यग्दृष्टि को अव्रतस्वरूपी सम्यक्चारित्र है अर्थात् असंयत सम्यग्दृष्टि को सम्यग्दर्शन, सम्यग्ज्ञान, सम्यक्चारित्र ये तीनों एक साथ हैं। याने असंयत सम्यग्दृष्टि मोक्षमार्गस्थ है।

शंका-प्रवचनसार-'एसा पसत्थभूदा' इत्यादि गाथा नं.-२५४ की श्री अमृतचंद्राचार्यरचित तत्त्वप्रदीपिका की टीका में लिखा है कि-

"... गृहिणां तु समस्तविरतेः अभावेन शुद्धात्मप्रकाशनस्य अभावात्" याने अविरत सम्यग्दृष्टि को शुद्धात्मानुभव नहीं है, तो फिर कैसे?

समाधान-उस टीका का आशय आपकी समझ में नहीं आया है। क्योंकि उस आगम वाक्य का भावार्थ ऐसा है कि 'नग्नमुनि के दृढ़ता/स्थिरतावाले शुद्धोपयोग के समान गृहस्थ को दृढ़ता/स्थिरतावाला शुद्धोपयोग नहीं है, लेकिन गृहस्थ को अल्प शुद्धोपयोग याने अल्प शुद्धात्मानुभव है।' क्योंकि उस ही वाक्य का स्पष्टीकरण श्री जयसेनाचार्यरचित तात्पर्यवृत्ति में इसप्रकार है कि-

"निर्विकारचिच्चमत्कारभावनाप्रतिपक्षभूतेन विषयकषायनिमित्तोत्पन्नेन आर्तरौद्रदुर्ध्यानद्वयेन परिणतानां गृहस्थानां आत्माश्रितनिश्चयधर्मस्य अवकाशः नास्ति, वैयावृत्त्यादिधर्मेण दुर्ध्यानवञ्चना भवति, तपोधनसंसर्गेण निश्चयव्यवहारमोक्षमार्गोपदेशलाभः भवति। ततः च परम्परया निर्वाणं लभन्ते इति अभिप्रायः।"

याने जब एवंभूतनय से जो अव्रती गृहस्थ जीव जिस समय उपयोगरूप से रौद्रध्यान से परिणत है तब उसी समय उपयोगरूप से आर्तध्यान नहीं और उपयोगरूपसे धर्म्यध्यान भी नहीं।

और जब एवंभूतनय से जो अव्रती गृहस्थ जीव जिस समय उपयोगरूप से आर्तध्यान से परिणत है उसी

समय उपयोगरूप से रौद्रध्यान नहीं और उपयोगरूप से धर्म्यध्यान भी नहीं।

और जब एवंभूतनय से जो अव्रती गृहस्थ जीव जिस समय उपयोगरूप से धर्मध्यान से परिणत है उसी समय उपयोगरूप से आर्तध्यान नहीं और उपयोगरूप से रौद्रध्यान भी नहीं।


वैयावृत्यादि धर्म से दुर्ध्यानरहित होता है और उस समय तपोधन के संसर्ग से निश्चय-व्यवहार-मोक्षमार्ग के उपदेश का लाभ होता है। अर्थात् शुद्धात्मानुभववाले तपोधन के संसर्ग से उसको आगमभाषा और अध्यात्मभाषा का ज्ञान होता है और वह अव्रती गृहस्थ शुद्धात्मानुभव करता है, उसी समय सम्यक्-आनंद की प्राप्ति होती है और वह अव्रती गृहस्थ मोक्षमार्गस्थ होता है, उसी समय शुद्धात्मानुभव से कर्मदहन (संवरपूर्वक निर्जरा) होता है। उस मोक्षमार्ग से उसको भविष्यकाल में मोक्ष प्राप्त हो जायेगा। इसलिये वैयावृत्यपर उपचार करके उसको वह परंपरा से मोक्ष का कारण है, ऐसा कहा गया। इस ही बात को **श्री अमृतचंद्राचार्यजी उदाहरण द्वारा कथन करते हैं-**

"गृहिणां तु समस्तविरतेः अभावेन शुद्धात्मप्रकाशनस्य अभावात् कषायसद्भावात् प्रवर्तमानः अपि, स्फटिकसंपर्केण अर्कतेजसः इव एधसां, रागसंयोगेन शुद्धात्मनः अनुभवात् क्रमतः परमनिर्वाण-सौख्यकारणत्वात् च मुख्यः।"

याने गृहस्थों को संपूर्ण विरति के अभाव से अर्थात् गृहस्थ के परिग्रह रहने से परिग्रह के बारे में रक्षणादि के विचार से एवंभूतनय से जिस समय उपयोगरूप रौद्रध्यान परिणाम है उसी समय उपयोगरूप आर्तध्यान नहीं और उपयोगरूप धर्म्यध्यान नहीं है।

और उसी गृहस्थ का जिस समय एवंभूतनय से उपयोगरूप आर्तध्यान परिणाम है उसी समय उपयोगरूप रौद्रध्यान नहीं और उपयोगरूप धर्म्यध्यान नहीं।

और जब शुद्धात्मानुभव करनेवाले जीव के संपर्क में (वैयावृत्य करने के लिए) वही अव्रती गृहस्थ आता है तब शुद्धात्मानुभव संबंधी उपदेश प्राप्त करता है और युक्तियों से परीक्षा करता है और वही अव्रती गृहस्थ शुद्धात्मानुभव (सम्यक्-आनंद) करता है उस शुद्धात्मानुभव से कर्मदहन (संवरपूर्वक निर्जरा) करता है। वह शुद्धात्मानुभव क्रम से परम निर्वाणसुख का कारण है। उस गृहस्थ अवस्था में शुद्धात्मानुभव (निर्विकल्पज्ञान) का काल अल्प है और सविकल्प का काल बहुत है। अर्थात् उसी अव्रती गृहस्थ का जिस समय एवंभूतनय से उपयोगरूप धर्म्यध्यान याने निजध्रुवशुद्धात्मा का प्रामाण्यसहित प्रत्यक्ष ज्ञान है उसी समय उपयोगरूप आर्तध्यान नहीं और उपयोगरूप रौद्रध्यान नहीं है।



इसलिये अविरत सम्यग्दृष्टि (चतुर्थ गुणस्थानवर्ती) को शुद्धात्मानुभव है।

और भी देखिए **प्रवचनसार-८० नंबर की गाथा-'जो जाणदि अरहंतं' की श्री जयसेनाचार्यरचित तात्पर्यवृत्ति-**

"..... अविकल्पस्वरूपे प्राप्ते..... दर्शनमोहान्धकारः प्रलीयते।"

याने निर्विकल्पज्ञान/शुद्धात्मानुभव प्राप्त होता है उसी समय दर्शनमोह का व्यय होता है।

इसलिये अविरत सम्यग्दृष्टि को शुद्धात्मानुभव होता है।

धवल-पुस्तक नंबर ३, सूत्र नंबर ४३ की टीका-पृष्ठ नंबर २५१-

"(मणुसगईए मणुस्सेसु) सत्तसयकोडिमेत्ता असंजदसम्माइट्ठिणो हवंति॥"

याने असंयत सम्यग्दृष्टि मनुष्य सात सौ करोड़ प्रमाण हैं।

[आप्त का लक्षण]

संस्कृत पृष्ठ नंबर ११०, संस्कृत परिच्छेद नंबर ७६→

शंका – आप्त किसे कहते हैं?

समाधान – जो प्रत्यक्षप्रमितसकलार्थत्व (सर्वज्ञत्व) रहने पर परमहितोपदेशक है, वह आप्त है।

शंका – 'जो प्रमितसकलार्थत्व रहने पर परमहितोपदेशक है, वह आप्त है' ऐसी व्याख्या करने पर क्या बाधा आयेगी?

समाधान – 'जो प्रमितसकलार्थत्व रहने पर परमहितोपदेशक है, वह आप्त है' ऐसी आप्त की व्याख्या करने पर श्रुतकेवली में अतिव्याप्ति होती है, क्योंकि श्रुतकेवली में आगमप्रमितसकलार्थत्व है लेकिन प्रत्यक्षप्रमितसकलार्थत्व नहीं है। इसलिये 'प्रत्यक्ष' ऐसा कहा गया है।

शंका – 'जो प्रत्यक्षप्रमितसकलार्थ है, वह आप्त है' ऐसी आप्त की व्याख्या करने पर क्या बाधा आती है?

समाधान – 'जो प्रत्यक्षप्रमितसकलार्थ है, वह आप्त है' ऐसी व्याख्या करने पर सिद्धों में अतिव्याप्ति होती है। उसके निराकरण के लिये 'परमहितोपदेशक' ऐसा शब्द रखा है।

परमहित याने निःश्रेयस। निःश्रेयस संबंधी उपदेश में ही अर्हंतों की प्रमुखता से प्रवृत्ति है। लेकिन अन्य विषय में प्रश्न के अनुरोध से गौणपना से प्रवृत्ति है, ऐसा भाव (भावार्थ) है। इसप्रकार सिद्धपरमेष्ठी नहीं है, क्योंकि सिद्धपरमेष्ठी में अनुपदेशकपना है। इसलिये 'परमहितोपदेशक' इस विशेषण से सिद्धों में अतिव्याप्ति नहीं होती है। आप्त के सद्भाव में (द्वितीय अध्याय में) प्रमाण उपन्यस्त किया है। नैयायिकादियों के द्वारा माने गये आप्त आप्ताभास हैं, क्योंकि वे असर्वज्ञ हैं। उन आप्ताभासों का 'प्रत्यक्षप्रमिसकलार्थवाला परमहितोपदेशक' इन विशेषणों से निराकरण किया है।

विशेषार्थ-शंका – 'आप्तवाक्यनिबंधनवाले अर्थज्ञान को आगम कहते हैं' ऐसा कहा गया था। तो फिर 'आप्त' किसे कहते है?

समाधान – जो वीतरागी सभी द्रव्य, सभी गुण, सभी पर्यायों को युगपत् (एक साथ, एक समय में) प्रत्यक्ष ज्ञान से जानता है और परमहितोपदेशक है, वह आप्त है।

शंका–आप्त की व्याख्या करते समय 'प्रत्यक्ष' यह शब्द न लेकर 'जो प्रमितसकलार्थत्व रहने पर परमहितोपदेशक है, वह आप्त है' ऐसी व्याख्या करने पर क्या बाधा आयेगी ?

समाधान–'जो प्रमितसकलार्थत्व रहने पर परमहितोपदेशक है, वह आप्त है' ऐसी आप्त की व्याख्या करने पर वह व्याख्या श्रुतकेवली में भी जाती है, इसलिये अतिव्याप्ति नाम का दोष आता है, क्योंकि श्रुतकेवली में आगमप्रमितसकलार्थत्व है लेकिन प्रत्यक्षप्रमितसकलार्थत्व नहीं है। इसलिये 'प्रत्यक्ष' यह शब्द व्याख्या में रखा है।

शंका–आप्त की व्याख्या करते समय 'परमहितोपदेशक' यह शब्द न लेकर 'जो प्रत्यक्षप्रमितसकलार्थवाला है, वह आप्त है' ऐसी व्याख्या करने पर क्या बाधा आती है ?

समाधान–'जो प्रत्यक्षप्रमितसकलार्थवाला है, वह आप्त है' ऐसी व्याख्या करने पर वह व्याख्या सिद्धों में भी जाती है, इसलिये अतिव्याप्ति नाम का दोष आता है। उस दोष का निराकरण करने के लिये 'परमहितोपदेशक' ऐसा शब्द व्याख्या में रखा है। सिद्ध परमहितोपदेश नहीं करते हैं।

परमहित याने नि:श्रेयस याने अव्याबाध अनंत अतींद्रिय आनंद है। अव्याबाध अनंत अतींद्रिय आनंद के संबंधी उपदेश में ही अर्हंत की प्रमुखता से प्रवृत्ति है, लेकिन अन्य विषय में प्रश्न के अनुरोध से गौणपना से प्रवृत्ति है। सिद्ध में अनुपदेशकपना है। इसलिये 'जो प्रत्यक्षप्रमितसकलार्थत्व (सर्वज्ञ) रहने पर परमहितोपदेशक है, वह आप्त है' ऐसी व्याख्या निर्दोष है।

द्वितीय अध्याय में आप्त के सद्भाव के बारे में वर्णन किया है। नैयायिक आदि के द्वारा माने गये 'आप्त' आप्ताभास हैं क्योंकि वे सर्वज्ञ नहीं हैं। उन आप्ताभासों का निराकरण करने के लिये 'प्रत्यक्षप्रमितसकलार्थवाला परमहितोपदेशक' ऐसे शब्द रखे हैं।

इसलिये सच्चे आनंद (शुद्ध ध्यान) के लिये मिथ्याज्ञानी का उपदेश कार्यकारी (लाभवाला) नहीं है।

संस्कृत पृष्ठ नंबर ११०-१११, संस्कृत परिच्छेद नंबर ७७→

शंका–नैयायिकाभिमत आप्त सर्वज्ञ क्यों नहीं है ?


समाधान–उस (नैयायिक अभिमत) ज्ञान का अस्वप्रकाशकत्व और एकपना होने से विशेषणभूत स्वकीय ज्ञान को ही नहीं जानता है। इससे तद्विशिष्ट आत्मा को 'मैं सर्वज्ञ हूँ' ऐसा कैसे जानेगा (प्रतीति करेगा) ? इसप्रकार यह अनात्मज्ञ भी असर्वज्ञ ही है; और सुगतादिक भी सत्य आप्त नहीं हैं। इसका विस्तृत वर्णन आप्तमीमांसाविवरण-अष्टशती में श्री अकलंकदेव आचार्य ने और अष्टसहस्री में श्री विद्यानंद आचार्य ने किया है। इसलिये यहाँ अधिक विस्तार नहीं किया है।


और वाक्य का लक्षण भी अन्य शास्त्रों में प्रसिद्ध है, इसलिये उसका भी लक्षण यहाँ नहीं किया है।

विशेषार्थ–शंका–नैयायिक द्वारा माना गया 'आप्त' सर्वज्ञ क्यों नहीं है ?

समाधान–नैयायिक आदि दर्शनगुण नहीं मानते हैं। इसलिये 'मैं याने स्व याने भावप्रमेय' का वेदन नहीं है। इसलिये उनके मत में ज्ञान को अस्वसंवेदी माना है। इसलिये उनके द्वारा माना गया जो आप्त है, वह आप्त अपने ज्ञान का ज्ञाता नहीं है। अर्थात् उसकी संदृष्टि –

नैयायिक अभिमत आप्त की ज्ञानपर्याय →






नैयायिक अभिमत आप्त को एक ही ज्ञान है। उस ज्ञान को जाननेवाला ज्ञानांतर (दूसरा ज्ञान) भी नहीं है। अन्यथा नैयायिक अभिमत आप्त में दो ज्ञानों का सद्भाव मानने का दोष आयेगा; और दो ज्ञान युगपत् नहीं रहते हैं, ऐसा नियम है। इसलिये नैयायिक अभिमत आप्त विशेषणभूत अपने ज्ञान को ही नहीं जानता है, उस ज्ञानविशिष्ट आत्मा को 'मैं सर्व को जानता हूँ' ऐसी प्रतीति नहीं है। इसलिये नैयायिक अभिमत आप्त सर्वज्ञ नहीं है।

शंका–जो लोग 'सम्यक्-क्रमनियमितपर्याय' को नहीं मानते हैं, उनके द्वारा माना गया 'आप्त' सर्वज्ञ क्यों नहीं है?

समाधान–जो लोग 'सम्यक्-क्रमनियमितपर्याय' को नहीं मानते हैं, वे लोग ऐसा कहते हैं कि, 'कुछ व्यतिरेकिनी पर्यायें क्रमनियमित हैं, लेकिन कुछ व्यतिरेकिनी पर्यायें क्रमनियमित नहीं हैं क्योंकि हम पुरुषार्थ से क्रम में कुछ परिवर्तन कर सकते हैं अथवा क्रम में आगे-पीछे कर सकते हैं, वह परिवर्तन केवलज्ञानी/सर्वज्ञ नहीं जानते हैं।' जैसे-



इसलिये जो लोग 'सम्यक् क्रमनियमितपर्याय' नहीं मानते हैं उनके द्वारा माना गया आप्त 'कुछ पर्यायों को नहीं जानता है।' इसलिये वह सर्वज्ञ नहीं है।

सुगत भी सत्य आप्त नहीं है, क्योंकि सुगत के मत में आगमभाषा में भूल है और अध्यात्मभाषा में भी भूल है।

सांख्य के अभिमत आप्त सत्य नहीं हैं। वैशेषिक के अभिमत आप्त सत्य नहीं हैं। मीमांसक के अभिमत आप्त सत्य नहीं हैं। वेदांती/अद्वैतब्रह्म के आप्त सत्य नहीं हैं। मुस्लिम के अभिमत आप्त सत्य नहीं है। ख्रिश्चन के अभिमत आप्त सत्य नहीं हैं। यहुदी के अभिमत आप्त सत्य नहीं हैं। पारसी के अभिमत आप्त सत्य नहीं है। श्वेतांबर के अभिमत आप्त सत्य नहीं है। 'सत्य आप्त कौन है' इस के बारे में अष्टसहस्री आदि ग्रंथों में विस्तार से वर्णन है। कृपया उन ग्रंथों का अध्ययन कीजिए।

शंका–वाक्य किसे कहते हैं?

समाधान–परस्परापेक्ष पदों का जो निरपेक्ष (दूसरे वाक्य में रहनेवाले पदों से निरपेक्ष) समुदाय है, उसे वाक्य कहते हैं (वह वाक्य 'स्यात्' पद से मुद्रित होता है)। अर्थात् जिस प्रतिपत्ता (जाननेवाले जीव) को जितने परस्परापेक्ष समुदित पदों में निराकांक्षत्व है, उसको उतने में वाक्यत्व की सिद्धि है।

इसका बिशेष वर्णन अष्टसहस्री आदि ग्रंथों में है।

[अर्थ का लक्षण]

संस्कृत पृष्ठ नंबर १११ से ११३ तक, संस्कृत परिच्छेद नंबर ७८→

शंका–अर्थ याने क्या?

समाधान–अनेकांतस्वरूपी अर्थ होता है। यहाँ 'अर्थ' यह लक्ष्यनिर्देश है याने अभिधेय है। 'अनेकांत' यह उसके लक्षण का कथन है।

जिसमें '(१) सामान्य-विशेष, (२) गुण-पर्याय, [(३) नित्य-क्षणिक, (४) दैव-पुरुषार्थ, (५) तत्-अतत्, (६) एक-अनेक]' इत्यादि परस्परविरुद्ध दो शक्तियों (आगमादि से अबाधित परस्परविरुद्ध दो शक्तियों) वाले अनेक अंत/धर्म/भाग/अंश सिद्ध हैं, उसको अनेकांत [अनेक याने दो या दो से अधिक अंत याने धर्म अथवा अंश] कहते हैं।

ऐसी अनेकांतात्मक वस्तु अर्थ है।

उसमें सामान्य अनुवृत्तिस्वरूप है।

जैसे–(१) सभी घटों में पृथुबुध्नोदराकाररूप घटत्व सामान्य है। (२) सभी गायों में सास्नादि-मानपनारूप गोत्व सामान्य है। इससे व्यक्ति (विशेष) से अत्यंत अन्य, नित्य, एक-अनेकवृत्तिवाला ऐसा सामान्य नहीं है। अन्यथा (नहीं तो) 'न याति' इत्यादि श्लोकद्वारा कथित याने "जाता नहीं, और वहाँ नहीं और पश्चात् नहीं और अंशवान नहीं और पूर्व (पहले) का आधार छोड़ता नहीं, ऐसी यह व्यसनसंतति/दोषपरंपरा आती है" ऐसा दिग्नागदर्शित दूषणों का समूह आयेगा। [अर्थात् दोष आते हैं], क्योंकि पृथुबुध्नोदराकारादि के दर्शन के अनंतर ही 'यह घट है, यह घट है' (अथवा सास्नादिमानादि के दर्शन के अनंतर ही) 'यह गाय है, यह गाय है' इत्यादि अनुवृत्त प्रतीति होती है; और उसी वस्तु में 'यह स्थूल घट है, यह सूक्ष्म घट है' इत्यादि व्यावृत्तप्रत्ययालंबनरूप विशेष

भी घटादिस्वरूप ही है। और ऐसा ही वर्णन भगवान माणिक्यनंदि भट्टारक के द्वारा रचित परीक्षामुखसूत्र-अध्याय नंबर ४, सूत्र नंबर १ में किया है कि,-

'उस प्रमाण (ज्ञान) का सामान्यविशेषस्वरूपवाला विषय है।'

विशेषार्थ-शंका–आप्तवाक्यनिबंधनवाले अर्थज्ञान को आगम कहते हैं, ऐसा कहा गया था और ज्ञान का विषय अर्थ है, ऐसा कथन किया था, तो फिर वह 'अर्थ' किसे कहते हैं?

समाधान–अनेकांतात्मक वस्तु को 'अर्थ' कहते हैं। यहाँ 'अर्थ' यह लक्ष्य (जिसका लक्षण करते हैं उसे लक्ष्य कहते हैं ऐसा लक्ष्य) है; और 'अनेकांत' यह उस अर्थ का लक्षण है।

जिसमें '(१) सामान्य-विशेष, (२) गुण-पर्याय, (३) नित्य-क्षणिक, (४) दैव-पुरुषार्थ, (५) तत्-अतत्, (६) सत्-असत्, (७) एक-अनेक, (८) क्रम-अक्रम (सहभू) इत्यादि परस्परविरुद्ध दो शक्तियों (आगमादि से अबाधित परस्परविरुद्ध दो शक्तियों) वाले अनेक अंत याने धर्म अथवा अंश अथवा भाग हैं, उसको अनेकांत कहते हैं। अनेक याने परस्परविरुद्ध दो शक्तियाँ। अंत याने धर्म/भाग/अंश। ऐसी अनेकांतात्मक वस्तु अर्थ है।


उसमें सामान्य अनुवृत्तिस्वरूप है। जैसे–



इन सभी घटों में पृथुबुध्नोदराकाररूप घटपना अनुवृत्तिस्वरूप/अन्वयस्वरूप सामान्य है।



इन सभी गायों में सास्नादिमानपनारूप गोत्व/गायपना अनुवृत्तिस्वरूप सामान्य है।



इन सभी पशुओं में पशुपना अन्वयरूप याने अनुवृत्तिरूप सामान्य है।

इन सभी जीवों में जीवत्व अनुवृत्तिरूप याने अन्वयरूप सामान्य है। इसलिये व्यक्ति/अवस्था/पर्याय/विशेष से अत्यंत भिन्न, नित्य, एक-अनेकवृत्तिवाला; ऐसा सामान्य नहीं है। नहीं तो (अन्यथा) 'न याति' इत्यादि श्लोकद्वारा कथित अनेक दोष आते हैं। याने-

"वह गोत्वादि सामान्य शावलेयादि पर्याय से यदि सर्वथा भिन्न, नित्य, एक-अनेकवृत्तिवाला है तो फिर जब एक गाय पैदा हो गई तब उसमें गोत्व कहाँ से आ गया? अन्य गाय से वह गोत्व नहीं आता है, क्योंकि गोत्व-सामान्य को निष्क्रिय माना है। गाय उत्पन्न होने के पहले गोत्व वहाँ रहता नहीं, क्योंकि गोत्व-सामान्य गाय में रहता है। अन्यथा देश भी गोत्व के संबंध से गो (गाय) हो जाएगा। गोत्व गोपिंड के साथ उत्पन्न नहीं होता है, क्योंकि सामान्य को नित्य माना है अन्यथा सामान्य को अनित्य मानने का दोष आयेगा। सामान्य अंशवान नहीं है, क्योंकि सामान्य को निरंश माना हैं। अन्यथा सामान्य को सांश मानने का दोष आयेगा। 'वह सामान्य पूर्व पिंड का त्याग करके नूतन गो (गाय) में आता हैं' ऐसा कथन नहीं कर सकते, क्योंकि पूर्व पिंड का त्याग नहीं करता है। अन्यथा पूर्व गोपिंड (गाय) अगो (गोत्वरहित) हो जायेगा; और वैसा हो जाये तो पूर्व के गाय में गोत्व का व्यवहार नहीं हो सकेगा। इसलिये गोत्वादि सामान्य को व्यक्ति/पर्याय से सर्वथा भिन्न, नित्य, एक-अनेकवृत्तिवाला मानने में अनेक दोष आते हैं।" पृथुबुध्नोदराकाररूप घटपना देखकर ही 'यह घट है', 'यह घट है' ऐसी अनुवृत्त प्रतीति होती है। उसी तरह सास्नादिमानरूप गोत्व देखकर ही 'यह गाय है', 'यह गाय है' ऐसी अनुवृत्त प्रतीति होती है। उसी तरह जीवत्व को देखकर ही 'यह जीव है', 'यह जीव है' ऐसी अनुवृत्त प्रतीति होती है। इसलिये समानपना ही सामान्य है। यह सामान्य कथंचित् भिन्न-अभिन्न, नित्य-अनित्य और एक-अनेक रूप है। इसतरह सामान्य को मानने से ऊपर कथन किये गए कोई दोष नहीं आते हैं। अभी अपने जीव में भी सामान्य है। यह सामान्य दूसरों में से लाना नहीं और यह सामान्य हर क्षण में विद्यमान है। 'यह सामान्य मुनि होने के बाद आता है' ऐसा नहीं है तो यह सामान्य अव्रती गृहस्थ के जीवद्रव्य में अभी विद्यमान है और अभी जानने/प्रतीति में आता है।

वस्तु में 'यह स्थूल घट है', 'यह सूक्ष्म घट है' इत्यादि व्यावृत्तप्रत्यय का आलंबनरूप विशेष भी घटादिस्वरूप ही है। जीव में 'यह क्रोधी जीव है', 'यह मानी जीव है', 'यह मायावी जीव है', 'यह लोभी जीव है', 'यह वीतरागी जीव है', 'यह अल्पज्ञ है', 'यह विशेषज्ञ है' इत्यादि विशेष/पर्याय भी है।

और माणिक्यनंदि आचार्य के द्वारा रचित **परीक्षामुखसूत्र**-अध्याय नंबर ४, सूत्र नं १ में लिखा है कि,

"उस प्रमाण (मतिज्ञान आदि) का सामान्यविशेषस्वरूपवाला विषय है।"

एक सुवर्ण का घट था। उस घट को तोडकर मुकुट बनाया। कोई तीन अव्रती जीव थे। लड़की को सुवर्ण का घट चाहिये था, लड़के को मुकुट चाहिए था। जब लड़की ने घट का व्यय/नाश देखा तो उसको दुःख हुआ। लड़के ने मुकुट का उत्पाद देखा तो लड़के को सुख/प्रमोद हुआ। पिताजी ने सुवर्णद्रव्य (ध्रुव) देखा तो पिताजी माध्यस्थ (दुःख और सुख से रहित) रहे।

घटार्थी जीव ने व्यय की दृष्टि से वह अशेषधर्मात्मक द्रव्य देखा, तो उसको दुःख हो गया। मुकुटार्थी जीव ने उत्पाद की दृष्टि से वही अशेषधर्मात्मक द्रव्य देखा, तो उसको सुख हो गया। सुवर्णद्रव्यार्थी जीव ने ध्रुव की दृष्टि से उसी अशेषधर्मात्मक द्रव्य को देखा, तो उसको माध्यस्थभाव हो गया।

पर्याय की दृष्टि से अपने आत्मद्रव्य को मैं मनुष्य, स्त्री, पुरुष, संसारी, छद्मस्थ, रागी, मोही, मुनि, अल्पज्ञ, इत्यादि पर्यायरूप देखने से सुख-दुख होते हैं, आकुलता होती है, परमानंद नहीं होता है; और ध्रुव की दृष्टि से अपने आत्मद्रव्य को अर्थात् निजध्रुवशुद्धज्ञानदर्शनानंदात्मा को प्रामाण्यसहित प्रत्यक्ष ज्ञान से जानते समय निराकुल परमानंद होता है, समता/वीतरागता आती है, मोह-राग-द्वेष नहीं होते हैं।

संस्कृत पृष्ठ नंबर ११५, संस्कृत परिच्छेद नंबर ८२→

उसीतरह अजीवद्रव्य में भी उत्पाद-व्यय-ध्रौव्य सिद्ध है। जैसे- मिट्टी द्रव्य में भी मिट्टी के पिंडाकार का व्यय, पृथुबुध्नोदराकार का उत्पाद और मिट्टी के स्पर्श-रस-गंध-वर्णादि का ध्रुवत्व है। स्वामी समंतभद्राचार्य के अभिमतानुसारी वामन के भी सदुपदेश से पूर्व-अज्ञानस्वभाव का व्यय (नाश) करने के लिये और उपरितन अर्थज्ञानस्वभाव को स्वीकार करने के लिये जो आत्मा समर्थ है वह ही शास्त्राधिकारी है। वे वामन कहते हैं कि 'न शास्त्रमसद्द्रव्येष्वर्थवत्' याने शास्त्र असत् द्रव्यों में अर्थवान नहीं है। वह ही अनेकांतात्मक वस्तु है; क्योंकि प्रमाणवाक्य का विषय होने से अर्थपना से रहती है; और उसका अनुमानप्रयोग करते हैं कि, 'सर्व द्रव्यें अनेकांतात्मक हैं, क्योंकि सत्पना है। जो अनेकांतात्मक (साध्यरूप) नहीं, वह सत् (साधनरूप) नहीं; जैसे- आकाश का कमल।'

विशेषार्थ – उसीतरह पुद्गल, धर्म, अधर्म, आकाश और काल इन सभी अजीव द्रव्यों में भी उत्पादव्ययध्रौव्य है। चार्ट नंबर ३०, पृष्ठ नंबर ४६३ देखिए। पूर्व कुशूल पर्याय का व्यय और वर्तमान घट पर्याय का उत्पाद और स्पर्शरसगंधवर्णादि ध्रुव है। चार्ट नं. १९, चार्ट नं. २१ देखिए। प्रत्येक समय में पूर्व पर्याय का व्यय और वर्तमान पर्याय का उत्पाद और द्रव्य तथा गुण ध्रुव रहते हैं। इसतरह आकाशद्रव्य में प्रत्येक समय में पूर्व पर्याय का व्यय और वर्तमान पर्याय का उत्पाद और आकाशद्रव्य तथा उसके गुण ध्रुव हैं। इसतरह धर्मद्रव्य में प्रत्येक समय में पूर्व पर्याय का व्यय और वर्तमान पर्याय का उत्पाद और धर्मद्रव्य तथा उसके गुण ध्रुव हैं। इसतरह अधर्मद्रव्य में प्रत्येक समय में पूर्व पर्याय का व्यय और वर्तमान पर्याय का उत्पाद और अधर्मद्रव्य तथा उसके गुण ध्रुव है। इसतरह कालाणुद्रव्य में प्रत्येक समय में पूर्व पर्याय का व्यय और वर्तमान पर्याय का उत्पाद और कालाणुद्रव्य तथा उसके गुण ध्रुव हैं। जीवद्रव्य में प्रत्येक समय में पूर्व पर्याय का व्यय और वर्तमान पर्याय का उत्पाद और जीवद्रव्य तथा उसके गुण ध्रुव हैं। चार्ट नंबर २, चार्ट नंबर १९ देखिए। इसतरह द्रव्य में एक अंश ध्रुव और एक अंश क्षणिक हैं। इसीतरह सभी द्रव्यें अनेकांतात्मक हैं, क्योंकि सत्पना है। जो अनेकांतात्मक नहीं, वह सत् नहीं; जैसे- आकाश का कमल/पुष्प/फूल। वंध्या का पुत्र भी सत् नहीं,



घटमौलिसुवर्णार्थी नाशोत्पादस्थितिष्वयम् ।
शोकप्रमोदमाध्यस्थ्यं जनो याति सहेतुकम् ॥

खरगोश के सिंग भी सत् नहीं, गधे का सिंग भी सत् नहीं।

संस्कृत पृष्ठ नंबर ११५-११६, संस्कृत परिच्छेद नंबर ८३→

शंका – यद्यपि आकाश में कमल नहीं है, तथापि तालाब में कमल है। इस कारण से कमल से 'सत्त्व' इस हेतु की व्यावृत्ति नहीं होती है?


समाधान – तो फिर इस कमल में अधिकरणविशेष की अपेक्षा से सत्-असत्रूप अनेकांत के अन्वयदृष्टांत का वर्णन आपके द्वारा ही प्रतिपादन किया गया। इसतरह से आपके द्वारा संतोष मानना योग्य है।

'सम्यग्दर्शनज्ञानचारित्राणि मोक्षमार्गः।' इस उदाहृत वाक्य से भी 'सम्यग्दर्शन, सम्यग्ज्ञान और सम्यक्चारित्र इन तीनों के ऐक्य में मोक्षकारणपना ही है; संसारकारणपना नहीं' ऐसा विषयविभाग से 'कारणत्व है और कारणत्व नहीं' ऐसा प्रतिपादन किया गया है, क्योंकि सभी वाक्य सावधारण (एवकार अथवा ही से सहित) होते हैं, ऐसा न्याय है। इसतरह वस्तु अनेकांतात्मक है, यह प्रमाणसिद्ध है।

विशेषार्थ-शंका – यद्यपि आकाशद्रव्य द्वारा उत्पन्न किया हुआ कमल आकाश में नहीं तथापि तालाब में कमल है। इसलिये कमल में सत्पना है, कमल में सत्पना का अभाव नहीं। अर्थात् कमल से सत्त्व की व्यावृत्ति नहीं। तो फिर 'जो सत् है वह अनेकांतात्मक है' इस कथन के साथ सुसंवाद कैसे होगा?

समाधान – यद्यपि 'आकाश का कमल नहीं तथापि तालाब में कमल है' इसतरह कमल के अधिकरणविशेष की अपेक्षा से 'सत् (अस्ति/है/विद्यमान/सद्भाव) और असत् (नास्ति/नहीं/अविद्यमान/अभाव)' परस्पर विरुद्ध दो या अनेक धर्मों/अंशों का होने से अनेकांतस्वरूप की सिद्धि हो गयी।

इसतरह "(आ १) प्रमाण-मतिज्ञान अथवा (आ १) प्रमाण-श्रुतज्ञान अथवा (आ २) प्रमाण-केवलज्ञान अथवा (आ ३) प्रमाण–मनःपर्ययज्ञान अथवा (आ ४) प्रमाण-अवधिज्ञान अथवा (आ ५) प्रमाण-मतिज्ञान अथवा (आ ५) प्रमाण-श्रुतज्ञान साधन के द्वारा 'अस्ति और नास्ति' अर्थात् 'भाव और अभाव' रूप अनेकांत युगपत् प्रकाशित होते हैं" यह सिद्ध हो गया।

← 

(आ)
प्रमाण-सकल

इसलिये 'निजध्रुवशुद्धज्ञानदर्शनानंदात्मा' को जाननेवाले (आ ५) प्रमाण-मतिज्ञान-अतींद्रिय प्रत्यक्षमतिज्ञान से 'भाव और अभाव' युगपत् प्रकाशित होते हैं। और

'निजध्रुवशुद्धज्ञानदर्शनानंदात्मा' को जाननेवाले (आ ५) प्रमाण-श्रुतज्ञान-अतींद्रिय प्रत्यक्षश्रुतज्ञान से 'भाव और अभाव' युगपत् प्रकाशित होते हैं।

यह ही बात **श्री कुंदकुंदाचार्यरचित समयपाहुड/समयसार गाथा नंबर ३८ में** कही है→

"अहमिक्को खलु सुद्धो दंसणणाणमइओ सदारूवी।
ण वि अत्थि मज्झ किंचिवि अण्णं परमाणुमित्तं पि॥३८॥"

अर्थ – मैं एक शुद्ध दर्शनज्ञानमय सदा अमूर्तिक हूँ; किंचित्मात्र भी अन्य परमाणुमात्र भी मेरा नहीं।

इसतरह (आ ५) प्रमाण-मतिज्ञान से अथवा (आ ५) प्रमाण-श्रुतज्ञान से 'भाव/अस्ति और अभाव/नास्ति' युगपत् प्रकाशित होते हैं।

जब **'सम्यग्दर्शनज्ञानचारित्राणि मोक्षमार्गः।' इस वाक्य को देखा तब 'सम्यग्दर्शन, सम्यग्ज्ञान और सम्यक्चारित्र इन तीनों की एकता में मोक्षकारणपना ही है, संसारकारणपना नहीं' ऐसी 'अस्ति/भाव और नास्ति/अभाव' की प्रतीति हो गयी, क्योंकि सभी वाक्य एवकार/ही से सहित होते हैं।**

इसतरह ' वस्तु अनेकांतात्मक है ' यह प्रमाणसिद्ध है।

[नय]


संस्कृत नंबर ११६-११७, संस्कृत परिच्छेद नंबर ८४→

[नय का स्वरूप और प्रकार रूप से निरूपण कर के सप्तभंगी का प्रतिपादन करते हैं।]

अब ' (ब) नयों ' का वर्णन करते हैं।

शंका – ' (ब) नय ' किसे कहते हैं?

समाधान – (आ) प्रमाण के द्वारा जाने हुए विषय (अर्थ) के एकदेश को जाननेवाले (ग्रहण करनेवाले) प्रमाता/ज्ञाता के अभिप्रायविशेषरूप ज्ञान पर्याय को नय कहते हैं।



(आ)
प्रमाण-सकल

← 

(ब)
नय-विकल

नय-लघीयस्त्रय कारिका नंबर ५२ में कहा है कि ' ज्ञाता का अभिप्राय (ही) नय है। ' वह नय संक्षेप से दो प्रकार के है– (१) द्रव्यार्थिकनय और (२) पर्यायार्थिकनय। उनमें→

(१) द्रव्यार्थिकनय→ (आ) प्रमाण साधन के द्वारा प्रतिपन्न जो ' द्रव्य-पर्यायरूप, एक-नानात्मक अनेकांतरूप ' अर्थ (विषय) है; उसका विभाग करके उसमें से भेदरूप पर्यायार्थिकनय के विषय का गौणभाव से अवस्थानमात्र अभ्यनुजाननेवाला अपने विषयरूप द्रव्य के अभेद को ही जानता है, क्योंकि आगम में कहा है कि ' नयांतरसापेक्ष सत् नय होता है। ' जैसे- ' सुवर्ण को लावो। ' यहाँ द्रव्यार्थिकनय के अभिप्राय से ' सुवर्णद्रव्य लावो ' ऐसे कथन (जानने) में कटक, कुंडल और केयूर को लानेवाला (गौण करनेवाला) ' [(ब)→(क)] श्रुतनयज्ञान पर्याय/(ग) अभेदवृत्तिनयज्ञान पर्याय ' साधन सुवर्णद्रव्य का ' अभेदद्रव्य/अभेद ' का ग्रहण करने में कृतकृत्य होता है, क्योंकि सुवर्णरूप से कटकादिओं के भेद का अभाव है।

(२) पर्यायार्थिकनय → द्रव्यार्थिकनय को गौण करके प्रवर्तमान पर्यायार्थिकनय का अवलंबन करके ' कुंडल लावो ' ऐसे कथन (जानने) में ' कटकादि में ' प्रवर्तन नहीं करता है; क्योंकि कटकादि पर्यायों से कुंडल पर्याय भिन्न हैं।

इसलिये

(१) द्रव्यार्थिकनय के अभिप्राय से सुवर्ण स्यात् एक ही है।

(२) पर्यायार्थिकनय के अभिप्राय से स्यात् अनेक (नाना) ही है।

(३) क्रम से उभयनय के अभिप्राय से स्यात् एक-नाना ही है।

(४) युगपत् उभयनय के अभिप्राय से स्यात् अवक्तव्य ही है; क्योंकि युगपत् प्राप्त दोनों नयों से विविक्तस्वरूप एकत्व और नानात्व इनमें विमर्श (विचार या कथन) असंभव है। जैसे- युगपत् उपनत (प्राप्त) दो शब्दों के द्वारा घट के प्रधानभूत विविक्तस्वरूप रूपवानपना और रसवानपना इन दो धर्मों का प्रतिपादन शक्य नहीं है।

वह इस अवक्तव्यस्वरूप का उन-उन अभिप्रायों के द्वारा उपनत (प्राप्त) एकत्वादिओं से समुचित है –

(५) स्यात् एक-अवक्तव्य है।

(६) स्यात् नाना-अव्यक्तव्य है।


(७) स्यात् एक-नाना-अवक्तव्य है।

वह यह नयविभागपरिपाटी ही सप्तभंगी कही जाती है; क्योंकि ' भंग शब्द में वस्तुस्वरूपभेदवाचकपना




होने से सात भंगों का समूह ही सप्तभंगी है' ऐसा सिद्ध है।

विशेषार्थ – शंका→ '(ब) नय' साधन किसे कहते हैं?


समाधान– आ→  (आ) प्रमाण श्रुतज्ञान के द्वारा जाने हुए विषय/अर्थ के

ब→  एकदेश को जाननेवाले/ज्ञान पर्याय को (ब) नय श्रुतनयज्ञान कहते हैं।

देखिए– भावलिंगी श्री पूज्यपादाचार्यरचित सर्वार्थसिद्धि-अध्याय १ ला, सूत्र ६ की टीका→

संस्कृत	हिंदी
'' अभ्यर्हितत्वात् प्रमाणस्य पूर्वनिपातः।	अभ्यर्हितत्व (पूज्यपना) होने से प्रमाण शब्द (सूत्र में) पहले रखा है।
.....	
कुतः अभ्यर्हितत्वम्?	 शंका – (आ) प्रमाणज्ञानपर्याय साधन में अभ्यर्हितपना/पूज्यपना क्यों है?
नयप्ररूपणप्रभवयोनित्वात्।	→ समाधान–क्योंकि (आ) प्रमाण ज्ञानसाधन से ही
एवं ही उक्तं ' प्रगृह्य प्रमाणतः	 → (ब) नय-श्रुतनयज्ञान की उत्पत्ति होती है। आगम में ऐसा कहा है कि→
परिणतिविशेषात् अर्थावधारणं	 → '(आ) प्रमाण से जानकर',
नयः ' इति।''	 → परिणतिविशेष से अर्थावधारण को '(ब) नय' कहते हैं।

और भी देखिए भावलिंगी श्री अकलंकदेव आचार्यरचित तत्त्वार्थवार्तिक (राजवार्तिक) – अध्याय १, सूत्र ६ की टीका→

संस्कृत	हिंदी
" प्रमाणप्रकाशितेषु अर्थेषु नयप्रवृत्तेः व्यवहारहेतुत्वात् अभ्यर्हः ॥२॥ यतः प्रमाणप्रकाशितेषु अर्थेषु नयप्रवृत्तिः व्यवहारहेतुः भवति न अन्येषु अतः अस्य अभ्यर्हितत्वम्।	चार्ट नंबर २० देखिए। (आ) प्रमाण के द्वारा प्रकाशित अर्थों में नयप्रवृत्तिरूप व्यवहार-हेतुपना होने से (आ) प्रमाण पूज्य हैं। जिस कारण से (आ) प्रमाण के द्वारा प्रकाशित अर्थों में
	 ← '(ब)→ (क) नय अथवा ← (ब)→(ख) नय ' श्रुतनयज्ञान की प्रवृत्ति व्यवहारहेतु होती है, अन्यों में व्यवहारहेतु नहीं होती है।
..... अथवा	अथवा
समुदायविषयं प्रमाणम् अवयवविषयाः नयाः इति प्रमाणस्य अभ्यर्हितत्वम्। "	समुदायविषय को प्रमाण कहते हैं। और उसके अवयव रूप विषय को नय कहते हैं। इसतरह प्रमाण का पूज्यपना है।

[यहाँ अध्यात्मन्यायदीपिका के पृष्ठ १२४ से १३० तक पढ़िए, चार्ट नंबर २० और चार्ट नं. ७ देखिए।]


शंका – " श्रुतभवनदीपकनयचक्र में ऐसा लिखा है कि→

' ननु प्रमाणलक्षणः यः असौ व्यवहारः सः व्यवहारनिश्चयमनुभयं च गृह्णन् अपि अधिकविषयत्वात् कथं न पूज्यतमः ? न एवं नयपक्षातीतं आत्मानं कर्तुमशक्यत्वात्। '

अर्थ–प्रश्न– (आ) प्रमाणलक्षणरूप जो यह व्यवहार है वह व्यवहार-निश्चय और अनुभय को ग्रहण करनेवाला भी अधिक विषयपना होने से (ब) नय साधन से कैसे पूज्यतम नहीं ?



उत्तर – इसप्रकार नहीं है, क्योंकि आत्मा को नयपक्षातीत करने में वह (आ) प्रमाण समर्थ नहीं है।

तो फिर आप (आ ५) प्रमाण मतिज्ञान साधन से अथवा (आ ५) प्रमाण श्रुतज्ञान साधन से ' निजध्रुवशुद्धात्मा ' को जाननेवाली ज्ञान पर्याय को शुद्धात्मानुभववाली ज्ञान पर्याय कैसे कहते हैं ? नयपक्षातीत कहकर ' निजध्रुवशुद्धात्मा ' को जाननेवाला (क) नय श्रुतज्ञान साधन को शुद्धात्मानुभव ज्ञान पर्याय कहनी चाहिये ? "




(ब) नय-विकल

समाधान – आपने जो श्रुतभवनदीपकनयचक्र का उद्धरण दिया है उसका अर्थ और भावार्थ करने में भूल (चूक) की है। क्योंकि उसका योग्य अर्थ इस प्रकार है→

संस्कृत	हिंदी
[श्रुतभवनदीपकनयचक्र] ननु प्रमाणलक्षणः यः असौ व्यवहारः सः व्यवहार-निश्चयमनुभयं च गृह्णन् अपि अधिकविषयत्वात् कथं न पूज्यतमः ?	चार्ट नं. १९ और ७ देखिए **प्रश्न** – (जि) प्रमाण लक्षण याने (जि) प्रमाण/निक्षेप/विषयवाला/ ज्ञेयवाला/ ध्येयवाला/अनुभाव्यवाला जो यह व्यवहार है वह 'व्यवहार-निश्चय और अनुभय' को ग्रहण करनेवाला भी अधिक विषय याने निक्षेप याने प्रमेय/ज्ञेय/ध्येय/ अनुभाव्यपना होने से कैसे पूज्यतम नहीं है ? [अर्थात् यहाँ विषय याने निक्षेप की चर्चा है, चार्ट नंबर १९ की चर्चा है, चार्ट नंबर २० के  → (आ) प्रमाण अथवा  → (ब) नय ज्ञान पर्याय' साधन की चर्चा नहीं है।]

संस्कृत	हिंदी
न एवं, नयपक्षातीतं आत्मानं कर्तुमशक्यत्वात्।	क्योंकि 'विषय' यह शब्द संस्कृत में है। **उत्तर→** (जि) प्रमाण याने विषयवाला/निक्षेपवाला [(जि) प्रमाण] = [निश्चयनय + व्यवहारनय + अनुभय] अथवा $\boxed{\text{(जि) प्रमाण}} = \boxed{\text{निश्चयनय + व्यवहारनय}}$ विषय = विषय यहाँ (आ) प्रमाण नहीं है। इसतरह शुद्धात्मानुभूति में (ज्ञि) प्रमाणवाला विषय लेना ठीक नहीं है, क्योंकि (जि) प्रमाण याने निश्चयव्यवहार का संकलनवाला विषय लेने पर आत्मा को नयपक्षातीत (शुद्धात्मानुभव) करना शक्य नहीं।






ऐसा हीं अर्थ योग्य अर्थ है, क्योंकि उस श्रुतभवनदीपकनयचक्र के उद्धरण के पूर्व में उसी **श्रुतभवनदीपकनयचक्र (प्रथम अध्याय)** में ऐसा लिखा है कि→

संस्कृत		हिंदी
एवं आत्मा यावत् व्यवहारनिश्चयाभ्यां तत्त्वं अनुभवति तावत् परोक्षानुभूतिः।		इसप्रकार आत्मा जब तक → (ब) नय व्यवहारनयज्ञान साधन के द्वारा अथवा (ब) नय निश्चयनयज्ञान साधन के द्वारा 'तत्त्व/निजध्रुवशुद्धात्मा' का अनुभव करता है तब तक वह परोक्ष ही अनुभव है (अर्थात् प्रत्यक्ष नहीं)।
प्रत्यक्षानुभूतिः नयपक्षातीता।		नयपक्षातीत होना याने प्रत्यक्ष अनुभव करना याने प्रत्यक्ष जानना।


परोक्ष ज्ञान और प्रत्यक्ष ज्ञान ये ज्ञान के पर्यायधर्म हैं।

परोक्ष ज्ञान और प्रत्यक्ष ज्ञान ये ज्ञेय/विषय/निक्षेप के भेद अथवा धर्म नहीं। क्योंकि '**प्रमाणनयैः अधिगमः**' यह सूत्र [तत्त्वार्थसूत्र-अध्याय १, सूत्र नं. ६] **ज्ञानसाधनों का वर्णन** करता है। और '**नामस्थापना-द्रव्यभावतस्तन्न्यासः**' यह सूत्र [तत्त्वार्थसूत्र-अध्याय १, सूत्र नं. ५] **निक्षेप/विषय/ज्ञेय का वर्णन** करता है।

'शुद्धनिश्चय याने निजध्रुवशुद्धात्मा' को जानने का साधन जब '(आ ५) प्रमाण-मतिज्ञान अथवा (आ ५) प्रमाण-श्रुतज्ञान है, तब शुद्धात्मानुभव होता है।'

विषय	साधन		
शुद्धनिश्चयनय याने निजध्रुवशुद्धात्मा याने (ग) अभेदवृत्तिनय		(क) श्रुतनयज्ञान यह परोक्ष ज्ञान ही होता है, यह प्रत्यक्ष ज्ञान नहीं।	} यह परोक्ष ज्ञान है, यह शुद्धात्मानुभव नहीं।
शुद्धनिश्चयनय याने निजध्रुवशुद्धात्मा याने (ग) अभेदवृत्तिनय		(आ १) प्रमाण-मतिज्ञान-परोक्ष ज्ञान है।	} यह शुद्धात्मानुभव नहीं।
शुद्धनिश्चयनय याने निजध्रुवशुद्धात्मा याने (ग) अभेदवृत्तिनय		(आ १) प्रमाण-श्रुतज्ञान-परोक्ष ज्ञान है।	} यह शुद्धात्मानुभव नहीं।
शुद्धनिश्चयनय याने निजध्रुवशुद्धात्मा याने (ग) अभेदवृत्तिनय		(आ ५) प्रमाण मतिज्ञान-अतींद्रिय प्रत्यक्ष है, प्रामाण्यसहित है।	} यह शुद्धात्मानुभव है।
शुद्धनिश्चयनय याने निजध्रुवशुद्धात्मा याने (ग) अभेदवृत्तिनय		(आ ५) प्रमाण-श्रुतज्ञान-अतींद्रिय प्रत्यक्ष है, प्रामाण्यसहित है।	} यह शुद्धात्मानुभव है।

शुद्धनिश्चयनय याने निजध्रुवशुद्धात्मा याने (ग) अभेदवृत्तिनय

←इस विषय को 

(ख) श्रुतनय ज्ञान साधन के द्वारा जानने में नहीं आता; क्योंकि इस साधन का विषय (च) भेदोपचार अथवा (छ) भेदवृत्ति है। यह (ख) श्रुतनय ज्ञान साधन परोक्ष ज्ञान ही है, प्रत्यक्ष ज्ञान नहीं।



इसतरह (ब) श्रुतनयज्ञान साधन के




(क[1]) श्रुतनयज्ञान साधन याने नय/प्रमाणवाक्यज्ञान साधन और




(ख[2]) श्रुतनयज्ञान साधन याने धर्म/नयवाक्यज्ञान साधन ये दो भेद हैं। ये दोनों परोक्ष ज्ञान ही हैं, प्रत्यक्ष ज्ञान नहीं।

शंका – 'निजध्रुवशुद्धज्ञानदर्शनानंदात्मा' को जानते समय नयपक्षातीत होकर कैसे जाने? अथवा जल्पातीत कैसे हो जावे?


समाधान – छद्मस्थ जीव का दर्शनोपयोग (निराकारोपयोग) पूर्वक ही ज्ञानोपयोग होता है। और दर्शनोपयोग के पश्चात् मतिज्ञान होता है। (पृष्ठ ४८५ पर देखिए) ।




(आ) मतिज्ञानपूर्वक



(आ) श्रुतज्ञान होता है। और



(आ) श्रुतज्ञानपूर्वक



(क) श्रुतनयज्ञान अथवा



(ख) श्रुतनयज्ञान होता है।

छद्मस्थ जीव में चेतनोपयोग एक विषय को छोड़कर अन्य विषय के तरफ जब जाता है तब प्रथम निराकारोपयोग याने दर्शनोपयोग होता है। इसलिये यहाँ चार्ट नं. ४८ देखिए। चार्ट नीचे से ऊपर देखिए।


टीप – (१) (क) श्रुतनयज्ञान के विषय (ग) अभेदवृत्ति अथवा अभेदोपचार हैं।
(२) (ख) श्रुतनयज्ञान के विषय (छ) भेदोपचार अथवा भेदवृत्ति हैं।

चार्ट नंबर ४८


	स्व	अर्थ	
(ब) ज्ञानोपयोग-श्रुतनयज्ञान	मैं	अल्पज्ञ हूँ।	जल्प
(आ १) ज्ञानोपयोग-श्रुतज्ञान	मैं	यह अल्पज्ञ हूँ।	↑
(आ १) ज्ञानोपयोग-मतिज्ञान	मैं	यह अल्पज्ञ हूँ।	↑
दर्शनोपयोग	मैं		↑
ज्ञानोपयोग	मैं	यह भूमि जानता हूँ।	↑
दर्शनोपयोग	मैं		↑

	स्व	अर्थ		
(ब) ज्ञानोपयोग-श्रुतनयज्ञान	मैं	निजध्रुवज्ञानानंद हूँ।	जल्प	
(आ ५) ज्ञानोपयोग स्वानुभव प्रत्यक्ष श्रुतज्ञान	मैं	यह निजध्रुवज्ञानानंद हूँ।	↑	नयपक्षातीत
(आ ५) ज्ञानोपयोग स्वानुभव प्रत्यक्ष मतिज्ञान	मैं	यह निजध्रुवज्ञानानंद हूँ।	↑	नयपक्षातीत
दर्शनोपयोग	मैं		↑	
ज्ञानोपयोग	मैं	यह भूमि जानता हूँ।	↑	
दर्शनोपयोग	मैं		↑	


इसतरह जब 'मैं निजध्रुवशुद्धात्मा हूँ' जल्प होता था तब उस विषय को छोड़कर 'भूमि' जानने के लिये उपयोग बदल दिया। फिर 'निजध्रुवशुद्धज्ञानदर्शनानंदात्मा याने निजसत्शुद्धचिदात्मा' की तरफ चेतनोपयोग लगाया तो प्रथम दर्शनोपयोग/निराकारोपयोग हो गया। पश्चात् 'निजध्रुवशुद्धज्ञानदर्शनानंदात्मा याने निजसत्शुद्धचिदात्मा' को जाना तब (आ ५) प्रमाण-मतिज्ञान पर्याय हो गई। वह मतिज्ञान प्रत्यक्ष प्रमाण है, नयातीत है, क्योंकि मतिज्ञान में 'नय' नहीं; और उस समय स्मृति या प्रत्यभिज्ञान या तर्कज्ञान या अनुमान ज्ञानपर्याय नहीं है, क्योंकि 'यह' (इदंता) उल्लेखीरूप से जाना है; इसलिये पक्षातीत है। अर्थात्




"मैंने मतिज्ञान-अतींद्रिय प्रत्यक्ष ज्ञान (आ ५) के द्वारा 'निजध्रुव-शुद्धज्ञानदर्शनानंदात्मा' को जाना और यह मेरा जानना सत्यज्ञान ही है" ऐसा जाना याने प्रामाण्यसहित प्रत्यक्ष जाना। चार्ट नंबर ४८ देखिए और स्वयं प्रयोग करके देखिए।



मैंने श्रुतज्ञान-अतींद्रिय प्रत्यक्ष ज्ञान (आ ५) के द्वारा 'निजध्रुव-शुद्धज्ञानदर्शनानंदात्मा' को जाना। उसके पश्चात्



श्रुतनयज्ञान (ब)-(क) हो गया, यह श्रुतनयज्ञानसाधन (ब) शुद्धात्मानुभव नहीं; उसके पहले वाले (आ ५) मतिज्ञान शुद्धात्मानुभव है और (आ ५) श्रुतज्ञान शुद्धात्मानुभव है।

शंका – 'निजध्रुवशुद्धात्मा' का  **'(आ ५) मतिज्ञान' के द्वारा शुद्धात्मानुभव होता नहीं, ऐसा मानेंगे तो क्या बाधा आती है?**

समाधान – भावलिंगी श्री गुणभद्राचार्यरचित-कसायपाहुड ग्रंथ के साथ और भावलिंगी श्री यतिवृषभाचार्य-रचितचूर्णिसूत्र के साथ और जयधवल-टीका के साथ विरोध आएगा, श्री अमृतचंद्राचार्य, श्री जयसेनाचार्यादि रचित अध्यात्म ग्रंथों के साथ विरोध आएगा। जैसे-

कसायपाहुड-जयधवल-पुस्तक १२, पृष्ठ ३०४-३०५→

"सागारे पट्ठवगो निट्ठवगो मज्झिमो य भजियव्वो।
जोगे अण्णदरह्मि य जहण्णगो तेउलेस्साए॥९८॥"

इत्यादि [अध्यात्मन्यायदीपिका पृष्ठ १३६ - १३७ पर उद्धरण और अर्थ दिया है, वहाँ देखिए।]

यहाँ चार्ट नंबर ४९ देखिए। चार्ट नीचे से ऊपर देखिए।


चार्ट नंबर ४९

प्रथमोपशम सम्यग्दर्शन प्रथम समय		↑	साकार ज्ञानोपयोग-मतिज्ञान (आ ५)
मिथ्यात्व, अनिवृत्तिकरणलब्धि निष्ठापक-अंत्यसमय		↑	दर्शनोपयोग/निराकारोपयोग
मिथ्यात्व, अनिवृत्तिकरणलब्धि		↑	
मिथ्यात्व, अपूर्वकरणलब्धि		↑	
मिथ्यात्व, अपूर्वकरणलब्धि		↑	
मिथ्यात्व, अपूर्वकरणलब्धि		↑	
मिथ्यात्व, अधःकरणलब्धि		↑	
मिथ्यात्व, अधःकरणलब्धि		↑	
मिथ्यात्व, अधःकरणलब्धि		↑	
मिथ्यात्व, अधःकरणलब्धि प्रस्थापक		↑	साकार ज्ञानोपयोग


इसतरह **कसायपाहुड-जयधवला** के आधार से शुद्धात्मानुभव के समय में ' (आ ५)-मतिज्ञान ' की सिद्धि हो गयी।

इसी तरह अध्यात्मन्यायदीपिका पृष्ठ नंबर १३१ से १३८ तक अनेकों उद्धरण देकर सिद्ध किया है कि ' (आ ५)-मतिज्ञान ' इस ज्ञान साधन के द्वारा ' निजध्रुवशुद्धात्मा ' का शुद्धात्मानुभव होता है। उनको न मानने से शुद्धात्मानुभव नहीं होगा और निश्चयसम्यग्दर्शन नहीं होगा और मिथ्यात्वादि सात प्रकृतियों का उपशम भी नहीं होगा, फिर मिथ्यात्वादि सात प्रकृतियों का क्षयोपशम भी नहीं होगा। इत्यादि। शुद्धात्मानुभव नहीं होने से सम्यक्-अतींद्रिय-आनंद भी नहीं होगा। **दुराग्रह करने से मोक्षमार्ग नहीं होगा।** मोक्ष की प्राप्ति भी नहीं होगी।

(१) द्रव्यार्थिकनय – (आ) प्रमाण साधन के द्वारा प्रतिपन्न जो ' द्रव्य-पर्यायरूप, एक-नाना, अनेकांतवाला ' अर्थ (विषय) है; उसका विभाग करके उसमें से भेदरूप पर्यायार्थिकनय के विषय का गौणभाव/तिरोभाव [लोप न करते हुए गौण] करके अपने विषयरूप द्रव्य के अभेद को जानता है। अर्थात् समझ लीजिए→




(आ ५) प्रमाण-मतिज्ञान-अतींद्रिय प्रत्यक्ष मतिज्ञान के द्वारा ' निजध्रुवशुद्धात्मा ' को ' भाव और अभाव ' रूप से युगपत् जाना। उसके पश्चात्




(आ ५) प्रमाण-श्रुतज्ञान-अतींद्रिय प्रत्यक्ष श्रुतज्ञान के द्वारा ' निजध्रुवशुद्ध-ज्ञानदर्शनानंदात्मा ' को ' भाव और अभाव ' रूप से युगपत् जाना [पृष्ठ नंबर ४४०] उसके पश्चात्

उस जीव ने कथन किया कि ' निजध्रुवशुद्धात्मा हूँ। ' अर्थात् इस समय




(आ ५) प्रमाण श्रुतज्ञान के द्वारा प्रकाशित किये हुए [' निजध्रुवशुद्धात्मा हूँ, अन्य नहीं ' इस] अर्थ के ' द्रव्य (ध्रुवात्मा) तथा पर्याय (याने निज-तिर्यक्विशेष) ' इत्यादि में से " ध्रुववान अस्ति (ध्रुववान है) " इस एक ही भंग को जाना याने




(क) श्रुतनयज्ञान साधन से जाना और कथन/वचन हो गया; अन्य भंगों (अन्य सापेक्ष भंगों) को गौण किया। इसतरह द्रव्य के अभेद (अभेदवृत्ति) को जानता है। [क्योंकि देखिए **आलापपद्धति और श्लोकवार्तिक**-अध्याय १ ला, सूत्र ६ की टीका में-श्लोक नंबर १८ से २० तक और गद्य टीका उद्धरण अध्यात्मन्यायदीपिका पृष्ठ १२४ से १२६ तक देखिए।]

जैसे- 'सुवर्ण को लाओ।' यहाँ द्रव्यार्थिकनय के अभिप्राय से 'सुवर्णद्रव्य लाओ' ऐसे जानने में कटक, कुंडल और केयूर को गौण करनेवाला





'(क) श्रुतनयज्ञानपर्याय/(ग) अभेदवृत्तिनयज्ञानपर्याय' साधन सुवर्णद्रव्य को 'अभेदद्रव्य/अभेद' रूप का ग्रहण करने में कृतकृत्य होता है; क्योंकि सुवर्णरूप से कटकादिक के भेद का अभाव है।

(२) पर्यायार्थिकनय – द्रव्यार्थिकनय को गौण करके प्रवर्तमान पर्यायार्थिकनय का अवलंबन करके 'कुंडल लाओ' ऐसा जानने पर 'कटक, केयूर आदि' को नहीं जानता; क्योंकि कटकादि पर्यायों से कुंडलपर्याय भिन्न है। जैसे- 'मनुष्यपर्यायवाला' ऐसा पर्यायार्थिकनय से




'(क) श्रुतनयज्ञानपर्याय/(घ) अभेदोपचारनयज्ञानपर्याय' साधन जीव को 'अभेदोपचार/पर्यायवान' रूप का ग्रहण करने में कृतकृत्य होता है; क्योंकि 'देवपर्याय, तिर्यंचपर्याय, नरकपर्यायों' से मनुष्यपर्याय भिन्न है।


इसलिये  (क) श्रुतनयज्ञानपर्याय साधन के प्रकार→




क – (१) स्यात् अस्तिवान।




क – (२) स्यात् नास्तिवान।




क – (३) स्यात् अवक्तव्यवान।




क – (४) स्यात् अस्तिनास्तिवान।




क – (५) स्यात् अस्ति-अवक्तव्यवान।




क – (६) स्यात् नास्ति-अवक्तव्यवान।




क – (७) स्यात् अस्ति-नास्ति-अवक्तव्यवान।


इसीतरह  (ख) श्रुतनयज्ञानपर्याय साधन के प्रकार→




ख – (१) स्यात् अस्ति।



ख – (२) स्यात् नास्ति।



ख – (३) स्यात् अवक्तव्य।



ख – (४) स्यात् अस्तिनास्ति।



ख – (५) स्यात् अस्ति-अवक्तव्य।

ख – (६) स्यात् नास्ति-अवक्तव्य।


ख – (७) स्यात् अस्ति-नास्ति-अवक्तव्य।

ऐसे ये

'(क) श्रुतनयज्ञानपर्याय/प्रमाणवाक्य साधन' और

'(ख) श्रुतनयज्ञानपर्याय/नयवाक्य साधन' नयज्ञानपर्यायें हैं। ये निक्षेप/विषय नहीं हैं। [निक्षेप के वर्णन में साधन का वर्णन न मिलाना और साधन के वर्णन में निक्षेप का वर्णन न मिलाना, क्योंकि निक्षेप अन्य/अलग है और साधन अन्य/अलग है। प्रमेय अलग है, प्रमाण अलग है। ज्ञेय अलग है, ज्ञान अलग है।]

विषय साधन फल




संस्कृत पृष्ठ नंबर ११७, संस्कृत परिच्छेद नंबर ८५ →

शंका–एक वस्तु में सात भंग कैसे संभव (शक्य) हैं? [अर्थात् एक (आ) प्रमाण साधन के द्वारा जाने हुए अर्थ (विषय) में सात भंग कैसे हैं?]


समाधान–जिस तरह एक ही घट में 'रूपवान घट है, रसवान घट है, गंधवान घट है, स्पर्शवान घट है' ऐसा पृथक्व्यवहारनिबंधनरूप रूपवानपना आदि स्वरूपभेद रहते हैं। उसी तरह

'(आ) प्रमाण-सकलादेशी ज्ञानसाधन ' में युगपत् 'भाव, अभाव, अवक्तव्य,


भावाभाव, भाव-अवक्तव्य, अभाव-अवक्तव्य और भाव-अभाव-अवक्तव्य' ये सात भंग संभव (शक्य) है, ऐसा आपके द्वारा संतोष मानना योग्य है।

विशेषार्थ→ शंका– एक  '(आ) प्रमाण-श्रुतज्ञान साधन' के द्वारा जाने हुए (प्रकाशित हुए) अर्थ (विषय) में सात भंग कैसे हैं?

समाधान– जिस तरह एक ही घट में 'रूपवान घट है, रसवान घट है, गंधवान घट है, स्पर्शवान घट है' ऐसा पृथक्व्यवहारनिबंधनरूप रूपवानपना आदि स्वरूपभेद रहते हैं।

उसी तरह '(आ) प्रमाण-सकलादेशी ज्ञान साधन'  में युगपत् 'भाव, अभाव, अवक्तव्य, भावाभाव, भाव-अवक्तव्य, अभाव-अवक्तव्य और भाव-अभाव-अवक्तव्य' ये संभव (शक्य) है; क्योंकि श्री पूज्यपाद आचार्यरचित **सर्वार्थसिद्धि**-अध्याय १, सूत्र ६ की टीका में कहा है कि, '**नयप्ररूपण-प्रभवयोनित्वात्**' याने

 '(आ) प्रमाण श्रुतज्ञान' से

 '(क) श्रुतनयज्ञान' और

 '(ख) श्रुतनयज्ञान' उत्पन्न होते हैं।

ये ज्ञानपर्याय साधन के प्रकार हैं, विषय/निक्षेप के प्रकार नहीं है। निक्षेप/विषय के प्रकार अलग हैं। [कृपया देखिए- **न्यायकुमुदचंद्र भाग नं. २, श्लोक नंबर ५२ की टीका, पृष्ठ ६५७ →**

'.....प्रदीपार्थयोः प्रकाश्यप्रकाशकभाववत् ज्ञानार्थयोः विषयविषयिभावस्य समर्थितत्वात्।' याने विषय को प्रकाश्य/अर्थ कहा है और ज्ञान को प्रकाशक/प्रदीप कहा है।]

निक्षेप/ज्ञेय वस्तु में भी

(१) स्यात् अस्ति (भाव) है।

(२) स्यात् नास्ति (अभाव) है।

(३) स्यात् अवक्तव्य है।

(४) स्यात् अस्ति-नास्ति (भावाभाव) है।

(५) स्यात् अस्ति-अवक्तव्य (भाव-अवक्तव्य) है।
(६) स्यात् नास्ति-अवक्तव्य (अभाव-अवक्तव्य) है।
(७) स्यात् अस्ति-नास्ति-अवक्तव्य (भावाभाव-अवक्तव्य) है; ये सात धर्म हैं। ये सात 'निक्षेप/ज्ञेय/प्रकाश्य हैं,' ज्ञानसाधन (प्रकाशनसाधन) नहीं।

संस्कृत पृष्ठ नंबर ११७, संस्कृत परिच्छेद नंबर ८६ →

इसप्रकार से ही परमद्रव्यार्थिकनय (शुद्धसंग्रहनय) के अभिप्राय का विषय परमद्रव्य-सत्ता (महासामान्य-सत्ता) है। उस की अपेक्षा से "एक ही अद्वितीय ब्रह्म है, यहाँ नाना कुछ नहीं" ऐसा है; क्योंकि सत् रूप से चेतन और अचेतन में भेद का अभाव है। यदि भेद माना जाय तो सत्पना से भिन्न हो जाने से उन चेतन और अचेतन का असत्पना होने का दोष आयेगा।

विशेषार्थ– आगमभाषा के शुद्धसंग्रहनय के अभिप्राय का विषय महासामान्य सत्ता है। उसकी अपेक्षा से 'एक ही महासत्ता है, नाना कुछ नहीं।' क्योंकि सत्-सत्-सत्-सत्-सत्-सत् रूप से जीव सत् है, वैसे पुद्गल सत् है, वैसे धर्मद्रव्य सत् है, अधर्मद्रव्य सत् है, कालद्रव्य सत् है, आकाशद्रव्य सत् है। इसतरह जीव और अजीव इनमें भेद का अभाव है। यदि सत् से सर्वथा भेद मानेंगे तो सत्पना से भिन्न हो जाने से उन चेतन और अचेतन द्रव्यों का अभाव होने का दोष आयेगा। लेकिन ऐसा नहीं है। ये द्रव्य सत् हैं। यह महासत्ता है। यह आगमभाषा का द्रव्यार्थिकनय है लेकिन यह नय अध्यात्मभाषा में व्यवहारनय है।

संस्कृत पृष्ठ नंबर ११७-११८, संस्कृत परिच्छेद नंबर ८७→

लेकिन ऋजुसूत्रनय परमपर्यायार्थिक है। वह भूतत्व से और भविष्यत्व से अपरामृष्ट शुद्ध वर्तमानकाल अवच्छिन्न/व्याप्त वस्तुस्वरूप को परामर्श करता है। उस नय के अभिप्राय से बौद्धाभिमत क्षणिकत्व की सिद्धि होती है। [चार्ट नंबर ७ और २० देखिए।]

क और ख

ये नयाभिप्राय सकल-स्वविषय-अशेषात्मक अनेकांतरूप से

(आ) प्रमाण-सकलादेशी ज्ञानसाधन से जाने हुए विषय का विभाग कर जानते हैं। जैसे→

(१) द्रव्यरूप से वस्तु स्यात् एक ही है याने नाना नहीं और
(२) पर्यायरूप से वस्तु स्यात् नाना ही है याने एक नहीं है।

वह ही श्री आचार्य समंतभद्र स्वामी के द्वारा रचित बृहद्स्वयंभूस्तोत्र श्लोक नंबर १०३ में इस-तरह प्रतिपादन किया है कि "भो जिन! आपके मत में अनेकान्त भी →


(आ) प्रमाण-सकलादेशी ज्ञानपर्याय साधन और

(ब) नय-विकलादेशी ज्ञानपर्याय साधन इन दो साधनों' के द्वारा अनेकांतमय है; क्योंकि

(आ) प्रमाण-सकलादेशी ज्ञानपर्याय साधन से 'अनेकांत है और

[(ब)–(क)] अथवा [(ब)–(ख)]

अर्पितनयज्ञान/श्रुतनयज्ञानपर्याय साधन से एकांत (सप्तभंगी में से एक ही भंग) है।''




(आ) प्रमाण-सकलादेशी याने (आ १) प्रमाण अथवा (आ २) प्रमाण अथवा (आ ३) प्रमाण अथवा (आ ४) प्रमाण अथवा (आ ५) प्रमाण के सकलादेशी ज्ञान-साधन में अनियतानेकधर्मवान वस्तु का विषयपना है।

[ऐसा कहा है कि ' अर्थस्यानेकरूपस्य धीः प्रमाणं..... '] और



(ब) नय–विकलादेशी याने



[(ब)–(क)]



[(ब)–(ख)]

(क) प्रमाणवाक्य-श्रुतनयज्ञान

अथवा

(ख) नयवाक्य-श्रुतनयज्ञान साधन में नियत एक धर्मवान वस्तुविषयपना है।

[ऐसा कहा है कि ' ..... तदंशधीः।

नयो धर्मान्तरापेक्षी दुर्नयस्तन्निराकृतिः। ']

यदि इस आर्हती मत को उल्लंघन/छोड़कर सर्वथा एक ही अद्वितीय ब्रह्म है, यहाँ नाना कुछ नहीं, कथंचित् भी नाना कुछ नहीं, ऐसा आग्रह हो तो यह अर्थाभास है और इसका प्रतिपादक वचन भी आगमाभास है; क्योंकि प्रत्यक्ष से बाधितविषयपना है और 'सत्य भिन्न है, तत्त्व भिन्न है' इत्यादि आगमवचन से बाधितविषयपना है।

'सर्वथा भेद ही है, कथंचित् भी अभेद नहीं' इस मान्यता में भी वैसा ही अर्थाभास और आगमाभास जानने योग्य है; क्योंकि सद्रूप से भी (द्रव्य का) भेद मानेंगे तो असत् का प्रसंग (दोष) आता है और उसमें अर्थक्रियाकारित्व शक्य नहीं है।

विशेषार्थ– लेकिन ऋजुसूत्रनय एक समयवर्ती पर्याय का वर्णन करता है।

ये निक्षेप में नय हैं। लेकिन इस न्यायदीपिका/अध्यात्मन्यायदीपिका में '(आ) प्रमाण-सकलादेशी ज्ञान-साधन', और (ब) नय-विकलादेशी ज्ञान-साधन की चर्चा मुख्यरूप से कही है, क्योंकि पीठिका में 'प्रमाणनयैः अधिगमः' इसकी चर्चा का उल्लेख है।

'



(आ) प्रमाण-सकलादेशी ज्ञान-श्रुतज्ञानपर्याय साधन योनि है' और उससे

'



(क) श्रुतनयज्ञान' और


'



(ख) श्रुतनयज्ञान' उत्पन्न होते हैं। ऐसा सर्वार्थसिद्धि, राजवार्तिक, श्लोकवार्तिक और आलापपद्धति आदि ग्रंथों में लिखा है।

वही श्री समंतभद्राचार्य के द्वारा रचित-बृहद्स्वयंभूस्तोत्र, श्लोक १०३ में इसतरह प्रतिपादन किया है कि→

''भो जिन ! आपके मत में अनेकांत भी→




(आ) प्रमाण-सकलादेशी ज्ञानपर्याय साधन और




(ब) नय-विकलादेशी ज्ञानपर्याय साधन इन दो साधनों ' के द्वारा अनेकांतमय है; क्योंकि



(आ) प्रमाण-सकलादेशी ज्ञानपर्याय साधन से अनेकांत है और



[(ब)–(क)] अथवा




[(ब)–(ख)]

अर्पितनयज्ञान/श्रुतनयज्ञान साधन से एकांत [सप्तभंगी में से एक ही भंग] है'।'' कृपया पृष्ठ नं ४८८ से ४९१ तक देखिए।



(आ) प्रमाण-सकलादेशी ज्ञान याने
(आ १) प्रमाण-मतिज्ञान अथवा
(आ १) प्रमाण-श्रुतज्ञान अथवा
(आ २) प्रमाण-केवलज्ञान अथवा
(आ ३) प्रमाण-मन:पर्ययज्ञान अथवा
(आ ४) प्रमाण-अवधिज्ञान अथवा
(आ ५) प्रमाण-मतिज्ञान अथवा
(आ ५) प्रमाण-श्रुतज्ञान


साधन में 'अनियत अनेक धर्मवान वस्तुविषयपना' है। क्योंकि आगम में ऐसा कहा है कि, **'अर्थस्य अनेकरूपस्य धी: प्रमाणं....'** याने अर्थ के अनेकरूप को जाननेवाली बुद्धि/ज्ञानपर्याय



को प्रमाण याने ' (आ) प्रमाण-सकलादेशी ज्ञान ' कहते हैं। और



(ब) नय-विकलादेशी ज्ञान याने



[(ब)–(क)]



[(ब)–(ख)]

} (क) प्रमाणवाक्य-श्रुतनयज्ञान
और
(ख) नयवाक्य-श्रुतनयज्ञान

साधन में ' नियत एक धर्मवान वस्तुविषयपना ' है।

क्योंकि ऐसा कहा है कि –

'..... .... तदंशधी:।
नयो धर्मान्तरापेक्षी दुर्नयस्तन्निराकृति: ॥' याने उस



'(आ) प्रमाण-सकलादेशी' के अंश को जाननेवाली बुद्धि/ज्ञानपर्याय को नय याने '(ब) नय-विकलादेशी ज्ञान' कहते हैं।

ऐसा अर्थ किया है। उसके लिये आधार/संदर्भ→

बृहद्स्वयंभूस्तोत्र की श्री **प्रभाचंद्राचार्य** रचित टीका में [श्लोक नंबर १०३ की टीका में] '**प्रमाणनयसाधनः**' **इस पद (शब्द) का स्पष्टीकरण इस प्रकार किया है कि→**

"**प्रमाणनयसाधनः प्रमाणे च नयाः च साधनं यस्य।**"

यहाँ '**प्रमाणे**' यह प्रमाण शब्द के प्रथमा विभक्ति का द्विवचन है। इसलिये 'प्रमाण' का '(आ) प्रमाण-प्रत्यक्ष ज्ञान और (आ) प्रमाण-परोक्ष ज्ञान' ऐसा अर्थ होता है। और 'नयाः' यह शब्द नयशब्द के प्रथमा विभक्ति का बहुवचन है।

उस अर्थ का उपसंहार (संकोच) करते हुए **बृहद्स्वयंभूस्तोत्र के श्लोक नंबर १०४ की टीका में श्री प्रभाचंद्राचार्य** लिखते हैं कि→

"**.... प्रत्यक्षादिलक्षणा...**" **याने प्रत्यक्ष ज्ञान और परोक्ष ज्ञान है इसलिये 'प्रत्यक्ष और परोक्ष' ये ज्ञानपर्याय हैं। ज्ञेय/प्रमेय/विषय/निक्षेप के पर्याय नहीं।**

ज्ञेय/प्रमेय/विषय/निक्षेप को "$\begin{bmatrix} \text{(जि) प्रमाण} \\ \\ \text{विषय} \end{bmatrix} = \begin{bmatrix} \text{निश्चयनय} + \text{व्यवहारनय} \\ \downarrow \qquad\qquad \downarrow \\ \text{विषय} \qquad\quad \text{विषय} \end{bmatrix}$

और (ब) नय विषय याने
(क) प्रमाणवाक्यविषय अर्थात् (ग) अभेदवृत्तिनयविषय और (घ) अभेदोपचारनयविषय और (ख) नयवाक्यविषय अर्थात् (च) भेदोपचारनयविषय और (छ) भेदवृत्तिनयविषय" इसतरह रखते हैं। [चार्ट नंबर १३, १९ और २१ देखिए।]

श्री अकलंकदेवाचार्यविरचित-तत्त्वार्थवार्तिक/राजवार्तिक-अध्याय-१, सूत्र- ७, वार्तिक नंबर ५→

'**तदुभयसंग्रहः प्रमाणम्।**'


$\begin{bmatrix} \text{(जि) प्रमाण} \\ \text{विषय} \end{bmatrix}$ = [द्रव्यार्थिक नयविषय + पर्यायार्थिक नयविषय]

और भी देखिए श्रुतभवनदीपकनयचक्र→

'**... प्रमाणलक्षणः यः असौ व्यवहारः सः व्यवहारनिश्चयमनुभयं च गृह्णन्...**' याने
[(जि) प्रमाण] = [व्यवहारनयविषय + निश्चयनयविषय + अनुभय]
ये विषय/ज्ञेय/प्रमेय/निक्षेप हैं।

कृपया देखिए अध्यात्मन्यायदीपिका पृष्ठ नंबर ४९७ से ५०२ तक–वहाँ कुछ निक्षेप दिखाए हैं और भी देखिए चार्ट नंबर ५७ पृष्ठ नं. ५०६।


चार्ट नंबर ५०
निक्षेप



- ध्रुववान आकाश — →अभेदवृत्तिनयविषय
- पर्यायवान आकाश —
- अवक्तव्यवान आकाश —
- ध्रुवपर्यायवान आकाश —
- ध्रुव-अवक्तव्यवान आकाश — →अभेदोपचारनयविषय
- पर्याय-अवक्तव्यवान आकाश —
- ध्रुव-पर्याय-अवक्तव्यवान आकाश —
- ध्रुव — भेदोपचारनयविषय
- व्यापक-अवगाहनहेतुत्वगुण — भेदोपचारनयविषय
- पर्याय —
- अवक्तव्य —
- ध्रुवपर्याय — → भेदवृत्तिनयविषय
- ध्रुव-अवक्तव्य —
- पर्याय-अवक्तव्य —
- ध्रुव-पर्याय-अवक्तव्य —
- सूरजवाला आकाश — अभेदोपचारनयविषय
- [(जि) प्रमाण] = [निश्चयनय + व्यवहारनय]
- इत्यादि

इत्यादि प्रकारों से आकाश का निक्षेप याने विषय किया जाता है।

चार्ट नंबर ५१
निक्षेप



- ध्रुववान धर्म द्रव्य – →अभेदवृत्तिनयविषय
- पर्यायवान धर्म दव्य –
- अवक्तव्यवान धर्म द्रव्य –
- ध्रुवपर्यायवान धर्म द्रव्य – →अभेदोपचारनयविषय
- ध्रुव-अवक्तव्यवान धर्म द्रव्य –
- पर्याय-अवक्तव्यवान धर्म द्रव्य –
- ध्रुव-पर्याय-अवक्तव्यवान धर्म द्रव्य –


- ध्रुव ——— भेदोपचारनयविषय
- गतिहेतुत्व गुण ——— भेदोपचारनयविषय
- पर्याय –
- अवक्तव्य –
- ध्रुवपर्याय – → भेदवृत्तिनयविषय
- ध्रुव-अवक्तव्य –
- पर्याय-अवक्तव्य –
- ध्रुव-पर्याय-अवक्तव्य –

[(जि) प्रमाण] = [निश्चयनय + व्यवहारनय]

इत्यादि

इत्यादि प्रकारों से धर्म द्रव्य का निक्षेप याने विषय किया जाता हैं।

चार्ट नंबर ५२
निक्षेप



इत्यादि प्रकारों से अधर्म द्रव्य का निक्षेप याने विषय किया जाता है।

चार्ट नंबर ५३
निक्षेप



कालाणुद्रव्य


- ध्रुववान कालाणुद्रव्य – →अभेदवृत्तिनयविषय
- पर्यायवान कालाणु –
- अवक्तव्यवान कालाणु –
- ध्रुवपर्यायवान कालाणु –
- ध्रुव-अवक्तव्यवान कालाणु – →अभेदोपचारनयविषय
- पर्याय-अवक्तव्यवान कालाणु –
- ध्रुव-पर्याय-अवक्तव्यवान कालाणु –

कालाणुद्रव्य

- ध्रुव —— भेदोपचारनयविषय
- वर्तनाहेतुत्वगुण —— भेदोपचारनयविषय
- पर्याय –
- अवक्तव्य –
- ध्रुवपर्याय – → भेदवृत्तिनयविषय
- ध्रुव-अवक्तव्य –
- पर्याय-अवक्तव्य –
- ध्रुव-पर्याय-अवक्तव्य –
- [(जि) प्रमाण] = [निश्चयनय + व्यवहारनय]
- इत्यादि

इत्यादि प्रकारों से कालाणु का निक्षेप याने विषय किया जाता है।

चार्ट नंबर ५४
निक्षेप



पुद्गलद्रव्य

- ध्रुववान पुद्गल द्रव्य – →अभेदवृत्तिनयविषय
- पर्यायवान पुद्गल द्रव्य –
- अवक्तव्यवान पुद्गल द्रव्य –
- ध्रुवपर्यायवान पुद्गल द्रव्य – →अभेदोपचारनयविषय
- ध्रुव-अवक्तव्यवान पुद्गल द्रव्य –
- पर्याय-अवक्तव्यवान पुद्गल द्रव्य –
- ध्रुव-पर्याय-अवक्तव्यवान पुद्गल द्रव्य –
- ध्रुव — भेदोपचारनयविषय
- स्पर्शगुण — भेदोपचारनयविषय
- शीतपर्याय –
- अवक्तव्य –
- ध्रुवपर्याय –
- ध्रुव-अवक्तव्य – → भेदवृत्तिनयविषय
- पर्याय-अवक्तव्य –
- ध्रुव-पर्याय-अवक्तव्य –
- असद्भूतव्यवहारनयविषय
- [(जि) प्रमाण]=[निश्चयनय+व्यवहारनय]
- नैगमनयविषय
- संग्रहनयविषय
- व्यवहारनयविषय
- ऋजुसूत्रनयविषय
- शब्दनयविषय
- समभिरूढनयविषय
- एवंभूतनयविषय
- इत्यादि

इत्यादि प्रकारों से पुद्गल द्रव्य का निक्षेप याने विषय किया जाता है।

चार्ट नंबर ५५
निक्षेप



- ध्रुववान – →अभेदवृत्तिनयविषय
- पर्यायवान जीव –
- अवक्तव्यवान जीव –
- ध्रुवपर्यायवान जीव – →अभेदोपचारनयविषय
- ध्रुव-अवक्तव्यवान जीव –
- पर्याय-अवक्तव्यवान जीव –
- ध्रुव-पर्याय-अवक्तव्यवान जीव –
- ध्रुव — भेदोपचारनयविषय
- ज्ञानगुण — भेदोपचारनयविषय
- मतिज्ञानपर्याय –
- अवक्तव्य –
- ध्रुवपर्याय –
- ध्रुव-अवक्तव्य – → भेदवृत्तिनयविषय
- पर्याय-अवक्तव्य –
- ध्रुव-पर्याय-अवक्तव्य –
- असद्भूतव्यवहारनयविषय
- नैगमनयविषय
- संग्रहनयविषय
- व्यवहारनयविषय
- ऋजुसूत्रनयविषय
- शब्दनयविषय
- समभिरूढनयविषय
- एवंभूतनयविषय
- [(जि) प्रमाण]=[निश्चयनय+व्यवहारनय]
- इत्यादि

इत्यादि प्रकारों से जीव द्रव्य का निक्षेप याने विषय किया जाता है।

यदि इस आर्हती मत को छोड़कर 'संग्रहनय से एक ही अद्वितीय ब्रह्म है और व्यवहारनय से भी एक ही अद्वितीय ब्रह्म है, भेदनय से भी यहाँ नाना नहीं है' ऐसा आग्रह हो तो यह अर्थाभास है और इसका प्रतिपादन करनेवाला वचन भी आगमाभास (असत्य आगम) है; क्योंकि प्रत्यक्ष से बाधितविषयपना है और 'सत्य भिन्न है, तत्त्व भिन्न है' इस आगमवचन से बाधितविषयपना है।

'सर्वथा भेद ही है, कथंचित् भी अभेद नहीं' इस मान्यता में भी अर्थाभास है और आगमाभास है; क्योंकि सत्पना से भी भेद मानेंगे तो असत् का प्रसंग/दोष आता है और उस पदार्थ में अर्थक्रियाकारित्व शक्य नहीं।

चार्ट नंबर ५६

संदृष्टि/कोष्टक

क्रमांक	आगमभाषा		अध्यात्मभाषा	फल
क	स्यात् अभेद है।	स्यात् भेद है।	निश्चयनय का विषय- 'निजध्रुवशुद्धात्मा' आश्रय करने योग्य है।	योग्य है; क्योंकि आगमभाषा योग्य है और अध्यात्मभाषा योग्य है।
ग	अभेद है।	भेद नहीं।	अभेद	भूल है (मिथ्या एकांत)
घ	अभेद नहीं।	भेद है।	भेद	भूल है (मिथ्या एकांत)
ट	भेदनिरपेक्ष अभेद है।	अभेदनिरपेक्ष भेद है।	अभेद	भूल है (मिथ्या अनेकांत)
ख	स्यात् अभेद है।	स्यात् भेद है।	निश्चयनय का विषय आश्रय करने योग्य नहीं। व्यवहारनय का विषय आश्रय करने योग्य है।	भूल है, क्योंकि अध्यात्म-भाषा में भूल है।

संस्कृत पृष्ठ नंबर ११८, संस्कृत परिच्छेद नंबर ८८ →

शंका–एक-एक अभिप्राय के विषयपना से भिन्न-भिन्न सिद्ध होनेवाले और परस्पर में साहचर्य की अपेक्षा न रखनेवाले मिथ्याभूत एकत्व-अनेकत्व आदि धर्मों का साहचर्यरूप समूह भी (जो अनेकांत है वह भी) मिथ्या ही है; तो कैसे?

समाधान–वह हम स्वीकार करते हैं। जिसतरह परस्पर के उपकार्य-उपकारकभाव के बिना स्वतंत्रपना से और निरपेक्षता की अपेक्षा (विवक्षा) से वस्त्रस्वभाव विमुख तंतुसमूह की शीतनिवारणादि अर्थक्रिया की तरह परस्पर निरपेक्ष एकत्व-अनेकत्व आदि धर्मसमूह की अर्थक्रिया में सामर्थ्य नहीं होने से कथंचित् मिथ्यात्व का भी संभव है।

आप्तमीमांसा-श्लोक नं. १०८ में स्वामी समन्तभद्राचार्यजी कहते हैं कि- 'मिथ्यास्वरूप एकांतों का समूह यदि मिथ्या है तो वह मिथ्या एकान्तता (परस्पर निरपेक्षता) हमारे अर्हंतमत में नहीं, क्योंकि जो नय निरपेक्ष हैं वे सम्यक् नहीं और जो नय सापेक्ष हैं वे वस्तु (सम्यक्नय) हैं और वे अर्थक्रियाकारी हैं।

विशेषार्थ-शंका– एक-एक अभिप्राय के विषयपना से भिन्न-भिन्न सिद्ध होनेवाले और परस्पर में साहचर्य की अपेक्षा न रखनेवाले (निरपेक्षवाले) मिथ्यास्वरूप (असत्य) एकत्व-अनेकत्व आदि धर्मों का साहचर्यरूप समूह भी मिथ्या ही हैं, तो फिर कैसे?

समाधान– 'निरपेक्ष मिथ्या धर्मों/अंशों का समूह मिथ्या ही है' यह मान्य है। अर्थात्

क्रमांक	आगमभाषा		अध्यात्मभाषा	फल
ट	पर्यायनिरपेक्ष द्रव्य	द्रव्यनिरपेक्ष पर्याय	परमानंद और शांति के लिये 'निजध्रुवात्मा' विषय लेना चाहिये।	असमीचीन है; क्योंकि आगमभाषा में भूल है। आगमभाषा में मिथ्या अनेकांत है।
क	स्यात् द्रव्य	स्यात् पर्याय	परमानंद और शांति के लिये 'निजध्रुवात्मा' विषय लेना चाहिये।	समीचीन है; क्योंकि आगमभाषा भी ठीक है और अध्यात्मभाषा भी ठीक है।

जैसे– यथा उपाय विनिवेश्यमान (परस्पर सापेक्ष) तंतु आदि पट/वस्त्र इस नाम को प्राप्त होते हैं और उस वस्त्र के द्वारा शीत निवारण करने में समर्थ होते हैं। स्वतंत्र/निरपेक्ष तंतुओं का समूह पट/वस्त्र बनने में समर्थ नहीं और शीतादि निवारण करने में समर्थ नहीं होते हैं।

आगमभाषा को अध्यात्मभाषा की अपेक्षा है और अध्यात्मभाषा को आगमभाषा की अपेक्षा है।

अध्यात्मभाषा निरपेक्ष (अकेली) आगमभाषा लाभकारक/कार्यकारी नहीं है।

आगमभाषा निरपेक्ष अकेली अध्यात्मभाषा लाभकारक/कार्यकारी नहीं है। इसके लिये अध्यात्मन्यायदीपिका-पृष्ठ नंबर २२३, चार्ट नं. ८ देखिए।


आगमभाषा में भी पर्यायनिरपेक्ष द्रव्य मानना, भूल है। आगमभाषा में द्रव्यनिरपेक्ष पर्याय मानना भूल है। आगमभाषा में क्षणिकनिरपेक्ष शाश्वत/ध्रुव मानना भूल है। आगमभाषा में ध्रुवनिरपेक्ष क्षणिक मानना भूल है। आगमभाषा में नानात्वनिरपेक्ष एकत्व मानना भूल है। आगमभाषा में एकत्वनिरपेक्ष नाना मानना भूल है। आगमभाषा में ततनिरपेक्ष अतत् मानना भूल है। आगमभाषा में अततनिरपेक्ष तत् मानना भूल हैं। आगमभाषा में दैवनिरपेक्ष पुरुषार्थ मानना भूल है। आगमभाषा में पुरुषार्थनिरपेक्ष दैव मानना भूल है। आगमभाषा में क्रमनियमितनिरपेक्ष अक्रम/सहभू मानना भूल है। आगमभाषा में अक्रम/सहभूनिरपेक्ष क्रमनियमित मानना भूल है।

'आदिनाथ का जीव जब भोगभूमि में पैदा हो गया तब दैव के कारण और आदिनाथ का जीव जब कर्मभूमि में पैदा हो गया तब पुरुषार्थ के कारण पैदा हुआ' ऐसी मान्यता में पुरुषार्थनिरपेक्ष दैव मानता है और दैवनिरपेक्ष पुरुषार्थ मानता है; इसलिये भूल है। आदिनाथ का जीव जब भोगभूमि में पैदा हो गया उसी समय उस जीव का दैव (स्वचतुष्टय से) १००% था और उसी समय उस जीव का पुरुषार्थ भी (स्वचतुष्टय से) १००% था। जीवद्रव्य का 'दैव' यह एक अंश था और उसी जीवद्रव्य का 'पुरुषार्थ' यह एक अंश था। इसको विस्तार से समझने के लिये अष्टसहस्री आदि न्यायग्रंथ पढ़ना आवश्यक है।

आप्तमीमांसा/देवागम स्तोत्र-श्लोक नंबर १०८ में भी समंतभद्राचार्यजी जो कहते हैं, उसको जानो।

मिथ्यास्वरूप एकांतों का समूह यदि मिथ्या है तो वह मिथ्या एकांतता (परस्पर निरपेक्षता) 'सम्यक्-अनेकांत नहीं और सम्यक्-एकांत भी नहीं है।' क्योंकि जो नय निरपेक्ष हैं वे सम्यक् नहीं और जो नय सापेक्ष हैं वे सम्यक्नय हैं और वे अर्थक्रियाकारी हैं।

संस्कृत पृष्ठ नंबर ११९, संस्कृत परिच्छेद नंबर ८९→

इसलिए इन  (आ) प्रमाण-सकलादेशी ज्ञानपर्याय साधन से और



(ब) नय-विकलादेशी ज्ञानपर्याय साधन से वस्तुसिद्धि होती है;

इसतरह सिद्धांत सिद्ध हो गया। आगमप्रमाण समाप्त हो गया।

श्री अभिनवधर्मभूषणयति का अंतिम निवेदन–


'ये वर्द्धमानेश हैं। मेरे गुरु वर्द्धमानदयानिधि के श्री पादस्नेह संबंध से यह न्यायदीपिका सिद्ध हो गई।'

इसतरह श्री वर्द्धमान-भट्टारक-आचार्यगुरुकारुण्यसिद्धसारस्वतोदय-श्रीमत् अभिनवधर्मभूषण आचार्य विरचित परोक्षप्रकाश नामक तृतीय अध्याय समाप्त हुआ।

विशेषार्थ– इसतरह  (आ) प्रमाण-सकलादेशी ज्ञानपर्याय साधन और



(ब) नय-विकलादेशी ज्ञानपर्याय याने



(क) नय-प्रमाणवाक्य-श्रुतनयज्ञानपर्याय साधन और



(ख) नय-नयवाक्य-श्रुतनयज्ञानपर्याय साधन'

ये जानने के साधन हैं।

इसतरह पीठिका में ग्रंथकार के द्वारा '**प्रमाणनयैः अधिगमः**' का उल्लेख किया था, उसके बारे में संक्षेप में वर्णन हो गया।

चार्ट नं. ५७

विषय/निक्षेप

(१) ध्रुव→ | अशेषधर्मात्मकवस्तु अथवा द्रव्यगुणपर्यायात्मकवस्तु अथवा ध्रुवपर्यायात्मकवस्तु अथवा गुणपर्यायात्मकवस्तु है। | = ध्रुववान – अभेदवृत्ति– (ग) निश्चयनय का विषय

(२) पर्याय→ | अशेषधर्मात्मकवस्तु अथवा द्रव्यगुणपर्यायात्मकवस्तु अथवा ध्रुवपर्यायात्मकवस्तु अथवा गुणपर्यायात्मकवस्तु है। | = पर्यायवान – अभेदोपचार – (ज) अशुद्धनिश्चयनय का विषय

(३) ध्रुवपर्याय→ | अशेषधर्मात्मकवस्तु अथवा द्रव्यगुणपर्यायात्मकवस्तु अथवा ध्रुवपर्यायात्मकवस्तु अथवा गुणपर्यायात्मकवस्तु है। | = ध्रुवपर्यायवान – अभेदोपचार – (ज-य) अशुद्धनिश्चयनय का विषय

(४) ध्रुव→ | ध्रुव है, पर्याय नहीं। | = ध्रुव – (च) भेदोपचार – सद्भूतव्यवहारनय का विषय

(५) गुण→ | गुण है, पर्याय नहीं। | = गुण – (च) भेदोपचार – सद्भूतव्यवहारनय का विषय


(६) पर्याय→ | पर्याय है, गुण नहीं। | = पर्याय – (छ) भेदवृत्ति का विषय

(७) ध्रुवपर्याय→ | ध्रुवपर्याय है, धर्मी/द्रव्य नहीं। | = ध्रुवपर्याय – (छ) भेदवृत्ति का विषय

इत्यादि प्रकारों से निक्षेप करते हैं।

अध्यात्मन्यायदीपिका समाप्त ।


जो भी भूल हो गयी हो,
उसके लिये क्षमा कीजिए ।
विशेष विज्ञ जन समझकर-सुधारकर पढ़े ।



" अध्यात्मन्यायदीपिका " के पुन: प्रकाशन के लिए सहयोग

श्री. रविंद्रकुमार हरकचंद फडे, पंढरपूर
स्व. सरोज पोपटलाल गांधी, पंढरपूर
सौ. मंगल विलास गांधी, पंढरपूर
श्री. निलेश सुभाष गांधी, पंढरपूर
श्री. सुरेश छगनलाल चंकेश्वरा, पंढरपूर
श्री. प्रताप हिराचंद गांधी, पंढरपूर
श्री. ताराचंद भाईचंद फडे, पंढरपूर
श्री. रायचंद भाईचंद फडे, पंढरपूर
श्री. स्वप्निल सुनील गांधी, पंढरपूर
श्री. गजकुमार फुलचंद चंकेश्वरा, पंढरपूर
श्री. अजित सुभाष गांधी, पंढरपूर
श्री. जंबुकुमार जिवराज दोशी, अकलूज
श्री. राजकुमार तलकचंद दोशी, अकलूज
श्रीमती सुशिलाबाई पवनलाल दोशी, अकलूज
श्री. शांतिलाल तलकचंद दोशी, अकलूज
श्रीमती मनोरमा श्रीपाल दोशी, अकलूज
श्री. माणिकलाल तलकचंद दोशी, अकलूज
श्री. धन्यकुमार नेमचंद फडे, अकलूज
श्री. डॉ. वैभव दिपचंद गांधी, अकलूज
श्री. विलास श्रीपाल दोशी, अकलूज
डॉ. सतिश जंबुकुमार दोशी, अकलूज
श्रीमती चंदनबाई मलुकचंद दोशी, अकलूज
सौ. जयश्री जयंतीलाल चंकेश्वरा, अकलूज
श्री. विजयकुमार हिराचंद दोशी, अकलूज
श्री. दिलीप छगनलाल चंकेश्वरा, (माळीनगर)
सौ. कुसुम गांधी, श्रीपूर
श्री. नितीन अशोक गांधी, श्रीपूर
श्री. पंकज प्रकाश व्होरा, नातेपुते
सौ. नयनतारा प्रकाश व्होरा, नातेपुते
श्री. भारतलाल तलकचंद गांधी, नातेपुते
श्री. विलास नेमचंद दोशी, नातेपुते
श्री. जितेंद्र धन्यकुमार दोशी, नातेपुते
सौ. सुप्रभा बाहुबली चंकेश्वरा, नातेपुते
श्री. चंद्रशेखर नेमचंद चंकेश्वरा, नातेपुते
स्व. हेमचंद हिराचंद डुडू-ह. रत्नशेखर, नातेपुते
श्री. श्रेणिक भाईचंद दोशी, करमाळा
स्व. माणिकलाल हिरालाल दोशी, फलटण
सौ. सुरेखा विजयकुमार दोशी, फलटण
डॉ. अशोक रायचंद व्होरा, फलटण
श्री. दिलीपकुमार विरचंद दोशी, फलटण
श्री. चंद्रशेखर पवनलाल दोशी, फलटण
सौ. चंचलाबाई मगनलाल चंकेश्वरा, फलटण
सौ. कमल तलकचंद दोशी, फलटण
श्री. राजकुमार मोहनलाल व्होरा, फलटण
श्री. जाधव, फलटण
श्री. मनोज विजयकुमार दोशी, फलटण
सौ. रंजना अजितकुमार दोशी, फलटण
श्रीमती वीणा अरविंद शहा, फलटण
सौ. प्रगति रमेश शहा, फलटण
श्री. राजकुमार चंदूलाल दोशी, फलटण
श्री. सतीश रतनलाल दोशी, फलटण
सौ. गुणसुंदरी हुकुमचंद दोभाडा, फलटण
श्री. सुशील हिरालाल दोशी, पुणे
श्री. संजय पटवा, पुणे
सौ. अरुणा हिरालाल दोशी, पुणे
श्री. रतनलाल आर शहा, ठुबे पार्क, पुणे
श्री. शशांक सुभाषचंद्र शहा, पुणे
सौ. पुष्पाबेन जैन, खांडवा, पुणे
सौ. शालनताई शांतिलाल शहा वालहेकर, पुणे
श्री. एस. व्ही. शहा, मुंबई
श्री. सुदर्शन रामचंद गांधी, मुंबई
श्री. दीपक शहा, मुंबई
सौ. प्रभा पूनमचंद लोहाडे, पुणे
श्री. मल्लिनाथ अण्णा काणे, पुणे
श्री. हिरालाल ताराचंद व्होरा, पुणे
पं. विजयलक्ष्मी पंडीत, पुणे
श्री. महेन्द्रकुमार शहा, मुंबई
श्री. मोतीलाल लालचंद दोशी, लासुर्णे
श्री. महावीर माणिकचंद गांधी, लासुर्णे
श्री. विजयकुमार जीवराज गांधी, लासुर्णे
स्व. श्री. शांतीलाल गौतमचंद गांधी, लासुर्णे
डॉ. सुभाष छगनलाल दोशी, लासुर्णे
सौ. विजया पवनलाल गांधी, लासुर्णे
श्री. शैलेश सुभाष दोशी, लासुर्णे
सौ. सुरेखा अजितकुमार शहा, सोलापूर
श्री. विशाल सुभाष गांधी, लासुर्णे
श्री. बकुळाबाई विद्याचंद्र मेहता, सोलापूर
सौ. गुणमाला विजयकुमार शहा, सोलापूर
सौ. अश्विनी अरविंद शहा, सोलापूर
सौ. अनंतमती मोतिचंद शहा, सोलापूर
श्री. किरण जिवराज शहा, सोलापूर
सौ. मंजुषा अनिल दोशी, भिगवण
सौ. उज्ज्वला उदयकुमार सोनाज, भिगवण
श्री. अनिलकुमार मोतिलाल दोशी, भिगवण
श्री. संतोष पाटनी, वाशिम
श्री. दि. जैन मुमुक्षु मंडल, भोपाल
श्री. सुमतप्रकाश जैन, भोपाल
सौ. रत्नमाला विवेकराव लोखंडे, नांदेड
श्री. अजय अमृतलाल चंकेश्वरा, बारामती
सौ. त्रिशला रिखवलाल शहा, वडगाव निंबाळकर
श्री. अरविंद मोतीलाल दोशी, जंक्शन
श्री. शुद्धोहं स्वप्निल मेहता, (ह.स्मिता मेहता) गुलबर्गा
श्री. पवनलाल केवलचंद गांधी, जंक्शन
श्री. सुनिलकुमार मोहनलाल दोशी
सौ. पुष्पा मोतिलाल दोशी
श्री. विजय राऊत, रिठद
सौ. सुनंदा चिवटे, बेळगाव
श्री. कस्तुरबाई छगनलाल चंकेश्वरा
श्री. कांतिलाल रामचंद चंकेश्वरा

White object	White rays	White reflection
श्वेत वस्तु	श्वेत किरण	श्वेत परावर्तन



विषय	साधन	फल
निजध्रुवशुद्धात्मा	प्रामाण्यसहितप्रत्यक्षज्ञान	समता